॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

३६

महाकविबाणभट्टविरचितं

हर्षचरितम्

श्रीशङ्करकविरचित 'सङ्केत' व्याख्योपेतम्

हिन्दीव्याख्याकारः

पं० श्रीजगन्नाथपाठकः साहित्याचार्यः

बिहारप्रान्तीयवैद्यनाथधामगुरुकुलप्राध्यापकः

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी–१

मूल्यं ६)

[ई० १९५८

भूमिका

महाकवि बाण

संस्कृत-साहित्य में महाकवि कालिदास की पद्य-रचना जितनी उत्कृष्ट और सरस है उतनी ही महाकवि बाण की गद्य-रचना महत्त्वशाली है। बाण ने अपनी गद्य-रचना का जो परिष्कृत और परिमार्जित रूप प्रस्तुत किया है वही आगे चल कर साहित्य के अन्य गद्य-कवियों के लिए आदर्श बन गया। संस्कृत में गद्य-साहित्य की यों ही कमी समझी जाती है और बाण जैसे कवि ने आकर मानों अपने पहले और आगे के समस्त अभाव की पूर्ति स्वयं कर ली। हर्षचरित बाण की प्रथम रचना है जो गद्य की उत्कृष्ट शैली के कादम्बरी में होने वाले साक्षात्कार की प्रस्तावना है। इससे यह नहीं कहा जा सकता कि कादम्बरी के संतुलन में हर्षचरित एकदम नहीं आ सकता, बल्कि बाण की चित्रग्राहिणी प्रतिभा का निखार अपेक्षाकृत हर्षचरित से कादम्बरी में अधिक पाया जाता है। हर्ष-चरित में बाण की महती साधना अभिलक्षित होती है। वही साधना कादम्बरी के रूप में फल के समान उद्भूत हुई है। जैसे कोई योगी सिद्धिप्राप्ति के उद्देश्य से साधना में स्थिर हो जाता है उसे साधक कहते हैं और जब उसकी साधना फलित हो जाती है तब वह सिद्ध की आख्या ग्रहण करता है उसी प्रकार हर्षचरित में बाण साधक हैं और कादम्बरी में सिद्ध। बाण के दोनों ग्रन्थ साहित्य और कला की दृष्टि से सर्वांगपूर्ण हैं। विशेषरूप से हर्षचरित पर बाण की युगीन संस्कृति का प्रभाव अधिक है। अतः ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से हर्षचरित संस्कृत-साहित्य का सर्वाधिक मूल्यवान् ग्रन्थ है ऐसा विद्वानों का कथन है। हर्षचरित हमें बाण की आत्मकथा से भी बहुत अंशों में परिचित कराता है। बाण ने हर्षचरित के प्रसंग में आत्म-चरित को सन्नद्ध करके साहित्यिक जगत् का बड़ा ही उपकार किया है। बाण के साहित्य का अध्ययन करते हुए हमारी आँखों के सामने बाण का स्वाभिमानी और मस्ताना व्यक्तित्व नाचने लगता है। हम उसी के आधार पर बाण की प्रत्येक सूक्ष्मेक्षिका को आसानी से आँक लेने में समर्थ होते हैं। संस्कृत-साहित्य के अध्ययनशील लोगों के मन में आचार्यों और कवियों की निजी जीवन-सम्बन्धी घटनाओं के न मिलने के कारण बड़ी उत्सुकता रह ही जाती है

और जब यह बात मन में आती है कि कभी भी हमें तत्तत् कवियों और आचार्यों के जीवन के सम्बन्ध में जानने का सौभाग्य नहीं प्राप्त होगा तब वही उत्सुकता एक गहरी निराशा के रूप में बदल जाती है। सौभाग्य से बाण के सम्बन्ध में हम ऐसा नहीं सोच सकते क्योंकि उन्होंने हर्षचरित के आरम्भिक दो-तीन उच्छ्वासों में अपने अल्हड़ जीवन की मौलिक घटनाओं का उल्लेख वंशानुकीर्तन की भूमिका में क्रम से प्रस्तुत कर दिया है। बाण का स्थितिकाल निःसन्देह रूप से सप्तम शती का पूर्वार्ध (६०६–६४८ ई०) है। हर्ष का समय निश्चित होने के कारण इस सम्बन्ध में कोई ऐतिहासिक वैमत्य नहीं है।

बाण का वात्स्यायन वंश

बाण ने हर्षचरित के आरम्भ में अपनी आत्मकथा के साथ-साथ अपने कुल का भी पौराणिक शैली में उद्भव बताया है। बाण के जीवन से परिचित होने के लिए यह सामग्री बड़ी सहायक है। एक बार भगवान् ब्रह्मा इन्द्र आदि देवताओं के बीच कमल के आसन पर विराजमान थे। वहाँ मनु, दक्ष, चाक्षुष प्रभृति प्रजापति एवं मुनिगण भी गोष्ठी में ब्रह्म के सम्बन्ध में विचार कर रहे थे। ऋक्, साम, यजु का पाठ भी चल रहा था। वेद के अर्थ के सम्बन्ध में परस्पर विवाद का भी प्रसंग उपस्थित हो जाता था। ऐसे अवसर पर स्वभाव से ही अत्यन्त क्रोधी महामुनि दुर्वासा और उपमन्यु नामक मुनि में विवाद छिड़ गया। क्रोध से अभिभूत दुर्वासा ने सामगान करते हुए स्वर से हीन पाठ कर दिया। दुर्वासा के स्वरहीन सामगान से एकाएक गोष्ठी के समस्त लोग सन्न हो गए और शाप के भय से किसी को कुछ बोलने का साहस न हुआ। भगवान् ब्रह्मा ने भी इस भयावह प्रसंग को टालने का प्रयास किया परन्तु उन्हीं के पार्श्वभाग में चामर लेकर खड़ी सरस्वती दुर्वासा का स्वरहीन पाठ सुन कर हँस पड़ी। सरस्वती को अपने पर हँसते हुए देखकर दुर्वासा क्रोध से तमतमा उठे और उन्होंने शाप देने के लिए हाथ में जल उठा लिया। ब्रह्मा ने जोर से दुर्वासा को फटकारा, अत्रि ने स्वयं मना किया, सरस्वती की सखी सावित्री ने भी क्रोध शान्त करने के लिए प्रार्थना की, फिर भी दुर्वासा ने किसी की न सुनी और शाप दे ही डाला। ब्रह्मलोक को छोड़कर सरस्वती को तब तक अन्यत्र रहना होगा जब तक वह अपने पुत्र का मुख न देख ले। दुर्वासा के शाप से ग्रस्त होकर सरस्वती ने किसी प्रकार सावित्री के साथ मर्त्यलोक के लिए प्रस्थान किया। स्वर्ग की गंगा के तटमार्ग से होते हुए वह मर्त्यलोक में हिरण्यवाह शोण के समीप उतरी। सरस्वती ने शोण के तट पर ही रहने के लिए आग्रह किया। दोनों ने नदी के तीर पर एक लतामण्डप में निवास किया। शोण में नित्य स्नान और देवार्चन करते हुए कुछ दिन बीत गए।

एक समय दिन जब एक पहर चढ़ गया तब उत्तर की ओर घोड़ों की हिनहिनाहट सुन पड़ी। कुतूहल से सरस्वती ने लतामण्डप से बाहर निकल कर देखा कि धूल उड़ाता हुआ घोड़ों का समूह चला आ रहा था, जिसके साथ हजारों पैदल युवक चले आ रहे थे। अश्वारोहियों के बीच अट्ठारह वर्ष की आयु के एक सुन्दर युवक को देखा। एक ओर अधिक अवस्था वाला पुरुष भी उसके साथ था। वह युवक दिव्य आकृति वाली दोनों कन्याओं को देखता हुआ कुतूहल से लतामण्डप के समीप आ पहुंचा और घोड़े से उतर गया। साथ के और लोगों को दूर पर ही उसने रोक दिया और उस दूसरे सज्जन के साथ पैदल ही वहाँ आया। सरस्वती के साथ सावित्री ने उसका वनवास के उचित सामग्री से सत्कार किया और उस वृद्ध से पूछा—'यह युवक कहाँ से आया है? इसे जाना कहाँ है? इसके पिता कौन हैं, माता का क्या नाम है और इसका क्या नाम है?' सावित्री के इस अनुरोध पर उस पुरुष ने कहा—'यह च्यवन का पुत्र दधीच है, इसकी माता राजा शर्यात की पुत्री सुकन्या है। शर्यात पुत्री को गर्भवती जान कर पति के घर से अपने घर ले गए। वहीं उसने इसे जन्म दिया। अपने ननिहाल में ही यह बढ़ा। जब इसकी माता अपने पति के घर जाने लगी तब नाना ने स्नेह से इसे अपने साथ ही रख लिया। वहीं पर इसने समस्त विद्याओं और कलाओं को सीखा तब किसी प्रकार नाना ने इसे पिता के पास जाने के लिए छोड़ा। मैं उन्हीं शर्यात का निकुक्षि नामक आज्ञाकारी भृत्य हूँ। मुझे इसे पिता के घर पहुँचाने के लिए भेजा गया है। शोण के उस पार भगवान् च्यवन का आश्रम है, हम वहीं जा रहे हैं।' यह कह कर उस पुरुष ने उन दोनों का भी परिचय पूछा। तब सावित्री ने कहा—'आर्य, हम दोनों का यहाँ बहुत दिनों तक रहने का विचार है अतः धीरे-धीरे सब कुछ ज्ञात हो जायगा।' फिर दधीच और वह पुरुष दोनों च्यवनाश्रम की ओर घोड़े पर सवार होकर चल दिए। इधर सरस्वती दधीच के चले जाने पर उस दिशा की ओर ही देर तक आँखें फैलाए बैठी रही, फिर किसी तरह वह दिन बीता। रात में भी दधीच के दर्शन की चिन्ता में ऊभ-चूभ होती रही। इस प्रकार कई रातें बीतीं तो अपने देश की ओर लौटते समय विकुक्षि वहाँ पहुँचा। सावित्री ने दधीच का कुशल पूछा। विकुक्षि ने दधीच की मालती नाम की दूती के आने का समाचार कह कर बिदा ली। विकुक्षि के जाने पर अश्वारूढ होकर मालती वहाँ पहुँची। दोनों ने उसका सम्मान किया। मालती कुछ देर तक ठहरी और फिर दधीच को लाने के लिए च्यवनाश्रम गई और दधीच को साथ लेकर लौटी। प्रणय हो जाने पर दधीच सरस्वती के साथ एक वर्ष तक वहीं रह गए। दैवयोग से सरस्वती ने गर्भ धारण किया और समय पर पुत्र पैदा किया। पैदा होते ही सरस्वती ने अपने पुत्र को समस्त वेदों,

शास्त्रों, कलाओं और विद्याओं में प्रवीण हो जाने के लिए वर दिया और दधीच तथा पितामह के आदेश से सावित्री के साथ ब्रह्मलोक चली गई। सरस्वती के चले जाने पर दधीच ने भार्गव बंश में उत्पन्न अपने भाई की अक्षमाला नाम की पत्नी के पास उस सारस्वत पुत्र को पालने के लिए छोड़ कर तपस्या करने के लिए जंगल में प्रस्थान किया। जिस समय सरस्वती ने पुत्र पैदा किया था उसी अवसर पर अक्षमाला के गर्भ से भी पुत्र उत्पन्न हुआ था। अक्षमाला ने दोनों पुत्रों को पाल-पोस कर बड़ा किया। एक का नाम सारस्वत और दूसरे का नाम वत्स था। दोनों में सहोदर भाई जैसा स्नेह था। माता के वरदान से सारस्वत यौवन के आरम्भ में ही समस्त शास्त्रों का पारंगत विद्वान् हो गया। उसने वत्स को भी अपनी सारी विद्या दे दी और उसका विवाह करके प्रीतिकूट नाम का स्थान बनवा दिया तथा पिता दधीच जहाँ तपस्या कर रहे थे वहीं स्वयं दण्ड-चीवर धारण करके चला गया।

वत्स से वंश चला। उसी वंश की परम्परा में बाण का जन्म हुआ। बाण ने वात्स्यायन-वंश की परम्परा भी दी है। वत्स के बाद अनेक वर्ष बीते और बहुत से वात्स्यायन ब्राह्मण उस कुल में क्रमशः उत्पन्न हुए। उसी क्रम में कुबेर नाम का ब्राह्मण उत्पन्न हुआ। उसके चार पुत्र हुए—अच्युत, ईशान, हर और पाशुपत। पाशुपत के पुत्र का नाम अर्थपति था। अर्थपति ने ग्यारह पुत्रों को उत्पन्न किया जिनके नाम ये हैं—भृगु, हंस, शुचि, कवि, महीदत्त, धर्म, जातवेदस्, चित्रभानु, त्र्यक्ष, अहिदत्त और विश्वरूप। चित्रभानु के ही पुत्र बाण थे। बाण की माता का नाम राजदेवी था। बाण के दो पारशव भाई (शूद्र स्त्री से उत्पन्न) थे—चित्रसेन और मित्रसेन, और चार चचेरे भाई थे—गणपति, अधिपति, तारापति और श्यामल।

बाण की आत्मकथा

इस प्रकार बाण ने अपने वात्स्यायनवंश का उद्भव बताते हुए प्राचीन कुलपुरुषों की क्रमबद्ध वंशावली दी है और इसी क्रम में अपनी भी चर्चा की है। कहा जा चुका है कि बाण के पिता का नाम चित्रभानु और माता का नाम राजदेवी था। बालपन में ही उसे माता का वियोग सहना पड़ा और पिता ने मातृस्नेह के साथ उसका पालन किया। वह अपने घर पर ही रह कर बढ़ा। उसके उपनयन आदि संस्कार यथासमय पिता ने किए। जब वह चौदह वर्ष का हुआ तब उसके पिता का भी देहान्त हो गया। उस समय तक उसका समावर्तनसंस्कार और उसके साथ ही विवाह भी हो चुका था। पिता की मृत्यु के बाद दुखी और शोकसंतप्त बाण ने किसी प्रकार अपने घर पर ही रह कर वह समय

काटा। कुछ दिन के बाद जब पितृशोक कुछ कम हुआ तब बाण की स्वतंत्र प्रकृति ने जोर मारा। उसमें वह विनय अब न रहा। अल्हड़पन के कारण बालक बाण में नई-नई वस्तुओं के देखने का कुतूहल बढ़ा। फलतः वह यौवन के आरम्भ होते ही धैर्य को त्याग कर घुमक्कड़ और आवारा बन गया। इसके साथी और सहायक भी बहुत से हो गए। वह उनके साथ देश-देशान्तरों को देखने की इच्छा से अपने पिता-पितामह के वैभव और विद्या की परवाह न करके घर-द्वार छोड़ कर निकल पड़ा। स्वच्छन्द होकर वह इस प्रकार मनमौजी हो गया कि उसकी खिल्ली उड़ने लगी।

अपने उसी उच्छृङ्खल भ्रमण के अवसर में घूम-घूम कर बाण ने अपने युग के जीवन का गहरा अध्ययन किया। वह राजकुलों में पहुँचा जहाँ के व्यवहार अत्यन्त उदार होते थे, गुरुकुल या उस समय के शिक्षासंस्थानों में भी कुछ काल तक रहा, बहुमूल्य बात-चीत करने वाले गुणवान् लोगों की गोष्ठियों में बैठा और विदग्ध जनों के बीच पहुँचा। इस प्रकार युवक बाण को अनुभव के चार स्रोत जीवन के आरम्भ में ही मिल गए। अनुभवी होकर बाण की चंचल प्रकृति बदल गई। वह वात्स्यायन वंश के अनुरूप गम्भीर स्वभाव वाला बन गया। बहुत दिनों तक देश-देशान्तरों का चक्कर काट कर वह फिर अपनी जन्मभूमि प्रीतिकूट को लौटा और अपने बालमित्रों से बड़े स्नेह के साथ मिला।

अपने बन्धु-बान्धवों से मिल कर बाण बड़ा प्रसन्न हुआ। बहुत दिनों तक प्रीतिकूट का ही आनन्द लेता रहा। एक दिन स्थाण्वीश्वर के महाराज श्रीहर्ष के भाई का भेजा हुआ मेखलक नाम का दीर्घाध्वग बाण से आकर गर्मी के दिनों में मिला। उस समय भोजन के पश्चात् बाण अपने घर पर आराम कर रहा था। उसके पारशव भाई (शूद्रा जननी से उत्पन्न) ने भीतर आकर उसके आगमन की सूचना दी। बाण ने कहा—'उसे शीघ्र अन्दर लावो।' तब वह दीर्घाध्वग भीतर जाकर बाण के समीप कुछ हट कर बैठा। बाण के पूछने पर उसने कृष्ण का कुशल-समाचार सुना कर पत्र अर्पित किया। बाण ने पत्र को स्वयं पढ़ा। फिर मेखलक ने मौखिक सन्देश में कृष्ण की ओर से कहा—'मैं तुमसे बिना कारण ही अपने बन्धु की तरह प्रेम करता हूं। तुम्हारी अनुपस्थिति में दुर्जन लोगों ने सम्राट् के कान भर दिए, पर वह सत्य नहीं। किसी ईर्ष्यालु व्यक्ति ने तुम्हारी बाल-चपलताओं से चिढ़ कर कुछ इधर-उधर की बात कह दी। अन्य लोगों ने भी ठीक वैसा ही समझा और कहने लगे। सम्राट् ने ऐसे मूर्खों की एक-सी बात सुन कर अपना मत स्थिर कर लिया। तुम्हारे विषय में मैंने सम्राट् से निवेदन किया और उन्होंने मेरी बात मान ली। अब अपने घर पर व्यर्थ समय-यापन करना ठीक नहीं, शीघ्र राजकुल में आओ।'

यह सुन कर बाण ने उसी चन्द्रसेन को आज्ञा दी—'मेखलक को ले जाकर भोजनाच्छादन की व्यवस्था कर आराम से ठहराओ।' तब तक दिन ढल चुका था। बाण संध्योपासन से निवृत्त होकर फिर अपने शयनीय पर आ गए और सम्राट् से मिलने के सम्बन्ध में एकाकी सोचने लगे—'क्या करूँ? महाराज ने मुझे कुछ और ही समझ लिया है, मेरे अकारणबन्धु कृष्ण ने ऐसा संदेश भेजा है, सेवा बहुत कष्टदायिनी है, नौकरी करना मेरे अनुकूल नहीं, राजकुल अतिगम्भीर और विशाल है, न तो मेरे पूर्वजों का राजकुल से सम्बन्ध रहा है जिससे प्रेमभाव बना है, न तो मुझमें कुलक्रमागत क्षमता ही है, न तो पहले राजकुल के द्वारा किए हुए उपकार का स्मरण मुझे आ जाता है, न तो बचपन में राजकुल से ऐसी मदद मिली जिसका स्नेह मान कर चला जाय, न तो बड़े होने का अब तक गौरव मिला है, न पहली मेल-मुलाकात की अनुकूलता है, न तो बुद्धि-सम्बन्धी विषयों में आदान-प्रदान करने का प्रलोभन है, न तो अपनी विद्या के अतिशय प्रदर्शन का कुतूहल है, न तो अपनी सुन्दर आकृति से मिलने वाले आदर की आकांक्षा है, न सेवावृत्ति के अनुरूप चापलूसी करने की कला मुझे आती है, न तो मुझमें वैसी चतुराई है कि विद्वानों की गोष्ठियों में भाग लूँ, न तो धन खर्च करके दूसरों को मुट्ठी में कर लेने की आदत है, और न तो राजा के प्रिय जनों से मेरा परिचय है और कृष्ण के संदेशानुसार जाना भी जरूरी है। त्रिभुवनगुरु भगवान् शंकर वहाँ जाने पर सब भला करेंगे।' यह सोच कर बाण ने प्रस्थान करने के लिए निश्चय किया।

दूसरे दिन प्रातःकाल बाण ने स्नान करके उज्ज्वल दुकूल धारण किया और हाथ में अक्षमाला लेकर प्रस्थानिक सूक्तों और मंत्रपदों को बार-बार दुहराया, फिर देवों के देव भगवान् शङ्कर की साङ्गोपाङ्ग अर्चना की तथा तिल और घृत की आहुतियों से हवन सम्पन्न किया। ब्राह्मणों को दक्षिणा में धन दिया। होमधेनु की परिक्रमा की। शुक्ल अङ्गराग, शुक्ल माल्य, शुक्ल वसन एवं रोचनाचित्रित तथा दूर्वाग्रग्रथित गिरिकर्णिक नामक पुष्प का कर्णपूर और शिखा में सिद्धार्थक आदि माङ्गलिक द्रव्यों से परिष्कृत होकर बाण प्रस्थान के लिये तैयार हो गया। माता के समान स्नेह से आर्द्र हृदय वाली पिता की छोटी बहन मालती ने बाण के प्रस्थान की माङ्गलिक तैयारी की। गाँव की बांधव-वृद्धाओं ने आशीर्वाद दिए, परिजनों की बूढ़ी स्त्रियों ने बाण का अभिनन्दन किया, पूजितचरण गुरुओं ने बाण के प्रस्थान का समर्थन किया, कुलवृद्धों ने उसका सिर सूँघा, शुभ शकुनों से उसका उत्साह और भी बढ़ा, ज्योतिषियों ने नक्षत्र की गणना की, फिर शोभन मुहूर्त में जल से पूर्ण कलश की ओर दृष्टिपात करते हुए कुलदेवताओं को प्रणाम कर बाण प्रीतिकूट से निकल पड़ा।

पहले दिन गर्मी में किसी प्रकार धीरे-धीरे चण्डिकायतन-कानन पार कर वह मल्लकूल नामक गाँव में गया। वहाँ बाण का भाई और हार्दिक मित्र जगत्पति रहता था, उसने बाण का सत्कार किया। बाण उस दिन वहीं सुख-पूर्वक ठहरा। दूसरे दिन गङ्गा पार करके यष्टिगृहक नाम के बनगाँव में रात बिताई। फिर राप्ती (अजिरवती) के किनारे मणितारा नामक गाँव के पास हर्ष के स्कन्धावार (छावनी) में पहुंचा। जो राज-भवन के सन्निकट ही था।

स्कन्धावार में स्नान, भोजन और विश्राम के पश्चात् जब एक पहर दिन बाकी था और जब हर्ष भी भोजन आदि से निवृत्त हो चुके थे तब वह मेखलक के साथ राजद्वार के लिए चल पड़ा। मार्ग में प्रख्यात राजाओं के अनेक शिविर-सन्निवेश मिले। राजद्वार पर सम्राट् के दर्शन के लिए नाना देशों से सामन्तगण पधारे हुए थे। झुण्ड के झुण्ड हाथी, घोड़े और ऊँट खड़े थे और हजारों आतपत्रों से वहाँ श्वेतद्वीप का दृश्य था। सब लोग राजद्वार के राजकीय अनुयायियों से यह पूछते हुए नहीं थकते थे कि बाह्य कक्षा में उपस्थित होकर सम्राट् कब दर्शन देंगे ? एक ओर एकान्त में बौद्ध, जैन, पाशुपत, संन्यासी, वर्णी सम्प्रदायों के साधु, सब देशों के लोग, समुद्री तटों के निवासी, म्लेच्छ और समस्त द्वीपों से संवाद लेकर लौटे हुए दूत एकत्र थे। राजद्वार के इस दृश्य को देखकर बाण के मन में आश्चर्य हुआ। द्वारपालों ने मेखलक को दूर ही से पहचान लिया। 'क्षण भर आप यहीं ठहरें' बाण से यह कह कर मेखलक बेरोक भीतर चला गया। थोड़ी देर बाद वह महाप्रतीहारों के प्रधान दौवारिक पारियात्र के साथ वापस आया। मेखलक द्वारा परिचित होकर पारियात्र ने बाण को प्रणाम किया और विनयपूर्वक कहा—देव के दर्शन के लिए भीतर पधारिए, आप पर देव की प्रसन्नता है।' बाण ने 'मैं धन्य हूँ, जो देव मुझे इस प्रकार अपने अनुग्रह का पात्र समझते हैं' यह कहते हुए उसके साथ भीतर प्रवेश किया। तब बाण ने वनायु, आरट्ट, कम्बोज, भरद्वाज, सिन्ध और पारस देश के राजवल्लभ अश्वों से भरी हुई मन्दुरा देखी। कुछ दूर हट कर बाईं ओर इभधिष्ण्यागार या हाथियों का लम्बा-चौड़ा बाड़ा मिला। वहाँ बाण ने सम्राट् के मुख्य हाथी दर्पशात को देखा। उसे देखकर बाण बहुत आश्चर्यित हुआ और सोचने लगा—निश्चय ही इस महागज के निर्माण में बड़े-बड़े पर्वत परमाणु बनाए गए होंगे, नहीं तो यह गौरव कहाँ से इसमें आता ? इस प्रकार फिर तीन कक्ष्याओं को पार कर बाण ने भुक्तास्थानमण्डप के सामने वाले आँगन में सम्राट् हर्ष के दर्शन किए।

तब सम्राट् के सामने आकर बाण ने दाहिना हाथ उठा कर 'स्वस्ति' शब्द का उच्चारण

किया। हर्ष ने उसे देख कर दौवारिक से पूछा—'यह वही बाण है ?' दौवारिक ने कहा—'देव का कथन सत्य है, वह यही बाण है।' इस पर हर्ष ने कहा—'मैं इसे तब तक नहीं देखना चाहता जब तक यह मेरा प्रसाद प्राप्त न कर ले।' यह कह कर उन्होंने अपने पीछे बैठे हुए मालवराज के पुत्र (माधवगुप्त ?) से कहा—'यह भारी भुजङ्ग (आवारा) है।'

बाण राजा के अभिप्राय को नहीं समझ सका। सारी राज-मण्डली में सन्नाटा छा गया। बाण कुछ देर तक चुप रह कर बोला—'आप इस प्रकार की बात कैसे कहते हैं ? जैसे आपको मेरे विषय में सच्ची बात का पता न हो या मेरा विश्वास न हो, या आपकी बुद्धि दूसरों पर निर्भर रहती है, अथवा आप स्वयं लोक के वृत्तान्त से अनभिज्ञ हों। लोगों के स्वभाव और फैली हुई बात मनमानी और तरह-तरह की होती है। किन्तु श्रेष्ठ लोगों को ठीक-ठीक देखना चाहिए। मुझे साधारण समझ कर अनाप-शनाप कल्पना न कीजिए। मैं सोमपान करने वाले वात्स्यायन ब्राह्मणों के वंश में जन्मा हूँ। समय से मेरे यज्ञोपवीत आदि संस्कार हुए हैं। मैंने अङ्गों के साथ वेद का सम्यक् प्रकार से स्वाध्याय किया है। अपनी शक्ति के अनुसार शास्त्रों का भी श्रवण मैंने किया है। विवाह के क्षण से लेकर मैं नियमित गृहस्थ हूँ। तो मुझमें क्या भुजङ्गपना है ? मेरी नई अवस्था की कुछ चपलताएँ अवश्य हैं पर वे ऐसी नहीं जिससे इस लोक या परलोक का कोई विरोध हो। मैं इस बात को इनकार नहीं करता। मेरे हृदय में इसी बात का बहुत पश्चात्ताप है। हे देव, आप भगवान् बुद्ध के समान शान्तचित्त, मनु के समान वर्णाश्रममर्यादा के रक्षक और यम के समान दण्डधर हैं। सातों समुद्रों की करधनी और समस्त द्वीपों की माला से विराजित पृथिवी पर आपका एकच्छत्र शासन है, तो कौन ऐसा निडर है जो सब प्रकार से दुःखद अभिनय करने की मन से भी कल्पना करता है ?......समय से स्वयं आप मेरे विषय में सब कुछ जान लेंगे, क्योंकि बुद्धिमानों का यह स्वभाव होता है कि वे किसी बात में विपरीत हठ नहीं रखते।' इतना कह कर बाण चुप हो गया। सम्राट् ने भी 'मैंने ऐसा ही सुना था' बस इतना ही कहा। लेकिन बातचीत और आसन-दान आदि के प्रसाद से उसे अनुगृहीत नहीं किया। केवल स्नेह से भरे अमृत की वर्षा करने वाले दृष्टिपातमात्र से उसको नहलाते हुए उन्होंने अपने अन्तरतम की प्रीति प्रकट की। जब सूर्य अस्त होने लगा तो सम्राट् राजसमूह से विदा लेकर महल के अन्दर चले गए।

बाण वहाँ से निकल कर अपने निवास-स्थान स्कन्धावार में लौट आया। तब वह अपने मन में सोचने लगा—'सचमुच देव हर्ष बड़े उदार हैं, क्योंकि मेरे बाल्यकाल की चपलताओं से फैले हुए जनापवाद को सुनकर कुपित होने पर भी मन में मेरे प्रति स्नेह

अवश्य रखते हैं। मैं उनकी आँखों पर चढ़ा हुआ (अक्षिगत, अर्थात् कोपभाजन) होता तो कैसे दर्शन देने की कृपा करते। वह मुझे गुणी देखना चाहते हैं। बड़ों की यही रीति है कि छोटों को बिना मुख से कहे ही केवल व्यवहार से विनय सिखा देते हैं। मुझे धिक्कार है यदि अपने ही दोषों से अन्धा होकर और केवल अनादर से दुःखी होकर मैं ऐसे गुणवान् राजा के विषय में कुछ सोचने लगूँ। अब मैं सर्वथा वही करूँगा जिससे समय से वे ठीक मुझे पहचान लें।' बाण ने ऐसा निश्चय किया और दूसरे दिन प्रातःकाल वह स्कन्धावार से निकल कर मित्रों और रिश्तेदारों के घर में ठहरा। तब तक सम्राट् स्वयं उसके स्वभाव से परिचित होकर उस पर प्रसन्न हो गए और फिर वह राजभवन में आकर जम गया। थोड़े ही दिनों में सम्राट् उस पर अत्यन्त प्रसन्न हुए और उसे अपने प्रसादजनित सम्मान, प्रेम, विश्वास, धन-सम्पत्ति, परिहास और प्रभाव की पराकाष्ठा पर पहुँचा दिया।

इस प्रकार बाण सम्राट् हर्ष से पर्याप्त सम्मान पाकर किसी समय शरत्काल के आरम्भ में बन्धुओं को देखने की उत्कण्ठा से अपनी जन्म-भूमि प्रीतिकूट आया। बाण के भाई-बन्धु उसकी प्रशंसा करते हुए उसके स्वागत में निकल पड़े। सबसे मिलकर बाण बहुत प्रसन्न हुआ। उसने सबसे पूछा—'आप लोग सुखपूर्वक तो रहे? यज्ञ का कार्य चल रहा है? प्रतिदिन वेदाभ्यास तो अविच्छिन्न है न? व्याकरण के सम्बन्ध में शास्त्रार्थ तो होते रहते हैं? काव्य की चर्चा तो बराबर रहती है?' तब उन्होंने उससे कहा—'हम लोग सर्वथा कुशल से हैं। अपनी शक्ति और विभव के अनुसार समय से सब लोग ब्राह्मण के उचित क्रिया-कलाप करते हैं। जब तुम परमेश्वर महाराज हर्ष के पार्श्वभाग में वेत्रासन पर स्थित हो तो विशेष रूप से हम लोग प्रसन्न हैं।' इस प्रकार की अनेक बातों से मन बहलाता हुआ बाण उनके साथ देर तक ठहरा। मध्याह्न में उठ कर वह स्नानादि से निवृत्त हुआ। भोजन के पश्चात् जब वह बैठा तो सब के सब जुट आए और उसे घेर कर बैठ गए। इसी बीच सुदृष्टि नामक बाण का पुस्तक-वाचक आ गया और उसके कुछ दूर पर रखी हुई वेत्रपीठिका पर बैठ गया। क्षणभर ठहर कर तत्काल उसने सूत की बेठन खोल दी। पुस्तक को उसने सरकंडों के बने पीढ़े पर रख दिया। पीछे समीप में बैठे हुए मधुकर और पारावत नामक वंशी बजाने वाले बाण के दो मित्रों ने जब अवकाश दिया, तब सुदृष्टि वायुपुराण का पाठ करने लगा।

जब सुदृष्टि वायुपुराण का पाठ कर रहा था, उसी समय सूचीबाण नामक बन्दी ने दो आर्याछन्दों का गान किया। उसने कहा कि वायु-पुराण हर्ष के चरित से अभिन्न प्रतीत

होता है। आर्याओं को सुन कर बाण के चार चचेरे भाइयों—गणपति, अधिपति, तारापति और श्यामल ने एक दूसरे की ओर देखा। तत्पश्चात् उन चारों में सबसे छोटा बाण का अत्यन्त प्रिय श्यामल बोला—'तात बाण, प्रातःस्मरणीय, पुण्यों के राशि देव हर्ष का चरित पूर्वपुरुषों की वंशपरम्परा के साथ हम सुनना चाहते हैं। बहुत दिनों से हम लोगों की यह इच्छा बनी हुई है। अतः आप कहें। यह भार्गववंश पुण्यवान् राजर्षि के पवित्र चरित को सुनकर और पवित्र बन जाय।' बाण ने हँस कर अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए दूसरे दिन हर्षचरित का वर्णन आरम्भ करने के लिए निश्चय किया और संध्योपासन के लिए शोण के तीर पर चले गए।

इस प्रकार बाण ने दूसरे दिन हर्ष के पूर्व-पुरुषों की वंशपरम्परा के साथ हर्षचरित का वर्णन आरम्भ किया। बाण के जीवन के सम्बन्ध में इसके अतिरिक्त कोई वृत्तान्त उपलब्ध नहीं होता।

हर्षचरित के अतिरिक्त बाण की दूसरी कृति कादम्बरी है। कादम्बरी संस्कृत गद्य-साहित्य के चरम-उत्कर्ष का एक उज्ज्वल उदाहरण है। कादम्बरी के आरम्भ में भी बाण ने संक्षेप में अपनी वंशपरम्परा दी है। कादम्बरी की वंशपरम्परा में कुबेर के बाद अर्थपति का उल्लेख आता है। बीच में पाशुपत का नाम छूट गया है। हर्ष की मृत्यु के पश्चात् बाण कन्नौज से प्रीतिकूट लौट आए। वहीं इन्होंने अपने दोनों ग्रन्थों को लिखा। हर्षचरित से हर्ष के जीवनवृत्त के सम्बन्ध की आकांक्षा की पर्याप्त मात्रा में पूर्ति नहीं होती। बाण जैसे ग्रन्थ को पूरा लिखने में उदासीन हो गए। कादम्बरी को भी वे अपूर्ण छोड़ गए। सौभाग्य से उनके सुयोग्य पुत्र ने उसे पूरा किया। कुछ लोग उनके पुत्र का नाम भूषणबाण या भूषणभट्ट बतलाते हैं। कादम्बरी की कुछ हस्तलिखित प्रतियों में 'पुलिन' या पुलिन्द नाम मिलता है। धनपाल की तिलकमञ्जरी में श्लेष से पुलिन्द ही का उल्लेख है—

केवलोऽपि स्फुरन्बाणः करोति विमदान् कवीन्।
किं पुनः क्लृप्तसन्धानं पुलिन्दकृतसन्निधिः॥

(ति. म. २६ श्लोक)

बाण के समकालीन कवियों में मातंगदिवाकर और मयूर का उल्लेख आता है। अनुश्रुति के अनुसार मयूर जिन्होंने सूर्यशतक का निर्माण किया है, बाण के श्यालक बताए जाते हैं। बाण ने अपने विवाह का उल्लेख सम्राट् हर्ष से मिलने के प्रसंग में ही किया है—'दारपरिग्रहादभ्यागारिकोऽस्मि।' इसके अतिरिक्त उनके वैवाहिक जीवन के सम्बन्ध में कोई प्रामाणिक तथ्य प्राप्त नहीं है।

बाण की रचनाएँ

बाण की प्रामाणिक रचनाओं में हर्षचरित और कादम्बरी के अतिरिक्त कोई दूसरी नहीं है। यों तो उनके नाम पर कई अन्य रचनाओं का भी उल्लेख आता है। चण्डीशतक बाण का निर्मित समझा जाता है। इसमें १०० श्लोकों में बाण ने भगवती दुर्गा की स्तुति की है। पार्वती-परिणय नाटक को भी कुछ लोगों ने बाण ही का निर्माण समझा था। परन्तु कीथ ने स्पष्ट कर दिया कि यह नाटक १५ वीं शताब्दी के कवि वामनभट्ट बाण की रचना है। वामनभट्ट बाण तैलंगदेशीय वत्सगोत्री ब्राह्मण थे। नलचम्पू के टीकाकार चण्डपाल और गुणविनयगणि के अनुसार बाण ने मुकुटताड़ितक नाटक की भी रचना की थी, पर यह ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है। जहाँ तक बाण की शैली और कल्पना का क्षेत्र है उसकी भूमिका में बाण के हर्षचरित और कादम्बरी के अतिरिक्त ये अन्य कृतियाँ किसी अंश में भी संगत नहीं बैठतीं। अतः प्रामाणिक तथ्य के अभाव में यह मान लेना ही ठीक है कि इन दोनों के अतिरिक्त बाण की कोई अन्य रचना नहीं है।

हर्षचरित

हर्षचरित एक आख्यायिका है। बाण ने ग्रन्थ के आरम्भ में स्वयं कहा है—'करोम्याख्यायिकाम्भोधौ जिह्वाप्लवनचापलम्' (श्लोक २०)। आचार्यों ने आख्यायिका का जो स्वरूप निर्धारित किया है उसका समन्वय विशेष रूप से हर्षचरित में मिल जाता है। प्रसंगतः हम कथा और आख्यायिका के भेद की चर्चा करेंगे। हर्षचरित एक ऐतिहासिक काव्य है। यह कहा जा सकता है कि संस्कृत-साहित्य में ऐतिहासिक काव्य लिखने का शुभारम्भ बाण के द्वारा ही हुआ। प्राचीन कवि ऐतिहासिक पुरुषों के चरित को लेकर काव्य का निर्माण करने में सम्भवतः अपनी हीनता समझते थे। सामान्य व्यक्ति को काव्य का नायक बनाकर लिखना उनके विचार में शोभन न था। बाण ने हर्षचरित लिख कर इस कलंक को मिटाने का प्रथम प्रयास किया। आगे चलकर कई ऐतिहासिक पुरुषों के जीवनवृत्त पर कवियों ने अनेक चरित-काव्य लिखे। हर्षचरित आठ उच्छ्वासों में विभक्त है। प्रथम सवा दो उच्छ्वासों में बाण ने आत्मकथा लिखी है और शेष में सम्राट् हर्षवर्धन का चरित है। आरम्भ हर्ष के वंश-प्रवर्तक पुष्पभूति के वर्णन से किया गया है। हर्ष के पिता का नाम प्रभाकरवर्धन और माता का यशोवती था। उनके बड़े भाई का नाम राज्यवर्धन था। राज्यवर्धन का जन्म ५८८ ई० में हुआ। दो वर्ष के बाद

हर्ष उत्पन्न हुए तथा तीन वर्ष के बाद राज्यश्री का जन्म हुआ। राज्यश्री का विवाह ग्रहवर्मा से हुआ। ग्रहवर्मा मौखरि क्षत्रिय एवं अवन्तिवर्मा का पुत्र था। हूणों द्वारा राज्य के उत्तर में आक्रमण किए जाने पर राज्यवर्धन एक बड़ी सेना लेकर उन्हें रोकने के लिए गए। राज्यवर्धन लौटे न थे कि इधर प्रभाकरवर्धन का देहान्त हो गया। हर्ष की माता यशोवती पति की मृत्यु होने से पूर्व ही चिता में बैठ कर सती हो गई। इधर मालवा के राजा ने कन्नौज पर आक्रमण कर दिया। ग्रहवर्मा को मार कर राज्यश्री मालवाधिप के कैद में आ गई। राज्यवर्धन ने हर्ष को राज्य का भार देकर शत्रु के विरुद्ध प्रयाण किया। उन्होंने मालवराज को परास्त कर दिया, परन्तु उसके सहायक गौडाधिप ने धोखे से उन्हें मार डाला। हर्ष को बड़े भाई की असामयिक मृत्यु से बहुत क्षोभ हुआ। प्रतिशोध के लिये उन्होंने प्रस्थान किया। मार्ग में उन्हें दिवाकरमित्र नामक बौद्ध भिक्षु द्वारा अपनी बहन राज्यश्री का पता लगा जो बन्दीगृह से छूट कर विन्ध्याटवी में भाग निकली थी। राज्यश्री के मिलने के बाद हर्षचरित समाप्त हो जाता है।

इस प्रकार यह एक ऐतिहासिक तथ्य बाण की रचना में अलंकृत काव्यमय शैली में आया है। जगह-जगह पर अलौकिक पात्रों और पौराणिक कथाओं का भी उपयोग किया गया है। किसी घटना के तिथिक्रम का उल्लेख नहीं है। कुछ ऐतिहासिक पात्रों के नाम का भी उल्लेख नहीं है। राज्यवर्धन को मारने वाले गौडाधिप का हर्षचरित में नामोल्लेख नहीं किया है। इन कारणों से हर्षचरित के ऐतिहासिक महत्त्व के कम होने पर भी हर्ष के समकालीन युग की सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक परिस्थितियों के अध्ययन के लिए हर्षचरित से बढ़ कर कोई दूसरा सहायक ग्रन्थ नहीं है। किसी का कहना कि 'हर्षचरित सभ्यता का विश्वकोश है' किसी अंश में अत्युक्ति नहीं। समकालीन संस्थाओं का चित्र इस तरह हर्षचरित में निखर उठा है। हर्षचरित को अजन्ता के कलामण्डप से सन्तुलित करना भी सर्वांशतः ठीक है। ह्वेनसांग के संस्मरणों और हर्षचरित के घटना-क्रमों का ठीक-ठीक मेल हो जाने से हर्षचरित के महत्त्व का पता चलता है। इसके अतिरिक्त संस्कृत-साहित्य के इतिहास की दृष्टि से भी हर्षचरित का महत्त्व है। आरम्भ में बाण ने महाभारत, वासवदत्ता एवं बृहत्कथा नामक ग्रन्थों की तथा भास, कालिदास, प्रवरसेन, भट्टार हरिचन्द्र एवं आढ्यराज नामक कवियों की प्रशंसा की है। बाण के स्थिति-काल का निश्चय हो जाने से अन्य कवियों के स्थितिकाल के निर्णय में बड़ी सहायता मिलती है।

हर्षचरित बाण की प्रथम रचना है। यद्यपि भाषा और भाव की दृष्टि से कादम्बरी

की तरह प्रौढ़ता हर्षचरित में नहीं, तथापि इन दोनों की अभिव्यक्ति-सामर्थ्य में अपूर्णता भी कोई अभिलक्षित नहीं होती। बाण की स्फुरत्कलालापविलासकोमला कविता-नववधू कादम्बरी में जो कौतुकाधिक राग उत्पन्न करती है, हर्षचरित में विवाह की योग्यता होने पर भी अविवाहिता होने के कारण अज्ञातयौवना-सी लगती है। सम्भव है इसी कारण वह कादम्बरी की तरह सहृदय-जनों में कौतुकाधिक राग उत्पन्न न कर सकी हो। स्थान-स्थान पर बाण की अद्भुत वर्णनाशक्ति का पूर्वाभास हर्षचरित में मिल जाता है।

पात्रालोचन

[अब यहाँ संक्षेप में हर्षचरित के पात्रों के सम्बन्ध में जानना आवश्यक है। मुख्य पात्र के रूप में सरस्वती, सावित्री, बाण, पुष्पभूति, भैरवाचार्य, प्रभाकरवर्धन, यशोवती, राज्यवर्धन, हर्षवर्धन तथा राज्यश्री के चरित्र हर्षचरित में निर्दिष्ट हैं। अतः उन्हीं के सम्बन्ध में अग्रिम वक्तव्य है]

सरस्वती और सावित्री—सरस्वती वाणी की अधिष्ठात्री देवी और ब्रह्माजी की कुमारी कन्या थी। विद्या की देवी होने के कारण और बालभाव की चपलता से अंशतः उसमें कुछ अभिमान की मात्रा भी थी। दुर्वासा के स्वरहीन सामगान पर वह हँस पड़ी जिससे उस क्रोधान्ध ऋषि के शाप से ग्रस्त हुई। दुर्वासा ने उसकी विद्याजनित उन्नति को चूर करने के लिए नीचे मर्त्यलोक में चले जाने का शाप दे डाला। परन्तु सरस्वती ने ऋषि के शाप को शिर झुका कर मान लिया। उसकी प्रिय सखी सावित्री ऋषि के इस अन्याय को न सह सकी और स्वयं प्रतिशाप देने के लिए उद्यत हो गई। तब सरस्वती ने उसे रोका और कहा—'सखी, तू अपना क्रोध शान्त कर, संस्कारशून्य बुद्धि होने पर भी ब्राह्मण सर्वथा आदरणीय है।' सरस्वती की इस वाणी में उसकी अपार सहिष्णुता निहित है। वह निरपराध होने पर भी कुछ नहीं बोलती और सावित्री को साथ लेकर मर्त्यलोक के लिए ब्रह्मलोक से प्रस्थान कर देती है। ब्रह्मा जी ने उसके शाप को पुत्र का मुख देखने की अवधि दी। सावित्री ने उसे बहुत ढाढस दिया और वे दोनों शोण के तट पर निवास करने लगीं। वहीं पहुँचे हुए दधीच से सरस्वती का प्रणय हो गया। सरस्वती की अपेक्षा सावित्री अधिक प्रगल्भ थी। सरस्वती मुग्धा और सावित्री प्रगल्भा थी। दधीच के प्रथम दर्शन से आकृष्ट होने पर भी सरस्वती ने अपना प्रणय-भाव बिलकुल छिपाए रखा। उसके चले जाने पर शून्य-शून्य सी रहने लगी। जब दधीच का कुशल-समाचार लेकर मालती आई तब एकान्त में सरस्वती ने दधीच के प्रति अपना अनुराग व्यक्त किया। दधीच को लाने के लिए मालती के चले जाने पर उसने सावित्री से यह रहस्य प्रकट कर दिया। इस

प्रकार सरस्वती एक सहिष्णु, लज्जाशील नारी के रूप में चित्रित है और सावित्री का चित्रण एक संवेदनशील नारी के रूप में हुआ है।

बाण—हर्षचरित के रचयिता बाण भी एक मुख्य पात्र हैं। मानना तो यह चाहिए कि हर्षचरित दो विभागों में विभक्त आख्यायिका है। प्रथम भाग के मुख्य पात्र स्वयं महाकवि बाण हैं और द्वितीय भाग के सम्राट् हर्षवर्धन। बाण ने अपने चरित्र का जितनी धार्मिकता और स्पष्टता से चित्रण किया है उतना शायद ही हर्ष के चित्रण में हो। यद्यपि यह बात नहीं फिर भी कवि ने अपना दोष और गुण सब एक तटस्थ पर्यवेक्षक के नाते कह डाला है। बाण की तटस्थता इसी से व्यक्त होती है कि उन्होंने अपनी आत्मकथा में 'उत्तम पुरुष' के स्थान पर अन्य पुरुष का ही प्रयोग किया है। 'मैं उत्पन्न हुआ' के स्थान पर 'बाण उत्पन्न हुआ, बढ़ा और यौवन के आरम्भ में आवारा (इत्वर) बन गया' आदि साधारण पात्र के रूप में ही बाण ने अपने को रखा है। सम्भव था अगर उत्तम पुरुष 'मैं' का प्रयोग करते तो अपने दोष-पक्ष के उल्लेख में इतनी स्पष्टता न होती। छोटी अवस्था में ही बाण की माता मर गई। पिता ने ही किसी प्रकार पाल-पोस कर बढ़ाया। दुर्भाग्य से जब बाण चौदह वर्ष का हुआ तभी उसके पिता भी दिवंगत हो गए। अब मातृ-पितृहीन बाण को सुधारने वाला कोई नहीं मिला। मिले वही नाचने-गाने के शौकीन संगी-साथी। उनके साथ रहने से बाण की स्वतन्त्रता बढ़ती गई और फलतः यौवन के आरम्भ में ही वह आवारा (इत्वर) हो गया। इन्हीं साथियों के साथ यहाँ-वहाँ मारा-मारा फिरने लगा। कभी किसी नगर में जाकर नाटक खेलता, कभी किसी नगर में। इस इत्वरवृत्ति ने यद्यपि बाण को पितृ-पितामह द्वारा अर्जित विभव एवं अविच्छिन्न विद्या-प्रसंग से वंचित कर दिया तथापि बाण ने अपने उसी भ्रमणशील जीवन में, जब उसकी लोग खिल्ली उड़ा रहे थे, अनुभव के चार स्रोत पकड़ लिए थे। उसके अनुभव के प्रथम स्रोत राजकुल थे, उनमें घूम-घूम कर वह उनके प्रत्येक कर्मचारी से मिलता और वहाँ के उदार व्यवहारों से परिचित होता। दूसरा स्रोत उस समय के गुरुकुल थे, वहाँ जा-जा कर अध्ययन-अध्यापन की विधियों को उसने खूब समझ लिया। तीसरा स्रोत गुणी जनों की गोष्ठियाँ मिलीं, जिनमें उसने अनमोल बातें सुनीं। चौथा स्रोत सूझ-बूझ वाले विदग्ध जनों की मंडलियाँ थीं, उसने उनमें भीतर घुस कर थाह ली। इस प्रकार वह अपने जीवन के अल्हड़पन और घुमक्कड़ी प्रवृत्ति से अपनी आँखों देखा हुआ लोकजीवन का चौचक अनुभव पाकर अपने घर वापस आया। तब उसके अन्दर जो पुश्तैनी प्रतिभा थी वह चमक उठी।

बाण स्वभावतः अपने भाई-बन्धुओं में हिल-मिल जाता था। उसे अपने गाँव में अपने लोगों के बीच मोक्ष का आनन्द मिलता था। वह सम्राट् के पास से भी उस आनन्द के

लिए चला आता था। अपनी इस प्रकृति से बाण बहुत अधिक जनप्रिय हो गया था। उसमें नम्रता भी खूब थी। अपने बड़ों के सामने झुक जाता था। उसने अपनी आरम्भिक जीवन की समस्त बुराइयों को जड़ से खोद कर निकाल दिया था और अनुभवी होने के बाद स्वयं अपना निर्माण किया। यद्यपि बाण ने कादम्बरी में भर्चु या भर्त्सु नामक अपने गुरु का उल्लेख किया है, तथापि यह नहीं विदित होता कि बाण के जीवन के निर्माण में भर्चुशर्मा का कितना हाथ था। बाण के व्यक्तित्व में दो बातें बड़े महत्त्व की थीं, एक तो वह जन्म से ही स्वभावगम्भीर अर्थात् विस्तृत मेधाशक्ति वाला था, दूसरे वह प्रत्येक वस्तु की जानकारी प्राप्त करने के लिए सदा उत्सुक रहता था। इन दोनों बातों से बाण को मार्गस्थ होने में बड़ी सहायता मिली।

बाण के व्यक्तित्व की एक और विशेषता है, वह है उसका स्वाभिमान। वह जितना नम्र था उतना ही स्वाभिमानी भी। वह किसी की परवा नहीं करता था। उसे क्या पड़ी थी कि वह राजकुल में प्रवेश पाकर सेवा में हाजिरी बजाता और सेवकों जैसी चापलूसी करता? जब हर्ष के भाई कृष्ण ने अपने दूत द्वारा संदेश भेजा कि बिना समय गँवाए राजकुल में पधारें तो बाण बहुत सोच में पड़ गया। कृष्ण के दूत ने संदेश में यह भी कहा कि सेवा में झंझट सोच कर उदासीन न होना चाहिए। इससे प्रतीत होता है कि बाण के स्वाभिमानी व्यक्तित्व से कृष्ण खूब परिचित थे। उन्हें डर था कि बाण कहीं सम्राट् के पास आना अस्वीकार न कर दें। बाण से डाह करने वालों ने उसकी आरम्भिक चाल-चलन की बात लेकर सम्राट् के कान भर दिये थी, जिसका परिमार्जन बड़े प्रयत्न से कृष्ण ने कर दिया। बाण अपने अकारणबन्धु कृष्ण का संदेश सुन कर बहुत सोच में पड़ गए। राजसेवा उन्हें कष्टप्रद लगती थी। राजदरबार में बड़े खतरे नजर आते थे। न उनके पुरखों में किसी की इस तरफ रुचि रही, न उनके ही मन में ऐसी बात थी कि वे राजकुल में जाकर बुद्धि-सम्बन्धी विषयों का आदान-प्रदान करें। न विद्वानों की गोष्ठियों में बैठने की विलक्षण चतुराई ही उनके पास थी। चापलूसी से भी उन्हें बड़ी चिढ़ थी। ऐसी स्थिति में भी उन्होंने जाने का निश्चय कर लिया। स्वाभिमान उन्हें रोकता था, परन्तु जब यह ध्यान में आता कि सम्राट् कुछ ऐसा-वैसा मुझको समझ गए हैं तो उनका स्वाभिमान उनको चलने के लिए ही प्रेरित करने लगा। स्वाभिमानी बाण को यह कैसे सह्य होता कि दूसरा उसे हीन दृष्टि से देखे, जब कि वह हीन नहीं। अपनी अहीनता का सम्यग्ज्ञान होने पर भी बाण में अहंकार का लेश भी न था। उन्हीं के निर्देश से पता चलता है कि वे रूप-सम्पन्न थे, पर उनके मन में सुन्दर रूप से मिलने वाले आदर

की इच्छा न थी। उनमें प्रगाढ़ शास्त्रीय ज्ञान था लेकिन बुद्धि-सम्बन्धी विषयों पर लड़-झगड़ के लिए दिखावा करने जाना वह सर्वथा व्यर्थ समझते थे।

जब सम्राट् हर्ष ने प्रथम बार बाण को देख कर हँसते हुए 'महानयं भुजङ्गः' कह डाला तो बाण अपनी स्वतंत्र प्रकृति और स्वाभिमान से संवलित ब्रह्मतेज का संवरण न कर सके। थोड़ी देर तक चुप रह कर उन्होंने पूछ ही डाला—'का मे भुजङ्गता ?' बाण का व्यक्तित्व इस प्रकरण में जितना स्पष्ट खुल सका है उतना अन्यत्र नहीं। उस समय बाण को यह सुध-बुध न थी कि वे महाराजाधिराज हर्षवर्धन के सामने खड़े हैं। उनका स्वाभिमान तत्काल प्रज्वलित हो उठा था। जब कि बाण में अब कोई भुजंगपना न रह गया था तब भी दूसरों के कान भर देने से केवल ऐसी निराधार कल्पना कर देना कहाँ तक उचित था। उसने हर्ष से स्पष्ट कह दिया कि 'आप नेय की तरह बोलते हैं अर्थात् आपकी बुद्धि दूसरों पर निर्भर करती है। आप मुझे साधारण व्यक्ति मत समझिए। मैंने वात्स्यायन ब्राह्मणों के कुल में जन्म लिया है। सांगवेद का स्वाध्याय और अनेक शास्त्र भी सुने हैं। विवाह हो जाने के बाद नियमित गृहस्थ हूँ। (इससे यह पता चलता है कि बाण उस समय तक विवाहित हो गए थे और तभी से उनके जीवन में स्थिरता हुई)। यौवन के आरम्भ में अवश्य ही मुझ में कुछ चपलताएँ थीं, इससे मैं इनकार न करूँगा, किन्तु वे ऐसी थीं जिनका इस लोक या उस लोक में विरोध न हो।' बाण की इस वाणी में सचमुच उनका ब्रह्मतेज निखर उठा है। फिर बाण अपनी नम्रता का अवलम्बन ले लेते हैं। बाण ने अपने आप को खूब पहचाना था। वे अपनी कमजोरियों को अच्छी तरह समझ गए थे और उन्हें हटाने का प्रयत्न भी करते थे। जैसा कि उन्होंने स्कन्धावार में दरबार से लौटने पर सोचा था कि मुझे धिक्कार है यदि मैं अपने दोषों के प्रति अन्धा होकर केवल अनादर की पीड़ा अनुभव करके इस गुणी सम्राट् के प्रति कुछ और सोचने लगूँ। अवश्य ही मैं वह करूँगा जिससे यह कुछ समय बाद मुझे ठीक जान ले।

पुष्पभूति और भैरवाचार्य—पुष्पभूति ही हर्ष के वर्धनवंश के आदि संस्थापक थे। वे शिव के अनन्य उपासक थे। उनके प्रभाव से घर-घर में शिव की पूजा होती थी। राजा पुष्पभूति वेताल-साधना भी करते थे इस कार्य में उनका सहायक भैरवाचार्य नामक दाक्षिणात्य महाशैव था। भैरवाचार्य से मिलन का वृत्तान्त यह है कि एक दिन उस राजा के पास एक परिव्राट् आया। वह भैरवाचार्य का मुख्य शिष्य था। राजा के पूछने पर कि 'भैरवाचार्य कहाँ हैं ?' उस शिष्य ने 'सरस्वती के किनारे शून्यायतन में ठहरे हैं' यह कह कर पाँच चाँदी के कमल भैरवाचार्य की ओर से अर्पित किए। दूसरे दिन पुष्पभूति ने पुराने देवी के मन्दिर के उत्तर बिल्ववाटिका में आसन लगाए भैरवाचार्य

को साक्षात् शिव की तरह देखा। भैरवाचार्य से राजा की मित्रता हो गई। भैरवाचार्य के शिष्य ने ब्रह्मराक्षस के हाथ से छीन कर लाई हुई अट्टहास नामक तलवार राजा को अर्पित की। राजा ने भैरवाचार्य की वेताल-साधना में बड़ी सहायता की। फलतः श्रीकंठ नाग को हरा कर उसने लक्ष्मी को प्रसन्न किया। प्रसन्न लक्ष्मी द्वारा वर माँगने के लिए प्रेरित किए जाने पर पुष्पभूति ने अपने प्रिय सुहृद् भैरवाचार्य की सिद्धि के लिए ही वर माँगा। इससे पुष्पभूति की निःस्वार्थपरता व्यक्त होती है। लक्ष्मी ने उसे देकर राजा की शिव-भट्टारक के प्रति अनन्य भक्ति देखकर वरदान में यह भी कहा—'तुम महान् राजवंश के संस्थापक होगे जिसमें हरिश्चन्द्र के समान सर्वद्वीपों का भोक्ता हर्ष नाम का चक्रवर्ती जन्म लेगा।' भैरवाचार्य विद्याधर के शरीर को प्राप्त हुआ। उसने राजा का बहुत बड़ा उपकार माना। इस प्रकार पुष्पभूति के रूप में एक ऐसे व्यक्ति का चित्रण किया गया है जो परोपकार में ही जीवन को लगा देता है और स्वप्न में भी स्वार्थ का चिन्तन नहीं करता।

प्रभाकरवर्धन और यशोवती—पुष्पभूति के वंश में प्रभाकरवर्धन बड़ा प्रतापी राजा हुआ। उसने सिन्धु, गान्धार, गुर्जर, लाल, मालव देशों पर विजय प्राप्त की थी। हूणरूपी हिरन के लिए वह केसरी था। इस प्रकार वह स्थाण्वीश्वर के छोटे से राज्य को बढ़ा कर महाराजाधिराज की पदवी से विभूषित हुआ। इसी कारण उसका दूसरा नाम प्रतापशील था। प्रभाकरवर्धन अत्यन्त पराक्रमी होते हुए भी दयावान् था। उसने मालवा के राजा के मारे जाने पर उसके अनाथ कुमारों के साथ मृदु व्यवहार किया। वह सूर्य का भक्त था। उसकी रानी यशोवती थी। हर्षचरित में यशोवती के चरित्र का चित्रण एक भारतीय पतिव्रता के रूप में हुआ है। रानी यशोवती के गर्भ से ही राज्यवर्धन, हर्षवर्धन और राज्यश्री ने जन्म लिया। प्रभाकरवर्धन ने राज्यश्री का विवाह बड़ी धूम-धाम से मौखरिवंशज अवन्तिवर्मा के ज्येष्ठ पुत्र ग्रहवर्मा के साथ किया। राजा प्रभाकरवर्धन ने अपने योग्य पुत्र राज्यवर्धन को हूणों से युद्ध करने के लिए भेजा। उसके पीछे-पीछे १४-१५ वर्ष की आयु वाला हर्ष भी कुछ पड़ावों तक गया, पर वह शिकार खेलने की रुचि से हिमालय की तराइयों में रुक गया। अचानक पिता की बीमारी का समाचार पाकर हर्ष वहाँ से लौट आया। हर्ष के आने पर पति के मरने के पूर्व ही रानी यशोवती ने अग्नि में प्रवेश कर भारतीय नारी के आदर्श का उज्ज्वल चित्र प्रस्तुत किया। बाद में प्रभाकरवर्धन की मृत्यु हुई।

राज्यवर्धन—एक आज्ञाकारी पुत्र, स्नेहशील भाई और शूर योद्धा के रूप में राज्यवर्धन का चित्रण किया गया है। वह पिता की आज्ञा पाते ही हूणों के साथ युद्ध करने के लिये चला जाता है। बालक हर्ष भी कुछ पड़ावों तक उसके साथ चलता है,

पर हिमालय की तराइयों में आखेट के लिये रुक जाता है। जब तक राज्यवर्धन परदेश से नहीं लौटा था, इसी बीच प्रभाकरवर्धन की मृत्यु हो गई और माता यशोवती भी न रहीं। हर्ष ने राज्यवर्धन के पास खबर भिजवा दी। इधर हर्ष के मन में बड़ी भारी चिन्ता यह होने लगी कि पिताजी का समाचार सुनकर बड़े भैया (आर्य) भी कहीं बुद्ध की तरह आचरण न कर बैठें। कहीं राज्यर्षि राज्यवर्धन आश्रम में प्रविष्ट न हो जायँ ? कहीं वह पुरुष-सिंह किसी गुफा में न चला जाय। अनाथ पृथिवी को देखकर कहीं निरन्तर अश्रुधारा प्रवाहित न करने लगें। प्रथम बार इस आपत्ति से विह्वल होकर आत्मचिन्तन में न लग जायँ। संसार को अनित्य समझकर पास आती हुई राज्यलक्ष्मी से विरक्त न हो जायँ। कहीं दुःखज्वाला का शमन करने के लिये जल में न डूब जायँ। यहाँ लौटने पर राजाओं के कहने पर पराङ्मुख न हो जायँ। इस प्रकार हर्ष अपने मन में कल्पना करते हुए राज्यवर्धन की बाट देखते रहे। भ्रातृप्रेम से अभिभूत हर्ष के मन के ये भाव राज्यवर्धन के शम-प्रधान व्यक्तित्व की ओर संकेत करते हैं। लगता है राज्यवर्धन आरम्भ से ही भगवान् बुद्ध के धर्म से आस्थावान् था। जैसा कि एक ताम्रपत्र के अनुसार उसे परम-सौगत भी कहा गया है। हर्ष को भी उपर्युक्त चिन्ता में भी राज्यवर्धन में विरक्त होने के पश्चात् बुद्ध के जीवन की झलक मिलती है। हर्ष को यह सन्देह था कि बुद्ध के समान वे भी कहीं न चले जायँ।

पितृ-शोक से अभिभूत होकर राज्यवर्धन जब लौटा तब यही घटना घटी। हर्ष से उसने कहा—'तुम राज्यभार ग्रहण करो, मैंने आज शस्त्र छोड़ा।' और तलवार हाथ से फेंक दी। राज्यवर्धन के इस कथन में उसकी निःस्पृहता, पितृप्रेम, भ्रातृप्रेम आदि समस्त सद्वृत्तियाँ एक साथ उमड़ पड़ी हैं। इसी अवसर पर एक विचित्र घटना घट जाती है। एक परिचारक ने आकर खबर दी कि सम्राट् के मरने की खबर सुनकर दुरात्मा मालव-राज ने ग्रहवर्मा को जान से मार डाला और राज्यश्री को कान्यकुब्ज के कारावास में डाल दिया। इस समाचार से तत्काल राज्यवर्धन का शोक जाता रहा, उसके स्थान पर क्रोध प्रतिष्ठित हो गया। उसने हर्ष से कहा—'तुम राज्य सँभालो, मैं मालवराज के कुल का नाश करने चला।' हर्ष ने जब यह कहा कि 'आर्य के प्रसाद से पहले भी मैं कभी वञ्चित न रहा। कृपाकर मुझे भी साथ ले चलें।' तो राज्यवर्धन ने कहा—'तुम ठहरो, मुझे अकेले ही शत्रु का नाश करने दो।' यह कहकर उसने उसी दिन शत्रु पर धावा बोल दिया।

राज्यवर्धन मालवराज की सेना को खेल ही खेल में जीत लेने पर भी गौड़ाधिप के कुचक्र से मारा जाता है। हर्ष के हृदय में राज्यवर्धन के प्रति अपार स्नेह था। उसने उसके मारे जाने का समाचार सुनकर उसकी चरण-रज का स्पर्श करके प्रतिज्ञा की—'कुछ

ही दिनों में यदि गौड़ाधिप को न मार डालूँ तो स्वयं जल कर भस्म हो जाऊँगा।' हर्ष-चरित में राज्यवर्धन का व्यक्तित्व सर्वथा अकलुषित और स्नेह तथा पराक्रममय देखने में आता है।

हर्षवर्धन—कहा जा चुका है कि वर्धनवंश के आदि संस्थापक राजा पुष्पभूति को लक्ष्मी ने प्रसन्न होकर वरदान दिया था—'तुम्हारे वंश में हरिश्चन्द्र के समान समस्त द्वीपों का भोक्ता हर्ष नाम का चक्रवर्ती जन्म लेगा।' इसलिए यह स्वाभाविक था कि हर्ष के समस्त गुण जन्मजात थे। जैसा कि बाण ने हर्ष के यशोवती के गर्भ में आते ही रानी का वर्णन करते हुए लिखा है—उसके मन में यह दोहद इच्छा हुई कि चार समुद्रों का जल एक में मिलाकर स्नान करूँ और समुद्र के वेला-कुंजों में भ्रमण करूँ। नंगी तलवार के पानी में मुँह देखने की, वीणा अलग हटा कर धनुष की टंकार सुनने की और पंजर-बद्ध केसरियों के देखने की इच्छा हुई। इस प्रकार हर्ष जन्म से ही एक महापुरुष था। किसी ब्राह्मण ने ज्योतिष के अनुसार हर्ष के जन्म के समय भविष्यवाणी भी कर दी थी। हर्ष में शैशव काल से ही अपूर्व रणोत्साह और साहस का आभास मिलने लगा था। जब पिता ने अपने सुयोग्य पुत्र राज्यवर्धन को हूणों से भिड़न्त के लिए भेजा तो १४-१५ वर्ष की अवस्था वाले हर्ष भी बड़े भाई के साथ चलने के उत्साह का संवरण न कर सके। कुछ पड़ावों के बाद ही हर्ष का मन आखेट में लग गया तो वे आगे न जाकर हिमालय की तराइयों में शिकार करने लगे। यहीं से हर्ष के जीवन का आकस्मिक परिवर्तन आरम्भ हो जाता है। उन्हें पिता जी की बीमारी की खबर मिलती है। शीघ्र ही दौड़ पड़े, मार्ग में कुछ भी नहीं खाया-पिया। इससे उनका अनन्य पितृ-प्रेम व्यक्त होता है।

राजद्वार पर पहुँचते ही उन्होंने उद्विग्न होकर सुषेण नामक वैद्यकुमार से पिता जी की हालत पूछी। सुषेण ने कोई आशाजनक बात न कही तो घबड़ाए हुए पिता जी के पास पहुँचे। उन्होंने उन्हें रुग्णावस्था में देखा। प्रभाकरवर्धन ने हर्ष को देख कर उठने की चेष्टा की। उन्होंने बड़ी कठिनता से यह कहा—'हे वत्स, दुबले जान पड़ते हो।' तब भंडि ने कहा कि हर्ष को भोजन किए हुए तीन दिन हो चुके हैं। यह सुन कर पिता ने गद्गद कंठ से कहा—'तुम्हारे आहार ही के बाद मैं पथ्य लूँगा।' पिता का पुत्र के प्रति स्नेह स्वाभाविक है, पर यहाँ स्वाभाविकता की सीमा पर वह स्नेह पहुँच गया है। गुणवान् पुत्र के प्रति पिता का इससे बढ़ कर क्या भाव हो सकता है? हर्ष की गुणग्राहिता भी असामान्य थी। जब उन्होंने सुना कि रसायन नामक वैद्यकुमार ने सम्राट् के प्रति भक्ति और स्नेह से अभिभूत होकर आग में कूद कर जान दे दी तो उनकी प्रतिक्रिया यह हुई कि उसने कुलपुत्रता धर्म को चमका दिया। स्वयं बाण ने हर्ष की गुणग्राहिता की प्रशंसा

अपनी प्रथम भेंट के अवसर पर की थी। जब बाण ने अपना विशिष्ट परिचय दिया तब हर्ष ने कहा था कि मैंने भी ऐसा ही सुना है। तब बाण ने एकान्त में हर्ष की उदारता एवं गुणग्राहिता की प्रशंसा की है। अस्तु, इसी बीच जब प्रभाकरवर्धन मृत्युशय्या पर अन्तिम सांस तोड़ने ही वाले थे तब हर्ष के जीवन की दूसरी मार्मिक घटना—माता यशोवती के सती हो जाने की तैयारी सुनकर हुई। किसी प्रकार वे माँ को उनके निर्णय से विचलित न कर सके। तत्पश्चात् पिता जी भी दिवंगत हो जाते हैं। इन उद्वेजक घटनाओं से हर्ष अत्यन्त शोकमग्न अवस्था में पड़ गए। अनेक कुलपुत्र, गुरु, वृद्ध ब्राह्मण, मूर्धाभिषिक्त अमात्य, मस्करी, मुनि, वेदान्ती तथा पौराणिक लोगों ने हर्ष के शोक को उदाहरणों और दृष्टान्तों द्वारा कम किया। तब हर्ष के मन में राज्यवर्धन के विषय में अनेक विचार आने लगे। कहीं बड़े भाई पिता जी के मरण का घातक समाचार सुन कर बुद्ध की तरह आश्रम में न प्रविष्ट हो जायँ? हर्ष की यह भावना राज्यवर्धन के प्रति अपार भ्रातृ-प्रेम और हृदय की पवित्रता को व्यंजित करने वाली है। सचमुच इस प्रकार की आन्तरिक वृत्ति के कारण महानता की दृष्टि से हर्ष एक उच्च आदर्श का रूप धारण कर लेते हैं।

जैसा हर्ष ने राज्यवर्धन के विषय में मन में सोचा था, शोक से भरे हुए राज्यवर्धन ने आकर वही सोचा और अपनी तलवार फेंक दी। राज्यवर्धन के इस विचार से हर्ष का हृदय विदीर्ण हो गया। उन्होंने अपने आप में ही कोई ऐसा दोष अनुभव किया जिसके कारण राज्यवर्धन ने यह निश्चय कर डाला। हर्ष के उस विदीर्ण हृदय में कितनी पवित्रता और विशालता थी। इसी बीच एक घटना और घटती है। मालवराज द्वारा ग्रहवर्मा की मृत्यु और राज्यश्री के कारागार में बन्द होने की खबर तत्काल मिली। सुनते ही राज्यवर्धन का विषाद जाता रहा. वे आग-बबूला हो गए। हर्ष को राज्यभार सम्हालने के लिए कहा और स्वयं फिर हाथ में कृपाण उठा लिया। यहाँ भी हर्ष ने साथ जाने के लिए आग्रह किया। राज्यवर्धन हर्ष के पराक्रम से परिचित थे, उन्होंने कहा—'सारी पृथिवी को जीतने के लिए मान्धाता की तरह तुम धनुष उठाओगे, तो तुम ठहरो। मुझे अकेले ही शत्रु का नाश करने दो।' यह कह उन्होंने प्रस्थान किया। जब हर्ष को चौथी घटना यह सुन पड़ी कि एक मालवराज को खेल-खेल में पराजित कर लेने पर भी राज्यवर्धन को धोखे से गौड़ाधिप ने मार डाला, तो उनकी क्रोधाग्नि फूट पड़ी। तब हर्ष ने यह प्रतिज्ञा की—'यदि कुछ ही दिनों में इस पृथिवी को गौड़रहित न बना दूँ और समस्त राजाओं के पैरों में बेड़ियाँ न पहना दूँ तो घी से धधकती हुई आग में पतंगे की तरह अपने शरीर को जला दूँगा।' हर्ष की इस प्रतिज्ञा में उसका समस्त ओज प्रदीप्त हो उठा है। युद्ध की तैयारियाँ होने लगीं। कुछ दिन बाद प्राग्ज्योतिषेश्वर कुमार ने हंसवेग के

साथ एक छत्र और अनेक उपहार भेजे। हर्ष के हृदय में प्रत्युपकार की भावना का यह कितना सुन्दर प्रसंग है जब एकान्त में बैठे-बैठे उन्होंने यह सोचा—'आमरण मैत्री के अतिरिक्त इस प्रकार के सुन्दर उपहार का बदला और क्या हो सकता है ?' भण्डि ने आ कर राज्यश्री के विन्ध्याटवी में भाग जाने की खबर दी तो हर्ष स्वयं सब काम छोड़ कर उसे खोजने निकल पड़े। बीच में शबर युवक निर्घात के माध्यम से दिवाकरमित्र नामक एक बौद्ध भिक्षु से भेंट होती है। दिवाकरमित्र के एक शिष्य ने हर्ष को राज्यश्री का पता बताया। अन्त में राज्यश्री मिल जाती है।

इस प्रकार हर्ष का व्यक्तित्व आदि से अन्त तक निर्भीक और साहसी, कर्त्तव्यपरायण और स्नेहमय मिलता है। बाण ने सम्राट् के उदात्त जीवन का बहुत नजदीक से अध्ययन किया था। बाण की लेखनी के स्पर्श से हर्ष के व्यक्तित्व की जो परिस्फूर्ति हर्षचरित में दिखाई देती है वह अपूर्व है। यह कहना कठिन है कि बाण की लेखनी ने हर्ष का स्पर्श कर इतनी सामर्थ्य प्राप्त की अथवा हर्ष का व्यक्तित्व ही बाण की लेखनी के स्पर्श से समृद्ध हो गया। इसमें सन्देह नहीं कि हर्ष जैसा सम्राट् भारतवर्ष में कोई दूसरा नहीं हुआ। हर्ष की महती सफलता तो इसमें भी अभिलक्षित होती है कि उसने परस्परविरोधी, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक वातावरण को भी एक सन्तुलित रूप दिया था। हर्ष किसी एक धर्म और एक सम्प्रदाय का पक्षपाती न था। उसके मन में सबके प्रति समान आदरभाव था। बाण ने एक तटस्थ दर्शक के रूप में ही उसके व्यक्तित्व का चित्रण किया है। व्यर्थ प्रशंसा का पुल बाँधना बाण जैसे स्वाभिमानी के लिए कहाँ तक सम्भव था।

हर्ष के व्यक्तित्व की यह प्रसंगतः सामान्य चर्चा है। ग्रन्थ के आद्योपान्त अवलोकन से ही पाठक उसकी विशेषताओं से परिचित हो सकेंगे। बाण की चित्रग्राहिणी प्रतिभा में हर्ष के व्यक्तित्व का चित्र ऐसी स्वाभाविकता से आलिखित है कि देखते ही बनता है।

राज्यश्री—यह हर्ष की छोटी बहन थी। वह नृत्य, गीत आदि कलाओं में प्रवीण थी। प्रभाकरवर्धन ने धूम-धाम से ग्रहवर्मा के साथ उसका विवाह किया। पिता के मरते ही राज्यश्री पर भी दुर्भाग्य के बादल उमड़ आए। मालवराज ने ग्रहवर्मा को जान से मार दिया और उसे कान्यकुब्ज के कारागार में बन्द कर रखा। वह किसी तरह बन्धन से छूट कर परिवार के साथ विन्ध्याचल के जंगल में चली गई। जब वह वहाँ अग्निप्रवेश करने के लिए तैयार थी तब हर्ष उसे ढूँढते हुए पहुँच गए। इस अवस्था में सहसा भाई को पाकर वह विलाप करने लगी। हर्ष ने रोते हुए कहा—'अब धीरज धरो, अपने को सम्हालो।' राज्यश्री पर इस समय दुःख का पहाड़ टूट पड़ा था, हर्ष ने मृत्यु के मुख से खींच कर उसे बचा लिया। वह अपने सतीत्व की रक्षा के लिए शत्रु के कारावास से भी

भाग निकली। भारतीय नारी का यह उच्च आदर्श राज्यश्री में एकान्ततः प्रस्फुरित होता है। बौद्धभिक्षु आचार्य दिवाकरमित्र के सामने राज्यश्री ने हर्ष से विनय-पूर्वक काषाय वस्त्र धारण की अनुज्ञा मांगी। एक विधवा के तपस्वी जीवन के लिए आत्मसंयम के अतिरिक्त और दूसरा क्या कर्तव्य रह जाता है। हर्ष ने भाई के वध का बदला लेने की जो प्रतिज्ञा की थी उसे सुनाकर तत्काल राज्यश्री को ऐसा न करने के लिए कहा। उन्होंने भिक्षु दिवाकरमित्र से कह दिया कि प्रतिज्ञा पूरी होने पर मैं और यह एक साथ काषाय ग्रहण करेंगे। तब राज्यश्री ने भाई की बात पर आग्रह नहीं किया।

इस प्रकार इन प्रमुख पात्रों की चर्चा के साथ ही हर्षचरित का कथानक भी बहुत अंश में सामने आ जाता है।

कादम्बरी

महाकवि बाणभट्ट की दूसरी 'अतिद्वयी' रचना कादम्बरी है। यह एक कथा है। आधुनिक परिभाषा में कथा को ही उपन्यास कहते हैं। यद्यपि कथा और उपन्यास में बहुत अन्तर है, तथापि काल्पनिकता का सम्बन्ध दोनों में एक-सा अभिलक्षित होता है। आधुनिक उपन्यास कथा का विकसित रूप है और कथा उपन्यास का पूर्व रूप। कादम्बरी संस्कृत-साहित्य की सर्वोत्कृष्ट गद्य-रचना है और बाण की अमर कृति है। 'हर्षचरित इस पृथिवी-लोक की तथ्यात्मक आख्यायिका है पर कादम्बरी दिव्य-लोक को भूतल पर लाने वाली काव्य-कल्पना है।' यह दृढ़ता के साथ कहा जा सकता है बाण हर्षचरित की अपेक्षा कादम्बरी में अधिक सफल हुए हैं। कादम्बरी की कथा के सम्बन्ध में यह मान्यता है कि यह गुणाढ्यकृत बृहत्कथा से ली गई है। गुणाढ्य ने बृहत्कथा को पैशाची भाषा में लिखा था, जो अब तक उपलब्ध नहीं है। उसके संस्कृत अनुवाद के रूप में क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामंजरी और सोमदेवकृत कथासरित्सागर में कादम्बरी-कथा का मूल रूप सुरक्षित है। भारतीय प्राचीन साहित्य के उपजीव्य तीन ग्रन्थ विशेष रूप से रहे हैं—रामायण, महाभारत और बृहत्कथा। अतः सम्भव है कि बाण ने अपनी कथा की मूल घटनाएँ बृहत्कथा से ली हों, किन्तु यह निर्विवाद है कि उन्होंने अपनी प्रतिभा से उसे एक सर्वथा नवीन और मौलिक रूप दे दिया है।

कादम्बरी की कथा संक्षेप में इस प्रकार है—'विदिशा के राजा शूद्रक के समीप एक चाण्डालकन्या पंजरबद्ध आश्चर्यकारी शुक को उनकी सेवामें अर्पित करती है। वह शुक अपने जन्म से लेकर महर्षि जाबालि के आश्रम में पहुँचने तक का वृत्तान्त सुनाता है। महर्षि जाबालि शुक के पूर्वजन्म की कथा सुनाते हैं—उज्जयिनी के राजा तारापीड

थे। उनकी रानी विलासवती थी। उनके गुणवान् महामन्त्री शुकनास थे। बड़ी प्रतीक्षा के बाद राजा को एक पुत्र होता है। उसी समय शुकनास की पत्नी मनोरमा के गर्भ से भी पुत्र होता है। राजा के पुत्र का नाम चन्द्रापीड़ था और शुकनास के पुत्र का नाम वैशम्पायन। दोनों ने एक साथ गुरुकुल में अध्ययन किया। दोनों दिग्विजय के लिए सेना लेकर निकल पड़े। राजकुमार चन्द्रापीड़ एक बार किन्नर-मिथुन का पीछा करते हुए बहुत दूर अच्छोद नामक सरोवर के समीप पहुंच गए। वहाँ महाश्वेता नामक एक तपस्विनी गन्धर्वकन्या मिलती है। पूछने पर अवगत हुआ कि उसका अभीप्सित प्रिय पुण्डरीक मिलने के पूर्व ही मृत्यु को प्राप्त हुआ। प्रिय के भावी मिलन की आशा में वह अच्छोद सरोवर के किनारे रहने लगी थी। उसकी सखी कादम्बरी ने भी कौमार्यव्रत धारण किया था। वह चन्द्रापीड़ को कादम्बरी के पास ले जाती है। वहाँ प्रथम साक्षात्कार में ही चन्द्रापीड़ और कादम्बरी दोनों अनुरक्त हो जाते हैं। चन्द्रापीड़ फिर लौट कर अपने स्थान पर आते हैं। वहाँ से पिता का पत्र पाकर अकेले घर आ जाते हैं। घर से फिर स्कन्धावार पहुँच कर वैशम्पायन को वहाँ न देख दौड़े-दौड़े महाश्वेता के पास जाते हैं। महाश्वेता ने जब यह कहा कि मुझसे उसने प्रणययाचना की तो मैंने उसको शुक बना दिया, तो इस प्रकार अपने सुहृद की आपत्ति से चन्द्रापीड़ के प्राण निकल जाते हैं। वहाँ कादम्बरी भी पहुँचकर चन्द्रापीड़ के पुनः मिलन की आशा से उनके शवशरीर की सेवा करती है। यहाँ जाबालि की कथा समाप्त हो जाती है।

तब शुक ने शूद्रक से कहा कि मैं जाबालि के आश्रम से महाश्वेता के लिए उड़ चला तो बीच ही में चाण्डालकन्यका ने पकड़ कर मुझे आप के समीप ला दिया। तब चाण्डाल-कन्यका ने कहा कि मैं लक्ष्मी हूँ, यह शुक पुण्डरीक है और आप चन्द्रापीड़ हैं। शूद्रक को कादम्बरी का प्रेम स्मृत हो उठा। उनके प्राण निकल गए और उधर चन्द्रापीड़ जीवित हो गए। शुक की आत्मा भी पुण्डरीक के मृत शरीर में जाकर पुनः मिल गई, जो चन्द्रलोक में सुरक्षित था। तत्पश्चात् महाश्वेता और पुण्डरीक, कादम्बरी और चन्द्रापीड़ सब एकत्र हो गए और विवाहित होकर सुख-पूर्वक रहने लगे।

इस प्रकार कादम्बरी अनेक अप्राकृतिक घटनाओं से भरी होने पर भी कुतूहल उत्पन्न करने में अपूर्व है। उत्सुकता तो कथा के आरम्भ में चण्डालकन्या द्वारा शूद्रक की सभा में वैशम्पायन शुक के लाए जाने से ही लेकर आरम्भ हो जाती है और पाठक को बरबस आगे बढ़ने के लिए बाध्य होना पड़ता है। कथा की प्रधान नायिका कादम्बरी बड़ी लम्बी चढ़ान के बाद मिलती है। अनेक उपकथाएँ भी साथ-साथ चल पड़ती हैं जो कथा के सूत्र में पुष्टि लाने का काम करती हैं। महाश्वेता की प्रणयकथा कादम्बरी की प्रणयकथा

के अन्तर्भुक्त होने पर भी अपना अस्तित्व अलग रखती है। कादम्बरी एक मुग्धा नायिका है जो सिर्फ प्रणय करना जानती है, महाश्वेता तपी हुई वनिता है जो प्रणय के सच्चे मार्ग पर कादम्बरी को प्रतिष्ठित करने में सहायक होती है। कादम्बरी से महाश्वेता का व्यक्तित्व किसी अंश में दुर्बल नहीं। इसका यह अर्थ नहीं कि कादम्बरी बिलकुल एक कठपुतली रह गई है। वह सबके प्रभाव से अलग होकर अपने प्रणय का अस्तित्व बनाने में अत्यन्त निपुण है। आरम्भ में उसका वासना-जनित प्रेम भी आगे चल कर विरह-तप्त होकर महाश्वेता के प्रणय के समान ही पवित्र बन गया। आरम्भ से अन्त तक कादम्बरीकथा अनेक प्रकार की विविधतापूर्ण घटनाओं से भरी होने के कारण कवि के वस्तुविन्यास-कौशल का परिचय देती है।

बाण के चरित्र-चित्रण की अपनी विशेषता है। जैसा कि हम हर्षचरित में देख चुके हैं उसी प्रकार कादम्बरी के भी सभी पात्र सजीव बन पड़े हैं। नवयुवक चन्द्रापीड़ जो अपनी सौम्यता में, महाराज तारापीड़ जो अपनी उदारता में, आदर्श महामंत्री शुकनास जो अपनी अगाध प्रवीणता में, रानी विलासवती जो अपनी सुकुमारता में, छाया की भाँति चन्द्रापीड़ का अनुसरण करने वाली पत्रलेखा अपनी तत्परता में, कठोर कपिंजल अपनी स्नेहमयता में कादम्बरी के जीते-जागते पात्र हैं जो पाठक के मन पर अमिट छाप छोड़ जाते हैं। कादम्बरी के चित्रण में बाण ने भावों के सम्बन्ध में अपने मार्मिक निरीक्षण का अपूर्व परिचय दिया है। कादम्बरी के समस्त भाव सहृदय और समीक्षक पाठक के लिए अलग से अध्ययन के विषय हैं। बाण के मौलिक कवित्व का साक्षात्कार इन्हीं विषयों में होता है।

वर्णन-वैचित्र्य

कल्पनाओं का अतिरंजित हो जाना बाण जैसे कल्पनाशील मन वाले भावुकहृदय कवि के लिए कोई आश्चर्यजनक नहीं। सबसे बड़ी बात तो यह दृष्टि में आती है कि बाण ने अपने बहुमुखी जीवन के अनुभवों को समेट कर पद-पद में अनुस्यूत कर डाला है। हर्षचरित में बाण की दृष्टि के सामने उनके जो समस्त अनुभव थे, कादम्बरी में वे ही बिलकुल उनके तरल मानस में अन्तर्लीन होकर कुछ विलक्षण रूप में प्रस्फुरित होते हैं। जैसे कोई चित्रकार किसी प्रपात के मनोहर दृश्य के सामने बैठ कर उसका रेखाचित्र बना लेता है और घर पर जाकर आँखों के मार्ग से मन में उतारे हुए उस दृश्य के समस्त छविमय आकार को विविध प्रकार के रंगों से अभिव्यंजित करता है ठीक उसी प्रकार बाण ने अभ्यास के लिए अनुभव के विविध रूपों का एक खाका तैयार कर लिया जो हर्षचरित के रूप में सहृदय जनों के सामने है। फिर वे ही अनुभव नये-नये रंग-रूप में अलौकिकता

के साथ कादम्बरी के पद-पद में भीन गए हैं। यही कारण है कि कवि की सफलता हर्ष-चरित की अपेक्षा कादम्बरी में अधिक समझी जाती है। हर्षचरित में जो सेनापति सिंहनाद का उपदेश है उसकी कोटि में कादम्बरी का शुकनासोपदेश कितना विस्तृत और पूर्ण बन गया है। ऐसा लगता है जैसे महर्षि व्यास ने महाभारत के एक अतिरिक्त प्रकरण में गीता को उपनिबद्ध कर दिया है वैसे ही महाकवि बाण ने शुकनासोपदेश के नाम से एक अतिरिक्त रचना ही कादम्बरी में उपनिबद्ध कर दी हो।

कादम्बरी शताधिक वर्णनों का अद्भुत संग्रह है। डा० वासुदेवशरणजी अग्रवाल के शब्दों में कादम्बरी में बाण की वर्णन-क्षमता का मृद्वीकापाक हुआ है। बाण की चित्र-ग्राहिणी प्रतिभा वर्णनों में वर्णनातीत सफल हुई है। कादम्बरी में बाण ने नदी, वन, वृक्ष, सरोवर, नगर, सायं-प्रातः, चन्द्रोदय, धूलिपटल, राजकुल, इन्द्रायुध अश्व आदि के वर्णनों में बड़ी दूरदर्शिता से काम लिया है। व्यक्ति के चित्रण में, उसके सौन्दर्य की सूक्ष्मतम कल्पना में बाण के अतिरिक्त कौन सफल हो सकता है? यद्यपि संस्कृत-साहित्य में वर्णनकर्ता कवियों की कमी नहीं है, कालिदास का तो कहना क्या? लेकिन बाण विस्तार-प्रधान वर्णन के पक्षपाती हैं। कालिदास जिस चित्र को थोड़े में ही अंकित कर सके हैं उसे बाण ने भव्य रूप देकर बड़ा बना दिया है। यही कारण है कि कालिदास के पश्चात् सर्वाधिक मौलिकता बाण की अपेक्षा अन्य को नहीं मिली। बाण की दृष्टि में किसी विशेष वर्णन में पक्षपात नहीं दिखाई देता। बाण जिस सूक्ष्मता से धवलदेहकान्तिप्रतिमण्डिता महाश्वेता का वर्णन करते हैं उसी सूक्ष्मता से नीलम की पुतली के समान काली-कलूटी चाण्डालकन्या का भी वर्णन करते हैं। अपेक्षाकृत बाण के वर्णन प्रातःकाल से अधिक सायंकाल के ही मिलते हैं। सम्भव है प्रातःकाल की अपेक्षा सायंकाल का दृश्य ही उनको अधिक पसंद था। नगरी उज्जयिनी के वर्णन से जाबालि के शान्त और पवित्र आश्रम का वर्णन भी कम अद्भुत नहीं। कादम्बरी के सौन्दर्य-वर्णनों में भी कम आकर्षण नहीं। मानवी सौन्दर्य का वर्णन और तद्वाची शब्दों की विकसित सामग्री भी कालिदास से कहीं अधिक बाण की इस रचना में मिल जाती है। इसके अतिरिक्त इन्द्रायुध अश्व के सजीव वर्णन से बाण को 'तुरङ्गबाण' की पदवी भी मिली है। बाण के साहित्य के प्राण वर्णन ही हैं। उन्हें अलग कर देने पर कथा कुछ भी न रह जायगी।

बाण अत्यन्त परिहास-प्रिय व्यक्ति थे। कादम्बरी के चंडिका-मन्दिर के बुड्ढे पुजारी के वर्णन में उनकी परिहास-प्रियता का पता चलता है। उस पुजारी के वर्णन में बाण ने खुलकर मजाक किया है। 'देवी के चरणों पर बार-बार माथा रगड़ने से उसके माथे पर

घट्टा पड़ गया था। किसी कठवैद द्वारा दिए हुए सिद्धांजन से उसकी एक आँख फूट गई थी इसलिए वह दूसरी आँख में प्रतिदिन तीन बार अंजन लगाता था जिससे लकड़ी की सलाई भी घिस कर चिकनी हो गई थी। रेशम के कोये का छल्ला पैर के अँगूठे में मढ़ लेने के कारण उसकी काट से अंगूठा घायल हो गया था। पिशाच चढ़े हुए लोगों का भूत उतारने के लिए वह मंत्र पढ़कर पीली सरसों से बार-बार उन्हें मारता तो वे भी उसकी ओर लपक कर लप्पड़ मारते जिससे उसका कान दब कर चपटा हो गया था। वह दिन भर मच्छड़ की तरह भनभनाता हुआ सिर हिला कर कुछ गुनगुनाता रहता था। वह लाचारी ब्रह्मचारी था, अतएव जब दूर जगहों से आकर ठहरी हुई बुड्ढी तापसियों को देखता तो ताव खा-खा कर स्त्रीवशीकरण चूर्ण का उन पर प्रयोग करता था। कभी आए हुए बटोहियों को वहाँ न ठहरने देने के लिए उनसे जूझ जाता और तब वे भी बिगड़ कर उसके साथ गुत्थम-गुत्था करने लगते और उसे पटक कर उसकी पीठ चटका देते। रतौंधी के कारण वह दिन में ही आ-जा लेता। उसका पेट निकला हुआ था और खाने की कोई थाह न थी। फागुन में जब लोगों को मस्ती चढ़ती तो वे मचियासहित किसी बूढ़ी दासी को उठा ले आते और उसके साथ ब्याह रचा कर उसकी ठठोली करते।' इस प्रकार बाण के इस बुड्ढे पुजारी को देख कर मन में रस भर आते हैं। हास्य, बीभत्स और भयानक का जीता-जागता चित्र बाण ने यहाँ देकर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन-किया है।

कादम्बरी का एक प्रसंग बहुत ही आश्चर्यकारी है जहाँ बाण की कथा-निर्माणक्षमता का अनुमान सहज ही होने लगता है। जब महाश्वेता के साथ चन्द्रापीड़ कादम्बरी के यहाँ भवन में जाकर ताम्बूल द्वारा उससे सम्मानित होते हैं। तत्पश्चात् उस समय कथा-क्रम शिथिल होता प्रतीत होता है। सबके सब चुपचाप यथास्थान बैठते हैं। कादम्बरी, चन्द्रापीड़, महाश्वेता एवं और सब उपस्थित सखी और परिजनों के लिए इस समय ऐसे हलके झोंके की आवश्यकता थी कि जिससे फिर वे अपनी स्वाभाविक स्थिति प्राप्त कर सकें। बाण ने वहाँ सहसा एक सारिका और परिहास नामक शुक के झगड़े का प्रसंग लाकर कथा के प्रवाह को विलक्षण युक्ति से सम्हाल लिया है। चन्द्रापीड़ ने इस प्रसंग में नर्म-भाषित करके सबको प्रभावित कर लिया। वहाँ का वातावरण उन पर हावी न हो सका। वहाँ के लोगों और चन्द्रापीड़ में अपरिचयकृत दूरी हट गई और वे उन सबके ऊपर प्रभावशाली हो गए तथा परस्पर सबके निकट आ गए। इस प्रकार बाण की लेखनी कथा के वस्तु-विन्यास-वर्णनों के संवर्धन एवं मानस भावों के अंकन में सर्वत्र जागरूक रहती है। वर्णनों की भरमार से कथा-प्रवाह के शिथिल प्रतीत होते हुए भी उनकी सरसता एवं चित्रमयता से पाठक को किसी प्रकार का उद्वेजन नहीं हो पाता। वह कथा के अग्रिम

मोड़ से परिचित होने के लिए उत्सुक होकर भी तत्काल वर्णनों के भीतर इतना डूब जाता है कि कथा की ओर से उसका ध्यान हट जाता है। इसे बाण की अपनी विशेषता समझनी चाहिए।

यह पहले कहा जा चुका है कि कादम्बरी का उत्तर भाग बाणभट्ट के सुयोग्य पुत्र की रचना है। सौभाग्य की बात है कि उत्तरभाग भी बाणरचित पूर्वभाग की तरह ही बन गया है। सम्भव था बाण कुछ और विस्तृत करके लिखते। उत्तरभाग को देख कर ऐसा लगता है कि अगर भूषणभट्ट या पुलिन्द(न्ध्र)भट्ट ने अपना नाम बिना लिखे ही कादम्बरी की पूर्ति कर दी होती तो निश्चय ही यह किसी के लिए निर्णय करना कठिन हो जाता कि पूरी रचना एक ही कवि की है या नहीं। हाँ, इतना तो लोग अवश्य कहते कि बाण अन्त में चल कर हड़बड़ा गए और कथा को शीघ्र समाप्त कर डाला। कहीं उत्तर भाग में भी पूर्व भाग के टक्कर की रचना हो गई है। फिर भी बाण-पुत्र यह कहते हुए तनिक भी रुकते नहीं कि मैंने पिता की वाणी के समुद्रगामी प्रवाह में अपनी वाणी की धारा मिला दी जिससे कथा समाप्ति को प्राप्त हो सके। उनका यह कथन सर्वथा सत्य है। बाण की धारा में मिल पाने से ही उनकी वाणी यह काम कर सकी, अन्यथा बाण-जैसे वर्णनशिल्पी के सामने किसी दूसरे का डट पाना कभी सम्भव न था। बाण-पुत्र में कुछ-कुछ कवित्व का जो गुण था वह उनके पिता के आशीर्वाद का ही फल था। उन्होंने कादम्बरी के सम्बन्ध में कहा है—

कादम्बरीरसभरेण समस्त एव मत्तो न किञ्चिदपि चेतयते जनोऽयम् ।
भीतोऽस्मि यन्न रसवर्णविवर्जितेन तच्छेषमात्मवचसाऽप्यनुसन्दधानः ॥

अर्थात् कादम्बरी (एक प्रकार की मदिरा तथा कादम्बरीकथा) के उत्तम रस को पीकर सहृदय जनों का वर्ग बिलकुल छक कर अपनी सुध-बुध खो बैठा है। ऐसी स्थिति में रस और वर्ण से विहीन अपनी वाणी द्वारा कादम्बरी की पूर्ति करते हुए मुझे कुछ भय नहीं, क्योंकि बेहोशी में किसी को पता न चलेगा।

बाण की दृष्टि में काव्य का स्वरूप

बाण की शैली जानने से पूर्व हमें बाण के विचार में काव्य के स्वरूप को जान लेना चाहिए। बाण काव्य के स्वरूप के संबन्ध में अपनी अलग दृष्टि रखते हैं, जैसा कि हर्ष-चरित के आरम्भ में उन्होंने समझाया है। बाण को उन कवियों की कविता पसंद न थी जो राग-द्वेष से भर कर मनमाने ढंग से बकवास करते हैं। बाण के अनुसार ऐसे 'वाचाल' और 'कामकारी' लोग ही कुकवि हो जाते हैं। नई वस्तु उत्पन्न करने वाला ही सच्चे अर्थ

में कवि कहलाने योग्य है और वही 'उत्पादक' है। बाण केवल स्वभावोक्ति (जाति) के पक्षपाती न थे। प्रायः उन दिनों साहित्य में कविता के नाम पर प्रचुर मात्रा में स्वभावोक्तिशैली का प्रचलन था। बाण की प्रतिक्रिया यह थी कि स्वभावोक्ति किसी प्रकार भी कविता नहीं हो सकती; क्योंकि उसमें नवीनता का सर्वथा अभाव रहता है। आगे चल कर अलंकारशास्त्र के आचार्यों ने वक्रोक्तिवाद को खड़ा करके बाण के निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण किया। स्वभावोक्ति एक अलंकारमात्र तक सीमित रह गई। वस्तु के यथार्थ रूप में कोई आकर्षण नहीं रहता, अन्यथा कविता लिखने की कोई आवश्यकता ही नहीं। कवि वस्तु के यथार्थ रूप को बदल डालता है और अपनी प्रतिभा से नई वस्तु का निर्माण करता है, यही बाण का अभिप्रेत पक्ष था। वक्रोक्ति ने श्लेषप्रधान शैली को उत्पन्न किया। श्लेषपूर्ण शैली का काव्य-निर्माण भी चल पड़ा। उसकी झलक बाण के पूर्ववर्ती सुबन्धु की प्रत्यक्षरश्लेषमय रचना वासवदत्ता में मिलती है। यह शैली बाण को भी पसंद थी। कादम्बरी में उन्होंने लगातार श्लेषों से भरी हुई (निरन्तरश्लेषघना) शैली की प्रशंसा की है। वस्तु की भावात्मक रचना में जब तक शब्दों की मरोड़ से उत्पन्न नवत्व का साक्षात्कार नहीं मिलता तब तक कवि प्रशंसा के पात्र नहीं, सम्भवतः बाण की यही दृष्टि थी। यह भी बात नहीं कि जाति या स्वभावोक्ति शैली बाण को सर्वथा अनभिमत थी, उन्होंने अग्राम्या जाति की प्रशंसा की है, अर्थात् वह स्वभावोक्ति जो केवल वस्तु के यथार्थ रूप का चित्रण न होकर सुन्दरतापूर्ण चित्रण हो, बाण को सर्वथा मान्य थी।

बाण कविता में समन्वय दृष्टि के पक्षपाती थे। वे एकांगी दृष्टि को कविता के लिए उपयुक्त नहीं मानते थे। उन दिनों प्रायः पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण के कवि लोग एकांगी दृष्टि से काव्य लिखते थे, जैसा कि बाण ने स्वयं निर्देश किया है—

श्लेषप्रायमुदीच्येषु प्रतीच्येष्वर्थमात्रकम् ।
उत्प्रेक्षा दाक्षिणात्येषु गौडेष्वक्षरडम्बरम् ॥ (हर्ष०)

अर्थात् उत्तर के लोगों में श्लेष-प्रधान शैली में रचना करने की प्रवृत्ति है, पश्चिम के लोग अर्थमात्र पर ध्यान देते हैं, भाषा कैसी भी हो अर्थ बढ़िया होना चाहिए। दाक्षिणात्य लोग उत्प्रेक्षा करने में खूब पटु हैं, उत्प्रेक्षाशैली उड़ान भरना या हद तक कल्पना करना है, गौड़ देश के निवासी कवियों में अक्षराडम्बर ही खूब चलता है। अक्षराडम्बर अर्थात् विकट शब्दों की योजना का आनुप्रासिक प्रवृत्ति से तात्पर्य है। इस प्रकार चारों ओर साहित्यिक समाज में एकांगी दृष्टि से काव्य-निर्माण की प्रवृत्ति चल पड़ी थी जो बाण को अभिप्रेत न थी। बाण कविता में सब शैलियों का समन्वय मानते थे। बाण की दृष्टि में बढ़िया काव्य वह है जिसमें पाँच बातों का मेल हो—

नवोऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषोऽक्लिष्टः स्फुटो रसः।
विकटाक्षरबन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुर्लभम् ॥ (हर्ष० श्लोक १।८)

अर्थात् विषय की नवीनता, सुन्दर लगने वाली स्वभावोक्ति, श्लेष ऐसा जो क्लिष्ट न हो, स्फुट रस, जिसके निर्णय के लिए सहृदय को विशेष माथा-पच्ची न करनी पड़े, विकट या भारी भरकम शब्दों की योजना। बाण का कहना है कि सब मिल कर ये पाँचों बातें किसी एक काव्य में दुर्लभ हैं, परन्तु सच्चे अर्थ में वही काव्य कहने योग्य है जिसमें इन सब का समन्वय हो। बाण ने अपने काव्यों में इनके समन्वय का हमेशा ध्यान रखा है। बाण की यह समन्वयप्रधान शैली किसी प्रकार के एकांगी दृष्टिकोण के अधीन नहीं रही, यही उसकी विशेषता है। सचमुच श्लाघनीय रचना समन्वयप्रधान दृष्टिकोण का कवि ही कर सकता है, बाण की सफलता का रहस्य भी यही है। बाण की रचना में विषय की सर्वाधिक नूतनता, सरल श्लेष-प्रधान शैली की अद्भुत योजना, वस्तुओं का अग्राम्य यथार्थ-वर्णन, समासबहुल पदविन्यास तथा कथावस्तु का ग्रथन, इन सब का विलक्षण सामंजस्य मिल जाता है।

कहा गया है कि बाण मनमाने ढंग की कविता करने वाले वाचाल एवं अनुत्पादक कवियों से खूब चिढ़े हुए थे। दूसरे कवि के वर्णों को बदल कर उनके स्थान में अपने शब्द रख कर काव्य निर्माण की प्रवृत्ति रखने वाले कवि बाण के शब्दों में चोर होते हैं। वे सहज ही पकड़ जाते हैं। ऐसे कवियों की रचना किसी अंश में आदर के योग्य नहीं। बाण की दृष्टि में कविता की भूमिका अपने स्वरूप में सर्वथा मौलिक और महत्त्वपूर्ण है। कविता की सिद्धि के लिए कवि को महती साधना करनी पड़ती है। साधना-विहीन कवि किसी प्रकार भी कविता की उच्च भूमिका में नहीं पहुँच सकता। बाण ने किसी विशेष कवि का नाम लेकर इस प्रकार की कुछ भी निन्दा की बात नहीं कही है। व्यक्तिगत आक्षेप बाण को अभिमत नहीं। प्रशंसा के अवसर पर वे विशेष कवियों की चर्चा हृदय खोल कर करते हैं। इसी प्रसंग में बाण ने अनेक कवियों का आदर-पूर्वक स्मरण किया है।

सर्वविद महर्षि व्यास और आख्यायिका निर्माण करने वाले कवीश्वरों की वन्दना के पश्चात् बाण अपने पूर्ववर्ती गद्यकाव्य वासवदत्ता की प्रशंसा करते हैं। वासवदत्ता सुबन्धु-कृत होनी चाहिए। किन्तु कुछ विद्वानों को कथा के रूप में सुबन्धु की उपलब्ध श्लेष-बहुल-रचना वासवदत्ता आख्यायिका के प्रसंग में कवियों के दर्प को विचलित करने वाली बाण की निर्दिष्ट (आख्यायिका) वासवदत्ता से अतिरिक्त लगती है। अस्तु, वे वासवदत्ता के गुण से प्रभावित अवश्य थे, पर अन्य कवियों की तरह विगलित-दर्प न थे, क्योंकि कादम्बरी

के आरम्भिक पद्यों में बाण ने अपनी कथा को 'निरन्तरश्लेषघना' और 'अतिद्वयी' अर्थात् वासवदत्ता और गुणाढ्यकृत बृहत्कथा का अतिक्रमण करने वाली कहा है।

फिर बाण ने भट्टार हरिचन्द्र नामक कवि के गद्यबन्ध की चर्चा की है, जिसमें पदबन्ध उज्ज्वल, मनोहर तथा अनुप्रास के रूप में क्रम से वर्णों की स्थिति है। उसकी शैली बाण के लिए आदर्श थी। भट्टार हरिचन्द्र के गद्यबन्ध के उपलब्ध न होने से यह ठीक पता नहीं चलता कि वे कौन थे। सम्भावना है कि राजशेखर ने जिन हरिचन्द्र का उल्लेख किया है वे ही बाण के भट्टार हरिचन्द्र हों। इस प्रकार बाण ने सातवाहन के सुभाषित-कोश गाथासप्तशती, प्रवरसेन की प्रसिद्ध रचना सेतुबन्ध और भास के यशस्वी नाटकों का सादर संस्मरण किया है।

महाकवि कालिदास बाणभट्ट के अत्यन्त प्रिय कवि थे। बाण ने उनकी मधुरसार्द्र सूक्तियों में खूब आनन्द लिया था। सचमुच कालिदास के बाद बाण का ही नाम लिया जा सकता है। बाण ने कालिदास को खूब समझा है और उनकी शैली को आदर्श मान कर और भी पल्लवित रूप में निर्माण करने की अद्भुत क्षमता अर्जित की है। गुणाढ्य की बृहत्कथा और आढ्यराज नामक कवि के काव्योत्साह भी बाण के लिए आश्चर्यकारी थे। आढ्यराज की प्रशंसा में बाण कहते हैं कि जिह्वा ही भीतर की ओर खिंच जाती है और कविता करने के लिए प्रवृत्त नहीं होती।

इस प्रकार बाणभट्ट जितने अंश में दोषज्ञ थे उतने ही अंश में गुणज्ञ भी। फिर भी किसी विशेष के प्रति उनकी बुरी धारणा न थी। बाण के साहित्य में ऐसे व्यक्ति का कोई भी निर्देश नहीं मिलता जिससे बाणभट्ट क्षुब्ध हों। कादम्बरी में उन्होंने थोड़े में ही अपनी काव्यनिर्माणशैली की ओर संकेत किया है। जैसा कि कहा जा चुका है श्लेष-प्रधान शब्दों की अद्भुत योजना ही बाण की शैली की विशेषता है। कादम्बरी में इस शैली की प्रांजलता का साक्षात्कार होता है। बाण के शब्दों में बाण की शैली को 'निरन्तर-श्लेषघना' कहना चाहिए।

आख्यायिका और कथा

महाकवि बाण आख्यायिका और कथा दोनों के लेखक हैं। हर्षचरित आख्यायिका है और कादम्बरी कथा। अमरकोश में 'आख्यायिकोपलब्धार्थी' कहा है, अर्थात् आख्यायिका वह कथा है जिसका सत्यार्थ ज्ञात हो। कथा का विषय कल्पित होता है। आगे चल कर आख्यायिका के इस लक्षण का विकास हुआ और भिन्न-भिन्न आचार्यों ने अपनी-अपनी परिभाषा की। हर्षचरित और कादम्बरी को देख कर आख्यायिका का विषय ऐतिहासिक

होना और कथा का कल्पनाप्रसूत होना, ऐसा ज्ञात होता है। अग्निपुराण के अनुसार आख्यायिका वह है जिसमें लेखक के वंश की प्रशंसा कुछ विस्तार से हो, कन्याहरण, संग्राम, विप्रलम्भ आदि विपत्तियों का वर्णन हो, रीति और वृत्ति अति प्रदीप्त शैली में हों, परिच्छेदों का नाम उच्छ्वास हो, चूर्णक शैली का बाहुल्य हो तथा वक्र और अपवक्र नामक श्लोक हों (अग्नि० ३३६।१३-१४)। कथा में इसके विपरीत कुछ श्लोकों में कवि-वंश का संक्षिप्त वर्णन हो, मुख्यार्थ के अवतरण के रूप में दूसरी कथा कही जाय, जिसमें परिच्छेद न हों अथवा कहीं पर लम्बक हों (अग्नि० ३३६।१५-१७)। दण्डी ने भी काव्यादर्श में दोनों के भेद बताने का प्रयत्न किया है। आख्यायिका का वक्ता स्वयं नायक होता है, कथा का नायक या अन्य कोई; किन्तु यह नियम सर्वत्र लागू नहीं। दण्डी दोनों में किसी विशेष अन्तर के पक्षपाती न थे। नाममात्र का ही भेद है यही उनका तात्पर्य था। पर बाण ने दोनों को अलग-अलग माना है। हर्षचरित में वक्रादि छन्दों का भी प्रयोग किया है और उच्छ्वास के रूप में विभाग किया है। कथा में बाण ने इससे बिलकुल भिन्न दृष्टि अपनाई है। आगे चल कर आचार्यों ने हर्षचरित और कादम्बरी को देख कर ही आख्यायिका और कथा के लक्षण बनाये हैं। दण्डी के अनुसार नाम-भेद वाला पक्ष किसी को सम्मत नहीं।

बाण ने अनेक आख्यायिकाकार कवियों की आख्यायिकाएँ देखी थीं। सम्भवतः महाभाष्य में उल्लिखित वासवदत्ता नाम की आख्यायिका से ही बाण परिचित हों। सुबन्धु की वासवदत्ता, जो कथारूप में अभी उपलब्ध है, बाण के बाद की रचना हो। पतंजलि ने वासवदत्ता के अतिरिक्त सुमनोत्तरा और भैमरथी आख्यायिकाओं का भी उल्लेख किया है। तात्पर्य यह कि बाण का हर्षचरित संस्कृत-साहित्य की पहली आख्यायिका नहीं, पर यह अवश्य है कि उपलब्ध पहली आख्यायिका यही दृष्टिपथ में आती है।

बाण की शैली

अब हमें संक्षेप में बाण की शैली के आधार पर वर्णनों का अध्ययन कर लेना चाहिए। बाण के समय से ही चार प्रकार की गद्यशैलियाँ चल पड़ी थीं, जिनमें बाण के साहित्य में तीन मिलती हैं, जैसे—एक दीर्घ समास वाली, दूसरी अल्प समास वाली और तीसरी समास-रहित। लम्बे-लम्बे समासों वाली शैली को उत्कलिका, छोटे-छोटे समासों वाली शैली को चूर्णक और समासरहित शैली को आविद्ध कहते हैं। बाण को इन तीनों शैलियों में बड़ी सफलता प्राप्त थी। उन्हें किसी विशेष शैली पर आग्रह नहीं था, फिर भी उत्कलिका अर्थात् दीर्घ समास वाली शैली बाण के चित्रात्मक प्रसंग

के अनुकूल पड़ती थी। इसलिए बाण वर्णनों में प्रायः इसका आश्रयण करते हैं। हर्षचरित के दर्धाचवर्णन, ग्रीष्मवर्णन आदि प्रसंगों में विशेष रूप से यह शैली प्रयुक्त है। वर्णनों में चलचित्र के समान शब्दों के माध्यम से छोटे-छोटे चित्र प्रस्तुत करने पड़ते हैं। संस्कृत भाषा की यह महती विशेषता है कि उन लघु चित्रों को प्रस्तुत करने में कवि कई शब्दों को गूँथकर एक लड़ी बना डालता है। बाण के जिस वर्णन को लीजिए उसमें दीर्घ समासों वाली शैली मिलेगी। वर्णन के अन्त में प्रायः बाण उत्कलिका को छोड़कर समासरहित आविद्ध शैली का आश्रयण करते हैं। आविद्ध शैली में किसी चित्र को प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। वस्तु से सम्बन्धित कुछ बातों की सामान्य चर्चा के लिए यह उपयोगी है। बाण ने अपने वर्णनों में प्रायः ऐसा ही किया है। चूर्णकशैली को जिसमें छोटे-छोटे समास होते हैं, बाण खूब लिखते हैं। इसके लिए कोई खास नियम नहीं है। वर्णन करते-करते कभी-कभी शास्त्रीय उपदेश भी करने की प्रवृत्ति बाण के साहित्य में जगह-जगह मिलती है। उसमें प्रायः अल्पसमास चूर्णकशैली बाण को पसंद है। बाण की शैली का निखरा हुआ रूप हर्षचरित के चतुर्थ उच्छ्वास में जहाँ राज्यश्री के विवाह का प्रसंग है, मिलता है। हर्षचरित की अपेक्षा कादम्बरी के वर्णन चित्रमयता और प्रांजलता तथा सरसता की दृष्टि से अपूर्व बन पड़े हैं। महाश्वेता, कादम्बरी आदि के वर्णनों में बाण की अलौकिक वर्णन-क्षमता का परिचय मिलता है।

बाण स्वयं कादम्बरी में गद्य की उत्कृष्ट शैली की ओर संकेत करते हुए लिखते हैं—'उत्कृष्टकविगद्यमिव विविधवर्णश्रेणिप्रतिपाद्यमानाभिनवार्थसञ्चयम्।' अर्थात् नाना प्रकार के वर्णों द्वारा नये अर्थ-समूह का प्रतिपादन करने वाला गद्य उत्कृष्ट होता है अथवा वह उत्कृष्ट कवि द्वारा लिखा जाता है। रीति की दृष्टि से बाण में पाञ्चाली रीति का प्राचुर्य है। स्वयं भोजराज भी इसे स्वीकार करते हैं—

> शब्दार्थयोः समो गुम्फः पाञ्चाली रीतिरिष्यते।
> शिलाभट्टारिकावाचि बाणोक्तिषु च सा यदि॥ (सरस्वतीकण्ठाभरण)

अर्थात् शब्द और अर्थ का समान रूप से गुम्फन पाञ्चाली रीति में होता है, वह शिलाभट्टारिका और बाण दोनों की उक्तियों में पाई जाती है। विषय के अनुरूप शब्दावली का प्रयोग ही पाञ्चाली रीति का तात्पर्य है। बाण इसके सिद्धहस्त कवि हैं।

इस भूमिका में बाण के जीवन और साहित्य के सम्बन्ध में कुछ उपयोगी बातों की चर्चा की गई है। आशा है बाण के विद्यार्थी इससे लाभान्वित होंगे। श्रद्धेय डा० वासुदेव शरणजी अग्रवाल ने हर्षचरित और कादम्बरी पर अलग-अलग अपना सांस्कृतिक अध्ययन

प्रस्तुत किया है। भूमिका में मैंने उनकी दृष्टि का बहुत अंश में अनुसरण करने का प्रयत्न किया है। बाण के साहित्य को जानने के लिए जो कुछ अन्य स्रोत भी मिले हैं मैंने उनका उपयोग किया है।

अनुवाद के सम्बन्ध में

हर्षचरित का अनुवाद मैंने किया यह कहने की हिम्मत मुझमें नहीं। अनुवाद आरम्भ करने के पूर्व मैंने अपने गुरुदेव डा० अग्रवाल जी से इस सम्बन्ध में पूछा था। उन्होंने सहर्ष अनुमति दी और उत्साहित किया। तत्काल स्वयं चौखम्बा विद्याभवन के अध्यक्ष महोदय से उन्होंने बातें भी कर लीं और मुझे अनुवाद तैयार करने के लिए सूचित किया। उन्होंने उत्साहित करते हुए यह कहा कि कहीं शंका हो तो पूछ लेना। मैंने अपना कार्य आरम्भ कर दिया। इसी बीच अध्यापनार्थ मुझे वैद्यनाथधाम गुरुकुल आना पड़ा। मैं ज्यों-ज्यों आगे बढ़ता गया मेरी कठिनाइयाँ भी बढ़ने लगीं। किसी किसी प्रसंग में मैंने अपने आपको सर्वथा असमर्थ पाया। अनुवाद की परिसमाप्ति की लोलुपता और गुरुदेव का असान्निध्य दोनों ने मुझे अहोरात्र उद्वेलित किया। तब मैंने ऐसे प्रसंगों में 'हर्षचरित एक सांस्कृतिक अध्ययन' की शरण ली और बड़ी सरलता से पूरे ग्रन्थ का अनुवाद तैयार कर लिया। इस अनुवाद की आधारभित्ति गुरुदेव की कृति ही है। अतः गुरुदेव के लिए मैं अपनी कृतज्ञता कैसे प्रकट करूँ? आशा है वे मेरी विवशताजन्य धृष्टता को क्षमा कर देंगे।

चौखम्बा विद्याभवन के अध्यक्ष महोदय धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने मेरे अनुवाद को अपने यहाँ से प्रकाशित किया और आगे के कार्य के लिए भी प्रेरित किया।

वैद्यनाथधाम
गुरुकुल

जगन्नाथ पाठक

विषय-सूची

प्रथम उच्छ्वास (वात्स्यायनवंशवर्णन)

द्वितीय उच्छ्वास (राजदर्शन)

तृतीय उच्छ्वास (राजवंशवर्णन)

चतुर्थ उच्छ्वास (चक्रवर्तिजन्मवर्णन)

पञ्चम उच्छ्वास (महाराज-मरण-वर्णन)

षष्ठ उच्छ्वास (राजप्रतिज्ञावर्णन)

सप्तम उच्छ्वास (छत्रलब्धि)

अष्टम उच्छ्वास (विन्ध्याद्रिनिवेशन)

॥ श्रीः ॥

हर्षचरितम्

'संकेत' संस्कृत-हिन्दीव्याख्याद्वयोपेतम्

प्रथम उच्छ्वासः

[1]नमस्तुङ्गशिरश्चुम्बिचन्द्रचामरचारवे ।
त्रैलोक्यनगरारम्भमूलस्तम्भाय शंभवे ॥ १ ॥

❀ संकेतः ❀

श्च्योतन्मदाम्बुभरनिर्भरचण्डगण्डशुण्डाग्रशौण्डपरिमण्डितभूरिभृङ्गान् ।
विघ्नानिवानवरतं चलगण्डतालैरुत्सारयञ्जयति आतृणो गणेशः ॥
शङ्करनामा कश्चिच्छ्रीमत्पुण्याकरात्मजो व्यलिखत् ।
शिष्टोपरोधवशतः सङ्केतं हर्षचरितस्य ॥

'सर्वकर्माणि कुर्वीत प्रणिपत्येष्टदेवताम्' इति शिष्टाचारमनुपालयन् 'अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः। यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते ॥' इति काव्यलक्षणामपूर्वां सृष्टिं स्थिरां प्रवर्तयन्नेष कविः शिवं बहुशक्तियुतमपि नियतशक्त्यात्मकमेव स्तौति—नमस्तुङ्गेत्यादिना। न कश्चित्प्रणतो यो मूर्धा तत्स्पर्शी चन्द्र एव सितवालतुल्यप्रभाप्रसरतया स्वेदादिविनाशाद्विशिष्टस्थानस्थितश्च चामरम्। त्रैलोक्यमेव नानाभङ्गिशोभित्वान्नगरं तदारम्भे मूलस्तम्भः। नगरारम्भे हि मूलस्तम्भो भवति। तत्र च पट्टबन्धादिवदुत्क्षेपणानन्तरमुन्नते पृष्ठदेशे चन्द्रतुल्यं श्वेतं चामरं क्रियत इति स्थितिः। केचित्पुनः—त्रैलोक्यनगरस्यारम्भे मूलं मूलकारणं परमाणवस्तेषामुपाश्रयेण मूलकारणत्वात्स्तम्भ इव। ते हि तद्वशात्कार्यमारभन्ते। तस्य

---

१. जीवानन्दपाठे प्रथमः श्लोकः—
चतुर्मुखमुखाम्भोजवनहंसवधूर्मम । मानसे रमतां नित्यं सर्वशुक्ला सरस्वती ॥

निमित्तकारणत्वादित्याहुः । 'स्वयंभूः शम्भुरादित्यः' इति नामसहस्रे दृष्टत्वाद्धरेः, 'शम्भू ब्रह्मत्रिलोचनौ' इत्यभिधानकोशदर्शनाच्च ब्रह्मणोऽपि नमस्कारोऽयमित्यन्ये वदन्ति । व्याकुर्वते च हरिपक्षे—त्रैलोक्याक्रमणकाले । यद्वा—'यस्याग्निरास्यं द्यौर्मूर्धा खं नाभिश्चरणौ मही' इत्यभिप्रायेण तुङ्गमुच्छ्रितं चुम्बनं यच्छिरस्तच्चुम्बि-चन्द्र एव चामरं तेन चारवे । ब्रह्मपक्षे—चन्द्रः स्वर्णं तन्मयं चामरमिव चामरं केशकलापः हिरण्यकेशो हि ब्रह्मा त्रैलोक्यादीनि सर्वत्र तुल्यमिति ॥ १ ॥

❀ हिन्दीव्याख्या ❀

उन भगवान् शिव को मैं प्रणाम करता हूँ जिनके कहीं भी न झुकने वाले उन्नत मस्तक पर विराजमान चन्द्ररूपी चँवर की शोभा है, जो त्रिभुवनरूपी नगर के निर्माण-आरम्भ में मूलस्तम्भ के समान हैं ॥ १ ॥

हरकण्ठग्रहानन्दमीलिताक्षीं[1] नमाम्युमाम् ।
कालकूटविषस्पर्श[2]जातमूर्च्छागमामिव ॥ २ ॥

हरेत्यादिना । प्रियं प्रति गाढस्नेहादि सौकुमार्यं चोपमयोच्यते । कालकूटविषेति प्रशंसार्थः सामान्यपदप्रयोगो मेरुमहीधरचूतवृक्षादिवत् । आगमः प्रारम्भः ॥ २ ॥

उमा को प्रणाम करता हूँ, जिनकी आँखें शिव के कण्ठालिङ्गन के आनन्द से मुँद गई हैं, मानों शिव के गले में स्थित कालकूट विष के स्पर्श हो जाने से उन्हें तत्काल मूर्च्छा आ गई हो ॥ २ ॥

नमः सर्वविदे तस्मै व्यासाय कविवेधसे ।
चक्रे पुण्यं सरस्वत्या यो वर्षमिव भारतम् ॥ ३ ॥

संप्रत्युत्कृष्टकवित्वाभिमानेन तादृशमेव कविवरं स्तौति—नमः सर्वेत्यादिना । सर्वा वेदादिका विद्या गीतादिकलाश्च वेत्ति यस्तस्मै । तदुक्तम्—'नासौ शब्दो न तद्वाच्यं न सा विद्या न सा कला । जायते यन्न काव्याङ्गमहो भारो महाकवेः ॥' इति कविरेव वेधाः । उक्तं च—'अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः' । कवीनां वेधाः । कविशब्दोऽत्रोपचारात्कविबुद्धिषु वर्तते । तेन कविबुद्धीनां श्रेष्ठ इत्यर्थः । तथा चाह मुनिः—'इतिहासोत्तमादस्माज्जायन्ते कविबुद्धयः' इति । यद्वा व्युत्पत्त्युत्पादनद्वारेण कवय एवंभूताः सन्तः क्रियन्ते । मुख्य एव कविशब्दस्यार्थः । यदुक्तम्—'इदं कविवरैः सर्वैराख्यानमुपजीव्यते' इति । पुण्यं पावनम् । यदुक्तम्—'भारताध्ययनात्पुण्यादपि पादमधीयतः । श्रद्दधानस्य पूयन्ते सर्वपापानि देहिनः ॥' इति । सरस्वती वाणी, तस्या नद्या इव पुण्यादिहेतुत्वादिदं [illegible] । वर्षं वा स्थानविशेषः । यतोऽसौ तत्रास्ते । यदुक्तम्—'यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न

१. पाठान्तरम्—हरकण्ठग्रहानन्द । २. स्पर्शाज्जात ।

तत्कचित्'। भरताननधिकृत्य कृतो ग्रन्थो भारतस्तद्वत्। यद्वा—भारतं वर्षमिव। भरतः कश्चिद्राजा तस्य निवासं भारतं वर्षं भूभागैकदेशस्तदिव। उक्तं च—'स्यात् वृष्टयां लोकधात्वंशे वत्सरे वर्षमस्त्रियाम्' इति। यद्वा—भारतवर्षान्तःस्था भावा मनुष्येषु सुलभास्तद्वन्महाभारतस्था सरस्वती। एतदपि सरस्वत्यावयवा पुण्यम्॥३॥

वेदादि समस्त विद्याओं और कलाओं को जानने वाले और कवियों के प्रजापति सर्वज्ञ महर्षि व्यास को प्रणाम है, जिन्होंने अपनी वाणी से महाभारत को उस प्रकार पवित्र किया जैसे सरस्वती नदी ने सारे भारतवर्ष को॥ ३॥

प्रायः कुकवयो लोके रागाधिष्ठितदृष्टयः।
कोकिला इव जायन्ते वाचालाः कामकारिणः॥ ४॥

एवं सर्वज्ञतागुणकथनेन कविप्रशंसां कृत्वा काव्यप्रशंसामाह—प्राय इत्यादिना। काव्यमेतं नाम स्वभावसुभगम्। येनेदृशा अपि कवयः प्रायः प्राचुर्येण कोकिला इव जायन्ते वल्गुवाचः संपद्यन्ते, किं पुनः संविशिष्टा न जायेरन्। केचित्पुनर्भूयसा कुत्सिताः कवयो जायन्त इति कुकविनिन्दैवेयमिति व्याख्यातवन्तः। रागो द्वेष-पूर्वकोऽनर्थाभिनिवेशस्तेनाधिष्ठिता दृष्टिर्बुद्धिर्येषाम्। वाचाला असबद्धप्रलापिनः। कामेन स्वेच्छया, न त्वलंकारकृद्दर्शितनीत्या, कुर्वन्ति ये ते। कोकिलपक्षे—कुकन्ति गृह्णन्ति चेतांसीति कुकाः, ते च ते वयो मयूरप्रवराः पक्षिणः; रागो लौहित्यम्। दृष्टिश्चक्षुः। वाचा भारत्या। आला आ समन्ताद्भ्रान्त्यावर्जयन्ति यतस्तादृशाः सन्तः। कामं व्यसनं कुर्वन्ति तच्छीलाः। कामोद्दीपनविभावतां यान्तीत्यर्थः। यद्वा—अवाचालाः। अकारप्रश्लेषोऽत्र॥ ४॥

लोक में प्रायः देखा जाता है कि राग-द्वेष की अकुशल भावनाओं से भरे हुए पर ऊपर से राग का प्रदर्शन करने वाले कोकिल के समान अनेक कुकवि उत्पन्न हो जाते हैं, जो मनमाना बकवास करते हैं और अपनी इच्छा के अनुसार नियमों की व्यवस्था का उल्लंघन करते हैं॥ ४॥

सन्ति श्वान इवासंख्या जातिभाजो गृहे गृहे।
उत्पादका न बहवः कवयः शरभा इव॥ ५॥

सन्तीत्यादि। असंख्या अगणनार्हाः। जातिं स्वरूपवर्णनामात्ररूपां वक्रोक्ति-शून्यां भजन्ते। 'गतोऽस्तमर्को भातीन्दुर्यान्ति वासाय पक्षिणः' इत्यादिवत्। श्वानोऽप्यसंख्याः। नास्ति संख्यं सङ्ग्रामो येषां ते। जातिशब्देनात्र श्वजातिसमवेता अमेध्यभक्षणादयो गृहीताः। यद्वा—सत्वं नाम जातिस्तत्प्रतिपादकं प्रयोजनान्तर-

१. मूर्तयः। २. कामचारिणः।

शून्यतामावेदयति। उत्पादका नवनिर्माणकारिणः, ऊर्ध्वपादाश्च। शरभा हि प्राणिभेदाः। अष्टपादा एते। श्वजातीया इति केचित् ॥ ५ ॥

कुत्तों के समान घर-घर में केवल जन्म लेने वाले कवि असंख्य हैं, जो स्वरूप मात्र का वर्णन करते हैं। शरभों के समान उत्पादक[1] अर्थात् नव-निर्माण करने वाले कवि जगत् में बहुत नहीं हैं ॥ ५ ॥

अन्यवर्णपरावृत्त्या बन्धचिह्ननिगूहनैः ।
अनाख्यातः सतां मध्ये कविश्चौरो विभाव्यते ॥ ६ ॥

अन्येति। कविश्चौरः सहृदयानां मध्येऽनाख्यातः कथितोऽपि न ज्ञायते। न आ समन्तात्ख्यातः, अपि तु किञ्चित्प्रथितो वा। अन्ये पूर्वकविनिबद्धविलक्षणा ये वर्णा अक्षराणि तेषां रचनेन बन्धचिह्नं श्रीलक्ष्मीप्रभृतिरचनालिङ्गम्। अन्ये तु भाषालंकारप्रभृतिबन्धचिह्नमाहुः। अथ च सतां साधूनां मध्ये चौरो लक्ष्यते। कीदृक्? न ना अना कापुरुषः, अख्यातोऽप्रसिद्धः। केन? अन्यः प्राक्तनच्छायाव्यतिरिक्तत्रासकृतः पाण्डिमादिर्वर्णो मुखरागविशेषस्तत्परिवर्तनेन। यद्वा—शूद्रत्वे सति द्विजादिवर्णाश्रयेण। स्वजात्युचितस्य स्वभावस्य त्यक्तुमशक्यत्वाद्भावप्रकटनमवश्यमेव भवति। यतो बन्धः शृङ्खलादिकृतो ग्रन्थिस्तच्चिह्नं त्वग्दूषणादि ॥ ६ ॥

सहृदय जनों के बीच अप्रसिद्ध कवि दूसरे कवि के वर्णों को बदल देने से एवं निर्माण के चिह्नों को छिपाने से चोर समझा जाता है, क्योंकि चोर भी लोगों के बीच मुख के अकस्मात् फीके पड़ जाने से और हाथों पर लगे हुए बेड़ी के दागों को छिपाने से पहचान लिया जाता है ॥ ६ ॥

श्लेषप्रायमुदीच्येषु प्रतीच्येष्वर्थमात्रकम् ।
उत्प्रेक्षा दाक्षिणात्येषु गौडेष्वक्षरडम्बरम् ॥ ७ ॥

श्लेषेत्यादि। मात्रकपदेन श्लेषयमकाद्यलंकारशून्यत्वं दर्शयति। अक्षरेत्यादिनार्थविशेषाभावं प्रसादादिगुणगुम्फनाभावं चाख्याति। एतदुक्तं भवति—कश्चित्कश्चिद्गुणोऽपि भवति। स च भवन्नपि न सहृदयजनावर्जक इति। अमुनैवाभिप्रायेण नव इत्यादीनि प्रत्येकं विशेषणपदानि वक्ष्यति ॥ ७ ॥

उत्तरी क्षेत्र के कवियों की रचना श्लेष-प्रधान होती है। पश्चिमी क्षेत्र के कवि प्रधान रूप से अर्थाडम्बर में लगे रहते हैं। दाक्षिणात्य कवि उत्प्रेक्षा करने में निपुण होते हैं और गौड़देशीय (प्राच्य) कवियों की रचना में अक्षरमात्र का प्राचुर्य रहता है ॥ ७ ॥

---

१. उठे पैरों वाले। शरभ एक प्राणी है जिसके आठ पैर होते हैं और सब ऊपर की ओर उठे रहते हैं।

---

१. डम्बरः।

नवोऽर्थो जातिरग्राम्या[1] श्लेषोऽक्लिष्टः स्फुटो रसः ।
विकटाक्षरबन्धश्च[2] कृत्स्नमेकत्र दुष्करम् ॥ ८ ॥

नव इत्यादि । **नव आद्यैः कविभिरनिबद्धः, चमत्कारी च । जातिः स्वभावोक्तिः ।** अग्राम्येति । **न तु 'गतोऽस्तमर्कः' इत्यादिरूपा । सधर्मेषु तन्त्रप्रयोगः श्लेषः । अक्लिष्टः सम्यगनेकार्थप्रतिपादनक्षमः । स्फुटो दुर्बोधभङ्ग्यादिभिरदूषितः । रसः शृङ्गारादिः । विकट उदारतालक्षणबन्धगुणयुक्तः । यत्र सति नृत्यन्तीव पदानि प्रतिभासन्ते ॥ ८ ॥**

नवीन अर्थ जिसे अबतक किसी कवि ने नहीं लिखा हो, अर्थात् चमत्कारी, अग्राम्य जाति अर्थात् स्वभावोक्ति, बिना माथापच्ची के ही समझ में आ जाने वाला श्लेष, सुबोध रस एवं आकर्षक शब्दों का संचयन—इन सब गुणों का एकत्र किसी काव्य में होना कठिन है ॥ ८ ॥

किं कवेस्तस्य काव्येन सर्ववृत्तान्तगामिनी ।
कथेव भारती यस्य न व्याप्नोति[3] जगत्त्रयम् ॥ ९ ॥

किमित्यादि । **वृत्तानि वर्णमात्रागणसमार्धसमविषमरूपाणि तदन्तगमनं तद्विरचनक्षमत्वम् । भारती वाणी । व्याप्नोति । अदृष्टमपि दृष्टमिव जगत्त्रयं प्रतिभानवशाद्युत्पत्तेश्च तथात्वेन प्रकाशयति । यद्वा—जगत्त्रयप्रथिता भवतीति स्फुट एवार्थः । भरतानधिकृत्य प्रथिता भारती कथेव । सापि सर्वे ये वृत्तान्ताः सत्पुरुषचरितान्युपाख्यानानि च तान्गमयति बोधयति । तथा सर्वत्र ज्ञेया भवति । तथा च— 'नारदोऽश्रावयद्देवानसितो देवलः पितॄन् । गन्धर्वयक्षरक्षांसि श्रावयामास वै शुकः ॥' इत्युक्तम् ॥ ९ ॥**

उस कवि के काव्य से क्या, जिसकी वाणी सब प्रकार के वृत्तान्तों वाली महाभारत की कथा के समान तीनों जगत् में व्याप्त नहीं होती ॥ ९ ॥

उच्छ्वासान्तेऽप्यखिन्नास्ते येषां वक्त्रे सरस्वती ।
कथमाख्यायिकाकारा न ते वन्द्याः कवीश्वराः ॥ १० ॥

अधुना स्वगुरुतः स्वप्रभृतिभिः **कृतानाख्यायिकादीन्काव्यभेदान्स्तुवन्नौद्धत्यार्थं सर्वत्र नमस्कारमाह**—उच्छ्वासान्त इति । **उच्छ्वास इवोच्छ्वासो विश्रान्तिस्थानं सर्गादिवत्कथासन्धिस्तस्यान्तेऽप्यखिन्ना उच्छ्वासान्तरकरणक्षमाः । अविच्छिन्नप्रतिभाना इति यावत् । गुरुत्वाद्बहुवचनम् । 'नान्ध्यन्ते ह्यम्बुधेर्वक्त्रम्' इति वक्त्रलक्षणम् । वक्त्रे सरस्वती । वृत्तविशेषयोगिनीत्यर्थः । एतस्मिन्नाख्यायिकाकृद्भिर्भाविवस्तुसंसूचनाय वाग्विरच्यते । तथा चाह भामहः—'वक्त्रं चापरवक्त्रं च काव्ये काव्यार्थशंसिनि'**

---

१. अग्राम्याः । २. विकटो । ३. प्राप्नोति दिगन्तरम् ।

इति। आख्यायिकाः कुर्वन्तीत्याख्यायिकाकाराः। यद्वा—आख्यायिकेवाकारो येषाम्। अथ 'कविं पुराणम्' इति न्यायेन कवयश्च त ईश्वरा हरिहरब्रह्माणः। उच्छ्वसन्ति भूतान्यस्मिन्नित्युच्छ्वासः कल्पस्तदन्ते संहारेऽपि तेऽखिन्नाः कल्पान्तरजननोद्योगिनस्तेषां मुखे वागीशी। उक्तं च—'सरस्वतीवाग्बलमुत्तमोऽनिलः' इत्यादि। आख्यायिकाभिराख्यानैराकारो येषाम्। सर्वस्य हि शास्त्रागमसमधिगम्याः, न पुनः प्रत्यक्षलक्ष्याः। ते च वन्द्याः सर्वस्य ॥ १० ॥

जो उच्छ्वास के बाद भी नहीं थकते और जिनके मुख में सरस्वती विराजमान हैं ऐसे आख्यायिकाओं के निर्माण करने वाले कवि क्यों नहीं वन्दनीय हैं ? ॥ १० ॥

कवीनामगलद्दर्पो नूनं वासवदत्तया।
शक्त्येव पाण्डुपुत्राणां[1] गतया कर्णगोचरम् ॥ ११ ॥

कवीनामिति। वासवदत्ता कथा, वासवेन शक्रेण दत्ता च। कर्णः श्रवणं, राधेयश्च। कवीनां काव्यकर्तॄणां, द्रोणादीनां च ॥ ११ ॥

निश्चय ही कवियों का अभिमान सुबन्धु की रचना 'वासवदत्ता' के कानों तक पहुँचते ही उस प्रकार चूर्ण हो गया जिस प्रकार इन्द्रद्वारा प्राप्त शक्ति नामक अस्त्र विशेष को कर्ण के पास देखते ही द्रोण आदि का गर्व बिलकुल नहीं रहा ॥ ११ ॥

पदबन्धोज्ज्वलो[2] हारी कृतवर्णक्रमस्थितिः।
भट्टारहरिचन्द्रस्य गद्यबन्धो[3] नृपायते ॥ १२ ॥

पदेत्यादि। पदानां सुप्तिङन्तानां बन्धः प्रकृष्टा रचना। रीतिरित्यर्थः। स्वमण्डलावष्टम्भश्च। हारी हृद्यः, हारयुक्तश्च। अहारीति वा। न कस्यचिदपि यो हरति। कृता वर्णानामक्षराणां क्रमेण भामहादिप्रदर्शितनीत्या स्थितिरवस्थानं यत्र; कृतयुगवद्वर्णानां द्विजादीनां क्रमेण मन्वादिस्मृतिकारप्रकाशितमार्गेण स्थितिः पालनं यस्मिन्सतीति च। भट्टारेति पूजावचनम् ॥ १२ ॥

आर्य हरिचन्द्र द्वारा निर्मित गद्यकाव्य राजा के समान है, उसमें शब्दों की रचना निर्मल है, वह मनोहर है एवं उसमें आलङ्कारिकों के मतानुसार अक्षरों की एक क्रम से संघटना है ॥ १२ ॥

अविनाशिनमग्राम्यमकरोत्सातवाहनः[4]।
विशुद्धजातिभिः कोशं रत्नैरिव सुभाषितैः ॥ १३ ॥

अविनाशिनमित्यादि। अविनाशिनं प्रसिद्धम्, अनश्वरं च। अग्राम्यं वैदग्ध्ययुक्तम्,

---

१. पुत्रस्य। २. पदबद्धोज्ज्वलो हारिकृतकण्ठकमस्थितिः। ३. पद्य। ४. कुविनाशिनम्।

अग्राम्यभवं च। जातिः स्वभावोक्तिरूपोऽलङ्कारः। कोशः समुच्चयः, गञ्जश्च। सुभाषितैः सूक्तिभिः, शोभनं च भाषितं प्रभाववर्णनं येषां तैः ॥ १३ ॥

सातवाहन ने निर्दोष गुणालङ्कारयुक्त सुभाषितों का एक संग्रह तैयार किया जो विशुद्ध जाति के रत्नों के कोष के समान कभी विनष्ट नहीं होने वाला, वैदग्ध्यपूर्ण हुआ ॥ १३ ॥

कीर्तिः प्रवरसेनस्य प्रयाता कुमुदोज्ज्वला।
सागरस्य परं पारं कपिसेनेव सेतुना ॥ १४ ॥

कीर्तिरित्यादि। प्रवरसेनः कश्चित्कविः प्रवे प्लुते रसो येषां ते प्रवरसा वानरास्तेषामिनः स्वामी, प्रवरा च सेना यस्य स सुग्रीवश्च। कुमुदवत्कैरववत्। यद्वा—कुर्भूमिस्तस्या मुत् प्रहर्षस्तयेति, कुमुदेन वानरसेनापतिना च। सेतुः प्राकृतकाव्यग्रन्थः, सेतुश्च ॥ १४ ॥

प्रवरसेन नामक कवि की कुमुद के समान उज्ज्वलकीर्ति सेतु (बन्ध) नामक प्राकृतकाव्य के द्वारा समुद्र को पार कर गई, जैसे वानरों की सेना सेतु के द्वारा समुद्र पार पहुँच गई थी ॥ १४ ॥

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥ १५ ॥

सूत्रेत्यादि। सूत्रधारः पूर्वरङ्गस्य प्रवक्ता चार्चिक्यः, स्थपतिश्च। भूमिकाः पात्राणि रामाद्यनुकार्यावस्थाभूमयः, उपभोगनिमित्तान्युत्पत्तिस्थानानि। पताका अर्थप्रकृतिः। उक्तं च—'बीजं बिन्दुः पताका च प्रकरी कार्यमेव च। अर्थप्रकृतयो ह्येताः पञ्च सर्वप्रयोगगाः॥' इति। 'यद्वृत्तं तु परार्थं स्यात्प्रधानस्योपकारकम्। प्रधानवच्च कल्पेत सा पताकेति कीर्त्यते॥' इति वैजयन्ती च पताका ॥ १५ ॥

भास ने देवमन्दिरों के समान अपने नाटकों से लोक में ख्याति प्राप्त की जिनका आरंभ सूत्रधार करता, जिनमें पात्रों की भूमिकायें (अवस्था) और सहायक कथायें (पताका) रहतीं ॥ १५ ॥

निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु।
प्रीतिर्मधुरसान्द्रासु मञ्जरीष्विव जायते ॥ १६ ॥

निर्गतास्विति। निर्गता उच्चारितमात्राः। आस्तां तावदर्थावगतिः, आपात एव गीतध्वनिवत्किमपि श्रोत्रहारिण्यः। यदुक्तम्—'अपर्यालोचितेऽप्यर्थे बन्धसौन्दर्यसंपदा। गीतवद्धृदयाह्लादं तद्विदां विदधाति यत्॥ तत्काव्यम्' इत्यादि। तथा निर्गताः सर्वदेशप्रतीताः, अन्यत्र—निर्गता अभिनवोद्भिन्नाः न वा कस्येत्यनेनैत-

१. भूमिकैः। २. भासा। ३. निसर्गसूरवंशस्य।

कुरुम् । आस्तां तावत्काव्यतत्त्वविदः सहृदया विवेक्तारः, येऽपि शास्त्रप्रहितबुद्धयो दुरूढमत्सरप्रायास्तेषामपि या हृदयमाह्लादयन्ति । तथा चोक्तम्—'अमुणिअ परमत्थाण वि हरेइ वाआमआणं कइस्माण । आणाणजकुवलअवणमलद्धगंधाण वि सुहाइ ॥' इति । मधुराश्च ताः सान्द्राः सरसाः । अन्यत्र—मधुना मकरन्देन किंजल्केन रसेन सान्द्राः सुगन्धयः ॥ १६ ॥

नई उकसी हुई मंजरियों के समान मधुर एवं सरस कालिदास की सूक्तियों में उच्चारणमात्र से ही किसे नहीं आनन्द आता ? ॥ १६ ॥

समुद्दीपितकंदर्पा कृतगौरीप्रसाधना ।
हरलीलेव नो कस्य विस्मयाय बृहत्कथा ॥ १७ ॥

समुदित्यादि । बृहत्कथा कस्य न विस्मयाय । अपि तु सर्वस्यैव गर्वविनाशाय भवतीत्यर्थः । अद्भुतकथावर्णनाद्वाश्चर्याय । समुद्दीपितो वृद्धिं नीतः कंदर्पो यस्याम् । कामजननानां बहूनां वृत्तान्तानां वर्णनादुद्बोधितः स्मरो ययेति वा । काव्यसेवया हि शृङ्गाररसः समुद्भवति । तथा चोक्तम्—'ऋतुमाल्यालंकारप्रियजनगान्धर्वकाव्यसेवाभिः । उपवनगमनविहारैः शृङ्गाररसः समुद्भवति ॥' यद्वा—समुद्दीपितः प्रकाशितः ख्यातिं नीतः कन्दर्पो नरवाहनदत्तो यस्यामिति । स हि कामांश इत्यागमः । कृतं गौर्या विद्याभेदस्याराधनं यस्याम् । सा हि नरवाहनदत्तेनेशारूपाराधितेति तत्रोक्तम् । यद्वा—गौरीं प्राति पूरयति गौरीप्रः । साधनं परिकरबन्धो यथाप्रस्तावो यस्याम् । गौरीप्रेरितेन हि हरेण तथा तस्यां परिकरबन्धः कृतो यथा सातीव पिप्रिये । हरलीलापि समुत् सहर्षा, दग्धकामा च । कृतं गौर्याः प्रसाधनं मण्डनं यस्याम् । क्व कामं प्रति तादृग्द्वेषः, क्व च कान्तां प्रति प्रसाधनमिति कृत्वा विस्मयमाश्चर्यम् ॥ १७ ॥

जैसे कामदेव को जलाकर भस्म करना और पार्वती का शृङ्गार करना आदि परस्पर विरुद्ध बातों से शिव की लीला किसे नहीं विस्मित करती, उसी प्रकार वर्णनों द्वारा कन्दर्प (कामदेव या नरवाहनदत्त) को प्रकाशित करने वाली एवं पार्वती के प्रति आराधना से युक्त (गुणाढ्य की) बृहत्कथा किसे नहीं विस्मय-विमुग्ध करती ? ॥ १७ ॥

आढ्यराजकृतोत्साहैर्हृदयस्थैः स्मृतैरपि ।
जिह्वान्तःकृष्यमाणेव न कवित्वे प्रवर्तते ॥ १८ ॥

आढ्येति । आढ्यराजः कश्चित्कविः । उत्साहो नृत्ते तालविशेषः । उदीर्यमाणगीत्याधारभूतपद्योपचारात्काव्यमप्युत्साह इति केचित् । यत्र पूर्वं श्लोकेनार्थं उपक्षिप्यते, पश्चात्स एव गद्येन वितन्यते, मध्ये वृत्तनिबन्धश्च भवति, स परिसमाप्तार्थं

१. आद्य :

उत्साह उद्यत इत्यन्ये। अपिः समुच्चये। यद्वा–आढ्यराजहृदयस्था अप्यन्तर्जिह्वां नाकर्षयन्ति, तत्कथं त एव स्मृता इत्यपिशब्दार्थः॥ १८॥

आढ्यराज के उत्साह या महान् कार्य को हृदयस्थ करके स्मरण करने पर मानों मेरी जीभ मुँह के भीतर की ओर ही खिंची जा रही है और कविता करने में प्रवृत्त नहीं हो रही है। निष्कर्ष यह कि आढ्यराज के सामने मैं कवि बनने का साहस नहीं कर पा रहा हूँ॥ १८॥

तथापि नृपतेर्भक्त्या भीतो निर्वहणाकुलः।
करोम्याख्यायिकाम्भोधौ जिह्वाप्लवनचापलम्॥ १९॥

एवमनौद्धत्यमुक्त्वाह—तथेत्यादि। तथापीत्थं जानन्नपि जिह्वाप्लवनलक्षणं चापलं करोमि। यतो नृपतेर्भक्त्याहमभि इतः समन्ताद्युक्तः। निर्वहणे समाप्तावाकुलः। जिह्वा चाब्धावकालवातस्तत्र वहन्त्यां कश्चिद्यथा प्लवनरूपं चापलं करोति। अत्र पक्षे—अभीतोऽत्रस्तः। निर्वहणं पारप्राप्तिः। 'कृत्ये च' इति णत्वम्॥ १९॥

ऐसा जानता हुआ भी मैं सम्राट् के प्रति अपने असाधारण अनुराग से प्रेरित होकर आख्यायिका रूपी समुद्र को पार करने में आकुलता और भय का अनुभव करते हुए भी अपनी जीभ (अर्थात् वाणी द्वारा) के चप्पू द्वारा तैरने की चपलता कर रहा हूँ॥१९॥

सुखप्रबोधललिता सुवर्णघटनोज्ज्वलैः[1]।
शब्दैराख्यायिका भाति शय्येव प्रतिपादकैः॥ २०॥

सुखेत्यादि। सुखेन जायासंमितत्वेन हृदयाह्लादनपूर्वम्, न तु वेदेतिहासादिवत्, यः प्रबोधः प्रकृष्टं बोधनं धर्मादिसाधनव्युत्पत्तिः। उक्तं च—'कटुकौषधिवत्काव्यमविद्याव्याधिभेषजम्। आह्लाद्यमृतवत्काव्यमविवेकगदापहम्॥' इति। सुवर्णघटना शोभनाक्षररचना। प्रतिपादकैर्विवक्षिताभिधायकैः। शय्यापक्षे—सुखं यः प्रबोधः स्वापादुत्थानम्। सुवर्णघटना हेमयोजना। प्रतिपादकैः खट्वाया उत्तामकैः। तदा पादानां प्रतिच्छन्दाः प्रतिपादकाः पुरुषयत्नोत्थापिताः पादमुद्रास्तैः। अत्र च शोभनो वर्णोऽलक्तादिकृतः॥ २०॥

बिना किसी आयास के सुखपूर्वक समझ में आ जाने से सुन्दर लगने वाली और आकर्षक रचना वाले एवं विवक्षित अर्थ को व्यक्त करने वाले शब्दों से आख्यायिका उस शय्या के समान शोभित है जिसपर सुखपूर्वक नींद तोड़ी जाती है और जो सोने से मढ़े पायों से चमकती है॥ २०॥

जयति[2] ज्वलत्प्रतापज्वलनप्राकार[3]कृतजगद्रक्षः।
सकलप्रणयिमनोरथसिद्धिश्रीपर्वतो हर्षः॥ २१॥

---

१. घटनोज्ज्वला; घटिनोज्ज्वला। २. जयत्युज्ज्वलत्प्र; जयज्ज्वलत्प्र। ३. प्रकार।

इदानीं यमुद्दिश्येयमाख्यायिका क्रियते तस्य 'तथापि नृपतेर्भक्त्या' इत्यनेन नृपतिशब्देन सामान्येन निर्देशं कृत्वा विशेषेणाह—जयतीत्यादि। ज्वलन्दीप्ततया प्रसरन्, प्रताप एव ज्वलनस्तं प्राति पूरयति य आकारस्तेन कृता जगति रक्षा येन सः। सकलानां प्रणयिनां ये मनोरथास्तत्सिद्धौ श्रियां पर्वतो गिरिः। श्रियस्तत्र कूटीभूता इव स्थिता इति यावत्। यद्वा—यथा पर्वतस्थः कश्चिद्दुरभिभवः, तद्वद्वस्था श्रीरिति। अथ च श्रीपर्वताख्यो गिरिरीदृगेव। तथा च ज्वलत्प्रकृष्टतापो यो ज्वलनो जठराग्निः स एव निषेधकत्वात्प्राकारः सालस्तेन कृता मुक्तेर्विघ्नहेतुतया जगतो भूलोकस्य रक्षा येन सः। अन्यत्रोत्सादनं तद्यावत्। अन्ये तु—त्रिपुरदाहे यो विघ्नमकरोद्गणेशस्तदा हरेण ज्वलत्प्रकृष्टतापो ज्वलनप्राकारो निर्मितः। तेन च तत्र रक्षा विधीयत इत्याहुः। ज्वलत्प्रतापो ज्वलनप्राकारश्च द्वौ मुद्रारूपौ मन्त्रविशेषौ स्तः, ताभ्यां कृतजगद्रक्ष इति केचित्। प्रणयिनः सिद्धिकामाः। हर्षः कथानायकः। इतरत्र—हर्षकारितया हर्षः। सर्वत्र च परमार्थतो हर्ष एव जयति। तस्यैवाभिलषणीयत्वात्स एव काव्येन क्रियत इति ध्वनयति ॥ २१ ॥

सम्राट् हर्ष की विजय हो, जो सारे जगत् की रक्षा चारों ओर प्रज्वलित प्रतापाग्नि की दीवार बनाकर करते हैं और जो समस्त प्रियजनों के मनोरथ सिद्ध करने में श्रीपर्वत के सदृश हैं ॥ २१ ॥

एवमनुश्रूयते—पुरा किल भगवान्स्वलोकमधितिष्ठन्परमेष्ठी विकासिनि पद्मविष्टरे समुपविष्टः सुनासीरप्रमुखैर्गीर्वाणैः[1][2] परिवृतो ब्रह्मोद्याः[3] कथाः कुर्वन्नन्याश्च निरवद्या विद्यागोष्ठीर्भावयन्कदाचिदासांचक्रे। तथासीनं च तं त्रिभुवनप्रतीक्ष्यं मनुदक्षचाक्षुषप्रभृतयः प्रजापतयः सर्वे च सप्तर्षिपुरःसरा महर्षयः[4] सिषेविरे। केचिदृचः स्तुतिचतुराः समुदचारयन्[5]। केचिदपचितिभाञ्जि यजूंष्यपठन्। केचित्प्रशंसासामानि[6] सामानि जगुः। अपरे विवृतक्रतुक्रियातन्त्रान्मन्त्रान्व्याचचक्षिरे[7]। विद्याविसंवादकृताश्च तत्र तेषामन्योन्यस्य विवादाः[8] प्रादुरभवन्।

एवमिति। अनुश्रूयते पारम्पर्येणाकर्ण्यते। किलेत्यत एवागमसूचनाय। भगवानिति केवलनिर्देश उल्लुण्ठनपरिहारार्थम्। ब्रह्मलोकमित्युक्ते सत्युत्कर्षदायिन्यात्मीयताप्रतिपत्तिर्न स्यादिति स्वग्रहणं साभिप्रायम्। अधितिष्ठन्बहुमानेन तद्योगक्षेमादिकमुद्वहन्। परमे पदे तिष्ठतीति परमेष्ठी। विकासिनीति नित्ययोग इनिः।

१. शुनासीर। २. गीर्वाणगणैः। ३. ब्रह्मोदिताः। ४. महामुनयः। ५. अपि विभाञ्जि। ६. सामानि। ७. विततक्रतु०। ८. विद्याविवादाः।

विष्टरमासनम्। सुनासीर इन्द्रः। गिरः स्तुतिरूपा वणन्ति भजन्तीति गीर्वाणा देवाः। गीरेव वाणः शरो येषामिति वा, परिवृतश्चतुर्दिक्षु वृतः परिवलितः। तस्य चतुर्मुखत्वात्। ब्रह्म वदन्तीति ब्रह्मोद्याः। 'वदः स्वपि क्यप्च'। ब्रह्मणा वेदेन, ब्रह्मणि परमात्मनि वा वेदितव्या ब्रह्मोद्याः। उक्तं च—'ब्रह्मोद्या सा कथा यस्यामुच्यते ब्रह्म शाश्वतम्' इति। सामान्यविशेषभावेन 'उद्घासिकामासते' इतिवत्। ब्रह्मवदनरूपा वा कथास्तासां वक्ष्यमाणगोष्ठ्यभिप्रायेण प्राधान्यात्स्वयं करणम्। निरवद्या दोषरहिताः। तथा च वात्स्यायनः—'या गोष्ठी लोकविद्विष्टा या च स्वैरविसर्पिणी। परहिंसात्मिका या च न तामवतरेद्बुधः॥ लोकचित्तानुवर्तिन्या क्रीडामात्रैककार्यया। गोष्ठ्या सह चरन्विद्वाँल्लोकसिद्धिं नियच्छति॥' समानविद्यावित्तशीलबुद्धिवयसामनुरूपैरालापैरेकत्रासनबन्धो गोष्ठी। प्रतीच्यः पूज्यः सम्यगुदात्तादित्रैस्वर्यादिप्राधान्यादुदचारयन्नगुः। अपचितिः पूजा। सामानि जगुरिति साम्नां गानमेवोचितम्। विद्याविसंवादकृता इति, न तु मात्सर्यादिना। प्रादुरभवन्नित्यनौचित्यशङ्कया तत्कर्तृत्वपरिहारः।

ऐसा सुना जाता है—बहुत पहले की बात है, भगवान् ब्रह्मा अपने ब्रह्मलोक में शासन कर रहे थे। किसी समय विकसित कमल के आसन पर विराजमान हो इन्द्रप्रमुख देवताओं के बीच घिरे हुए शाश्वत ब्रह्म के विषय में चर्चा कर रहे थे और अन्य दोष-रहित विद्यागोष्ठियों में भाग ले रहे थे। उस प्रकार अपने आसन पर बैठे हुए तीनों लोकों के पूजनीय भगवान् ब्रह्मा की सेवा में मनु, दक्ष, चाक्षुष आदि प्रजापति और सप्तर्षि आदि महर्षि संलग्न थे। उनमें कुछ ने बड़ी स्पष्टता के साथ स्तुतिप्रधान ऋचाओं का पाठ किया। कुछ ने पूजन के यजुर्वेदीय मंत्र पढे। कुछ ने प्रशंसामूलक सामों का गान किया। अन्य लोगों ने यज्ञक्रियाओं के उपयोग में आने वाले मंत्रों की व्याख्या की। वहां उन लोगों के बीच मत-मतान्तर को लेकर परस्पर विद्याविषयक विवाद उठ खड़े हुए।

अथातिरोषणः प्रकृत्या महातपा मुनिरत्रेस्तनयस्तारापतेर्भ्राता नाम्ना दुर्वासा द्वितीयेनोपमन्युनाम्ना मुनिना सह कलहायमानः साम गायन्क्रोधान्धो विस्वरमकरोत्। सर्वेषु च तेषु शापभयप्रतिपन्नमौनेषु मुनिष्वन्यालापलीलया चावधीरयति कमलसंभवे भगवती कुमारी किंचिदुन्मुक्तबालभावे भूषितनवयौवने वयसि वर्तमाना, गृहीतचामरप्रचलद्भुजलता पितामहमुपवीजयन्ती, निर्भर्त्सनताडनजातरागाभ्यामिव स्वभावारुणा-

१. मन्द। २. सामगायः। ३. शापभयात्प्र। ४. अवधीरयति।
५. नवे वयसि। ६. स्वभावारुणपाद।

भ्यां पादपल्लवाभ्यां समुद्भासमाना, शिष्यद्वयेनेव पदक्रममुखरेण नूपुर-युगलेन वाचालितचरणयुगला, धर्मनगरतोरणस्तम्भविभ्रमं बिभ्राणा जङ्घाद्वितयम्[1], सलीलमुत्क[2]कलहंसकुलकोलालापप्रलापिनि मेखलादाम्नि[3] विन्यस्तवामहस्तकिसलया, विद्वन्मानसनिवासलग्नेन गुणकलापेनेवां[4]-सावलम्बिना ब्रह्म[5]सूत्रेण पवित्रीकृतकाया, भास्वन्मध्यनायकमनेकमु-क्तानुयातमपवर्गमार्गमिव हा[6]रमुद्वहन्ती, वदनप्रविष्टसर्वविद्यालक्तकरसेनेव पाटलेन[7] स्फुरता दशनच्छदेन विराजमाना, संक्रान्तकमलासनकृष्णाजि-नप्रतिमां म[8]धुरगीताकर्णनावतीर्णशशिहरिणामिव कपोलस्थलीं दधाना, तिर्यक्सावं[9]शमुन्नमितैकभ्रूलता, श्रोत्रमेकं विस्वरश्रवणकलुषितं प्रक्षाल-यन्तीबाष्पा[10]ङ्गनिर्गतेन लोचनाश्रुजलप्रवाहेणेतरश्रवणेन च विकसितसि-तसि[11]न्धुवारमञ्जरीजुषा हसतेव प्रकटितविद्यामदा, श्रुतिप्रणयिभिः प्रण-यैरिव कर्णावतंसकु[12]सुममधुकरकुलैरुपास्यमाना, सूक्ष्मविमलेन प्रज्ञाप्रता-नेनेवांशुकेनाच्छादितशरीरा[13], वाङ्मयमिव निर्मलं दिक्षु दशनज्योत्स्ना-लोकं विकिरन्ती[14] देवी सरस्वती श्रुत्वा जहास।

प्रकृत्येति। अन्यथा ब्रह्मसन्निधानेन कथमीदृगाक्षेपः। कथमीदृशोऽवकाश इत्याह—महातपा इति। मुनिरित्यनेनास्य ज्ञानप्राधान्यात्तद्व्यतोऽन्द्वासनमतीवो-पकारः। अत्रेस्तनय इति न केवलं महातपस्त्वेन यावदत्रितनयत्वेन ब्रह्मलोकप्राप्ति-रस्य। ततस्तारापतेरित्यादिना तथाभूतपरमप्रजापतिसम्बन्धयोग्यत्वमस्याख्यायते। द्वितीयेनेति तत्समत्वमुच्यते। कथं सामगानेऽप्यनवहित इत्याह—क्रोधान्ध इति। सर्वेष्वित्यादौ देवी सरस्वती श्रुत्वा जहासेति क्रियाप्रतिपत्तिरस्य मा भूदित्यु-त्तमप्रकृतित्वादन्यैस्त्याद्युक्तम्। अन्येन सहालापलीलाकथाक्रीडया। कुमारीति। कुमारीत्वेनास्या हास्यादिकं नानुचितमिति दर्शयति। भूषितेत्यनेन दर्शनीयत्व-माह-पितामहमिति। सर्वप्राधान्यमनेनोक्तम्। निर्भर्त्सनं ताडनं तेन तदर्थं वा यत्ता-डनं रोषाद्भूमिहननं तद्वशाद्य जातरागाभ्यामिव पादपल्लवाभ्यामित्यनेनारुणत्वं सौकु-मार्यं चाह। अत एव गाढताडनेन रक्तत्वमुत्प्रेक्षितम्। ताडितो वा यं ताडितस्तत्तुल्यो

१. द्वितीयम्। २. कुलकल; कुलाकलालापप्र। ३. धाम्नि। ४. नेवांशाव। ५. सहजब्रह्म। ६. हारमुरसासमु। ७. पाटलेनेव च। ८. साममधुर; समम; प्रतिबिम्बां मधुर। ९. सावर्णमु। १०. तीवाङ्गविनि। ११. सिन्दु। १२. संसक्तमधु; वतंसमधु। १३. तनुलता। १४. किरन्ती।

रागो जातो ययोरिति व्याख्येयम् । पदक्रमं पादन्यासपरिपाटी। अन्यत्र च-पदानि च क्रमश्च तत्पदक्रमम् , चरणौ पादौ चरणाश्च विशिष्टशाखापाठकता वाचालिताः शोभिता ययेति । उत्का उत्सुकाः। मेखलादाम्नि रशनागुणे । मानसं चित्तं, सरोविशेषश्च । गुणा अपि भास्वान्दीप्तो मध्यनायकः पदकं यत्र तत्। अथ च भास्वतो मध्यं तेन नयति सः । यदुक्तम्-'परिव्राड्योगयुक्तश्च शूरश्चाभिमुखे हतः । द्वाविमौ पुरुषौ लोके सूर्यमण्डलभेदिनौ ॥' इति । मुक्ता मौक्तिकानि, मोक्षगामिनश्च । हारं मुक्ताकलापं च, अपवर्गमपि ।' हारं हरसम्बन्धिनं तत्प्रसादप्राप्यत्वात् । 'अलक्तकरसेनेव पाटलेन' इति वा पाठः । स्फुरतेति रोषात् । भगवतीकपोले शशिहरिणस्यैवावतारः सम्भाव्यत इति शशिपदम् । अत्र हि कपोले ब्रह्मकृष्णाजिनसंक्रान्तिः, तत्र कामसम्भावना सामान्यहरिणस्यावतरणे । कलुषितं प्रक्षालयन्तीवेति । सलिलस्य क्षालनमेव युक्तमिति समुचितेयमुक्तिः । श्रुतिप्रणयिभिरिति । श्रूयते इति श्रुतिर्ध्वनिस्तया प्रणयः प्रशंसातिशयो येषां तैः । यद्वा-श्रुती श्रोत्रे तत्कर्तृकः प्रणयः प्रार्थना मधुरध्वनित्वाद्येषां तैः । कर्णसम्बन्धैरिति व्याख्याने तु कर्णावतंसेत्यादिना पौनरुक्त्यमपरिहार्यम् । श्रुतिर्वेदोऽपि । सूक्ष्मार्थदर्शित्वात्सूक्ष्मस्तीक्ष्णः विमलस्तत्त्वग्राही । अन्यत्र-सूक्ष्मं तनु, विमलं शुक्लम् । प्रतानः प्रसारः ।

इसी बीच स्वभाव से अत्यन्त क्रोधी, महातपस्वी, अत्रि का पुत्र, तारापति का भ्राता दुर्वासा नाम का मुनि उपमन्यु नाम के दूसरे मुनि के साथ झगड़ा कर बैठा और सामगान करते हुए क्रोध से अन्धे होकर उसने स्वर-भंग कर दिया । शाप न दे दे इस डर से सबके सब चुप हो गए और दूसरों के साथ बात करने के बहाने ब्रह्माजी ने भी (उस विस्वर सामगान की) उपेक्षा की । पर कुमारी सरस्वती वहीं उपस्थित थी । वह कुछ कुछ अपना बालभाव छोड़ नये यौवन को सुशोभित करने वाली उम्र में आ पहुँची थी । चँवर पकड़ कर भुजलता को हिलाते हुए पितामह ब्रह्माजी पर झल रही थी । दुर्वासा के प्रति झुंझलाहट के कारण भूमि पर पटकने से मानो लाल हुए पल्लव के समान स्वाभाविक लाल अपने चरणों से शोभित थी । पदन्यास से मुखरित होने वाले नूपुरों से उसके दोनों चरण वाचाल हो रहे थे, मानों पदपाठ और क्रमपाठ के अभ्यास में मुखर दो शिष्य अपने चरण अर्थात् शाखा का स्वाध्याय कर रहे हों । उसकी दोनों जांघें धर्मनगर के तोरणस्तम्भ का अनुकरण कर रही थीं । उत्सुक कलहंस की भांति अव्यक्त शब्द करती हुई अपनी करधनी (मेखलादाम) पर वह लीला के साथ किसलयसदृश अपना बायां हाथ रखे हुए खड़ी थी । विद्वानों के चित्त में हमेशा निवास करने से संक्रान्त हुए गुणों (श्लेष से तन्तुओं) के समान कंधे पर लटके हुए ब्रह्मसूत्र से उसका शरीर पवित्र हो रहा था । वह चमकते हुए मध्यमणि से युक्त और अनेक मोतियों से गुम्फित हार को पहने थी, जो सूर्य के मध्य से के जाने वाले और अनेक मोक्षगामी जीवों द्वारा

अनुसृत मोक्षमार्ग की तरह प्रतीत हो रहा था। मुख में विद्यमान समस्त विद्याओं के चरण के आलते से मानों पाटल हुए (क्रोध से) फड़कते ओठ उसे सुशोभित कर रहे थे। उसके कपोलों पर ब्रह्माजी के काले मृगचर्म की छाया पड़ रही थी, मानों उसके मीठे गानों को सुनने के लिए चन्द्रमा का मृग ही वहाँ उतर कर आ गया हो। उसकी एक भौंह कुछ तिरस्कार का भाव लिए हुए टेढ़ी और ऊपर की ओर उठी हुई थी। आँख के कोने से निकलते हुए आँसू की धारा से मानों वह भ्रष्ट पाठ के श्रवण करने से कलुषित अपने एक कान को धो रही थी और उसके दूसरे कान पर खिले हुए श्वेत सिन्धुवार की मंजरी हँस रही थी जिससे उसका विद्यामद प्रकट हो रहा था। उसके कान पर लगे कनफूल पर भौंरे छाए हुए थे, मानों वह श्रुति (वेद) से प्रेम करने वाले अनेक प्रणवों (ओं अक्षरों) से उपासित हो रही थी। प्रज्ञा के प्रतान की तरह बहुत बारीक तन्तुओं से बना और उज्ज्वल अंशुक उसका शरीर ढँक रहा था। वह वाङ्मय के समान निर्मल अपने दाँतों से चाँदनी का आलोक दिशाओं में छिटका रही थी। (दुर्वासा के स्वरहीन पाठ को) सुन कर वह हँस पड़ी।

दृष्ट्वा च तां तथा हसन्तीं स मुनिः 'आः पापकारिणि, दुर्गृहीतविद्यालवावलेपदुर्विदग्धे, मामुपहससि' इत्युक्त्वा शिरःकम्पशीर्यमाणबन्धविशरारोरुन्मिषत्पिङ्गलिम्नो जटाकलापस्य[1] रोचिषा[2] सिञ्चन्निव रोषदहनद्रवेण दश दिशः, कृतकालसंनिधानामिवान्धकारितललाटपट्टाष्टापदामन्तकान्तः[3][4]पुरमण्डनपत्रभङ्गमकरिकां भ्रुकुटिमाबध्नन्, अतिलोहितेन चक्षुषाऽमर्षदेवतायै स्वरुधिरोपहारमिव प्रयच्छन्, निर्दयदष्टदशनच्छदभयपलायमानामिव वाचं रुन्धन्दन्तांशुच्छलेन, अंसावस्रंसिनः[5] शापशासनपट्टस्येव ग्रथ्नन्ग्रन्थिमन्यथा कृष्णाजिनस्य, स्वेदकण[6]प्रतिबिम्बितैः शापशङ्काशरणागतै[7]रिव सुरासुरमुनिभिः प्रतिपन्नसर्वावयवः, कोपकम्पतरलिताङ्गुलिना करेण प्रसादनलग्नामक्षरमालामिवाक्षमाला[8]माक्षिप्य कामण्डलवेन वारिणा स[9]मुपस्पृश्य शापजलं जग्राह।

दृष्ट्वेत्यादौ। स मुनिस्तां तथा हसन्तीं दृष्ट्वा शापजलं जग्राहेति सम्बन्धः। तथेति

१. जटासञ्चयस्य। २. शोचिषा। ३. ललाटाष्टापदां। ४. अन्तकमण्डन।
५. अंसस्रंसिनः। ६. स्वेदप्रति। ७. शापभयाच्छरण। ८. प्रसादलग्नामक्षमालां विक्षिप्य; अक्षरावलिकामिवाक्षरमाला। ९. स समुप।

वह मनःशिला के पंकसदृश लाल-पीले अपने ललाट के लावण्य से सारे अन्तरिक्ष को लीप रहा था। वह नई जवानी के आरम्भ में गर्वीले और उद्धत दृष्टिपात करने वाली अपनी आँखों से सारे संसार को तृण के बराबर समझ रहा था, ऐसी आँखों की दीर्घता से मानों वह कुमुद, कुवलय और कमल से भरे हुए हजारों सरोवरों से समस्त दिशाओं को ढकने वाली शरत् को प्रवर्तित कर रहा था। उसका नासावंश मानों दीर्घ नयनों की नदी के सीमान्त में बनाया गया पुल का बाँध हो, या उसके ललाट रूपी चन्द्रकान्तमणि के शिलातल से चू कर बहता हुआ कान्ति का प्रवाह हो, ऐसे वह अपने नासावंश से सुशोभित था। सहकार, कर्पूर, कक्कोल, लवङ्ग और पारिजातक इन पाँच सुगन्धित पदार्थों की गंध उसके मुख से निकल रही थी, उस पर मतवाले भौंरे गुञ्जार रहे थे, मानों वह चन्दन वन के सहित वहाँ वसन्त को उतार रहा था। वह जब कभी अपने पास के मित्रों के साथ परिहास की भावना से मुँह ऊँचा करके हँसता था तो समस्त दिशाएँ उसके दाँतों की चाँदनी में घुल जाती थीं और मानों वह आकाश में बार बार संचरण करने वाले चन्द्रलोक का निर्माण कर रहा था। उसके कान में त्रिकंटक नाम का गहना था, जो कदम्ब के कुड्मल के समान दो स्थूल मोतियों के बीच में पन्ने का जड़ाव करके बनाया गया था, ऐसे त्रिकंटक की प्रभा फैल रही थी, मानों उस युवक ने फूल के सहित कुन्द के हरे पल्लवों को कर्णावतंस बना लिया हो। सुगन्धित कस्तूरी के पंक की बनी हुई पत्ररेखाओं से उसके दोनों हाथ चमक रहे थे, मानों कामदेव की पताका के बड़े बड़े मकरों से आक्रान्त शिखर वाले दो डंडे हों। मानों समुद्रमथन से क्रुद्ध गंगा की धाराओं से जकड़े हुए मन्दराचल के समान श्वेत यज्ञोपवीत से वेष्टित शरीर को वह धारण कर रहा था। कर्पूर के चूर्ण की मूठों से धूसरित उसकी छाती कान्ता के ऊँचे स्तन रूपी चक्रवाक युगल के लिए चौड़ी रेतीली जमीन थी, ऐसी छाती से वह मानों अपनी स्थूल भुजाओं के आयाम में पुञ्जीभूत दिशाओं को फैला रहा था। हारीत पक्षी के समान नील वर्ण का कस कर बँधा हुआ अधोवस्त्र उसकी पतली कमर को विभाजित कर रहा था, सामने की ओर नाभि से कुछ नीचे उसका एक कोना बहुत अच्छा लग रहा था, उस अधोवस्त्र का कच्छ भाग पीछे की ओर पल्ला खोंसने के बाद भी कुछ ऊपर निकला रहता था। दोनों ओर शरीर के मोड़ने से दाहिनी जांघ का कुछ भाग दिखाई दे जाता था। वह अपने ऊरुदण्डों से ऐरावत की सूँड़ का मानों उपहास कर रहा था, दोनों जांघों का मांस हमेशा व्यायाम करते रहने से बढ़ गया था, वे ऐसी लगती थीं मानों कठिन और विकट मगर के मुख में फँस गई हों, वे चौड़ी छाती के चबूतरे को धारण करने के लिए शिलास्तम्भ थीं। चन्दन के सुन्दर थप्पे से उसकी जाँघों में कान्ति और भी निखर उठी थी। हद से ज्यादा उभरी हुई जाँघों के भार-वहन करने से खिन्न होकर मानों उसकी टाँगें पतली हो गई थीं। कल्पवृक्ष के दो पल्लवों के समान ललछहू रंग के दोनों ओर लटकते हुए पैरों के नखों की किरणें डोलती हुई मानों घोड़ों का चामरमाला नामक अलंकार बना रही थीं।

मन के समान वेग वाले, लंगूर के मुँह की तरह काले रोंगटे वाले, सिन्धुवार जैसे नीले, तगड़े घोड़े पर वह सवार था। वह घोड़ा अपने खुरों से जो सामने देर तक उठे रह जाते और विकट रूप में टेढ़े होकर गिरते, जमीन को कोड़ रहा था। वह काँटेदार लगाम को प्रतिक्षण अपने दाँतों से छोड़ता तो खड़-खड़ आवाज होती। घोड़े की नाक पर सामने की ओर लगाम का कमानीदार हिस्सा और माथे पर सोने का पदक झूल रहा था। आवाज करती हुई सुवर्ण की आयान नामक माला से वह घोड़ा सुशोभित हो रहा था। अपने अश्व के पलान का एक हाथ से सहारा लेकर उसके दोनों ओर दो आसन्न परिचारक चँवर झल रहे थे। आगे आगे जो बंदीजन सुभाषित पाठ कर रहे थे उसे सुन कर उसके मुख-चन्द्र के दोनों कपोलभाग रोमाञ्चित हो रहे थे मानों उसके कर्णोत्पल का पराग झर गया हो। मानों वह अनङ्ग युग का अवतार दिखला रहा था, सारी सृष्टि को चन्द्रमय बना रहा था, सारे प्राणिलोक को विलासमय कर रहा था, राग के राज्य का प्रवर्तन कर रहा था। मानों वह नेत्र का आकर्षणाञ्जन, मन का वशीकरणमंत्र, इन्द्रियों को विवश करने वाला चूर्ण, कुतूहल का असन्तोष, सौभाग्य का सिद्धियोग, कामदेव का पुनर्जन्मदिन, यौवन का रसायन, सौन्दर्य का एकच्छत्र राज्य, रूप का कीर्तिस्तम्भ, लावण्य का मूल कोश, संसार के सारे पुण्यकर्मों का परिणाम, कान्ति रूपी लता का पहला अंकुर, ब्रह्मा जी के सृष्टिनिर्माण के अभ्यास का फल-स्वरूप, विभ्रम का प्रताप और वैदग्ध्य का यशःप्रवाह था।

पार्श्वे च तस्य द्वितीयमपरसंश्लिष्टतुरङ्गम, प्रांशुमुत्तप्ततपनीयस्तम्भाकारम्, परिणतवयसमपि व्यायामकठिनकायम्, नीचनखश्मश्रुकेशम्, शुक्तिखलतिम्, ईषत्तुन्दिलम्, रोमशोरःस्थलम्, अनुल्बणोदारवेषतया जरामपि विनयमिव शिक्षयन्तम्, गुणानपि गरिमाणमिवानयन्तम्, महानुभावतामपि शिष्यतामिवानयन्तम्, आचारस्याप्याचार्यकमिव कुर्वाणम्, वलक्षवारबाणधारिणम्, धौतदुकूलपट्टिकापरिवेष्टितमौलिं पुरुषम्।

शुक्तिखलतिं शुक्त्याकारखल्वाटम्। तुन्दिलं लम्बोदरम्। अत एवास्य विकुक्षिरिति नाम। अनुल्बणोऽनुद्धतः। उदारः श्रेष्ठः। जरामिति। जरा किल सर्वं विनयं शिक्षयति। महानुभावता महाशयता। अनुभावयति कार्यमकार्यं वा बोधयतीत्यनुभावः। शिष्यतामिति। परशासनदक्षकर्म महानुभावतया तत एवावसीयत इत्युक्तं भवति। आचारः शास्त्रकारप्रदर्शिता विशिष्टा नीतिः। स च सर्वस्मिन्नाचार्यकमवलम्बते। संस्कारातिशयमापादयतीत्यर्थः। वलक्षः शुक्लः। वारबाणः कञ्चुकः। मौलयः केशाः।

उस नवयुवक के बगल में एक दूसरे पुरुष को देखा। वह भी घोड़े पर सवार था।

उसकी कद लम्बी थी। उसकी आकृति तपे हुए सोने के खम्भे के समान थी। अवस्था अधेड़ होने पर भी उसका शरीर व्यायाम से गँठा हुआ था। उसके दाढ़ी, मूँछ और नाखून साफ-सुथरे कटे हुए थे। बाल झड़ जाने से बिलकुल सितुहे-जैसा लगता था। उसकी तोंद निकल आई थी। छाती में बाल जम गए थे, वेष सौम्य और श्रेष्ठ था, मानों वह अपनी वृद्धावस्था को भी विनय की सीख दे रहा था, गुणों में भी गौरव भर रहा था, महानुभावता को भी शिष्य बना रहा था, आचारों का भी आचार्य हो रहा था। वह उज्ज्वल कंचुक पहने हुए और धुली हुई दुकूलपट्टिका बाँधे हुए था।

अथ स युवा पुरोयायिनां यथादर्शनं प्रतिनिवृत्यातिविस्मितमनसां कथयतां पदातीनां सकाशादुपलभ्य दिव्याकृतितत्कन्यायुगलमुपजातकुतूहलः प्रतूर्णतुरगो दिदृक्षुस्तं लतामण्डपोद्देशमाजगाम। दूरादेव च तुरगादवततार। निवारितपरिजनश्च तेन द्वितीयेन साधुना सह चरणाभ्यामेव सविनयमुपससर्प। कृतोपसंग्रहणौ तौ सावित्री समं सरस्वत्या किसलयासनदानादिना सकुसुमफलार्घ्यावसानेन वनवासोचितेनातिथ्येन यथाक्रममुपजग्राह। आसीनयोश्च तयोरासीना नातिचिरमिव स्थित्वा तं द्वितीयं प्रवयसमुद्दिश्यावादीत्—'आर्य, सहजलज्जाधनस्य प्रमदाजनस्य प्रथमाभिभाषणमशालीनता, विशेषतो वनमृगीमुग्धस्य कुलकुमारीजनस्य। केवलमियमालोकनकृतार्थाय चक्षुषे स्पृहयन्ती प्रेरयत्युदन्तश्रवणकुतूहलिनी श्रोत्रवृत्तिः। प्रथमदर्शने चोपायनमिवोपनयति सज्जनः प्रणयम्। अप्रगल्भमपि जनं प्रभवता प्रश्रयेणार्पितं मनोमध्विव वाचालयति। अयत्नेनैवातिनम्रे साधौ धनुषीव गुणः परां कोटिमारोपयति विस्रम्भः। जनयन्ति च विस्मयमतिधीरधियामप्यदृष्टपूर्वा दृश्यमाना जगति स्रष्टुः सृष्ट्यतिशयाः। यतस्त्रिभुवनाभिभावि रूपमिदमस्य महानुभावस्य। सौजन्यपरतन्त्रा चेयं देवानांप्रियस्यातिभद्रता कारयति कथां न तु युवतिजनसहोत्था तरलता। तत्कथयागमनेनापुण्यभाक्तमो विजृम्भितविरहव्यथः शून्यतां नीतो देशः? क्व वा गन्तव्यम्? को वायमपहृतहरहुंकाराहंकारोऽपर इवानन्यजो युवा? किंनाम्नो वा समृद्धतपसः पितुरयममृतवर्षी कौस्तुभमणिरिव हरेर्हृदयमाह्लादयति? का चास्य त्रिभुवननमस्या विभातसंध्येव महतस्तेजसो जननी? कानि वास्य पुण्यभाञ्जि भजन्त्यभिख्यामक्षराणि? आर्यपरिज्ञानेऽप्ययमेव

क्रमः कौतुकानुरोधिनो हृदयस्य' इत्युक्तवत्यां तस्यां प्रकटितप्रश्रयोऽसौ प्रतिव्याजहार—'आयुष्मति, सतां हि प्रियंवदता कुलविद्या। न केवलमाननं हृदयमपि च ते चन्द्रमयमिव सुधाशीकरशीतलैराह्लादयति वचोभिः। सौजन्यजन्मभूमयो भूयसा शुभेन सज्जननिर्माणशिल्पकला इव भवादृश्यो दृश्यन्ते। दूरे तावदन्योन्यस्याभिलपनमभिजातैः सह दृशोऽपि मिश्रीभूता महतीं भूमिमारोपयन्ति। श्रूयताम्—अयं खलु भूषणं भार्गववंशस्य भगवतो भूर्भुवःस्वस्त्रितयतिलकस्य, अदभ्रप्रभावस्तम्भितजम्भारिभुजस्तम्भस्य, सुरासुरमुकुटमणिशिलाशयनदुर्ललितपादपङ्केरुहस्य, निजतेजःप्रसरप्लुष्टपुलोम्नश्च्यवनस्य बर्हिर्भूरिजीवितं दधीचो नाम तनयः। जनन्यप्यस्य जितजगतोऽनेकपार्थिवसहस्रानुयातस्य शर्यातस्य सुता राजपुत्री त्रिभुवनकन्यारत्नं सुकन्या नाम। तां खलु देवीमन्तर्वत्नीं विदित्वा वैजनने मासि प्रसवाय पिता पत्युः पार्श्वात्स्वगृहमानाययत। असूत च सा तत्र देवी दीर्घायुषमेनम्। अवर्धतानेहसा च तत्रैवायमानन्दितज्ञातिवर्गो बालस्तारकराज इव राजीवलोचनो राजगृहे। भर्तृभवनमागच्छन्त्यामपि दुहितरि नासेचनकदर्शनमिममममुञ्चन्मातामहो मनोविनोदनमपारम्। अशिक्षतायं तत्रैव सर्वा विद्याः सकलाश्च कलाः। कालेन चोपारूढयौवनमिममालोक्याहमिवासावप्यनुभवतु मुखकमलावलोकनानन्दमस्येति मातामहः कथंकथमप्येनं पितुरन्तिकमधुना व्यसर्जयत्। मामपि तस्यैव देवस्य सुगृहीतनाम्नः शर्यातस्याज्ञाकारिणं विकुक्षिनामानं भृत्यपरमाणुमवधारयतु भवती। पितुः पादमूलमायान्तं मया साभिसारमकरोत्स्वामी। तद्धि नः कुलक्रमागतं राजकुलम्। उत्तमानां च चिरंतनता जनयत्यनुजीविन्यपि जने कियन्मात्रमपि मन्दाक्षम्। अक्षीणः खलु दाक्षिण्यकोशो महताम्। इतश्च गव्यूतिमात्रमिव पारेशोणं तस्य भगवतश्च्यवनस्य स्वनाम्ना निर्मितव्यपदेशं च्यावनं नाम चैत्ररथकल्पं काननं निवासः। तदवधिरेवेयं नौ यात्रा। यदि च वो गृहीतक्षणं दाक्षिण्यमनवहेलं वा हृदयमस्माकमुपरि भूमिर्वा प्रसादानामयं जनः श्रवणार्हो वा, ततो न विमाननीयोऽयं नः प्रथमः प्रणयः कुतूहलस्य। वयमपि शुश्रूषवो वृत्तान्तमायुष्मत्योः। नेयमाकृतिर्दिव्यतां व्यभिचरति। गोत्रनामनी तु श्रोतुमभिलषति नौ

हृदयम्। तत्कथय कतमो वंशः स्पृहणीयतां जन्मना नीतः। का चेयमत्रभवती भवत्याः समीपे समवाय इव विरोधिनां पदार्थानाम्। तथा हि, संनिहितबालान्धकारा भास्वन्मूर्तिश्च, पुण्डरीकमुखी हरिणलोचना च, बालातपप्रभाधारा कुमुदहासिनी च, कलहंसस्वना समुन्नतपयोधरा च, कमलकोमलकरा हिमगिरिशिलापृथुनितम्बा च, करभोरुर्विलम्बितगमना च, अमुक्तकुमारभावा स्निग्धतारका च' इति।

अथेति। ननु गतागतिकतया सर्वचेतनाभिप्रायेण सौन्दर्यमेतयोरभिव्यज्यते। प्रतिनिवृत्य न पुनः प्रसङ्गत उपेत्य। कन्यकात्वादेतन्नानुचितम्। प्रतूर्णो वेगगामी। साधुना विनीतेन। 'उपसंग्रहणं धीराः कथयन्त्यभिवादनम्'। आतिथ्यमेवोपजग्राहापूजयत्। 'प्रवयाः स्यात्परिणतः'। अशालीनता धृष्टता। वनशब्देन मृगीसामान्येऽपि जनसंपर्काद्यभावमाह। उपायनं ढौकनिका। उपनयति ढौकयति। प्रगल्भमित्यादि। मनःकर्तृ अप्रगल्भमपि जनं वाचालयति। कीदृशम्? प्रभवना स्वामिना प्रश्रयेण प्रत्यर्पितं दत्तमेवंविधमस्मदीयं युष्मासु मन इति बहिः प्रकाशितं यश्च परतश्च केनापि प्रभावशीलेन ढौकितं मध्वप्रगल्भमपि जनं कुलयोषित्प्रायं वाचालयति किंचन जल्पयति। अत्रापि प्रश्रयेणेति साभिप्रायम्। तथा च—'अन्ययान्यवनितागतचित्तं चित्तनाथमभिशङ्कितवत्या। पीतभूरिसुरयापि न मोदे निर्वृतिर्हि मनसो मदहेतोः॥' इत्युक्तम्। नम्रे प्रह्वे, कुब्जे च। गुणो विनयादिः, ज्या च। कोटिः प्रकर्षः, धनुःशिखा च। देवानांप्रियस्येति पूजावचनम्। षष्ठ्या अलुक्। अत्रागमनेत्यादिना ब्रह्मोक्तशापबुद्ध्या दधीचस्य तत्कर्तृयोग्यतया कतम इति देशोत्कर्षकुलादिकं पृच्छति—कथयेति। देवस्य। सिद्धा देवाः। अनन्यजः कामः। महतस्तेजस इति। महश्च तेजः सूर्याख्यम्। अभिख्या नाम। अयमेव क्रम इति। यथास्योत्पत्त्यादिकं तद्वद्भवतोऽपीत्यर्थः। कला उपायः। भूरिति रेफान्तो भूवाची। भुव इति रेफान्तः पातालवाची। भूश्च भुवश्च स्वश्च भूर्भुवःस्वः, एषां त्रयमिति समासः। अदभ्रोऽनल्पः। जम्भारिरिन्द्रः। स ह्यश्विभ्यां यज्ञभागभुजौ कुर्वाविमिति चिरं प्रार्थितः। तथेति प्रतिपद्य ताभ्यां भागं ददद्रिन्द्रेणोद्यतवज्रेण रोषितः। ततस्तेनास्य सवज्रः स्तम्भितो भुज इति। दुर्ललितोऽलभ्यविषयः। लुप्तपुलोम्न इति। अनवरतं रुदत्यां दुहितरि कोपान्मात्रा गृहाणेमामिति पुलोम्नो राक्षसस्योक्तम्। ततस्तां प्रतिगृह्य तत्रैव स्थापयित्वा क्वापि गते रक्षसि सा भृगुणा विवाहिता। ततः सगर्भा सती पुलोम्नागत्यापह्रियमाणतया च्यवनं गर्भमत्याक्षीत्। तेन चान्वर्थनाम्ना तद्रक्षो दग्धैवादहत। अन्तर्वत्नीं गर्भिणीम्। वैजनने मासि प्रसवमासे। दीर्घायुषमिति साभिप्रायम्। रूपकुलाद्युत्कर्षे वर्णिते सत्येतदेव वरगुणवर्णनमवशिष्यते। अबेहसा परिपूर्णेन कालेन। 'न जायते यत्र तृप्तिस्तदासेचनकं विदुः'।

नसारं पौरुषम् । साभिसारंससहायम् । मन्दाक्षमुपरोधम् । गव्यूतिः क्रोशद्वयम् । यात्रा प्रस्थानम् । गोत्रं वंशः । समवाय एकत्रस्थितिः । बालेषु केशेष्वन्धकारं तम इति यस्या बालं प्रत्यग्रम् । भास्वती मूर्तिमती, भास्वत आदित्यस्य च मूर्तिः । न कदाचित्सन्निहितबालान्धकारा भवतीति विरोधः । पुण्डरीकं पद्मम्, सिंहश्च यस्या मुखं तत्र कथं हरिणस्य लोचने स्त इति विरोधः । पयोधरौ स्तनौ, मेघाश्च पयोधराः । कलहंसानां स्वनो यस्यां सा । सरित्कथं प्रावृड् भवतीति विरोधः । करो हस्तः, रश्मिश्च । शिला वातवज्रीभूतं हिमम् । यत्र च हिमगिरिशिलाभिः पृथुर्मध्यभागस्तत्र कथं पद्मकोमलकान्तिः । हिमस्पर्शे पद्मनाशात् । 'मणिबन्धादा-कनिष्ठं करस्य करभो बहिः' करभश्चोरुः । विलम्बितं सविलासम्, लम्बितश्च करभो यस्याः । करभोरुः कथं विगतकरभगमनेति विरोधः । कुमारभावो बाल्यम्, कुमारे च भावो भक्तिः । स्निग्धो रम्यः, प्रतीतश्च । तारकाऽक्ष्णोः कनीनिका, दैत्यभेदश्च तारकः स्कन्देन यो हतः ।

उस युवक ने देखकर लौटे हुए अग्रगामी पैदल सैनिकों से दिव्य आकृति वाली कन्या के विषय में सुनते ही कुतूहल से भर कर देखने के लिये उत्सुक हो घोड़े को एँड़ लगाई और शीघ्र उस लतामण्डप के समीप पहुँच गया । कुछ ही दूर पर घोड़े से उतर गया । अपने और साथियों को उसने वहीं रोक दिया, लेकिन उस सज्जन पार्श्वचर को साथ लेकर पैदल ही विनीत भाव से आया । सरस्वती के साथ सावित्री ने उन दोनों का अभिवादन किया और वनवास के योग्य फूल, फल एवं अर्घ्य आदि से उनका क्रम से आतिथ्य-सत्कार किया । दोनों पूर्ण रूप से स्थिर हुए तो वह स्वयं बैठी और कुछ ही देर ठहर कर उस दूसरे वृद्ध सज्जन से बोली—'आर्य, सहजलज्जाशील नारियों का पहले पहल बोल बैठना बड़ी धृष्टता होती है, विशेष कर तो उनका जो वन्य मृगी की भाँति मुग्ध कुलकुमारियाँ हैं । आँखें तो देखकर कृतार्थ हो गईं, पर केवल कर्णेन्द्रिय की वृत्ति वृत्तान्त सुनने के लिए कुतूहल से प्रेरित कर रही है । प्रथम दर्शन में ही सज्जन व्यक्ति उपहार के रूप में प्रणय को समर्पित करता है । प्रभावशाली विनय से अर्पित किया हुआ मन मद्य के समान अधृष्ट जन को भी वाचाल बना देता है । अत्यन्त नम्र स्वभाव वाले सज्जन में बिना यत्न के ही विश्वास अधिक हो जाता है, जैसे धनुष के अग्रभाग तक उसका गुण बढ़ जाता है । पहले कभी नहीं देखे गए फिर देखे जाने वाले विधाता के उत्कृष्ट निर्माण अत्यन्त धीर लोगों में आश्चर्य को उत्पन्न कर देते हैं । बात यह है कि इन महानुभाव का रूप त्रिभुवन को अभिभूत कर देने वाला है । देवानांप्रिय की सौजन्य से भरी यह अतिभद्रता ही मुझे बोलने के लिए तत्पर कर रही है, युवतियों में स्वभावतः होने वाली चंचलता नहीं । तो कहिए इन्होंने किस पुण्यहीन देश को अपनी विरह-व्यथा के द्वारा सूना कर दिया है । ये कहाँ जायँगे ? ये मानों दूसरे कामदेव हैं जो शिव के हुंकारजनित अहंकार को न मानकर उत्पन्न हो गया है । कौन हैं ये ? बढ़ी हुई तपस्या

वाले किस पिता के अमृतवर्षी स्वभाव से ये हृदय को आह्लादित करते हैं जैसे कौस्तुभ-मणि विष्णु के हृदय को ? त्रिभुवन द्वारा नमन करने योग्य और महान् तेजस्वी को उत्पन्न करने वाली प्रभात की सन्ध्या के समान कौन इनकी जननी है ? कौन से पुण्य-वान् अक्षर इनके नाम में जुटते हैं ? आर्य के सम्बन्ध में जानने के लिए इस कुतूहल भरे हृदय के प्रश्न क्रमशः ये ही हैं।' सावित्री के इतना पूछने पर विनय प्रकट करते हुए पार्श्वचर ने उत्तर दिया—'आयुष्मती, प्रिय बोलना तो सज्जनों की कुलविद्या है। केवल तुम्हारा मुख ही नहीं, प्रत्युत हृदय भी चन्द्रमय है, क्योंकि वह अमृत के शीतल फुहारों के सदृश वचनों से आह्लादित कर रहा है। आपके सदृश लोग जो सौजन्य की जन्मभूमि हैं बड़े ही शुभकर्मों से मिलते हैं, क्योंकि वे सज्जनों के निर्माण की शिल्प-विद्या के स्वरूप हैं। ऐसे कुलीन लोगों के साथ परस्पर बातचीत करना तो दूर है इनके साथ आँखें ही मिलकर अलौकिक भूमि में पहुँचा देती हैं। तो सुनिए—यह भार्गववंश का कुलभूषण, महर्षि च्यवन का पुत्र दधीच है। इसके पिता भगवान् च्यवन पृथिवी, अन्तरिक्ष और स्वर्ग लोक में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपनी तपस्या के प्रभाव से इन्द्र की भुजशक्ति को भी स्तम्भित कर दिया है। उनके चरण-कमल सुर-असुरों की मुकुटमणियों से अभ्यर्चित हैं। अपने तेज से उन्होंने पुलोमा नामक दैत्य को भस्म कर डाला है। ऐसे पिता के पुत्र इस दधीच की जननी का नाम सुकन्या है जो जगद्विजयी सहस्रों नृपतियों से अनुगत शर्याति की सुता, राजपुत्री एवं त्रिभुवन की कन्याओं में रत्न के समान है। देवी सुकन्या को गर्भिणी जान उसके पिता दसवें महीने में प्रसव के लिए उसे पति के पास से अपने घर ले गए। वहीं उसने चिरंजीवी दधीच को उत्पन्न किया। राजा के घर में राजीवलोचन यह चन्द्रमा के समान बांधवों को आनन्दित करता हुआ समय के साथ बढ़ा। पुत्री सुकन्या अपने पति के घर आने लगी, तब भी नाना ने नेत्र के सुखद और मन बहलाने वाले नाती को नहीं छोड़ा। इसने ननिहाल में ही समस्त विद्याओं और कलाओं की शिक्षा प्राप्त की। समय से इसे जवान देख और 'मेरे समान इसके पिता भी इसके मुखकमल को देखकर आनन्द का अनुभव करें' यह सोच इसके नाना ने किसी-किसी प्रकार पिता के पास भेजा है। उन्हीं सुगृहीतनामा देव शर्याति का आज्ञाकारी विकुक्षि नामक एक तुच्छ भृत्य मुझे समझें। मेरे मालिक ने पिता के पास आते हुए इसके साथ मुझे लगा दिया। वह राजकुल मेरी वंशपरम्परा द्वारा सेवित है। सम्बन्ध के पुराने हो जाने पर उत्तम लोग अपने भृत्य के प्रति कुछ लज्जा का अनुभव करते हैं। महान् लोगों की उदारता का भण्डार कभी नहीं घटता। यहाँ से दो कोस आगे सोन पार भगवान् च्यवन का निवास च्यवनाश्रम है, जो चैत्ररथ नामक कुबेर के उद्यान के सदृश है। हम दोनों की यात्रा वहीं तक है। यदि आप दोनों का हमारे ऊपर क्षणिक सौजन्य है या हृदय में किसी प्रकार की अवज्ञा नहीं, या यह जन प्रसाद को प्राप्त करने योग्य है तो हमारे प्रणय का यह कुतूहल भी उपेक्षा के योग्य नहीं।

आप दोनों का वृत्तान्त हम सुनना चाहते हैं। तो कहिए—किस वंश को आपने जन्म लेकर स्पृहणीय बनाया? आपके समीप यह कौन हैं जो बहुत से विरोधी पदार्थों के समवाय की भाँति लग रही हैं। जैसा कि इनके बाल अन्धकार के समान सन्निहित हैं, फिर भी सूर्य के समान इनकी मूर्ति देदीप्यमान है। पुण्डरीक (व्याघ्र या श्वेत कमल) के समान इनका मुख है (फिर भी) आँखें हरिण के समान हैं। उगते हुए सूर्य की प्रभा के समान इनका अधर है (फिर भी) कुमुद के सदृश इनकी मुसकान है। मतवाले हंस के समान इनकी आवाज है (फिर भी) इनके पयोधर (स्तन या मेघ) उठे हुए हैं। कमल के समान कोमल इनके हाथ हैं (फिर भी) हिमालय की चट्टान के समान मोटे इनके नितम्ब हैं। ऊँट के समान इनकी दोनों जाँघ हैं (फिर भी) चाल धीमी चलती हैं। कुमारभाव (बाल्यकाल या कार्तिकेय का भाव) इन्होंने नहीं छोड़ा है (फिर भी) इनकी आँखों के तारक (पुतले या तारकासुर) स्नेह को व्यंजित कर रहे हैं।'

सा त्ववादीत्—'आर्य, श्रोष्यसि कालेन। भूयसो दिवसानत्र स्थातुमभिलषति नौ हृदयम्। अल्पीयांश्चायमध्वा। परिचय एव प्रकटीकरिष्यति। आर्येण न विस्मरणीयोऽयमनुषङ्गदृष्टो जनः' इत्यभिधाय तूष्णीमभूत्। दधीचस्तु नवाम्भोभरगभीराम्भोधरध्वाननिभया भारत्या नर्तयन्वनलताभवनभाजो भुजंगभुजः सुधीरमुवाच—'आर्य, करिष्यति प्रसादमार्याराध्यमाना। पश्यामस्तावत्तातम्। उत्तिष्ठ। व्रजामः' इति। तथेति च तेनाभ्यनुज्ञातः शनकैरुत्थाय कृतनमस्कृतिरुच्चचाल। तुरगारूढं च तं प्रयान्तं सरस्वती सुचिरमुत्तम्भितपक्ष्मणा निश्चलतारकेण लिखितेनेव चक्षुषा व्यलोकयत्। उत्तीर्य च शोणमचिरेणैव कालेन दधीचः पितुराश्रमपदं जगाम। गते च तस्मिन्सा तामेव दिशमालोकयन्ती सुचिरमतिष्ठत्। कृच्छ्रादिव च संजहार दृशम्।

परिचयः संस्तवः। **अनुषङ्गः** प्रसङ्गः। विकुक्षिप्रार्थितयापि सावित्र्या कौतुकनिवृत्तिर्मा भूदित्यात्मस्वरूपं नोक्तम्। अत एवोत्तरत्र तदनुबन्ध एवोक्तः—भूयसो दिवसानित्यादिना। स्वरूपोक्तौ च ज्ञातसरस्वतीकत्वेनापत्यजननकार्यभङ्गो भवेत्। **भारती** वाक्। **भुजङ्गभुजो** मयूरान्, भुजग इव भुजावस्येति च। **उच्चचाल** गन्तुं प्रवृत्तः। **उत्तम्भिता**न्युच्छ्रितानि।

सावित्री ने कहा—'आर्य, समय पर सब मालूम हो जायगा। हम दोनों के मन में यहाँ बहुत दिनों तक अभी रहने की इच्छा है। यह रास्ता बहुत थोड़ा है। परिचय बढ़ने से सब बात खुल जायगी। इस बहाने मिले हुए इस जन को आर्य न भूलेंगे।' इतना कह वह चुप हो गयी। जल भर जाने से गम्भीर आवाज वाले नये मेघ की भाँति लता-भवन

के मयूरों को नचाते हुए धीर स्वर में दधीच बोल उठे—'आर्य, अवश्य ही आराधना करने पर आर्या प्रसन्न होंगी। तब तक हम पिता जी के दर्शन करें। उठिए, चलें।' पार्श्वचर के स्वीकार करने पर दधीच धीरे से उठे और नमस्कार करके चल दिए। घोड़े पर सवार होकर जाते हुए उन्हें सरस्वती निश्चल आँखें फाड़ कर देर तक देखती रही। सोन पार करके कुछ ही देर में दधीच च्यवनाश्रम पहुँचे। उनके चले जाने पर सरस्वती उसी दिशा को देर तक निहारती हुई बैठी रही। बड़ी कठिनाई से वह अपनी आँखें मोड़ सकी।

अथ मुहूर्तमात्रमिव स्थित्वा स्मृत्वा च तां तस्य रूपसंपदं पुनः—पुनर्व्यस्मयतास्या हृदयम्। भूयोऽपि चक्षुराचकाङ्क्ष तद्दर्शनम्। अवशेव केनाप्यनीयत तामेव दिशं दृष्टिः। अप्रहितमपि मनस्तेनैव सार्धमगात्। अजायत च नवपल्लव इव बालवनलतायाः कुतोऽप्यस्या अनुरागश्चेतसि। ततः प्रभृति च सालस्येव शून्येव सनिद्रेव दिवसमनयत्। अस्तमुपयाति च प्रत्यक्पर्यस्तमण्डले लाङ्गलिकास्तबकताम्रत्विषि कमलिनीकामुके कठोरसारसशिरःशोणशोचिषि सावित्रे त्रयीमये तेजसि, तरुणतरतमालश्यामले च मलिनयति व्योम व्योमव्यापिनि तिमिरसंचये, संचरत्सिद्धसुन्दरीनूपुररवानुसारिणि च मन्दं मन्दं मन्दाकिनीहंस इव समुत्सर्पति शशिनि गगनतलम्, कृतसंध्याप्रणामा निशामुख एव निपत्य विमुक्ताङ्गी पल्लवशयने तस्थौ। सावित्र्यपि कृत्वा यथाक्रियमाणं सायंतनं क्रियाकलापमुचिते शयनकाले किसलयशयनमभजत। जातनिद्रा च सुष्वाप।

कुतोऽपि कस्मादपि न ज्ञायत इत्यर्थः। मनुष्यतस्तथाविधस्तादृश्याः कथमनुराग इति। कथमेतदस्या उपपद्यत इति न वाच्यम्। यदाह मुनिः—'शापभ्रंशात्तु दिव्यानां तथा चापत्यलिप्सया। कार्यो मानुषसंयोगः शृङ्गाररससंश्रयः॥' इति। अन्यत्र—कुतः क्षितेर्नवपल्लवोऽनुरागहृतो लतार्थो जायत इत्येवमभिलाषरूपं प्रथमं दशान्तरमालभ्येत्यादिना द्वितीयचिन्तनरूपमाह। अनयत् कष्टेनात्यवाहयत्। अस्तमित्यादौ पल्लवशयने तस्थाविति संबन्धः। प्रतीच्यां पश्चिमायाम्। लाङ्गलिका फलिनी। मयूरशिखौषधिरित्यपरे, रक्तिकेत्यन्ये। कमलिनीकामुक इति सरस्वतीदयिताभिप्रायेणोक्तम्। कठोरो जरठः। सारसो लक्ष्मणः। शोणो लोहितः। शोचिर्दीप्तिः। 'ऋग्यजुःसामनामानि त्रयो वेदास्त्रयी स्मृता। वेदे च पठ्यते सैषा'। त्रय्येव विद्या तपतीति। 'कृत–' इत्यादिना 'तस्थौ' इत्यन्तेन क्रियान्तरत्यागेन वैमनस्यमावेद्यते। 'वेपते श्वसते चैव मनोरथविचिन्तनैः। प्रद्वेषेणान्यकार्याणाम-

नुस्मृतिरपीष्यते ॥' निशामुख एवेति। **न पुनरुचिते शयनकाले विमुक्ताङ्गीत्यनेन निःसहाङ्गत्वमस्या दर्शयते।** तस्थाविति। **न पुनर्निद्रामलभत। यथाक्रियमाणमित्यनेन च सरस्वतीतोऽस्या व्यतिरेकं दर्शयन्सरस्वत्या एवानङ्गावस्थामाह।**

अब सरस्वती का हृदय कुछ देर तक ठहर उस दधीच के रूप-लावण्य का स्मरण करके बार बार आश्चर्य से भरने लगा। बार बार उसकी आँखें दधीच के दर्शनों के लिए उत्सुक होने लगीं। मानों उसकी बेसुध नजर को कोई उसी दिशा की ओर फेर लेता था। बिना भेजे ही मन दधीच के साथ ही चला गया। सुकुमार वनलता में नये पल्लव के समान उसके चित्त में अनुराग अंकुरित होने लगा। उसी समय से अलसाई-सी, शून्य सी, निंदियाई सी उसने दिन को व्यतीत किया। जब पश्चिम में ढलते हुए मण्डल वाले, आङ्गलिका नामक फूलों के गुच्छों के समान कान्ति वाले, कमलिनियों को चाहने वाले तथा वृद्ध सारस के सिर के समान ललाई वाले सूर्य का वेश्मय तेज अस्त हो रहा था, विशाल तमाल वृक्ष के समान काला, आकाशव्यापी प्रगाढ़ अंधकार आकाश को मलिन कर रहा था तथा चलती-फिरती सिद्धाङ्गनाओं के नूपुरों की ध्वनि का अनुसरण करने वाले आकाशगंगा के हंस के समान चन्द्रमा आकाश में धीरे धीरे उदित हो रहा था उस समय सायं-सन्ध्यावन्दन करके सरस्वती रात के आरम्भ होते ही अपने अङ्गों की सुध-बुध भूल पल्लव के शयन पर पड़ रही। सावित्री भी सायंकालीन क्रियाओं से निवृत्त होकर सोने के समय पल्लवशयन पर पहुँची और नींद आते ही सो गई।

इतरा तु मुहुर्मुहुरङ्गवलनैर्विलुलितकिसलयशयनतला निमीलितनयनापि नालभत निद्राम्। अचिन्तयच्च—'मर्त्यलोकः खलु सर्वलोकानामुपरि, यस्मिन्नेवंविधानि भवन्ति त्रिभुवनभूषणानि सकलगुणग्रामगुरूणि रत्नानि। तथा हि—तस्य मुखलावण्यप्रवाहस्य निष्यन्दबिन्दुरिन्दुः। तस्य च चक्षुषो विक्षेपाः कुमुदकुवलयकमलाकराः। तस्य चाधरमणेर्दीधितयो विकसितबन्धूकवनराजयः। तस्य चाङ्गस्य परभागोपकरणमनङ्गः। पुण्यभाञ्जि तानि चक्षूंषि चेतांसि यौवनानि वा स्त्रैणानि, येषामसावविषयो दर्शनस्य। क्षणं नु दर्शयता च तमन्यजन्मजनितेनेव मे फलितमधर्मेण। का प्रतिपत्तिरिदानीम् ?' इति चिन्तयन्त्येव कथंकथमप्युपजातनिद्रा चिरात्क्षणमशेत। सुप्तापि च तमेव दीर्घलोचनं ददर्श। स्वप्नासादितद्वितीयदर्शना चाकर्णाकृष्टकार्मुकेण मनसि निर्दयमताड्यत मकरकेतुना। प्रतिबुद्धाया मदनशराहतायाश्च तस्या वार्तामिवोपलब्धुमरतिराजगाम। तथा हि—ततः प्रभृति कुसुमधूलिधवलाभिर्वनलताभिर-

ताडितापि वेदनामधत्त। मन्दमन्दमारुतविधुतैः कुसुमरजोभिरदूषितलोचनाप्यश्रुजलं मुमोच। हंसपक्षतालवृन्तवातव्रातविततैः शोणशीकरैरसिक्ताप्यार्द्रतामगात्। प्रेङ्खत्कादम्बमिथुनाभिरनूढाप्यघूर्णत वनकमलिनीकल्लोलदोलाभिः। विघटमानचक्रवाकयुगलविमुक्तैरस्पृष्टापि श्यामतामाससाद विरहनिःश्वासधूमैः। पुष्पधूलिधूसरैरदष्टापि व्यचेष्टत मधुकरकुलैः।

विलुलितं विपर्यासितम्। मर्त्यलोक इत्यादिना गुणकीर्तनम्। चतुर्थमवस्थाविशेषमाह। तदुक्तम्—'अङ्गप्रत्यङ्गलीलाभिर्वाक्चेष्टासहितेक्षणैः। नास्त्यन्यः सदृशस्तेन तदेतद्गुणकीर्तनम्॥' इति। गुणा वैदग्ध्यादयः, सूत्राणि च। तद्वशेन गुरूणि बहुमानभाञ्जि। इतरत्र तु तिष्ठतु तावदेकः। गुणग्रामस्यापि गुणिरूपितेनापि दुर्वहानीति यावत्। तस्येति। पूर्वानुभूतस्य बिन्दुरिति न केवलं लावण्यप्रवाहाभिप्रायेण यावत्संनिवेशसादृश्यात्। विक्षेपाः परतः प्रेरणानि। कुमुदेत्याद्युक्तम्। शुक्लकृष्णरक्तरुचित्वाच्चक्षुषो दीधितय इति मणिशब्दाभिप्रायेण। विकसितशब्देन लौहित्यातिशयमाह। अङ्गानि विद्यन्ते यस्य तदङ्गं शरीरम्। परभागो वर्ण्यस्य वर्णान्तरेण शोभातिशयः। स्त्रैणानि स्त्रीसंबन्धीनि। का प्रतिपत्तिः किमनुष्ठेयम्? मदन—इत्यादिनोद्वेगरूपं पञ्चममवस्थाभेदमाह। यदुक्तम्—'आसने शयने वापि न हृष्यति न तुष्यति। नित्यमेवोत्सुका च स्यादुद्वेगस्थानमाश्रिता॥ चिन्तानिःश्वासखेदेन हृद्दाहाभिनयेन च। कुर्यात्तदेवमत्यन्तमुद्योगाभिनयेन च॥' इति। दश किल कामावस्थाः। तदुक्तम्—'प्रथमे त्वभिलाषः स्याद्द्वितीये चिन्तनं भवेत्। अनुस्मृतिस्तृतीये नु चतुर्थे गुणकीर्तनम्॥ उद्वेगः पञ्चमे प्रोक्तः प्रलापः षष्ठ उच्यते। उन्मादः सप्तमे चैव भवेद्व्याधिस्तथाष्टमे॥ नवमे जडता प्रोक्ता दशमे मरणं भवेत्॥' इति। अरतिर्दुःखासिका हि कामवधूप्रतिपक्षभूतेति तदागमनाभिधानम्। हंसपक्षा इव तालवृन्तं व्यजनम्। आर्द्रतां सस्नेहताम्, क्लिन्नतां च। प्रेङ्खद्दोलायमानम्। कादम्बाः कृष्णहंसाः। श्यामता शृङ्गाररसाविष्कारिवैवर्ण्यम्। यदुक्तम्—'शृङ्गारदेवो भगवान्मुरारिः संगीयते श्यामवपुर्मुरारिः। श्यामो मनाक्स्निग्धतरश्च तेन शृङ्गारशंसी मुखराग उक्तः॥' अथ श्यामता सधूमता। श्यामत्वेऽपि सधूमता इति विरोधाभासः।

लेकिन सरस्वती बार बार करवट बदलने लगी, अपने पल्लवशयन को मसल डाला, आँखें मूँद लीं, फिर भी नींद नहीं आई। सोचने लगी—'निश्चय ही मर्त्यलोक समस्त लोकों में बढ़ा-चढ़ा है, जहाँ त्रिभुवन के भूषण, समस्त गुणों के गौरव से भरे, ऐसे ऐसे रत्न पड़े हैं। जैसा कि—चन्द्रमा उसके लावण्य प्रवाह का चूआ हुआ एक बिन्दु ही तो है। उसके नेत्रों के विलास ही तो सफेद, काले और लाल कमलों के आकर हैं। उसके अधरमणि की कान्ति ही तो बन्धूक की खिली हुई वनराजि है। कामदेव

इसके अंग के शोभातिशय का साधन है। उन युवतियों की आँखें, चित्त एवं यौवन पुण्यवान् हैं जिन्होंने इसके दर्शन नहीं किए। मानों दूसरे जन्म का उत्पन्न अधर्म फलित हो गया, जो मैंने क्षण भर इसके दर्शन किए। इस समय क्या करूँ?' यह सोच ही रही थी कि किसी किसी तरह बहुत देर बाद नींद आ गई और क्षण भर सोई रही। सोने पर भी उसी दीर्घलोचन दधीच को देखा। स्वप्न में उसने दूसरी बार दधीच को देखा तो मानों कामदेव ने उसे बड़ी निर्दयता से कान तक खींच कर बाण मारा। जब काम के बाण से घायल सरस्वती की नींद खुली तब उसकी खबर लेने के लिए मानों अरति (वैराग्य) आई। तब वह पुष्पपराग से उज्ज्वल वनलताओं द्वारा ताड़ित न होकर भी वेदना अनुभव करने लगी। मंद मंद हवा से काँपते हुए फूलों की रज उसकी आँखों में न भी पड़ती तो भी वह आँसू बहाती। हंस पक्षियों के पंखों की हवा से फैलते हुए सोन (नदी) के फुहारों द्वारा सिक्त न होने पर भी (पसीने से) तर होने लगी। काले हंसों की जोड़ियों से युक्त वन की कमलिनी की दोलाओं पर न बैठी हुई भी चकराने लगी। विघटित होते हुए जोड़े चक्रवाकों के विरहजन्य निश्वास-धूम से स्पृष्ट न होने पर भी श्यामता (कालिख) को प्राप्त करने लगी। फूल की धूल में लोट पोट करने वाले भौंरों से न काटे जाने पर भी वह उद्विग्न होने लगी।

अथ गणरात्रापगमे निवर्तमानस्तेनैव वर्त्मना तं देशं समागत्य तथैव निवारितपरिजनश्छत्रधारद्वितीयो विकुक्षिर्डुढौके। सरस्वती तु तं दूरादेव संमुखमागच्छन्तं प्रीत्या ससंभ्रममुत्थाय वनमृगीवोद्ग्रीवा विलोकयन्ती मार्गपरिश्रान्तमस्नपयदिव धवलितदशदिशा दृशा। कृतासनपरिग्रहं तु तं प्रीत्या सावित्री पप्रच्छ—'आर्य, कच्चित्कुशली कुमारः?' इति। सोऽब्रवीत्—'आयुष्मति, कुशली। स्मरति च भवत्योः। केवलममीषु दिवसेषु तनीयसीमिव तनुं बिभर्ति। अविज्ञायमाननिमित्तां च शून्यतामिवाधत्ते। अपि च। अन्वक्षमागमिष्यत्येव मालतीति नाम्ना बाणिनी वार्तां वो विज्ञातुम्। उच्छ्वसितं हि सा कुमारस्य' इति। तच्छ्रुत्वा पुनरपि सावित्री समभाषत—'अतिमहानुभावः खलु कुमारो येनैवमविज्ञायमाने क्षणदृष्टेऽपि जने परिचितिमनुबध्नाति। तस्य हि गच्छतो यदृच्छया कथमप्यंशुकमिव मार्गलतासु मानसमस्मासु मुहूर्तमासक्तमासीत्। अशून्यं हि सौजन्यमाभिजात्येन वः स्वामिसूनोः। अलसः खलु लोको यदेवं सुलभसौहार्दानि येन केनचिन्न क्रीणाति महतां मनांसि। सोऽयमौदार्यातिशयः कोऽपि महात्मनामितरजनदुर्लभो

येनोपकरणीकुर्वन्ति त्रिभुवनम्' इति। विकुक्षिस्तूच्चावचैरालापैः सुचिरमिव स्थित्वा यथाभिलषितं देशमयासीत्। W ·

गणरात्रं निशाबहुत्वः। तेनैव वर्त्मनेति। अनेन तस्य यदृच्छया तदाश्रयमागमनमिति दर्शयति। प्रधानप्रकृतेः स्थवीयसस्तथाविधव्यापारविनियोगानौचित्यात्। अत एव वक्ष्यति—'यथाभिलषितं देशमयासीत्'। ढुढौके इत्यनेन निमित्तपरतन्त्रतया संनिकृष्टमेवैनमालुलोकेति प्रदर्शितम्। यदुक्तम्—'पटुता धार्ष्ट्यता इङ्गिताकारज्ञानं प्रतारणे देशकालज्ञता कार्येषु विषह्यबुद्धित्वं लघ्वी प्रतिपत्तिः सापाया च इति दूतीगुणाः'। भरतमुनिरपि—'विज्ञानगुणसंपन्ना कथिनी लिङ्गिनी तथा। रङ्गोपजीविनी चापि प्रतिपत्तिविचक्षणा॥ प्रोत्साहनैककुशलेत्यादिदूतीगुणैर्युता॥' इति। अत एवागृह्याकारतःप्रभृतीत्यादि वक्ष्यते। अन्वक्षं प्रत्यक्षम्। वाणिनी दूती। उच्छ्वसितमित्यनेनातिविस्रम्भवत्ता ख्याता। उच्छ्वसितं प्राण इति वा। यदृच्छया यथाकथंचित्। यश्च तथागच्छति यस्य निरवधानतया क्वचिदंशुकादि गलति। आभिजात्येन महाकुलीनत्वेनोपकरणीकुर्वन्त्यायततां नयन्ति। उच्चावचैः प्रकृतत्रस्त्वसंस्पर्शिभिः, विचित्रैरिति वा।

इस तरह कई रातें गुजर गईं। एक दिन उसी मार्ग से लौटता हुआ विकुक्षि परिजनों को बाहर रोक छत्रवाहक को साथ ले पहुँचा। सरस्वती ने दूर ही से सामने आते हुए उसे देखा और प्रेम से फड़क उठी। वह हिरनी की तरह गर्दन ऊँची उठाकर देखने लगी मानों मार्ग में थके हुए विकुक्षि को दिशाओं को धवलित करने वाली दृष्टि से स्नान कराने लगी। जब वह आकर आसन पर बैठ गया तब सावित्री ने प्रीतिपूर्वक पूछा—'आर्य, क्या कुमार दधीच कुशल से हैं?' उसने कहा—'आयुष्मती, कुमार सकुशल हैं। आप दोनों का स्मरण करते हैं। इन दिनों उनका शरीर क्षीण होता जा रहा है। पता नहीं क्यों, शून्य-शून्य से लगते हैं। और भी, मालती नाम की दूती समाचार लेकर सामने आने वाली है। कुमार का उसे प्राण ही समझना।' यह सुनकर फिर सावित्री बोली—'कुमार सचमुच बड़े ही महानुभाव हैं, जो अज्ञातजन में भी क्षण भर की देखा-देखी में ही अपना परिचय-सम्बन्ध जोड़ रहे हैं। वे जाने लगे तो उनका मन हम लोगों में क्षण भर इस तरह लग गया जैसे मार्ग की लताओं में अंशुक फँस जाता है। आपके स्वामिपुत्र दधीच में कुलीनता के साथ सौजन्य भी है। दुनिया वाले बड़े आलसी होते हैं जो सुलभ सौहार्द वाले महापुरुषों के मन को जिस किसी वस्तु से खरीदते नहीं। महापुरुषों में ही इस तरह बढ़कर उदारता होती है जो इतर लोगों में नहीं होती और जिससे वे लोग त्रिभुवन को अपने वश में कर लेते हैं।' विकुक्षि भी लम्बी बातचीत करके अपने अभिलषित देश की ओर चला गया।

अपरेद्युरुद्यति भगवति द्युमणावुद्दामद्युतावभिद्रुततारके तिरस्कृततमसि तामरसव्यासङ्गव्यसनिनि सहस्ररश्मौ शोणमुत्तीर्यायान्ती, तरलदेहप्रभावितानच्छलेनात्यच्छं सकलं शोणसलिलमिवानयन्ती, स्फुटितातिमुक्तककुसुमस्तबकसमत्विषि सटाले महति मृगपताविव गौरी तुरंगमे स्थिता, सलीलमुरोबन्धारोपितस्य तिर्यगुत्कर्णतुरगाकर्ण्यमाननूपुरपटुरणितस्यातिबहलेन पिण्डालक्तकेन पल्लवितस्य कुङ्कुमपिञ्जरितपृष्ठस्य चरणयुगलस्य प्रसरद्भिरतिलोहितैः प्रभाप्रवाहैरुभयतस्ताडनदोहदलोभागतानि किसलयितानि रक्ताशोकवनानीवाकर्षयन्ती, सकलजीवलोकहृदयहठहरणाघोषणयेव रशनया शिञ्जानजघनस्थला, धौतधवलनेत्रनिर्मितेन निर्मोकलघुतरेणाप्रपदीनेन कञ्चुकेन तिरोहिततनुलता, छातकञ्चुकान्तरदृश्यमानैराश्यानचन्दनधवलैरवयवैः स्वच्छसलिलाभ्यन्तरविभाव्यमानमृणालकाण्डेव सरसी, कुसुम्भरागपाटलं पुलकबन्धचित्रं चण्डातकमन्तःस्फुटं स्फटिकभूमिरिव रत्ननिधानमादधाना, हारेणामलकीफलनिस्तुलमुक्ताफलेन स्फुरितस्थूलग्रहगणशारा, शारदीव श्वेतविरलजलधरपटलावृता द्यौः, कुचपूर्णकलशयोरुपरि रत्नप्रालम्बमालिकामरुणहरितकिरणकिसलयिनीं कस्यापि पुण्यवतो हृदयप्रवेशवनमालिकामिव बद्धां धारयन्ती, प्रकोष्ठनिविष्टस्यैकैकस्य हाटककटकस्य मरकतमकरवेदिकासनाथस्य हरितीकृतदिगन्ताभिर्मयूखसंततिभिः स्थलकमलिनीभिरिव लक्ष्मीशङ्कयानुगम्यमाना, अतिबहलताम्बूलकृष्णिकान्धकारितेनाधरसंपुटेन मुखशशिपीतं ससंध्यारागं तिमिरमिव वमन्ती, विकचनयनकुवलयकुतूहलानिलीयमानयालिकुलसंहत्या नीलांशुकजालिकयेव निरुद्धार्धवदना, नीलीरागनिहितनीलिम्ना शिखिगलशितिना वामश्रवणाश्रयिणा दन्तपत्रेण कालमेघपल्लवेन विद्युदिव द्योतमाना, बकुलफलानुकारिणीभिस्तिसृभिर्मुक्ताभिः कल्पितेन बालिकायुगलेनाधोमुखेनालोकजलवर्षिणा सिञ्चन्तीवातिकोमले भुजलते, दक्षिणकर्णावतंसितया केतकीगर्भपलाशलेखया रजनिकरजिह्वालतयेव लावण्यलोभेन लिह्यमानकपोलतला, तमालश्यामलेन मृगमदामोदनिष्यन्दिना तिलकबिन्दुना मुद्रितमिव मनोभवसर्वस्वं वदनमुद्वहन्ती, ललाटलासकस्य सीमन्तचुम्बिनश्चटुलतिलकमणेरुदञ्चता चटुलेनांशुजालेनेव रक्तांशुकेनेव कृतशिरोवगुण्ठना, पृष्ठप्रेङ्खदनादरसंयमन-

शिथिलजूटिकाबन्धा नीलचामरावचूलिनीव चूडामणिमकरिकासनाथा, मकरकेतुपताकेव कुलदेवतेव चन्द्रमसः, पुनःसंजीवनौषधिरिव पुष्पधनुषः, वेलेव रागसागरस्य, ज्योत्स्नेव यौवनचन्द्रोदयस्य, महानदीव रतिरसामृतस्य, कुसुमोद्गतिरिव सुरततरोः, बालविद्येव वैदग्ध्यस्य, कौमुदीव कान्तेः, धृतिरिव धैर्यस्य, गुरुशालेव गौरवस्य, बीजभूमिरिव विनयस्य, गोष्ठीव गुणानाम्, मनस्वितेव महानुभावतायाः, तृप्तिरिव तारुण्यस्य, कुवलयदलदामदीर्घलोचनया पाटलाधरया कुन्दकुड्मलस्फुटदशनया शिरीषमालासुकुमारभुजयुगलया कमलकोमलकरया बकुलसुरभिनिःश्वसितया चम्पकावदातदेहया कुसुममय्येव ताम्बूलकरण्डवाहिन्या महाप्रमाणाश्वतरारूढयानुगम्यमाना, कतिपयप्रतिचारकपरिकरा मालती समदृश्यत।[1]दूरादेव च दधीचप्रेम्णा सरस्वत्या लुण्ठितेव मनोरथैः, आकृष्टेव कुतूहलेन, प्रत्युद्गतेवोत्कलिकाभिः, आलिङ्गितेवोत्कण्ठया, अन्तःप्रवेशितेव हृदयेन, स्नपितेवानन्दाश्रुभिः, विलिप्तेव स्मितेन, वीजितेवोच्छ्वसितैः, आच्छादितेव चक्षुषा, अभ्यर्चितेव वदनपुण्डरीकेण, सखीकृतेवाशया सविधमुपययौ। अवतीर्य च दूरादेवानतेन मूर्ध्ना प्रणाममकरोत्। आलिङ्गिता च ताभ्यां सविनयमुपाविशत्। सप्रश्रयं ताभ्यां संभाषिता च पुण्यभाजनमात्मानममन्यत। अकथयच्च दधीचसंदिष्टं शिरसि निहितेनाञ्जलिना नमस्कारम्। अगृह्णाच्चाकारतः अभृत्यग्राम्यतया तैस्तैरतिपेशलैरालापैः सावित्रीसरस्वत्योर्मनसी।

अपरेऽरित्यादावीदृशी मालती समदृश्यतेति संबन्धः। दिवि मणिरिव द्युमणिः। वियद्भूषणं सूर्यः। अभिद्रुता न्यक्कृता। तामरसं पद्मम्। व्यासो विकासः। अतिमुक्तकं पुष्पभेदः। केचिन्मालतीलताकुसुममाहुः। सटास्ति यस्येति। 'प्राणिस्थादातो लजन्यतरस्याम्'। गौरी गौराङ्गी, पार्वती च। सजलतुरङ्गाङ्गस्पर्शपरिजिहीर्षयोरोवध्रेत्याद्युक्तम्। प्रियमधुरशब्दत्वादश्वानामाकर्ण्यमानेत्युक्तम्। पिण्डालक्तकः क्वथितोऽलक्तकरसः। दोहदोऽभिलाषः। वाद्यविशेषानुगताङ्घ्रिघोषणा। रशना मेखला। शिञ्जानं शब्दायमानम्। निर्मोकः सर्पत्वक्। आप्रपदं प्राप्नोत्याप्रपदीनः पादं यावत्। छातस्तनुः। कुसुम्भं पद्मकम्। नानावर्णबिन्दुन्यासः पुलकबन्धः, मणिविशेषाश्च पुलकाः। चण्डातकमर्धोरुकम्। कुचावेव कस्यापि पुण्यवत इवेति वक्ष्यमाणाभिप्रायेण पूर्णकलशौ। कस्यापीत्यलौकिकस्य। वनमाला पत्रपुष्पयोजिता स्रक्। सापि पूर्णकलशयोरुपरि बध्यते। प्रकोष्ठः प्रकुञ्चनकः। वेदिका रत्न-

१. तुरगाद्दूरादेवावनतेन।

प्रतिष्ठापीठिका । बहुलं पौनःपुन्येन कृतम् । कृष्णिका कृष्णलेखा । मुखमेव तमःपारप्रतिपिपादयिषया शशी । ताम्बूलकारणत्वेन लौहित्यमेव सम्भवतीति ससन्ध्यारागमित्युक्तम् । नील्योषधिभेदः । शितिर्नीलः । पल्लवः पिण्डः । बालिका कर्णोपवेधेऽलंकारः । अधोमुखेन घटादिना जलवर्षिणा लता सिच्यते । मृगमदः कस्तूरिका । तिलकबिन्दुः परिवर्तुलस्तिलकः । लासको नर्तकः । 'सुवर्ण-शृङ्खलाबद्धो नानारत्नौघमण्डितः । ललाटलम्ब्यलंकारश्चटुलातिलको मतः ॥' अव-चूल चिह्नम् । मकरिका मकराकारं रूपम् । वेला यथा सागरं क्षोभयति तद्वदेवेयं रागम् । क्षोभेन यथा सागरो दुरुत्तर एवमेतयापि रागः । यथा ज्योत्स्नया विना चन्द्रोदयो भवन्नपि न क्वापि विलसन्विभाव्यते तथैतया विना यौवनं सविलासम-न्यत्र न दृश्यते । रतिप्रधानो रसः शृङ्गार एव । माधुर्यातिशययोगित्वात्प्रकृष्टत्वाच्च । ह्लादनममृतम् । यदुक्तम्—'शृङ्गार एव परमः परः प्रह्लादनो रसः' इति । संप्रयोगो रतं रहःशयनं मोहनमिति पर्यायाः । बालविद्या न कंचन मुञ्चति, तद्वदेष वैद-ग्ध्यम् । कौमुदीति । तथाविधकान्त्यतिशयसंभवात् । ध्रियते येन धृतिः । अस्यां सत्यां धैर्यमपि । यद्वा—धृतिः प्रवेशरक्षणम् । यथा प्रविशन्कश्चिद्राजनिकटं ध्रियते केनचित्तथा धैर्यं तावत्प्रसरति । यावदेषा न दृष्टा एतस्यां दृष्टायां सर्वं धैर्यशून्या इति । 'समानविद्यावित्तशीलबुद्धिवयसामनुरूपैरालापैरेकत्रासनबन्धो गोष्ठीमन-स्विता' इत्यनेनैतस्या महानुभावताया व्यभिचारित्वमुच्यते । यस्माद्यत्र मनस्विता तत्र महाशयत्वमेवावश्यं सम्भावयतीति स्थितमेव । तृप्तिरिवेति । यथा कश्चित्संजा-ततृप्तिर्नान्यत्किंचित्पुनरपेक्षते तद्वदासादितमालतीकं तारुण्यम् । एतदाश्रयणेन परिपूर्णवैषयिकोपभोगप्राप्तिस्तारुण्यस्येत्यर्थः । कुसुममय्येवेति । कुवलयादिभिर्न-यनादीनां विधानम् । तरुणोऽश्वोऽश्वतरः । 'वत्सोक्षाश्वर्षभेभ्यश्च तनुत्वम्' इति तनुत्वे तरप् । अत्र च व्याख्यातम्—'तनुत्वं द्वितीयवयःप्राप्तिः' इति । अश्वतरो वा गर्दभेनाश्वायां जातः । मालतीति । एवं दधीचपरिवारभूतया मालत्या गुणवर्णन-द्वारेण सरस्वत्या एव निःसामान्यगुणातिशयो ध्वन्यते । लुण्ठितेवेति । वक्ष्यमाणं प्रार्थनादि । तया मनोरथैरप्रेक्ष्य स्वीकृतमित्यतस्तैर्लुण्ठितेवेत्युक्तम् । लुण्ठनं च पाथेयाभिवितरणमेवमन्यत् । उत्कलिका हृहरुहिका । सविधं समीपम् । अपि च यः स्निग्धो दूरात्सविधमायाति, तस्य लुण्ठनादिसर्वमर्चनावसानं क्रियत इति ध्वनिः । पेशलैर्हृद्यैः ।

अगले दिन आकाश के रत्न, प्रखर किरणों वाले, तारों को भगा देने और अंधकार को हटा देने वाले, कमलों को विकसित करने के शौकीन भगवान सूर्य के उदित होते ही सोन पार करके आती हुई मालती दिखाई पड़ी। अपने शरीर की तरल प्रभा से सोन के जल को वह और भी निर्मल कर रही थी। वह बड़े तुरंगम पर सवार थी, जिसका वर्ण माधवी के फूल की भाँति था, और उसकी गर्दन पर झालर जैसी अयाल थी। मालती

विशाल सिंह पर आरूढ़ गौरी की भाँति लग रही थी। लीला से उसने अपने चरण रकाब पर रखे थे; जब पैर के नूपुर बजते तो उसका घोड़ा कान खड़े करके गर्दन टेढ़ी किए सुनता। आलते से उसके पैर रञ्जित थे। तलवे में कुंकुम लगा हुआ था। उसके पैरों की टहाका लाल कान्ति दोनों ओर फैल रही थी, मानों वह ताड़न की अभिलाषा से रक्ताशोक के हरे-भरे बनों को खींचती आ रही थी। उसके कटि प्रदेश में करधनी बज रही थी, मानों वह जीवलोक के सारे लोगों के मन को हठपूर्वक हरने के लिए घोषणा कर रही हो। उसका सारा शरीर धुले सफेद रेशम के पैरों तक लटकते हुए झीने, साँप की केंचुली की तरह हल्के और बारीक कंचुक से ढँका हुआ था। झीने कंचुक के भीतर चन्दन के सूख जाने से उसके उज्ज्वल अंग दिखाई पड़ रहे थे जैसे सरसी के निर्मल जल के भीतर मृणाल की डंठल झलकती दिखाई देती है। झीने कंचुक के नीचे कुसुंभी रंग का लाल लहँगा झलक रहा था जिस पर रंग-बिरंगी बुंदकियाँ पड़ी हुई थीं, मानों स्फटिक की जड़ाव में मोतियाँ जड़ी हों। आँवले-जैसे बड़े बड़े मोतियों का हार गले में लटक रहा था, वह तारों भरे शरत्काल के आकाश जैसी लग रही थी जिसमें कहीं कहीं सफेद मेघ के टुकड़े घिरे रहते हैं। उसके स्तन रूपी कलश पर रत्नों की प्रालम्ब माला लटक रही थी, मानों किसी पुण्यवान् के हृदय में प्रवेश करने के स्वागत में मङ्गलार्थ घट में वनमाला बँधी हो। उसके एक हाथ की कलाई में सोने का कड़ा था जिसके गाहामुखी सिरों पर पन्ने जड़े हुए थे, उनकी हरित किरणें दिशाओं में फैल रही थीं, मानों स्थल-कमलिनियाँ उसे लक्ष्मी समझ कर पीछे लग गई थीं। उसके अधर पर पान चबाने से काली रेखा पड़ गई थी, मानों उसका मुखचन्द्र पिए हुए संध्याराग के सहित अन्धकार को उगल रहा हो। भौंरे उसके नेत्रों को खिले हुए कुवलय समझ कर छा रहे थे मानों उसका मुख नीले अंशुक की नकाब से ढँका हुआ था। उसके बायें कान का दन्तपत्र नीली राग द्वारा रँग कर नीला कर दिया गया था, उसका वर्ण मयूर की गर्दन की तरह था। मानों विस्तृत नीले मेघ में बिजली के समान मालती शोभ रही थी। मौलसिरी के फल जैसे लम्बोतरे तीन मोती वाली उसके कानों में एक एक बाली थी, जो नीचे लटक कर अपने आलोक के जल से भुज रूपी लता को सींच रही थीं। उसके दाहिने कान पर केतकी का नुकीला टौंसा लगा हुआ था, मानों उसके लावण्य का लोभी चन्द्र अपनी जीभ से उसके कपोल को चाट रहा था। माथे पर कस्तूरी का तिलकबिन्दु तमाल की भाँति श्याम था। कामदेव का सर्वस्व होने के कारण उसके मुँह पर तिलक रूप में जैसे राजकीय मोहर लगी थी। ललाट पर सामने माँग से लटकती हुई चढ्ढला तिलक नामक मणि ऊपर उठती हुई किरणों के रूप में मानों उसके सिर पर लाल अंशुक की पगड़ी बँधी थी। उसके बालों का जूड़ा पीठ पर ठीक से न बाँधने के कारण ढीला होकर लटक रहा था। नीले कमल के समान चूड़ामणि मकरिका उसके सामने केशों में लगी हुई थी। वह कामदेव की पताका, चन्द्रमा

की कुल देवता, काम को फिर से जीवित कर देने वाली संजीवन बूटी, प्रेम के समुद्र की तटी, यौवन रूपी चन्द्रोदय की चाँदनी, रति रस के अमृत की महानदी, सुरत वृक्ष की पुष्पोद्गति, वैदग्ध्य की बाल विद्या, कान्ति की कौमुदी, धैर्य की धृति, गौरव की बड़ी शाला, विनय की बीजभूमि, गुणों की गोष्ठी, महानुभावता की मनस्विता और जवानी की तृप्ति थी। उसके साथ एक बड़े अश्व पर बैठी हुई उसकी ताम्बूलकरंकवाहिनी आ रही थी जिसके अंग-अंग मानों फूल से बने थे, क्योंकि कुवलय की माला-सी बड़ी-बड़ी आँखें, पाटल पुष्प-सा अधर, कुन्द की कलियों जैसे दाँत, शिरीषमाला जैसी सुकुमार दोनों भुजाएँ, कमल जैसे हाथ, मौलसिरी की गन्ध जैसी सरस और चम्पा के समान दमकती देह थी। सरस्वती ने दधीच के प्रेम से मालती को दूर से ही मानों मनोरथ द्वारा लूट लिया, कुतूहल से खींच लिया, मन की तरङ्गों से अगवानी की, उत्कण्ठा से आलिङ्गन किया, हृदय के भीतर रख लिया, आनन्द के आँसू से नहला दिया, स्मित के चन्दन से चर्चित किया, उच्छ्वसितों द्वारा पंखे झलने लगी, आँखों से ढँक दिया, मुख के कमल से पूजा की और आशा से उसे अपनी सखी बना लिया। तब मालती आई और आकर दूर ही से झुककर प्रणाम किया। दोनों से वह अँकवार कर मिली और तब विनयपूर्वक बैठी। सरस्वती ने भी मालती से जब विनयपूर्वक सम्भाषण किया तो उसने अपने आप को धन्यभाग समझा। मालती ने दधीच के सन्देश रूप में 'सिर से हाथ टेककर प्रणाम' को कहा। सावित्री और सरस्वती के मन को उसने अपने अग्राम्य आकार और अतिमधुर बातचीत से हर लिया।

क्रमेण चातीते मध्यंदिनसमये शोणमवतीर्णायां सावित्र्यां स्नातुमुत्सारितपरिजना साकूतेव मालती कुसुमस्रस्तरशायिनीं समुपसृत्य सरस्वतीमाबभाषे—'देवि, विज्ञाप्यं नः किंचिदस्ति रहसि। यतो मुहूर्तमवधानदानेन प्रसादं क्रियमाणमिच्छामि' इति। सरस्वती तु दधीचसंदेशाशङ्किनी किं वक्ष्यतीति स्तननिहितवामकरनखरकिरणदन्तुरितमुद्भिद्यमानकुतूहलाङ्कुरनिकरमिव हृदयमुत्तरीयदुकूलवल्कलैकदेशेन संछादयन्ती, गलतावतंसपल्लवेन श्रोतुं श्रवणेनेव कुतूहलाद्धावमानेनाविरतश्वाससंदोहदोलायितां जीविताशामिव समासन्नतरुणतरुलतामवलम्बमाना, समुत्फुल्लस्य मुखशशिनो लावण्यप्रवाहेण शृङ्गाररसेनेवाप्लावयन्ती सकलं जीवलोकम्, शयनकुसुमपरिमललग्नैर्मधुकरकदम्बकैर्मदनानलदाहश्यामलैर्मनोरथैरिव निर्गत्य मूर्तैराक्षिप्यमाणा, कुसुमशयनीयात्स्मरशरसंज्वरिणी, मन्दं मन्दमुदगात्। 'उपांशु कथय' इति कपोलतलप्रतिबिम्बितां लज्जया कर्णमूलमिव मालतीं प्रवेशयन्ती मधुरया गिरा सुधीरमुवाच—'सखि

मालती, किमर्थमेवमभिदधासि ? काहमवधानदानस्य शरीरस्य प्राणानां वा ? सर्वस्याप्रार्थितोऽपि प्रभवत्येवातिवेलं चक्षुष्यो जनः। सा न काचिद्या न भवसि मे स्वसा सखी प्रणयिनी प्राणसमा च। नियुज्यतां यावतः कार्यस्य क्षमं क्षोदीयसो गरीयसो वा शरीरकमिदम्। अनवस्करमाश्रवं मे त्वयि हृदयम्। प्रीत्या प्रतिसरा विधेयास्मि ते। व्यावृणु वरवर्णिनि, विवक्षितम्' इति। सा त्ववादीत्—'देवि, जानास्येव माधुर्यं विषयाणाम्, लोलुपतां चेन्द्रियग्रामस्य, उन्मादितां च नवयौवनस्य, पारिप्लवतां च मनसः। प्रख्यातैव मन्मथस्य दुर्निवारता। अतो न मामुपालम्भेनोपस्थातुमर्हसि। न च बालिशता चपलता चारणता वा वाचालतायाः कारणम्। न किंचिन्न कारयत्यसाधारणा स्वामिभक्तिः। सा त्वं देवि, यदैव दृष्टासि देवेन तत एवारभ्यास्य कामो गुरुः, चन्द्रमा जीवितेशः, मलयमरुदुच्छ्वासहेतुः, आधयोऽन्तरङ्गस्थानेषु, संतापः परमसुहृत्, प्रजागर आप्तः, मनोरथाः सर्वगताः, निःश्वासा विग्रहाग्रेसराः, मृत्युः पार्श्ववर्ती, रणरणकः संचारकः, संकल्पा बुद्ध्युपदेशवृद्धाः। किंच विज्ञापयामि। अनुरूपो देव इत्यात्मसंभावना, शीलवानिति प्रक्रमविरुद्धम्, धीर इत्यवस्थाविपरीतम्, सुभग इति त्वदायत्तम्, स्थिरप्रीतिरिति निपुणोपक्षेपः, जानाति सेवितुमित्यस्वामिभावोचितम्, इच्छति दासभावमामरणात्कर्तुमिति धूर्तालापः, भवनस्वामिनी भवेत्युपप्रलोभनम्, पुण्यभागिनी भजति भर्तारं तादृशमिति स्वामिपक्षपातः, त्वं तस्य मृत्युरित्यप्रियम्, अगुणज्ञासीत्यधिक्षेपः, स्वप्नेऽप्यस्य बहुशः कृतप्रसादासीत्यसाक्षिकम्, प्राणरक्षार्थमर्थयत इति कातरता, तत्र गम्यतामित्याज्ञा, वारितोऽपि बलादागच्छतीति परिभवः। तदेवमगोचरे गिरामसीति श्रुत्वा देवी प्रमाणम्' इत्यभिधाय तूष्णीमभूत्।

आकूतमभिप्रायः। रहस्येकान्ते। सरस्वतीत्यादौ। सरस्वती कुसुमशयनीयादुद्गादुदतिष्ठदिति संबन्धः। अवतंसपल्लवेन गलतेतीत्थंभूतलक्षणे तृतीया। संदोहः समूहः। संज्वरः संतापः। उपांश्वनुच्चम्। अतिवेलमतिमात्रम्। 'अतिपेशलः' इति पाठे पेशलः। सुन्दरः। चक्षुष्योऽनुकूलः। त्वमिव व्यक्तम्। चक्षुष्य इति भङ्ग्या दधीच इति ध्वनति। स्वसा भगिनी। प्रणयिनी विश्वस्ता। अतिशयेन क्षुद्रमल्पं क्षोदीयः। 'ज्ञेयं गुह्यमवस्करम्'। आश्रवं वचसि स्थितम्। प्रतिसरानुकूला। विधेया

वश्या । व्याकृणु प्रकटय । वरवर्णिनि वरारोहे । लोलुपतां साभिलाषत्वम् । 'चलार्थकौ निगद्येते पारिप्लवपरिप्लवौ' । बालिशोऽज्ञः । चारणता धूर्तता । असाधारणानन्यसदृशी । देवी देवेनेति च परस्परसमगुणयोगित्वमभिव्यनक्ति । गुर्लारीयान्, उपदेष्टा वा । तद्वशवर्तित्वात् । यश्च देवस्तस्य गुरुराचार्यः कश्चिदवश्यं सम्भवति । जीवितस्येश्वरः स्वामी जीवितेशः । शिशिरतया मदनदाहप्रशमनहेतुत्वात् । अमृतमयत्वेन च जीवितसन्धारणशक्तत्वात् । अथ च जीवितेशो मृत्युः । चन्द्रादयो ह्यापातत एव तापं शमयन्ति, अनवरतं सेव्यमानाः पुनः कामोद्दीपकत्वेन मृत्युं दिशन्ति । राजपक्षे जीवितेशः कश्चित्पुरोहितप्रायः । उच्छ्वसनमुच्छ्वासस्तत्र हेतुः । अथ च श्वासोत्क्रान्तौ कारणम्, इतरत्र सचिवप्राया विश्वसनीयाः । आधयश्चित्तपीडाः । अत एवान्तरङ्गमन्तःशरीरं यानि स्थानानि तेषु, इतरत्रान्तरङ्गान्तर्वंशिकस्तत्स्थानेषु विश्वसनीयजनाधिकारेषु । परं प्रकृष्टम् । असुहरोऽमित्रो वा । अन्यत्र—परमसुहृन्मित्रं च । आप्तः प्राप्तो बान्धवप्रायः कश्चित । सर्वगताश्चारा अपि संस्थाख्याः । विग्रहो विरोधः, देहश्च । मृत्युरिति । त्वदनङ्गीकारेण निश्चितं म्रियते । राज्ञोऽपि पार्श्वे मृत्युस्तिष्ठत्येव । रणरणको दुःखमरतिकृतम् । अत एव संचारक एकत्र नरे सम्भवदितरत्र संचारयति, चरितं वस्तु यः प्रापयते सः । द्विविधा हि चाराः—संस्थाः, संचारकाश्च । वृद्धा महान्तः, स्थविराश्च । अनुरूप इत्यादिनेदमिदं तत्रास्तीति वक्रोक्त्या सातिशयं मालती वैदग्ध्येनाह । प्रक्रम आरम्भः । निपुणोपक्षेपो बुद्धिमत्प्रक्रमः । धूर्तालापः प्रतारणावचनम् । यानि न इति । भवत्येवेत्यर्थात् ।

बातचीत में दिन चढ़ गया । तब सावित्री उधर शोण में स्नान करने उतरी । इधर मौका पाकर मालती परिजनों को वहाँ से अलग करके फूल के बिस्तर पर लेटी हुई सरस्वती के पास आकर बोली—'देवि, एकान्त में कुछ मुझे आपको सूचित करना है, इसलिए चाहती हूँ कि क्षणभर आप प्रसन्नता से ध्यान देकर सुनें ।' दधीच के संदेश की आशंका से 'न मालूम क्या कहेगी' सरस्वती यह सोचने लगी । छाती पर रखे हुए उसके बायें हाथ के नख की किरणें ऐसी लग रही थीं मानों कुतूहल का अंकुर हृदय से निकल रहा हो । वह ऐसे हृदय को दुकूल वल्कल के अँचरे के खूँट से ढँक रही थी । कान में लगा हुआ पल्लव गिरने लगा, मानों उसका कान ही सुनने के कुतूहल से दौड़ पड़ा हो । निरन्तर साँस के झूले पर बैठी हुई जीविताशा को समीप के तरुण वृक्ष पर मानों अवलम्बित करने के लिए सहारा ले रही थी । खिलखिलाए हुए मुखचन्द्र के लावण्य की धारा से शृङ्गार रस के रूप में प्रवाहित करके मानों समस्त जीवलोक को भरने लगी । शय्या के फूल के रस पीने में लगे हुए, मदनाग्नि से जले उसके मनोरथ के रूप में श्यामवर्ण वाले भौंरों ने उसे झटका दिया और कामज्वर से पीड़ित वह अपने

पुष्पशयन से धीरे धीरे उठो। 'धीरे बोल' यह कहती हुई सरस्वती अपने कपोल पर प्रतिबिम्बित मालती को लज्जा से मानों अपने कानों में पहुँचाती हुई मधुर आवाज से धीरतापूर्वक बोली—'सखी मालती, कैसी बात कर रही है? मैं क्या अवधान देकर सुनूँ? शरीर और प्राण पर भी मेरा वश नहीं। प्रार्थना के बिना ही प्रियजन का प्रभुत्व सब पर व्याप्त हो रहा है। तू तो मेरी सब कुछ है, बहन तू, सखी तू, प्रणयिनी तू, और प्राणसमा भी तू। छोटे-बड़े किसी योग्य काम के लिए इस शरीर को नियुक्त कर। मेरा हृदय तेरे प्रति निर्मल और बात पर अटल रहने वाला है। तू प्रेम से मुझे अनुकूल और अपने वश में कर ले। री मालती, कह, क्या कहना चाहती है?' वह बोली—'देवि, तू जानती ही है कि विषय मधुर लगते हैं, इन्द्रियाँ लोलुप होती हैं, नई जवानी मतवाली होती है, मन चञ्चल रहता है। काम को रोकना कठिन है यह बात प्रसिद्ध ही है। तो मुझे तू उपालम्भ न देना। मेरी इस वाचालता का कारण मूर्खता, चपलता या धूर्तता नहीं है। स्वामी की भक्ति क्या नहीं कराती? जब से तुम्हें उन्होंने देखा है तभी से कामदेव उनका आचार्य बन बैठा है, चन्द्रमा उनके प्राणों का अधिपति हो गया, मलयानिल उनके उच्छ्वास का कारण बन गया, मन की व्यथाएँ अन्तरंग बन गईं, सन्ताप परममित्र बन गया, जागरण आत्मीय हो गया, मनोरथ अव्यवस्थित हो गए, निश्वास विरह के आगे चलने लगे, मृत्यु पार्श्वचर हो गई, मानसिक दुःख ही सचारक बने, संकल्प ही बुद्धि के उपदेशक वृद्ध बने। और क्या कहूँ? अगर कहती हूँ 'देव दधीच सुयोग्य हैं, तो अपने सम्मान की बात होती है; 'वे सुशील हैं' तो बात प्रसंग के विरुद्ध होती है; 'धीर हैं' यह बात मदनावस्था से विपरीत है, 'सुभग हैं' यह तो तुम कह सकती हो; 'उनकी प्रीति स्थिर है' यह चतुरता की बात होती है; 'सेवा करना वे जानते हैं' यह कहना स्वामी के लिए उचित नहीं; 'मरने तक तुम्हारी दासता चाहते हैं' यह प्रलोभन हुआ; 'धन्यभाग नारी ही ऐसे पति को प्राप्त करती है' यह स्वामी के प्रति मेरा पक्षपात करना है; 'तू उसकी मृत्यु है' यह बात अप्रिय होती है; 'तू गुणों को नहीं समझती' यह निन्दा की बात होती है; 'स्वप्न में भी तुमने इस पर बहुत बार प्रसन्नता की' इस बात में कोई साक्षी नहीं; 'अपने प्राणों की भीख माँगता है' यह कातरता है; 'वहाँ जाओ' यह आज्ञा होती है; 'रोकने पर भी हठपूर्वक आता है' यह अनादर की बात है। इस प्रकार तुमसे मैं कुछ नहीं कह पाती। बस मुझे यही कहना है।' यह कहकर मालती चुप हो गई।

अथ सरस्वती प्रीतिविस्फारितेन चक्षुषा प्रत्यवादीत्—'अयि, न शक्नोमि बहु भाषितुम्। एषास्मि ते स्मितवादिनि वचसि स्थिता। गृह्यन्तामभी प्राणाः' इति। मालती तु 'देवि, यदाज्ञापयसि, अतिप्रसादाय' इति व्याहृत्य प्रहर्षपरवशा प्रणम्य प्रजविना तुरगेण ततार शोणम्।

अगाच्च दधीचमानेतुं च्यवनाश्रमपदम्। इतरा तु सखीस्नेहेन सावित्रीमपि विदितवृत्तान्तामकरोत्। उत्कण्ठाभारभृता च ताम्यता चेतसा कल्पायितं कथंकथमपि दिवसशेषमनैषीत्, अस्तमुपगते च भगवति गभस्तिमति, स्तिमिततरमवतरति तमसि, प्रहसितामिव सितां दिशं पौरंदरीं दरीमिव केसरिणि मुञ्चति चन्द्रमसि सरस्वती शुचिनि चीनांशुकसुकुमारतरे तरङ्गिणि दुगूलकोमलशयने इव शोणसैकते समुपविष्टा स्वप्रकृतप्रार्थना पादपतनलग्नां दधीचचरणनखचन्द्रिकामिव ललाटिकां दधाना, गण्डस्थलादर्शप्रतिबिम्बितेन 'चारुहासिनि, अयमसावाहूतो हृदयदयितो जनः' इति श्रवणसमीपवर्तिना निवेद्यमानमदनसंदेशेनेवेन्दुना, विकीर्यमाणनखकिरणचक्रवालेन वालव्यजनीकृतचन्द्रकलाकलापेनेव करेण वीजयन्ती स्वेदिनं कपोलपट्टम्, 'अत्र दधीचादृते न केनचित्प्रवेष्टव्यम्' इति तिरश्चीनं चित्तभुवा पातितां विलासवेत्रलतामिव बालमृणालिकामधिस्तनं स्तनयन्ती कथमपि हृदयेन वहन्ती प्रतिपालयामास। आसीच्चास्या मनसि—'अहमपि नाम सरस्वती यत्रामुना मनोजन्मना जानत्येव परवशीकृता। तत्र का गणनेतरासु तपस्विनीष्वतितरलासु तरुणीषु' इति।

प्रजविनेति साभिप्रायम्। अस्तमित्यादौ सरस्वती प्रतिपालयामासेति संबन्धः। गभस्तिमान्रविः। पौरंदर्यैन्द्री। दरी गुहा। चीनेत्यादि सैकतविशेषणम्। उपमानस्य तु दुगूलकोमल इत्युक्तम्। तरङ्गिणी प्रतिदिनं क्षीयमाणेन वारिणा कृतलेखे भङ्गियुक्ते च। चन्द्रिका कान्तिरत्र। ललाटालंकारो ललाटिका। चक्रवालं समूहः। बालव्यजनं चामरम्। स्तनमध्ये प्रवेशाभावात्तिरश्चीनमित्युक्तम्। यश्च वेत्री प्रवेशनिषेधननिमित्तं वेत्रलतां पातयति स तिरश्चीनः। स्तनयोरधिस्तनम्। विभक्त्यर्थेऽव्ययीभावः। कुचपृष्ठ इत्यर्थः। स्तनयन्ती कलयन्ती। स्तनिः शब्दार्थश्चौरादिकः। 'स्तनन्ती' इति वा पाठः। तपस्विनीषु वराकीषु।

तब सरस्वती उसे प्रसन्नता से घूर कर देखती हुई बोली—'सखी मालती, मैं बहुत बात नहीं कर सकती। मैं तेरी बात मान जाती हूं। मेरे प्राणों को तू ग्रहण कर।' मालती ने कहा—'देवि, आपकी प्रसन्नता के लिए आज्ञा शिरोधार्य है।' मालती यह कह और अपने तेज घोड़े पर चढ़ सोन के उस पार चली गई और दधीच को लाने के लिए च्यवनाश्रम पहुँची। सरस्वती ने इस वृत्तान्त को सखी के स्नेह से सावित्री को भी सुना दिया। चित्त में उत्सुकता का बोझ लिए किसी-किसी प्रकार खिन्न होकर दिन को व्यतीत किया।

जब भगवान् सूर्य अस्त हो गए, धीरे धीरे अन्धकार भी उतरने लगा और चन्द्रमा जैसे सिंह गुफा से निकलता है वैसे ही हँसती हुई उज्ज्वल पूर्व दिशा को छोड़ने लगा, तब सरस्वती पवित्र चीनांशुक के समान कोमल, और तरंगों के चिन्ह वाली मानों चादर से युक्त कोमल शय्या के सदृश सोन की रेत पर आकर बैठी और प्रतीक्षा करने लगी। वह ललाट का आभूषण धारण कर रही थी, मानों वह स्वप्न में प्रार्थना करने के लिए पैरों पर गिरने से दधीच के नखों की ज्योत्स्ना हो। उसके गालों के आइने में चन्द्रमा प्रतिबिम्बित हो रहा था, मानों वह उसके कान के पास आकर काम का यह संदेश उसे सुना रहा था कि 'हे चारुहासिनी, देख, मैंने तेरे हृदय दयित दधीच को तेरे पास पहुंचा दिया।' हाथ के नखों की किरणें चारों ओर फैल रही थीं, मानों उसने चन्द्र की कलाओं को ही चंवर बना दिया हो, ऐसे हाथ को वह पसीने से तर अपने गालों पर झल रही थी वह अपने स्तनों पर किसी प्रकार बाल मृणालिकाओं को धारण किए थी। 'यहाँ दधीच के अतिरिक्त कोई दूसरा प्रवेश न करे' इसलिए काम ने मानों अपनी वेत्रलता वहाँ छोड़ दी थी। उसने मन में सोचा—'सरस्वती होकर भी मैं जब इस काम द्वारा सब कुछ समझते हुए भी परवश कर दी गई, तो उन बेचारी अतिचपल स्वभाव वाली तरुण नारियों की क्या गणना ?'

आजगाम च मधुमास इव सुरभिगन्धवाहः, हंस इव कृतमृणालधृतिः, शिखण्डीव घनप्रीत्युन्मुखः, मलयानिल इवाहितसरसचन्दनधवलतनुलतोत्कम्पः, कृष्यमाण इव कृतकरकचग्रहेण ग्रहपतिना, प्रेर्यमाण इव कन्दर्पोद्दीपनदक्षेण दक्षिणानिलेन, उह्यमान इवोत्कलिकाबहुलेन रतिरसेन, परिमलसंपातिना मधुपपटलेन पटेनेव नीलेनाच्छादिताङ्गयष्टिः, अन्तःस्फुरता मत्तमदनकरिकर्णशङ्खायमानेन प्रतिमेन्दुना प्रथमसमागमविलासविलक्षस्मितेनेव धवलीक्रियमाणैककपोलोदरो मालतीद्वितीयो दधीचः। आगत्य च हृदयगतदयितानूपुररवविमिश्रयेव हंसगद्गदया गिरा कृतसंभाषणो यथा मन्मथः समाज्ञापयति, यथा यौवनमुपदिशति, यथा विदग्धताध्यापयति, यथानुरागः शिक्षयति, तथा तामभिरामां रामयामास। उपजातविस्रम्भा चात्मानमकथयदस्य सरस्वती। तेन तु सार्धमेकदिवसमिव संवत्सरमधिकमनयत्।

आजगामेत्यादौ आजगामेति सम्बन्धः। सुरभिगन्धवाहो वातः सुरभिगन्धं च यो वहति। धृतिर्धारणम्, प्राणयात्रा च। घनः। सरसं सान्द्रं यच्चन्दनं तेन धवलया तनुलतयाहितश्च उत्कम्पः कामधर्मो यस्य। अन्यत्र—चन्दनाश्च धवाश्च

के वनों से उड़-उड़ कर उजले पराग उस प्रकार भर कर शोभा उत्पन्न करते थे जैसे प्रमथ गणों के भस्म रमाने से भगवान् शिव के नगर-मार्ग शोभित हो जाते हैं। गाँव के गायड़े में साग के साँवले अँखुर लग रहे थे। निर्गम के मार्गों में ऊँट के बच्चे आखरोट के पत्ते तोड़कर चट कर जाते। हाथों से पचकाकर चुभाए हुए मातुलुंगी के कोमल फलों के रस से लिपे, स्वेच्छा से तोड़े गए पुष्पों के पराग से भरे लतामण्डप थे जहाँ ताजे फलों को चूस कर पथिक लोग सुख-पूर्वक सोते, मानों वनदेवताओं ने अमृतरस के पनसाले के रूप में उन्हें अर्पित किया हो। और भी, वहाँ जिनके लाल लाल बीजों में मानों सुग्गे के चोंच की लाली लग गई हो ऐसे अनार के फल लगे थे। उन पर बैठे हुए वानरों के लाल-लाल गालों को देखकर फूलों का भ्रम होने लगता था। वहाँ के उपवनों में माली नारियल के फलों का पानी पीते थे। राह चलते लोग पिंड खजूर लपक लेते थे। लंगूर मधुर गंध से भरी ताड़ी को चाट जाते। चकोर आरुक नामक फलों को कुतर डालते। लम्बे-लम्बे ककुभ वृक्षों की श्रेणियों से वहाँ के जलाशय घिरे हुए थे। उनमें पशुओं के उतर कर जल पीने से किनारे का पानी मटमैला रहता था। सैकड़ों राही वहाँ आकर टिकते थे। ऊँटों के पालने वाले लोग ऊँटों के साथ-साथ मेड़ों को भी चारों ओर जुटाते थे। कहीं कहीं

कृतसंबाधः, दिशि दिशि रविरथतुरगविलोभनायेव विलोठनमृदितकुङ्कुमस्थलीरससमालब्धानामुत्प्रोथपुटैरुन्मुखैरुदरशायिकिशोरकजवजननाय प्रभञ्जनमिव चापिबन्तीनां वातहरिणीनामिव स्वच्छन्दचारिणीनां वडवानां वृन्दैर्विचरद्भिराचितः, अनवरतक्रतुधूमान्धकारप्रवृत्तैर्हंसयूथैरिव गुणैर्धवलितभुवनः, संगीतगतमुरजरवमत्तैर्मयूरैरिव विभवैर्मुखरितजीवलोकः, शशिकरावदातवृत्तैर्मुक्ताफलैरिव गुणिभिः प्रसाधितः, पथिकशतविलुप्यमानस्फीतफलैर्महातरुभिरिव सर्वातिथिभिरभिगमनीयः, मृगमदपरिमलवाहिमृगरोमाच्छादितैर्हिमवत्पादैरिव महत्तरैः स्थिरीकृतः, प्रोद्दण्डसहस्रपत्रोपविष्टद्विजोत्तमैर्नारायणनाभिमण्डलैरिव तोयाशयैर्मण्डितः,

---

वत्सा। प्रभञ्जनं वातम्। वडवा अश्वाः। धूमान्धकारप्रवृत्तैर्वर्णैर्वर्धितभुवन इति विरोधच्छाया। हंसानामप्यन्धकारप्रवृत्तत्वं तमसि प्रचारात्। प्रवृत्तैराविर्भूतैः। हंसपक्षे—पलायितैः। वृत्तं चरितम्, परिवर्तुलं च गुणिभिः शौर्यादिगुणयुक्तैः, ससूत्रैश्च। फलमैश्वर्यमपि। अभिगमनीयः सेव्यः। मृगमदः कस्तूरिका। मृगरोमशब्देन तत्कृतवस्त्रमुच्यते। यस्य राङ्कवमिति संज्ञा। यथा च—'राङ्कवं मृगरोमजम्'। अन्यत्र,—मृगाणां रोमाणि। पादाः प्रत्यन्तपर्वताः। महत्तरैर्वृद्धैः, विपुलैश्च। सहस्रपत्राणि पद्मानि। द्विजोत्तमाः पक्षिश्रेष्ठाः, ब्राह्मणाश्च द्विजोत्तमाः।

दिशाओं में घोड़ियाँ मानों सूर्य के रथ के घोड़ों को लुभाने के लिए चरती थीं। कुंकुम की भूमि में भुँहलेट करने से कुंकुम का रस उनके शरीर में लग जाता था। मुँह उठा कर थुथुन को मरोड़ जब वे हवा पीतीं तो लगता कि अपने पेट के बच्चे को हवा की गति सिखाने का प्रयत्न करती हैं। वे वातहरिणियों के समान स्वच्छन्द विचरण करती थीं। निरन्तर यज्ञ-धूम के अन्धकार द्वारा फैलते हुए गुण हंसयूथ की भाँति लगते थे। वह जनपद संगीत में मृदङ्ग की आवाज पर मत्त होकर नाचते हुए मयूरों के समान अपने विभव से सारे जीवलोक को मुखरित कर रहा था। चन्द्रमा की किरणों के समान अवदात चरित वाले मुक्ता-रूप गुणिजनों से वह सुशोभित था। सैकड़ों राही जैसे किसी महान् वृक्ष के फलों को लपक-लपक कर लेने लगते हैं उसी प्रकार सब अतिथि वहाँ आकर तृप्त होते थे। कस्तूरी की सुगन्ध में बसे हुए मृगरोम द्वारा निर्मित वस्त्र को पहनने वाले, हिमालय के समीप के पर्वतों के समान वहाँ महत्त्वशाली लोग रहते थे। विष्णु के नाभि-मण्डल के समान वहाँ अनेक जलाशय थे, जिनमें खिले हुए ऊँचे कमलों पर उत्तम पक्षी[1] सुशोभित होते थे। दूध के महने से उठा हुआ महाघोष वहाँ की पृथिवी को धोता

---

१. विष्णु की नाभि के पक्ष में द्विजोत्तम अर्थात् ब्रह्माजी।

मथितपयःप्रवाहप्रक्षालितक्षितिभिः क्षीरोदमथनारम्भैरिव महाघोषैः पूरिताशः श्रीकण्ठो नाम जनपदः।

यत्र त्रेताग्निधूमाश्रुपातजलक्षालिता इवाक्षीयन्त कुदृष्टयः। पच्यमानचयनेष्टकादहनदग्धानीव नादृश्यन्त दुरितानि। छिद्यमानयूपदारुपरशुपाटित इव व्यदीर्यताधर्मः। मखशिखिधूमजलधरधाराधौत इव ननाश वर्णसंकरः। दीयमानानेकगोसहस्रशृङ्गखण्ड्यमान इवापलायत कलिः। सुरालयशिलाघट्टनटङ्कनिकरनिकृत्ता इव व्यदीर्यन्त विपदः। महादानविधानकलकलाभिद्रुता इव प्राद्रवन्नुपद्रवाः। दीप्यमानसत्रमहानससहस्रानलसंतापिता इव व्यलीयन्त व्याधयः। वृषविवाहप्रहतपुण्यपटहपटुरव-

---

मथितं तक्रम्, विलोडितं च। पयः क्षीरम्। उभयत्रापि मथनमन्था क्षीरोदस्य। घोषो गोष्ठः, शब्दश्च। आशा आशंसा, दिशश्च।

'दक्षिणाग्निर्गार्हपत्याहवनीयौ त्रयोऽग्नयः। अग्नित्रयमिदं त्रेता' इत्यमरसिंहः। अनेकार्थवर्गेऽपि—'त्रेताग्नित्रितये युगे'। त्रेताग्निरूपोऽग्निरित्यग्निप्रकर्षार्थं त्रेतापदम्। अन्यथा तादृशस्याग्नेर्ग्रहणं प्रसज्येत। कुत्सितानि लोकायतादीनां वेदविरुद्धानि दर्शनादीनि, कुत्सिताश्च दृष्टयः कुदृष्टयः। यत्र त्रेताग्नयो हूयन्ते तत्र क्षालिता आविर्भावाद्दृष्टिर्निर्मला भवति। चयनं चित्या विशिष्टाग्निस्थानम्। घनधाराधौतो ह्यवश्यं संकीर्णवर्णो नीलादिर्नश्यति। वर्णाश्च विप्राद्याः। टङ्कः पाषाणदारणः। सत्रं सदादानम्। महानसं पाकस्थानम्। वृषविवाहो नीलवृषोत्सर्गः। यत्र घृतसुभि-

---

हुआ दिशाओं में भरने लगता था, तब ऐसा लगता कि क्षीर-सागर के मंथन का आरम्भ हो गया हो।

वहां त्रिविध[1] अग्नियों से उत्पन्न धुएँ के लगने के कारण निकले हुए अश्रुजल से धुल कर मानों असत् दृष्टियां (विचार) समाप्त हो गई थीं। चयन-यज्ञ के ईंटे की अग्नियों से मानों जल कर पाप दिखाई नहीं देने लगे। यूप की छिली हुई लकड़ी में बांध कर फरसे से काटे गए पशु की भांति मानो अधर्म विदीर्ण हो गया। यज्ञ की अग्नि से उठे हुए मेघ की भाँति धुएँ की जलधार से धुल कर मानों वर्णों (जातियों) की विषमता मिट गई। दान में दी जाती हुई हजारों की संख्या में गायों के सींगों से मानों टुकड़े-टुकड़े होकर कलि भाग गया। विपत्तियां मानों देवमन्दिर के पत्थरों को छांटने वाली टाँकियों से खण्डित होकर चूर्ण हो गईं। उपद्रव मानों महादानों के समय में होने वाले कोलाहल से ऊब कर भाग गए। व्याधियाँ मानों सत्रों के रसोइयाघर

---

१. त्रिविध अग्नियाँ—दक्षिणाग्नि, गार्हपत्य और आहवनीय। इन्हें त्रेता कहते हैं।

आसिता इव नोपासर्पन्नपमृत्यवः संततब्रह्मघोषबधिरीकृता इवापजग्मु-रीतयः। धर्माधिकारपरिभूतमिव न प्राभवद्दैवम्।

तत्र चैवंविधे नानारामाभिरामकुसुमगन्धपरिमलसुभगो यौवनारम्भ इव भुवनस्य, कुङ्कुममलनपिञ्जरितबहुमहिषीसहस्रशोभितोऽन्तःपुरनिवेश इव धर्मस्य, मरुदुद्धूयमानचमरीबालव्यजनशतधवलितप्रान्त एकदेश इव सुरराज्यस्य, ज्वलन्मखशिखिसहस्रदीप्यमानदशदिगन्तः शिबिरसंनि-वेश इव कृतयुगस्य; पद्मासनस्थितब्रह्मर्षिध्यानाधीयमानसकलाकुशलप्र-शमः प्रथमोऽवतार इव ब्रह्मलोकस्य, कलकलमुखरमहावाहिनीशतसंकुलो

गोभिः सह दान्तोऽरण्ये स्वैरविहाराय परित्यज्यते। ब्रह्मघोषो वेदध्वनिः। 'अति-वृष्टिरनावृष्टिर्मूषकाः शलभाः शुकाः। अत्यासन्नाश्च राजानः षडेता ईतयः स्मृताः॥' इति।

तत्र चेत्यादौ। स्थाण्वीश्वराख्यो जनपदविशेष इति संबन्धः। आरामा उप-वनानि, रामाश्च भार्याः। गन्धस्य परिमलस्याभोगोऽनुभवः, संस्कारः। मलनं निवर्तनम्, समालम्भनं च। महिषी मुख्या जायापि। मरुतो वाताः, देवाश्च। शिबिरसंनिवेशः कटकबन्धः। कृतं प्रतिसमाहितं युगं द्वयं स्वपक्षपरपक्षरूपं येन स राजोच्यते; कृतयुगं वाद्यो युगभेदः। पद्मासनमासनभेदः, पद्ममेवासनं च। ब्रह्मर्षय उत्तमद्विजाः। ब्रह्मा चासावृषिश्चेति। यद्वा,–पद्मासनस्थितो ब्रह्मा च ऋषयश्चेति द्वन्द्वः। वाहिन्यो नद्यः, सेना च। विपक्षो बलम्, मेरुसमीपवासिनो जनाश्चोत्तरकुरवः। ईश्वरमार्गणो राजदण्डसाधनयाच्ञा, हरशरश्चेश्वरमार्गणः।

में जलती हुई अग्नियों के ताप से संतप्त होकर विलीन हो गईं। वृषोत्सर्ग के अवसर पर बजाए गए नगाड़ों की ध्वनि से डर कर मानों अपमृत्यु पास में नहीं फटकती थी। ईति बाधाएं मानों निरन्तर वेदध्वनि के होने से बहरी होकर चली गईं। दुर्भाग्य मानों धर्म के अधिकार से परिभूत होकर उत्पन्न ही नहीं हुआ।

इस प्रकार के उस जनपद में स्थाण्वीश्वर नाम की राजधानी थी। अनेक उपवनों में सुन्दर फूलों की फैलती हुई गन्ध से ऐसा लगता था मानों संसार के यौवन का आरम्भ होने लगा हो। कुंकुम की उबटन से हजारों सुन्दरियाँ अपने शरीर की श्रीवृद्धि करती थीं, मानों वह धर्म का अन्तःपुर हो। वायु से कम्पित चमरी गाय के बालों से उसके समीप का भू-भाग सफेद था, मानो वह स्वर्ग का एकदेश हो। जलती हुई हजारों अग्नियों से समस्त दिशाएं प्रकाशित थीं मानो वह सतयुग का सेनानिवेश (सेना के रहने की छावनी) हो। पद्मासन लगाकर बैठे हुए ब्रह्मर्षि सारे अकुशलों का शमन करते थे, मानो वह ब्रह्मलोक का प्रथम अवतार हो। बड़ी-बड़ी सैकड़ों नदियां

विपक्ष इवोत्तरकुरूणाम्, ईश्वरमार्गणसंतापानभिज्ञसकलजनो विजिगीषुरिव त्रिपुरस्य, सुधारससिक्तधवलगृहपङ्क्तिपाण्डुरः प्रतिनिधिरिव चन्द्रलोकस्य, मधुमदमत्तकाशिनीभूषणरवभरितभुवनो नामाभिहार इव कुबेरनगरस्य, स्थाण्वीश्वराख्यो जनपदविशेषः।

यस्तपोवनमिति मुनिभिः, कामायतनमिति वेश्याभिः, संगीतशालेति लासकैः, यमनगरमिति शत्रुभिः, चिन्तामणिभूमिरित्यर्थिभिः, वीरक्षेत्रमिति शस्त्रोपजीविभिः, गुरुकुलमिति विद्यार्थिभिः, गन्धर्वनगरमिति गायनैः, विश्वकर्ममन्दिरमिति विज्ञानिभिः, लाभभूमिरिति वैदेहकैः, द्यूतस्थानमिति बन्दिभिः, साधुसमागम इति सद्भिः, वज्रपञ्जरमिति शरणागतैः, विटगोष्ठीति विदग्धैः, सुकृतपरिणाम इति पथिकैः, असुर-

---

संतापानभिज्ञेति। ईश्वरशरेण हि सस्त्रीकं त्रिपुरं दग्धम्। योधजनास्ते हि युद्धे देवैर्हता इत्याहुः। जेताऽत्र विजिगीषुः। 'सुधा मकोलामृतयोः'। मत्तकाशिनी मुख्या स्त्री, यक्षिणी च। नामाभिहारः पर्यायान्तरम्।

लासकैर्नटैः। वैदेहकैर्वणिग्भिः। द्यूतस्थानमिति साधुभ्यो भागो दीयते तत्र।

(महावाहिनी या सेनाएं) अपनी कलकल से उसे भर देती थीं, मानो उत्तर कुरु ही वहां आ गए हों। राजा के छल-पूर्वक कर लेने की बात तो वहां के लोग जानते ही नहीं थे, मानो वह त्रिपुर के जीतने का इच्छुक है। सुधा[1] के रस से पुते हुए उजले-उजले वहां भवन थे, मानों वह चन्द्रलोक का प्रतिनिधि हो। मधुपान से मतवाली कामिनियों के गहनों की आवाज सारे भुवन में व्याप्त हो जाती थी मानो वह कुबेर की नगरी अलका का ही बदला हुआ रूप हो।

मुनि लोग उसे तपोवन कहते, वेश्याएं उसे कामायतन (कामोपभोग का स्थान) समझतीं, लासक अर्थात् नर्तक लोग समझते कि यह संगीतशाला है, शत्रु समझते कि यमनगर है, याचक समझते कि चिन्तामणि की भूमि है, शस्त्रों की जीविकावाले लोग उसे वीरक्षेत्र कहते, विद्यार्थी उसे गुरुकुल कहते, गाने वाले उसे गन्धर्वनगर समझते, वैज्ञानिक उसे विश्वकर्मा का मन्दिर समझते, वणिक् लोग कहते कि आमदनी की जगह है, बन्दी लोगों का निर्णय था कि जुआ खेलने योग्य स्थान है, सज्जन लोग उसे साधु-समागम कहते, शरणार्थी लोग उसे वज्रनिर्मित पिंजड़ा समझते, चतुर लोग विटगोष्ठी की कल्पना करते, पथिक लोग उसे अपने पुण्यों का परिणाम-स्वरूप मानते, नास्तिक लोग साधना के लिए उसे असुर-विवर समझते, भिक्षु लोग उसे बौद्धविहार मानते,

---

१. चूना, चन्द्रपक्ष में अमृत।

विवरमिति वातिकैः शाक्याश्रम इति शमिभिः, अप्सरःपुरमिति कामिभिः, महोत्सवसमाज इति चारणैः, वसुधारेति च विप्रैरगृह्यत।

यत्र च मातङ्गगामिन्यः शीलवत्यश्च, गौर्यो विभवरताश्च, श्यामाः पद्मरागिण्यश्च, धवलद्विजशुचिवदना मदिरामोदिश्वसनाश्च, चन्द्रकान्त-वपुषः शिरीषकोमलाङ्गयश्च, अभुजङ्गगम्याः कञ्चुकिन्यश्च, पृथुकलत्रश्रियो

बन्दिभ्योऽभिवाञ्छितसंपत्तेः सुकृतपरिणामता। वातिकैर्विवरव्यसनिभिराचार्यैः। शाक्यो बौद्धः। चारणैः कुशीलवैः। वसुधारा धनप्रवाहः।

मातङ्गेत्यादयो विरोधाः। मातङ्गो हस्ती चण्डालश्च। याः प्रमदाश्चण्डालानपि गच्छन्ति ताः कथं शीलवत्य इति विरोधः सर्वत्र ज्ञेयः। गौर्यो गौराङ्गयः। विभव ऐश्वर्ये रक्ताः। यत्र विगतो भवस्तत्र कथं गौरी रतेति। विगतं भवे रतं यस्या वा। श्यामाः श्यामलाङ्गयः। पद्मरागिण्यो लोहितमणिभूषणाः। श्यामा रात्रयः कथं पद्मरागिण्यः। रात्रौ पद्मानां संकोचात्। द्विजैर्दन्तैः। शुचिवदना मदिरावन्मदिरयैव वा। आमोदी श्वसनो मुखमारुतो यासां, धवलद्विजवच्छुद्धब्राह्मणवच्छुचि वदनं ताः कथं मदिरामोदिश्वसनाः। चन्द्रवत्कान्तं वपुर्यासाम्। शिरीषपुष्पवत्सुकुमाराङ्गय-श्चन्द्रकान्तस्येव वपुर्यासां ताः, कथं शिरीषकोमलाङ्गयः। भुजङ्गा विटाः, कञ्चुकं स्त्रीणां वासः, वारबाणाख्यश्च। याश्च कञ्चुकिन्यः सर्पिण्यस्ताः कथं भुजङ्गैर्न गम्याः।

कामी लोग उसे अप्सराओं का नगर कहते, चारणों के अनुसार वह महोत्सवों का समाज था और उसे धन का प्रवाह ही समझते।

वहां[1] की स्त्रियाँ मातङ्गगामिनी (चाण्डाल का गमन करने वाली नहीं बल्कि) अर्थात् हाथी के समान चलने वाली और शीलवती थीं। वे गौरी (पार्वती) अर्थात् गौर वर्ण वाली थीं और (पार्वती होकर भी भव अर्थात् शिव में अनुरक्त न थीं) विभव अर्थात् ऐश्वर्य में अनुराग करती थीं। श्यामा (रात्रियां) अर्थात् सांवली थीं और पद्मरागिणी (कमलों में अनुराग करने वाली, रातें कमलों में अनुराग नहीं करतीं) अर्थात् लाल मणियों के आभूषण पहनती थीं। उजले दाँतों से उनका मुख पवित्र था और मदिरा की गंध वाली सांस लेती थीं। चन्द्रमा के समान सुन्दर देहवाली थीं (या चन्द्रकान्त के समान कठोर थीं फिर भी) शिरीष के फूल के समान उनके अंग कोमल थे। भुजङ्ग अर्थात् गुंडे उन्हें प्राप्त नहीं कर सकते थे और वे कञ्चुक धारण करती थीं (जो कंचुकिनी अर्थात् सर्पिणी हैं वे क्यों नहीं भुजङ्ग अर्थात् सर्पों द्वारा गम्य हैं?), पृथु अर्थात् मोटे जघनों से सुशोभित थीं और उनका मध्य अर्थात् कटिभाग पतला था

---

१. यहां कोष्ठकों में विरोध के रूप में आभासित होने वाले अर्थ दिए गए हैं।

दरिद्रमध्यकलिताश्च, लावण्यवत्यो मधुरभाषिण्यश्च, अप्रमत्ताः प्रसन्नोज्ज्वलमुखरागाश्च, अकौतुकाः प्रौढाश्च प्रमदाः।

यत्र च प्रमदानां चक्षुरेव सहजं मुण्डमालामण्डनं भारः कुवलयदलदामानि, अलकप्रतिबिम्बान्येव कपोलतलगतान्यक्लिष्टाः श्रवणावतंसाः पुनरुक्तानि तमालकिसलयानि, प्रियकथा एव सुभगाः कर्णालंकारा आडम्बरः कुण्डलादिः, कपोला एव सततमालोककारका विभवो [1]निशासु मणिप्रदीपाः सुरभिनिःश्वासाकृष्टं मधुकरकुलमेव रमणीयं मुखावरणं

कलत्रं जघनम्। दरिद्रं क्षामं मध्यमुदरं यासाम्। कलत्रस्य परिवारस्य पृथ्वीः श्रीस्ताः कथं दरिद्राणां निर्धनानां मध्ये कलिताः संख्याता भवन्ति। लावण्यं सौन्दर्यम्; मधुरं हृद्यम्। लावण्यरसवतीनां मधुरभाषितं विभाव्यते। अप्रमत्ताः प्रमादशून्याः। प्रसन्नो मनोहरः। उज्ज्वलो मनोहारी। प्रसन्ना च सुरा तयोज्ज्वलो मुखरागो यासां ताः, कथमप्रमत्ता अक्षीबाः। अकौतुका अकरकङ्कणाः। विवाहितानां हि करकङ्कणोऽवबध्यते। 'रुद्राक्षदर्पसिद्धार्थशिखिपक्षोरगत्वचः। कङ्कणौषधयश्चेति कौतुकाख्याः प्रकीर्तिताः॥'

मुण्डमालारूपं मण्डनं मुण्डमालामण्डनम्। सहजमकृत्रिमम्। अनेककुवलय-

(जो राजा पृथु के समान हों वे दरिद्रों के मध्य में कैसे गिनी जायेंगी ?)। वे लावण्य वाली और मधुरभाषिणी थीं (जो लावण्यवती अर्थात् नमकीन हैं वे मधुर कैसे हो सकती हैं ?)। वे प्रमादशून्य थीं और उनका वर्ण प्रसन्न एवं उज्ज्वल था (जो प्रमत्त नहीं वे प्रसन्ना अर्थात् मदिरा के कारण शृङ्गार में डूबे हुये मुखराग वाली कैसे हो सकती हैं ?)। अकौतुका अर्थात् प्रियसमागम के लिए उत्सुक न थीं और पूर्ण यौवन पर आ पहुँची थीं (जो अकौतुका अर्थात् वैवाहिक मंगलसूत्र से रहित हों वे प्रौढ़ा अर्थात् विवाहिता कैसे हो सकती हैं ?)।

वहां सुन्दरियों की आँखें ही सिर की सहज फूल-माला बन जातीं, कुवलय के फूलों की माला भार प्रतीत होती। उनके गालों पर छितराए हुए बालों के प्रतिबिम्ब ही क्लेश न देने वाले कर्णावतंस बन जाते, फिर कान में कर्णावतंस के रूप में तमालपत्र का लगाना पुनरुक्तिमात्र हो जाता। अपने प्रिय की कथा ही उनके लिए सुन्दर कान का आभूषण बन जाती, फिर भी उनका कुण्डल लगाना आडम्बरमात्र था। उनके कपोल ही निरन्तर आलोक उत्पन्न करते थे, मणियों के दीपक तो केवल वैभव के चिह्न होने के कारण रखे जाते थे। उनकी सुगन्धित सांसों पर लुभाते हुए भौंरे ही उनके मुख पर

[1]. निःश्वासमणिप्रदीपाः।

कुलस्त्रीजनाचारो जालिका, वाण्येव मधुरतरा वीणा वाद्यविज्ञानं तन्त्रीताडनम्, हासा एवातिशयसुरभयः पटवासा निरर्थकाः कर्पूरपांसवः, अधरकान्तिविसर एवोज्ज्वलतरोऽङ्गरागो निर्गुणो लावण्यकलङ्कः कुङ्कुमपङ्कः, बाहव एव कोमलतमाः, परिहासप्रहारवेत्रलता निष्प्रयोजनानि मृणालानि, यौवनोष्मस्वेदबिन्दव एव विदग्धाः कुचालंकृतयो हारास्तु भाराः, श्रोण्य एव विशालस्फटिकशिलातलचतुरस्रा रागिणां विश्रमकारणमनिमित्तं भवनमणिवेदिकाः। कमललोभनिलीनान्यलिकुलान्येव मुखराणि पदाभरणकानि निष्फलानीन्द्रनीलमणिनूपुराणि। नूपुररवाहृता भवनकलहंसा एव समुचिताः संचरणसहाया ऐश्वर्यप्रपञ्चाः परिजनाः।

तत्र च साक्षात्सहस्राक्ष इव सर्ववर्णधरं धनुर्दधानः, मेरुमय इव

दलदामाभ्यासोत्कर्षः, न तु कुवलयदलदामसंभवेऽपि प्रतिनिधिरूपतापादनम्। भार इत्यनेनैव एवार्थः प्रकटितः। एवमक्लिष्टा इत्यादौ बोद्धव्यम्। आडम्बरः स्फुटः। जालिका शिरोवस्त्रभेदः। चतुरस्रा रम्याः। विश्रमकारणमिति गुरुत्वात्।

तत्र चेत्यादौ। तत्र पुष्यभूतिर्नाम राजासीदिति संबन्धः। वर्णा विप्राद्याः,

---

सुन्दर घूँघट-पट का काम करते थे, फिर भी प्रथा के नाते वे अपने मुख पर घूँघट का जाली डाल लेती थीं। उनकी वाणी अत्यन्त मधुर थी, वाद्य कला के रूप में वे तारों को छेड़ कर वीणा बजाती थीं। उनकी मुसकान ही अत्यन्त सुगन्धित पटवास का काम देती, फर कपूर की धूल निरर्थक प्रतीत होती थी। उनके अधर की फैलती हुई कान्ति ही उनके शरीर पर अंगराग का रूप धारण कर लेती, फिर बिना किसी लाभ के कुंकुम लगाना उनके लावण्य का कलंक बन जाता था। उनकी कोमल भुजाएँ ही परिहास के अवसर में ठोंकने की वेत्रलता थीं, फिर मृणालों का वहां प्रयोजन ही क्या? जवानी की गरमी से उनके स्तनों पर छूटते हुए पसीने ही सुन्दर हार के समान लगते, फिर उनके शरीर पर हार बोझ मात्र प्रतीत होते थे। उनके नितम्ब ही प्रेमी जनों के विश्राम के लिए स्फटिकमणि के विशाल गढ़े हुए शिलातल की बनी भवन वेदिका के समान थे। उनके चरणों को कमल समझ कर बैठे हुए भौंरे ही उनके चरणाभरण थे, वहां इन्द्रनील मणियों के नूपुर निष्फल थे। नूपुर की आवाज से खिंचे हुए भवन के कलहंस ही उनके घूमने के लिए योग्य साथी बनते, केवल ऐश्वर्य के प्रदर्शन के लिए उनके साथ परिजन रहा करते थे।

उस स्थाण्वीश्वर में पुष्पभूति नामक एक राजा हुआ। जैसे इन्द्र विविध प्रकार के वर्णों (रंगों) वाला धनुष धारण करता है उसी प्रकार उसने समस्त ब्राह्मण आदि वर्णों

कल्याणप्रकृतित्वे, मन्दरमय इव लक्ष्मीसमाकर्षणे, जलनिधिमय इव मर्यादायाम्, आकाशमय इव शब्दप्रादुर्भावे, शशिमय इव कलासंग्रहे, वेदमय इवाकृत्रिमालापत्वे, धरणिमय इव लोकधृतिकरणे, पवनमय इव सर्वपार्थिवरजोविकारहरणे, गुरुर्वचसि, पृथुरुरसि, विशालो मनसि, जनकस्तपसि, सुयात्रस्तेजसि, सुमन्त्रो रहसि, बुधः सदसि, अर्जुनो यशसि, भीष्मो धनुषि, निषधो वपुषि, शत्रुघ्नः समरे, शूरः शूरसेनाक्रमणे, दक्षः प्रजाकर्मणि, सर्वादिराजतेजःपुञ्जनिर्मित इव राजा पुष्यभूतिरिति नाम्ना बभूव ।

शुक्लाद्याश्च । कल्याणं श्रेयः, सुवर्णं च । मन्दरेण श्रीराकृष्टामृतमन्थने, पुष्यभूतिना भैरवाचार्यवेतालसाधने । मर्यादाचारः, सीमा च । शब्दो यशोऽपि । प्रादुर्भावः प्रकाशता । कला गीताद्याः, लेखाश्च । अकृत्रिमः सत्ययुक्तः, अपौरुषेयश्च । धृतिर्धैर्यम्, धारणं च । पार्थिवो राजा, पृथिवीसंबन्धी च । रजोविकारा रागाद्याः, रेणुकार्याणि । गुर्वित्यादिना वक्रोक्त्याज्ञानां गुर्वादिमयत्वं सूचयति । गुरुरुपदेष्टा, गुरुर्महान् । गंभीरशब्दत्वाद्बृहस्पतिश्च । पृथुर्विपुलः, आदिराजश्च कश्चित् । विशालो विस्तीर्णः, विशालाद्याश्च नृपा अभवन् । अथ विशालो नाम बोधिसत्त्वः स एव शान्तः शान्तमना इत्यपि प्रतीतिरस्ति । जनको जनयिता, जनक इव तपस्वी च । सुयात्र इति । शोभना यात्रा यस्य सोऽपि । कर्तव्यावधारणं मन्त्रः स शोभनो यस्येति च । बुधः पण्डितः, ग्रहश्च । अर्जुनः शुक्लोऽपि । भीष्मो भयानकः, गाङ्गेयश्च । निषधो धर्षणीयः, कठिनो वा, नलस्य च पिता, गिरिभेदो वा । शूरो विक्रान्तः, यदूनां राजा च । दक्षश्चतुरः, प्रजापतिश्च ।

के नियमनार्थ धनुष धारण किया । कल्याण प्रकृति अर्थात् श्रेय की भावना से भरा होने के कारण वह मानों कल्याण (सुवर्ण) के सुमेरु से निर्मित था । वह लक्ष्मी के आकर्षण करने में मन्दराचल के समान, मर्यादा में समुद्र के समान, शब्द रूप यश को उत्पन्न करने में आकाश के समान, कलाओं के संग्रह में चन्द्र के समान, स्वाभाविक बात-चीत करने में वेद के समान, सारे लोक के धारण करने में पृथिवी के समान और पार्थिव अर्थात् राजाओं (अथवा पृथिवी सम्बन्धी) रजोविकार दूर करने में वायु के समान था । और वह वाणी में महान् या बृहस्पति था, वक्ष के सम्बन्ध में पृथु अर्थात् विपुल था या राजा पृथु के समान था, मन में विशाल था, तपस्या करने में जनक था, तेज में सुयात्र नामक राजा के समान था, रहस्य के सम्बन्ध में सुमन्त्र अर्थात् शोभन मंत्र या विचार देने वाला अथवा सुमन्त्र नामक राजा के समान था, सभा में विद्वान्, यश में अर्जुन (उज्ज्वल), धनुष में भीष्म (भयंकर), शरीर में अधर्षणीय या निषध, समर में

पृथुना गौरिवेयं कृतेति यः स्पर्धमान इव महीं महिषीं चकार। निसर्गस्वैरिणी स्वरुच्यनुरोधिनी च भवति हि महतां मतिः। यतस्तस्य केनचिदनुपदिष्टा सहजैव शैशवादारभ्यानन्यदेवता भगवति, भक्ति-सुलभे, भुवनभृति, भूतभावने, भवच्छिदि, भवे भूयसी भक्तिरभूत्। अकृतवृषभध्वजपूजाविधिर्न स्वप्नेऽप्याहारमकरोत्। अजम्, अजरम्, अमरगुरुम्, असुरपुररिपुम्, अपरिमितगणपतिम्, अचलदुहितृपतिम्, अखिलभुवनकृतचरणनतिम्, पशुपतिं प्रपन्नोऽन्यदेवताशून्यममन्यत त्रैलोक्यम्। भर्तृचित्तानुवर्तिन्यश्चानुजीविनां प्रकृतयः। तथा हि—गृहे गृहे भगवानपूज्यत खण्डपरशुः। ववुरस्य होमालवालानलविलीयमानबहलगुग्गुलु-गन्धगर्भाः स्नपनक्षीरशीकरक्षोदक्षारिणो बिल्वपल्लवदामदलोद्वाहिनः पुण्य-

---

महिषीं महादेवीमपि। निसर्गः स्वभावः। स्वैरिणी स्ववशा। खण्डपरशुः शिवः। ववुरवहन्। होमालवालमग्निकुण्डम्। सपर्या पूजा। उपायनं ढौकनिका स्वयमानीयते। प्राभृतं कौशलिका सखिभिः प्रहीयते। करदीकृता दण्डदाः कृताः। कूटं श्रृङ्गम्। यत्र वस्त्रेषु पुष्पाणि सूत्रैः क्रियन्ते स पुष्पपट्टः। ज्वलन्मणिशिखरा

शत्रुघ्न (शत्रु को मारने वाला), शूरसेन या शूरों की सेना पर आक्रमण करने में शूर और प्रजा के कार्य में दक्ष अर्थात् चतुर या दक्षप्रजापति के समान था। इस प्रकार वह मानों पूर्वकाल के समस्त राजाओं की तेजराशि से निर्मित हुआ था।

आदिराज पृथु ने पृथिवी को धेनु बनाया था। इसी स्पर्धा में उसने पृथिवी को अपनी महिषी (भैंस, अर्थात् पत्नी) बना दिया। बड़े लोगों की बुद्धि स्वभाव से ही स्वतन्त्र और अपनी रुचि के अनुरोध पर चलने वाली होती है। जैसा कि उस राजा की अनन्य भक्ति किसी के उपदेश के बिना ही सहज रूप में बाल्यकाल से ही भगवान् शंकर में थी, जो भक्तिद्वारा सुलभ, संसार का भरण करने वाले और मोक्ष देने वाले हैं। स्वप्न में भी वह बिना शिव की पूजा किए कुछ भी खाना-पीता न था। वह भगवान् पशुपति शंकर की शरण में प्रपन्न था, जो अज, अजर, देवों के देव, त्रिपुरारि, असंख्य प्रमथ गणों के स्वामी, पार्वती के पति, सारे संसार द्वारा वन्दित चरणों वाले हैं। वह मानता था कि शिव के अतिरिक्त इस संसार में कोई अन्य देवता नहीं। स्वामी के चित्त के अनुसार ही स्वभाव से उसके अनुजीवी लोग भी प्रवृत्त होते हैं। फलतः घर-घर में भगवान शंकर की पूजा होती थी। चारों ओर उस राजा के देश में होम के थल्ले में पड़ते हुए गुग्गुल की गंध से भरी हुई, शिवजी को दूध से नहलाने में उड़े हुए फुहारों से शीतल, एवं बेल के पत्ते की माला को उड़ाती हुई हवा बहने लगी। पुरवासी, राज्य

विषयेषु वायवः। शिवसपर्यासमुचितैरुपायनैः प्राभृतैश्च पौराः पादोपजीविनः सचिवाः स्वभुजबलनिर्जिताश्च करदीकृता महासामन्तास्तं सिषेविरे। तथा हि-कैलासकूटधवलैः कनकपत्रलतालंकृतविषाणकोटिभिर्महाप्रमाणैः संध्याबलिवृषैः सौवर्णैश्च स्नपनकलशैरर्घभाजनैश्च धूपपात्रैश्च पुष्पपट्टैश्च मणियष्टिप्रदीपैश्च ब्रह्मसूत्रैश्च महार्हमाणिक्यखण्डखचितैश्च मुखकोषैः परितोषमस्य मनसि चक्रुः। अन्तःपुराण्यपि स्वयमारब्धबालेयतण्डुलकण्डनानि देवगृहोपलेपनलोहिततरकरकिसलयानि कुसुमग्रथनव्यग्रसमस्तपरिजनानि तस्याभिलषितमन्ववर्तन्त। तथा च परममाहेश्वरः स भूपालो लोकतः शुश्राव भुवि भगवन्तमपरमिव साक्षाद्दक्षमखमथनं दाक्षिणात्यं बहुविधविद्याप्रभावप्रख्यातैर्गुणैः शिष्यैरिवानेकसहस्रसंख्यैर्व्याप्तमर्त्यलोकं भैरवाचार्यनामानं महाशैवम्। उपनयन्ति हि हृदयमदृष्टमपि जनं शील-

---

स्वर्णयष्टिर्यष्टिप्रदीपः। ब्रह्मसूत्रैर्यज्ञोपवीतैः। मुखयुक्ताः कोषा मुखकोषाः। ये लिङ्गोपरि दीयन्ते। बलये हिता बालेयाः। 'छदिरुपधिबलेर्ढञ्'। ग्रथनशब्दश्चिन्त्यः। ग्रन्थनमिति भाव्यम्। अभिलषितमन्ववर्तन्तेत्यनेन चित्तानुवृत्तिः शुद्धान्तानां वर्णिता। भुवीति। भूस्थत्वेऽप्यसुलभत्वदर्शनमस्योक्तम्। शीलसंवादाश्चारित्रसादृश्यानि। कपर्दिनि शिवे।

के कमचारी, मंत्री और भुजबल से पराजित होकर कर देने वाले बड़े-बड़े सामन्त भी भगवान् शिव की पूजा के उपयोग में आने वाले उपहारों से उसकी सेवा करते थे। कैलास के शिखर के समान उज्ज्वल, सोने के पत्तरों से मढ़े सींग के अग्रभाग वाले एवं विशाल आकृति वाले संध्याकालीन पूजा के बैल, स्नान कराने के लिए सोने के कलस, अर्घ्य के पात्र, धूप के पात्र, कढ़े हुए फूलदार कपड़े, मणिनिर्मित यष्टिप्रदीप, यज्ञोपवीत और शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले मुखकोश को समर्पित करके लोग उसका मन सन्तुष्ट करते थे। अन्तःपुरों में भी उसकी इच्छा के अनुकूल पूजा के लिए स्वयं चावल के फटकने-बनाने का कार्य होता रहता था। देवमन्दिर को स्वयं लीपने से उनके हाथ लाल हो जाते थे। सबके सब परिजन माला गूथने में व्यग्र रहते थे। भगवान् शिव के परम भक्त उस राजा ने लोगों से सुना कि कोई भैरवाचार्य नामक दाक्षिणात्य महाशैव हैं जो साक्षात् भगवान् शंकर के दूसरे अवतार हैं और हजारों की संख्या में गुणों के समान अपने शिष्यों से सारे संसार में प्रसिद्ध हैं। शीलगुण का सम्मिलन पहले कभी न देखे हुए भी व्यक्ति को हृदय के समीप कर देते हैं। क्योंकि वह राजा दूर होने पर भी साक्षात् शिवस्वरूप भैरवाचार्य के विषय में सुनते ही अत्यधिक श्रद्धा करने लगा। आँखों

मंवादाः। यतः स राजा श्रवणसमकालमेव तस्मिन्भैरवाचार्ये भगवति द्वितीय इव कपर्दिनि दूरगतेऽपि गरीयसीं बबन्ध भक्तिम्। आचकाङ्क्ष च मनोरथैरप्यस्य सर्वथा दर्शनम्।

अथ कदाचित्पर्यस्तेऽस्ताचलचुम्बिनि वासरेऽन्तःपुरवर्तिनं राजानमुपसृत्य प्रतीहारी विज्ञापितवती—'देव! द्वारि परिव्राडास्ते, कथयति च भैरवाचार्यवचनाद्देवमनुप्राप्तोऽस्मि' इति। राजा तु तच्छ्रुत्वा सादरम्—'कासौ? आनयात्रैव, प्रवेशयैनम्' इति चाब्रवीत्। तथा चाकरोत प्रतीहारी। न चिराच्च प्रविशन्तं प्रांशुम्, आजानुभुजम्, भैक्षक्षाममपि स्थूलास्थिभिरवयवैः पीवरमिवोपलक्ष्यमाणम्, पृथूत्तमाङ्गम्, उत्तुङ्गवलिभङ्गस्थपुटललाटम्, निर्मांसगण्डकूपकम्, मधुबिन्दुपिङ्गलपरिमण्डलाक्षम्, ईषदावक्रघोणम्, अतिप्रलम्बैककर्णपाशम्, अलाबुबीजविकटोन्नतदन्तपङ्क्तिम्, तुरगानूकश्लथाधरलेखम्, लम्बचि-

न चिराच्चेत्यादौ। मस्करिणमद्राक्षीदिति संबन्धः। प्रांशुं दीर्घम्। जानुरूरुपर्व। उक्तं च—'जङ्घा तु प्रसृता जानूरुपर्वाष्ठीवदस्त्रियाम्'। पीवरं स्थूलम्। स्थपुटं निम्नोन्नतम्। ललाटमलिकं गोधिः। गण्डकूपोऽधरधोदेशः। घ्राणा नासिका। अलाबुस्तुम्बी। उक्तं च—'तुम्ब्यलाबू उभे समे'। तुरगानामधस्तादोष्ठोऽनूकः।

की तो बात क्या? वह केवल अपने मन के रथ पर चढ़ कर ही सर्वथा उनके दर्शन की आकांक्षा करने लगा।

किसी दिन जब अस्ताचल की ओर दिन ढलने लगा तब प्रतीहारी ने अन्तःपुर में विराजमान महाराज के पास आकर निवेदन किया—'देव, द्वार पर एक परिव्राजक पधारे हैं और कहते हैं कि भैरवाचार्य की आज्ञा से मैं महाराज से भेंट करने आया हूँ।' उसे सुनकर राजा ने बड़े आदर के साथ 'कहाँ हैं? यहीं लाओ, उन्हें प्रवेश करने दो' यह कहा। प्रतीहारी ने वैसा ही किया। थोड़ी देर में राजा ने प्रवेश करते हुए उस संन्यासी को देखा। उसकी कद लम्बी थी। भुजाएँ घुटनों तक थीं। भिक्षाटन के कारण वह दुबला था फिर भी मोटी हड्डियों वाले अङ्गों से वह भरा-सा प्रतीत होता था। उसका मस्तक चौड़ा था। लम्बी रेखाओं के कारण उसका ललाट नीचा-ऊँचा हो गया था। मांस के न होने से गालों में गड्ढे पड़ गए थे। पुतलियाँ शहद की बूँद की तरह पीलापन लिए थीं। नाक कुछ टेढ़ी थी। कान की एक पाली अधिक लम्बी थी। लौकी के बीज की भाँति दन्तपंक्ति निकली हुई थी। अधर घोड़े के निचले होंठ की तरह लटका हुआ था। लम्बी ठुड्डी के कारण उसका मुँह लम्बोतरा जान पड़ता था। उसके कंधे से लटकता हुआ लाल योग-

बुकायततरलपनम्, अंसावलम्बिना काषायेण योगपट्टकेन विरचितवैकक्षकम्, हृदयमध्यनिबद्धग्रन्थिना च रागेणेव खण्डशः कृतेन धातुरसारुणेन कर्पटेन कृतोत्तरासङ्गम्, पुनरुक्तवालप्रग्रहवेष्टननिश्चलमूलेन बद्धमृत्परिशोधनवंशत्वक्तितउना कौपीनसनाथशिखरेण खर्जूरपुटसमुद्गकगर्भीकृतभिक्षाकपालकेन दारवफलकत्रयत्रिकोणत्रियष्टिनिविष्टकमण्डलुना बहिरुपपादितपादुकावस्थानेन स्थूलदशासूत्रनियन्त्रितपुस्तिकापूलकेन वामकरधृतेन योगभारकेणाध्यासितस्कन्धम्, इतरकरगृहीतवेत्रासनं मस्करिणमद्राक्षीत्। क्षितिपतिरप्युपगतमुचितेन[1] चैनमादरेणान्वग्रहीत्। आसीनं च पप्रच्छ—'क्व भैरवाचार्यः?' इति। सादरनरपतिवचनमुदितमतिस्तु परिव्राट् तमुपनगरं सरस्वतीतटवनावलम्बिनि शून्यायतने स्थितमाचचक्षे। भूयश्चाबभाषे—'अर्चयति हि महाभागं भगवानाशीर्व-

'अधोऽधरस्य चिबुकम्'। लपनं मुखम्। उत्तरासङ्गमुपरिप्रावरणम्। पुनरुक्तं पौनःपुन्येन कृतम्। प्रग्रहो रज्जुः। तितउश्चालनी परिपवनशब्दवाच्या। कौपीनं गुह्यदेश उपचारात्, तदाच्छादनं च खर्जूराख्यस्य वृक्षस्य च संबन्धिभिः पुटैः क्लिष्टैः, पत्रैश्च समुद्गकः कपालभङ्गो भिक्षार्थं क्रियते। दारवे काष्ठसंबन्धिनि फलकत्रये त्रयः कोणास्तेषु यास्तिस्रो यष्टयस्तासु निविष्टः कमण्डलुर्यत्र तेन। योगभारकेण मात्राभारिकया। मस्करिणं परिव्राजकम्। राजतानि रौप्याणि।

पट्ट सामने वैकक्षक की तरह पड़ा हुआ था। गेरू से रँग हुए वस्त्र की चादर के रूप में वह ओढ़े था जिसकी गाँठ छाती के बीच में थी, मानों वह वस्त्र उसके द्वारा खण्ड खण्ड किए गए राग का बाह्य रूप था। एक सिरे से बाएँ हाथ में पकड़े हुए बाँस के दूसरे सिरे से उसके कंधे के पीछे लटकती हुई झोली थी। झोली का ऊपरी सिरा बालों की बटी हुई रस्सी से बँधा था। मिट्टी चालने के लिए बाँस की बनी हुई चलनी उसमें बँधी थी। उसके अग्रभाग में कौपीन लटक रहा था। झोली के भीतर खजूर के पत्ते को मोड़कर बनाया हुआ भिक्षाकपाल रखा था। लकड़ी के तीन फट्टों को जोड़ कर बने हुए त्रिकोण के भीतर कमण्डलु रखा हुआ था और उस त्रिकोण के तीन फट्टों में तीन डंडियाँ लगी थीं जिनसे वह बाँस से लटका हुआ था। झोली के बाहर खड़ाऊँ लटक रही थी। कपड़े की मोटी किनारी से बँधे हुए पोथियों के गुटके झोली में रक्खे थे। उसके दाहिने हाथ में बेंत की चटाई थी। पहुँचे हुए उस संन्यासी से राजा आदरपूर्वक मिले। उसके बैठ जाने पर राजा ने पूछा—'भैरवाचार्य कहाँ हैं?' आदर के साथ कहे हुए राजा के वचन सुनकर

१. मुचितेन नचैनं।

चसा' इत्युक्त्वा चोपनिन्ये। योगभारकादाकृष्य भैरवाचार्यप्रहितानि रत्नवन्ति बहलालोकलिप्तान्तःपुराणि पञ्च राजतानि पुण्डरीकाणि।

नरपतिस्तु प्रियजनप्रणयभङ्गकातरो दाक्षिण्यमनुरुध्यमानो ग्रहणलाघवं च लङ्घयितुमसमर्थो दोलायमानेन मनसा स्थित्वा चिरं कथंकथमप्यतिसौजन्यनिघ्नस्तानि जग्राह। जगाद च—'सर्वफलप्रसवहेतुः शिवभक्तिरियं नो मनोरथदुर्लभानि फलति फलानि। येनैवमस्मासु प्रीयते तत्रभगवान्भुवनगुरुर्भैरवाचार्यः। श्वो द्रष्टास्मि भगवन्तम्' इत्युक्त्वा च मस्करिणं व्यसर्जयत्। अनया च वार्तया परां मुदमवाप।

अपरेद्युश्च प्रातरेवोत्थाय वाजिनमधिरुह्य समुच्छ्रितश्वेतातपत्रः समुद्धूयमानधवलचामरयुगलः कतिपयैरेव राजपुत्रैः परिवृतो भैरवाचार्यं सवितारमिव शशी द्रष्टुं प्रतस्थे। गत्वा च किंचिदन्तरं तदीयमेवाभिमुखमापतन्तमन्यतमं शिष्यमद्राक्षीत्। अप्राक्षीच्च—'क्व भगवानास्ते?'

लङ्घयितुमुत्सोढुम्। निघ्नः स्ववशः।
अन्यतममपरम्। उत्तरेणोत्तरस्यां दिशि।

उस संन्यासी ने प्रसन्नतापूर्वक सूचित किया की नगर के समीप ही सरस्वती नदी के तटवर्ती जंगल के एक शून्यायतन में भैरवाचार्य हैं। और फिर बोला—'महाभाग! आपको भगवान् भैरवाचार्य अपने आशीर्वचन द्वारा सम्मानित करते हैं!' यह कहकर उसने भैरवाचार्य द्वारा उपहार के रूप में भेजे हुए रत्नजटित चाँदी के पाँच कमलों को अर्पित किया जो सारे अन्तःपुर को आलोकित कर रहे थे।

राजा ने अपने प्रिय भैरवाचार्य के प्रेम के भङ्ग होने के भय से उदारता का अनुरोध करते हुए, दी हुई वस्तु के ग्रहण करने की छुटपन को सहने में असमर्थ, अपने दोलारूढ़ मन से कुछ देर तक ठहर कर किसी-किसी प्रकार अपने सौजन्य के विवश होते हुए उन रत्नों को ले लिया और बोले—'सब प्रकार के फलों को उत्पन्न करने वाली यह शिवभक्ति हमारे मनोरथ भी जिन्हें नहीं प्राप्त करते ऐसे फलों को उत्पन्न करती है। इसी कारण आदरणीय जगद्गुरु भैरवाचार्य हम पर प्रसन्न हैं। कल भगवान् के दर्शन करूँगा।' यह कहकर उस संन्यासी को बिदा किया। इस समाचार से वे अत्यन्त प्रसन्न हुए।

दूसरे दिन राजा ने सबेरे ही उठ घोड़े पर सवार हो श्वेत छत्र लगा उज्ज्वल चँवरों से विराजमान हो कुछ राजपुत्रों के साथ भैरवाचार्य के दर्शन के लिए प्रस्थान किया, मानों चन्द्रमा सूर्य की ओर बढ़ता हो। कुछ ही दूर चले कि उन्हीं के सामने आते हुए एक शिष्य को देखा और पूछा—'भगवान् कहाँ हैं?' उसने कहा—'यहीं पुराने देवी के

इति। सोऽकथयत्—'अस्य जीर्णमातृगृहस्योत्तरेण बिल्ववाटिकामध्यास्ते' इति। गत्वा च तं प्रदेशमवततार तुरगात्। प्रविवेश च बिल्ववाटिकाम्।

अथ महतः कार्पटिकवृन्दस्य मध्ये प्रातरेव स्नातम्, दत्ताष्टपुष्पिकम्, अनुष्ठिताग्निकार्यम्, कृतभस्मरेखापरिहारपरिकरे हरितगोमयोपलिप्तक्षितितलवितते व्याघ्रचर्मण्युपविष्टम्, कृष्णकम्बलप्रावरणनिभेनासुरविवरप्रवेशाशङ्कया पातालान्धकारावासमिवाभ्यस्यन्तम्, उन्मिषता विद्युत्कपिलेनात्मतेजसा महामांसविक्रयक्रीतेन मनःशिलापङ्केनेव शिष्यलोकं लिम्पन्तम्, जटीकृतैकदेशलम्बमानरुद्राक्षशङ्खगुटिकेनोर्ध्वबद्धेन शिखापाशेन बध्नन्तमिव विद्यावलेपदुर्विदग्धानुपरिसंचरतः सिद्धान्, धवलकतिपयशिरोरुहेण वयसा पञ्चपञ्चाशतं वर्षाण्यतिक्रामन्तम्, खालित्यक्षीयमाणशङ्खलोमलेखम्, लोमशकर्णशष्कुलीप्रदेशम्, पृथुललाटतटम्, तिरःश्यामभस्मललाटिकया बहुशः शिरोर्धधृतदग्धगुग्गुलुसंतापस्फुटितकपालास्थिपाण्डुरराजिशङ्कामिव जनयन्तम्, सहज-

---

अथेत्यादौ। भैरवाचार्यं ददर्शेति संबन्धः। कार्पटिका व्रतिनः। अष्टपुष्पिका प्रागुक्ता। परिहारोऽत्र मर्यादा। शङ्खे ललाटास्थ्नि। उक्तं च—'शङ्खो निधौ ललाटास्थ्नि'। गुटिका खण्डिका। उपरीत्याद्यभिप्रायेणोक्तम्—ऊर्ध्ववद्धे(बुद्धे ?)नेति। प्रशस्ता शिखा शिखापाशः। अवलेपोऽहंकृतिः। खालित्यं खल्वाटता। शङ्खो

मन्दिर के उत्तर बिल्ववाटिका में आसन लगाए हैं।' उस स्थान पर जाकर वे घोड़े से उतर गए और बिल्ववाटिका में प्रवेश किया।

साधुओं की जमात के बीच प्रातःस्नान, अष्टपुष्पिका द्वारा शिवार्चन और अग्निहोत्र से निवृत्त होकर भस्म से पुरे चौक के बीच गोबर से लिपी जमीन पर बिछे व्याघ्र-चर्म पर विराजमान भैरवाचार्य को देखा। काले कंबल को ओढ़कर मानों वे असुर-विवर में प्रवेश करने की इच्छा से पाताल के घने अन्धकार में रहने का अभ्यास कर रहे थे। बिजली के समान पीले चमकते हुए अपने तेज से शिष्यों को मानों श्मशान का महामांस बेच कर खरीदे हुए मैनसिल के चन्दन से चर्चित कर रहे थे। एक ओर चोटी में रुद्राक्ष और शंख की गुरियों को गूंथकर लटकाये हुए और चोटी को खड़ी बाँधे हुये मानों विद्या के मद में फूलकर ऊपर-ऊपर उड़ते हुए सिद्धों को बाँध रहे थे। उनके सिर के कुछ बाल सफेद हो गये थे और अवस्था के वह पचपन साल गुजार चुके थे। उनकी गञ्जी खोपड़ी के बाल झड़ चुके थे। कान के भीतर भी बाल जम गए थे। ललाट प्रशस्त था, उसपर भस्म की टेढ़ी और साँवली रेखा से ऐसा लगता था कि उनके सिर पर आधे जले हुए

ललाटवलिभङ्गसंकोचितकूर्चभागं बभ्रुभासं भ्रूसंगत्या निरन्तरामायामिनीमेकामिव भ्रूलेखां बिभ्राणम्, ईषत्काचरकनीनिकेन रक्तापाङ्गनिर्गतांशुप्रतानेन मध्यधवलभासेन्द्रायुधेनेवातिदीर्घेण लोचनयुगलेन परितो महामण्डलमिवानेकवर्णरागमालिखन्तम्, सितपीतलोहितपताकावलिशबलम्, शिवबलिमिव दिक्षु विक्षिपन्तम्, तार्क्ष्यतुण्डकोटिकुब्जाग्रघोणम्, दूरविदीर्णसृक्कसंक्षिप्तकपोलम्, किंचिद्दन्तुरतया सदाहृदयसंनिहितहरमौलिचन्द्रातपेनेव निर्गच्छता दन्तालोकेन धवलयन्तं दिशां जालम्, जिह्वाग्रस्थितसर्वशैवसंहितातिभारेणेव मनाक्प्रलम्बितौष्ठम, प्रलम्बश्रवणपालीप्रेङ्खिताभ्यां स्फाटिककुण्डलाभ्यां शुक्रबृहस्पतिभ्यामिव सुरासुरविजयविद्यासिद्धिश्रद्धयानुबध्यमानम्, बद्धविविधौषधिमन्त्रसूत्रपङ्क्तिना सलोहवलयेनैकप्रकोष्ठेन शङ्खखण्डं पूष्णो दन्तमिव भगवता भवेन भग्नं भक्त्या भूषणीकृतं कलयन्तम्, अखिलरसकूपोदञ्च-

ललाटास्थि। शष्कुली कुहरम्। 'कूर्चमन्त्रो भ्रुवोर्मध्यम्'। काचरा पीतवर्णा। तुण्डं मुखम्। कोटिः प्रान्तः, चञ्चवग्रम्। 'प्रान्तावोष्ठस्य सृक्किणी, प्रकोष्ठमन्तरं विद्यादरत्निमणिबन्धयोः'। पूष्णो रविभेदस्य। पुरा दक्षयज्ञगतस्य हरं निन्दतः 'मय्यनागते किमर्थमागतोऽसि' इति मुष्टिप्रहारेण हरेण दन्ता भग्नाः। तत्करस्पर्शेन पावनत्वात्तत्र

गुग्गुल की गरमी से फूटी कपार की खोपड़ी सफेद दिखाई दे रही थी। माथे पर सिकन पड़ने से भौंहों के बीच का हिस्सा सिकुड़ गया था और दोनों भौंहों के मिल जाने से एक भ्रूलेखा बन गई थी। आँखों की पुतली कच्चे काँच की तरह पीले रङ्ग की थी और लाल अपाङ्गों से निकलती हुई किरणें मध्य में सफेद इन्द्रायुध के दृश्य को उत्पन्न कर रही थीं। ऐसा लग रहा था कि साधना करने के लिये वे अनेक रङ्गों वाले महामण्डल की रचना कर रहे थे। सफेद, पीली, लाल झण्डियों से रङ्ग-बिरङ्ग के लग रहे थे। दिशाओं में शिव की बलि छोड़ रहे थे। गरुड़ की टोर के समान उनकी नाक का अग्रभाग झुका हुआ था। ओठ के बगल की दूर तक कटाव से उनके कपोल छोटे लग रहे थे। हमेशा उनके हृदय में सन्निहित रहने वाले भगवान् शिव के मस्तक की चन्द्रकिरणों के समान दाँतों की टेढ़ी रश्मियाँ निकलकर दिशाओं को धवलित कर रही थीं, मानों जीभ के अग्रभाग में स्थित समस्त शैवसंहिताओं के भारी बोझ से उनका ओष्ठ नीचे की ओर लटका हुआ था। कान की लम्बी पालियों में स्फटिक के कुंडल लटक रहे थे, मानों देवताओं और असुरों पर विजय पाने के लिये विद्या सीखने की श्रद्धा से शुक्र और बृहस्पति उनके पीछे लगे हों। एक हाथ में लोहे के कड़े में पिरोया हुआ शंख का टुकड़ा पहने थे, जिसमें

नघटीयन्त्रमालामिव रुद्राक्षमालां दक्षिणेन पाणिना भ्रमयन्तम्, उरसि दोलायमानेनापिङ्गलाग्रेण कूर्चकचकलापेन संमार्जयन्तमिवान्तर्गतं निजरजोनिकरम्, अतिनिबिडनीललोममण्डलविचितं च ध्यानलब्धेन ज्योतिषा दग्धमिव हृदयदेशं दधानम्, ईषत्प्रशिथिलवलिवलयबध्यमानतुन्दम्, उपचीयमानस्फिङ्मांसपिण्डकम्, पाण्डुरपवित्रक्षौमावृतकौपीनम्, सावष्टम्भपर्यङ्कबन्धमण्डलितेनामृतफेनश्वेतरुचा योगपट्टकेन वासुकिनेवाप्रतिहतानेकमन्त्रप्रभावाविर्भूतेन प्रदक्षिणीक्रियमाणम्, अरुणतामरससुकुमारतरतलस्य पादयुगलस्य निर्मलैर्नखमयूखजालकैर्जर्जरयन्तमिव महानिधानोद्धरणरसेन रसातलम्, तोयक्षालितशुचिना धौतपादुकायुगलेन हंसमिथुनेनेव भागीरथीतीर्थयात्रापरिचयागतेनामुच्यमानचरणान्तिकम्, शिखरनिखातकुब्जकालायसकण्टकेन वैणवेन विशाखिकादण्डेन सर्वविश्वासि-

भक्तिः। अखिलस्य रसस्य कूपादुदञ्चनाय घटीयन्त्रमालापि भ्राम्यते। दोलायमानत्वेन संमार्जनसंभावना। कलापग्रहणं मार्जनीसादृश्यार्थम्। रजो रागः, रेणुश्च। विचितं व्याप्तम्। तुन्दमुदरम्। स्फिजावुभयत्र प्रसिद्धे। 'स्त्रियां स्फिजौ कटिप्रोथौ' इत्यमरः। फेनवत्तैश्च श्वेता। वासुकिनेवेति। न सामान्येनेति प्रभावपरिशोधकम्। जर्जरयन्तं खण्डशः कुर्वाणम्। तोयेत्यादि। हंसमिथुनस्यापि विशेषणम्। शिखरेत्यादिनाङ्कुशसादृश्यं विशाखिकादण्डस्योक्तम्। निखात उत्कीर्णः। कालायसं शस्त्र-

अनेक औषधियाँ मन्त्र और सूत्र के अक्षर लिखकर बँधे थे, मानों उस शंख के टुकड़े के रूप में भगवान् शिव द्वारा तोड़े गए पूषा के दाँत को उन्होंने भक्ति से आभूषण बना लिया था। दाहिने हाथ में रुद्राक्ष की माला को घुमा रहे थे, मानों सारे रस को निकाल लेने के लिए रहट चला रहे थे। छाती पर पीले अग्रभाग वाली दाढ़ी लहरा रही थी, मानों हृदय के रजोविकार को झाड़ रहे थे। घने और नीले भरे रोंगटे को देखकर लगता मानों ध्यान से प्राप्त ज्योति के कारण जले हुए हृदय को धारण कर रहे हों। उदर में वलियाँ पड़ गई थीं। नितम्ब का मांस बढ़ गया था। उनका कौपीन उज्ज्वल और पवित्र क्षौम वस्त्र से ढका हुआ था। वीरासन लगाकर विराजमान उनके चारों ओर अमृतफेन के समान योगपट्ट घिरा हुआ था मानों उनके विफल न होने वाले मन्त्रों के प्रभाव से प्रकट होकर वासुकि नामक नागराज उनकी प्रदक्षिणा कर रहा हो। लाल कमल के समान सुकुमार तलवे वाले दोनों चरणों के नखों की निर्मल किरणें फैल रही थीं, मानों बहुमूल्य निधि को निकालने के लिए पाताल को विदीर्ण कर रहे थे। पैरों के पास पानी से धुला हुआ पवित्र खड़ाउओं का जोड़ा रखा हुआ था, मानों गङ्गा के तीर्थों में विचरने के समय परिचय हो जाने से हंसों का जोड़ा साथ लग गया हो। पास में बाँस का बैसाखी डण्डा

द्धिविघ्नविनायकापनयनाङ्कुशेनेव सततपार्श्ववर्तिना विराजमानम्, अबहुभाषिणं मन्दहासिनं सर्वोपकारिणं कुमारब्रह्मचारिणम्, अतितपस्विनम्, महामनस्विनं कृशक्रोधम्, अकृशानुरोधम्, महानगरमिवादीनप्रकृतिशोभितम्, मेरुमिव कल्पतरुपल्लवराशिसुकुमारच्छायम्, कैलासमिव पशुपतिचरणरजःपवित्रितशिरसम्, शिवलोकमिव माहेश्वरगणानुयातम्, जलनिधिमिवानेकनदनदीसहस्रप्रक्षालितशरीरम्, जाह्नवीप्रवाहमिव बहुपुण्यतीर्थस्थानशुचिम्, धाम धर्मस्य, तीर्थं तथ्यस्य, कोशं कुशलस्य, पत्तनं[1] पूततायाः, शाला शीलस्य, क्षेत्रं क्षमायाः, शालेयं शालीनतायाः, स्थानं स्थितेः, आधारं धृतेः, आकरं करुणायाः, निकेतनं कौतुकस्य, आरामं रामणीयकस्य, प्रासादं प्रसादस्य, आगारं गौरवस्य, समाजं

भेदः। विशाखिका खनित्रिका। विघ्नोऽन्तरायः। विनायको गजाननः। प्रकृतिः स्वभावः, मायादिका च। राशिवत्तेन च सुकुमाराः। गणाः समूहाः, प्रमथाश्च। नदनदीष्येकशेषो युक्तः। सहस्रेषु तैः प्रक्षालितशि(शरी ?)राः। तीर्थेषु यत्स्थानं वसनं तेन शुचिम्। तीर्थस्नानैः कनखलाद्यवस्थितिभिश्च शुचिः। शालीनता विनीतत्वम्। निकेतनं गृहम्। तत्र हि सर्वस्य कौतुकं जायते।

था जिसके सिरे पर टेढ़ा लोह का कील जड़ा हुआ था मानो समस्त विद्याओं की सिद्धि में विघ्न पहुँचाने वाले विघ्नराज गजानन को हटाने के लिये अंकुश हो। वे बहुत कम बोलने वाले, मन्द-मन्द मुस्कुराते हुए, सब प्रकार के उपकारी, आजन्म ब्रह्मचारी, महातपस्वी, महामनस्वी, क्रोधरहित और समाहृत थे। महानगर की भाँति उनकी प्रकृति (स्वभाव या नागरिक जन) अदीन अर्थात् दीनतारहित थी। सुमेरु के समान कल्पवृक्ष के पल्लव की भाँति उनकी कान्ति थी (सुमेरु पर कल्पवृक्ष के पत्तों की छाया रहती है)। भगवान् शिव के चरणों की धूल से उनका सिर पवित्र था जैसे कैलास पर्वत शिव की चरणधूलि से पवित्र होता है। शैव लोग उनके साथ थे जैसे शिवलोक में प्रमथगण रहते हैं। अनेक नद और नदियों में उन्होंने अपने शरीर को समुद्र की भाँति प्रक्षालित किया था। वे अनेक पुण्यतीर्थों में भ्रमण करके गङ्गा के प्रवाह की भाँति पवित्र हो चुके थे। वे धर्म के धाम, सत्य के तीर्थ, कुशल के कोश, पवित्रता के नगर, शीलगुण के गृह, क्षमा के क्षेत्र, नम्रता के निवासस्थान, मर्यादा के स्थान, धैर्य के आधार, करुणा के खान, कौतूहल के निकेतन, सौन्दर्य के उपवन, प्रसन्नता के प्रासाद, गौरव के गृह, सौजन्य के

---

१. पत्तनं पूतनायाः।

सौजन्यस्य, संभवं सद्भावस्य, कालं कलेः, भगवन्तं साक्षादिव विरूपाक्षं भैरवाचार्यं ददर्श।

भैरवाचार्यस्तु दूरादेव राजानं दृष्ट्वा शशिनमिव जलनिधिश्चचाल। प्रथमतरोत्थितशिष्यलोकश्चोत्थाय प्रत्युज्जगाम। समर्पितश्रीफलोपायनश्च जह्नुकर्णसमुद्गीर्यमाणगङ्गाप्रवाहह्लादगम्भीरया गिरा स्वस्तिशब्दमकरोत्।

नरपतिरपि प्रीतिविस्तार्यमाणधवलिम्ना चक्षुषा प्रत्यर्पयन्निव बहुतराणि पुण्डरीकवनानि ललाटपट्टपर्यस्तेन चोर्दंशुना शिखामणिना महेश्वरप्रसादमिव तृतीयनयनोद्गमेन प्रकाशयन्नावर्जितकर्णपल्लवपलायमानमधुकरः शिवसेवासमुन्मूलिताशेषपापलवमुच्यमान इव दूरादवनतः प्रणाममभिनवं चकार। आचार्योऽपि—'आगच्छ अत्रोपविश' इति शार्दूलचर्मात्मीयमदर्शयत्। उपदर्शितप्रश्रयस्तु राजा मत्तहंसकलगद्गदस्वरसुभगां मधुरसमयीं महानदीमिव प्रवर्तयन्वाचं व्याजहार—'भगवन्! नार्हसि

शश्यपि राजा तं च दूरादेव दृष्ट्वा जलनिधिश्चलति। गाम्भीर्याच्च जलनिधिरेवेत्युक्तम्। बिल्वं श्रीफलम्। गङ्गेत्यादिना पवित्रत्वमाह।

धवलिम्नेत्यनेन पुण्डरीकाणां धवलत्वमाह। प्राभृतपुण्डरीकाणां राजतत्वात्। आवर्जितं स्वरवच्च तेन सुभगात्। शार्दूलो व्याघ्रः।

समाज, सद्भाव के उत्पत्तिस्थान एवं काल के अन्तक थे। इस प्रकार वे साक्षात् शिव के समान लग रहे थे।

भैरवाचार्य दूर से ही राजा को देखकर उस प्रकार चल पड़े जैसे समुद्र चन्द्रमा को देखकर उमड़ उठता है। पहले ही उठे हुए शिष्यों को साथ लेकर राजा के पास पहुंचे और श्रीफल का उपहार भेंट किया। तब जह्नु के कर्णकुहर से निकलते हुए गंगा-प्रवाह की ध्वनि के समान गम्भीर वाणी द्वारा 'स्वस्ति' शब्द का उच्चारण किया।

राजा ने प्रीति से आँखों की सफेदी को बढ़ाते हुए देखा मानों बहुत से कमलवनों को उनके स्वागत में अर्पित कर रहा हो। ललाट में लगी हुई शिखामणि के ऊपर की ओर फैलती हुई किरणों से मानों भगवान् शंकर के तीसरे नेत्र से प्राप्त प्रसाद को धारण कर रहा हो। जब वह झुकने लगा तब उसके कर्णपल्लव पर बैठे हुए भौंरे उड़े मानों भगवान् शिव की सेवा करने से उसके पाप उड़े जा रहे हों। इस प्रकार उसने दूर ही से झुककर प्रणाम किया। आचार्य ने भी 'आओ, यहाँ बैठो' यह कह कर अपने व्याघ्रचर्म की ओर निर्देश किया। विनय प्रकट करते हुए राजा ने मत्त कलहंस की आवाज की भाँति सुन्दर, मधु रस की महानदी को मानों प्रवाहित करते हुए कहा—'भगवन्, मुझे आप दूसरे

मामन्यनृपस्खलितैः खलीकर्तुम्। अशेषराजकोपेक्षिताया हतलक्ष्म्याः खल्वयं शीलापराधो द्रविणदौरात्म्यं वा यदेवमाचरति मयि गुरुः। अभूमिरयमुपचाराणाम्। अलमतियन्त्रणया। दूरस्थितोऽपि मनोरथशिष्योऽयं जनो भवताम्। माननीयं च गुरुवन्नोल्लङ्घनमर्हति गुरोरासनम्। आसतां च भवन्त एवात्र' इति व्याहृत्य परिजनोपनीते वाससि निषसाद। भैरवाचार्योऽपि प्रीत्यानतिक्रमणीयं नृपवचनमनुवर्तमानः पूर्ववत्तदेव व्याघ्राजिनमभजत।

आसीने च सराजके परिजने शिष्यजने च समुचितमर्घ्यादिकं चक्रे। क्रमेण च नृपमाधुर्यहृतान्तःकरणः शशिकरनिकरविमला दशनदीधितीः स्फुरन्तीः शिवभक्तीरिव साक्षाद्दर्शयन्नुवाच—'तात! अतिनम्रतैव ते कथयति गुणानां गौरवम्। सकलसंपत्पात्रमसि। विभवानुरूपास्तु प्रतिपत्तयः। जन्मनः प्रभृत्यदत्तदृष्टिरेवास्मि स्वापतेयेषु। यतः सकलदोषकलापानलेन्धनैर्धनैरविक्रीतं कच्चिच्छरीरकमस्ति। भैक्षरक्षिताः

अन्तःकरणं मनः। गौरवमुत्कर्षः, भारवत्त्वं च। अदत्तदृष्टिरेति। न तु मया धनान्यलभ्यानि। स्वापतेयेषु धनेषु। संरक्षिता इति। यदि कदाचित्कचिदुपयोगं

राजाओं की भाँति दोषों से भरा न समझें। समस्त राजाओं से उपेक्षित राजलक्ष्मी का यह चरित्र-दोष और धन का मद है जो मेरे लिए गुरु आप इस प्रकार व्यवहार कर रहे हैं। मैं ऐसे उपचारों का पात्र नहीं हू। मेरे लिए यह क्लेश ठीक नहीं। दूर रहकर भी मनोरथ से आपका शिष्य बना हुआ यह जन आपका है। गुरु के समान ही माननीय इस आसन पर मैं अपना पैर नहीं रख सकता। आप ही इसपर विराजें।' यह कहकर परिजन द्वारा लाए हुए वस्त्र पर बैठे। भैरवाचार्य ने भी प्रेम से राजा की बात मान ली और पहले के समान उसी व्याघ्रचर्म पर आसीन हो गए।

राजा लोग, परिजन और शिष्य जब बैठे तो भैरवाचार्य ने अर्घ्य आदि द्वारा उचित सत्कार किया। राजा के रसीलेपन को देख हृदय से आकृष्ट हो भैरवाचार्य चन्द्रमा की चाँदनी की भाँति अपने दाँतों की किरणों के रूप में भगवान् शिव की भक्ति प्रदर्शित करते हुए बोले—'राजन्, आपकी यह अत्यन्त नम्रता ही गुणों का उत्कर्ष बता रही है। सब प्रकार की सम्पत्ति के तुम पात्र हो। ऐश्वर्य के अनुरूप ही मनुष्य की चित्तवृत्तियाँ होती हैं। मैंने जन्म से लेकर धन की ओर दृष्टिपात नहीं किया। दोष की अग्नियों को इंधन की भाँति भड़काने वाले धन पर यह मेरी तुच्छ देह बिकी नहीं है। भीख मांग कर

सन्ति प्राणाः। दुर्गृहीतानि कतिचिद्ध्रियन्ते विद्याक्षराणि। भगवच्छिव-भट्टारकपादसेवया समुपार्जिताः कियत्योऽपि संनिहिताः पुण्यकणिकाः। स्वीक्रियतां यदत्रोपयोगार्हम्। प्रतनुगुणग्राह्याणि कुसुमानीव हि भवन्ति सतां मनांसि। अपि च, विद्वत्संमताः श्रूयमाणा अपि साधवः शब्दा इव सुधीरेऽपि हि मनसि यशांसि कुर्वन्ति। विवरं विशतः कुतूहलस्य फेनधवलैः स्रोतोभिरिवापह्रियमाणो गुणगणैरानीतोऽस्मि कल्याणिना' इति।

राजा तु तं प्रत्यवादीत्—भगवन्! अनुरक्तेष्वपि शरीरादिषु साधूनां स्वामिन एव प्रणयिनः। युष्मद्दर्शनादुपार्जितमेव चापरिमितं कुशल-जातम्। '[1]अनेनैवागमनेन स्पृहणीयं पदमारोपितोऽस्मि गुरुणा' इति विविधाभिश्च कथाभिश्चिरं स्थित्वा गृहमगात्।

अन्यस्मिन्दिवसे भैरवाचार्योऽपि राजानं द्रष्टुं ययौ। तस्मै च राजा सान्तःपुरं सपरिजनं सकोषमात्मानं निवेदितवान्। स च विहस्योवाच—

यास्यन्तीति। अनेन प्राणादिदानमेवोचितमित्युक्तम्। सकलसंपत्पात्रस्येयतः कियती वसुसंपत्तिर्भविष्यतीत्याशङ्क्याह—प्रतन्वित्यादि। गुणा उत्कर्षाः, तन्तवश्च। कुसुमानीवेति। कुसुमसादृश्येन मनसः सौकुमार्यमप्युक्तम्। साधवः शिष्टाः, शब्दा इव साधवः। संस्कृता विद्वत्संमताश्च। फेनवत्तैश्च धवलैर्गुणगणैः, स्रोतोभिश्च।

स्वामिन एव प्रणयिन इति। अनुक्तान्यपि शरीरादीनि प्रणयिनां स्वायत्तानीत्यर्थः।

मैंने प्राणों की रक्षा की है। विद्या के कुछ अक्षरों को कठिनाई से सीख पाया हूँ। भगवान् शिवभट्टारक की सेवा करके कुछ पुण्य संगृहीत किए हैं। यहाँ आपके उपयोग की जो वस्तु हो उसे स्वीकार कीजिए। सज्जनों के मन थोड़े से गुणों के कारण फूलों की भाँति ग्रहण करने योग्य हो जाते हैं। शब्दों के समान सुने गए विद्वानों के अभिमत शब्द सुधीर मन को भी प्रभावित कर देते हैं। कल्याणभाजन तुमने हृदय में प्रवेश करते हुए कुतूहल की फेनधवलधारा के समान अपने गुणों द्वारा तुमने खींच कर मुझे यहाँ आने के लिए विवश किया।'

राजा ने भैरवाचार्य से कहा—'जैसे शरीर बिना कहे ही अपने अधीन होता है उसी प्रकार सज्जन लोग भी प्रेमी जनों के वश में रहते हैं। आपके दर्शन से अनन्त कुशल-लाभ हुआ। आपने इस ओर पधार कर मुझे स्पृहणीय पद पर प्रतिष्ठित कर दिया।' इस प्रकार देर तक ठहर कर बातचीत के बाद घर लौट आए।

दूसरे दिन भैरवाचार्य भी राजा को देखने के लिए पधारे। उनके स्वागत में राजा ने

१. कृतमनेनैवानुगमनेन।

'तात ! क विभवाः, क च वयं वनवर्धिताः ? धनोष्मणा म्लायत्यलं लतेव मनस्विता। खद्योतानामिवास्माकमियमपरोपतापिनी राजते तेजस्विता। भवादृशा एव भाजनं भूतेः' इति स्थित्वा च कंचित्कालं जगाम।

परिव्राट् तेनैव क्रमेण पञ्च पञ्च राजतानि पुण्डरीकाण्युपायनीचकार। एकदा तु श्वेतकर्पटावृतं किमप्यादाय प्राविशत्। उपविश्य च पूर्ववत्स्थित्वा मुहूर्तमब्रवीत्—'महाभाग! भवन्तमाह भगवान्यथास्मच्छिष्यः पातालस्वामिनामा ब्राह्मणः। तेन ब्रह्मराक्षसहस्तादपहृतो महासिरट्टहासनामा। सोऽयं भवद्भुजयोग्यो गृह्यताम्' इत्यभिधायापहृतकर्पटावच्छादनात्परिवारादाचकर्ष शरद्गगनतलमिव पिण्डतां नीतम्, कालिन्दीप्रवाहमिव स्तम्भितजलम्, नन्दकजिगीषया कृष्णकोपितं कालियमिव कृपाणतां गतम्, लोकविनाशाय प्रकाशितधा-

खद्योताः कीटमणयः।

महाभागेति प्रस्तुतानुगुणमामन्त्रणम्। परिवारादाचकर्ष कृपाणमिति संबन्धः। पिण्डं शस्त्रम्। उक्तं च—'लोहोऽस्त्री शस्त्रकं तीक्ष्णं पिण्डं कालायसायसी' इति। स्तम्भितं घनं रचितमन्तर्जलं यस्य तम्। किल कृपाणस्य वा पानीयं यन्त्रेण क्रियते। नन्दको विष्णुखड्गः। कालियो नागभेदः। धाराणामासारः, धारारूपश्चासारो धारासारः। दन्तमण्डलं दन्तचक्रवालम्, दशनसमूहश्च। मुष्टिः त्सरुः.

अन्तःपुर, परिजन और सम्पत्ति के साथ अपने आपको भेंट किया। उन्होंने हँस कर कहा—'राजन्, कहाँ ये सम्पत्तियाँ और कहाँ जंगल के वासी हम ! मनस्विता धन की गरमी से झुलस जाती है। खद्योतों के समान दूसरों को सन्तप्त न करने वाली यह हमारी तेजस्विता ही बहुत है। आप जैसे लोग ही ऐश्वर्य के भाजन हैं।' इस प्रकार कुछ ठहर कर चले गए।

भैरवाचार्य के शिष्य ने उसी क्रम से चाँदी के पाँच कमलों को भेंट में अर्पित किया। एक समय वह उजले वस्त्र से ढँककर कुछ लिए हुए पहुँचा। पहले की तरह बैठकर क्षण भर के बाद बोला—'महाभाग, भगवान् ने आप से कहा है कि पातालस्वामी नाम का एक ब्राह्मण मेरा शिष्य है। उसने ब्रह्मराक्षस के हाथ से अट्टहास नामक कृपाण छीना है। वह आपके हाथ में रहने योग्य है।' यह कहकर उसने ऊपर का वस्त्र हटाकर म्यान से उस कृपाण को खींच लिया, मानों आकाश ही शस्त्र बना हो, यमुना का प्रवाह ही रुक गया हो, कृष्ण के प्रति कुपित कालियनाग ने उनके नन्दक नामक खड्ग को जीतने की इच्छा से मानों कृपाण का रूप धर लिया हो। संसार के विनाश के लिए धाराजल की

रासारम्, प्रलयकालमेघखण्डमिव नभस्तलात्पतितम्, दृश्यमानविकट-दन्तमण्डलं हासमिव हिंसायाः, हरिबाहुदण्डमिव कृतदृढमुष्टिग्रहम्, सकलभुवनजीवितापहरणक्षमेण कालकूटेनेव निर्मितम्, कृतान्तकोपानलतप्तेनेवायसा घटितम्, अतितीक्ष्णतया पवनस्पर्शेनापि रुषेव क्वणन्तम्, मणिसभाकुट्टिमपतत्प्रतिबिम्बच्छद्मनात्मानमपि द्विधेव पाटयन्तम्' अरिशिरश्छेदलग्नैः कचैरिव किरणैः करालितधारम्, मुहुर्मुहुस्तडिदुन्मेषतरलैः प्रभाचक्रच्छुरितैर्जर्जरितातपम्, खण्डशश्छिन्दन्तमिव दिवसम्, कटाक्षमिव कालरात्रेः, कर्णोत्पलमिव कालस्य, ओंकारमिव क्रौर्यस्य, अलंकारमहंकारस्य, कुलमित्रं कोपस्य, देहं दर्पस्य, सुसहायं साहसस्य, अपत्यं मृत्योः, आगमनमार्गं लक्ष्म्याः, निर्गमनमार्गं कीर्तेः, कृपाणम्।

अवनिपतिस्तु तं गृहीत्वा करेणायुधप्रीत्या प्रतिमानिभेनालिङ्गन्निव सुचिरं ददर्श। संदिदेश च—'वक्तव्यो भगवान्परद्रव्यग्रहणावज्ञादुर्विदग्धमपि हि मे मनो युष्मद्विषये न शक्नोति वचनव्यतिक्रमव्यभिचारमाचरितुम्' इति। परिव्राट् तु गृहीते तस्मिन्परितुष्टः 'स्वस्ति भवते।

असुरभेदश्च। अतितीक्ष्णतयेति। तीक्ष्णत्वं तानवाद्भवति, तनु च परस्परस्पर्शेन क्वणति। तथा चातितीक्ष्णोऽतिदण्डप्रकृती रोषेण हुंकरोति। कचैः केशैः। करालिता व्याप्ताः।

वर्षा करता हुआ प्रलयकालीन मेघ का टुकड़ा हो। दीख पड़ती हुई दाँतियों के मण्डल वाला मानों हिंसा का ही हास हो। भगवान् कृष्ण के बाहुदण्ड के समान उसकी मूँठ दृढ़ थी। सारे संसार के प्राणों को हर लेने के लिए मानों वह विष से बना हो। यमराज की क्रोधाग्नि में तपाए हुए लोहे से मानों बनाया गया हो। उसकी धार इतनी तेज थी कि हवा के भी लगने से उसमें आवाज-सी निकलती। मणि के जड़ावों पर पड़ती हुई अपनी छाया के व्याज से मानों अपने आपके भी दो टुकड़े कर रहा हो। उसकी धार से किरणें निकल रही थीं मानों शत्रु के सिर काटने से उसमें बाल चिपट गए हों। बार-बार बिजली की तरह चमक वाली प्रभा से वह आतप को जर्जर बना रहा था, मानों दिन का खण्ड-खण्ड कर रहा हो। वह मानों कालरात्रि का कटाक्ष, काल का कर्णोत्पल, क्रूरता का ओंकार, अहंकार का अलंकार, कोप का कुलमित्र, दर्प का शरीर, साहस का सहायक, मृत्यु का वंशज, लक्ष्मी के आने का मार्ग और कीर्ति के निकलने का मार्ग था।

राजा ने उसे हाथ में लेकर आयुध के प्रति स्वाभाविक प्रेम के कारण मानों प्रतिमा के समान उसका आलिङ्गन करते हुए देखा और संदेश दिया—'भगवान् भैरवाचार्य से कहना कि दूसरे के धन को तिरस्कार की दृष्टि से देखने वाला मेरा मन आपकी बात का

साधयामः' इत्युक्त्वा निरयासीत्। नृपश्च प्रकृत्या वीररसानुरागी तेन कृपाणेनामन्यत करतलवर्तिनीं मेदिनीम्।

अथ व्रजत्सु दिवसेष्वेकदा भैरवाचार्यो राजानमुपह्वरे सोपग्रहमवादीत्—'तात! स्वार्थालसाः परोपकारदक्षाश्च प्रकृतयो भवन्ति भव्यानाम्। भवादृशां चार्थिदर्शनं महोत्सवः प्रणयनमाराधनमर्थग्रहणमुपकारः। भूमिरसि सर्वलोकमनोरथानाम्। येनाभिधीयसे। श्रूयताम्। भगवतो महाकालहृदयनाम्नो महामन्त्रस्य कृष्णस्रगम्बरानुलेपनेनाकल्पेन कल्पकथितेन महाश्मशाने जपकोट्या कृतपूर्वसेवोऽस्मि। तस्य च वेतालसाधनावसाना सिद्धिः। असहायैश्च सा दुरवापा। त्वं चालमस्मै कर्मणे। त्वयि च गृहीतभरे भविष्यन्त्यपरे सहायास्त्रयः। एकः स एवास्माकं टीटिभनामा बालमित्रं मस्करी यो भवन्तमुपतिष्ठते। द्वितीयः स

साधयामः स्वकर्मसिद्धिं विदध्मः। मङ्गलत्वाद्गच्छाम इति नोक्तम्।

उपह्वरे प्रच्छन्ने। सोपग्रहं साभ्यर्थनम्। प्रणयनं याचनम्। मनोरथानामिति। रथाश्च भूमौ वहन्ति। आकल्पेन वेशेन। इतिकर्तव्यताकलापोपदेशको ग्रन्थः कल्पः। अलं पर्याप्तः। उपतिष्ठत इति संगतिकरणे तङ्। परिग्रहणं स्वीकारः।

उलङ्घन नहीं कर सकता।' राजा के कृपाण ले लेने पर उस परिव्राजक ने सन्तुष्ट होकर कहा—'आपका कल्याण हो, मैं चला।' यह कहकर वापिस लौट गया। स्वभाव से ही वीर रस में अनुराग करने वाले राजा ने उस कृपाण के द्वारा सारी पृथिवी को अपने हाथ में आई हुई समझा।

बहुत दिनों के बाद एक समय भैरवाचार्य ने राजा से निवेदन किया—'राजन्, सज्जन लोग स्वभाव से ही अपने कार्य में उदासीन और परोपकार करने में चतुर होते हैं। आप जैसे लोग याचकों को देखकर बड़ा उत्सव मानते हैं, उनके माँगने से अपने को सम्मानित समझते हैं और दी हुई वस्तु को उनके द्वारा ले लेने पर अपने आपको अत्यन्त उपकृत मानते हैं। जनता की समस्त इच्छाओं के आप केन्द्र हैं। इसलिए कह रहा हूँ, सुनें—शास्त्रोक्त विधि के अनुसार महाश्मशान में काली माला और काला वस्त्र पहन एवं चन्दन लगा मैंने एक कोटि जप किया है। वेताल की साधना में उस मन्त्र की सिद्धि का अन्त होता है। असहाय लोग उस सधना को नहीं कर पाते। आप इस कार्य में समर्थ हैं। अगर इस भार को स्वीकार करते हैं तो आपके तीन साथी और मिलेंगे। एक तो वही टीटिभ नाम का मेरा बचपन का सुहृद् संन्यासी जो आपके पास आता रहता है, दूसरा वह पातालस्वामी और तीसरा कर्णताल नाम का द्रविड़ देश का रहने वाला मेरा ही

पातालस्वामी। अपरो मच्छिष्य एव कर्णतालनामा द्राविडः। यदि साधु मन्यसे ततो नीयतामयं दिङ्नागहस्तदीर्घो गृहीताट्टहासो निशामेकामेकदिङ्मुखार्गलतां बाहुः।' इति कृतवचसि च तस्मिन्नन्धकारप्रविष्ट इव दृष्टप्रकाशः प्राप्तोपकारावकाशः प्रमुदितेनान्तरात्मना नरेन्द्रः समभाषत—'भगवन्! परमनुगृहीतोऽस्म्यनेन शिष्यजनसामान्येन निदेशेन कृतपरिग्रहमिवात्मानमवैमि' इति। ननन्द च तेन नरेन्द्रव्याहृतेन भैरवाचार्यः। चकार च संकेतम्—'अस्यामेवागामिन्यामसितपक्षचतुर्दशीक्षपायामियत्यां वेलायाममुष्मिन्महाश्मशानसमीपभाजि शून्यायतने शस्त्रद्वितीयेनायुष्मता द्रष्टव्या वयम्' इति।

पर छा गए और दोनों (चन्द्र के समान) अभिराम एवं (सूर्य के समान) दुर्धर्ष हो गए । अग्नि और वायु के समान दोनों में तेज और बल बराबर अभिव्यक्त हुए और दोनों जैसे एक हो गए । हिमालय और विन्ध्याचल के समान दोनों अडिग हुए और उनके शरीर की गठन शिला जैसी कड़ी थी । दो महावृषभ के समान कृतयुग अर्थात् सतयुग के उचित (जुआठ धारण करने योग्य) थे । अरुण और गरुड़ के समान दोनों अलग-अलग घोड़े की सवारी करते थे (अरुण पक्ष में-सूर्य के वाहन अर्थात् सारथि के रूप में, और गरुड पक्ष में-विष्णु के वाहन रूप में विभक्त शरीर वाले) । कर्ण और अर्जुन के समान कुण्डल और किरीट धारण करते थे । पूर्व और पश्चिम दिग्भाग के समान समस्त तेज-स्वियों (सूर्य और चन्द्र) का उदय और अस्त करने में समर्थ थे । उन्होंने अपना इतना विस्तार कर लिया कि पृथिवी की कुटिया के संकीर्ण स्थान में अँट नहीं पा रहे थे, जिसमें समुद्रतट की अर्गला लगा दी गई थी । तेज से अलग होकर रहने वाली छाया को भी वे हीन दृष्टि से देखते थे । अपने पैर के नखों में गिरकर लगे हुए अपने शरीर के प्रतिबिम्ब से भी वे लज्जा का अनुभव करते थे । सिर के बालों को काटने से भी उन्हें दुःख का अनु-भव होता । अपनी चूड़ामणि में प्रतिबिम्बित होते हुए अपने ही छत्र को दूसरा समझकर

चूडामणिसंक्रान्तेनापि द्वितीयेनातपत्रेणापत्रपमाणौ, भगवति षण्मुखेऽपि स्वामिशब्देनासुखायमानश्रवणौ, दर्पणदृष्टेनापि प्रतिपुरुषेण दूयमाननयनौ, संध्याञ्जलिघटनेष्वपि शूलायमानोत्तमाङ्गौ, जलधरधृतेनापि धनुषा दोधूयमानहृदयौ, आलेख्यक्षितिपतिभिरप्यप्रणमद्भिः संतप्यमानचरणौ, परिमितमण्डलसंतुष्टं तेजः सवितुरप्यबहुमन्यमानौ, भूभृदपहृतलक्ष्मीकं सागरमप्युपहसन्तौ, बलवन्तमकृतविग्रहं मारुतमपि निन्दन्तौ, हिमवतोऽपि चमरीवालव्यजनवीजितेन दह्यमानौ, जलधीनामपि शङ्खैः खिद्यमानौ, चतुःसमुद्राधिपतिमपरं प्रचेतसमप्यसहमानौ, अनपहृतच्छत्रानपि विच्छायानवनिपालान्कुर्वाणौ, माधुष्वप्यसेवितप्रसन्नौ, मुखेन मधु

जरद्रुहम्। भङ्गः कुञ्चितत्वम्, युद्धे पलायनं च। अपत्रपमाणौ लज्जन्तौ। स्वामी कुमारः, प्रभुश्च। प्रतिपुरुषेणेति। स्पर्धायां प्रतिशब्दः। दोधूयमानं संतप्यमानम्। मण्डलं बिम्बम्, विषयश्च। तेजः प्रकाशः, तैक्ष्ण्यं च। भूभृदत्र प्रकरणान्मन्दरः, राजानश्च भूभृतः। लक्ष्मीः समृद्धिरपि। विग्रहं वैरम्, देहश्च। अनपहृतेत्यादि वर्ण्यमानवयोवस्थाभिप्रायेणोक्तम्। छाया कान्तिः, आतपप्रतिपक्षजातिश्च। सति छत्रे विच्छायत्वं न भवतीति विरोधः। माधुष्विति। साधूनां सेवाव्यतिरेकेण प्रसादायोग्यत्वम्। प्रसन्नौ प्रसादवन्तौ, सुरापि प्रसन्ना। मधु माधुर्यम्, मद्यं च। असेवितप्रसन्नश्च कथं मुखेन मधु क्षरतीति विरोधः। ऊष्मा स्मयः, तापश्च।

लज्जित होते थे। भगवान् कार्तिकेय के लिए भी स्वामी शब्द का व्यवहार करना उनके कानों को सुखकर नहीं लगता। दर्पण में अपने ही प्रतिबिम्ब को किसी दूसरे प्रतिस्पर्धी का समझकर उनकी आँखों को कष्ट होता। संध्या को प्रणाम करने के लिए हाथ जोड़ते ही उनके सिर में पीड़ा होने लगती। उनके सामने मेघ भी जब धनुष धारण करता तो उनके हृदय में कँपकँपी होने लगती। सिर नहीं झुकाते हुए चित्रलिखित राजाओं को देखकर उनके पैर मारे क्रोध के थरथराने लगते। सूर्य के मण्डल में घिरे हुए तेज को भी वे बहुत नहीं मानते थे। हरी हुई लक्ष्मी वाले समुद्र की भी वे हँसी उड़ाते थे। बलवान् होकर भी युद्ध नहीं करने वाले (अथवा शरीर से रहित) वायु की भी वे निन्दा करते थे। हिमालय को भी चमरी के बालों से झले जाते देखकर वे भीतर-भीतर जलते थे। समुद्रों के भी शंखों (शंख संज्ञक निधियों) को देखकर खिन्न होते थे। चारों समुद्रों पर आधिपत्य करने से दूसरे वरुण को भी सह नहीं पाते थे। छत्र छीन कर भी राजाओं को छायारहित (कान्तिहीन) कर देते थे। सज्जनों पर सेवा के बिना ही प्रसन्न रहते (अथवा प्रसन्ना अर्थात् मदिरा के न सेवन करने पर भी) और मुख से उनके प्रति मीठी बात बोलते (अथवा मधु अर्थात् मदिरा को मुँह से उगलते)। दुष्ट राजाओं के वंश को अपनी गर्मी

क्षरन्तौ, दुष्टराजवंशानूष्मणा दूरस्थितानपि म्लानिमानयन्तौ, अनुदिवसं शस्त्राभ्यासश्यामिकाकलङ्कितमशेषराजकप्रतापाग्निनिर्वपणमलिनमिव करतलमुद्वहन्तौ, योग्याकालेषु धीरैर्धनुर्ध्वनिभिरभ्यर्णोपभोगाद्दिग्वधूभिरिवालपन्तौ राज्यवर्धन इति हर्ष इति सर्वस्यामेव पृथिव्यामाविर्भूतशब्दप्रादुर्भावौ, स्वल्पीयसैव कालेन द्वीपान्तरेष्वपि प्रकाशतां जग्मतुः।

एकदा च तावाहूय भुक्तवानभ्यन्तरगतः पिता सस्नेहमवादीत्—'वत्सौ! प्रथमं राज्याङ्गं, दुर्लभाः सद्भृत्याः। प्रायेण परमाणव इव समवायेष्वनुगुणीभूय द्रव्यं कुर्वन्ति पार्थिवं क्षुद्राः। क्रीडारसेन नर्तयन्तो मयूरतां नयन्ति बालिशाः। दर्पणमिवानुप्रविश्यात्मीयां प्रकृतिं संक्राम-

---

ऊष्मणा च दाहशक्त्या। वंशा वेणवः। निकटस्थो म्लानीक्रियते न तु दूरस्थ इति विरोधः। निर्वपणं शमनम्। योग्या अभ्यासः। अभ्यर्णः प्रत्यासन्नः शब्दः। प्रादुर्भावः ख्यातिः।

प्रथमं प्रधानभूतम्। प्रायेणेति। क्षुद्राः प्रायेण समवायेषु मन्त्रेष्वनुगुणीभूय यथा क्षुद्रा अल्पपरिमाणाः परमाणवः पार्थिवं पृथिव्यादिजातीयं घटादिद्रव्यं कुर्वन्ति। कथं समवायेष्वनुगुणीभूयायुतसिद्धानामाधाराधेयभूतानामिह प्रत्ययहेतुः। संयोगः समवायः। यथा तन्तुषु पट इति। कार्यस्य द्रव्यस्यावयविन आरम्भं प्रतियोगीभावोऽनुगुणत्वम्। मयूरो धूर्तजनयोग्यो हासो वा, शिखण्डी च। बालिशा धूर्ताः, कुमाराश्च। बालका हि क्रीडारसेन मयूरं नर्तयन्ते। अनुप्रविश्य

से दूर से ही म्लान कर देते थे। प्रतिदिन शस्त्र के अभ्यास करने से दाग पड़े हुए और समस्त राजाओं की प्रतापाग्नि को बुझाने से मलिन अपने दोनों करतलों को धारण करते थे। अभ्यास-काल में धनुष की गम्भीर टंकार से मानों निकट में उपभोग की भावना से दिगङ्गनाओं के साथ बातचीत करते थे। राज्यवर्धन और हर्ष इन दोनों शब्दों का प्रादुर्भाव सारी पृथिवी में हो गया।

एक समय भोजन करने के बाद दोनों पुत्रों को पिता ने बुलाकर स्नेह के साथ कहा—'बच्चे, अच्छे सचीव ही राज्य के प्रधान अङ्ग होते हैं।' जैसे छोटे-छोटे परमाणु समवाय सम्बन्ध से एकत्र होकर पार्थिव द्रव्य को उत्पन्न करते हैं उसी प्रकार क्षुद्र प्रकृति के लोग खुशामद की बात करके राजा को साधारण जन बना देते है। धूर्त लोग विविध क्रिड़ाओं के आनन्द में उसे फँसाकर मयूर के समान उसे नचाने लगते हैं। चट्टे-नट्टे लोग दर्पण के समान उसमें प्रवेश करके अपनी प्रकृति को उसमें संक्रान्त कर देते हैं। ठग विद्या में निपुण लोग झूठ-मूठ की बातों को दिखाकर उसकी बुद्धि को खराब कर

यन्ति पल्लविकाः। स्वप्ना इव मिथ्यादर्शनैरसद्बुद्धिं जनयन्ति विप्रलम्भकाः। गीतनृत्यहसितैरुन्मत्ततामावहन्त्यपेक्षिता विकारा इव वातिकाः। चातका इव तृष्णावन्तो न शक्यन्ते ग्रहीतुमकुलीनाः। मानसे मीनमिव स्फुरन्तमेवाभिप्रायं गृह्णन्ति जालिकाः। यमपट्टिका इवाम्बरे चित्रमालिखन्त्युद्गीतकाः। शल्यं हृदये निक्षिपन्त्यतिमार्गणाः। यतः सर्वैरेभिर्दोषाभिषङ्गैरसंगतौ बहुधोपधाभिः परीक्षितौ शुची विनीतौ विक्रान्तावभिरूपौ मालवराजपुत्रौ भ्रातरौ भुजाविव मे शरीरादव्यतिरिक्तौ कुमारगुप्तमाधव-

---

चित्तरञ्जनां कृत्वा, आसाद्य च प्रकृतिं स्वभावम्, शरीरं च। पल्लविका विटाः, किसलयानि च। मिथ्यादर्शनैरसदागमैः, अलीकवस्तुप्रकाशनैश्च। असतीमशोभनां बुद्धिम्, असत्यविद्यमाने च बुद्धिः। विप्रलम्भकाः प्रतारकाः। वातिका धूर्ताः, वातोत्थिताश्च। तृष्णा धनगर्धा, पिपासा च। ग्रहीतुमावर्जयितुम्, अवष्टब्धुं च। अकुलीना अकुलोद्भूताः। कौ भूमौ न निलीनाश्चाकाशचारित्वात्। मानसे चित्ते, सरोभेदे च। स्फुरन्तमुत्पद्यमानम्। अनुत्पन्नाभिभवमिति यावत्। सति कार्ये हि सर्व एवाभिप्रायं लक्षयति। एतेऽत्र प्रागेव। अन्यत्र,—च चलन्तम्। जालिकाः कौसृतिकाः, कैवर्ताश्च। यमपट्टिका गृहीतपट्टलिखितसपरिवारधर्मराजाः। अम्बर आकाशे, वस्त्रे चाम्बरे। चित्रमालिखन्तीति। असंभाव्यमानानर्थानारभन्त इति यावत्। अन्यत्र,—चित्रमालेख्यम्। उद्गीतका उच्चतरत्वादुच्चैर्गीतं येषां ते च। शल्यमिव शल्यं पीडा, फलिका च। अतिमार्गणा अतिक्रम्य ये संश्रयन्ते, अन्यथा महाभागिनोऽस्य वक्तुरनुचितेयमुक्तिः स्यात्। तेनानुरूपसंभवमविच्छिन्नं च। मार्गणमतिमार्गणम्, मार्गणाः शराश्च। हृदये शल्यं फलिकामर्पयन्ति। अभिषङ्गः संपर्कः। उपधा भृत्यस्य धर्मादिविषयः परीक्षणोपायः। उक्तं च—'उपेत्याधीयते यस्मादुपधेति ततः स्मृता। उपाय उपधा ज्ञेया तया भृत्यान्परीक्षयेत्॥' इति। विक्रान्तौ शूरौ। अभिरूपौ सुन्दरौ।

डालते हैं। अपेक्षित होने पर वायुजन्य व्याधि के समान ये धूर्त नाच, गाना और हँसी-मजाक से पागल बना देते हैं। चातकों के समान धन के प्यासे ये ऐरे-गैरे लोग साथ नहीं देते। ये चालबाज लोग मानस में मत्स्य के समान ऊपर की ओर उचकते ही अभिप्राय पकड़ लेते हैं। यमदूतों के समान ये उचक्के लोग आकाश में चित्रकारी करते हैं अर्थात् बिना किसी सम्भावना के एकाएक अनिष्ट कर बैठते हैं। बाणों के समान छिद्रान्वेषी प्रकृति के ये लोग हृदय में पीड़ा उत्पन्न करते हैं। इसलिए इन सब दोषों के लगाव से सर्वथा दूर रहने वाले, बहुत प्रकार के उपायों से परीक्षित, पवित्र, विनम्र,

गुप्तनामानावस्माभिर्भवतोरनुचरत्वार्थमिमौ निर्दिष्टौ। अनयोरुपरि भवद्भ्यामपि नान्यपरिजनसमवृत्तिभ्यां भवितव्यम्,' इत्युक्त्वा तयोराह्वानाय प्रतीहारमादिदेश।

न चिराद्द्वारदेशनिहितलोचनौ राज्यवर्धनहर्षौ प्रतीहारेण सह प्रविशन्तम्, अग्रतो ज्येष्ठमष्टादशवर्षवयसं नात्युच्चं नातिखर्वमतिगुरुभिः पदन्यासैरनेकनरपतिसंचरणचलां निश्चलीकुर्वाणमिवोर्वीम्, अनवरताभ्यस्तलङ्घनघनोपचयकठिनमांसमेदुरादूरुद्वयान्निष्पततेवानुल्बणजानुग्रन्थिप्रसूतेन तनुतरजङ्घाकाण्डयुगलेन भासमानम्, उल्लिखितपार्श्वप्रकाशितकृशिम्ना मन्दरमिव सुरासुरभसभ्रमितवासुकिकषणक्षीणेन मध्येन लक्ष्यमाणम्, अतिविस्तीर्णेनोरसा स्वामिसंभावनानामपरिमितानामवकाशमिव प्रयच्छन्तम्, प्रलम्बमानस्य भुजयुगलस्य निभृतललितैर्विक्षेपैरतिदुस्तरं तरन्तमिव यौवनोदधिम्, वामकरकटकमाणिक्यमरीचिमञ्जरीजालिन्या समुद्भिद्यमानप्रतापानलशिखापल्लवयेव चापगुणकिणलेखयाङ्कितपीवरप्रकोष्ठम्, आलोहिनीमुभांसतटावलम्बिनीमस्त्रग्रहणव्रतविधृतां रौरवीमिव

न चिरादित्यादौ। राज्यवर्धनहर्षौ प्रतीहारेण सह प्रविशन्तमग्रतो ज्येष्ठं कुमारगुप्तं पृष्ठतश्च तस्य कनीयांसं नीतिमत्त्वं प्रकाशितम्। खर्वं वामनम्। मेदुरात्पुष्टात्। अनुल्वणोऽनुद्धतः। उल्लिखितमिवोल्लिखितं तनूकृतम्। रुरुर्मृगभेदस्तस्येयं

शूर, सुन्दर, मालराज के पुत्र कुमारगुप्त और माधवगुप्त नाम के दो भाई, जो मेरी दोनों भुजाओं के समान मेरे शरीर से अलग नहीं, मैंने तुम्हारे अनुचर के रूप में नियुक्त किये हैं। इन दोनों के साथ आप लोग भी सामान्य परिजनों जैसा व्यवहार नहीं रखेंगे।' यह कहकर राजा ने उन दोनों को बुला लाने के लिये आदेश दिया।

कुछ ही देर में द्वार की ओर आँख लगाये राज्यवर्धन और हर्ष ने आगे आगे अट्ठारह वर्ष की अवस्था के जेठे, न अधिक नाटे न अधिक लम्बे, प्रतिहार के साथ प्रवेश करते हुये कुमारगुप्त को देखा। वह मानों अनेक राजाओं के चलने से हिलती हुई पृथिवी को गम्भीर पदविन्यास से निश्चल बना रहा था। हमेशा लांघने के अभ्यास से उसके दोनों ऊरुकाण्ड भर जाने से कड़े और गंसे हुये थे। उसके सुघड़ ठेहुने से निकली हुयी पतली सी छरहरी जाँघें शोभित हो रही थीं। उसका मध्य भाग देवता और दानवों द्वारा घुमाये गये वासुकि सर्प की रगड़ खाकर मन्दराचल के समान कृश लग रहा था मानों खराद पर चढ़ाया गया हो। अपनी चौड़ी छाती से वह मानों स्वामी के अपरिचित स्नेह सद्भाव के रहने के लिये अवकाश दे रहा था। लम्बी-लम्बी सुघड़ अपनी दोनों

त्वचं कर्णाभरणमणेः प्रभां बिभ्राणम्, उत्कोटिकेयूरपत्रभङ्गपुत्रिकाप्रतिबिम्बगर्भकपोलं मुखं चन्द्रमसमिव हृदयस्थितरोहिणीकमुद्वहन्तम्, अचपलस्तिमिततारकेणाधोमुखेन चक्षुषा शिक्षयन्तमिव लक्ष्मीलाभोत्तानितमुखानि पङ्कजवनानि विनयम्, स्वाम्यनुरागमिवाम्लातकमुत्तंसीकृतं शिरसा धारयन्तम्, निर्दयया कङ्कणभङ्गभीतसकलकार्मुकार्पितामिव नम्रतां प्रकाशयन्तम्, शैशव एव निर्जितैरिन्द्रियैररिभिरिव संयतैः शोभमानम्, प्रणयिनीमिव विश्वासभूमिं कुलपुत्रतामनुवर्तमानम्, तेजस्विनमपि शीलेनाह्लादकेन सवितारमिव शाशनान्तर्गतेन विराजमानम्, अचलानामपि कायकार्कश्येन गन्धनमिवाचरन्तम्, दर्शनक्रीतमानन्दहस्ते विक्रीणानमिव जनं सौभाग्येन कुमारगुप्तम्, पृष्ठतस्तस्य कनीयांसमतिप्रांशुतया

रौरवीं ताम्। अम्लातकं पुष्पभेदम्, कुरण्टिकापुष्पभेदं वा। उत्तंसीकृतं शेखरतां नीतम्। शीलेनाप्यन्तर्गतेन। एतेन चास्या दाम्भिकत्वमुक्तम्। गन्धनं मर्दनम्; उद्वाहनं वा। दृष्टमेव जनं वश्यमेव सर्वं करोतीति दर्शनक्रीतता। क्रीतमावर्जितम्। पुनश्चानन्दोत्पादनद्वारेणानन्दवन्तं तच्छरणं करोतीति। तत्र विक्रियोत्प्रेक्षा—यत्तु वस्तु केनचिदर्थेन क्रीतं तदप्यन्यस्य विक्रीयत इत्युक्तम्। विक्रीणानमिति।

भुजाओं को हिलाते हुये वह मानों अत्यन्त दुस्तर यौवन रूपी समुद्र पर तैर रहा था। उसके बायें हाथ में धनुष की डोर से रगड़ पड़ने के कारण काली-सी रेखा थी जिस पर उस हाथ के बिजायट के रत्न की किरणें पड़ रहीं थीं, मानों प्रकट होते हुये प्रतापानल को पल्लवाकार शिखा हो। ऊँचे कन्धे से लटकती हुयी कान के आभरण-मणि की लाल प्रभा को धारण कर रहा था मानो अस्त्र ग्रहण करने के लिये धारण की गयी रुरु मृग के चमड़े की पेटी हो। खड़ी कोर वाले केयूर में पत्रलता सहित पुतली की छाया से गर्भित कपोल वाला मुख रोहिणी को हृदय में लिये हुये चन्द्रमा की भाँति धारण कर रहा था। उसकी आँखें झुकी हुयी और पुतलियाँ स्थिर थीं, मानों लक्ष्मी के लोभ से सिर ऊँचा किये कमलों को विनय की सीख दे रहा था। अम्लातक नामक लाल पुष्प को उत्तंस बनाकर सिर से स्वामी के अनुराग के रूप में धारण कर रहा था। निर्दयता के कारण कंकण के टूट जाने के कारण डरे हुये धनुष की नम्रता को प्रकाशित कर रहा था। बाल्यकाल में ही शत्रुओं के समान जीते जाने पर संयत हुई इन्द्रियों से शोभित हो रहा था। प्रेयसी के समान विश्वास करने योग्य अपनी कुलीनता को व्यक्त कर रहा था। जैसे चन्द्रमा सूर्य को अपने अन्तर्गत कर लेता है उसी प्रकार तेजस्वी होकर भी वह अपने आह्लादक शील गुण से शोभ रहा था। उसकी देह इतनी कड़ी थी कि पहाड़ों को

गौरतया च मनःशिलाशैलमिव संचरन्तम्, अनुल्बणमालतीकुसुमशेखर-निभेन निर्जिगमिषता गुरुणा शिरशि चुम्बितमिव यशसा परस्परविरुद्ध-योर्विनययौवनयोश्चिरात्प्रथमसंगमचिह्नमिव भ्रूसंगतकेन कथयन्तम्, अति-धीरतया हृदयनिहितां स्वामिभक्तिमिव निश्चलां दृष्टिं धारयन्तम्, अच्छा-च्छचन्दनरसानुलेपनशीतलं संनिहितहारोपधानं वक्षःस्थलमनन्तसामन्त-संक्रान्तिश्रान्तायाः श्रियो विशालं शशिमणिशिलापट्टशयनमिव बिभ्राणम्, चक्षुः कुरङ्गकैर्घोणावंशं वराहैः स्कन्धपीठं महिषैः प्रकोष्ठबन्धं व्याघ्रैः पराक्रमं केसरिभिर्गमनं मतङ्गजैर्मृगयाक्षपितशेषैर्भीतैरुत्कोचमिव दत्तं दर्शयन्तं माधवगुप्तं ददृशतुः।

प्रविश्य च तौ दूरादेव चतुर्भिरङ्गैरुत्तमाङ्गेन च गां स्पृशन्तौ नमश्च-

---

गौरतयेतीत्थंभूतलक्षणे तृतीया। शेखरस्यानुल्बणत्वं विनयं वक्ति। गुरुणा भूयि-ष्ठेन। चुम्बितमधिष्ठितम्। गुरुणा च पित्रा निर्गच्छता पुत्रः शिरसि चुम्ब्यते। भ्रूसंगतकं विनयम्, उपधानं गण्डकम्। विशालं प्रशस्तम्। विशाले चाङ्गानि प्रसार्यन्ते। शीतलत्वाच्चाङ्गनिर्वृतिः। घोणा नासिका एव स्पष्टत्वाद्वंशस्तम्। उत्को-चमिवेति। दण्डमित्यर्थः।

चतुर्भिरङ्गैरिति। जानुभ्यां हस्ताभ्यां चोत्तमाङ्गेन मूर्ध्ना। भूमिं तौ च।

भी मसल डालने की क्षमता रख रहा था। दर्शन देकर खरीदे गये की तरह अपने वश में हुये लोगों को सौभाग्य के द्वारा आनन्द के हाथ मानों बेंच रहा था। उसके पीछे पीछे अवस्था में छोटे लेकिन उसकी अपेक्षा लम्बे और गोरे मैनसिल के पर्वत के समान आते हुये माधवगुप्त को देखा। वह सुन्दर मालती के फूलों के शेखर के रूप में, निकलते हुए यश की भाँति अपनी भौंहों के संगतक (सम्मेलन) से मानों परस्पर विरुद्ध विनय और यौवन के पहले-पहल हुए एकत्र संगम को व्यक्त कर रहा था। हृदय में निहित स्वामी की भक्ति के रूप में अत्यन्त धीर स्वभाव के कारण निश्चल दृष्टि को धारण कर रहा था। सफेद चन्दन के रस से शीतल और लटकते हुए मोटे हार से युक्त वक्षःस्थल को मानों वह अनेक सामन्तों पर संक्रमण करने से थकी हुई लक्ष्मी के विश्राम के लिए गोल तकिए की तरह हार से युक्त शिलापट्ट के पलंग के समान धारण कर रहा था। आखेट में मारे जाने से बचे हुए मृगों ने घूस के रूप में मानों उसे आँखें, वराहों ने नाक, भैंसों ने स्कन्धपीठ, बाघों ने कलाई, शेरों ने पराक्रम, गजों ने चाल आदि दिए थे, जिन्हें वह दिखा रहा था।

प्रवेश करके उन दोनों ने दूर ही से अपने चार अङ्गों के साथ सिर से पृथिवी का

ऋतुः। स्निग्धनरेन्द्रदृष्टिनिर्दिष्टामुचितां भूमिं भेजाते। मुहूर्तं च स्थित्वा भूपतिरादिदेश तौ—'अद्यप्रभृति भवद्भ्यां कुमारावनुवर्तनीयौ' इति। 'यथाज्ञापयति देवः' इति मेदिनीदोलायमानमौलिभ्यामुत्थाय राज्यवर्धनहर्षौ प्रणेमतुः। तौ च पितरम्। ततश्चारभ्य क्षणमपि निमेषोन्मेषाविव चक्षुर्गोचरादनपयान्तावुच्छ्वासनिःश्वासाविव नक्तंदिवमभिमुखस्थितौ भुजाविव सततपार्श्ववर्तिनौ कुमारयोस्तौ बभूवतुः।

अथ राज्यश्रीरपि नृत्तगीतादिषु विदग्धासु सखीषु सकलासु कलासु च प्रतिदिवसमुपचीयमानपरिचया शनैः शनैरवर्धत। परिमितैरेव दिवसैर्यौवनमारुरोह। निपेतुरेकस्यां तस्यां शरा इव लक्ष्यभुवि भूभुजां सर्वेषां दृष्टयः। दूतसंप्रेषणादिभिश्च तां ययाचिरे राजानः।

कदाचित्तु राजान्तःपुरप्रासादस्थितो बाह्यकक्ष्यावस्थितेन पुरुषेण स्वप्रस्तावागतां गीयमानामार्यामशृणोत्—

पितरमिति। तौ च राज्यवर्धनहर्षौ लब्धानुचरावभिवन्दनाय पितरं प्रणेमतुरित्यर्थः। विदग्धासु प्रवीणासु, ग्राम्यासु च।

स्पर्श करते हुए पश्चात् प्रणाम किया। तब राजा की स्नेह भरी दृष्टि से दिखाए गए उचित स्थान पर बैठे। क्षण भर ठहर कर राजा ने उनको आदेश दिया—'आज से आप दोनों राजकुमारों के अनुगामी हुए।' 'आपकी जो आज्ञा' यह कहकर पृथिवी की ओर सिर झुकाते हुए दोनों ने उठकर राज्यवर्धन और हर्ष को प्रणाम किया। इन दोनों ने भी अपने पिता को प्रणाम किया। उसी समय से लेकर पलक के निमेष-उन्मेष के समान क्षण भर भी वे दोनों राजकुमारों की आँखों से ओझल नहीं होते, उच्छ्वास और निःश्वास के समान रात दिन अभिमुख रहते और भुजाओं के समान हमेशा अगल बगल में निवास करते।

इधर राज्यश्री भी नृत्य और गीत आदि कलाओं में निपुण अपनी सखियों के बीच समस्त कलाओं में प्रतिदिन अपना परिचय बढ़ाती हुई शनैः शनैः बढ़ने लगी और कुछ ही दिनों में यौवन को प्राप्त हुई। जैसे बाण एक ही लक्ष्य पर गिरते हैं उसी प्रकार उसके ऊपर समस्त राजाओं की आँखें पड़ गईं। अपने अपने दूत आदि पठाकर राजा लोग उसकी याचना करने लगे।

एक दिन जब राजा प्रभाकरवर्धन अपने अन्तःपुर के कोठे पर विराजमान थे, तभी उन्होंने बाहरी ड्योढ़ी पर नियुक्त किसी पुरुष के द्वारा अपनी बातचीत के प्रसङ्ग में गायी गयी आर्या को सुना—

'उद्वेगमहावर्ते पातयति पयोधरोन्नमनकाले।
सरिदिव तटमनुवर्षं विवर्धमाना सुता पितरम्॥ ५॥'

तां च श्रुत्वा पार्श्वस्थितां महादेवीमुत्सारितपरिजनो जगाद—'देवि! तरुणीभूता वत्सा राज्यश्रीः। एतदीया गुणवत्तेव क्षणमपि हृदयान्नापयाति मे चिन्ता। यौवनारम्भ एव च कन्यकानामिन्धनीभवन्ति पितरः संतापानलस्य। हृदयमन्धकारयति मे दिवसमिव पयोधरोन्नतिरस्याः। केनापि कृता धर्म्या नाभिमता मे स्थितिरियं यदङ्गसंभूतान्यङ्कलालितान्यपरित्याज्यान्यपत्यकान्यकाण्ड एवागत्यासंस्तुतैर्नीयन्ते। एतानि तानि खल्वङ्कनस्थानानि संसारस्य। सेयं सर्वाभिभाविनी शोकाग्नेर्दाहशक्तिर्यदपत्यत्वे समानेऽपि जातायां दुहितरि दूयन्ते सन्तः। एतदर्थं जन्मकाल एव कन्यकाभ्यः प्रयच्छन्ति सलिलमश्रुभिः साधवः। एतद्भयादकृतदारपरिग्रहाः परिहृतगृहवसतयः शून्यान्यरण्यान्यधिशेरते मुनयः। को हि नाम सहेत सचेतनो विरहमपत्यानाम्। यथा यथा समापतन्ति दूता

उद्वेगो मानसी पीडा तस्यावर्त्तनमावर्तो जलभ्रमणम्। तत्र पयोधरशब्दः स्तनमेघयोः। अनुवर्षं वर्षे, प्रावृषि च। असंस्तुतैरपरिचितैः। दौःशील्यं चिह्नम्। वराकी तपस्विनी। अभिजनं कुलम्। सकलेत्यादि साधारणम्।

'नदी जैसे वर्षाकाल में मेघों के झुकने पर अपने तट को गिरा देती है वैसे ही स्तनों के बढ़ने के अवसर में यौवन को प्राप्त हुई कन्या पिता को चिन्ता में ढकेल देती है।'

उसे सुनकर राजा ने परिजनों को हटाकर बगल में बैठी हुयी महारानी से कहा—'देवी, वत्सा राज्यश्री अब यौवन को प्राप्त हुयी। इसके गुणों के समान इसकी चिन्ता मेरे हृदय से नहीं जा रही है। यौवन के आरम्भ होते ही पिता कन्याओं के सन्ताप की अग्नि के ईन्धन बन जाते हैं। जैसे मेघ आकाश में उठकर दिन को अन्धकार से भर देते हैं वैसे ही इसके स्तनों की उन्नति मेरे हृदय को अन्धकार से भर रही है। जिस किसी द्वारा की हुयी इसके पति होने की धार्मिक मर्यादा मुझे अच्छी नहीं लगती क्योंकि असमय में आकर ही ऐसे अपरिचित लोग अपने अङ्ग से उत्पन्न, गोद में रख पाली-पोसी हुयी, न त्यागने के योग्य सन्तानों को उठाकर ले जाते हैं। सचमुच ये सब कुरीतियाँ इस युग के कलंक हैं। इसी कारण सबको अभिभूत कर देने वाली शोकाग्नि की जला डालने वाली शक्ति है जो कि सन्तान की दृष्टि से बराबर होने पर भी अच्छे लोग कन्या के उत्पन्न होने पर खुशी नहीं मनाते। इसी कारण सज्जन लोग जन्म लेते ही कन्याओं को अपने आँसू के जल ही समर्पित करते हैं। इसी डर से स्त्री का पाणिग्रहण किये बिना ही घर-द्वार

वराणां वराकी लज्जमानेव चिन्ता तथा तथा नितरां प्रविशति मे हृदयम्।¹ किं क्रियते। तथापि गृहगतैरनुगन्तव्या एव लोकवृत्तयः। प्रायेण च सत्स्वप्यन्येषु वरगुणेष्वभिजनमेवानुरुध्यन्ते धीमन्तः। धरणीधराणां च मूर्ध्नि स्थितो माहेश्वरः पादन्यास इव सकलभुवननमस्कृतो मौखरो वंशः। तत्रापि तिलकभूतस्यावन्तिवर्मणः सूनुरग्रजो ग्रहवर्मा नाम ग्रहपतिरिव गां गतः पितुरन्यूनो गुणैरेनां प्रार्थयते। यदि भवत्या अपि मतिरनुमन्यते ततस्तस्मै दातुमिच्छामि' इत्युक्तवति भर्तरि दुहितृस्नेहकातरतरहृदया साश्रुलोचना महादेवी प्रत्युवाच—'आर्यपुत्र! संवर्धनमात्रोपयोगिन्यो धात्रीनिर्विशेषा भवन्ति खलु मातरः कन्यकानाम्। दाने तु प्रमाणमासां पितरः। केवलं कृपाकृतविशेषः सुदूरेण तनयस्नेहादतिरिच्यते दुहितृस्नेहः। यथा नेयं यावज्जीवमावयोरार्तितां प्रतिपद्यते तथार्यपुत्र एव जानाति' इति।

राजा तु जातनिश्चयो दुहितृदानं प्रति समाहूय सुतावपि विदितार्था-

---

आर्तिता मनःपीडात्वम्।

छोड़-छाड़कर मुनि लोग सुनसान जङ्गलों में शयन करते हैं। कौन ऐसा सचेतन प्राणी है जो अपनी सन्तानों के विरह सहे। जैसे-जैसे वरों के दूत पर दूत आते जा रहे हैं यह वराकी चिन्ता वैसे-वैसे ही लजाती हुयी की तरह मेरे हृदय में घर करती जा रही है। तो फिर क्या किया जाय? तब भी गृहस्थ होने के कारण समाज के नियमों के पीछे चलना पड़ता हैं। बुद्धिमान् लोग वर के गुणों में प्रायः कुलीनता पसन्द करते हैं। शिवजी के चरणन्यास की भाँति सब राजाओं का सिरमौर और सब लोगों द्वारा नमस्कृत मौखरि क्षत्रियों का वंश है। उसमें भी सबसे बड़े अवन्तिवर्मा हैं जिनका प्रथम पुत्र ग्रहवर्मा सूर्य के समान है। वह अपने पिता से गुणों में कम नहीं। उसने राज्यश्री के लिये प्रार्थना की है। यदि तुम भी स्वीकार करो तो मैं उसे सौंपना चाहता हूँ।' पति के ऐसा कहने पर पुत्री के स्नेह से अधीर हृदय वाली महादेवी ने रोते हुए कहा—'आर्यपुत्र, मातायें केवल धाय की भाँति कन्याओं को बढ़ाने मात्र के उपयोग में आती हैं। कन्यादान में तो उनके पिता ही प्रमाण हैं। केवल बिछुड़ जाने की दया के कारण पुत्रस्नेह से कन्यास्नेह दूर बढ़ जाता है। जिस उपाय से यह हम दोनों के जीते जी मानसिक व्यथा नहीं बन रही है वह उपाय आर्यपुत्र ही जानते हैं।'

राजा ने अपना निश्चय कर लिया और कन्यादान की बात अपने दोनों पुत्रों को भी बुलाकर सुना दी और तब शुभ मुहूर्त में ग्रहवर्मा के द्वारा कन्या की प्रार्थना के लिए भेजे

चकार्षीत्। शोभने च दिवसे ग्रहवर्मणा कन्यां प्रार्थयितुं प्रेषितस्य पूर्वागतस्यैव प्रधानदूतपुरुषस्य करे सर्वराजकुलसमक्षं दुहितृदानजलमपातयत्।

जातमुदि कृतार्थे गते च तस्मिन्नासन्नेषु च विवाहदिवसेषूद्दामदीयमानताम्बूलपटवासकुसुमप्रसाधितसर्वलोकम्, सकलदेशादिश्यमानशिल्पिसार्थागमनम्, अवनिपालपुरुषगृहीतसमग्रग्रामीणानीयमानोपकरणसंभारम्, राजदौवारिकोपनीयमानानेकनृपोपायनम्, उपनिमन्त्रितागतबन्धुवर्गसंवर्गणव्यग्रराजवल्लभम्, लब्धमधुमदप्रचण्डचर्मकारकरपुटोल्लालितकोणपटुविघट्टनरणन्मङ्गलपटहम्, पिष्टपञ्चाङ्गुलमण्ड्यमानोलूखलमुसलशिलाद्युपकरणम, अशेषाशामुखाविर्भूतचारणपरम्परापूर्यमाणप्रकोष्ठप्रतिष्ठाप्यमानेन्द्राणीदैवतम्, सितकुसुमविलेपनवसनसत्कृतैः सूत्रधारैरादीयमानविवाहवेदीसूत्रपातम्, उत्कूर्चककरैश्च सुधाकर्पूरस्कन्धैरधिरोहिणीसमारूढैर्धवैर्धवलीक्रियमाणप्रासादप्रतोलीप्राकारशिखरम्, क्षु-

---

जातमुदीत्यादौ। एवं राजकुलमासीदिति संबन्धः। ग्रामीणा ग्राम्याः। राजदौवारिका दूताः। संवर्गणमावर्तनम्। पिष्टमातपणम्। चारणाः कुशीलवाः। प्रकोष्ठं बहिर्द्वारम्। सूत्रधारैः स्थपतिभिः। अधिरोहिणी निःश्रेणिः। धवैः पुरुषैः। क्षुण्णश्रू-

---

जाने पर पहले से ही आये हुए प्रधान दूत के हाथ पर समस्त राजकुल की उपस्थिति में कन्यादान का जल गिराया।

वह दूत प्रसन्न और कृतकृत्य होकर लौट गया। विवाह के दिन भी निकट आए। राजकुल की ओर से आम तौर पर सब लोगों की खातिर के लिए पान के बीड़े, कपड़े की सुगन्धि और फूल बाँटे जाने लगे। दूसरे देशों से कारीगर बुलाहट पर आने लगे। राजा के नियुक्त सैनिक गाँव वालों को पकड़-पकड़कर उनसे सब सामग्री उठवाकर लाने लगे। राजा के दौवारिक अनेक राजाओं के दिए हुए तरह-तरह के उपहारों को लाकर रखने लगे। निमन्त्रित होकर आए हुए रिस्तेदारों को आदरपूर्वक राजा के प्रिय पात्र लोग ठहराने के काम में व्यस्त थे। शराब के नशे में धुत्त होकर ढोल बजाने वाला चमार डंका लिए हुए धमाधम ढोल पीट रहा था। ओखली, मूसर और सिल आदि पत्थर की सामग्री जुटाकर उन पर ऐपन के थापे दिए जाने लगे। अनेक दिशाओं से दूर दूर से आए हुए चारण लोग जिस कोठरी में जमा थे उसमें इन्द्राणी की मूर्ति के रूप में देई-देवता पधराए गए थे। सफेद फूल, चन्दन और वस्त्र पाकर आदर पाए हुए सूत्रधार (मिस्त्री लोग) विवाह की वेदी बनाने में सूत से नाप-तौल करने लगे। पोतने वाले

ण्णक्षाल्यमानकुसुम्भसंभारारम्भःप्लवपूररज्यमानजनपादपल्लवम् , निरू-प्यमाणयौतकयोग्यमातङ्गतुरङ्गतरङ्गिताङ्गनम् , गणनाभियुक्तगणकगणगृह्य-माणलग्नगुणम् , गन्धोदकवाहिमकरमुखप्रणालीपूर्यमाणक्रीडावापीसमूहम् , हेमकारचक्रप्रक्रान्तहाटकघटनटाङ्कारवाचालितालिन्दकम् , उत्थापिताभिनवभित्तिपात्यमानबहलवालुकाकण्ठकालेपाकुलालेपकलोकम् , चतुरचित्रकरचक्रवाललिख्यमानमङ्गल्यालेख्यम् , लेप्यकारकदम्बकक्रियमाण-मृन्मयमीनकूर्ममकरनारिकेलकदलीपूगवृक्षकम् , क्षितिपालैश्च स्वयमाबद्धकक्ष्यैः स्वाम्यर्पितकर्मशोभासंपादनाकुलैः सिन्दूरकुट्टिमभूमीश्च मसृणयद्भिर्विनिहितसरसातर्पणहस्तान्विन्यस्तालक्तकपाटलांश्च चूताशोकपल्लवलाञ्छितशिखरानुद्वाहवितर्दिकास्तम्भानुत्तम्भयद्भिः प्रारब्धविविधव्यापारम् , आसूर्योदयाच्च प्रविष्टाभिः सतीभिः सुभगाभिः सुरूपाभिः सुवेशाभिरविध-

---

र्णितः । कुसुम्भकं पद्मकम् । प्लवः पूरः । यौतकं सुदायः । प्राणालं वाप्यादिपूरणार्थं मकरमुखं कुर्वन्ति । लग्नो मेषादिः । अलिन्दो बहिर्द्वारप्रकोष्ठः । कण्ठकाः

मजदूरे हाथ मे कूँची लिए, कन्धों से चूने की हुंडी लटकाए, सीढ़ी पर चढ़कर राजमहल, पौरी, चहारदीवारी और शिखरों पर सफेदी कर रहे थे। पीसे जाते हुए कुंकुम के धोने से बहते हुए जल में आने जाने वाले के पैर रँग रहे थे। दहेज में देने योग्य हाथी-घोड़े आँगन में भरे हुए थे, उन्हें जाँचा जा रहा था। गणना में लगे हुए ज्योतिषी विवाह योग्य सुन्दर लग्न शोध रहे थे। मगर के मुँह की नली से गन्धजल बहकर क्रीड़ा की बौलियों में भर रहा था। राजद्वार की ड्योढ़ी के बाहर सोना गढ़ने में जुटे हुए सोनारों की ठक-ठक वहाँ भर रही थी। जो नई दीवारें वहां उठायी गयी थीं उन पर बालू मिले हुए मसाले का पलस्तर करने वाले मजदूरों के शरीर बालू के कण गिरने से सन गये थे। चित्रकारी में प्रवीण चित्रकार लोग मांगलिक चित्र वना रहे थे। खिलौने बनाने वाले कुम्हार मछली, कछुआ, मगर, नारियल, केला, सुपारी के वृक्ष आदि तरह तरह के मिट्टी के खिलौने बना रहे थे। कुछ बाँधकर स्वयं राजा लोग मालिक के द्वारा मिले हुए काम को आकुलता के साथ कर रहे थे, जैसे कुछ सिंदूरी रंग के फर्श को माँजकर चमका रहे थे, कुछ ब्याह की बेदी के खम्भों को अपने हाथ से खड़ा कर रहे थे, कुछ ने उन्हें गीले ऐपन के थापों, आलता के रङ्ग में रंगे लाल कपड़ों और आम एवं अशोक के पल्लवों से सजाया था। इस प्रकार वे अनेक कामों में लग गए थे। सामन्तों की सती रूपवती स्त्रियाँ सुहावने वेश पहने और माथे पर सेन्दुर लगाए, सौभाग्य से अलंकृत होकर सूर्योदय से ही लेकर राजमहल के काम-काज में लग गयी थीं, कुछ वर-वधू के नाम ले-लेकर मङ्गलाचार के

वाभिः सिन्दूररजोराजिराजितललाटाभिर्वधूवरगोत्रग्रहणगर्भाणि श्रुतिसुभगानि मङ्गलानि गायन्तीभिर्बहुविधवर्णकादिग्धाङ्गुलीभिर्ग्रीवासूत्राणि च चित्रयन्तीभिश्चित्रलतालेख्यकुशलाभिः कलशांश्च धवलिताञ्शीतलशाराजिरश्रेणीश्च मण्डयन्तीभिरभिन्नपुटकर्पासतूलपल्लवांश्च वैवाहिककङ्कणोर्णासूत्रसंनाहांश्च रञ्जयन्तीभिर्बलाशनाघृतघनीकृतकुङ्कुमकल्कमिश्रितांश्चाङ्गरागांल्लावण्यविशेषकृन्ति च मुखालेपनानि कल्पयन्तीभिः कक्कोलमिश्राः सजातीफलाः स्फुरत्स्फीतस्फाटिककर्पूरशकलखचितान्तराला लवङ्गमाला रचयन्तीभिः समन्तात्सामन्तसीमन्तिनीभिर्व्याप्तम्, बहुविधभक्तिनिर्माणनिपुणपुराणपौरपुरंध्रिबध्यमानैर्बद्धैश्चाचारचतुरान्तःपुरजरतीजनितपूजाराजमानरजकरज्यमानै रक्तैश्चोभयपटान्तलग्नपरिजनप्रेङ्खोलितैश्छायासु

कणाः। आबद्धकच्चैः कृतोद्योगैः। मसृणयद्भिश्चिक्कणीकुर्वद्भिः। आतर्पणं पिष्टम्। उत्तम्भयद्भिरूर्ध्वीकुर्वद्भिः। गोत्रं नाम। दिग्धा उपलिप्ताः। शीतलमपक्वम्। शाराजिरं शरावम्। अभिन्नपुटो वंशादिमयश्चतुष्कोणः पाटलाकृतिर्जालकैः क्रियते। तच्छिद्रान्तरपूरणाय कर्पासतूलपल्लवा रच्यन्ते। कङ्कणः प्रतिसरः। बलाशना पुष्पाख्यौषधिः तत्पक्वं घृतं रक्षार्थं क्रियते। स्फाटिककर्पूराख्यः कर्पूरभेदः। भक्तिर्विच्छित्तिः। कुटिलः क्रमो येषां तैः। भुजिष्यैश्चेटैः। भज्यमानत्वं मुष्टिदानम्।

गीत गा रही थीं, कुछ तरह-तरह के रङ्गों में उंगलियाँ बोर कर कण्ठियों के डोरों पर भाँति-भाँति की बिन्दियाँ लगा रही थीं, चित्र-विचित्र फूल-पत्तियों के काम करने में चतुर कुछ स्त्रियाँ सफेदी किए हुए कलसों पर और सरइयों पर चित्र लिख रही थीं, कुछ बाँस की तीलियों या सरकण्डे के बने खारे को सजाने के लिये कपास के छोटे-छोटे गुल्ले और ब्याह के कंगनों के लिए ऊनी और सूती लच्छियाँ रँग रही थीं, कुछ बलाशना नामक औषधि घी में पकाकर और उसे पिसे हुए कुङ्कुम में मिलाकर उबटन एवं सुन्दरता बढ़ाने वाले मुखालेपन तैयार कर रही थीं, कुछ कक्कोल-जायफल और लौंग की मालायें बीच-बीच में स्फटिक जैसे श्वेतकपूर की चमकदार बड़ी डलियां पिरोकर बना रही थीं। बहुत प्रकार की भक्तियों के निर्माण में नगर की वृद्ध चतुर स्त्रियाँ या पुरखिनें बांधनू की रंगाई के लिए कपड़ों को बाँध रही थीं, कुछ कपड़े बाँधे जा चुके थे। अन्तःपुर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियों के द्वारा रंगने वालों को जो नेग या पूजा-भेंट दी जा रही थी उससे प्रसन्न होकर वे लोग उन वस्त्रों को रँग रहे थे, एवं जो रँगे जा चुके थे उन्हें दोनों सिरों पर पकड़कर परिजन लोग झकझोर कर छाया में सुखा रहे थे और कुछ सूख गए थे। एक

शोष्यमाणैः शुष्कैश्च कुटिलक्रमरूपक्रियमाणपल्लवपरभागैरपरैरारब्धकुङ्कुमपङ्कस्थासकच्छुरणैरपरैरङ्गुजभुजिष्यभज्यमानभङ्गुरोत्तरीयैः क्षौमैश्च बादरैश्च दुकूलैश्च लालातन्तुजैश्चांशुकैश्च नेत्रैश्च निर्मोकनिभैरकठोररम्भागर्भकोमलैर्निःश्वासहार्यैः स्पर्शानुमेयैर्वासोभिः सर्वतः स्फुरद्भिरिन्द्रायुधसहस्रैरिव संछादितम्, उज्ज्वलनिचोलकावगुण्ठ्यमानहंसकुलैश्च शयनीयैस्तारामुक्ताफलोपचीयमानैश्च कञ्चुकैरनेकोपयोगपाट्यमानैश्चापरिमितैः पट्टपटीसहस्रैरभिनवरागकोमलदुकूलराजमानैश्च पटवितानैः स्तवरकनिवहनिरन्तरच्छाद्यमानसमस्तपटलैश्च मण्डपैरुश्चित्रनेत्रपटवेष्ट्यमानैश्च स्तम्भैरुज्ज्वलं रमणीयं चौत्सुक्यदं च मङ्गल्यं चासीद्राजकुलम्।

देवी तु यशोमती विवाहोत्सवपर्याकुलहृदया हृदयेन भर्तरि, कुतूहलेन

क्षौमैः क्षुमाविकारैः। बादरैः कार्पासैः। लालातन्तुजैः कौशेयैः। नेत्रैः पृङ्गैः (?)। निचोलकैर्वस्तुरूपकविशेषैः। स्तवरकं वस्त्रभेदः। वितानकं करकम्। पटलं छादनम्। उज्ज्वलं भ्राजिष्णु।

कोने से दूसरे कोने तक टेढ़ी, ठप्पों से बनाई जाने वाला फूल-पत्तियों की रेखाकृतियाँ एक रङ्ग की पृष्ठभूमि पर दूसरे रंग में तैयार होने लगीं। कुछ वस्त्रों को गीले कुङ्कुम में रंगे हाथ से चित्तियाँ छापकर मांगलिक बनाया जा रहा था। कुछ को सेवक लोग उठे हुए हाथों से चुटकी दबाकर उत्तरीय या उपरने की तरह प्रयुक्त वस्त्रों में चुन्नट डालकर उन्हें मरोड़ी देकर देख रहे थे। क्षौम, बादर (कपास के बने कपड़े), दुकूल, लालातंतुज (रेशमी) अंशुक और नेत्र आदि कई प्रकार के वस्त्र थे, जो साँप की केचुली के समान हल्के केले के खम्भे की भीतरी पात के समान कोमल, साँस की हवा से भी उड़ जाने वाले एवं केवल छूकर ही अनुमान करने योग्य थे। हजारों इन्द्रायुध के समान ऐसे वस्त्रों से राजकुल ढंक रहा था। दान-दहेज के लिए बनाये गये पलंग पर सफेद चादरें बिछाई गयी थीं और हंसों की पंक्तियाँ लकड़ी में खोदकर बनायी गयीं थीं। पहनने के लिये जो कंचुक तैयार किये जा रहे थे, उन पर चमकीले मोतियों से कढ़ाई का काम किया गया था। अनेक प्रकार के उपयोग में आने वाली बहुत सी कपड़ों की पट्टियां चीर-चीर कर बनायी जा रही थीं। कपड़े के चन्दोवे में नये एकरङ्ग के दुकूल लगाये जा रहे थे। मड़वे की छाजन फूल-पत्तियों से ढँक गयी थी। मण्डप के खम्भों में रंगीन नेत्र नामक वस्त्र लपेटकर बाँधे जा रहे थे। इस प्रकार राजकुल का यह दृश्य चकमक, रमणीय, भाँति-भाँति के कुतूहलों से भरा हुआ और मांगलिक हो गया था।

रानी यशोवती को विवाह के बहुविध कामों में चैन नहीं मिलती थी। वह पति

जामातरि, स्नेहेन दुहितरि, उपचारेण निमन्त्रितस्त्रीषु, आदेशेन परिजने, शरीरेण संचरणे, चक्षुषा कृताकृतप्रत्यवेक्षणेषु, आनन्देन महोत्सवे, एकापि बहुधा विभक्तेवाभवत्। भूपतिरप्युपर्युपरि विसर्जितोष्ट्रवामीजनितजामातृजोषः सत्यप्याज्ञासंपादनदक्षे मुखेक्षणपरे परिजने समं पुत्राभ्यां दुहितृस्नेहविक्लवः सर्वं स्वयमकरोत्।

एवं च तस्मिन्नविधवामय इव भवति राजकुले, मङ्गलमय इव जायमाने जीवलोके, चारणमयेष्विव लक्ष्यमाणेषु दिङ्मुखेषु, पटहरवमय इव कृतेऽन्तरिक्षे, भूषणमय इव भ्रमति परिजने, बान्धवमय इव दृश्यमाने सर्गे, निर्वृतिमय इवोपलक्ष्यमाणे काले, लक्ष्मीमय इव विजृम्भमाणे महोत्सवे, निधान इव सुखस्य, फल इव जन्मनः, परिणाम इव पुण्यस्य, यौवन इव विभूतेः, यौवराज्य इव प्रीतेः, सिद्धिकाल इव मनोरथस्य वर्तमाने, गण्यमान इव जनाङ्गुलीभिः, आलोक्यमान इव मार्गध्वजैः, प्रत्युद्गम्यमान इव मङ्गल्यवाद्यप्रतिशब्दकैः, आहूयमान इव मौहूर्तिकैः,

---

उष्ट्रवाम्युष्ट्रभार्या। केचिद्वामीद्वयमन्ये वेसरीमन्ये गुर्वीमाहुः। जोषः सुखम्। एवमित्यादौ। अस्मिन्सत्याजगाम विवाहदिवस इति सबन्धः। निधान इवसुखस्येत्यादौ वर्तमान इत्यनेन संगतिः। मौहूर्तिकैर्गणकैः। अनिबद्धो बाह्यः।

के लिए हृदय के रूप में, दामाद के लिए कुतूहल के रूप में, पुत्री के लिए स्नेह के रूप में, बुलावे पर आई हुई स्त्रियों के लिए आवभगत के रूप में, परिजन के लिए आदेश के रूप में, चलने-फिरने में शरीर के रूप में, किए या न किए कार्यों की देख ताक के लिए आँख के रूप में, महोत्सव के लिए आनन्द के रूप में, इस प्रकार मानों एक से अनेक रूप में हो गई। राजा ने भी जामाता की प्रसन्नता के लिए एक के ऊपर एक ऊँट और घोड़ियों की ढेर लगा दी। आज्ञा पालन करने में चतुर और मुँह ताकते हुए खड़े रहने वाले नौकर-चाकर के होने पर भी वे अपने दोनों पुत्र के साथ पुत्री के स्नेह में व्याकुल होकर सब काम स्वयं निपटाते थे।

इस प्रकार राजकुल में चारों ओर सुहागिन स्त्रियां दिखाई देती थीं। सारा संसार मंगलमय लग रहा था। दिशाएं चारणों से भरी हुई दीख पड़ने लगीं। आकाश में पटह की आवाज गूंजने लगी। गहनों से लदे हुए परिजन घूमते रहते थे। सारी सृष्टि ही बान्धवमय प्रतीत हो रही थी। सारा समय परम-आनन्दमय हो रहा था। महोत्सव

---

१. तस्मिन्नविधवाधव।

आकृष्यमाण इव मनोरथैः, परिष्वज्यमान इव वधूसखीहृदयैराजगाम विवाहदिवसः। प्रातरेव प्रतीहारैः समुत्सारितनिखिलानिबद्धलोकं विविक्तमक्रियत राजकुलम्।

अथ महाप्रतीहारः प्रविश्य नृपसमीपम् 'देव! जामातुरन्तिकात्ताम्बूलदायकः पारिजातकनामा संप्राप्तः' इत्यभिधाय स्वाकारं युवानमदर्शयत्। राजा तु तं दूरादेव जामातृबहुमानाद्दर्शितादरः 'बालक! कच्चित्कुशली ग्रहवर्मा?' इति पप्रच्छ। असौ तु समाकर्णितनराधिपध्वनिर्धावमानः कतिचित्पदान्युपसृत्य प्रसार्य च बाहू सेवाचतुरश्चिरं वसुंधरायां निधाय मूर्धानमुत्थाय 'देव! कुशली यथाज्ञापयस्यर्चयति च देवं नमस्कारेण' इति व्यज्ञापयत्। आगतजामातृनिवेदनागतं च तं ज्ञात्वा कृतसत्कारं राजा 'यामिन्याः प्रथमे यामे विवाहकालात्ययकृतो यथा न भवति दोषः' इति संदिश्य प्रतीपं प्राहिणोत्।

यथा न भवति दोष इत्यत्र तथा कार्यमित्यर्थलभ्यम्।

मानो लक्ष्मीमय बन रहा था। वह अवसर मानों सुख का निधान, जन्म का फल, पुण्य का परिणाम, ऐश्वर्य का यौवन, प्रीति का यौवराज्य, मनोरथ का सिद्धिकाल था। विवाह के दिन को लोग उगलियों पर गिनने लगे। उसे मार्ग के ध्वज मानों निहारने लगे। माङ्गलिक गाजे बाजे की ध्वनियां मानों उसकी आगवानी लेने पहुंचीं। ज्योतिषी लोग उसे गुहारने लगे। मानोरथ उसे खींचने लगे। वधू की सखियां मानों उसका आलिङ्गन करने लगीं। इस प्रकार विवाह का दिन आ पहुँचा। प्रातःकाल ही प्रतीहारों ने फालतू सब लोगों को हटा कर राजकुल को खाली कर दिया।

महाप्रतीहार ने राजा के समीप आकर निवेदन किया—'देव, जामाता के समीप से तम्बोली (ताम्बूलदायक) पारिजातक आया है।' यह कह कर अपने ही आकार के एक युवक को दिखाया। राजा ने दूर ही से दमाद के सम्मान के कारण उसके प्रति आदर व्यक्त करते हुए पूछा—'बालक, ग्रहवर्मा तो कुशल से है।' सेवा में चतुर उसने राजा की आवाज सुनते ही जल्दी से कुछ डेग आगे बढ़, दोनों हाथ फैला, देर तक जमीन में सिर झुका और उठ कर निवेदन किया—'देव, कुशल से हैं और प्रणामपूर्वक आप की अर्चना करते हैं।' राजा ने यह जान कर कि जामाता विवाह के लिए आए हैं; उनका सत्कार करते हुए कहा—'रात्रि के पहले पहर में विवाह-लग्न साधनी चाहिए जिससे दोष न हो' और उसे वापिस भेजा।

अथ सकलकमलवनलक्ष्मीं वधूमुख इव संचार्य समवसिते वासरे, विवाहदिवसश्रियः पादपल्लव इव रज्यमाने सवितरि, वधूवरानुरागलघूकृतप्रेमलज्जितेष्विव विघटमानेषु चक्रवाकमिथुनेषु, सौभाग्यध्वज इव रक्तांशुकसुकुमारवपुषि नभसि स्फुरति संध्यारागे, कपोतकण्ठकर्बुरे वरयात्रागमनरजसीव कलुषयति दिङ्मुखानि तिमिरे, लग्नसंपादनसज्ज इवोज्जिहाने ज्योतिर्गणे, विवाहमङ्गलकलश इवोदयशिखरिणा समुत्क्षिप्यमाणे वर्धमानधवलच्छाये ताराधिपमण्डले, वधूवदनलावण्यज्योत्स्नापरिपीततमसि प्रदोषे, वृथोदितमुपहसत्स्विव रजनिकरमुत्तानितमुखेषु कुमुदवनेष्वाजगाम मुहुर्मुहुरुल्लासितस्फारस्फुरितारुणचामरैर्मनोरथैरिवोत्थितरागाग्रपल्लवैः पुरोधावमानैः पादातैरुत्कर्णकटकहयप्रतिहेषितदीयमानस्वागतै-

---

अथेत्यादौ। एतस्मिन्नेतस्मिन्सत्याजगामेति संबन्धः। कपोतेत्यसाधारणम्। कर्बुर आपाण्डुरे। रजसीवेति। रजोऽपि मुखानि कलुषयति। लग्नेत्यादि साधारणम्। उज्जिहान उद्गच्छति। ज्योतिर्गणैस्तारानिकरैः, गणकैश्च। वर्धमानेत्यादि संध्यारागरहितत्वात्। वर्धमानं शरावः तेन च धवलच्छायम्। तद्धि मकोललिप्तं विवाहे क्रियते इत्याचारः। स्फारः स्फोटकः। पुरोधावमानैरिति साधारणम्। पादातैः पदातिसमूहैः।

सारे कमलवन की लक्ष्मी को वधू राज्यश्री के मुख में मानों अर्पित करके दिन ढल गया। विवाह-दिवस की श्री के चरण-पल्लव से मानों सूर्यबिम्ब लाल हो गया। वधू और वर के अनुराग के सामने प्रेम भाव के हल्के होने के कारण लज्जित होकर चक्रवाक के जोड़े पृथक् होने लगे। रक्तांशुक की भाँति कोमल संध्याराग सौभाग्यध्वज के समान आकाश में स्फुरित होने लगा। कबूतर के कंठ के सदृश अन्धकार आकाश को कलुषित कर रहा था, मानो बरात की चढ़त से धूल उड़कर भरने लगी हो। शुभ लग्न को ठीक करने में तारे मानों निकल कर तैयार होने लगे। उदयाचल द्वारा सिर पर उठाए गए विवाह के मंगलकलश के समान चन्द्रमण्डल की उज्ज्वल कान्ति बढ़ने लगी। वधू राज्यश्री के लावण्य की चाँदनी से प्रदोषकाल का अन्धकार जब दूर हो गया तो फिर व्यर्थ उदित हुए चन्द्रमा को देखकर मुँह ऊँचा किए कुमुद मानों हँसने लगे। तभी लग्न के समय बरात लेकर ग्रहवर्मा उपस्थित हुआ। पैदल चलने वाले बराती बार-बार अपनी लाल ध्वजा को फटकारते चले आ रहे थे, मानों राजा के पल्लव वाले आगे दौड़ते हुए उनके मनोरथ हों। कान खड़े किए छावनी के घोड़ों की हिनहिनाहट के साथ किए जाने वाले स्वागत को स्वीकार करते हुए बराती घोड़े भी उस दिग्भाग को भरने लगे। हिलते

रिव वाजिनां वृन्दैरापूरितदिग्विभागः, चलकर्णचामराणां चामीकरमयसर्वोपकरणानां वर्णकलम्बिनां बलिनां घण्टाटाङ्कारिणां करिणां घटाभिः घटयन्निव पुनरिन्दूदयविलीनमन्धकारम्, नक्षत्रमालामण्डितमुखीं करिणीं निशाकर इव पौरंदरीं दिशमारूढः प्रकटितविविधविहगविरुतैस्तालावचरचारणैः पुरःसरैर्बालो वसन्त इवोपवनैः क्रियमाणकोलाहलो गन्धतैलावसेकसुगन्धिना दीपिकाचक्रवालालोकेन कुङ्कुमपटवासधूलिपटलेनेव पिञ्जरीकुर्वन्सकलं लोकम्, उत्फुल्लमल्लिकामुण्डमालामध्याध्यासितकुसुमशेखरेण शिरसा हसन्निव सपरिवेषक्षपाकरं कौमुदीप्रदोषम्, आत्मरूपनिर्जितमकरकेतुकरापहृतेन कार्मुकेणेव कौसुमेन दाम्ना विरचितवैकक्षकविलासः कुसुमसौरभगर्वभ्रान्तभ्रमरकुलकलकलप्रलापसुभगः पारिजात इव जातः श्रिया सह पुनरवतारितो मेदिनीम्, नववधूवदनावलोकनकुतूहलेनेव कृष्यमाणहृदयः पतन्निव मुखेन प्रत्यासन्नलग्नो ग्रहवर्मा त्वरितमाजगाम।

राजा तु तमुपद्वारमागतं चरणाभ्यामेव राजचक्रानुगम्यमानः ससुतः

हुए कान पर चँवर लिए, सोने के समस्त उपकरणों से सजाए गए, भाँति-भाँति के बलवान् हाथी घंटा की टंकार करते चले आ रहे थे मानों चन्द्रमा के उदय होने से विलीन अन्धकार को फिर जुटाने लगे। ग्रहवर्मा नक्षत्रमाला नामक आभरण से सुसज्जित हथिनी पर चढ़ा हुआ उस प्रकार लग रहा था जैसे चन्द्रमा ताराओं से शोभित पूर्व दिशा में ऊपर की ओर चढ़ा हो। उसके आगे-आगे चारण लोग तालयुक्त गान करते चल रहे थे जिससे चिड़ियों के चहचहाने जैसा शब्द हो रहा था। गन्ध तैल पड़ने से सुगन्धित दीपक जल रहे थे, मानों कुंकुम और पटवास की धूलि सब ओर सब लोगों को पिञ्जरित कर रही थी। ग्रहवर्मा विकसित मालतीकुसुमशेखर की माला सिरपर धारण कर रहा था, मानों परिवेष के साथ उदित हुए चन्द्रवाले चन्द्रिकायुक्त प्रदोषकाल पर हँस रहा था। अपने रूप के सामने हारे हुए कामदेव के हाथ से छीन कर लिए गए धनुष के समान उसका पुष्पदाम का बना हुआ वैकक्षक शोभ रहा था। भौंरे उसके फूलों पर गुंजारते हुए लुभा रहे थे, मानों पारिजात ही श्री के साथ उतर आया हो। नई वधू राज्यश्री का मुखड़ा देखने के कुतूहल से खिंचे जाते हुए हृदय वाला वह मानों मुँह की ओर से दौड़ कर आया।

राजाओं और दोनों राजकुमारों के साथ पैदल ही चल कर द्वार के समीप पहुँचे हुए

प्रत्युज्जगाम। अवतीर्णं च तं कृतनमस्कारं मन्मथमिव माधवः प्रसारितभुजो गाढमालिलिङ्ग। यथाक्रमं परिष्वक्तराज्यवर्धनहर्षं च हस्ते गृहीत्वाभ्यन्तरं निन्ये। स्वनिर्विशेषासनदानादिना चैनमुपचारेणोपचचार।

न चिराच्च गम्भीरनामा नृपतेः प्रणयी विद्वान्द्विजन्मा ग्रहवर्माणमुवाच—'तात ! त्वां प्राप्य चिरात्खलु राज्यश्रिया घटितौ तेजोमयौ सकलजगद्गीयमानबुधकर्णानन्दकारिगुणगणौ सोमसूर्यवंशाविव पुष्यभूतिमुखरवंशौ। प्रथममेव कौस्तुभमणिरिव गुणैः स्थितोऽसि हृदये देवस्य। इदानीं तु शशीव शिरसा परमेश्वरेणासि वोढव्यो जातः' इति।

एवं वदत्येव तस्मिन्नृपमुपसृत्य मौहूर्तिकाः 'देव ! समासीदति लग्नवेला। व्रजतु जामाता कौतुकगृहम्' इत्यूचुः। अथ नरेन्द्रेण 'उत्तिष्ठ, गच्छ' इति गदितो ग्रहवर्मा प्रविश्यान्तःपुरं जामातृदर्शनकुतूहलिनीनां

राज्यश्रिया नृपतिलक्ष्म्यापि। घटितौ योजितौ, मुक्तौ च। बुधकर्णौ पण्डितश्रोत्रे, सोमसूर्यसूनू च। गुणैरुत्कर्षैः, तन्तुभिश्च। हृदये चेतसि, वक्षसि च। देवस्य राज्ञः, विष्णोश्च। परमेश्वरेण राज्ञा, हरेण च।

कौतुकगृहं विवाहमङ्गलवेश्म।

उसका स्वागत किया। जैसे वसन्त कामदेव से मिलता है उसी प्रकार उन्होंने हाथ फैलाकर हथिनी से उतार कर झुके हुए उसका आलिङ्गन किया। क्रम से राज्यवर्धन और हर्ष भी जब गले मिले तो राजा हाथ से पकड़ कर उसे भीतर ले गए। अपने समान आसन आदि उपचारों से उसका सम्मान किया।

उसी समय गम्भीर नामक राजा के प्रिय विद्वान् ब्राह्मण ने ग्रहवर्मा से कहा—'हे तात, राज्यश्री के साथ तुम्हें सम्बन्धित पाकर आज पुष्पभूति और मुखर दोनों के वंश तेजस्वी, सारे संसार के लोगों को आनन्दित करने वाले सोम और सूर्य वंश के समान धन्य हुए। पहले से ही देव प्रभाकरवर्धन ने कौस्तुभमणि के समान तुम्हें धारण किया है। इस समय जैसे शिवने चन्द्र को अपने मस्तकपर धारण किया है उसी प्रकार तुम भी उनके शिरोधार्य हो रहे हो।

ब्राह्मण गम्भीर यह कह ही रहे थे कि ज्योतिषियों ने आकर कहा—'राजन्, लग्न का समय निकट है। जामाता कौतुकगृह में चलें।' राजा के 'उठो, जाओ' कहने पर ग्रहवर्मा ने अन्तःपुर में प्रवेश किया और वर को देखने के कुतूहल में स्त्रियों की खिले

स्त्रीणां पतितानि लोचनसहस्राणि विकचनीलकुवलयवनानीव लङ्घयन्ना-
ससाद कौतुकगृहद्वारम्। निवारितपरिजनश्च प्रविवेश।

अथ तत्र कतिपयाप्तप्रियसखीस्वजनप्रमदाप्रायपरिवाराम्, अरुणांशु-
कावगुण्ठितमुखीं प्रभातसंध्यामिव स्वप्रभया निष्प्रभान्प्रदीपकान्कुर्वाणाम्,
अतिसौकुमार्यशङ्कितेनेव यौवनेन नातिनिर्भरमुपगूढाम्, साध्वसनिरुध्य-
मानहृदयदेशदुःखमुक्तैर्निभृतायतैः श्वसितैरपयान्तं कुमारभावमिवानुशोच-
न्तीम्, अत्युत्कम्पिनीं पतनभियेव त्रपया निष्पन्दं धार्यमाणाम्, हस्तं
तामरसप्रतिपक्षमासन्नग्रहणं शशिनमिव रोहिणीं भयवेपमानमानसामव-
लोकयन्तीम्, चन्दनधवलतनुलताम्, ज्योत्स्नादानसंचितलावण्यात्कुमु-
दिनीगर्भादिव प्रसूताम्, कुसुमामोदनिर्हारिणीं वसन्तहृदयादिव निर्गताम्,
निःश्वासपरिमलाकृष्टमधुकरकुलां मलयमारुतादिवोत्पन्नाम्, कृतकंदर्प-

---

अथेत्यादौ। तत्र वधूमपश्यदिति संबन्धः। अरुणांशुकं लोहितं वस्त्रम्। अरु-
णस्यात्पांशवोऽशुकाः। निभृतैर्गुप्तैः। प्रतिपक्षस्तुल्यः, शत्रुश्च। ग्रहणं हस्तस्य
स्वीकारः, शशिनश्च ग्रहणं समासन्नं भवति। उद्गमनं सौरभमित्यन्ये। प्रभावीनां
कौस्तुभादिभिर्यथासंख्यम्। बालिका ऊर्मिका, कौमारी च। विनोदयन्तीं प्रथय-
न्तीम्। हारिणीं रम्याम्, मार्गा च।

हुए कुवलय के समान गिरती हुई आँखों को लांघते हुए कौतुकगृह के द्वार पर पहुंचा।
अन्य लोग द्वार पर ही रोक दिए गए और उसने भीतर प्रवेश किया।

तब उसने वहाँ वधूवेश में राज्यश्री को देखा। वह कुछ मान्य और प्रियसखियों
से और स्वजन स्त्रियों से घिरी हुई थी। प्रभात काल की संध्या के समान लाल अंशुक
का घूंघट डाले अपनी प्रभा से दीपों को निष्प्रभ कर रही थी। मानों यौवन ने उसे अत्यन्त
सुकुमार जान कर कस कर नहीं दबाया था। भय के कारण रुंधे हुए हृदयदेश से
वह कठिनता से लम्बी सांस लेती थी, मानों अब छोड़ कर जाते हुए कुमारभाव के
बारे में चिन्ता कर रही थी। वह कांप रही थी, फिर भी गिर जाने के भय से उसे
लज्जा ने मानों पकड़ रखा था। भय से कांपते हुए मन वाली वह कमल के प्रतिपक्षी
अपने हाथ को देख रही थी, मानों ग्रहणसमय निकट होने पर कातर होकर
रोहिणी चन्द्रमा को देख रही हो। चन्दन के लगाने से उसकी देह और भी सफेद हो
रही थी, मानों चन्द्र के द्वारा दी गई ज्योत्स्ना के लावण्य से भरे हुए कुमुदिनी के गर्भ
से उत्पन्न हुई हो। फूल की गन्ध से वह और भी मनोहर लग रही थी, मानों वसन्त के
हृदय से निकली हो। उसके निश्वास के परिमल में भौंरे खिंचते जा रहे थे, मानों वह

नुसरणां रतिमिव पुनर्जाताम्, प्रभालावण्यमदसौरभमाधुर्यैः कौस्तुभशशिमदिरापारिजातामृतप्रभवैः सर्वरत्नगुणैरपरामिव सुरासुररुषा रत्नाकरेण कल्पितां श्रियम्, स्निग्धेन बालिकालोकेन सितसिन्दुवारकुसुममञ्जरीभिरिव मुक्तादीधितिभिः कल्पितकर्णावतंसाम्, कर्णाभरणमरकतप्रभाहरितशाद्वलेन कपोलस्थलीतलेन विनोदयन्तीमिव हारिणीं लोचनच्छायाम्, अधोमुखं वरकौतुकालोकनाकुलं मुहुर्मुहुः कृतमुखोन्नमनप्रयत्नं सखीजनं हृदयं च निर्भर्त्सयन्तीं वधूमपश्यत्।

प्रविशन्तमेव तं हृदयचौरं वध्वा समर्पितं जग्राह कंदर्पः। परिहासस्मेरमुखीभिश्च नारीभिः कौतुकगृहे यद्यत्कार्यते जामाता तत्तत्सर्वमतिपेशलं चकार। कृतपरिणयानुरूपवेशपरिग्रहां गृहीत्वा करे वधूं निर्जगाम। जगाम च नवसुधाधवलां निमन्त्रितागतैस्तुषारशैलोपत्यकामिव त्र्यम्ब-

---

मृगलोचनच्छायां नीलशाद्वलेन स्थलीतले क्रीडति। कौतुकालोकनाकुलं द्वयमपि साधारणम्।

वध्वा राज्यश्रिया। अथ वेदीं जगामेति संबन्धः। उपत्यकाद्रेः समासन्ना भूः।

मलयमारुत से उत्पन्न हो। वह कामदेव का अनुसरण कर रही थी, मानों रति ने फिर जन्म लिया हो। वह अपनी प्रभा, लावण्य, मद, सौरभ, माधुर्य आदि गुणों से दूसरी लक्ष्मी के समान मालुम पड़ रही थी, मानों जिसे कौस्तभमणि, चन्द्र, मदिरा, पारिजात और अमृत से उत्पन्न समस्त रत्न के उन गुणों के साथ समुद्र ने देवता और असुरों पर क्रोध करके फिर से उत्पन्न किया हो। उसके कानों में मोती की वालियों की किरणें उजले सिन्धुवार पुष्प की मंजरी की भांति अवतंस बन रहीं थीं। पन्ने के कर्णाभरण की हरी प्रभा उसके कपोलों पर पड़ रही थी, मानों वह आँखों की सुन्दर कान्ति को व्यक्त कर रही थी। दिखाने के लिए प्रयत्न में लगी हुई सखियां उसके झुके हुए मुंह को बार-बार उठाने का प्रयत्न कर रही थीं, वह उन्हें और अपने हृदय को भी कोस रही थी।

प्रवेश करते ही राज्यश्री के द्वारा दिए गए अपने हृदय के चोर उस ग्रहवर्मा को कामदेव ने पकड़ लिया। हँसी-मजाक करने वाली नवेलियों ने कोहबर में जो-जो करने के लिए कहा ग्रहवर्मा ने बिना जिद के सब किया। विवाह के अनुकूल वेषभूषा में सुसज्जित वधू का हाथ पकड़ कर वह निकला और वेदी के पास पहुंचा। वह (वेदी) चूने से ताजी पोती हुई थी, मानों शिव-पार्वती के विवाह में निमंत्रण पर आए हुए

काम्बिकाविवाहाहूतैर्भूभृद्भिः परिवृताम्, सेकसुकुमारयवाङ्कुरदन्तुरैः पञ्चास्यैः कलशैः कोमलवर्णिकाविचित्रैरमित्रमुखैश्च मङ्गल्यफलहस्ताभिरञ्जलिकारिकाभिरुद्भासितपर्यन्ताम्, उपाध्यायोपधीयमानेन्धनधूमायमानाग्निसंधुक्षणाक्षणिकोपद्रष्टृद्विजाम्, उपकुशानुनिहितानुपहतहरितकुशाम्, संनिहितदृषदजिनाज्यस्रुक्समित्पूलीनिवहाम्, नूतनशूर्पार्पितश्यामलशमीपलाशमिश्रलाजहासिनीं वेदीम्। आरुरोह च तां दिवमिव सज्योत्स्नः शशी। समुत्ससर्प च वेल्लितारुणशिखापल्लवस्य शिखिनः कुसुमायुध इव रतिद्वितीयो रक्ताशोकस्य समीपम्। हुते च हुतभुजि प्रदक्षिणावर्तप्रवृत्ताभिर्वधूवदनावलोकनकुतूहलिनीभिरिव ज्वालाभिरिव सह प्रदक्षिणं बभ्राम। पात्यमाने च लाजाञ्जलौ नखमयूखधवलिततनुरदृष्टपूर्ववधूवररूपविस्मयस्मेर इवादृश्यत विभावसुः।

भूभृन्नृपः, गिरिश्च। वर्णिका खटिका। अमित्रमुखै रूप्यमयैः, शत्रुमुखैश्च। अञ्जलिकारिकाभिर्मृन्मयप्रतिमाभिः, सालभञ्जिकाभिर्वा। अक्षणिको व्यग्रः। उपद्रष्टा साक्षी उपदेश्य इति केचित्। स्रुग्घोमपात्रम्। वेल्लिता वलिताः। शिखा ज्वाला, शिखाग्राणि च। पल्लवाः प्रान्ताः, किसलयानि च। शिखिनो वृक्षस्यापि। उक्तं च—'अग्निः शिखीति च प्रोक्तः शिखी वृक्षो निगद्यते। बर्हिणश्च शिखी प्रोक्तः क्वचित्स्यात्कुक्कुटः शिखी॥' इति च।

अनेकों पर्वतों से भरी हुई हिमालय की तराई हो। चारों ओर पास में चौड़े मुँह के कलसे रखे हुए थे, पानी की तरी से नए यवांकुर उनमें उग गए थे। उनपर हल्की बनी की खरिया पुती हुई थी और उन्होंने सूर्य का मुख नहीं देखा था। मंगलार्थ फल को हाथ में लिए मिट्टी की मूरतें खड़ी थीं। ईन्धन देने से धुंवा उगलती हुई अग्नि को प्रज्वालित करने में साक्षी रूप बैठे हुए ब्राह्मण व्यग्र हो रहे थे। अग्नि के समीप ही हरे-हरे लम्बे कुश रखे हुए थे। अश्मारोहण के लिए सिल, कृष्ण मृगचर्म, घृत, स्रुवा और समिधाएं रखी हुई थीं। जैसे ज्योत्स्ना के साथ चन्द्र आकाश में चढ़ता है उसी प्रकार ग्रहवर्मा भी वधू राज्यश्री के साथ विवाहवेदी पर चढ़े और जैसे कामदेव रति को साथ लेकर रक्ताशोक के समीप पहुंचता है उसी प्रकार हिलती हुई लाल शिखा से युक्त अग्नि के पास आए। हवन करने के पश्चात् दक्षिण की ओर मुड़ती हुई मानों वधू का मुखड़ा देखने के कुतूहल वाली ज्वालाओं के साथ उन दोनों ने अग्नि के चारों ओर भांवरे लीं और लाजाञ्जलियाँ छोड़ीं। तब वर और वधू की नखकिरणों से और भी

अत्रान्तरे स्वच्छकपोलोदरसंक्रान्तमनलप्रतिबिम्बमिव निर्वापयन्ती स्थूलमुक्ताफलविमलवाष्पबिन्दुसंदोहदर्शितदुर्दिना निर्वदनविकारं रुरोद वधूः। उदश्रुविलोचनानां च बान्धववधूनामुदपादि महानाक्रन्दः। परिसमापितवैवाहिकक्रियाकलापस्तु जामाता वध्वा समं प्रणनाम श्वशुरौ। प्रविवेश च द्वारपक्षलिखितरतिप्रीतिदैवतं प्रणयिभिरिव प्रथमप्रविष्टैरलिकुलैः कृतकोलाहलम्, अलिकुलपक्षपवनप्रेङ्खोलितैः कर्णोत्पलप्रहारभयप्रकम्पितैरिव मङ्गलप्रदीपैः प्रकाशितम्, एकदेशलिखितस्तबकितरक्ताशोकतरुतलभाजाधिज्यचापेन तिर्यक्कूणितनेत्रत्रिभागेण शरमृजूकुर्वता कामदेवेनाधिष्ठितम्, एकपार्श्वन्यस्तेन काञ्चनाचामरुकेणेतरपार्श्ववर्तिन्या च दान्तशफरुकधारिण्या कनकपुत्रिकया साक्षाल्लक्ष्म्येवोद्दण्डपुण्डरीकहस्तया सनाथेन सोपधानेन स्वास्तीर्णेन शयनेन शोभमानम्, शयनशिरोभाग-

---

निर्वापयन्ती गमयन्ती। प्रविवेशेत्यादौ। जामाता वासगृहमिति संबन्धः। पक्षः पार्श्वम्। कूणितः संकोचितः।

प्रकाशमान अग्निदेव मानों पहले कभी नहीं देखे हुए इस प्रकार वर-वधू के रूप को देखकर आश्चर्य के साथ प्रसन्न दीख पड़े।

इसी बीच वधू राज्यश्री मानों अपने स्वच्छ कपोलों में पड़ती हुई अग्नि की छाया को बुझाती हुई, और स्थूल मुक्ताफल जैसे निर्मल आँसुओं से दुर्दिन का दृश्य उपस्थित करती हुई मुख की विकृति के बिना ही रोने लगी। बान्धव-बन्धुओं की आँखें भी आँसू से छल-छला उठीं और तब एक प्रकार का शोरगुल मचा। इधर विवाह का विधि विधान समाप्त करके जामाता ने वधू के साथ सास-ससुर को प्रणाम किया और वासगृह में प्रविष्ट हुआ। उस वासगृह के दोनों पक्खों पर एक ओर रति और दूसरी ओर प्रीति (कामदेव की दोनों स्त्रियों) के चित्र बनाए गए थे। प्रेमी के समान पहले ही घुसकर भौंरों ने कोलाहल शुरू किया। भौंरों के पंख की हवा से हिलते हुए मानों कर्णोत्पल के प्रहार के भय से कांपते हुए मंगलदीप उस गृह को प्रकाशित कर रहे थे। एक ओर फूलों से लदे रक्ताशोक के नीचे धनुष पर बाण रखकर तिरछी ऐंची हुई मिचमिचाती आँख से निशाना साधते हुए कामदेव का चित्र बना था। अन्दर सफेद चादर से ढंका हुआ पलंग बिछा था जिसके सिरहाने तकिया रखा था। उसके एक पार्श्व में सोने की एक झारी रखी थी और दूसरी ओर हाथीदाँत का डिब्बा लिए हुए सोने की पुतली

स्थितेन च कृतकुमुदशोभेन कुसुमायुधसाहाय्यकायागतेन शशिनेव निद्राकलशेन राजतेन विराजमानं वासगृहम् ।

तत्र च ह्रीताया नववधूकायाः पराङ्मुखप्रसुप्ताया मणिभित्तिदर्पणेषु मुखप्रतिबिम्बानि प्रथमालापाकर्णनकौतुकागतगृहदेवताननानीव मणिगवाक्षकेषु वीक्षमाणः क्षणदां निन्ये। स्थित्वा च श्वशुरकुले शीलेनामृतमिव श्वश्रूहृदये वर्षन्नभिनवाभिनवोपचारैरपुनरुक्तान्यानन्दमयानि दश दिनानि, दत्त्वा च राजदौवारिकमिव राजकुले रणरणकं यौतकनिवेदितानीव शम्बलान्यादाय हृदयानि सर्वलोकस्य कथंकथमपि विसर्जितो नृपेण वध्वा सह स्वदेशमगमदिति ।

इति श्रीमहाकविबाणभट्टकृतौ हर्षचरिते चक्रवर्तिजन्मवर्णनं नाम चतुर्थ उच्छ्वासः।

क्षणदां रात्रिम् । दश दिनानि स्थित्वेति संगतिः । यौतकं सुदायः ।

इति श्रीशंकरविरचिते हर्षचरितसंकेते चतुर्थ उच्छ्वासः।

खड़ी थी। नीचे पलंग के सिरहाने कुमुदों से शोभित मानों कामदेव की सहायता के लिए पहुंचे हुए चन्द्रमा के समान चाँदी का निद्रा-कलश रखा हुआ था।

वहाँ लज्जित होकर पराङ्मुख सोई हुई नववधू राज्यश्री के मुखड़े के प्रतिबिम्बों को मणिभित्ति में लगाए गए दर्पणों में देखने लगा, वे प्रतिबिम्ब मानों पहली मुलाकात की बातचीत सुनने के कुतूहल से मणिगवाक्षों में खड़ो होकर ताक झांक करती हुई गृहदेवताओं के मुख हों। इस प्रकार उसने रात बिताई। इस प्रकार ग्रहवर्मा श्वशुरकुल में अपने शील से सास के हृदय में अमृत की वर्षा करता हुआ नित्य नये-नये उपचारों से दस दिनों तक आनन्द के साथ रहा और द्वारपाल के समान राजकुल में अपना विच्छेदजनित उद्वेग देकर दहेज में मिली हुई सामग्री के साथ सब लोगों के हृदय को भी लेते हुए किसी-किसी प्रकार राजा के द्वारा विसर्जित हुआ वधू राज्यश्री को विदा करा अपने स्थान को लौट गया।

हर्षचरित चतुर्थ उच्छ्वास समाप्त।

पञ्चम उच्छ्वासः

नियतिर्विधाय पुंसां प्रथमं सुखमुपरि दारुणं दुःखम् ।
कृत्वा लोकं तरला तडिदिव वज्रं निपातयति ॥ १ ॥
पातयति महापुरुषान्सममेव बहूननादरेणैव ।
परिवर्तमान एकः कालः शैलानिवानन्तः ॥ २ ॥

अथ कदाचिद्राजा राज्यवर्धनं कवचहरमाहूय हूणान्हन्तुं हरिणानिव हरिर्हरिणेशकिशोरमपरिमितबलानुयातं चिरंतनैरमात्यैरनुरक्तैश्च महासामन्तैः कृत्वा साभिसरमुत्तरापथं प्राहिणोत् ।

प्रयान्तं च तं देवो हर्षः कतिचित्प्रयाणकानि तुरङ्गमैरनुवव्राज । प्रविष्टे च कैलासप्रभाभासिनीं ककुभं भ्रातरि वर्तमानो नवे वयसि त्रिक-

---

नियतीत्यादि । नियतिर्दैवम् । लोकं जनम् । तडिद्विद्युत् । तडिदपि तरलाऽऽलोकं कृत्वा वज्रम् निपातयति ॥ १ ॥

अनन्तः पर्यन्तरहितः, शेषभट्टारकश्च ॥ २ ॥

आर्यायुगलेनानेन भाविनी राजविपत्तिः सूचिता ।

कवचहर इति वयसि निरयम् । बलं सैन्यम्, सामर्थ्यं च । साभिसरं ससहायम् ।

जैसे चंचल बिजली क्षण भर अपनी चमक दिखाकर बार-बार वज्रपात करने लग जाती है उसी प्रकार नियति भी पहले-पहल लोगों पर सुख की चमक दिखाती है और फिर वज्र के समान भीषण दुःख ही दुःख गिराने लग जाती है ॥ १ ॥

करवट बदलता हुआ यह कालचक्र अनेक महापुरुषों को भी बिना किसी लगाव के एक साथ बिलट डालता है, जैसे प्रलय के समय में पृथिवी को सहस्र फणों पर धारण करने वाला शेषनाग सुस्ताने के लिए बोझा बदलता है तो बड़े-बड़े पहाड़ उलट-पुलट जाते हैं ॥२॥

किसी समय राजा प्रभाकरवर्धन ने कवच पहनने की आयु वाले अपने पुत्र राज्यवर्धन को बुलाकर हूणों से युद्ध करने के लिए उत्तरापथ की ओर भेजा, जैसे सिंह हरिणों को मारने के लिए अपने बाल सिंह को भेजता है । पुराने मन्त्रियों और अपने में मिले हुए महासामन्तों की देख-रेख में अपरिमित सेना को भी उसके साथ किया ।

युद्ध के लिए प्रयाण करते हुए राज्यवर्धन को देखकर देव हर्ष भी कुछ पड़ावों तक घोड़ों के साथ पीछे-पीछे गए । कैलास पर्वत की उज्ज्वल प्रभा से उद्भासित होने वाली

मरसानुरोधिनि केसरिशरभशार्दूलवराहबहुलेषु तुषारशैलोपकण्ठेषूत्कण्ठ-मानवनदेवताकटाक्षांशुशारितशरीरकान्तिः क्रीडन्मृगयां मृगलोचनः कति-पयान्यहानि बहिरेव व्यलम्बत। चकार चाकर्णान्ताकृष्टकार्मुकनिर्गतभा-सुरभल्लवर्षी स्वल्पीयोभिरेव दिवसैर्निःश्वापदान्यरण्यानि।

एकदा तु वासतेय्यास्तुरीये यामे प्रत्युषस्येव स्वप्ने चटुलज्वालापु-ञ्जपिञ्जरीकृतसकलककुभा दुर्निवारेण दवहुतभुजा दह्यमानं केसरिणम-द्राक्षीत्। तस्मिन्नेव च दावदहने समुत्सृज्य शावकानुत्प्लुत्य चात्मानं पातयन्तीं सिंहीमपश्यत्। आसीच्चास्य चेतसि—'लोके हि लोहेभ्यः कठिनतराः खलु स्नेहमया बन्धनपाशाः, यदाकृष्टास्तिर्यञ्चोऽप्येवमाच-रन्ति' इति। प्रबुद्धस्य चास्य मुहुर्मुहुर्दक्षिणेतरमक्षि पस्पन्दे। गात्रेषु चाकस्मादेव वेपथुर्विपप्रथे। निर्निमित्तमेवान्तर्बन्धनस्थानाच्चचालेव

केसरिणः सिंहाः। अष्टपादाः प्राणिविशेषाः शरभाः। शार्दूला व्याघ्राः। वराहाः सूकराः। क्रीडन्मृगयामिति। 'कालभावाध्वगन्तव्या कर्मसंज्ञा ह्यकर्मणाम्' इति भावार्थरूपाया मृगयायाः कर्मभावः।

वासतेयी रात्रिः। तुरीये चतुर्थेऽहनि। संवाह्यमानं भ्राम्यमाणम्। लुलितं व्याप्तम्।

उत्तर दिशा में जब बड़े भाई राज्यवर्धन ने प्रवेश किया तो पराक्रम के रस का अनुरोध करने वाली नई अवस्था को प्राप्त हुए, उत्कण्ठित वन-देवताओं के कटाक्षों से रंगीन कान्ति वाले, मृग सदृश नेत्र वाले हर्ष सिंह, शरभ, वराह आदि से भरी हुई हिमालय की तराइयों में आखेट करते हुए कुछ दिन तक बाहर ही रुक गए। उन्होंने धनुष की डोर को कान तक खींच कर तीखे बाणों की वर्षा करके थोड़े ही दिनों में तराई के जंगलों को खूंखार जानवरों से शून्य कर दिया।

वहीं एक दिन रात के चौथे प्रहर में जब पौ फटने को हुई तो हर्ष ने स्वप्न में देखा कि दिशाओं को अपने ज्वालापुञ्ज से पिंजरित करती हुई अत्यन्त भीषण वनाग्नि में एक शेर जल रहा है और अपने बच्चों को छोड़ कर उसी अग्नि में शेरनी छलांग मार कर कूद रही है। उनके मन में यह विचार उत्पन्न हुआ—'सचमुच संसार में स्नेह के बन्धन-पाश लोहे से भी बढ़ कर सख्त होते हैं, जिनसे आकृष्ट होकर तिर्यक् जीव भी इस प्रकार कर डालते हैं।' जब वे जगे तो उनकी बाईं आंख बार-बार फरकने लगी। एकाएक उनके अङ्गों में कंपकपी होने लगी। बिना कारण ही हृदय बाहर निकला आ रहा था। दुःख का वेग बिना कारण ही बहुत बढ़ गया। यह क्या बात है? इस प्रकार

हृदयम्। अकारणादेव चाजायत गरीयसी दुःखासिका। किमिदमिति च समुत्पन्नविविधविकल्पविमथितमतिरपगतधृतिश्चिन्तावनमितवदनः स्तिमिततारकेण चक्षुषा समुद्भिद्यमानस्थलकमलिनीवनामिव चकार चकोरेक्षणः क्षणं क्षोणीम्। अह्नि च तस्मिञ्शून्येनैव च चेतसा चिक्रीड मृगयाम्। आरोहति च हरितहये मध्यमह्नो भवनमागत्योभयतो मन्दमन्दं संवाह्यमानतनुतालवृन्तः क्षितितलवितताममतिशिशिरमलयजरसलवलुलितवपुषमिन्दुधवलोपधानधारिणीं वेत्रपट्टिकामधिशयानः साशङ्क एव तस्थौ।

अथ दूरादेव लेखगर्भया नीलीरागमेचकरुचा चीरचीरिकया रचितमुण्डमालकम्, श्रमातपाभ्यामारोप्यमाणकायकालिमानम्, अन्तर्गतेन शोकशिखिनाऽङ्गारतामिव नीयमानम्, अतित्वरागमनद्रुततरपदोद्धूयमानधूलिराजिव्याजेन राजवार्ताश्रवणकुतूहलिन्या मेदिन्येवानुगम्यमानम्, अभिमुखपवनप्रेङ्खत्प्रविततोत्तरीयपटप्रान्तवीज्यमानोभयपार्श्वमतित्वरया

अथेत्यादौ। दूरादेव कुरङ्गकनामानमध्वगमापतन्तमद्राक्षीदिति संबन्धः। नीलीनामौषधिः। बर्हिकण्ठसमानो मेचकः। आरोप्यमाणः क्रियमाणः।

उनके मस्तिष्क में अनेक विकल्पों का मंथन शुरू हुआ, उनका धैर्य जाता रहा, केवल चिन्ता से सिर झुकाए हुए पृथिवी की ओर चकोर के समान एकटक से देखने लगे, मानों जमीन से स्थल-कमलिनियों का समूह निकल रहा हो। उस दिन उदास मन से ही आखेट किया। जब दिन चढ़ गया तब लौट कर निवासस्थान पर आए और जमीन पर बिछी हुई बेंत की शीतलपाटी पर जो अत्यन्त ठंडे चन्दन रस के छिड़काव से भीगी हुई थी और जिसके सिरहाने धवल उपधान (तकिया) रखा था, चिन्तित होकर बैठ गए। उनके दोनों ओर ताड़ के पंखे मंद-मंद झले जा रहे थे।

तभी उन्होंने दूर से ही कुरंगक नाम के लेखहारक को आते हुए देखा। उसके सिर पर नील में रँगी हुई पट्टी माला के समान बँधी हुई थी जिसके भीतर लेख था। एक तो चलने की थकान और उस पर कड़ाके की धूप दोनों से उसकी देह स्याह हो गई थी। हृदय के भीतर जलती हुई शोक की अग्नि के कारण अंगार-सा बन रहा था। वह बड़ी तेजी से चल रहा था। उसके पैर से लग कर धूल उड़ रही थी, मानों राजा का समाचार सुनने के कुतूहल से पृथिवी उसके पीछे पीछे चली आ रही थी। सामने की ओर से बहती हुई हवा से उसके उत्तरीय के छोर दोनों बगल में छहरा रहे थे, मानों वह पंख बांध कर शीघ्र दौड़ता हुआ चला आ रहा था। मानों उसे स्वामी का आदेश पीछे से

कृतपक्षमिवाशु परापतन्तम् , प्रेर्यमाणमिव पृष्ठतः स्वाम्यादेशेनाकृष्यमाणमिव पुरस्तादायतैः श्रमश्वासमोक्षैः स्विद्यल्ललाटतटघटमानप्रतिबिम्बकेन कार्यकौतुकादपह्रियमाणलेखमिव भास्वता संभ्रमभ्रष्टैरिवेन्द्रियैः शून्यीकृतशरीरम् , लेखार्पितप्रयोजनगौरवादिव समेऽपि वर्त्मनि शून्यहृदयतया स्खलन्तम् , कालमेघशकलमिव पतिष्यतो दुर्वार्तावज्रस्य, धूमपल्लवमिव ज्वलिष्यतः शोकज्वलनस्य, बीजमिव फलिष्यतो दुष्कृतशालेरनिमित्तभूतदीर्घाध्वगं कुरङ्गकनामानमायान्तमद्राक्षीत् ।

दृष्ट्वा च पूर्वनिमित्तपरम्पराविभावितभीतिरभिद्यत हृदयेन । कुरङ्गकस्तु कृतप्रणामः समुपसृत्य प्रथममाननलग्नं विषादमुपनिन्ये, पश्चाल्लेखम् । तं च देवो हर्षः स्वयमेवादायावाचयत् । लेखार्थेनैव च समं गृहीत्वा हृदयेन संतापमवग्रहरूपोऽभ्यधात्—'कुरङ्गक ! किं मान्द्यं तातस्य ?' इति । स चक्षुषा बाष्पजलबिन्दुभिर्मुखेन च खञ्जाक्षरैः क्षरद्भि-

---

इन्द्रियैरिति । शून्यत्वं तेषां जडत्वाप्तेः । शकलं खण्डम् ।

प्रेरित कर रहा था । श्रम के कारण लम्बी सांस छोड़ने से वह मानों आगे की ओर खिंचता जा रहा था । पसीने से तर उसके ललाट पर सूर्य का प्रतिबिम्ब पड़ रहा था मानों 'किस कार्य से जा रहा है ?' यह जानने के कौतुक से सूर्य उसके माथे पर खोंसे हुए लेख को चुराने की कोशिश कर रहा था । कार्य की व्यग्रता के कारण इन्द्रियां मानों शरीर से पृथक् हो गई थीं । लेख की बात इतनी गम्भीर थी कि वह समतल मार्ग पर भी हृदयशून्य होकर गिरता-पड़ता आ रहा था । थोड़ी ही देर में अकुशल समाचार के गिरने वाले वज्र का वह मानों काला मेघखण्ड था । ज्वलित होने वाले शोकानल का वह मानों धुवां के समान था । फलने वाले दुःखरूपी धान का वह मानों बीज था । वह अनिमित्त की सूचना देने वाला दीर्घाध्वग (दूरगामी) था ।

स्वप्न की बात से उत्पन्न भय के कारण उसे देख कर हर्ष का हृदय जैसे फट गया । कुरंगक ने आकर प्रणाम किया और पास आकर पहले अपने मुख में लगे विषाद को अर्पित किया और फिर लेख को । हर्ष ने स्वयं ही उसे लेकर बाँचा । लेख की बात जानते ही सन्तप्त हृदय को किसी प्रकार थाम कर उन्होंने स्तब्ध होते हुए कहा—'कुरंगक, पिताजी को कौन-सी बीमारी है ?' वह एक ही बार आँख से आँसू और मुख से टूटी हुई आवाज को निकालते हुए बोला—'देव, महान् दाहज्वर है ।' इस समाचार को सुनते ही उनका हृदय मानों हजारों टुकड़ों में विदीर्ण हो गया । फिर उन्होंने पिताजी

युगपदाचचक्षे—'देव ! दाहज्वरो महान्' इति। तच्चाकर्ण्य सहसा सहस्रधेवास्य हृदयं पफाल। कृताचमनश्च जनयितुरायुष्कामोऽपरिमितमणिकनकरजतजातमात्मपरिबर्हमशेषं ब्राह्मणसादकरोत्। अभुक्त एवोच्चचाल। 'दापय वाजिनः पर्याणम्' इति च पुरःस्थितं शिरःकृपाणं बिभ्राणं बभाण युवानम्। वेपमानहृदयश्च ससंभ्रमप्रधावितपरिवर्धकोपनीतमारुह्य तुरङ्गमेकाक्येव प्रावर्तत।

अकाण्डप्रयाणसंज्ञाशङ्खक्षुभितं तु संभ्रमात्सज्जीभूतमुद्भूतमुखरखुररवभरितसकलभुवनविवरमागत्यागत्य सर्वाभ्यो दिग्भ्यो धावमानमश्वीयमढौकत। प्रस्थितस्य चास्य प्रदक्षिणेतरं प्रयान्तो विनाशमुपस्थितं राजसिंहस्य हरिणाः प्रकटयांबभूवुः। अशिशिररश्मिमण्डलाभिमुखश्च हृदयमवदारयन्निव दावशुष्के दारुणि दारुणं रराण वायसः। कज्जलमय इव बहुदिवसमुपचितबहलमलपटलमलिनिततनुरभिमुखमाजगाम शिखिपिच्छ-

---

पफाल पुस्फोट। जातेति शब्दः प्रकारे। परिबर्हो भोजनादिपरिच्छदः। ब्राह्मणसाद्ब्राह्मणाधीनम्। न भुक्तमस्येत्यभुक्तः। शिरोदेशे स्थापितः कृपाणः। परिवर्धकोऽश्वपालः। प्रावर्ततेत्यर्थाद्गन्तुम्।

अश्वीयमश्वसमूहः। सिंहशब्दः प्रशंसायाम्। हरिणा इति। मृगा हि स्वैरं चरन्तः

की आयु की कामना से आचमन करके बहुत से मणि, सुवर्ण और रजत एवं अपने खाने-पहरने की सब चीजों को ब्राह्मणों को अर्पित कर दिया। स्वयं बिना भोजन किए ही उठ खड़े हुए। 'घोड़े पर जीन कसवाओ' यह अपने सामने खड़े हुए कृपाणधारी युवक को आज्ञा दी। आज्ञा पाते ही घबड़ाहट के साथ अश्वपाल के द्वारा लाए हुए घोड़े पर सवार हुए और अकेले ही चल पड़े। उनका हृदय काँप रहा था।

उसकी टुकड़ी में अचानक कूच को सूचित करने वाला शंख बजा दिया गया। सुनते ही घबड़ा कर घोड़े कसे जाने लगे और थोड़ी ही देर में टापों की आवाज से संसार को भरते हुए चारों ओर से दौड़ते हुए आ-आकर भर गए। जब उन्होंने प्रस्थान किया तब बाईं ओर से हिरन निकल कर महाराज के होने वाले मरण की सूचना देने लगे। कौवा सूर्यमण्डल की ओर मुँह करके जङ्गल की आग से झुलस कर सूखे हुए पेड़ पर बैठ कर हृदय विदीर्ण करता हुआ काँव-काँव की रट लगाने लगा। बहुत दिन का मैला कुचैला शरीर वाला काला-कलूट कोई साधु हाथ में मोरछल लिए सामने आ गया। इन असगुनों के होने से यात्रा को विघ्नित जानकर वे बहुत शंकित हुए। पिता के प्रति स्नेह

लाञ्छनो नग्नाटकः। दुर्निमित्तैरनभिनन्द्यमानगमनश्च नितरामशङ्कत। हृदयेन पितृस्नेहाहितम्रदिम्ना च तत्तदुपेक्षमाणस्तुरङ्गमस्कन्धबद्धलक्ष्यं चक्षुरविचलं दधानो दुःखमवसितहसितसंकथस्तूष्णींभूतेन भूपाललोकेनानुगम्यमानो बहुयोजनसंपिण्डितमध्वानमेकेनैवाह्ना समलङ्घयत्।

उपलब्धनरेन्द्रमान्द्यवार्ताविषण्ण इव नष्टतेजस्यधोमुखीभवति भगवति भानुमति भण्डिप्रमुखेन प्रणयिना राजपुत्रलोकेन बहुशो विज्ञाप्यमानोऽपि नाहारमकरोत्। पुरःप्रवृत्तप्रतीहारगृह्यमाणग्रामीणपरम्पराप्रकटितप्रगुणवर्त्मा च वहन्नेव निन्ये निशाम्।

अन्यस्मिन्नहनि मध्यंदिने विगतजयशब्दम्, अस्तमिततूर्यनादमुपसंहृतगीतम्, उत्सारितोत्सवम्, अप्रगीतचारणम्, अप्रसारितापणपण्यम्, स्थानस्थानेषु पवनबलकुटिलाभिः कोटिहोमधूमलेखाभिरुल्लसन्तीभिर्यममहिषविषाणकोटिभिरिवोल्लिख्यमानम्, कृतान्तपाशवागुराभिरिव वेष्ट्य-

---

सिंहस्य विनाशमभावं सूचयन्ति। नग्नाटको नग्नक्षपणकः। तुरङ्गमेति चक्षुर्विशेषणम्। दुःखेन समवसिता निवृत्ता संकथा कथनं यस्य सः। संपिण्डितं संकलितम्।

प्रगुणं स्पष्टम्। वहन्नविश्रान्तिं गच्छन्।

अन्यस्मिन्नित्यादौ। स्कन्धावारं समाससादेति संबन्धः। आपणेषु हट्टेषु। पण्यं

से उनका हृदय द्रवित था, अतः सब की उपेक्षा करते हुए केवल घोड़े के कन्धे पर ही दृष्टि गड़ाकर दुःख के कारण सारी हँसी और गपशप को भूलकर कई योजन के मार्ग को एक ही दिन में तय किया। उनके पीछे मौन होकर राजसमूह चल रहा था।

भगवान् सूर्य मानों राजा की बीमारी का समाचार सुनने से दुखी होकर तेजरहित और अधोमुख होने लगे। भण्डि आदि मित्र राजकुमारों ने बहुत बार समझाया फिर भी हर्ष ने भोजन नहीं किया। केवल आगे चलते हुए दौवारिक द्वारा गाँव वालों को पकड़-पकड़ कर रास्ता पूछे जाने और उनके द्वारा दिखाए जाने पर रात में भी बराबर चलते रहे।

अगले दिन दोपहर के समय स्कन्धावार पहुँचे। वहाँ जय-जयकार की आवाज बिलकुल बन्द थी। तूर्य बजाया नहीं जा रहा था, और गीत भी बन्द था। उत्सव उठा दिया गया था। चारण नहीं गा रहे थे। बेचने के लिए बाजार में वस्तुएँ फैलाई नहीं गई थीं। जगह-जगह पर करोड़ों यज्ञों की धूमलेखाएँ हवा से टेढ़ी-मेढ़ी निकल रही थीं, मानों यमराज के भैंसों के सींगों के अग्रभाग हों या यमराज की फाँस ही जैसे चारों

मानम्, उपरि कालमहिषालंकारकालायसकिङ्किणीभिरिव कटु क्वणन्तीभिर्दिवसं वायसमण्डलीभिर्भ्रमन्तीभिरावेद्यमानप्रत्यासन्नाशुभम्, क्वचित्प्रतिशायितस्निग्धबान्धवाराध्यमानाहिर्बुध्नम्, क्वचिद्दीपिकादह्यमानकुलपुत्रकप्रसाद्यमानमातृमण्डलम्, क्वचिन्मुण्डोपहारहरणोद्यतद्रविडप्रार्थ्यमानामर्दकम्, क्वचिदान्ध्रोध्रियमाणबाहुवप्रोपयाच्यमानचण्डिकम्, अन्यत्र शिरोविधृतविलीयमानगलद्गुग्गुलुविकलनवसेवकानुनीयमानमहाकालम्, अपरत्र निशितशस्त्रीनिकृत्तात्ममांसहोमप्रसक्ताप्तवर्गम्, अपरत्र प्रकाशनरपतिकुमारकक्रियमाणमहामांसविक्रयप्रक्रमम्, उपहतमिव श्मशानपांशुभिरमङ्गलैरिव परिगृहीतम्, यातुधानैरिव विध्वस्तम्, कलिकालेनेव कवलितम्, पापपटलैरिव संछादितम्, अधर्मविक्षेपैरिव लुण्ठितम्, अनित्यताधिकारैरिवाक्रान्तम्, नियतिविलासैरिवात्मीकृतम्, शून्यमिव सुप्तमिव मुषितमिव विलक्षितमिव छलितमिव मूर्च्छितमिव स्कन्धावारं समाससाद ।

विक्रेयं वस्तु । कालो यमः । कालायसं लोहजातिभेदः । किङ्किण्यः सूक्ष्मघण्टिकाः । प्रतिशायिता उपोषिताः । अहिर्बुध्नो हरः । मुण्डं शिरः । द्रविडा आन्ध्राश्च जनपदभेदाः । आमर्दको वेतालः । रौद्रदेवताभेद इत्यन्ये ।

ओर घिर रही थी । होने वाले असगुन की सूचना देते हुए झुण्ड के झुण्ड कौवे काँव-काँव करते हुए ऊपर मंडरा रहे थे, मानों यमराज के भैंसे की गर्दन में लगी हुई लोहा के घुंघुरुओं की माला बज रही थी । कहीं राजा के स्नेही बान्धव लोग उपासे रहकर भगवान् शङ्कर की आराधना कर रहे थे । कहीं राजघरानों के कुलपुत्र दियाली जलाकर सप्त मातृकाओं को प्रसन्न कर रहे थे । कहीं पाशुपतमतानुयायी द्रविड़ मुण्डोपहार चढ़ाकर वेताल को प्रसन्न करने की तैयारी में था । कहीं आंध्र देश का पुजारी अपनी भुजा उठाकर चण्डिका के लिए मनौती मान रहा था । एक ओर नए सेवक सिर पर गुग्गुल जला कर उसकी पीड़ा की विकलता में महाकाल को प्रसन्न कर रहे थे । एक ओर आप्त वर्ग के लोग तेज छुरी से अपना मांस काट-काट कर होम कर रहे थे । एक ओर राजकुमार लोग खुलेआम महामांस बेचने की तैयारी कर रहे थे । वह स्कन्धावार मानों श्मशान की धूल से दूषित हो गया हो, अमङ्गल चारों ओर घिर रहे हों, राक्षसों ने उसे विध्वंस कर दिया हो, कलिकाल उसे निगल गया हो, पापपटल उस पर छा गया हो, अधर्म के कार्यों ने उसे लूट लिया हो, अनित्यता के अधिकार उस पर आक्रान्त हों, नियति के

प्रविशन्नेव च विपणिवर्त्मनि कुतूहलाकुलबहलबालकपरिवृतमूर्ध्व-यष्टिविष्कम्भवितते वामहस्तवर्तिनि भीषणमहिषाधिरूढप्रेतनाथसनाथे चित्रवति पटे परलोकव्यतिकरमितरकरकलितेन शरकाण्डेन कथयन्तं यमपट्टिकं ददर्श। तेनैव च गीयमानं श्लोकमशृणोत्—

मातापितृसहस्राणि पुत्रदारशतानि च।
युगे युगे व्यतीतानि कस्य ते कस्य वा भवान्॥ ३॥ इति।

तेन चाधिकतरमवदीर्यमाणहृदयः क्रमेण राजद्वारं प्रतिषिद्धसकललोक-प्रवेशं ययौ। तुरगादवतीर्णश्चाभ्यन्तरान्निष्क्रामन्तमप्रसन्नमुखरागमुन्मुक्त-मिवेन्द्रियैः सुषेणनामानं वैद्यकुमारकमद्राक्षीत्। कृतनमस्कारं च तम-प्राक्षीत्—'सुषेण! अस्ति तातस्य विशेषो न वा?' इति। सोऽब्रवीत्—'नास्तीदानीं यदि भवेत्कुमारं दृष्ट्वा' इति। मन्दं मन्दं द्वारपालैः प्रणम्य-

विष्कम्भोऽवष्टम्भः। विततः प्रसारितः। व्यतिकरो वृत्तान्तः। यमपट्टेन जीवति यमपट्टिकः।

मन्दं मन्दमित्यादौ राजकुलं विवेशेति संबन्धः। अमृतचरुः शान्त्यर्थं चरुः। 'प्रजापतये स्वाहा' इति षण्णां देवतानां नाम गृहीत्वा षण्णामेवाहुतीनां प्रक्षेपः षडाहुतिहोम उच्यते। दधिघृते एकीकृत्य पृषदाज्यम्। 'पृषदाज्यं

विलासों ने अपने अधीन कर लिया हो। वह बिलकुल सुनसान-सा, सुप्त-सा, लुटा हुआ-सा, लज्जित, ठगा-सा, मूर्च्छित सा हो रहा था।

बाजार में घुसते ही उन्होंने यमपट्टिक को देखा। तमाशा देखने के कुतूहल से सड़क के बहुत से लड़कों ने उसे घेर रखा था। उसने बायें हाथ में ऊँची लाठी के ऊपरी सिरे पर चित्रपट फैला रखा था जिसमें भयङ्कर भैंसे पर सवार यमराज का चित्र लिखा था। वह दूसरे हाथ में सरकण्डा लिए हुए लोगों को चित्र दिखाता और परलोक में मिलने वाली नरकयातनाओं का बखान कर रहा था। उसी के द्वारा गाए गए श्लोक को सुना—

'हजारों माता-पिता और सैकड़ों पुत्र कलत्र युग-युग में हुए और बीत गए। हमेशा के लिए वे किसके हुए और आप किसके हैं?'

उसे सुन कर उनका हृदय मानों विदीर्ण हो गया। क्रम से सब लोगों के प्रवेश को रोककर राजद्वार पर पहुँचे। जैसे ही घोड़े से उतरे, भीतर से निकलते हुए सुषेण नामक वैद्यकुमार को देखा, जिसका मुख अप्रसन्न था और इन्द्रियाँ बिलकुल काम न कर रही थीं। नमस्कार के बाद उससे पूछा—'सुषेण, पिताजी की हालत में सुधार है या नहीं?' वह बोला—'अभी तो नहीं है, आपके मिलने से कदाचित् हो जाय।' द्वारपाल उन्हें प्रणाम

मानश्च दीयमानसर्वस्वम्, पूज्यमानकुलदेवतम, प्रारब्धामृतचरुपचनक्रियम्, क्रियमाणषडाहुतिहोमम्, हूयमानपृषदाज्यलवलिप्तप्रचलदूर्वापल्लवम्, पठ्यमानमहामायूरीप्रवर्त्यमानगृहशान्तिनिर्वर्त्यमानभूतरक्षाबलिविधानम्, प्रयतविप्रप्रस्तुतसंहिताजपं जप्यमानरुद्रैकादशीशब्दायमानशिवगृहम्, अतिशुचिशैवसंपाद्यमानविरूपाक्षक्षीरकलशसहस्रस्नपनम्, अजिरोपविष्टैश्चानासादितस्वामिदर्शनदूयमानमानसैरभ्यन्तरनिष्पतितनिकटवर्तिपरिजननिवेद्यमानवार्तैर्वार्तीभूतस्नानभोजनशयनैरुज्झितात्मसंस्कारमलिनवेशैर्लिखितैरिव निश्चलैर्नरपतिभिर्नीयमाननक्तंदिवं दुःखदीनवदनेन च प्रघणेषु बद्धमण्डलेनोपांशुव्याहृतैः केनचिच्चिकित्सकदोषानुद्भावयता, केनचिदसाध्यव्याधिलक्षणपदानि पठता, केनचिद्दुःस्वप्नानावेदयता,

---

सदध्याज्ये' इति कोशः। महामायूरी बौद्धविद्या। शैवमन्त्र इति केचित्। संहिता संहितारूपो वेदपाठः। रुद्रैकादशी शिवमन्त्रः। वार्तात आगतं वार्तीभूतम्। प्रघणो बहिर्द्वारैकदेशः। कार्तान्तिको दैवज्ञः। उपलिङ्गान्युत्पाताः। अपवदता निन्दता।

करने लगे और धीरे धीरे उन्होंने राजकुल में प्रवेश किया। वहाँ सब कुछ दान में दिया जा रहा था। कुलदेवताओं की पूजा हो रही थी। शान्ति के लिए चरु पकाने का कार्य आरम्भ किया जा रहा था। छह आहुतियों वाला हवन किया जा रहा था। दही और घी का पृषदाज्य हवन किया जा रहा था जिसके छींटे दूबों पर पड़ गए थे। महामायूरी नामक बौद्धों की विद्या का पाठ चल रहा था। गृहशान्ति का विधान हो रहा था और भूतों से रक्षा के लिए बलि दी जा रही थी। पवित्र ब्राह्मण संहितामन्त्रों का जप करने में लगे थे। शिव के मन्दिर में रुद्र-एकादशी का जप बैठाया गया था। अत्यन्त पवित्र होकर शैव लोग भगवान् शङ्कर को दूध के हजार घड़ों से स्नान कराने में लगे थे। राजकुल के बाहर आँगन में राजा लोग दिन-रात चित्रलिखित की भाँति निश्चल होकर जमा रहते थे। महाराज के दर्शन न पाने से उनका मन खिन्न था। भीतर से निकलते हुए परिजनों द्वारा महाराज की खबर पाते थे। नहाना, सोना, खाना, सब कुछ भूल चुके थे। प्रसाधन के छूट जाने से उनका वेश मलिन हो गया था। दुःख से मुर्झाए हुए काम करने वाले नौकर द्वार से सटे हुए कोठों में एक जगह जुट कर कष्ट में पड़े हुए राजा की हालत के बारे में कानाफूसी कर रहे थे। कोई कहता, वैद्यों से ठीक-ठीक चिकित्सा न हो सकी; कोई व्याधि को असाध्य कह कर उसके लक्षण बताता; कोई अपने खराब-खराब स्वप्नों की चर्चा करता; कोई सुनाता कि पिशाच ने राजा को धरा है; कोई

केनचित्पिशाचवार्ता विवृण्वता, केनचित्कार्तान्तिकादेशान्प्रकाशयता, केनचिदुपलिङ्गानि गायता, अन्येनानित्यतां भावयता, संसारं चापवदता, कलिकालविलसितानि च निन्दता, दैवं चोपालभमानेनापरेण धर्माय कुप्यता, राजकुलदेवताश्चाधिक्षिपता, अपरेण क्लिष्टकुलपुत्रकभाग्यानि गर्हयता, बाह्यपरिजनेन कथ्यमानकष्टपार्थिवावस्थं राजकुलं विवेश।

अविरलबाष्पपयःपरिप्लुतलोचनेन पितृपरिजनेन वीक्ष्यमाणो विविधौषधिद्रव्यद्रवगन्धगर्भमुत्क्वथतां क्वाथानां सर्पिषां तैलानां च प्रपच्यमानानां गन्धमाजिघ्रन्नवाप तृतीयं कक्ष्यान्तरम्।

तत्र चातिनिःशब्दे गृहावग्रहणीग्राहिबहुवेत्रिणि, त्रिगुणतिरस्करिणीतिरोहितसुवीथीपथे, पिहितपक्षद्वारके, परिहृतकवाटरटिते, घटितगवाक्षरक्षितमरुति, दूयमानपरिचारके, चरणताडनस्वनत्सोपानप्रकुपितप्रतीहारे, निभृतसंज्ञानिर्दिश्यमानसकलकर्मणि, नातिनिकटोपविष्टकञ्चुकिनि, कोणस्थिताह्वानचकिताचमनकग्राहिणि, चंद्रशालिकालीनमूकमौललोके, महा-

---

द्रवो रसः।

तत्रेत्यादौ। तत्र चैवंविधे धवलगृहे स्थितमीदृशं पितरमद्राक्षीदिति सम्बन्धः। गृहावग्रहणी देहलीद्वारारम्भदेशः। वेत्रिणो द्वाःस्थाः। तिरस्करिणी जवनिका। सुवीथी धवलगृहस्याभ्यन्तरीकृता। 'प्रच्छन्नमन्तर्द्वारं यत्पक्षद्वारं तदुच्यते'। घटितो रचितः। निभृतं गुप्तम्। आचमनवाही पानीयहारकः। चन्द्रशालिका धवलगृह-

दैवज्ञों की कही हुई बात सुनाता; कोई उत्पातों की चर्चा करता; कोई कहता जीवन अनित्य है; कोई संसार को दुःखमय बताता; कोई कलिकाल के कार्यों की निन्दा करता; कोई दैव को दोषी ठहराता; कोई धर्म को ही उलाहना देता; कोई राजकुल के देवताओं की निन्दा करता; कोई कष्ट में पड़े हुए कुलपुत्रों के भाग्य की निन्दा करता।

आँसू से भरे नेत्र वाले पिता के परिजनों द्वारा देखे गए, अनेक प्रकार की औषधि के द्रव की गन्ध से मिले हुए, औटाए जाते हुए क्वाथों और पकाए जाते हुए तेल की गन्ध सूँघते हुए देव हर्ष तीसरी ड्योढ़ी में जा पहुँचे।

वहाँ हर्ष ने पिताजी को धवलगृह में पड़े हुए देखा। धवलगृह की देहली पर अनेक बेत्रधारी पुरुष कड़ाई के साथ पहरा दे रहे थे। उसके भीतर की लम्बी-चौड़ी वीथियाँ तिहरे पर्दे से पीछे छिपी थीं। भीतर प्रवेश करने का पक्षद्वार बन्द था। सावधानी से किवाड़ लगाए-खोले जाते थे जिससे आवाज न हो। हवा से रक्षा के लिए खिड़कियाँ बन्द थीं। सेवा में लगे हुए परिचारक दुखी थे। सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से किसी

धिविधुरबान्धवाङ्गनावर्गगृहीतप्रच्छन्नप्रग्रीवके, संजवनपुञ्जितोद्विग्नपरिजने, प्रविष्टकतिपयप्रणयिनि, गम्भीरज्वरारम्भभीतभिषजि, दुर्मनायमानमन्त्रिणि, मन्दायमानपुरोधसि, सीदत्सुहृदि, विद्राणविपश्चिति, संतप्ताप्तसामन्ते, विचित्तचामरग्राहिणि, दुःखक्षामशिरोरक्षिणि, क्षीयमाणप्रसादवित्तकमनोरथसंपदि, स्वामिभक्तिपरित्यक्ताहारहीयमानबलविकलवल्लभभूभृति, क्षितितलपतितसकलरजनीजागरूकराजपुत्रकुमारके, कुलक्रमागतकुलपुत्रनिवहोह्यमानशुचि, शोकसंकुचितकञ्चुकिनि, निरानन्दनन्दिनि, निःश्वसन्निराशासन्नसेवके, निःसृतताम्बूलधूसराधरवारयोषिति, विलक्षवैद्योपदिश्यमानपथ्याहरणावहितपौरोगवे, अनुजीविपीयमानोच्चचषकधारावारिविनोद्यमानास्यशोपरुजि, राजाभिलाषभोज्यमानबहुभुजि, भेषजसामग्रीसंपादनव्यग्रसमग्रव्यवहारिणि, मुहुर्मुहुराहूयमानतोयकर्मान्तिकानुमितघोरातुरतृषि, तुषारपरिकरितकरकशिशिरीक्रियमाणोदश्विति,

---

स्योपरि प्रासादिका। 'आधिर्मानसी पीडा'। 'सजवनं चतुःशाला'। विपश्चित्पण्डितः। आप्ता आश्वस्ताः। प्रसादेन वित्ताः प्रख्याताः प्रसादवित्ताः। जागरूका जागरणशीलाः। विलक्षो लज्जितः। पौरोगवो महानसाध्यक्षः। उच्चचषकमपगतपानभाजनम्। भेषजमौषधम्। तोयकर्मान्तिका तोयकर्मशाला। करको जलभाण्डम्।

के पैरों की आवाज होती तो प्रतीहार झला पड़ते। सारा काम-काज केवल इशारे के सहारे किया जा रहा था। राजा का निजी अंगरक्षक कुछ हटकर बैठा था। आचमन का पात्र लिए हुए सेवक कोने में खड़ा था। पुराने मन्त्री लोग धवलगृह के कोठे पर चुप मारे बैठे थे। बान्धव स्त्रियाँ अत्यन्त विषादयुक्त अवस्था में सुरक्षित प्रग्रीवक (मुखशाला, उठने-बैठने का कमरा) में बैठी थीं। दुखी मन से सेवक लोग चतुःशाल पर एकत्र थे। कुछ ही प्रेमी लोगों ने भीतर प्रवेश किया था। ज्वर-ताप के अधिक बढ़ जाने से वैद्य लोग डर गए थे। मन्त्री लोग घबराए हुए थे। पुरोहित का बल भी फीका पड़ गया था। मित्र, विद्वान्, सामन्त—सभी दुःख में डूबे थे। चंवर झलने वाला सेवक व्यग्र था। प्रधान अंगरक्षक भी दुःख से कृश था। राजा की प्रसन्नता से धन कमाने वालों के मनोरथ भी क्षीण हो रहे थे। प्रिय राजा लोग स्वामी की भक्ति में भोजन छोड़ने से दुर्बल हो गए थे। रातभर जागे रहने की हैरानी से राजपुत्र लोग जमीन पर पड़ कर सो गए थे। पुश्तैनी कुलपुत्र भी शोक से संतप्त थे। कंचुकी शोक से संकुचित था। बन्दीगण भी आनन्दरहित थे और आसन्न-सेवक निराश होकर सांस ले रहे थे। गणिकाओं के अधर ताम्बूल छोड़ देने से झुरा गए थे। प्रधान रसोइए अपनी असफलता से

श्वेतार्द्रकर्पटार्पितकर्पूरपरागशीतलीकृतशलाके, नाश्यानपङ्कलिप्यमाननवभाण्डगतगण्डूषग्रहणमस्तुनि, तिम्यत्कोमलकमलिनीपलाशप्रावृतमृदुमृणालके, सनालनीलोत्पलपूलीसनाथसलिलपानभाजनभुवि, धारानिपातनिर्वाप्यमाणक्वथिताम्भसि, पटुपाटलशर्करामोदमुचि, मञ्चकाश्रितसिकतिलकर्करीविश्रान्तान्तरचक्षुषि, सरलशेवालवलयितगलद्गोलयन्त्रके, गल्वर्कशालाजिरोल्लासितलाजसक्तुनिपीतमसारपारीपरिगृहीतकर्कशर्करे, शिशिरौषधरसचूर्णावकीर्णस्फटिकशुक्तिशङ्खसंचये, संचितप्रचुरप्राचीनामलकमातुलुङ्गद्राक्षादाडिमादिफले, प्रतिग्राहितविप्रविप्रकीर्यमाणशान्त्युदकविप्रुषि, प्रेष्याप्रेष्यमाणललाटलेपोपदिग्धदृषदि धवलगृहे स्थितम्, परलोक-

---

शलाकाः पाषाणकणिकाः। मुखपूरणं गण्डूषः। निर्वाप्यमाणं शीतलीक्रियमाणम्। पाटला शर्कराविशेषः। मञ्चक आधारभेदः। कर्करी वारिधानी। गोलयन्त्रकं बहुच्छिद्रं जलभाण्डम्। उल्लासिता विस्तारिताः। प्रतिग्राहिताः प्रतिग्रहं ग्राहिताः। प्रेष्या

लजाए हुए वैद्यों द्वारा बताए पथ्य की बात ध्यान से सुन रहे थे। नौकर राजा की प्यास मिटाने के लिए अपने मुँह में गिलास ऊँचा करके अपने मुँह में पानी की धार पीते थे। राजा की तृप्ति के लिए उनके सामने बहुत भोजन करने वालों को खिलाया जा रहा था। दूकानदार अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियाँ जुटाने में लगे थे। पीने के लिए पानी लाने वाले की बार-बार पुकार होने से रोगी की घोर प्यास का अनुमान लगाया जा रहा था। तक्र की मटकियों को बरफ में लपेट कर ठण्डा किया जा रहा था। भींगे हुए सफेद कपड़े में कपूर की चूर रखकर सलाइयाँ ठण्डी की जा रही थीं। नए बर्तनों के चारों ओर गीली मिट्टी लथेड़ कर उसमें कुल्ला करने के लिए दही की पिलोर रखी हुई थी। कमलिनी के सूखते हुए पत्तों मे बाँध कर कोमल मृणाल रखे गए थे। जहाँ पानी पीने के बर्तन थे वहाँ डंटल के साथ नीले कमलों की आँटियाँ रखी गई थीं। खौल कर उबलते हुए पानी को छींटे देकर शान्त किया जा रहा था। लाल रङ्ग की कच्ची शक्कर की गन्ध उठ रही थी। एक ओर घड़ौंची पर पानी भरी हुई सुराही रखी हुई थी, जिस पर रोगी की दृष्टि पड़ने से उसे कुछ शान्ति मिलती थी। पानी में भींगी हुई सिरवाल घास में लपेटी हुई गोलें छींकों पर टँगी हुई थीं। गल्वर्क की सरैयों में भुजिया के सत्तू भरे हुए थे और पीले मसार की प्याली में सफेद शक्कर रखी हुई थी[1]। ठण्ड पहुँचाने वाली औषधों का रस और चूर्ण स्फाटिक की शुक्तियों में और शंखों में भर दिया गया था। पुराने आँवले,

---

१. गल्वर्क से शाराजिर और मसार की पारी, ये उस समय के रत्नपात्र थे। देखें हर्षचरित : एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृष्ठ ९४।

विजयाय नीराज्यमानमिव ज्वरज्वलनेनावरतपरिवर्तनैस्तरङ्गिणि शयनीये शेषमिव विषोष्मणा क्षीरोदन्वति विचेष्टमानम्, मुक्ताफलवालुकाधूलिधवलितं जलधिमिव क्षयकाले शुष्यन्तम्, कालेन कैलासमिव दशाननेनोद्ध्रियमाणम्, अविरतचन्दनचर्चापराणां परिचारिकाणामत्युष्णावयवस्पर्शभस्मीभूतोदरैरिव धवलैः करैः स्पृश्यमानं लोकान्तरप्रस्थितम्, स्थास्नुना स्वयशसेव चन्दनानुलेपनच्छलेनापृच्छ्यमानम्, अविच्छिन्नदीयमानकमलकुमुदेन्दीवरदलम्, कालकटाक्षपतनशबलमिव शरीरमुद्वहन्तम्, निबिडदुकूलपट्टनिपीडितकेशान्तकथ्यमानकष्टवेदनानुबन्धं मूर्धानं धारयन्तम्, दुर्धरवेदनोन्नमन्नीलशिराजालककरालेन च कालाङ्गुलिलिख्यमानलेखाख्यातमरणावधिदिवससंख्यानेनेव ललाटफलकेन भयमुपजनयन्तम्, आसन्नयमदर्शनोद्वेगादिव च किंचिदन्तःप्रविष्टतारकं चक्षुर्दधानम्, शुष्यद्दशनपङ्क्तिप्रसृतधूसरदीधितितरङ्गिणीं मृततृष्णिकामिवो-

---

दासी। कालेन यमेन, कृष्णेन च। दशाननो व्याधिः, राक्षसश्च। आपृच्छ्यमानं व्योत्क्रियमाणम्। रसना जिह्वा। नेदिष्ठमन्तिकतमम्।

नीबू और द्राक्षा के फल बटोर कर रखे गए थे। ब्राह्मण लोग दक्षिणा लेकर शान्ति के जल छींट रहे थे। दासियाँ ललाट में लगाने के लिए सिल-बट्टे पर रगड़ कर लेप तैयार कर रही थीं। ज्वर की अग्नि मानों परलोक की विजय के लिए प्रयाण करते हुए राजा की आरती उतार रही थी। राजा पीड़ा के कारण शय्या पर हमेशा करवट बदलते हुए व्याकुल पड़े थे। चादर तरङ्ग की भाँति सिकुड़ गई थी, मानों क्षीर-समुद्र में विष की गर्मी से छटपटाते हुए शेषनाग हों। मुक्ता की धूल से धवल होकर प्रलयकाल में सूखते हुए समुद्र के समान लग रहे थे। जैसे रावण ने कैलास को उठा लिया उसी प्रकार काल उन्हें उठाए जा रहा था। परिचारक लोग हमेशा चन्दन का लेप दाहज्वर से हाथ के जलने पर भी उनके शरीर में लगाते थे, मानों परलोक में प्रस्थान करने वाले राजा को उनका चिरकाल तक रहने वाला यश चन्दनलेप के व्याज से बिदा दे रहा था। हमेशा लाल कमल, कुमुद और नील कमल उन पर डाले जा रहे थे, मानों यम के कटाक्षों के गिरने से भिन्न-भिन्न वर्णवाला शरीर धारण कर रहे थे। उनके सिर में बालों के साथ कसकर दुकूल बाँधा गया था, जिससे प्रतीत होता था कि उनके सिर में दर्द है। दुःसह वेदना के कारण उनके ललाट पर के काले काले नस उठ आते, जिन्हें यह जानकर भय होता कि मरने के दिन के समाप्त होने की गणना की जा रही है जिससे अङ्गुलि की काली काली रेखा पड़ रही है। समीप में ले जाने के लिए खड़े यमराज को मानों देखकर

ष्णां निःश्वासपरम्परामुद्वहन्तम्, अत्युष्णनिःश्वासदग्धयेव श्यामायमानया रसनया निवेद्यमानदारुणसन्निपातारम्भम्, उरःस्थलस्थापितमणिमौक्तिकहारचन्दनचन्द्रकान्तम्, कृतान्तदूतदर्शनयोग्यमिवात्मानं कुर्वाणम्, अङ्गभङ्गवलनोत्क्षिप्तभुजयुगलम्, पर्यस्तहस्तनखमयूखैर्धारागृहमिव तापशान्तये रचयन्तम्, नेदिष्ठसलिलमणिकुट्टिमादर्शोदरेषु निपतद्भिः प्रतिबिम्बैरपि संतापातिशयमिव कथयन्तम्, स्पृशन्तीं प्रणयिनीमिव विश्वासभूमिं मूर्च्छामपि बहु मन्यमानम्, अन्तकाह्वानाक्षरैरिव सभयभिषग्दृष्टैररिष्टैराविष्टम्, महाप्रस्थानकाले स्वसंतापसंतानमाप्तहृदयेषु सञ्चारयन्तम्, अरतिपरिगृहीतमीर्ष्ययेव छायया विमुच्यमानम्, उद्योगमिवोपद्रवाणाम्, सर्वाक्रमोक्षमिव क्षामतायाः, हस्तीकृतं विहस्ततया, विषयीकृतं वैषम्येण, क्षेत्रीकृतं क्षयेण, गोचरीकृतं ग्लान्या, दृष्टं दुःखासिकया, आत्मीकृतम-

---

अरिष्टैर्दुर्लक्षणैः। अरतिरेकत्रानवस्थितिः। छाया कान्तिः। विहस्तोऽक्षमः।

उनकी आँखें कुछ-कुछ भीतर धँसी जा रही थीं। गरम साँसों के साथ उनके सूखते हुए दाँतों से धूसर वर्ण की किरणें मृगतृष्णा के समान फैल रही थीं। उनकी जीभ अत्यन्त उष्ण श्वासों से जलकर काला पड़ती जा रही थी। लगता था कि कठोर सन्निपात ने उन पर आक्रमण कर लिया हो। मणि और मुक्ता के हार, चन्दन और चन्द्रकान्त, ठण्डक के लिए उनके वक्ष पर रखे गए थे, मानों इस प्रकार वे अपने आपको यमराज के दूतों के देखने योग्य बना रहे थे। अङ्गों को तोड़-मरोड़ करते थे और भुजाओं को ऊपर की ओर फेंकते थे। उनके हाथ के नखों की किरणें निकल कर फैल रही थीं, मानों अपने सन्ताप की शान्ति के लिए धारागृह का निर्माण कर रहे हों। समीप में जल से भींगे हुए मणिकुट्टियों के आइनों में उनके प्रतिबिम्ब पड़ रहे थे, मानों वे बढ़े हुए अपने सन्ताप को व्यक्त कर रहे थे। प्रेयसी के समान विश्वास के पात्र, स्पर्श करती हुई मूर्छा को भी वे अपने लिए बहुत समझते थे। वैद्य लोग यमराज की बुलाहट के अक्षरों के समान उनके मरणचिन्हों को डरते-डरते देख रहे थे। महाप्रस्थान के समय अपने सन्तापसमूह को स्वजनों के हृदय में सञ्चारित कर रहे थे। बिलकुल अरति के हो जाने से मानों ईर्ष्या के कारण उन्हें उनकी कान्ति छोड़ती जा रही थी। वे मानों उपद्रवों के उपक्रम हो रहे थे। क्षीणता ने उन पर सब प्रकार से प्रहार किया था। व्याकुलता ने उन्हें वश में कर रखा था। विषमता ने उन्हें पा लिया था। क्षय ने उन्हें अपना क्षेत्र बना लिया था। ग्लानि ने उन्हें अपना विषय बनाया था। दुःख की अनुभूति से वे दष्ट थे, अस्वास्थ्य ने

स्वास्थ्येन, विधेयीकृतं व्याधिना, क्रोडीकृतं कालेन, लक्ष्यीकृतं दक्षिणाशया, पीतमिव पीडाभिः, जग्धमिव जागरेण, निगीर्णमिव वैवर्ण्येन, ग्रासीकृतमिव गात्रभङ्गेन, ह्रियमाणमिव विपद्भिः, वण्ट्यमानमिव वेदनाभिः, लुण्ठ्यमानमिव दुःखैः, आदित्सितं दैवेन, निरूपितं नियत्या, समाघ्रातमनित्यत्वेन, अभिभूयमानमभावेन, परिकलितं परासुतया, दत्तावकाशं क्लेशस्य, निवासं वैमनस्यस्य, समीपे कालस्य, अन्तिकेऽन्त्योच्छ्वासस्य, मुखे महाप्रवासस्य, द्वारि दीर्घनिद्रायाः, जिह्वाग्रे जीवितेशस्य वर्तमानम् , विरलं वाचि, चलितं चेतसि, विह्वलं वपुषि, क्षीणमायुषि, प्रचुरं प्रलापे, संततं श्वसिते, जितं जृम्भिकाभिः, पराधीनमाधिभिः, अनुबद्धमनुबन्धिकाभिः, पार्श्वोपविष्टया चानवरतरोदनोच्छूननयनया गृहीतचामरिकयापि निःश्वसितैरेव वीजयन्त्या विविधौषधिधूलिधूसरितशरीरया मुहुर्मुहुः 'आर्यपुत्र ! स्वपिषि' इति व्याहरन्त्या देव्या यशोमत्या शिरसि वक्षसि च स्पृश्यमानं पितरमद्राक्षीत् ।

लक्ष्यीकृतम् । आघ्रातमित्यर्थः । वण्ट्यमानं भागीक्रियमाणम् । जीवितेशो यमः । अनुबन्धिका गात्रसन्धिपीडा ।

उन्हें विवश कर दिया था। रोग ने उन्हें अधीन कर रखा था। काल ने अपने अङ्क में उन्हें कर लिया था। यमराज की दक्षिण दिशा ने उन्हें अपना लक्ष्य बना लिया था। पीड़ाओं ने मानों उन्हें पी लिया था। जागरण उन्हें खा गया था। विवर्णता उन्हें निगल गई थी। अङ्गों की ऐंठनी ने उन्हें ग्रस लिया था। विपत्तियों ने उन्हें हर लिया था। वेदनाओं ने उन्हें ठग लिया था। दुःखों ने उन्हें लूट लिया था। भाग्य ने उन्हें पकड़ रखा था। नियति ने उन्हें पहचान लिया था। अनित्यता ने उन्हें सूँघ लिया था। अभाव ने उन्हें अभिभूत कर दिया था। मृत्यु ने उन्हें ग्रास बना लिया था। क्लेश ने टिकने के लिए उन्हें स्थान बना लिया था। वैमनस्य के समीप थे। काल के सन्निकट थे। अन्तिम सांस ही लेने वाले थे। महाप्रवास के मुख में पहुँच चुके थे। दीर्घनिद्रा के द्वार पर खड़े थे। यमराज की जीभ के अग्रभाग पर अड़े थे। उनकी आवाज टूटती जा रही थी, चित्त वश में नहीं था, शरीर व्यग्र हो रहा था, आयु कम थी, बड़बड़ाहट बढ़ गई थी, सांस निकलती ही रहती थी, जंभाई ने जीत लिया था, मानसिक व्यथाओं ने पराधीन कर दिया था, अङ्गों की प्रत्येक गांठ में भारी पीड़ा उत्पन्न हो गई थी। रानी यशोमती उनके बगल में बैठी हुई थी। हमेशा रोते ही रहने से उसकी आँखें उबल आई थीं। चँवरी लिए थी, पर अपनी साँसों से ही उन्हें झल रही थी। अनेक प्रकार की

दृष्ट्वा च प्रथमदुःखसंपातमध्यमानमतिराशङ्कित इव भागधेयेभ्यः समभवत्। अन्तकपुरवर्तिनमेव च पितरममन्यत। निराकृत इव चान्तःकरणेन क्षणमासीत्। अवधूतश्च धैर्येण, क्षेत्रीकृतः क्षोभेण, रिक्तीकृतो रत्या, विषयीकृतो विषादेन, पावकमयमिव हृदयमुद्वहन्, विषमविषदूषितानीव मुह्यन्तीन्द्रियाणि बिभ्राणः, तमसा रसातलमपि विशेषयन्, शून्यत्वेनाकाशमप्यतिशयानो नाविन्दत कर्तव्यम्। पस्पर्श च हृदयेन भियमुत्तमाङ्गेन च गाम्।

अवनिपतिस्तु दूरादेव दृष्ट्वातिदयितं तनयं तदवस्थोऽपि निर्भरस्नेहावर्जितः प्रधावमानो मनसा प्रसार्य भुजौ 'एह्येहि' इत्याह्वयन् शरीरार्धेन शयनादुदगात्। ससंभ्रममुपसृतं चैनं विनयावनम्रमुन्नमय्य बलादुरसि निवेश्य, विशन्निव प्रेम्णा निशाकरमण्डलमध्यम्, मज्जन्निवामृतमये महासरसि, स्नापयन्निव महति हरिचन्दनरसप्रस्रवणे, अभिषिच्यमान इव तुषाराद्रिद्रवेण, पीडयन्नङ्गैरङ्गानि, कपोलेन कपोलमवघट्टयन्, निमीलयन्पद्मप्रग्रथिताजस्रास्रविस्राविणी विलोचने विस्मृतज्वरसंज्वरः सुचिर-

भागधेयेभ्यो देवेभ्यः। अन्तःकरणेन मनसा।
प्रस्रवणे निम्ने। द्रवो रसः। सज्वरः संतापः।

औषधियों के चूर से उसकी देह मलिन थी। 'आर्यपुत्र, क्या आप सो रहे हैं?' यह बार बार उनसे पूछ रही थी और उनके सिर तथा वक्ष पर हाथ फेर रही थी।

पिताजी की ऐसी अवस्था देखकर पहले पहल दुःख के अनुभव के कारण हर्ष के मन में बहुत बड़ी खलबली मची। वे अपने भाग्य पर भी सन्देह प्रकट करने लगे। पिताजी को यमराज के नगर में पहुँचे हुए ही समझने लगे। ऐसा सोचते ही क्षण भर के लिए उनका अन्तःकरण उनसे अलग हो गया। धैर्य उन्हें छोड़कर हट गया, क्षोभ ने अपना प्रभाव डाला, राग से रहित हो गए, विषाद ने उन्हें पकड़ा। अग्नि के समान जलते हुए अपने हृदय को धारण किया। दारुण विष के पी लेने से मानों उनकी इन्द्रियां मूर्च्छित होने लगीं। पाताल से भी बढ़कर (मोह के) अन्धकार में पड़ गए और निर्णय नहीं कर सके कि उन्हें अब क्या करना चाहिए?

राजा ने दूर ही से अपने प्रिय पुत्र को देखा और उसी हालत में अत्यन्त स्नेह के के कारण मन से दौड़ पड़े। हाथ फैला कर 'आओ आओ' कह कर बुलाते हुए शय्या से उठने की कोशिश करने लगे। दौड़कर जल्दी से आए हुए और विनय से झुके हुए हर्ष को उठाया और जोर से आलिङ्गन किया। प्रेम से मानों चन्द्रमा के मण्डल के बीच

मालिलिङ्ग। कथंकथमपि चिराद्विमुक्तमपसृत्य कृतनमस्कारं प्रणतजननीकमुपागतमासीनं च शयनान्तिके पिबन्निव विगतनिमेषनिश्चलेन चक्षुषा व्यलोकयत्। पस्पर्श च पुनःपुनर्वेपथुमता पाणितलेन क्षयक्षामकण्ठश्च कृच्छ्रादिवावादीत्—'वत्स! कृशोऽसि' इति। भण्डिस्त्वकथयत्—'देव! तृतीयमहः कृताहारस्यास्याद्य' इति।

तच्छ्रुत्वा बाष्पवेगगृह्यमाणाक्षरं कथंकथमप्यायतं निःश्वस्योवाच—'वत्स! जानामि त्वां पितृप्रियमतिमृदुहृदयम्। ईदृशेषु विधुरयति धीमतोऽपि धियम्। अतिदुर्धरो बान्धवस्नेहः सर्वप्रमाथी। यतो नार्हस्यात्मानं शुचे दातुम्। उद्दाममहादाहज्वरदग्धोऽपि दह्ये खल्वहमधिकतरमनेनायुष्मदाधिना। निशितमिव शस्त्रं तक्ष्णोति मां त्वदीयस्तनिमा। सुखं च राज्यं च वंशश्च प्राणाश्च परलोकश्च त्वयि मे स्थिताः। यथा मम तथा सर्वासां प्रजानाम्। त्वद्विधानां पीडाः पीडयन्ति सकलमेव भुवनतलम्।

घुसने का प्रयत्न करने लगे। अमृत के सरोवर में डुबकी मारने लगे। हरिचन्दन रस के सोते में स्नान करने लगे। हिमालय के घुलकर बहते हुए बर्फ के जल में अभिषेक करने लगे। हर्ष के अङ्गों को अपने अङ्गों से दबाने लगे। कपोल से कपोल रगड़ने लगे। लगातार पपनियों में गुँथी हुई आँसू की बूँदों से भरी आँखों को आनन्द से निमीलित करने लगे और ज्वर का सन्ताप भूलकर हर्ष का गाढ़ आलिङ्गन किया। किसी प्रकार देर से जब उन्होंने छोड़ा तब हर्ष ने खिसक कर माता को प्रणाम किया और समीप में आकर बैठे। राजा अपलक आँखों से मानों पीते हुए उन्हें निहारने लगे और काँपता हुआ हाथ बार बार उन पर फेरते हुए कमजोरी से गले के रुँध जाने के कारण बड़ी कठिनाई से बोले—'वत्स, दुबले लग रहे हो।' तब भण्डि ने कहा—'देव, आज तीन दिन बीत गए, इन्होंने आहार नहीं किया।'

यह सुन कर राजा की आँखों में आँसू भर आए और किसी किसी प्रकार लम्बी साँस लेकर टूटते हुए शब्दों में बोले—'वत्स, पिता के स्नेही और अत्यन्त मृदुल स्वभाव वाले तुम्हें जानता हूं। इस तरह के आपत्तिकाल में बुद्धिमान् की भी मति व्यग्र हो जाती है। बांधव का स्नेह अत्यन्त दुःखदायी और दुःसह होता है, अतः तुम्हें अपने आपको शोक के अधीन नहीं करना चाहिए। यद्यपि मुझे दाहज्वर का ताप जलाए जा रहा है तथापि तुम्हारी इस मानसिक व्यथा से और भी मैं सन्तप्त हो रहा हूँ। तुम्हारा यह दुबलापन तेज शस्त्र की भाँति मुझे छील रहा है। मेरे सुख, राज्य, वंश, प्राण और परलोक सबके सब तुम्हीं से चलते हैं। जिस तरह मेरे उसी तरह समस्त प्रजाओं के भी।

न ह्यल्पपुण्यभाजां वंशमलंकुर्वन्ति भवादृशाः। फलमस्यानेकजन्मान्तरोपार्जितस्याकलुषस्य कर्मणः। करतलगतमिव कथयन्ति चतुर्णामप्यर्णवानामाधिपत्यं ते लक्षणानि। त्वज्जन्मनैव कृतार्थोऽस्मि। निरभिलाषोऽस्मि जीवितव्ये। भिषगनुरोधः पाययति मामौषधम्। अपि च वत्स! सर्वप्रजापुण्यैः सकलभुवनतलपरिपालनार्थमुत्पत्स्यमानानां भवादृशां जन्मग्रहणोपायः पितरौ। प्रजाभिस्तु बन्धुमन्तो राजानः, न ज्ञातिभिः। तदुत्तिष्ठ। कुरु पुनरेव सर्वाः क्रियाः। कृताहारे च त्वय्यहमपि स्वयमुपयोक्ष्ये पथ्यम्' इत्येवमभिहितस्य चास्य धक्ष्यन्निव हृदयमतितरां शोकानलः संदुधुक्षे। क्षणमात्रं च स्थित्वा पित्रा पुनराहारार्थमादिश्यमानो धवलगृहादवततार। चकार च चेतसि—'अकाण्डे खल्वयं समुपस्थितो महाप्रलयो व्यभ्र इव वज्रपातः। सामान्योऽपि तावच्छोकः, सोच्छ्वासं मरणम्, अनुपदिष्टौषधो महाव्याधिः, अभस्मीकरणोऽग्निप्रवेशः, अनुपर-

तुम्हारे सदृश लोगों की पीड़ा सारे संसार को दुःखी बना डालती है। तुम्हारे सदृश लोग अल्प पुण्य वालों के वंश में उत्पन्न नहीं होते। अनेक जन्म-जन्मान्तरों में किए गए पुण्य-कर्मों के फल के रूप में उत्पन्न हो। तुम्हारे ये लक्षण बताते हैं कि चारों समुद्रों का आधिपत्य तुम्हारी हथेली पर होगा। मैं तुम्हारे जन्म से ही कृतकृत्य हूँ। अब जीवित रहने की मेरी इच्छा नहीं। वैद्यों के अनुरोध से विवश होकर औषध का सेवन कर लेता हूँ। और भी, वत्स! पिता-माता तो सारे संसार के पालन के लिए उत्पन्न होने वाले तुम्हारे जैसे लोगों के जन्म लेने के लिए केवल उपाय बन जाते हैं। सचमुच राजा तो प्रजाओं से अपने आपको बन्धुमान समझते हैं न कि पिता आदि सगोत्र जनों से। इस लिए उठो, फिर से सब कार्य करो। तुम भोजन कर लोगे तो मैं भी पथ्य सेवन करूँगा।' जब राजा ने यह कहा तब उनका शोकानल हृदय को भस्म करता हुआ और उद्दीप्त हो उठा। क्षणभर ठहर कर पिता के द्वारा फिर भोजनार्थ आज्ञा देने पर वे धवलगृह से नीचे उतरे और मन में सोचने लगे—'निश्चय हा असमय में यह महाप्रलय बिना मेघ के वज्रपात के समान उपस्थित हुआ। साधारण भी शोक वह मरण है जिसमें उच्छ्वास होता है; वह महाव्याधि है जिसकी कोई दवा नहीं; वह अग्नि-प्रवेश है जिसमें जलता हुआ भस्म नहीं हो जाता, वह नरकवास है जो बिना मरे ही प्राप्त होता है, वह अङ्गार की वर्षा है जिसमें ज्योति नहीं निकलती; वह आरे से फाड़ना है जिसमें खण्ड-खण्ड नहीं होते, वह वज्रसूचीपात है जिससे कोई व्रण नहीं होता। अगर वह शोक की आग किसी विशेष व्यक्ति पर आधारित हो तो क्या कहना! अब मैं क्या करूँ?'

तस्यैव नरकवासः, निर्ज्योतिरङ्गारवर्षमशकलीकरणं क्रकचदारणमव्रणो वज्रसूचीपातः। किमुत विशेषश्रितः। किमत्र करवाणि' इति।

राजपुरुषेणाधिष्ठितश्च गत्वा स्वधाम धूममयानिव कृताश्रुपातान्, अग्निमयानिव जनितहृदयदाहान्, विषमयानिव दत्तमूर्च्छावेगान्, महापातकमयानिवोत्पादितघृणान्, क्षारमयानिवानीतवेदनान्, कतिचित्कवलानगृह्णात्। आचामंश्च चामरग्राहिणमादिदेश—'विज्ञायागच्छ कथमास्ते तातः' इति। गत्वा च प्रतिनिवृत्त्य च 'देव! तथैव' इति विज्ञापितस्तेनागृहीतताम्बूल एवोत्ताम्यता मनसास्ताभिलाषिणि सवितरि सर्वानाहूयोपह्वरे वैद्यान्, 'किमस्मिन्नेवंविधे विधेयमधुना?' इति विषण्णहृदयः पप्रच्छ। ते तु व्यज्ञापयन्—'देव! धैर्यमत्रलम्बस्व। कतिपयैरेव वासरैः पुनः स्वां प्रकृतिमापन्नं स्वस्थं श्रोष्यसि पितरम्' इति।

तेषां तु भिषजां मध्ये पौनर्वसवो युवाऽष्टादशवर्षदेशीयस्तस्मिन्नेव

सूची शलाका।

धूममयानिवेति। धूमः किलाश्रु मोचयति। घृणा जुगुप्सा। उपह्वरे रहसि। स्वां प्रकृतिममन्दत्वम्, अव्यक्तरूपत्वं च, पृथिव्यादिषु वा लीनम्। स्वस्थं व्याधिविनिर्मुक्तं, स्वर्गस्थं च। यतः—'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च। तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि॥' इत्युक्तम्।

पुनर्वसोरपत्यं पौनर्वसवः। पुनर्वसुना मुनिना प्रोक्तमायुर्वेदमधीते पौनर्वसव

राजपुरुष के साथ वे अपने स्थान पर पहुँचे और उन्होंने दो चार कौर खाए, मानों वे कौर धूममय थे जिससे उनके आँसू आ गए; अग्निमय थे जिससे उनका हृदय जल उठा; विषमय थे जिससे मूर्च्छा का एक झटका-सा लगा; महापातकमय थे जिससे उन्हें घृणा हुई; क्षारमय थे जिससे अधिक वेदना उन्हें महसूस हुई। खाकर उन्होंने चामरग्राही पुरुष को आदेश दिया—'पता लगाकर आवो, पिताजी की क्या हालत है?' वह जाकर लौटा और निवेदन किया—'देव, हालत वही है।' सुनकर ताम्बूल बिना लिए ही उद्विग्न होते हुए सन्ध्या के समय एकान्त में समस्त वैद्यों को बुलवाया। 'अब ऐसी परिस्थिति में क्या करना चाहिए?' हृदय में दुखी होकर उनसे पूछा। उन वैद्यों ने समझाया—'देव, धैर्य धारण करें। कुछ ही दिनों में पिताजी को आप प्रकृतिस्थ और स्वस्थ सुनेंगे।'

उन्हीं वैद्यों के बीच पुनर्वसु का पुत्र अट्ठारह वर्ष की अवस्था वाला, उसी राजकुल में कुलक्रम से सन्बन्धित, अष्टाङ्ग आयुर्वेद का पारङ्गत विद्वान्, राजा के द्वारा पुत्र के

ह्याजकुले कुलक्रमागतो गतः परम्पारमष्टाङ्गस्यायुर्वेदस्य भूभुजा सुतनिर्विशेषं लालितः प्रकृत्यैवातिपटीयस्या प्रज्ञया यथावद्विज्ञाता व्याधिस्वरूपाणां रसायनो नाम वैद्यकुमारकः सास्रस्तूष्णीमधोमुखोऽभूत्। पृष्टश्च राजसूनुना—'सखे रसायन! कथय तथ्यं यद्यसाध्विव पश्यसि' इति। सोऽब्रवीत्—'देव! श्वः प्रभाते यथावस्थितमावेदयितास्मि' इति।

अत्रैव चान्तरे भवनकमलिनीपालः कोकमाश्वासयन्नपरवक्त्रमुच्चैरपठत्—

विहग! कुरु दृढं मनः स्वयं त्यज शुचमास्स्व विवेकवर्त्मनि।
सह कमलसरोजिनीश्रिया श्रयति सुमेरुशिरो विरोचनः॥ ४॥

तच्चाकर्ण्य वाङ्निमित्तज्ञः पितरि सुतरां जीविताशां शिथिलीचकार। गतेषु च भिषक्षु क्षतधृतिः क्षपामुखे क्षितिपालसमीपमेव पुनरारुरोह। तत्र च—'दाहो महान्। आहर हारान्हरिणि! मणिदर्पणान्मे देहे देहि वैदेहि! हिमलवैर्लिम्प ललाटं लीलावति! घनसारक्षोदधूलीर्निधेहि धवलाक्षि! निक्षिप चक्षुषि चन्द्रकान्तं कान्तिमति! कपोले कलय

इति। अष्टाङ्गमिति। उक्तं च—'कायबालग्रहोर्ध्वाङ्गशल्यदंष्ट्रजरावृषान्। अष्टावङ्गानि तस्याहुश्चिकित्सा तेषु संश्रिता॥' इति। आयुर्वेदस्य वैद्यशास्त्रस्य।

कोकश्चक्रवाकः। विरोचनो रविः। तत्र चेत्यादौ। तत्र च क्षितिपालसमीप इत्यादीन्भृत्यकलापालापानाकर्णयन्निशामनैषीदिति संबन्धः। घनसारः कर्पूरः।

समान लालित, स्वभाव से ही अत्यन्त प्रखर बुद्धि से ठीक ठीक निदान के द्वारा व्याधि के स्वरूप को जान लेने वाला रसायन नाम का वैद्यकुमार चुपचाप मुँह नीचे करके डबडबाने लगा। तब राजकुमार ने पूछा—'मित्र रसायन, ठीक ठीक बताओ, क्या गड़बड़ी देखते हो?' वह बोला—'देव, कल प्रातःकाल ठीक ठीक निवेदन करूँगा।'

इसी बीच भवन की कमलिनियों के रक्षक पुरुष ने चक्रवाक पक्षी को आश्वासन देते हुए ऊँचे स्वर से अपरवक्त्र छन्द का गान किया—

'हे चक्रवाक, तू अपने मन को दृढ़ कर, शोक न कर एवं विवेक के मार्ग पर आ। इस समय सूर्य कमल और सरोजिनी की श्री के साथ सुमेरु के शिखर पर पहुँच रहा है।'

हर्ष ने यह सुना और तात्पर्य समझ कर पिताजी के जीने की प्रबल आशा को शिथिल कर दिया। वैद्यों के लौट जाने पर संध्या के समय हर्ष पिता के सामने फिर गए। वहाँ वे इस प्रकार बड़बड़ा रहे थे—'बड़ी तेज जलन है। हरिणी, हारों को ला। वैदेही, मेरे शरीर पर मणिदर्पण रख। लीलावती, ललाट पर बर्फ का जल छिड़क। धवलाक्षी, कपूर की धूल डाल। कान्तिमती, आँखों पर चन्द्रकान्त मणि रख। कलावती, कपोल पर

कुवलयं कलावति ! चन्दनचर्चां रचय चारुमति ! पाटय पटमारुतं पाटलिके ! मन्दय दाहमिन्दुमति ! अरविन्दैर्जनय जलार्द्रया मुदं मदिरावति ! समुपनय मृणालानि मालति ! तरलय तालवृन्तमावन्तिके ! मूर्धानं धावमानं बधान बन्धुमति ! कन्धरां धारय धारणिके ! उरसि सशीकरं करं कुरु कुरङ्गवति ! संवाहय बाहू बलाहिके ! पीडय पादौ पद्मावति ! गृहाण गाढमङ्गमनङ्गसेने ! का वेला वर्तते विलासवति ! नैति निद्रा, कथाः कथय कुमुद्वति !' इत्येवंप्रायान्पितुरालापाननवरतमाकर्णयन्दूयमानहृदयो दुःखदीर्घां जाग्रदेव निशामनैषीत्।

उषसि चावतीर्य राजद्वारदेशोपसर्पिणा परिवर्धकेनोपस्थापितेऽपि तुरङ्गे चरणाभ्यामेवाजगाम स्वमन्दिरम्। तत्र च त्वरमाणो भ्रातुरागमनार्थमुपर्युपरि क्षिप्रपातिनो दीर्घाध्वगानतिजविनश्चौष्ट्रपालान्प्राहिणोत्। प्रक्षालितवदनश्च परिजनेनोपनीतमपि प्रतिकर्म नाग्रहीत्। अग्रतः स्थितानां राजपुत्रयूनां विमनसां 'रसायनो रसायनः' इति जल्पितमव्य-

---

पाटय पटुं कुरु। कन्धरां ग्रीवाम्। संवाहय मर्दय। कुमुद्वतीत्यादयः सुशब्दत्वात्साधवः।

परिवर्धकोऽश्वपालः। प्रतिकर्म प्रसाधनम्। कार्तस्वरं हेम। तदपि ज्वलन-

---

कुवलय फैला। चारुमती, चन्दन लगा। पाटलिके, कपड़े की हवा कर। इन्दुमती, जलन कम कर। मदिरावती, कमलों का ठंडा पंखा बना कर झल। मालती, मृणालों को जुटा। आवन्तिका, जोर से पंखा झल। बन्धुमती, उड़े जाते हुए मेरे मस्तक को पकड़। धारणिके, कन्धे को सम्हाल। कुरङ्गवती, अपना भींगा हाथ मेरे वक्ष पर रख। बलाहिका, मेरी भुजाओं को दबा। पद्मावती, पैर दबा। अनङ्गसेना, जोर से मेरे अङ्गों को पकड़। विलासवती, क्या समय हो रहा है? कुमुद्वती, नींद नहीं आ रही है, कहानी सुना।' इस प्रकार के आलाप सुनते हुए, दुःख के कारण बढ़ी हुई रात को जागते ही व्यतीत किया।

प्रातःकाल होने पर धवलगृह से उतर कर राजद्वार तक आए। वहां अश्वपाल घोड़ा लिए उपस्थित था, फिर भी पैदल ही अपने मन्दिर को लौटे। वहां उन्होंने शीघ्रता से अपने भाई राज्यवर्धन को बुलाने के लिए तेज दौड़ने वाले दीर्घाध्वग संदेशहरों को और वेगगामी सांड़नी सवारों को ताबरतोर दौड़ाया। मुंह धोने के बाद परिजनों द्वारा लाए गए भी प्रसाधन को ग्रहण नहीं किया। तभी आगे खड़े हुए शोक से भरे युवक राजपुत्रों की 'रसायन-रसायन' इस तरह की अस्पष्ट बातचीत सुनी और उनसे पूछा—

क्तमश्रौषीत्। पर्यपृच्छच्च तान्—'भद्राः! किं रसायन' इति। पृष्टाश्च ते सर्वे सममेव तूष्णींबभूवुः। भूयोभूयश्चानुबध्यमाना दुःखेन कथंकथमप्याचचक्षिरे—'देव! पावकं प्रविष्टः' इति। तच्च श्रुत्वा प्लुष्ट इवान्तस्तापेन सद्यो विवर्णतामगात्। उत्पाट्यमानमिव च न शशाक शोकान्धं धारयितुं हृदयम्। आसीच्चास्य चेतसि—कामं स्वयं न भवति न तु श्रावयत्यप्रियं वचनमरतिकरमितर इवाभिजातो जनः। कृच्छ्रे च यथानेनानुष्ठितमुज्ज्वलीकृतमधिकतरं ज्वलनप्रवेशेन कल्याणप्रकृति कार्तस्वरमिव कौलपुत्रमस्येति। पुनश्चाचिन्तयत्—'समुचितमेवाथवा स्नेहस्येदम्। किमस्य तातो न तातः, किं वाऽम्बा न जननी, वयं न भ्रातरः। अन्यस्मिन्नपि तावत्स्वामिनि दुर्लभीभवति भवन्त्यसवो ध्रियमाणा ह्रीहेतवो लोके किमुतामृतमयेऽनुजीविनां निर्व्याजबान्धवेऽवन्ध्यप्रसादे सुगृहीतनाम्नि ताते। संप्रति सांप्रतमाचरितमनेनात्मानं दहता। किं वास्याकल्पमवस्थितस्य स्थेयसो यशोमयस्य दह्यते पतितः स केवलं दहने। दग्धास्तु वयम्। धन्यः खल्वसावग्रणीः पुण्यभाजाम्। अपुण्यभाक्त्विदमेव राजकुलं

प्रवेशेनाधिकतरमुज्ज्वलम्। सांप्रतं युक्तम्। अतिशयेन स्थिरं स्थेयस्तस्य।

'भद्र, रसायन की क्या बात है?' इस प्रकार उनके पूछने पर सबके सब चुप हो गए। बार-बार पूछे जाने पर दुःख से किसी-किसी प्रकार उन सबों ने कहा—'देव, रसायन ने अग्नि में प्रवेश कर लिया।' यह सुनते ही हृदय के सन्ताप से मानों जल कर फक् पड़ गए। शोक से अन्धभूत उखड़े हुए से अपने हृदय को वश में न रख सके। मन में सोचने लगे—'कुलीन व्यक्ति स्वयं नहीं रहना अच्छा समझता है, परन्तु नीच के समान अप्रिय और अरति उत्पन्न करने वाली बात मुंह से नहीं निकालता। क्लेश के अवसर में रसायन ने वही किया। अग्नि में प्रवेश करने से कल्याण से पूर्ण प्रकृति वाला उसका कुलपुत्रभाव सुवर्ण के समान और भी निखर गया।' हर्ष ने फिर सोचा—'अथवा यह उसके स्नेह के उचित ही है। पिता जी क्या उसके पिता नहीं? मेरी माता क्या उसकी माता नहीं? हम लोग क्या उसके भाई नहीं? दूसरे भी मालिक जब इस प्रकार दुर्लभ होने लगते हैं तो उनके अनुजीवियों के द्वारा धारण किए गए प्राण संसार में लज्जा उत्पन्न करते हैं और फिर अमृत के समान, बिना छल-कपट के बांधव निष्फल न जाने वाली प्रसन्नता करने वाले, सुगृहीतनाम पिता जी की तो बात ही क्या? उसने अपने आप को दग्ध करके बहुत ठीक किया। केवल अपने को अग्नि में डाल कर जो कल्पान्त तक अपने यशःशरीर से स्थिर हो गया, क्या जल गया? जले तो हम लोग। पुण्यवानों में अग्रणी

कुलपुत्रेण यत्तादृशा वियुक्तम्। अपि च ममापि कः खल्वेतेषां प्राणानां कार्यातिभारः कृत्यशेषो वा, का वा व्यापृतता येन नाद्यापि निष्ठुराः प्राणाः प्रतिष्ठन्ते। को वान्तरायो हृदयस्य येन सहस्रधा न दलतीति। दुःखार्तश्च न जगाम राजसद्म। समुत्ससर्ज च सर्वकार्याणि। शयनीये निपत्योत्तरीयवाससा सोत्तमाङ्गमात्मानमवगुण्ठ्यातिष्ठत्।

इत्थंभूते च देवे हर्षे राजनि च तदवस्थे सर्वस्यैव लोकस्य कपोलेषु कीलिता इव कराः, लोचनेषु लेप्यमय्य इवाश्रुस्रुतयः, नासाग्रेषु ग्रथिता इव दृष्टयः, कर्णपूत्कीर्णा इव रुदितध्वनयः, जिह्वासु सहजानीव हा कष्टानि, लपनेषु पल्लवितानीव श्वसितानि, अधरेषु लिखितानीव परिदेवितपदानि, हृदयेषु निधानीकृतानीव दुःखान्यभवन्। उष्णाश्रुदाहभीतेव नाभजत नेत्रोदराणि निद्रा। निःश्वासवातविधूता इव व्यलीयन्त हासाः। निरवशेषदग्धेव च संतापेन न प्रवर्तत वाणी। कथास्वपि नाश्रूयन्त परिहासाः। काप्यगमन्निति नाज्ञायन्त गीतगोष्ठ्यः। जन्मान्तरातीतानीव नास्मर्यन्त लास्यानि। स्वप्नेऽपि नागृह्यन्त प्रसाधनानि। वार्तापि नाल-

---

व्यापृतता व्यग्रता। प्रष्ठा अग्रगामिनः। प्रतिष्ठन्ते प्रतिष्ठां कुर्वते।

वह धन्य है। यह राजकुल ही अपुण्यवान् है जो उस प्रकार के कुलपुत्र से रहित हो गया। मेरे प्राणों को अब कौन सा काम का बोझ आ गया है या कौन काम बच गया है या कौन-सी व्यग्रता है जिससे आज ये निष्ठुर प्राण प्रस्थान नहीं करते। कौन-सा ऐसा बीच में विघ्न आ पड़ा है जो मेरे हृदय के हजार टुकड़े नहीं हो रहे हैं।' इस प्रकार दुःखार्त होने के कारण उस दिन राजभवन में नहीं गए और सब काम त्याग बैठे। केवल उत्तरीय वस्त्र से सिर तक अपने को ढंक कर पलंग पर पड़े रहे।

इस प्रकार देव हर्ष के दुःखी होने पर और महाराज को उस अवस्था में पड़े देख कर लोगों का कष्ट बढ़ गया। वे कील के समान हाथ पर कपोल रख कर बैठ गए। उनकी आँखों से लेप के समान आँसू की धार बहने लगी। उनकी जीभ पर 'हा, क्या हो गया ?' यह आवाज सहज हो गई। मुंह में सांस उभड़ गई। अधरों पर विलाप के शब्द लिख गए। हृदय में दुःख ने घर कर लिया। निद्रा मानों गरम आँसू में जलने के डर से आँखों में नहीं आई। उनकी हँसी सांस की हवा से मानों उड़ कर विलीन हो गई। संताप से बिलकुल जल जाने के कारण उनकी वाणी मानों प्रवृत्त नहीं होती थी। गीत की गोष्ठियाँ मानों कहीं चली गईं। नृत्य के प्रसंग जन्मान्तर की अतीत वस्तु की भाँति स्मृति पर नहीं आते थे। स्वप्न में भी लोगों ने प्रसाधन ग्रहण नहीं किया। उपभोगों की

भ्यतोपभोगानाम्। नामापि नाकीर्त्यताहारस्य। खपुष्पप्रतिमान्यासन्नापानमण्डलानि। लोकान्तरमिवानीयन्त बन्दिवाचः। युगान्तर इवावर्तन्त निर्वृत्तयः। पुनरिवादह्यत शोकाग्निना मकरकेतुः। दिवापि नामुच्यन्त शयनानि। शनैः शनैश्च महापुरुषविनिपातपिशुनाः समं समन्तात्समुद्भवन्भुवने भूयांसो भूपतेरभावाय भयमुत्पादयन्तो भूतानां महोत्पाताः।

तथा हि दोलायमानसकलकुलाचलचक्रवाला पत्या सार्धं गन्तुकामेव प्रथममचलद्धरित्री। धान्वन्तरेरिवान्तरे तस्मिन्स्मरन्तः परस्परास्फालनवाचालवीचयो विजुघूर्णिरेऽर्णवाः। भूभृदभावभीतानां विततशिखिकलापविकटकुटिलाः केशपाशा इवोर्ध्वीबभूवुर्धूमकेतवः ककुभाम्। धूमकेतुकरालितदिङ्मुखं दिक्पालारब्धायुष्कामहोमधूमधूम्रमिवाभवद्भुवनम्। भ्रष्टभासि तप्तकालायसकुम्भबभ्रुणि भानुमण्डले भयंकरकबन्धकायव्याजेन कोऽपि पार्थिवप्राणितार्थी पुरुषोपहारमिवोपजहार। ज्वलितपरिवेषमण्ड-

---

शिखी मयूरोऽपि। धूमकेतव उत्पातशंसिनः, अग्नयश्च। करालितानि भीषणीकृतानि, व्याप्तानि च। बभ्रु कपिलम्। श्वेतभानुश्चन्द्रः। प्रसाधिता आवर्जिताः,

---

बात तक नहीं चलती। भोजन का नाम भी नहीं लिया जाता। समीप के पानागार आकाश-पुष्प के समान हो गए। बन्दी जनों की बातें मानों परलोक पहुँच गईं। मानों सुख के युग ही बदल गए। मानों कामदेव शोक की अग्नि में फिर से जलने लगा। दिन में भी पलंग नहीं छोड़े जाते। शनैः शनैः राजा के अभाव व्यक्त करने से भय उत्पन्न करते हुए, महापुरुष के समाप्त होने की सूचना देने वाले महाभूतों के उपद्रव एक ही बार संसार में उत्पन्न हो गए।

पहले पृथिवी मानों पतिके साथ जाने की इच्छा से कुलपर्वतों को कम्पित करती हुई डोलने लगी। समुद्र मानों धन्वन्तरि के अभाव का स्मरण करते हुए परस्पर तरंगों के आघात-प्रत्याघात द्वारा विकलता से घूर्णित होने लगे। राजा के अभाव से डरी हुई दिशाओं के मोर के पंख के समान फैले हुए कुटिल केशपाश के रूप में धूमकेतु तारे आकाश में उठ गए। धूमकेतुओं से दिशाएं भीषण हो गईं, मानों सारे संसार में दिक्पालों ने राजा की आयु की कामना से जो यज्ञ किया उसी का धूम सर्वत्र फैल गया। सूर्य का मण्डल निष्प्रभ और तपे हुए लोहे के समान हो गया, मानों किसी ने सिर कट जाने पर छटपटाते हुए शरीर के व्याज से राजा के जीवन की कामना से पुरुष का बलिदान किया हो। चन्द्रमण्डल का घेरा चारों ओर से जलने लगा, मानों

लाभोगभास्वरो जिघृक्षाजृम्भमाणस्वर्भानुभयादुपरचिताग्निप्राकार इव प्रत्यदृश्यत श्वेतभानुः। अवनिपतिप्रतापप्रसाधिताः प्रथमतरकृतपावकप्रवेशा इवादह्यन्तानुरक्ता दिशः। स्रुतशोणितशीकरासारारुणिततनुरनुमरणाय पर्याकुला प्रावृतपाटलांशुकपटेवादृश्यत वसुधावधूः। नराधिपविनाश-संभ्रमभीतैर्लोकपालैरिव कालायसकवाटपुटैरकालकालमेघपटलैररुध्यन्त दिग्द्वाराणि। प्रेतपतिप्रयाणप्रहताः पटवः पटहा इवारटन्तो हृदयस्फोटनाः पस्फायिरे निपततां निर्घातानां घोरा घननिर्घोषाः। निकटीभवद्यम-महिषखुरपुटोद्धूता इव द्युमणिधाम धूसरीचक्रुः क्रमेलककचकपिलाः पांशु-वृष्टयः। विरसविराविणीनामुन्मुखीनां शिखिनो ज्वालाः प्रतीच्छन्त्य इव पतन्तीरुल्का नभसो ववाशिरे शिवानां राजयः। राजधामनि धूमायमान-कबरीविभागविभावितविकाराः प्रकीर्णकेशपाशप्रकाशितशोका इव प्राका-शन्त प्रतिमाः कुलदेवतानाम्। उपसिंहासनमाकुलं कालरात्रिविधूयमान-वृजिनवेणीबन्धविभ्रमं बिभ्राणं बभ्राम भ्रामरं पटलम्। अटतामन्तःपुर-स्योपरि क्षणमपि न शशाम व्याक्रोशी वायसानाम्। श्वेतातपत्रमण्डल-

---

भूषिताश्च। कचाः केशाः। शिवानां मृगादीनाम्। कबरीशब्देनात्र कचा लक्ष्यन्ते। व्याक्रोशी परस्पराह्वानशब्दः। वायसानां काकानाम्।

चन्द्रमा ने पकड़ने की तैयारी में जंभाई लेते हुए राहु के डर से अपनी रक्षा के लिए अग्नि की दीवार खड़ी कर दी हो। अनुराग से भरी हुई दिशाओं ने राजा के प्रताप में अपने को प्रसाधित करके मानों पहले ही अग्निप्रवेश कर लिया और जलने लगीं। पृथिवी रूपी वधू बहती हुई रक्त की धारा से लाल होकर अनुमरण के लिए लाल वस्त्र पहन कर तैयार हुई-सी प्रतीत होने लगी। राजा के विनाश से अकस्मात् डरे हुए लोकपालों ने असमय में लोहे के किवाड़ों के समान काले-काले मेघों के रूप में मानों दिशाओं के द्वार बन्द कर दिए। हृदय को तोड़ देने वाले अन्तरिक्ष से उत्पन्न वायु के घोर आघातजन्य शब्द इस प्रकार बढ़ गए मानों राजा को लेने के लिए प्रस्थान के अवसर पर पटह बजाए जा रहे हों। आकाश में ऊँट के रोंगटे के समान वर्ण वाली धूल मानों राजा के निकट आते हुए यमराज के भैंसों के खुरों से उड़ कर सूर्यमण्डल को धूसर करने लगी। सियारियां आकाश की ओर मुंह करके जोर-जोर से चिल्लाने लगीं, मानों अग्नि की ज्वाला के रूप में आकाश से गिरती हुई उल्काओं की प्रतीक्षा कर रही हों। राजमन्दिर में धुँवे के समान बाल बिखर रहे थे मानों कुल-देवताओं की प्रतिमाएँ अपने केशपाश को बिखेर कर अपना शोक प्रकट कर रही हों।

मध्याज्जीवितमिव राज्यस्य सरसपिशितपिण्डलोहितं चञ्चच्चञ्चुरुचैरुच्चखान खण्डं माणिक्यस्य कूजज्जरद्गृध्रो महोत्पातदूयमानश्च कथमपि निनाय निशाम् ।

अन्यस्मिन्नहनि समीपमस्य राजकुलाद्द्रुतगतिवशविशीर्यमाणालंकारझांकारिणी विजयघोषणेव विषादस्याकुलचरणचलत्तुलाकोटिकणितवाचालिताभिरुद्ग्रीवाभिः, किं किमेतदिति पृच्छ्यमानेव दूरादेव भवनहंसीभिः, स्खलितविशालश्रोणिशिञ्जानरशनानुराविणीभिश्च बाष्पान्धा समुपदिश्यमानमार्गेव गृहसारसीभिः अदृष्टकवाटपट्टसंघट्टस्फुटितललाटपट्टरुधिरपटलेन पटान्तेनेव रक्तांशुकस्य मुखमाच्छाद्य प्ररुदती, संतापबलविलीनकनकवलयरसधारामिव वेत्रलतामुत्सृजन्ती, मुखमरुत्तरङ्गिता-

---

अन्यस्मिन्नित्यादौ । समीपस्था यशोमत्याः प्रतीहार्याजगामेति संबन्धः । तुलाकोटिर्नूपुरम् । चीरचीवरं वृक्षत्वक्, चीरवासः ।

भौंरे राजसिंहासन के पास केशपाश के रूप में मँडराने लगे, मानों कालरात्रि चँवर झलने लगी हो। अन्तःपुर के ऊपर-ऊपर उड़ते हुए कौवों की कांव-कांव क्षण भर भी बंद न हुई। कराँता हुआ गीध श्वेत आतपत्र के बीच जड़े हुए राज्य के प्राण के समान माणिक्य को खून से लाल मांस का लोथा समझ कर उखाड़ ले भागा। इस प्रकार के भयंकर उत्पातों से दुखी होकर हर्ष ने किसी प्रकार रात बिताई।

दूसरे दिन वेला नाम की यशोमती की प्रतीहारी राजकुल से हर्ष के समीप पहुंची। तेज दौड़ने के कारण उसके अलंकार टूट-टूट कर झन-झना रहे थे, मानों विषाद की विजय-घोषणा होने लगी। उसके अस्तव्यस्त नूपुर की आवाज सुन कर भवन की हंसियाँ गर्दन उठाकर टर्राने लगीं, मानों 'क्या बात है ? क्या बात है ?' यह उससे पूछ रही हों। बाष्प से उस की आँखें भर गई थीं, जब वह गिर पड़ती तो उसकी विशाल श्रोणि में लगी हुई करधनी बज उठती और उस आवाज से गृहसारसियाँ जोर से चिल्लाने लगीं, मानों उसे रास्ता बता रही हों। आगे न देखने के कारण किवाड़ से टक्कर खा जाने से उसके ललाट से रक्त की धारा बह रही थी, मानों रक्तांशुक के अग्र भाग से मुंह ढंक कर रो रही हो। संताप के कारण उसके हाथ के कनकवलय की रसधारा ही मानों वेत्रलता के रूप में हाथ से छूट गई। श्वास की हवा से उड़कर फहराते हुए अपने उत्तरीय को उस प्रकार समेटती जा रही थी जैसे सर्पिणी अपने केंचुल को सम्हालती है। उसके झुके हुए कंधे पर केशपाश, जो शोक के अवसर

मुत्तरीयांशुकपटीं स्फुरन्तीं फणिनीव निर्मोकमञ्जरीमाकर्षन्ती, नम्रांसस्रंसिनानिलविलोलेन नीलतमेन तमालपल्लवचीरचीवरेणेव शोकोचितेन धम्मिल्लरचनारहितेन शिरोरुहसंचयेन चञ्चता प्रावृतकुचा, कुचताडनपीडया समुच्छूनाताम्रश्यामतलं मुहुर्मुहुरत्युष्णाश्रुप्रमार्जनप्रदग्धमिव करकिसलयं धुनाना, चक्षुर्निर्झरे शीर्यति स्नपयन्तीव शोकाग्निप्रवेशाय स्वकपोलतलप्रतिबिम्बितमासन्नलोकं, लोललोचनप्रवृत्तैस्तरलैस्तारकांशुभिः श्यामायमानमात्मदुःखेन दिवसमपि दहन्तीव 'क्व कुमारः क्व कुमारः ?' इति प्रतिपुरुषं पृच्छन्ती, वेलेति नाम्ना यशोमत्याः प्रतीहार्याजगाम। विषण्णलोकलोचनप्रत्युद्गता चोपसृत्य कुट्टिमन्यस्तहस्तयुगला गलन्तीभिः सिञ्चन्तीव शुष्यन्तं दशनदीधितिधाराभिराधूसरमधरमधोमुखी विज्ञापितवती—'देव ! परित्रायस्व परित्रायस्व। जीवत्येव भर्तरि किमप्यध्यवसितं देव्या' इति।

ततस्तदपरमाकर्ण्य च्युत इव सत्त्वेन, द्रुत इव दुःखेन, आचान्त इव चिन्तया, तुलित इव तापेन, अङ्गीकृत इवाङ्गेनाप्रतिपत्तिरासीत्। आसीच्चास्य चेतसि—प्रतिपन्नसंज्ञस्य बहुशोऽपि हृदये दुःखाभिषङ्गो निपतन्न-

अप्रतिपत्तिः किंकर्तव्यतामूर्खः। हृदयेऽतिकठिने।

के अनुकूल एवं बनाव-सिंगार से रहित था, खुलकर नीले तमालपल्लव के उत्तरीय के समान स्तनों पर लटक आया था। स्तनों पर पीटने से उसका हाथ लाल हो गया था, मानों बार-बार अत्यन्त गरम आँसुओं के पोंछने से जल गया हो। शोक की अग्नि में प्रवेश करने के लिए अपने कपोलतल पर प्रतिबिम्बित होते हुए समीप के लोगों को वह मानों अपने आँसुओं की धारा में नहला रही थी। चंचल आँखों के तारों से निकलती हुई किरणों से श्याम वर्ण के दिन को भी मानों दग्ध कर रही थी। 'कुमार कहाँ हैं ? कुमार कहाँ हैं ?' यह प्रत्येक से पूछ रही थी। विषाद में पड़े हुए लोगों की आँखें उसकी ओर लग गई। समीप में आकर वह कुट्टिम पर हाथ रखकर अपने दाँतों की किरणधारा से झुराए हुए अधर को सींचती हुई-सी मुंह नीचा किए हुए बोली—'देव, बचाओ-बचाओ। पति के जीते जी देवी कुछ करने जा रही हैं।'

शोक के उस दूसरे कारण को सुनकर कुमार हर्ष किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए, मानों सत्त्व से च्युत, दुःख से द्रुत, चिन्ता से निपीत, ताप से लघुभूत और आतंक से आक्रान्त हो गये।

श्मनीव लोहप्रहारः कठिने हुतभुजमुत्थापयति न तु भस्मसात्करोति मे निरनुक्रोशस्य कायम्' इति। उत्थाय च त्वरमाणोऽन्तःपुरमगात्। तत्र च मर्तुमुद्यतानां राजमहिषीणामश्रृणोद्दूरादेव 'तात चूत! चिन्तयात्मानं प्रवसति ते जननी। वत्स जातीगुच्छ! गच्छाम्यापृच्छस्व माम्। मया विनाद्यानाथा भवसि भगिनि भवनदाडिमलते! रक्ताशोक! मर्षणीयाः पादप्रहाराः कर्णपूरपल्लवभङ्गापराधाश्च। पुत्रक! अन्तःपुरबालबकुलक वारुणीगण्डूषग्रहणदुर्ललित! दृष्टोऽसि। वत्से प्रियङ्गुलतिके! गाढमालिङ्ग मां दुर्लभा भवामि ते। भद्र भवनद्वारसहकारक! दातव्यो निवापतोयाञ्जलिरपत्यमसि। भ्रातः पञ्जरशुक! यथा न विस्मरसि माम्, किं व्याहरसि दूरीभूतास्मि ते? शारिके! स्वप्ने नः समागमः पुनर्भूयात्। मातः! मार्गलग्नं कस्य समर्पयामि गृहमयूरकम्? अम्ब! सुतवल्लालनीयमिदं हंसमिथुनं मन्दपुण्यया मया न संभावितोऽस्य चक्रवाकयुगलस्य विवाहोत्सवः। मातृवत्सले! निवर्तस्व गृहहरिणिके! समुपनय

अनुक्रोशो दया। तत्रेत्यादौ राजमहिषीणामित्येवंप्रायानालापानश्रृणोदिति संबन्धः। आपृच्छस्व ज्योत्कुरु। वारुणी सुरा। निवापो मृतमुद्दिश्य दीयते जलादिकम्।

उन्होंने अपने मन में सोचा—'कठोर पत्थर पर जैसे लोहे का प्रहार पड़कर अग्नि उत्पन्न कर देता है उसी प्रकार संज्ञावान् मेरे कठिन हृदय पर बहुत प्रकार के इन दुःखों का आघात अग्नि उत्पन्न कर देता है, पर निष्ठुर मेरे शरीर को जलाकर राख नहीं कर देता। वे उठकर शीघ्रता से अन्तःपुर में पहुंचे और वहाँ दूर ही से मरणोद्यत राजमहिषियों की बातें सुनीं—'तात चूत, तू अपनी चिन्ता कर, तेरी जननी प्रवास कर रही है। वत्स जातीगुच्छ, जाती हूं, बिदा दो। बहन दाडिमलता, मेरे बिना तू आज अनाथ हो रही है। रक्ताशोक, जो मेरे चरण-प्रहार हैं और कर्णपूर बनाने के लिये तुम्हारे पल्लव तोड़े है उन अपराधों को माफ करना। हे प्रियपुत्र, अन्तःपुर के छोटे बकुल, मदिरा के गण्डूष लेने में दुर्ललित, अब तेरा अन्तिम दर्शन है। वत्सा प्रियंगुलतिका, मुझे कसकर अंकवार ले, दुर्लभ हो रही हूँ। हे भद्र भवनद्वार के सहकार, तुझे मैंने अपत्य समझा है, जलाञ्जलि देना। भाई पञ्जरशुक, मुझे भूलना मत, क्या कह रहे हो? मैं दूर जा रही हूँ। शारिके, स्वप्न में हमारा-तुम्हारा मिलन होगा। हाय मा, रास्ता रोके हुए गृहमयूर को किसे समर्पित कर जाऊँ? अंबे, पुत्र के समान हंस के इस जोड़े को पालना। मन्दपुण्य वाली मैं चक्रवाक के जोड़े का विवाहोत्सव न रचा सकी। मातृवत्सले गृहहरिणिके, लौट जाओ। हे कंचुकी, प्यारी वीणा को लाओ तब तक उसे आलिङ्गन कर

सौविदल्ल ! वल्लभवल्लकीं परिष्वजे तावदेनाम् । चन्द्रसेने ! सुदृष्टः क्रियतामयं जनः । बिन्दुमति ! इयं तेऽन्त्या वन्दना । चेटि ! मुञ्च चरणौ । आर्ये कत्यायनिके ! किं रोदिषि नीतास्मि दैवेन । तात कञ्चुकिन् ! किं मामलक्षणां प्रदक्षिणीकरोषि । धात्रेयि ! धारयात्मानं किं पादयोः पतसि । भगिनि ! गृहाण मामपश्चिमां कण्ठे । कष्टं न दृष्टा प्रियसखी मालयवती । कुरङ्गवति ! अयमामन्त्रणाञ्जलिः । सानुमति ! अयमन्त्यः प्रमाणः । कुवलयवति ! एष तेऽवसानपरिष्वङ्गः । सख्यः ! क्षन्तव्याः प्रणयकलहाः,' इत्येवंप्रायानालापान् ।

दह्यमानश्रवणश्च तैः प्रविशन्नेव निर्यान्तीं दत्तसर्वस्वापतेयां गृहीतमरणप्रसाधनाम्, जानकीमिव जातवेदसं पत्युः पुरः प्रवेक्ष्यन्तीम्, प्रत्यग्रस्नानार्द्रदेहतया श्रियमिव भगवतीं सद्यः समुद्रादुत्थिताम्, कुसुम्भबभ्रुणी वाससी दिवमिव तेजसी सांध्ये दधानाम्, ताम्बूलदिग्धरागान्धकाराधरप्रभापटपाटलं पट्टांशुकमिव विधवामरणचिह्नमङ्गलमुद्वहन्तीम्, रक्तकण्ठसूत्रेण कुचान्तरावलम्बिना स्फुटितहृदयविगलितरुधिरधाराशङ्कां

लूँ । चन्द्रसेना, इस जन को जी भर के देख ले । बिन्दुमती, यह तेरे प्रति आखिरी वन्दन है । चेटी, मेरे पैर छोड़ दे । आर्ये कात्यायनिके, क्यों रो रही हैं ? दैव मुझे ले जा रहा है । तात कञ्चुकिन्, मुझ अभागिन को क्यों घेर रहे हो ? धात्रेयी, तू सम्हल, क्यों मेरे पैर पड़ती है ? भगिनी, फिर लौट कर न आने वाली मेरे कण्ठ में लग जा । हाय, प्रिय सखी मलयवती को नहीं देखा । कुरङ्गवती, यह प्रस्थान की हथजोरी है । सानुमती, यह अन्तिम प्रणाम है । कुवलयवती, यह अन्त का आलिङ्गन है । सहेलियों, प्रेम के झगड़ों को क्षमा करना ।'

इन बातों से कुमार के कान जलने लगे । प्रवेश करते हुए उन्होंने निकलती हुई माता यशोमती को देखा । उसने अपने सुहाग के चिह्न अर्पित कर दिये थे और अनुमरण के लिए शृङ्गार कर चुकी थी । सीता के समान पति के सामने अग्नि में प्रवेश करने के लिए तत्पर थी । तुरत किये गए स्नान से उसकी देह आर्द्र थी, मानों समुद्र से तुरत निकली हुई भगवती लक्ष्मी हों । आकाश जैसे संध्याकाल में तेज धारण करता है उसी प्रकार उसने कुसुम्भी रङ्ग के दो वस्त्रों को धारण किया था । पान की गाढ़ी लाली से युक्त उसके अधर की प्रभा से लाल पट्टांशुक को मानों उसने अङ्ग में लगे हुए विधवा के मरने के चिह्न को धारण किया था । उसका लाल कण्ठसूत्र कुचों के बीच लटक रहा था, उससे उसके फटे हुए हृदय से प्रवाहित रुधिरधारा की शंका उत्पन्न हो रही थी । टेढ़ी कुण्डल के

कुर्वन्तीम्, तिर्यक्कुटिलकुण्डलकोटिकण्टकाकृष्टतन्तुना हारेण वलितेन सितांशुकपाशेनेव कण्ठमुत्पीडयन्तीम्, सरसकुङ्कुमाङ्गरागतया कवलितामिव दिधक्षता चितार्चिष्मता, चितानलार्चनकुसुमैरिव धवलधवलैरश्रुबिन्दुभिरंशुकोत्सङ्गमापूरयन्तीम्, गृहदेवतामन्त्रणबलिमिव वलयैर्विगलद्भिः पदे पदे विकिरन्तीमाप्रपदीनाम्, कण्ठे गुणकुसुममालां यमदोलामिवारूढाम्, अन्तर्गुञ्जन्मधुकरमुखरेणामन्त्र्यमाणलोचनोत्पलामिव कर्णोत्पलेन, प्रदक्षिणीक्रियमाणमिव मणिनूपुरबन्धुभिर्बद्धमण्डलं भ्रमद्भिर्भवनहंसैः, संनिहितप्राणसमं मरणाय चित्तमिव चित्रफलकमविचलं धारयन्तीम, अर्चाबद्धोद्धूयमानधवलपुष्पदामकां, पतिव्रतापताकामिव पतिप्रासयष्टिमिष्टामुपगूहमानाम्, बन्धोरिव निजचारित्रस्य धवलस्य नृपातपत्रस्य पुरो नेत्रोदकमुत्सृजन्तीम, पत्युः पादपतनसमुद्गमदभ्यधिकबाष्पाम्भःप्रवाहप्रतिरुद्धदृशः कथमपि प्रतिपन्नादेशान्सचिवान्संदिशन्तीम्, अनुनयनिवर्तितविधुरवृद्धबन्धुवर्गवर्धमानध्वनिभिर्गृहाक्रन्दैराकृष्यमाणश्रवणाम्, भर्तृभाषितनिभैः पञ्जरसिंहबृंहितैर्ह्रियमाणहृदयाम्, धात्र्या भर्तृभक्त्या च निजया प्रसाधिताम्, मूर्छया जरत्या च संस्तुतया

अग्रभाग की सूची में उसके हार का सूत्र फँस गया था, मानों सफेद वस्त्र के फाँस से वह अपना गला दबा रही थी। उसके अङ्गों में कुङ्कुम का सरस अङ्गराग लगा था, मानों जलाने के लिये चिता की अग्नि उसे कवलित कर रही थी। मानों चिता की अग्नि के पूजन के लिये सफेद पुष्प के समान अपने आँसू की बूँद से आँचल भर रही थी। उसके वलय पदे पदे गिरते जा रहे थे, मानों गृहदेवता के आमन्त्रण की बलि छोड़ती जा रही थी। उसके कण्ठ में फूलमाला पैर तक लटक रही थी, मानों यमराज की दोला पर चढ़ी हो। उसके कर्णोत्पल के भीतर भौंरे गुञ्जार रहे थे, मानों लोचनोत्पल से विदा ले रही हो। उसके मणिनूपुर की आवाज के साथ भवन-हंस चारों ओर घूम कर मानों उसकी प्रदक्षिणा करने लगे। वह चित्रफलक को जिसमें पति का चित्र था, मरण के लिये चित्त के रूप में दृढ़ता से धारण किये थी। पति की प्रासयष्टि (कुन्त नामक अस्त्र) को जिसमें पूजा के लिये बँधी हुई सफेद फूल की माला लटक रही थी, पतिव्रता की पताका के समान उसे वह धारण कर रही थी। अपने उज्ज्वल चारित्र्य के भाई के समान राजकीय आतपत्र के आगे आँसू टपका रही थी। पति के चरणों पर गिरने से निकलते हुये बाष्पजल के प्रवाह से भरी आँखों वाली अपने आज्ञाकारी मन्त्रियों को किसी प्रकार सन्देश दे रही थी। अनुनय विनय करके लौटाये गए, वियोग से दुःखी अपने बड़े-बूढ़े बाँधवजनों

धार्यमाणाम्, सख्या पीडया च व्यसनसंगतया समालिङ्गिताम्, परिजनेन संतापेन च गृहीतसर्वावयवेन परीताम्, कुलपुत्रोच्छ्वसितैश्च महत्तरैरधिष्ठिताम्, कञ्चुकिभिर्दुःखैश्चातिवृद्धैरनुगताम्, भूपालवल्लभान्कौलेयकानपि सास्रमालोकयन्तीम्, सपत्नीनामपि पादयोः पतन्तीम, चित्रपुत्रिकामप्यामन्त्रयमाणाम्, गृहपतत्रिणामप्यञ्जलिं पुरस्तादुपरचयन्तीम्, पशूनप्यापृच्छ्यमानाम्, भवनपादपानपि परिष्वज्यमानां मातरं ददर्श।

दूरादेव च बाष्पायमाणदृष्टिरभ्यधात्—'अम्ब! त्वमपि मां मन्दपुण्यं त्यजसि? प्रसीद, निवर्तस्व' इत्यभिदधान एव च सस्नेहमिव नूपुरमणिमरीचिभिश्चुम्ब्यमानचूडश्चरणयोर्न्यपतत। देवी तु यशोमती तथा तिष्ठति पादनिहितशिरसि विमनसि कनीयसि प्रेयसि तनये गुरुणा गिरिणेवोद्वेगावेगेनावष्टभ्यमाना, मूर्च्छान्धतमसं रसातलमिव प्रविशन्ती, बाष्पप्रवा-

---

आपृच्छ्यमाना ज्योत्कारयन्ती।

बाष्पायमाणा बाष्पमुद्गमन्ती। देवी बाष्पोत्पतनं धारयितुं न शशाकेति

के रोने से बढ़ी हुई घर की कराह भरी आवाज से उसके कान खिंचे जा रहे थे। पति की आवाज के समान दहाड़ते हुये, पिंजड़े के शेरों की गरज सुनने में उसका हृदय मुग्ध हो रहा था। धात्री और पतिभक्ति उसे प्रसाधित कर रही थीं। वृद्धा और मूर्च्छा उसे सम्हाल रही थीं। दुःख में सहायता के लिये आई हुई सखी और पीड़ा दोनों ने उसका आलिङ्गन किया था। परिजन और सन्ताप ने उसके सारे अवयवों को पकड़ कर घेर लिया था। वह महत्तर कुलपुत्रों के उच्छ्वास और बड़े लोगों से अधिष्ठित, एवं अतिवृद्ध कंचुकी और दुःखों से अनुगत थी। वह राजा के प्रिय कुत्तों को भी हसरत-भरी निगाह से देख रही थी। सपत्नियों के भी पैर पड़ती थी। चित्र की पुतली से भी विदा ले रही थी। भवन के पक्षियों के भी आगे हाथ जोड़ती थी। पशुओं से भी विदा ले रही थी। भवन के वृक्षों को भी अँकवार रही थी।

दूर से ही भरी आँखों वाले कुमारने कहा-'माँ, तुम भी मुझ मन्दभाग्य को छोड़ रही हो? कृपाकर इस विचार से निवृत्त होओ। यह कहते हुए स्नेह से विह्वल होकर नूपुरमणियों की किरणों से मस्तक का स्पर्श करते हुये माता के पैरों पर गिर गये। देवी यशोमती उस प्रकार पैर पर माथा टेके हुये व्याकुल अपने छोटे प्रिय पुत्र को देखकर पर्वत के समान भारी उद्वेग के आवेग से अभिभूत हो गयी; पाताल के समान मूर्च्छा के घोर अन्धकार में प्रवेश करने लगी; आँसू के प्रवाह के समान देर तक रोक रखने से

हेणेव चिरनिरोधसंपिण्डितेन स्नेहसंभारेण निर्भराविर्भूतेनाभिभूयमाना, कृतप्रयत्नापि निवारयितुं न शशाक बाष्पोत्पतनम्। उत्कटकुचोत्कम्पप्रकटितासह्यशोकाकूता च गद्गदिकागृह्यमाणगलविकला निःसामान्यमन्युतरलीक्रियमाणाधरोद्देशा पुनरुक्तस्फुरणनिबिडितनासापुटा निमील्य नयने नयनाम्भःसेकप्लवेन प्लावयन्ती विमलौ कपोलौ संच्छाद्य करनखमयूखमालाखचिततनुना तन्वन्तरनिर्गच्छदच्छास्रस्रोतसेवांशुकपटान्तेन किंचिदुत्तानितं वदनेन्दुं दूयमानमानसा स्मरन्ती प्रस्नुतस्तनी प्रसवदिवसादारभ्य सकलमङ्कशायिनः शैशवमस्य ज्ञातिगृहगतहृदया 'अम्ब, तात! न पश्यतं पापां परलोकप्रस्थितां मामेवमतिदुःखिताम्' इति मुहुर्मुहुराक्रन्दती पितरौ, 'हा वत्स! विश्रान्तभागधेयया न दृष्टोऽसि' इति प्रेष्ठं ज्येष्ठं तनयमसंनिहितं क्रोशन्ती, 'अनाथा जाता' इति श्वशुरकुलवर्तिनीं दुहितरमनुशोचन्ती, 'निष्करुण! किमपराद्धं तवामुना जनेन?' इति दैवमुपालभमाना, 'नास्ति मत्समा सीमन्तिनी दुःखभागिनी' इति

संबन्धः। बाष्पोत्पतनमश्रुप्रवाहम्।

एकत्र हुए और हृदय से उत्पन्न अपने स्नेहसम्भार से दब गयी; प्रयत्न करने पर भी वह गिरते हुये आँसुओं को न रोक सकी। जोर से काँपते हुये स्तनों से उसका असह्य शोक व्यक्त हो रहा था। गले में हिचकी बँध जाने से वह विकल हो गयी। असाधारण शोक से उसका अधर फड़फड़ा रहा था। बार-बार फड़कती हुई उसकी नाक जकड़ रही थी। आँखें मूद कर आँसू की धार से निर्मल अपने कपोलों को सींच रही थी। कुछ ऊपर उठाये हुए अपने मुखचन्द्र को हाथ के नखों की किरणों से खचित शरीर भीतर से निकलती हुयी आँसू की धार के समान अपने वस्त्र के अग्रभाग से ढक लिया। स्तन से दूध बहाती हुयी वह दुःखी मन से कुमार के जन्म से लेकर गोद में पलने वाले शैशव का स्मरण करने लगी। उसका हृदय अनायास पिता के घर चला गया। वह बार-बार अपने माता-पिता का स्मरण करके रोने लगी—'हा अम्ब, हा तात, परलोक में प्रस्थान करती हुई, इस प्रकार अत्यन्त पीड़ित मुझ पापिन को आप लोग नहीं देखते हैं?' वह दूर गये हुये अपने अत्यन्त प्रिय बड़े पुत्र राज्यवर्धन को सम्बोधन करके चिल्लाने लगी—'हा वत्स, मन्दभाग्य मैंने तुम्हें नहीं देखा।' श्वशुरकुलमें गयी हुयी पुत्री राज्यश्री को सोच कर कहने लगी—'तू अनाथ हो गई।' दैव को ओरहन देने लगी—'निर्दय, मैंने तेरा क्या बिगाड़ा था?' अपने आपको कोसने लगी—'मेरे समान दुखिया नारी कोई नहीं।'

निन्दन्ती बहुविधमात्मानम्, 'मुषितास्मि कृतान्त नृशंस ! त्वया' इत्यकाण्डे कृतान्तं गर्हमाणा मुक्तकण्ठमतिचिरं प्राकृतप्रमदेव प्रारोदीत्।

प्रशान्ते च मन्युवेगे सस्नेहमुत्थापयामास सुतम्। हस्तेन चास्य प्ररुदितस्य पद्मपालीपुञ्ज्यमानाश्रुकणनिवहां द्रुतामिवाधिकतरं क्षरन्तीं दृष्टिमुन्ममार्ज। स्वयमपि कठोररागपरिपीयमानेन धवलिम्ना मुच्यमानोदरे कथदश्रुस्रवत्पर्यन्ते शुक्लशीकरतारतारकितपक्ष्मणी सूक्ष्मतराश्रुबिन्दुपरिपाटीपतनानुबन्धविधुरे लोचने पुनः पुनरापूर्यमाणे प्रमृज्य बाष्पार्द्रगण्डगृहीतां च श्रवणशिखरमारोप्य शोकलम्बामलकलतामधःस्रस्तविलोलबालिकाव्याकुलितां च समुत्सार्य तिरश्चीं चिकुरसटामश्रुप्रवाहपूरितमार्द्रं च किंचिच्च्युतमुत्क्षिप्य हस्तेन स्तनोत्तरीयं तरङ्गितमिव नखांशुपटलेन मग्नांशुकपटान्ततनुताम्रलेखालाञ्छितलावण्यकुब्जिका[1]वर्जितराजतराजहंसास्यसमुद्गीर्णेन पयसा प्रक्षाल्य मुखकमलं कलमूकलोकविधृते वासःशकले शुचिनि समुन्मृज्य पाणी सुतवदनविनिहितनिभृतनयनयुगला चिरं स्थित्वा पुनः पुनरायतं निःश्वस्यावादीत्—'वत्स ! नासि न प्रियो निर्गुणो वा परित्यागार्हो वा। स्तन्येनैव सह त्वया पीतं मे

असमय में यमराज की निन्दा करने लगी—'अरे क्रूर यमराज, तूने मुझे लूट लिया।' इस प्रकार वह साधारण नारी के समान बहुत देर तक फूट-फूटकर रोती रही।

जब शोक का वेग कम हुआ तब उसने पुत्र को स्नेह के साथ उठा लिया। रो पड़े हुये उसकी पपनियों में लगी हुई आँसू की बूँदों के रूप में पिघली-सी आँखों को अपने हाथ से पोंछा। स्वयं भी उसने गाढ़ प्रेम के कारण समाप्त सफेदी वाले, खौलते हुए आँसू से भींगे कोप वाले, तारों के समान उजले-उजले फुहारों से भरी पपनी वाले, हमेशा झरते हुये अपने नेत्र पोंछे। आँसू से भींगे कपोलों में चिपकी हुयी शोक के कारण खुलकर लटकती हुई अलकोंको कान पर चढ़ा लिया। नीचे खिसकी हुयी बालिका (एक कर्णाभरण) से व्याकुल अपने टेढ़े बालों को समेट लिया। आँसू के प्रवाह से भरे हुये भींगे कुछ खिसके हुये स्तनोत्तरीय को जो उसके नखों की किरणों से तरङ्गित हो रहा था, हाथ से ऊपर उठा लिया। शरीर से चिपटे हुये अंशुक वस्त्र के छोर पर डाली गयी पतली ताँबे की धारी से जिसका सौन्दर्य बढ़ रहा था, ऐसी कुब्जिका पुतली से झुकाकर पकड़े हुये चाँदी के बने राजहंस की आकृति के पात्र के मुख से निकलते हुये जल से

---

१. 'कुब्जिका' इति पाठान्तरम्।

हृदयम्। अस्मिंश्च समये प्रभूतप्रभुप्रसादान्तरिता त्वां न पश्यति दृष्टिः। अपि च पुत्रक! पुरुषान्तरविलोकनव्यसनिनी राज्योपकरणमकरुणा वा नास्मि लक्ष्मीः क्षमा वा। कुलकलत्रमस्मि चारित्रमात्रधना धर्मधवले कुले जाता। किं विस्मृतोऽसि मां समरशतशौण्डस्य पुरुषप्रकाण्डस्य

उसने अपना मुखकमल धोया[1]। गूँगे द्वारा लिये हुये पवित्र वस्त्रखण्ड से उसने हाथ पोंछे। तब पुत्र के मुखड़े में एक टक से आँखें गड़ा कर देर तक ठहर गई और बार-बार लम्बी साँस लेकर बोली—'वत्स, तुम मेरे प्रिय नहीं हो ऐसी बात नहीं और निर्गुण अथवा परित्याग के योग्य भी नहीं हो। दूध के साथ ही तुमने मेरे हृदय को पी लिया है। इस समय अत्यन्त स्वामिभक्ति से अन्तरित हो जाने के कारण मेरी दृष्टि तुम्हें नहीं देख रही है। हे प्यारे पुत्र, दूसरे पुरुष को भी देखने का व्यसन रखने वाली राज्य का उपकरण मात्र और करुणा से हीन लक्ष्मी या पृथिवी मैं नहीं हूँ। मैं कुलकलत्र हू, हमारा चारित्र ही धन है और धर्म से उज्ज्वल कुल में मैंने जन्म लिया है। क्या तुम भूल गए कि मैं सैकड़ों समर में मद करने वाले सिंह के समान उन पुरुष-प्रकाण्ड की

१. इस पंक्ति के चार अर्थ श्लेष द्वारा और भी लगाये जाते हैं जिसका स्पष्टीकरण डॉ० वासुदेवशरण जी अग्रवाल ने अपने 'हर्षचरित : एक सांस्कृतिक अध्ययन' में विस्तार के साथ किया है। संक्षेप में वह इस प्रकार है—(१) पहला अर्थ, हंसाकृति पात्र को लक्ष्य करके जो अनुवाद में दिया गया है। (२) राजहंस पक्षि को लक्ष्य करके—छिपे हुये अंखुवे के छिलके के किनारे पर पड़ी हुयी महीन लाल धारी से सुहावने सिंघाड़े को छोड़ कर जाने वाले श्वेत राजहंस के मुख से उछले हुये जल से (सरोवर में) कमल का मुख धोकर। (३) राजहंस के ही पक्ष में जल में पड़ी किरणों के जलरूपी पट के चारों ओर झलकती हुयी पतली लाल किनारी से सुशोभित, गर्दन मोड़कर झुका हुआ श्वेत राजहंस मुख से जल में किलोल करता हुआ कमल के मुख को धो रहा है। (४) ब्रह्मा के हंस के पक्ष में—गीले अंशुक की धोती पहने ब्रह्मा के लाल शरीर के सम्पर्क से सुशोभित, दुबककर बैठा हुआ उनका श्रेष्ठ हंस मुख के क्षीरसागर का पय लेकर कमलासन को धो रहा है। (५) राजहंस अर्थात् प्रभाकरवर्धन और रानी यशोमती के पक्ष में—सटे हुये अंशुक वस्त्र के छोर की पतली लाल किनारी से दीप्त सौन्दर्य वाली कुब्जिका (सुंदरी कन्या के हाथ में रखे हुये पानपात्र) की ओर झुके हुये गौर वर्ण हंसजातीय सम्राट् प्रभाकरवर्धन के मुख से निकले हुये तरल (मधु) गण्डूष से (रानी यशोमती ने अपना) कमलरूपी मुख धोकर।—मर्मांशुक उत्तरीय के छोर पर बनी हुई महीन लाल किनारी से जिनका सौन्दर्य झलक रहा है और जो कुब्जिका की ओर (मधुपान के लिये) झुके हैं, ऐसे गौरवर्ण राजा के मुख से सिंचित गण्डूषसेक से यशोमती ने अपना मुख-कमल प्रक्षालित किया।

केसरिण इव केसरिणीं गृहिणीम् ? वीरजा वीरजाया वीरजननी च मादृशी पराक्रमक्रयक्रीता कथमन्यथा कुर्यात्। एवंविधेन पित्रा ते भरत-भगीरथनाभागनिभेन नरेन्द्रवृन्दारकेण गृहीतः पाणिः। आसेवितः सेवा-संभ्रान्तानन्तसामन्तसीमन्तिनीसमावर्जितजाम्बूनदघटाभिषेकः शिरसा। लब्धो मनोरथदुर्लभो महादेवीपट्टबन्धसत्कारलाभो ललाटेन। आपीतौ युष्मद्विधैः पुत्रैरमित्रकलत्रबन्दिवृन्दविधूयमानचामरमरुच्चलचीनांशुकधरौ पयोधरौ। सपत्नीनां शिरःसु निहितं नमन्निखिलकटककुटुम्बिनीकिरीट-माणिक्यमालार्चितं चरणयुगलकम्। एवं कृतार्थसर्वावयवा किमपरमपेक्षे क्षीणपुण्या ? मर्तुमविधवैव वाञ्छामि। न च शक्नोमि दग्धस्य स्वभर्तु-रार्यपुत्रविरहिता रतिरिव निरर्थकान्प्रलापान्कर्तुम्। पितुश्च ते पादधूलि-रिव प्रथमं गगनगमनमावेदयन्ती बहुमता भविष्यामि शूरानुरागिणीनां सुराङ्गनानाम्। प्रत्यक्षदृष्टदारुणदुःखदग्धायाश्च मे किं धक्ष्यति धूमध्वजः।

जाम्बूनदं सुवर्णम्। पादधूलिरिवेति। सापि प्रथमगतागमनमावेदयति। धक्ष्यति भस्मीकरिष्यति। धूमध्वजोऽग्निः।

शेरनी जैसी घरनी हूं ? वीर पिता की पुत्री, वीर की पत्नी एवं वीर पुत्र को उत्पन्न करने वाली, पराक्रम-द्रव्य से खरीदी गई मुझ जैसी कुछ और कर सकती है ? भरत, भगीरथ एवं नाभाग के सदृश राजाओं में श्रेष्ठ तुम्हारे पिता ने मेरा पाणिग्रहण किया है। सेवामें परायण अनेक सामन्तों की पत्नियों ने सुवर्ण के घड़े उठा कर मेरे सिर पर अभिषेक करके मेरी सेवा की है। मनोरथ से भी दुर्लभ महादेवीपद के पट्टबंध-सत्कार को मैंने अपने ललाट से प्राप्त कर लिया है। तुम्हारे सदृश पुत्रों ने शत्रु की पत्नियों द्वारा झले गए चँवर की हवा से चंचल चीनांशुक धारण करने वाले मेरे स्तनों का पान किया है। झुकती हुई सारे कटक (स्कन्धावार) की कुटुम्बिनियों के किरीट में लगे हुए माणिक्य की माला से पूजित मेरे चरण सपत्नियों के सिर पर रह चुके हैं। इस प्रकार मेरे सब अङ्ग कृतकृत्य हो गए हैं तो क्षीण पुण्यों वाली मैं अब किसकी चाह करूँ ? इसलिए अविधवा ही रह कर मरना चाहती हूँ। विधवा रति की भाँति मैं जले हुए अपने पति के शोक में निरर्थक प्रलाप नहीं कर सकती। तुम्हारे पिता की पैर की धूल के समान आकाश में अपने गमन को पहले ही सूचित करती हुई शूरानुरागिणी देवाङ्गनाओं के आदर का पात्र बनूंगी। आँखों के सामने देखे गए दारुण दुःख से जली हुई मुझे अग्नि क्या जलाएगी ? मरने से अधिक साहस का काम इस समय मेरा जीना है। स्नेह का इन्धन जिसका कभी समाप्त

मरणाच्च मे जीवितमेवास्मिन्समये साहसम्। अतिशीतलः पतिशोकानलादक्षयस्नेहेन्धनादस्मादनलः। कैलासकल्पे प्रवसति जीवेश्वरे जरत्तृणकणिकालघीयसि जीविते लोभ इति क घटते ? अपि च जीवन्तीमपि मां नरपतिमरणावधीरणमहापातकिनीं न स्प्रक्ष्यन्ति पुत्र ! पुत्रराज्यसुखानि। दुःखदग्धानां च भूतिरमङ्गला चाप्रशस्ता च निरुपयोगा च भवति। वत्स ! विश्वस्तानां यशसा स्थातुमिच्छामि लोके न वपुषा। तदहमेव त्वां तावत्तात ! प्रसादयामि न पुनर्मनोरथप्रातिकूल्येन कदर्थनीयास्मि।' इत्युक्त्वा पादयोरपतत्।

स तु ससंभ्रममपनीय चरणयुगलमवनमिततनुरुभयकरविधृतवपुषमवनितलगतशिरसमुदनमयन्मातरम्। दुर्निवारतां च शुचः समवधार्य कुलयोषिदुचितां च तामेव श्रेयसीं मन्यमानः क्रियां कृतनिश्चयां च तां ज्ञात्वा तूष्णीमधोमुखोऽभवत्।

अभिनन्दति हि स्नेहकातरापि कुलीनता देशकालानुरूपम्। देव्यपि यशोमती परिष्वज्य समाघ्राय च शिरसि निर्गत्य चरणाभ्यामेव चान्तः-

---

भूतिः समृद्धिः, भस्म च। विश्वस्तानां विधवानाम्।

नहीं होता ऐसे पति के इस शोकानल से कहीं चिता की आग शीतल है। कैलास के सदृश प्राणनाथ जब प्रवास कर रहे हैं तो पुराने तृण के टुकड़े की तरह तुच्छ जीवन के लिए लोभ की बात कहाँ घटती है ? हे पुत्र ! पुत्र के राज्यसुख राजा के मरण के तिरस्कारजन्य पातक वाली जीती हुई माँ मुझे स्पर्श नहीं करेंगे। जो दुःख से जल चुके हैं उनके लिए ऐश्वर्य अमंगल, अप्रशस्त और उपयोगरहित होता है। हे वत्स, मैं विधवाओं के यश से इस लोक में रहना चाहती हूँ, शरीर से नहीं। इसलिए मैं ही तुम्हें मनाती हूँ कि फिर मेरी इच्छा के प्रतिकूल मुझे दुःखी न करना।' यह कह कर पैर पर गिर गईं।

कुमार हर्ष ने शीघ्र अपने पैर हटा लिए और झुक कर दोनों हाथों से पकड़ लिया और सिर से जमीन पर टिकी हुई माता को उठा लिया। उन्होंने निश्चय किया कि शोक का हटाना कठिन है। कुलाङ्गनाओं के लिए उचित उसी क्रिया को उन्होंने श्रेयस्कर माना। माता को दृढ़प्रतिज्ञ जानकर चुपचाप अधोमुख हो रहे।

कुलीन लोग स्नेह से व्याकुल होकर भी देशकाल के अनुरूप आचार का अभिनन्दन करते हैं। देवी यशोमती ने पुत्र का आलिङ्गन कर और सिर सूंघ कर अन्तःपुर से पैदल ही निकल गई और पुरवासियों के आर्तनाद से प्रतिध्वनित दिशाओं से मानों

केसरिण इव केसरिणीं गृहिणीम् ? वीरजा वीरजाया वीरजननी च मादृशी पराक्रमक्रयक्रीता कथमन्यथा कुर्यात्। एवंविधेन पित्रा ते भरत-भगीरथनाभागनिभेन नरेन्द्रवृन्दारकेण गृहीतः पाणिः। आसेवितः सेवा-संभ्रान्तानन्तसामन्तसीमन्तिनीसमावर्जितजाम्बूनदघटाभिषेकः शिरसा। लब्धो मनोरथदुर्लभो महादेवीपट्टबन्धसत्कारलाभो ललाटेन। आपीतौ युष्मद्विधैः पुत्रैरमित्रकलत्रबन्दिवृन्दविधूयमानचामरमरुच्चलचीनांशुकधरौ पयोधरौ। सपत्नीनां शिरःसु निहितं नमन्निखिलकटककुटुम्बिनीकिरीट-माणिक्यमालार्चितं चरणयुगलकम्। एवं कृतार्थसर्वावयवा किमपरमपेक्षे क्षीणपुण्या ? भर्तुमविधवैव वाञ्छामि। न च शक्नोमि दग्धस्य स्वभर्तु-रार्यपुत्रविरहिता रतिरिव निरर्थकान्प्रलापान्कर्तुम्। पितुश्च ते पादधूलि-रिव प्रथमं गगनगमनमावेदयन्ती बहुमता भविष्यामि शूरानुरागिणीनां सुराङ्गनानाम्। प्रत्यग्रदृष्टदारुणदुःखदग्धायाश्च मे किं धक्ष्यति धूमध्वजः।

जाम्बूनदं सुवर्णम्। पादधूलिरिवेति। सापि प्रथमगतागमनमावेदयति। धक्ष्यति भस्मीकरिष्यति। धूमध्वजोऽग्निः।

शेरनी जैसी घरनी हूँ ? वीर पिता की पुत्री, वीर की पत्नी एवं वीर पुत्र को उत्पन्न करने वाली, पराक्रम-द्रव्य से खरीदी गई मुझ जैसी कुछ और कर सकती है ? भरत, भगीरथ एवं नाभाग के सदृश राजाओं में श्रेष्ठ तुम्हारे पिता ने मेरा पाणिग्रहण किया है। सेवामें परायण अनेक सामन्तों की पत्नियों ने सुवर्ण के घड़े उठा कर मेरे सिर पर अभिषेक करके मेरी सेवा की है। मनोरथ से भी दुर्लभ महादेवीपद के पट्टबंध-सत्कार को मैंने अपने ललाट से प्राप्त कर लिया है। तुम्हारे सदृश पुत्रों ने शत्रु की पत्नियों द्वारा झले गए चँवर की हवा से चंचल चीनांशुक धारण करने वाले मेरे स्तनों का पान किया है। झुकती हुई सारे कटक (स्कन्धावार) की कुटुम्बिनियों के किरीट में लगे हुए माणिक्य की माला से पूजित मेरे चरण सपत्नियों के सिर पर रह चुके हैं। इस प्रकार मेरे सब अङ्ग कृतकृत्य हो गए हैं तो क्षीण पुण्यों वाली मैं अब किसकी चाह करूँ ? इसलिए अविधवा ही रह कर मरना चाहती हूँ। विधवा रति की भाँति मैं जले हुए अपने पति के शोक में निरर्थक प्रलाप नहीं कर सकती। तुम्हारे पिता की पैर की धूल के समान आकाश में अपने गमन को पहले ही सूचित करती हुई शूरानुरागिणी देवाङ्गनाओं के आदर का पात्र बनूंगी। आँखों के सामने देखे गए दारुण दुःख से जली हुई मुझे अग्नि क्या जलाएगी ? मरने से अधिक साहस का काम इस समय मेरा जीना है। स्नेह का इन्धन जिसका कभी समाप्त

मरणाच्च मे जीवितमेवास्मिन्समये साहसम्। अतिशीतलः पतिशोकानलादक्षयस्नेहेन्धनादस्मादनलः। कैलासकल्पे प्रवसति जीवेश्वरे जरत्तृणकणिकालघीयसि जीविते लोभ इति क घटते? अपि च जीवन्तीमपि मां नरपतिमरणावधीरणमहापातकिनीं न स्प्रक्ष्यन्ति पुत्र! पुत्रराज्यसुखानि। दुःखदग्धानां च भूतिरमङ्गला चाप्रशस्ता च निरुपयोगा च भवति। वत्स! विश्वस्तानां यशसा स्थातुमिच्छामि लोके न वपुषा। तदहमेव त्वां तावत्तात! प्रसादयामि न पुनर्मनोरथप्रातिकूल्येन कदर्थनीयास्मि।' इत्युक्त्वा पादयोरपतत्।

स तु ससंभ्रममपनीय चरणयुगलमवनमिततनुरुभयकरविधृतवपुषमवनितलगतशिरसमुदनमयन्मातरम्। दुर्निवारतां च शुचः समवधार्य कुलयोषिदुचितां च तामेव श्रेयसीं मन्यमानः क्रियां कृतनिश्चयां च तां ज्ञात्वा तूष्णीमधोमुखोऽभवत्।

अभिनन्दति हि स्नेहकातरापि कुलीनता देशकालानुरूपम्। देव्यपि यशोमती परिष्वज्य समाघ्राय च शिरसि निर्गत्य चरणाभ्यामेव चान्तः-

---

भूतिः समृद्धिः, भस्म च। विश्वस्तानां विधवानाम्।

नहीं होता ऐसे पति के इस शोकानल से कहीं चिता की आग शीतल है। कैलास के सदृश प्राणनाथ जब प्रवास कर रहे है तो पुराने तृण के टुकड़े की तरह तुच्छ जीवन के लिए लोभ की बात कहाँ घटती है? हे पुत्र! पुत्र के राज्यसुख राजा के मरण के तिरस्कारजन्य पातक वाली जीती हुई भी मुझे स्पर्श नहीं करेंगे। जो दुःख से जल चुके हैं उनके लिए ऐश्वर्य अमंगल, अप्रशस्त और उपयोगरहित होता है। हे वत्स, मैं विधवाओं के यश से इस लोक में रहना चाहती हू, शरीर से नहीं। इसलिए मै ही तुम्हें मनाती हूँ कि फिर मेरी इच्छा के प्रतिकूल मुझे दुःखी न करना।' यह कह कर पैर पर गिर गईं।

कुमार हर्ष ने शीघ्र अपने पैर हटा लिए और झुक कर दोनों हाथों से पकड़ लिया और सिर से जमीन पर टिकी हुई माता को उठा लिया। उन्होंने निश्चय किया कि शोक का हटाना कठिन है। कुलाङ्गनाओं के लिए उचित उसी क्रिया को उन्होंने श्रेयस्कर माना। माता को दृढ़प्रतिज्ञ जानकर चुपचाप अधोमुख हो रहे।

कुलीन लोग स्नेह से व्याकुल होकर भी देशकाल के अनुरूप आचार का अभिनन्दन करते हैं। देवी यशोमती ने पुत्र का आलिङ्गन कर और सिर सूंघ कर अन्तःपुर से पैदल ही निकल गईं और पुरवासियों के आर्तनाद से प्रतिध्वनित दिशाओं से मानों

पुरात्पौराक्रन्दप्रतिशब्दनिर्भराभिरुपरुध्यमानेव दिग्भिः सरस्वतीतीरं ययौ। तत्र च स्त्रीस्वभावकातरैर्दृष्टिपातैः प्रविकसितरक्तपङ्कजपुञ्जैरिवार्चयित्वा भगवन्तं भानुमन्तमिव मूर्तिरैन्दवी चित्रभानुं प्राविशत्। इतरोऽपि मातृमरणविह्वलो बन्धुवर्गपरिवृतः पितुः पार्श्वं प्रायात्। अपश्यच्च स्वल्पावशेषप्राणवृत्तिं परिवर्त्यमानतारकं तारकराजमिवास्तमभिलषन्तं जनयितारम्। असह्यशोकोद्रेकाभिद्रुतश्च त्याजितः स्नेहेन धैर्यम्। आश्लिष्यास्य सकलदुर्मदमहीपालमौलिमालालालितौ पादपद्मावन्तस्तापान्मुखचन्द्रमिव द्रवीभवन्तं दशनज्योत्स्नाजालमिव जलतामापद्यमानं लोचनलावण्यमिव विलीयमानं मुखसुधारसमिव स्यन्दमानम्, अच्छाच्छमश्रुस्रोतसां संतानं महामेघमयविलोचन इव वर्षन्निरवग्रहमुक्तारावश्चिरं रुरोद।

राजा तु तमुपरुध्यमानदृष्टिरविरतरुदितशब्दाश्रितश्रवणः प्रत्यभिज्ञाय शनैः शनैरवादीत्—"पुत्र! नार्हस्येवं भवितुम्। भवद्विधा न ह्यमहासत्त्वाः। महासत्त्वता हि प्रथममवलम्बनं लोकस्य पश्चाद्राजबीजिता।

अमावास्यायामिन्दुर्भानुमन्तं प्रविशतीति प्रसिद्धम्। चित्रभानुमग्निम्। तारकराजं चन्द्रम्। असह्येत्यादौ चिरं रुरोदेति संबन्धः। उद्रेक आधिक्यम्।

उपरुध्यमाना उपरोधवती दृष्टिर्बुद्धिर्यस्य सः। अवलम्बनमाश्रयः। राजबीजिता

रोकी जाने पर भी सरस्वती के तीर पर आ गई। वहाँ स्त्रीस्वभाव के कारण अपनी कातर दृष्टियों के कमलों से अर्चना करके भगवान् अग्निदेव में उस प्रकार प्रवेश किया जैसे चन्द्रमा की कला सूर्य में प्रवेश करती है। माता के मरण से विह्वल हर्ष भी बन्धुओं के बीच घिर कर पिता के समीप पहुँचे। जिनके प्राण कुछ-कुछ बच रहे थे और जो आँखें तरेरते जा रहे थे ऐसे पिता को अस्त होना ही चाहते हुए चन्द्रमा के समान देखा। असह्य शोक के आवेग से अभिभूत हो जाने से स्नेह के कारण उनका धैर्य टूट गया। समस्त दुर्मद राजाओं की मौलिमाला से लालित पिता का चरणकमल पकड़ कर बैठ गए। ताप के कारण मानों उनका मुखचन्द्र द्रवीभूत हो रहा था, या दाँतों की ज्योत्स्ना ही जल बनती जा रही थी, या आँखों का सौन्दर्य पिघल रहा था, या मुख का अमृतरस ही टपक रहा था, इस प्रकार वे महामेघ के समान अपनी आँखों से आँसू का प्रवाह बरसाने लगे और पुक्का फाड़ कर देर तक रोते रहे।

राजा की दृष्टि मुंद गई थी, फिर भी हमेशा कुमार के रोने की आवाज के कान में आने से जान कर वे धीरे-धीरे बोले—'पुत्र, ऐसे न बनो। तुम महासत्त्व हो। महा-

सत्त्ववतां चाग्रणीः सर्वातिशयाश्रितः क्व भवान्, क्व वैक्लव्यम्? 'कुलप्रदीपोऽसि' इति दिवसकरसदृशतेजसस्ते लघूकरणमिव। 'पुरुषसिंहोऽसि' इति शौर्यपटुप्रज्ञोपबृंहितपराक्रमस्य निन्देव। 'क्षितिरियं तव' इति लक्षणाख्यातचक्रवर्तिपदस्य पुनरुक्तमिव। 'गृह्यतां श्रीः' इति स्वयमेव श्रिया परिगृहीतस्य विपरीतमिव। 'अध्यास्यतामयं लोकः' इत्युभयलोकविजिगीषोरपुष्कलमिव। 'स्वीक्रियतां कोश' इति शशिकरनिकरनिर्मलयशःसंचयैकाभिनिवेशिनो निरुपयोगमिव। 'आत्मीक्रियतां राजकम्' इति गुणगणात्मीकृतजगतो गतार्थमिव। 'उह्यतां राज्यभारः' इति भुवनत्रयभारवहनोचितस्यानुचितनियोग इव। 'प्रजाः परिरक्ष्यन्ताम्' इति दीर्घदोर्दण्डार्गलितदिङ्मुखस्यानुवाद इव। 'परिजनः परिपाल्यताम्' इति लोकपालोपमस्यानुषङ्गिकमिव। 'सातत्येन शस्त्राभ्यासः कार्यः' इति धनुर्गुणकिणकलङ्ककालीकृतप्रकोष्ठस्य किमादिश्यते। 'निग्राह्यतां चापल-

---

राजान्वयिता। कुलप्रदीपोऽसीत्यादौ पूर्ववदाक्षेपाभ्यूहः। आनुषङ्गिकं प्रस्तावागतम्।

सत्त्वता ही लोक का पहला आलम्बन है, फिर राजपुत्रता। सत्त्ववान् लोगों के अग्रणी और सब में बढ़े चढ़े कहाँ तुम और कहाँ यह व्याकुलता? 'तुम कुल के दीपक हो' यह कहना सूर्य सदृश तेजस्वी तुम्हे कम करने के समान है। 'तुम पुरुषसिंह हो' यह कहना शौर्य और प्रखर बुद्धि द्वारा बढ़े हुए पराक्रम वाले तुम्हारी निन्दा के समान है। 'यह पृथिवी तुम्हारी है' यह कहना लक्षण से ही जाने गए चक्रवर्ती के पद वाले तुम्हारे लिए दुहराने के समान है। 'श्री का ग्रहण करो' यह कहना स्वयं ही श्री के द्वारा स्वीकार किए गए तुम्हारे विपरीत है। 'इस संसार में राज्य करो' यह कहना दोनों लोकों को जीतने की इच्छा रखने वाले तुम्हारे लिए पर्याप्त नहीं। 'खजाने को स्वीकार करो' यह कहना चन्द्र की किरणों के समान निर्मल यशसमूह का ही एक अभिनिवेश रखने वाले तुम्हारे लिए किसी उपयोग का नहीं। 'राजसमूह को अपनाओ' यह कहना अपने गुणों से संसार को अपनाने वाले तुम्हारे लिए कोई नई बात नहीं। 'राज्यभार का वहन करो' यह कहना तीनों भुवन के भारवहन करने योग्य तुम्हारे लिए अनुचित आज्ञा है। 'प्रजाओं की रक्षा करो' यह कहना अपने लम्बे भुजदण्ड से दिशाओं को रोक रखने वाले तुम्हारे लिए अनुवाद मात्र है। 'परिजन की रक्षा करो' यह कहना लोकपालों के सदृश तुम्हारे लिए आनुषङ्गिक है। 'नियम से शस्त्राभ्यास करना' यह कहना धनुष की डोर की रगड़ खाने से काले प्रकोष्ठ वाले तुम्हारे लिए

जातम्' इति नूतनतरवयसि निगृहीतेन्द्रियस्य निरवकाशेव मे वाणी। 'निरवशेषतां शत्रवो नेयाः' इति सहजस्य तेजस एवेयं चिन्ता।" इत्येवं वदन्नेवापुनरुन्मीलनाय निमिमील राजसिंहो लोचने प्रत्यपद्यत च पूषात्मजः।

अस्मिन्नेवान्तरे पूषाप्यायुषेव तेजसा व्ययुज्यत ततश्च लज्जमान इव नरपतिजीवितापहरणजनितादात्मजापराधादधोमुखः समभवत्। भूपालाभावशोकशिखिनेवान्तस्ताप्यमानस्ताम्रतां प्रपेदे। मन्दं मन्दमप्रियप्रश्नार्थमिव लौकिकीं स्थितिमनुवर्तमानोऽवातरद्दिवः। दित्सुरिव जनेशाय जलाञ्जलिमपरजलनिधिसमीपमुपससर्प। सद्योदत्तजलाञ्जलिर्दुःखदहनदग्धमिव करसहस्रमालोहितमाधत्त।

एवं च महानराधिपनिधननिधीयमानविपुलवैराग्य इव शान्तवपुषि, विशति गिरिगुहागह्वरं गभस्तिमालिनि, समुपोह्यमानमहाजनाश्रुदुर्दिना-

---

अपुनरुन्मीलनाय पुनरप्रबोधनाय। निमिमीलन्यमीलयत।

पूष्ण आत्मजो यमः। प्रत्यपद्यत प्राप्तः।

एवं चेत्यादौ। अस्मिन्सति नरेन्द्रो हुताशनसत्क्रियया यशःशेषतामनीयतेति संबन्धः। गभस्तीन्रश्मीन्मलते धारयतीति गभस्तिमाली सूर्यस्तस्मिन्। समुपो-

---

आदेश क्या देना है? 'चपलनाओं पर निग्रह करना' यह बात नवीनतर इस वय में इन्द्रियों को वश में रखने वाले तुम्हारे लिए घटती नहीं। 'अपने शत्रुओं को समाप्त करना' यह सहज तेज वाले तुम्हारे लिए अफसोस की बात है।" यह कहते-कहते ही राजा ने हमेशा के लिए आँखें बन्द कर लीं और यम पहुंच आया।

इसी बीच सूर्य भी आयु की भांति अपने तेज से रहित हो गया और मानों राजा के प्राण हरने से उत्पन्न अपने पुत्र यम के अपराध के कारण मुंह नीचा करके लज्जित होने लगा। राजा के अभाव के शोकानल से मानों भीतर ही भीतर संतप्त होते हुए ताम्र वर्ण का हो गया। लोकमर्यादा के अनुसार इस अप्रिय समाचार को पूछने के लिए (राजा की मृत्यु कैसे हुई?) धीरे-धीरे आकाश से उतर गया। मानों मरे हुए राजा को जलांजलि देने के लिये पश्चिम समुद्र के समीप पहुँचा, शीघ्र जलाञ्जलि दी और मानों दुःख की अग्नि से जल जाने से लाल अपने हजारों करों (हाथों या किरणों) को धारण किया।

इस प्रकार महाराज के कारण अत्यन्त वैराग्य करके शान्त भाव से सूर्य ने पर्वत की कन्दरा में प्रवेश किया। बड़े लोगों के अश्रु की निरन्तर वर्षा से आतप ठढ़ा पड़ गया। समस्त लोगों के रोने से लाल नेत्रों की कान्ति से मानों संसार लाल वर्ण का हो गया।

र्द्रीकृत इव निर्वात्यातपे, रोदनताम्रसकललोकलोचनरुचेव लोहितायति जगति, उष्णायमानानेकनरनिःश्वाससंतापप्लुष्ट इव च नीलायमाने दिवसे, नृपानुगमनप्रचलितयेव लक्ष्म्या मुच्यमानासु कमलिनीषु, पतिशुचेव परिवृतच्छायायां श्यामायमानायां भुवि, कुलपुत्रेष्विव परित्यक्तकलत्रेषु कृतकरुणप्रलापेषु वनान्तानाश्रयत्सु दुःखितेषु चक्रवाकेषु, छत्रभङ्गभीतेष्विव निगूढकोशेषु कुशेशयेषु, स्फुटितदिग्वधूहृदयरुधिरपटलप्लव इव गलिते रक्तातपे, क्रमेण च लोकान्तरमुपगतवत्यनुरागशेषे जाते तेजसामधीशे, गगनतलवितन्यमानबहलरागपाटलायां प्रेतपताकायामिव प्रवृत्तायां संध्यायां, शवशिबिकालंकारकृष्णचामरमालास्विव स्फुरन्तीषु दर्शनप्रतिकूलासु तिमिरलेखासु, असितागुरुकालकाष्ठायां केनापि चितायामिव रचितायां रजन्यां, दन्तामलपत्रप्रसाधितकर्णिकासु केसरमालाकल्पितमुण्डमालिकासु, अनुमर्तुमिवोद्यतासु प्रहसितमुखीषु कुमुदलक्ष्मीषु,

---

ध्मायमानं वर्धमानम्। निर्वात्य शाम्यति सति। यश्चार्द्रीकृतः सोऽवश्यं निर्वाति शीतलीभवति। छायातपप्रतिपक्षजातिः, कान्तिश्च। श्यामा रात्रिः, नायिका च। वनं तोयम्, विपिनं च। छत्रभङ्गो राजदण्डः, पत्राणां च छत्राकारताभेदः। कोशो गञ्जः, कर्णिका च। अनुरागो भक्तिः, लौहित्यं च। तेजसामधीशो राजापि। शवशिबिका मृतयानम्। चामरमाला अपि दर्शनप्रतिकूलाः। काष्ठा दिशः, दारु च।

अनेक लोगों की गरम सांस के संताप से झुलस कर मानों दिन नील वर्ण का होने लगा। मानों राजा के पीछे-पीछे चल पड़ी लक्ष्मी ने कमलिनियों को छोड़ दिया। छाया से ढंकी हुई पृथिवी मानों पति के शोक में श्याम होने लगी। कुलपुत्रों की भाँति चक्रवाकों ने दुखी हो कर अपने कलत्र का त्याग कर दिया और करुण रोदन करने लगे एवं वनों में जाकर बसेरा लिया। कमलों ने मानों राजा के विनाश से डर कर अपने कोश (धनराशि या बीजकोश) को छिपा लिया। दिग्वधुओं के फटे हुए हृदय की रुधिर की धार के समान रक्तातप विगलित होने लगा। क्रम से अनुरागशेष होकर सूर्य लोकान्त में चला गया। आकाशमण्डल में टहाका लाल वर्ण वाली संध्या प्रेतों की पताका के समान फैल गई। शव-शिबिका (अरथी) में शोभा के लिए लगाए गए काले चंवरों की मालाओं के समान दर्शन के अयोग्य अन्धकार की लेखाएँ स्फुरित होने लगीं। अगुरु वृक्ष के काले काष्ठों से मानों किसी ने रजनी के रूप में चिता का निर्माण किया। कुमुदलक्ष्मियाँ निर्मल पत्र रूपी दन्तपत्र और कर्णिका (बीजकोशरूपी कर्णालंकार) से प्रसाधन कर एवं केसर (पराग, बकुल) की मुण्डमाला पहन कर अनुमरण के लिए हँसते-हँसते तैयार

अवतरत्त्रिदशविमानकिङ्किणीक्वणित इव श्रूयमाणे शाखिशिखरकुलायलीयमानशकुनिकुलकूजिते, नाकपथप्रस्थितपार्थिवप्रत्युद्गतपुरुहूतातपत्र इव पूर्वस्यां दिशि दृश्यमाने चन्द्रमसि, नरेन्द्रः स्वयं समर्पितस्कन्धैर्गृहीत्वा शवशिबिकां शिबिसमः सामन्तैः पौरैश्च पुरोहितपुरःसरैः सरितं सरस्वतीं नीत्वा नरपतिसमुचितायां चितायां हुताशसत्क्रियया यशःशेषतामनीयत।

देवोऽपि हर्षः पुञ्जीभूतेन सकलेनेव जीवलोकेन लोकेन राजकुलसंबद्धेनाशेषेण शोकमूकेन परिवृतोऽन्तर्वर्तिनापि शोकानलतप्तेन स्नेहद्रवेण बहिरिव सिच्यमानो निर्व्यवधानायां धरण्यामुपविष्ट एव तां निशीथिनीं भीमरथीभीमामखिलां सराजको जजागार। अजनि चास्य चेतसि—ताते दूरीभूते संप्रत्येतावान्खलु जीवलोकः, लोकस्य भग्नाः पन्थानः, मनोरथानां खिलीभूतानि भूतिस्थानानि, स्थगितान्यानन्दस्य द्वाराणि, सुप्ता सत्यवादिता, लुप्ता लोकयात्रा, विलीना बाहुशालिता, प्रलीना प्रियाला-

---

काष्ठदन्तवत्तस्य चामलं पत्रम्। कर्णिका कर्णाभरणं च। केसरशब्दः किंजल्कबकुलयोः। शिबिर्नाम राजर्षिरभूत्।

निशीथिनीं रात्रिम्। भीमरथी नरकनदी, कालरात्रिर्वा। अन्ये तु सप्तसप्तत्या वर्षैस्तत्संख्यैश्च मासैर्दिनैश्च तावद्भिर्गतैरेका रात्रिर्भीमरथी भवति, तामतिक्रान्तो वर्षशतजीवी नरो भवतीति प्राहुः। जीवलोकः संसारः। खिलीभूतानि शून्यानि। लोकयात्रा व्यवहारः।

दी गई। उतरते हुए देव-विमान की किंकिणियों की आवाज के समान वृक्षों के शिखर पर घोंसलों में बैठते हुए पक्षी चहचहाने लगे। स्वर्ग-मार्ग में प्रस्थान किए हुए राजा के स्वागत में सिंहासन से उठे छत्र की भाँति पूर्व दिशा में चन्द्र दिखाई देने लगा। उसी समय पुरोहितों के आगे आगे सामन्तों और पुरवासियों ने स्वयं अपने कंधे लगा कर अरथी को उठाया और सरस्वती नदी के तीर पर ले जाकर सजाई गई चिता में अग्नि-संस्कार करके राजा को यशःशेष कर दिया।

देव हर्ष ने भी मानों सारे संसार के एकत्र हुए राजकुल से सम्बद्ध उन लोगों के साथ जो शोक के कारण चुपचाप थे, घिर कर, मानों भीतरी भी शोकानल से तप्त स्नेह के द्रव से बाहर सिंचे हुए, बिना बिछाए खरहने जमीन पर बैठे ही बैठे राजाओं के साथ नरक की नदी के समान भयंकर उस कालरात्रि को जगे हुए व्यतीत किया। वे मन में सोचने लगे—'तात के चले जाने पर यह विशाल जीवलोक अनाथ हो गया। लोक की मर्यादाएँ भग्न हो गईं। मनोरथों के उत्पन्न होने के स्थान नहीं रहे। आनन्द के द्वार

पिता, प्रोषिताः पुरुषकारविहारविकाराः, समाप्ता समरशौण्डता, ध्वस्ता परगुणप्रीतिः, विश्रान्ता विश्वासभूमयः, अपदान्यपदानानि, निरुपयोगानि शास्त्राणि, निरवलम्बना विक्रमैकरसता, कथावशेषा विशेषज्ञता, ददातु जनो जलाञ्जलिमौर्जित्याय, प्रतिपद्यतां प्रव्रज्यां प्रजापालता, बध्नातु वैधव्यवेणीं वरमनुष्यता, समाश्रयतु राजश्रीराश्रमपदम्, परिधत्तां धवले वाससी वसुमती, वहतु वल्कले विलासिता, तपस्यतु तपोवनेषु तेजस्विता, प्रावृणोतु चीवरे वीरता, क गम्यतां पुनस्तस्य कृते कृतज्ञतया, क पुनः प्राप्स्यति तादृशान्महापुरुषनिर्माणपरमाणून्परमेष्ठी, शून्याः संवृत्ता दश दिशो गुणानाम्, जगज्जातमन्धकारं धर्मस्य, निष्फलमधुना जन्म शस्त्रोपजीविनाम्। तातेन विना कुतस्त्यास्तादृश्यो दिवसमसम-समररससमारब्धकलहकथाकण्टकितसुभटकपोलभित्तयो वीरगोष्ठ्यः। अपि नाम स्वप्नेऽपि दृश्येत दीर्घरक्तनयनं पुनस्तन्मुखसरोजम्, जन्मान्तरेऽपि पुनः परिष्वज्येत तल्लोहस्तम्भाभ्यधिकगरिमगर्भं भुजयुगलम्। लोकान्तरेऽपि पुत्रेत्यालपतः पुनः पुनः श्रूयेत सा सुधारसमुद्गिरन्ती

प्रावृणोतु परिदधातु। कलहो रणः।

बंद हो गए। सत्यवादिता सो गई। संसार के काम-काज लुप्त हो गए। बाहु का वीर्य विलीन हो गया। प्रिय बातचीत खत्म हो गई। दूसरे के गुणों के प्रति प्रेम ध्वस्त हो गया। विश्वास के पात्र जन नहीं रहे। अपदानों (वीरता के विलक्षण कार्य) के लिये कोई स्थान न रहा। शास्त्रों की कोई उपयोगिता न रही। पराक्रम के प्रति एकरसता निराधार हो गई। विशेषज्ञता सिर्फ कहने के लिए रह गई। अब लोग तेजस्विता को जलांजलि दे दें। प्रजापालन के कर्म संन्यास ले लें। श्रेष्ठ मनुष्यता वैधव्य की वेणी बांध ले। राजलक्ष्मी आश्रम में जाकर निवास करे। पृथिवी उज्ज्वल वस्त्रयुगल पहन ले। विलासिता वल्कल धारण कर ले। तेजस्विता तपोवन में जा कर तपस्या करे। वीरता चीवर ओढ़ ले। कृतज्ञता उनके बदले फिर कहाँ जाय? ब्रह्मा उस प्रकार के महापुरुषों के निर्माण के लिए परमाणुओं को फिर से कहाँ पाएगा? गुणों के लिए सारी दिशाएं शून्य हो गईं। धर्म के लिए अन्धकार बन गया। शस्त्रोपजीवी लोगों का जन्म अब निष्फल हो गया। तात के बिना वीरों की वे गोष्ठियां, जिनमें अपूर्व समर-रस के कारण कलह के सम्बन्ध की बातचीत से वीरों के कपोल पर रोमाञ्च हो उठता था, कहाँ की रह गईं? काश, स्वप्न में भी दीर्घ और लाल नेत्रों वाला उनका मुख-कमल फिर से दीख जाता! जन्मान्तर में भी फिर से लोहे के स्तम्भ के समान उनका भुज-युगल हमारा आलिङ्गन करता! लोकान्तर में भी बार-बार 'पुत्र-पुत्र' पुकारते

मथ्यमानक्षीरसागरोद्गारगम्भीरा भारतीति। एतानि चान्यानि च चिन्तयत एवास्य कथमपि सा क्षयमियाय यामिनी।

ततः शुचेव मुक्तकण्ठमारटत्सु कृकवाककुलेषु, गृहगिरितरुशिखरेभ्यः पातयत्स्वात्मानं मन्दिरमयूरेषु, परित्यक्तनिजनिवासेषु च वनाय प्रस्थितेषु पत्ररथेषु, सद्यस्तनूभूते ताम्यति तमसि, मन्दीभूतात्मस्नेहेष्वभावमाभिलपत्सु प्रदीपेषु, स्फुरदरुणकिरणवल्कलप्रावृतवपुषि प्रव्रज्यामिव प्रतिपन्ने नभसि, प्रभातसमयेन समुत्तीर्यमाणासु पार्थिवास्थिशकलकलास्विव कलविङ्ककंधराधूसरासु तारकासु भूभृद्धातुगर्भकुम्भधारिषु विविधसरःसरित्तीर्थाभिमुखेषु प्रस्थितेषु वनकरिकुलेषु, शावशुचिसिक्थपटलपाण्डुरे पिण्ड इवापरपयोनिधिपुलिनपरिसरे पात्यमाने शशिनि, क्रमेण च नृपचितानलधूमविसरधूसरीकृततेजसीव, नरपतिशोकपावकदाहकिरणकलङ्ककालीकृतचेतसीव, प्रोषितसमस्तान्तःपुरपुरंध्रिमुखचन्द्रवृन्दोद्वेगविद्राणवपुषीव, प्रथमास्तमितरोहिणीरणरणकविमनसीव चास्त-

ततः शुचेत्यादौ। चचाल स्नानाय देवो हर्ष इति संबन्धः। शुचेवेति। गृहे गिर्यादौ योज्यम्। स्नेहः प्रेम, तैलं च। अरुणो रविसारथिः, लोहितं चारुणम्। कलविङ्को ग्रामचटकः। भूभृद्गिरिः, राजा च। धातवो लघून्यस्थीनि, गैरिकाद्याश्च। कुम्भौ कपाटौ, घटश्च कुम्भः। शावे धूसरे शवसंबन्धिनि च। सिक्थं भक्तम्, मधू-

हुए उनकी अमृतरस का उद्गिरण करती हुई, मथे जाते हुए समुद्र के निकले उद्गार के समान गम्भीर वाणी बार-बार सुन पड़ती' इस तरह और अन्य प्रकार की चिन्ता करते करते किसी प्रकार वह रात बीत गई।

तत्पश्चात् मानों शोक से मुर्गे गला फाड़कर टर्राने लगे। भवन के मयूर कृत्रिम पर्वतों के वृक्षों से अपने को गिराने लगे। हंस अपना-अपना स्थान छोड़ कर वन के लिए प्रस्थान करने लगे। तुरंत ही कृश होकर अंधकार दुखी होने लगा। अपने स्नेह (तैल या प्रेम) के कम पड़ जाने से प्रदीप बुझने लगे। अरुण की लाल किरण का वल्कल ओढ़ कर मानों आकाश ने सन्यास ले लिया। कलविंक पक्षी की कंधरा के समान धूसर वर्ण वाले तारे सम्राट् के फूल के समान उतरने लगे। राजा के फूल (अस्थिशेष) से युक्त कलश को लेकर विविध सरोवरों, नदियों और तीर्थों की ओर हाथी चल पड़े। प्रेत के लिए पवित्र भात के उजले पिण्डे के समान चन्द्रमा पश्चिम समुद्र के तट के पुलिन पर लुढ़का दिया गया। क्रम से चन्द्रमा का तेज मानों राजा के चितानल के धूमसमूह के फैलने से मंद पड़ गया, या

मुपगते रजनिकरे, राजतीव देवे दिवमारूढे सवितरि, परिवृत्ते राज्य इव रजनीप्रबन्धे, प्रबुद्धराजहंसमण्डलप्रबोध्यमानः पङ्कजाकर इव चचाल स्नानाय देवो हर्षः। ततश्च नूपुररवविराममूकमन्दमन्दिरहंसेषु, शोकाकुलकतिपयकञ्चुकिमात्रावशेषेषु शुद्धान्तेषु, पतितयूथप इव वनगजयूथे, कक्ष्यान्तरवर्तिनि पितृपरिजने, विषादिन्युपरिरुदन्निषादिनि च स्तम्भनिषण्णे, निष्पन्दमन्दे राजकुञ्जरे, मन्दुरापालकाक्रन्दव्यथिते वाजिरभाजि राजवाजिनि, विश्रान्तजयशब्दकलकले च शून्ये च महास्थानमण्डपे दह्यमानदृष्टिर्निर्जगाम राजकुलात्। अगाच्च सरस्वतीतीरम्। तस्यां स्नात्वा पित्रे ददावुदकम्। अपस्नातश्चानिष्पीडितमौलिरेव परिधायोद्गमनीयदुकूलवाससी निःश्वासपरो निरातपत्रो निरुत्सारणः समुपनीतेऽपि सप्तौ चरणाभ्यामेव नासाग्रासक्तेन रक्ततामरसताम्रेण चक्षुषा

च्छिष्टं च। 'राजहंसास्तु ते चञ्चुचरणैर्लोहितैः सिताः'। राजहंसा इव राजानः, हंसाश्च। ततश्चेत्यादौ। अस्मिन्सति दह्यमानदृष्टिर्निर्जगाम राजकुलादिति संबन्धः। निषादी हस्तिपकः। अपस्नातेत्यादौ। भवनमाजगामेति संबन्धः। अपस्नातो मृतस्नातः। मौलयः केशाः। 'तत्स्यादुद्गमनीयं यद्धौतयोर्वस्त्रयोर्युगम्'। सप्तौ हये।

मानो राजा के शोक की जलती हुई अग्नि के कारण उसका चित्त कलंक के रूप में काला पड़ गया, या मानों स्वर्ग में गई हुई अन्तःपुर की समस्त पुरन्ध्रियों के मुखचन्द्र के उद्वेग से वह भागने लगा, या मानों पहले अस्त हुई रोहिणी की उत्कण्ठा से उदास हो गया। इस प्रकार चन्द्रमा डूब गया और सूर्य आकाश में उदित हुआ। राज्य के समान रात का समय पलट गया। तब जैसे राजहंस पहले जग कर कमल को जगाते हैं उसी प्रकार कुमार जगे हुए राजाओं द्वारा जगाए जाने पर उठे। तब अन्तःपुरों में रमणियों के नूपुररव के समाप्त हो जाने से भवन के हंस मूक और मन्द हो गए। केवल वहाँ कुछ कंचुकी ही बच रहे। कक्ष्याओं में रहने वाले पिता के परिजन उन जंगली हाथियों की तरह लगने लगे जिनका मेठ (मुखिया) न रहा। राजा का निजी हाथी आलानस्तम्भ में टिक कर विषाद में मग्न और निस्तब्ध होकर पड़ा रहा और उसका महावत रो रहा था। अश्वपाल के आर्तनाद से व्यथित हो कर राजा का निजी अश्व आंगन में पड़ा रहा। सारा महास्थानमंडप जयजयकार के कलकल से रहित और सूना-सूना हो रहा था। देव हर्ष इन पर दृष्टिपात करते हुए राजकुल से निकले और सरस्वती के तीर पर पहुंचे। नदी में स्नान करके पिता को जल दिया। प्रेत कार्य के लिए स्नान कर सिर का पानी बिना गारे ही उन्होंने उज्ज्वल दुकूल वस्त्र धारण किए। बार-बार दीर्घ श्वास लेते रहे। बिना छत्र के

हृदयावशेषस्यापि पितुर्दाहशङ्कया शोकाग्निमिव उद्गिरन्नताम्बूलस्यापि सुचिरप्रक्षालितस्य कल्पतरुकिसलयकोमलस्येव स्वभावपाटलस्याधरस्याधरपल्लवस्य प्रभया मांसरुधिरकवलानिव हृदयाभिघातादुद्वमन्नुष्णनिःश्वासमोक्षैर्भवनमाजगाम ।

राजवल्लभास्तु भृत्याः सुहृदः सचिवाश्च तस्मिन्नेवाहनि निर्गत्य प्रियं पुत्रदारमुत्सृज्योद्बाष्पैर्बन्धुभिर्वार्यमाणा अपि बहुनृपगुणगणहृतहृदयाः केचिदात्मानं भृगुषु बबन्धुः, केचित्तत्रैव तीर्थेषु तस्थुः, केचिदनशनैरास्तीर्णतृणकुशा व्यथमानमानसाः शुचमसमामशमयन्, केचिच्छलभा इव वैश्वानरं शोकावेगविवशा विविशुः, केचिद्दारुणदुःखदहनदह्यमानहृदया गृहीतवाचस्तुषारशिखरिणं शरणमुपाययुः, केचिद्विन्ध्योपत्यकासु

भृगुषु प्रपातेषु । कुलोऽत्र संध्या ।

और लोगों को हटाने वाले प्रतीहारों के बिना ही वे लाए गए भी घोड़े पर सवार न हो कर पैदल ही भवन तक आए। उनकी कमल के समान लाल आँखें नासाग्र पर टिकी थीं, मानों हृदय के रूप में बचे हुए पिता के जल जाने की शंका से शोकाग्नि को बाहर निकाल रहे थे। उनका अधरपल्लव ताम्बूलरहित होने पर भी अत्यन्त स्वच्छ और कल्पवृक्ष के पल्लव के समान कोमल और स्वभावतः लाल था। उसकी प्रभा के रूप में मानों वे अपने हृदय पर पड़े हुए शोकरूपी वज्र के आघात से उष्ण श्वास लेते हुए मांस और रुधिर के ग्रास उगल रहे थे।

राजा के अत्यन्त प्रिय भृत्य, मित्र और सचिव रोते हुए बन्धुओं से रोके जाने पर भी राजा के गुणों के प्रति मुग्ध हो कर अपने प्रिय पुत्र और स्त्री को छोड़ उसी दिन निकल गये। कुछ ने भृगुपतन स्थान में अपने आप को नीचे गिरा कर आत्माहुति दे दी, या भृगुओं में अनुरक्त हुए। कुछ तीर्थयात्रा के लिए गए और वहीं रह गए, या कुछ विद्याध्ययन के लिए आचार्यों के पास गए और नैष्ठिक ब्रह्मचर्य का व्रत ले कर वहीं रह गए। दुखी मन वाले कुछ लोग कुश बिछा कर बैठे और आहार त्याग कर भारी शोक मिटाने लगे, या निराहार रह कर प्रायोपवेशन के द्वारा लम्बे-लम्बे उपवास करने लगे। कुछ शोक के आवेग से शलभों के समान अग्नि में प्रविष्ट हो गए, या चारों ओर अग्नि जला कर पञ्चाग्नितापन करने लगे। दारुण दुःख से दह्यमान हृदय वाले कुछ मौनव्रत लेकर हिमालय की शरण में चले गए, या शब्दविद्या की साधना का व्रत लेकर हिमालय में तप करने गए। कुछ विन्ध्य के समीप प्रदेशों में जंगली हाथियों की सूंड़ के फुहारों में

वनकरिकुलकरशीकरासारसिच्यमानतनवः पल्लवशयनशायिनः संतापमशमयन्, केचित्संनिहितानपि विषयानुत्सृज्य सेवाविमुखाः परिच्छिन्नैः पिण्डकैरटवीभुवः शून्या जगृहुः, केचित्पवनाशना धर्मधना धमनयो मुनयो बभूवुः, केचिद्गृहीतकाषायाः कापिलं मतमधिजगिरे गिरिषु, केचिदाचोटितचूडामणिषु शिरःसु शरणीकृतधूर्जटयो जटा जघटिरे। अपरे परिपाटलप्रलम्बचीवराम्बरसंवीताः स्वाम्यनुरागमुज्ज्वलं चक्रुः। अन्ये तपोवनहरिणजिह्वाञ्चलोल्लिह्यमानमूर्तयो जरां ययुः। अपरे पुनः पाणिपल्लवप्रमृष्टैराताम्ररागैर्नयनपुटैः कमण्डलुभिश्च वारि वहन्तो गृहीतव्रता मुण्डा विचेरुः।

पिण्डकैः शरीरैः। धमनयो नाड्यः। अनेन कार्श्यं लक्ष्यते। अधिजगिरे अध्येष्यत। आचोटित उत्खातः। धूर्जटिः शिवः। वारि अश्रु, उदकं च।

स्नान करते हुए और पत्तों पर सोते हुए अपना सन्ताप मिटाने लगे, या विन्ध्याचल के प्रदेशों में जाकर पहनने या शयनादि के लिए पल्लव अर्थात् श्वेत दुकूल वस्त्रों का प्रयोग करने लगे। कुछ सन्निहित भी विषयों को छोड़ कर भोग से पराङ्मुख हो कर अल्पाहार करते हुए शून्य अटवी स्थानों में रहने लगे, या जैन साधु हो कर चान्द्रायण आदि अनेक प्रकार के व्रतों में नपा-तुला आहार लेने लगे। कुछ वायु भक्षण करते हुए कृशशरीर धर्मधन मुनि हो गए, या सब प्रकार का आहार त्याग कर वायुभक्षण से तपश्चर्या करते हुए शरीर को सुखाने वाले दिगम्बर जैन साधु हो गए। कुछ काषाय धारण करके गिरिकन्दराओं में कपिल मत का अध्ययन करने लगे। कुछ ने चूड़ामणि उतार कर शिव की शरण लेकर जटाएँ रख लीं, या पाशुपत शैव सम्प्रदाय में दीक्षित हो गए। कुछ लाल रंग का लम्बा चीवर पहन कर स्वामी के प्रति अपनी भक्ति प्रकट करने लगे, या लाल लम्बा चीवर (संघाटी) पहनने वाले भिक्षु स्वामी (भगवान् बुद्ध) के प्रति अपना-अपना अनुराग प्रकट करने लगे। कुछ तपोवन में आश्रम-मृगों से चाटे जाते हुए वार्धक्य को प्राप्त हुए, या गृहस्थ जीवन के बाद वैखानस हो कर वानप्रस्थ आश्रम तपोवन में व्यतीत करने लगे। कुछ ने आंसू भरे हुए लाल नेत्रों को हाथ से पोंछ कर और कमण्डलु के जल से धोकर सिर मुड़वा लिया और विविध व्रत लेकर विचरने लगे, या पाराशरी भिक्षु हो गए।

देवमपि हर्षं तदवस्थं पितृशोकविह्वलीकृतम्, श्रियं शाप इति, महीं महापातकमिति, राज्यं रोग इति, भोगान्भुजङ्गा इति, निलयं निरय इति, बन्धुं बन्धनमिति, जीवितमयश इति, देहं द्रोह इति, कल्यतां कलङ्क इति, आयुरपुण्यफलमिति, आहारं विषमिति, विषममृतमिति, चन्दनं दहन इति, कामं क्रकच इति, हृदयस्फोटनमभ्युदय इति च मन्यमानम्, सर्वासु क्रियासु विमुखम्, पितृपितामहपरिग्रहागताश्चिरन्तनाः कुलपुत्राः, वंशक्रमाहितगौरवाश्च ग्राह्यगिरो गुरवः, श्रुतिस्मृतीतिहासविशारदाश्च जरद्द्विजातयः, श्रुताभिजनशीलशालिनो मूर्धाभिषिक्ताश्चामात्या राजानो, यथावदधिगतात्मतत्त्वाश्च संस्तुता मस्करिणः, समदुःखसुखाश्च मुनयः, संसारासारत्वकथनकुशला ब्रह्मवादिनः, शोकापनयननिपुणाश्च पौराणिकाः पर्यवारयन्।

अस्वतन्त्रीकृतश्च तैर्मनसापि नालभत शोकानुप्रवणमाचरितुम्।

देवमित्यादौ। देवमपि हर्षमेवंविधा जनाः पर्यवारयन्निति संबन्धः। कल्यतामरोगिताम्। ग्राह्यगिर आदेयवाचः। अध्यात्ममात्मज्ञानम्। तत्त्वमितिकर्तव्यता। मस्करिणः परिव्राजकाः।

देव हर्ष भी पिता के शोक में विह्वल चित्त से तदवस्थ पड़े थे। वे श्री को शाप, पृथिवी को महापातक, राज्य को रोग, भोग-विलास को सर्प, घर को नरक, बन्धुजन को बंधन, जीवन को अयश; देह को द्रोह, आरोग्य को कलंक, आयु को अपुण्य का फल, भोजन को विष, विष को अमृत, चन्दन को अग्नि, काम को करपत्र और हृदय के फटने को अभ्युदय मान बैठे। उन्होंने सब कार्यों से मुँह मोड़ लिया। पिता-पितामह की कुल-परम्परा के पुराने कुलपुत्रों ने श्रुति, स्मृति, इतिहास के ज्ञाता वृद्ध ब्राह्मणों ने, ज्ञान, कुल और शील से युक्त अमात्य पद के अधिकारी राजाओं ने, आत्मतत्त्व को ठीक प्रकार से अधिगत करने वाले प्रसिद्ध मस्करी साधुओं ने, सुख दुःख को एक-सा समझने वाले मुनियों ने, संसार की असारता का उपदेश करने वाले ब्रह्मवादी शांकर वेदान्त के अनुयायियों ने और शोक को कम करने में निपुण पौराणिकों ने आकर उन्हें घेर लिया।

उन लोगों के द्वारा समझाने-बुझाने से हर्ष ने शोक की वेदना को मन से भी अनुभव

प्रचुरमित्रानुनीयमानश्च सनाभिभिः कथं कथमप्याहारादिकासु क्रियास्वाभिमुख्यमभजत। भ्रातृगतहृदयश्चाचिन्तयत्—'अपि नाम तातस्य मरणं महाप्रलयसदृशमिदमुपश्रुत्य आर्यो बाष्पजलस्नातो न गृह्णीयाद्वल्कले। नाश्रयेद्वा राजर्षिराश्रमपदम्। न विशेद्वा पुरुषसिंहो गिरिगुहाम्। अश्रुसलिलनिर्भरभरितनयननलिनयुगलो वा पश्येदनाथां पृथिवीम्। प्रथमव्यसनविषमविह्वलः स्मरेदात्मानं वा पुरुषोत्तमः। अनित्यतया जनितवैराग्यो वा न निराकुर्यादुपसर्पन्तीं राज्यलक्ष्मीम्। दारुणदुःखदहनप्रज्वलितदेहो वा प्रतिपद्येताभिषेकम्। इहागतो वा राजभिरभिधीयमानो न पराचीनतामाचरेदिति। अतिपितृपक्षपाती खल्वार्यः। सर्वदा तातश्लाघया मामभिधत्ते—तात हर्ष! कस्यचिदभूद्भविष्यति वा पुनः काञ्च-

सनाभयः सगोत्राः। शौचानुप्रवणं शरीरबाधादि। बाष्पजलस्नातो न गृह्णीयाद्वल्कले इति प्रतीयमानता बोद्धव्या। अत्र च सर्वत्र नेत्याशङ्कायाम्। पुरुषोत्तमो हर्षः, हरिरपि। पराचीनता पराङ्मुखत्वम्, अनानुकूल्यं वा।

करने का अवसर नहीं प्राप्त किया। बहुत मित्रों के समझाने पर वे किसी-किसी प्रकार आहार आदि कार्यों में प्रवृत्त हुए। बड़े भाई राज्यवर्धन का स्मरण करके सोचने लगे—'कहीं ऐसा न हो कि तात के महाप्रलय के सदृश इस मरणवृत्तान्त को सुन कर आर्य रोते हुए वल्कल धारण कर लें। कहीं राजर्षि वह किसी आश्रम में प्रविष्ट न हो जाँय। कहीं पुरुष-सिंह वे गिरिकन्दरा में न चले जाँय। कहीं वे इस पृथिवी को अनाथ देख कर नेत्रों से निरन्तर अश्रुधारा प्रवाहित न करने लगें। कहीं श्रेष्ठ मनुष्य वे दुःख की पहली चोट से घबरा कर आत्मचिन्तन में न लग जाँय। कहीं संसार की अनित्यता से वैराग्यवान् हो कर आती हुई राज्यलक्ष्मी से विमुख न हो जाँय। कहीं दारुण दुःखरूपी अग्नि से सन्तप्त हो कर जल में डूबने न लगें। अथवा यहाँ आकर राजाओं के प्रार्थना करने पर भी सिंहासन पर बैठने से पराङ्मुख न हो जाँय। वे पिता जी के अत्यन्त पक्षपाती हैं। हमेशा उनकी श्लाघा करते हुए कहते थे—भाई हर्ष, सुवर्ण के ताल वृक्ष की भाँति लम्बा शरीर किसीका हुआ है या फिर होगा? सूर्य की भक्ति से विकसित होने वाला उनका मुखरूपी महाकमल और इस प्रकार वज्रस्तम्भ के समान उद्भासित होने वाले दोनों भुजदण्ड और ये मद से अलसाए बलराम के समान विलास किसी के हुए हैं अथवा होंगे? इस प्रकार कौन दूसरा

नतालतरुप्रांशु कायप्रमाणमिदम् ? ईदृक्च दिवसकरप्रीत्या दिवसमुन्मुखविकसितं मुखमहाकमलम् । एतौ च वज्रस्तम्भभास्वरौ भुजकाण्डौ । एते च हसितमदालसहलधरविभ्रमा विलासाः कोऽन्यो मानी विक्रान्तो वदान्यो वा ?' इति । एतानि चान्यानि च चिन्तयन्दर्शनोत्सुकहृदयो भ्रातुरागमनमुदीक्षमाणः कथंकथमप्यतिष्ठदिति ।

इति महाकविश्रीबाणभट्टकृतौ हर्षचरिते महाराजमरणवर्णनं नाम पञ्चम उच्छ्वासः ।

मुखकमलस्य दिवसकरप्रीतिः प्रतापित्वम् । वदान्यो दाता ॥

इति श्रीशंकरविरचिते हर्षचरितसंकेते पञ्चम उच्छ्वासः ।

मानी, पराक्रमी और दानशील है ?' इस तरह की और अन्य प्रकार की चिन्ता करते हुए बड़े भाई के दर्शन की उत्कण्ठा से उनके आगमन की प्रतीक्षा में किसी-किसी प्रकार ठहरे ।

हर्षचरित पञ्चम उच्छ्वास समाप्त ।

षष्ठ उच्छ्वासः

उच्चित्योच्चित्य भुवि प्रहितनिगूढात्मदूतनीतानाम् ।
विजिगीषुरिव कृतान्तः शूराणां संग्रहं कुरुते ॥ १ ॥
विस्रब्धघातदोषः स्ववधाय खलस्य वीरकोपकरः ।
नवतरुभङ्गध्वनिरिव हरिनिद्रातस्करः करिणः ॥ २ ॥

अथ प्रथमप्रेतपिण्डभुजि भुक्ते द्विजन्मनि, गतेपूद्वेजनीयेष्वशौचदिवसेषु, चक्षुर्दाहदायिनि दीयमाने द्विजेभ्यः शयनासनचामरातपत्रामत्रपत्रशस्त्रादिके नृपनिकटोपकरणकलापे, नीतेषु तीर्थस्थानानि सह जनहृदयैः

उच्चित्येति । कृतान्तोऽन्तकः शूराणां संग्रहं कुरुते । किं कृत्वा । उच्चित्योच्चित्य यथाप्रधानं प्रहितनिगूढाः स्वभावप्रच्छन्ना यमदूता यमकिंकरास्तैर्नीतानां विजिगीषुर्यथान्विष्यान्विष्यात्मदूतानां शूराणां संग्रहं कुरुते । अनेनोच्छ्वासार्थः संगृहीतः। तथा हि कृतोऽन्तो विनाशो येन स शशाङ्कनामा गौडाधिपतिः । शूराणां राज्यवर्धनानुचराणां प्रधानराजपुत्राणां तत्सहितानां संग्रहमकरोत् । कथम् ? उच्चित्योच्चित्यान्विष्यान्विष्य । कीदृशानाम् ? प्रहितनिगूढात्मदूतानाम । तथा हि तेन शशांकेन विश्वासार्थं दूतमुखेन कन्याप्रदानमुक्त्वा प्रलोभितो राज्यवर्धनः स्वगेहे सानुचरो भुञ्जान एव छद्मना व्यापादितः ॥ १ ॥

अत एव चाह—विस्रब्धेत्यादि । खलोऽत्र गौडापसदः । निद्रातस्करः शशाङ्कः । वीरश्च हर्षः ॥ २ ॥

अथ प्रथमेत्यादौ । अस्मिन्नस्मिन्सति देवो हर्षो मौलेन महाजनेनात्मानं सकलं

विजय की इच्छा रखने वाले राजा के समान यमराज पृथिवी में जगह-जगह पर भेजे हुए अपने गुप्तचर दूतों द्वारा चुन-चुन कर लाए गए शूर वीरों का संग्रह करता है॥१॥

जिस प्रकार हाथी द्वारा तोड़े गए वृक्ष के टूटने की ध्वनि सिंह को नींद से उठा देती है और वह हाथी को मार डालता है उसी प्रकार खल स्वभाव के गौड़राज द्वारा विश्वासघात करके (राज्यवर्धन के) मारे जाने के अपराध ने वीर (हर्ष) को कुपित कर दिया और हर्ष ने उसे मार डाला ॥ २ ॥

प्रेतपिंड खाने वाले महाब्राह्मणों ने भोजन किया । उद्वेग से भरे हुए अशौच के दिन बीत गए । आँखों में शूल की तरह चुभती हुई राजा के निजी उपयोग की सामग्री—पलंग, पीढ़ा, चँवर, छत्र, बर्तन, सवारी, हथियार आदि ब्राह्मणों को समर्पित कर दी गई । जनता के हृदय के साथ राजा की अस्थियाँ तीर्थस्थानों में भेज दी गईं । चिता के स्थान

कीकसेषु, कल्पितशोकशल्ये सुधानिचयचिते चिताचैत्यचिह्ने, वनाय विसर्जिते महाजिजिति राजगजेन्द्रे, क्रमेण च मन्देष्वाक्रन्देषु, विरलीभवत्सु च विलापेषु, विश्राम्यत्यश्रुणि, शिथिलीभवत्सु श्वसितेषु, अविस्पष्टेषु हाकष्टाक्षरेषु, उत्सार्यमाणासु च व्यसनशय्यासु, उपदेशश्रवणक्षमेषु श्रोत्रेषु, अनुरोधावधानयोग्येषु हृदयेषु, गणनीयेषु नृपगुणेषु, प्रदेशवृत्तितामाश्रयति शोके, कृतेषु कविरुदितकेषु, जाते च स्वप्नावशेषदर्शने हृदयावशेषावस्थाने चित्रावशेषाकृतौ काव्यावशेषनाम्नि नरनाथे देवो हर्षः कदाचिदुत्सृष्टव्यापारः पुञ्जीभूतवृद्धबन्धुवर्गाग्रेसरेणावनतमूकमुखेन महाजनेन मौलेनाकाल आत्मानं वेष्ट्यमानमद्राक्षीत्। दृष्ट्वा चाकरोन्मनसि—'किमन्यदार्यमागतमावेदयत्ययं शोकपराभूतो लोकाकरः' इति। वेपमानहृदयश्च पप्रच्छ प्रविशन्तमधिकतरप्रचारमन्यतमं पुरुषम् 'अङ्ग! कथय! किमार्य प्राप्तः' इति। स मन्दमब्रवीत्—'देव! यथादिशसि द्वारि' इति

वेष्ट्यमानमद्राक्षीदिति संबन्धः। भोजनं भुक्तं तदस्यास्तीति। 'अर्शआदिभ्योऽच्'। अमत्राणि पात्राणि। पत्राणि वाहनानि। कीकसेष्वस्थिषु। चितायां चैत्यचिह्नस्तदाकारं चिह्नम्, श्मशानदेवगृहं वा। कविरुदितकेषु दुःखोद्दीपनकालेषु। लोको-

पर शोक के शल्य को उत्पन्न करने वाला चैत्यचिह्न स्थापित किया गया जो सुधा या गचकारी से बनाया गया था। महासमर में जीतने वाला राजा का निजी हाथी वन में छोड़ दिया गया। क्रम से आर्तनाद कम पड़ गए। विलाप की आवाज भी विरल हो गई। आँसुओं का बहना भी बंद हो गया। साँसें शिथिल पड़ गईं। हाय-हाय के दर्दभरे शब्द अस्पष्ट हो गए। शोक के अवसर पर पड़े रहने के लिए जो शय्याएँ बिछाई गई थीं अब हटा दी गईं। कान अब उपदेश की बात सुनने लगे। राजा के गुण गिने जाने लगे। अब शोक वस्तु-वस्तु पर ही आश्रित हो गया (अर्थात् राजा की किसी-किसी वस्तु को देख या सुन कर शोक उत्पन्न होता न कि हमेशा)। कवियों ने राजा के शोक में विलापपूर्ण काव्य रचे। राजा का दर्शन स्वप्न के रूप में अवशिष्ट रह गया, हृदय के रूप में वे अब बच रहे और उनका नाम काव्य के रूप में रह गया। तब किसी समय काम-धाम से विरत हो कर बैठे हर्ष ने वृद्ध बन्धुवर्ग, झुके हुए चुपचाप महाजन और मौल (वंशपरम्परागत) मन्त्रियों से घिरते हुए अपने आप को देखा। देख कर उन्होंने मन में सोचा—'शोक से पराभूत ये लोग भाई के आने के समाचार के अतिरिक्त क्या निवेदन करेंगे?' काँपते हुए हृदय से उन्होंने भीतर प्रवेश कर दौड़ते आते हुए एक व्यक्ति से पूछा—'अङ्ग, कहो क्या आर्य पधार चुके?' वह धीरे से बोला—'देव, हाँ, द्वार पर हैं।'

श्रुत्वा च सोदर्यस्नेहनिहितनिरतिशयमन्युमृदूकृतमनाः कथमपि न ववाम बाष्पवारिप्रवाहोत्पीडेन सह जीवितम्।

अनन्तरं च द्वारपालप्रमुक्तेन प्रथमप्रविष्टेन परिजनेनेवाक्रन्देन कथ्यमानम्, दूरद्रुतागमनमुषितबाहुल्येन विच्छिन्नच्छत्रधारेण लम्बिताम्बरवाहिना भ्रष्टभृङ्गारग्राहिणा च्युताचमनधारिणा ताम्यत्ताम्बूलिकेन खञ्जत्खड्गग्राहिणा कतिपयप्रकाशदासेरकप्रायेण बहुवासरान्तरितस्नानभोजनशयनश्यामक्षामवपुषा परिजनेन परिवृतम्, अविरलमार्गधूलिधूसरितशरीरतया शरणीकृतमिवाशरणया क्रमागतया वसुंधरया, हूणनिर्जयसमरशरव्रणबद्धपट्टकैर्दीर्घधवलैः समासन्नराज्यलक्ष्मीकटाक्षपातैरिव शबलीकृतकायम्, अवनिपतिप्राणपरित्राणार्थमिव च शोकहुतभुजि हुतमांसैरति-

---

चरो जनसमूहः। मन्युः शोकः।

अनन्तरमित्यादौ प्रविशन्तं ज्येष्ठं भ्रातरमद्राक्षीदिति संबन्धः। परिजनेनापि प्रथमप्रविष्टेन द्वारपालप्रमुक्तेन च। आचमनं पतद्ग्रहः। प्रकाशा आतुरङ्गत्वाच्चिश्रीयमानाः। दासेरका दासीसुताः।

यह सुन कर सहोदर भाई के स्नेह से अधिक रूप में उत्पन्न पिता जी की मृत्यु के शोक से आर्द्र मन वाले कुमार ने अश्रुधार की पीड़ा के साथ किसी प्रकार प्राण को रोक रखा।

तत्पश्चात् उन्होंने अपने जेठे भाई राज्यवर्धन को देखा। द्वारपाल से छूट पाकर परिजन की भाँति पहले ही घुसे हुए आर्तनाद ने उनकी खबर दे दी। उनके चारों ओर कई दिनों से स्नान, भोजन, शयन न होने के कारण मुर्झाये हुए और कृश शरीर वाले लोग थे जिन्होंने शीघ्रता से दूर का रास्ता तय करने के लिए बहुतों का साथ छोड़ दिया था। उनके छत्रधारी पुरुष भी पीछे रह गए थे। वेग से चलने के कारण उनके कपड़े खिसक कर लम्बे हो गए थे। भृङ्गार नामक पात्र लेकर चलने वाले पुरुष भी दूर रह गए थे। आचमन का जल लेकर चलने वाले भी जाने कहाँ रह गए थे। खड्गग्राही पुरुष लँगड़ा कर चल रहे थे। कुछ ऊँट भी दिखाई दे रहे थे। हमेशा मार्ग में चलते ही रहने से उनकी देह धूल से धूसरित हो गई थी, मानों अशरण हो कर क्रम से आई हुई वसुन्धरा को उन्होंने अपनी शरण में रख लिया हो। हूणों को पछाड़ देने के समर में बाणों से लगे हुए उनके शरीर के घावों पर लम्बी सफेद पट्टियाँ बँधी थीं, मानों समीप में पहुँची हुई राज्यलक्ष्मी के दीर्घ धवल कटाक्ष पात उन पर पड़ रहे हों। राजा के प्राणों की रक्षा के लिए मानों उनके अंग-अंग अपने आपको शोक की अग्नि में स्वाहा कर रहे थे जिससे उनका दुःखभार व्यक्त हो रहा था। उनके सिर पर चूड़ामणि न थी, बाल गंदे और

कृशैरवयवैरावेद्यमानदुःखभारम्, अपगतचूडामणिनि मलिनाकुलकुन्तले शेखरशून्ये शिरसि शुचमारूढां मूर्तिमतीमिव दधानम्, आतपगलितस्वेदराजिना रुदतेव पितृपादपतनोत्कण्ठितेन ललाटपट्टेन लक्ष्यमाणम्, प्रथीयसा बाष्पपयःप्रवाहेणाभिमतपतिमरणमूर्च्छितामिव महीमनवरतं सिञ्चन्तम्, अनन्तसंततास्रुप्रवाहनिपतननिम्नीकृताविव दुःखक्षामौ कपोलावुद्वहन्तम्, अत्युष्णमुखमारुतमार्गगतेन द्रवतेव गलितताम्बूलरागेणाधरबिम्बेनोपलक्षितम्, पवित्रिकामात्रावशेषेन्द्रनीलिकांशुश्यामायमानमचिरश्रुतपितृमरणजन्यमहाशोकाग्निदग्धमिव श्रवणप्रदेशमुद्वहन्तम्, अस्फुटाभिव्यक्तव्यञ्जनेनाप्यधोमुखस्तिमितनयननीलतारकमयूखमालाखचितेन शोकप्ररूढश्मश्रुश्यामलेनेव मुखशशिना लक्ष्यमाणम्, केसरिणमिव महाभूभृद्विनिपातविह्वलनिरवलम्बनम्, दिवसमिव तेजःपतिपतनपरिम्लानश्रियं श्यामीभूतम्, नन्दनमिव भग्नकल्पपादपं विच्छायम्, दिग्भागमिव प्रोषितदिकुञ्जरशून्यम्, गिरिमिव गुरुवज्रपातदारितं प्रकम्पमानम्, क्रीत-

शेखर आपीडः। अधरबिम्बेनापीतीत्थंभूतलक्षणे तृतीया। अभिव्यञ्जनं श्मश्रु।

अस्तव्यस्त थे, शेखरस्रज भी न था, इस प्रकार मानो मूर्तिमान् हो कर सिर पर बैठे शोक को धारण कर रहे थे। घाम की गर्मी से पसीने की बूँदें उनके ललाट पर छा गई थीं, मानों पिता के पैर पड़ने की उत्कंठा से रो रहे हों। अपने अभिमत स्वामी की मृत्यु से मानों मूर्च्छित पृथिवी को अपने बढ़े हुए बाष्प के प्रवाह से निरन्तर सींच रहे थे। उनके कपोल दुःख से इस प्रकार क्षीण हो रहे थे मानों निरन्तर बहते हुए अश्रुप्रवाह से पिचक गए हों। उनके मुँह से अत्यन्त उष्ण श्वास के साथ द्रवित हो कर मानों उनके अधर का ताम्बूल-राग निकल रहा था। उनका कर्णदेश विशुद्ध एक मात्र बची हुई इन्द्रनीलमणि की किरण से श्यामवर्ण हो रहा था मानों कुछ क्षण पूर्व सुने हुए पिता की मृत्यु के समाचार से उत्पन्न महाशोक की अग्नि में जल गया हो। उनके मुखचन्द्र में श्मश्रु के रूप में अभी पाम्ही पड़ ही रही थी, फिर मुंह नीचा करने से उनकी आँखों की नीली किरणें नीचे की ओर फैल रही थीं, मानों शोक के कारण क्षौर कर्म न कराने से उनकी दाढ़ी बढ़ आई हो। राजा के विनाश से व्याकुल और बिना किसी आश्रय के बने वे उस सिंह के समान लग रहे थे जो पर्वत के गिरने से उद्विग्न और आश्रयरहित हो गया हो। सूर्य के अस्त होने से दिन के समान तेजस्वी राजा की मृत्यु से मुर्झाए हुए अर्वों-से प्रतीत हो रहे थे। कल्पवृक्ष के भग्न हो जाने से नन्दनवन के समान छायारहित (कान्तिहीन) हो रहे थे। दिग्गज के चले जाने से दिग्भाग की तरह सूने-सूने लग रहे

मिव कृशिम्ना, किंकरीकृतमिव कारुण्येन, दासीकृतमिव दौर्मनस्येन, शिष्यीकृतमिव शोचितव्येन, अन्धीकृतमिवाधिना, मूकीकृतमिव मौनेन, पिष्टमिव पीडया, स्विन्नमिव संतापेन, उषितमिव चिन्तया, विलुप्तमिव विलापेन, धृतमिव वैराग्येण, प्रत्याख्यातमिव प्रतिसंख्यानेन, अवज्ञातमिव प्रज्ञया, दूरीकृतमिव दुरभिभवत्वेन, अबोध्येन वृद्धबुद्धीनाम्, असाध्येन साधुभाषितानाम्, अगम्येन गुरुगिराम्, अशक्येन शास्त्रशक्तीनाम्, अपथेन प्रज्ञाप्रयत्नानाम्, अगोचरेण सुहृदनुरोधानाम्, अविषयेण विषयोपभोगानाम्, अभूमिभूतेन कालक्रमोपचयानां शोकेन कवलीकृतं ज्येष्ठं भ्रातरमपश्यत्। आवेगोद्गतकृत्स्नस्नेहोत्कलिकाकलापोत्क्षिप्यमाणकाय इव च परवशः समुदगात्।

अथ तं दूरादेव दृष्ट्वा देवो राज्यवर्धनश्चिरकालकलितं बाष्पावेगं मुमुक्षुः सुदूरप्रसारितेन संकल्पयन्निव सर्वदुःखानि दीर्घेण दोर्दण्डद्वयेन गृहीत्वा

भूभृद्राजा, गिरिश्च। तेजःपतिर्नृपतिः, सूर्यश्च। श्यामः कृष्णः, श्यामा च रात्रिः। कल्पपादपो राजापि। छाया कान्तिः, आतपाभावश्च। प्रत्याख्यातं त्यक्तम्। प्रतिसंख्यानेन विवेककुशलया बुद्ध्या।

कलितं धृतम्। बन्धनं लाभम्। पर्जन्य इन्द्रः।

थे। विशाल वज्रपात से फटे हुए पवन के समान जोर से काँप रहे थे। कृशता ने मानों उन्हें खरीद लिया था। कारुण्य ने अपना किंकर बना लिया था। दौर्मनस्य ने अपना उन्हें दास बना लिया था। शोक ने शिष्य कर रखा था। मानसिक व्यथा ने अंधा बना दिया था। मौन ने उन्हें चुप कर दिया था। पीड़ा ने पीस दिया था। संताप ने पका डाला था। चिन्ता ने पकड़ लिया था। विलाप ने विलुप्त कर दिया था। वैराग्य ने उन्हें थाम लिया था। बुद्धि ने उन्हें छोड़ दिया था। प्रज्ञा ने उनका तिरस्कार कर दिया था। अब उनमें दुरभिभव होने की बात न रही। बड़े-बूढ़े लोग भी उनके शोक को हटा न सके। सज्जनों के उपदेश भी उन पर काम न करते, गुरुओं की बातें भी न चलतीं, शास्त्रों की शक्ति भी असमर्थ थी, प्रज्ञा के प्रयत्न भी उनका हरण न कर सके, सामयिक उपचार भी कोई असर नहीं कर सके। वह शोक मानों उन्हें खाये जा रहा था। आवेग से उत्पन्न स्नेह की उत्कंठा ने हर्ष के शरीर को मानों झकझोर दिया और वे परवश हो कर उठ खड़े हुए।

कुमार हर्ष को देव राज्यवर्धन ने दूर ही से देखा और बहुत पहले से रोके हुए बाष्पावेग को छोड़ने की इच्छा से सारे दुःख का चिन्तन करके दूर तक अपनी लम्बी

कण्ठे मुक्तकण्ठं पुनः पतितक्षौमे क्षामे वक्षसि पुनः कण्ठे पुनः स्कन्धभागे पुनः कपोलोदरे निधाय तथा तथा रुरोद यथा संबन्धनानीवोदपाट्यन्त हृदयानि। अश्रुस्रोतःशिरा इवामुच्यत लोचनेषु लोकेन स्मृतनृपतिना राजवल्लभेनापि प्रतिशब्दकनिभेन निर्भरमिवारुद्यत। सुचिराच्च कथं कथमपि निर्वृष्टनयनजलः पर्जन्य इव शरदि स्वयमेवोपशशाम। उपविष्टश्च परिजनोपनीतेन तोयेन तरत्करनखमयूखपुञ्जतया महाजलप्लवजायमानफेनलेखमिव पुनः पुनः प्रमृष्टमपि पक्ष्माग्रसंगलद्बाष्पबिन्दुवृन्दमन्दोन्मेषमुषितदर्शनं कथं कथमपि चक्षुरक्षालयत्। ताम्बूलिकोपस्थापितेन च वाससा चन्द्रातपशकलेनेवोष्णोष्णबाष्पदग्धं वदनमुन्ममार्ज। तूष्णीमेव च चिरं स्थित्वोत्थाय स्नानभूमिमगात्। तस्यां च स्थित्वा विभूषं वित्रस्तव्यस्तकुन्तलं मौलिमनादरान्निष्पीड्य सावशेषमन्युस्फुरितेन जिजीविषतेव जलधौतसुभगमात्मानमपि चुचुम्बिषतेवाधरेण क्षालितस्य

'पर्जन्यौ रसदब्भ्रेन्द्रौ' इत्युक्तेः। स हि मेघान्वर्षति। वित्रस्ता ऊर्ध्वं क्षिप्ताः। निर्गता इत्यन्ये। व्यस्ता विक्षिप्ताः। कुन्तलाः केशाः। उक्तं च—'चिकुरः कुन्तलो वालः कचः केशः शिरोरुहः।' इति। 'चूडा किरीटं केशाश्च संयता मौलयस्त्रयः' इत्युक्तम्।

भुजाएँ फैलाईं और कुमार को गले से लगा कर फिर गिरे वस्त्र वाले क्षीण उनके वक्ष में, फिर कंठ में, फिर स्कन्धभाग में, फिर कपोल में लग-लग कर गला फाड़ कर उस प्रकार रोने लगे मानों हृदय की परतें उत्पाटित की जा रही हों। उस समय राजा का स्मरण करके लोगों ने शिरा के समान आँसू की धार बहाई और राजा के प्रिय लोगों ने भी राज्यवर्धन के रुदन की प्रतिध्वनि के रूप में जोर-जोर से रोना आरम्भ किया। जैसे शरत्काल में मेघ जल बरसा देता है उसी प्रकार देर तक रो-धो कर किसी किसी प्रकार वे स्वयं शान्त हो गए। आसन पर बैठ कर परिजन द्वारा लाए गए जल से नख की किरणों का फेन उत्पन्न करते हुए बार-बार साफ किए गए चक्षु को भी, जिसकी पपनियों पर आंसू के कतरे लग जाने के कारण खुलना और देखना न हो पाता था, किसी-किसी प्रकार धोया। ताम्बूलिक द्वारा दिए गए चाँद के टुकड़े की भाँति रूमाल से गरम आँसू से जला अपना मुंह पोंछा। बहुत देर तक चुप-चाप ही बैठे रहे और फिर वहाँ से उठ कर स्नानभूमि में पहुँचे। वहाँ ठहरे और अलंकारहीन, अस्तव्यस्त बाल वाले अपने सिर को अनादर से पोंछा। बचे हुए शोक से उनका अधर फड़फड़ा रहा था, मानों उसमें जान आ रही थी, पानी से धुले हुए अपने आपको ही मानों चूमना चाहता

चक्षुषः श्वेतिम्ना च शारदशशिकरविकसितविशदकुमुदवनदलावलिबलिविक्षेपैरिव दिग्देवतार्चनकर्म कुर्वाणश्चतुःशालवितर्दिकाविनिवेशितायामप्रतिपादिकायां चापाश्रयविनिहितैकोपबर्हणायां पर्यङ्किकायां निपत्य जोषमस्थात्।

देवोऽपि हर्षस्तथैव स्नात्वा धरणितलनिहितकुथाप्रसारितमूर्तिरदूर एवास्य तूष्णीमेव समवातिष्ठत। दृष्ट्वा दृष्ट्वा दूयमानमानसमग्रजन्मानं समस्फुटदिवास्य सहस्रधा हृदयम्। औरसदर्शनं हि यौवनं शोकस्य। लोकस्य तु नरपतिमरणदिवसादपि दारुणतरः स बभूव दिवसः। सर्वस्मिन्नेव च नगरे न केनचिदपाचि न केनचिदस्नायि नाभोजि। सर्वत्र सर्वेणारोदि। केवलमनेन च क्रमेणातिचक्राम दिवसः। स च प्रत्यग्रत्वष्टटङ्कतष्टतनुरिव वमद्बहलरुधिररसमांसच्छेदलोहितच्छविरपरपारावारपयसि ममज्ज मञ्जिष्ठारुणोऽरुणसारथिः। मुकुलायमानकमलिनीकोशविकलं चकाण चञ्चरीककुलं कमलसरसि। सविधविरहव्याधिविधुरवधूबा-

---

अत्र तूपचारान्मौलिशब्देन शिर उच्यते। वितर्दिका वेदिका। उपबर्हणमुपधानम्। जोषं तूष्णीम्।

कुथो वर्णकम्बलः। औरसो भ्राता। त्वष्टा विश्वकर्मा तस्य टङ्कश्छेदनशस्त्रम् तेन तनूकृता तनुर्यस्य सः। पुरा स्वभर्तृतेजोविसरोद्विग्नया सूर्यभार्ययावमानितः सूर्यस्त्वष्टारमवोचन्मम तेजस्तनु कुरु। तेनाप्यारोप्य चक्रभ्रमं टंकेनासौ तष्ट इति वार्ता। अपरः पश्चिमः। पारावारः समुद्रः। चकाण जुगुञ्ज। चञ्चरीका भ्रमराः।

था। धुली हुई अपनी आँखों की सफेदी से उन्होंने शरत्काल के चन्द्रमा की किरणों से खिले हुए कुमुद के दलों की बलि भेंट करके मानों दिग्देवताओं की अर्चना की। चतुःशाल की वितर्दिका में रखी हुई बड़े-बड़े पावे वाली, सिरहाने रखे हुए तकिये से युक्त चौकी पर चुपचाप पड़ गए।

देव हर्ष भी उसी प्रकार स्नान करके जमीन पर बिछे हुए कम्बल पर फैल कर उनके कुछ हीं दूर पर मौन होकर बैठे। दुःख से भरे हुए अपने बड़े भाई को देख-देख कर उनका हृदय मानों हजारों टुकड़ों में बिखर गया। भाई को देखने से शोक और भी जवान हो जाता है (बढ़ जाता है)। लोगों के लिए वह दिन राजा के मृत्युदिवस से भी अधिक दुखद हो गया। सारे नगर में न किसी ने पकाया, न किसी ने स्नान किया और न किसी ने भोजन किया। सब जगह सबने रुदन किया। केवल इसी क्रम में वह सारा दिन चला गया। मानों विश्वकर्मा की टाँकी से अभी-अभी छाँटे

ध्यमानं बबन्ध बन्धाविव विबुद्धबन्धूकभासि भास्वति साम्रां दृशं चक्रवाकचक्रवालम्। संचरन्त्याः समधुकररवं कैरवाकरं कलहंसरमणीरमणीयं माणिक्यकाञ्चीकिङ्किणीजालमिवाचकाण श्रियः। प्रकटकलङ्कमुदयमानं विशङ्कटविषाणोत्कीर्णपङ्कसंकरशंकरबकुरशाकरककुदकूटसंकाशमकाशताकाशे शशाङ्कमण्डलम्।

अस्यां च वेलायामनतिक्रमणीयवचनैरुपसृत्य प्रधानसामन्तैर्विज्ञाप्यमानः कथं कथमप्यभुक्त। प्रभातायां च शर्वर्यां सर्वेषु प्रविष्टेषु राजसु समीपस्थितं हर्षदेवमुवाच—'तात! भूमिरसि गुरुनियोगानाम्। शैशव एवाग्राहि गुणवत्पताकेव भवता तातस्य चित्तवृत्तिः। यतो भवन्तमेवंविधं विधेयं विधिविधानोपनतनैर्घृण्यमिदं किमपि बिभणिषति मे हृदयम्। नावलम्बनीया बालभावसुलभा प्रेमविलोमा वामता। वैधेय इव मा कृथाः

'कादम्बः कलहंसः स्यात्'। आचकाण चुकूज। कैरवाकरं संचरन्त्याः श्रियः किङ्किणीजालमिव चुकूजेत्युत्प्रेक्षा। विशङ्कटो विशालः। बकुरस्तरुणः। शाकरो दान्तः।

भातुं प्रवृत्ता प्रभाता तस्याम्। नियोग आदेशः। विधेयमायत्तम्। बिभणिषति कथयितुमिच्छति। विलोमाऽननुकूला। वामता प्रतिकूलता। वैधेयो मूर्खः।

गए शरीर वाले, निकलते हुए रुधिर और मांस से लाल, मंजीठे के समान वर्ण वाले सूर्य पश्चिम के जल में डूबने लगे। कमल के सरोवर में भौंरे बंद होती हुई कमलिनी के कोश में विकल होकर आवाज करने लगे। निकट में होने वाले विरहरूपी व्याधि से पीड़ित अपनी पत्नियों को देख कर दुखी चक्रवाक पक्षियों ने विकसित बन्धूक के समान लाल वर्ण वाले बन्धु की भाँति सूर्य में अपनी डबडबाई आँखें लगा दीं। भौंरों की गुंजार और कलहंसियों की आवाज से भरा हुआ कुमुद का सरोवर ऐसा लग रहा था मानों वहाँ संचरण करती हुई लक्ष्मी की माणिक्यकांची में गुथी हुई किंकिणियाँ बज रही हों। आकाश में स्पष्ट कलंक वाला चन्द्रमण्डल कठोर सींग से उछाली हुई मिट्टी से सने हुए शिवजी के तगड़े वृषभ की पीठ पर के ककुद (टाट) की भाँति उदित होने लगा।

इसी अवसर पर प्रधान सामन्तों ने जिनकी बात टाली नहीं जाती थी, पहुँच कर बड़ा समझाया-बुझाया तो राज्यवर्धन ने किसी किसी प्रकार भोजन किया। रात बीती तो सब राजा लोग जुट आए और तब उन्होंने समीप में बैठे हुए देव हर्ष से कहा—'तात, भारी आदेशों के तुम योग्य हो। शैशवकाल में गुणवान् जनों की पताका के समान तात की चित्तवृत्ति को तुमने प्रभावित कर लिया था। इसीलिए इस प्रकार के आयत्त रहने वाले तुम से दैव की इच्छा से प्राप्त वैराग्य वाला मेरा यह हृदय कुछ कहना चाहता है।

प्रत्यूहमीहितेऽस्मिन्। शृणु न खलु न जानासि लोकवृत्तम्। लोकत्रय-त्रातरि मांधातरि मृते किं न कृतं पुरुकुत्सेन? भ्रूलतादिष्टाष्टादशद्वीपे दिलीपे वा रघुणा। महासुरसमरमध्याध्यासितत्रिदशरथे दशरथे वा रामेण। गोष्पदीकृतचतुरुदन्वदन्ते दुष्यन्ते वा भरतेन। तिष्ठन्तु तावत्ते तातेनैव शतसमधिकाधिगताध्वरधूमविसरधूसरितवासववयसि सुगृहीतनाम्नि तत्रभवति परासुतां गते पितरि किं नाकारि राज्यम्? यं च किल शोकः समभिभवति तं कापुरुषमाचक्षते शास्त्रविदः। स्त्रियो हि विषयः शुचाम्। तथापि किं करोमि। स्वभावस्य सेयं कापुरुषता वा स्त्रैणं वा यदेवमास्पदं पितृशोकहुतभुजो जातोऽस्मि। मम हि भूभृति पर्यस्ते निरवशेषतः प्रस्र-वणानीव स्रुतान्यश्रूण्यस्तमिते महति तेजस्यन्धकारीभूतदशाशस्य प्रनष्टः प्रज्ञालोकः, प्रज्वलितं हृदयम्, आत्मदाहभीत इव स्वप्नेऽपि नोपसर्पति विवेकः, बलीयसा संतापेन जातुषमिव विलीनमखिलं धैर्यम्, पदे पदे

धूमेन मलिनीक्रियते। स्त्रैणे स्त्रीत्वे। परासुता मरणम्। मम हीत्यादिवाक्यद्वये श्लेषो व्याख्येयः। प्रस्रवणानि निर्झराः। जतुनो विकारो जातुषम्। 'त्रपुजतुनोः षुक्'।

बालभाव में सुलभ होने वाली प्रतिकूलता का अवलम्बन न करना। मेरी इस चाह में विचारमूढ़ के समान विघ्न न उत्पन्न करना। सुनो, क्या लोकव्यवहार नहीं जानते? त्रिभुवन की रक्षा करने वाले मान्धाता के मरने पर पुरुकुत्स ने क्या नहीं किया? या भ्रूभङ्ग के द्वारा अट्ठारह द्वीपों को आदेश देने वाले दिलीप के बाद रघु ने क्या नहीं किया? या दैत्यों के साथ युद्ध के बीच देवरथ को स्थापित करने वाले राजा दशरथ की मृत्यु के पश्चात् राम ने क्या नहीं किया? चारों समुद्रों के छोर को गोष्पद बनानेवाले दुष्यन्त के बाद भरत ने क्या नहीं किया? उन लोगों की बात जाने दो, सैकड़ों यज्ञों के धूम से इन्द्र की आयु को धूसरित कर देनेवाले सुगृहीतनाम अपने पूज्य पिताजी की मृत्यु के बाद हमारे पिताजी ने क्या राज्य नहीं किया? जिस व्यक्ति को शोक अभिभूत कर देता है उसे शास्त्रज्ञ लोग कायर कहते हैं। शोक स्त्रियों में उत्पन्न होता है। तब भी मैं क्या करूं? मेरे स्वभाव की यह कायरता हो या मेरा स्त्रीभाव हो, मैं तात की शोकाग्नि में पड़ गया हूँ। राजा के अस्त होने पर मेरे आँसू झरने के समान झरते रहे। महान् तेज के अस्त हो जाने पर मेरे लिए दिशाओं में अंधेरा छा गया और मेरा प्रज्ञालोक जाता रहा। मेरा हृदय जल गया। मेरा विवेक अपने भी जल जाने के भय से मानों स्वप्न में भी पास नहीं आता। प्रबल संताप के कारण मेरा सारा धैर्य लाह की भांति गल गया। मेरी मति पदे-पदे विषैले बाण से हती हुई हरिणी के समान मूर्च्छित

दिग्धरोपाहतेव हरिणी मुह्यति मतिः, पुरुषद्वेषिणीव दूरत एव भ्रमति परिहरन्ती स्मृतिः, अम्बेव तातेनैव सह गता धृतिः, वार्धुषिकप्रयुक्तानीव धनानीव प्रतिदिवसं वर्धन्ते दुःखानि, शोकानलधूमसंभारसंभूताम्भोधरभरितमिव वर्षति नयनवारिधाराविसरं शरीरम्। सर्वः पञ्चजनः पञ्चत्वमुपगतः प्रयाति। वितथमेतद्वदति बालो लोकः। तातो हुताशनतामेव केवलामापन्नोऽपि नैवं दहति माम्। अन्तस्तदेवमिदमसांपरायिकमिव हृदयमवष्टभ्य व्युत्थितः शोको दुर्निवारो वाडव इव वारिराशिम्, पविरिव पर्वतम्, क्षय इव क्षपाकरम्, राहुरिव रविम्, दहति दारयति तनूकरोति कवलयति च माम्। कामं न शक्नोति मे हृदयं तादृशस्य सुमेरुकल्पस्य कल्पमहापुरुषस्य विनिपातमश्रुबिन्दुभिरेव केवलैरतिवाहयितुम्। राज्ये

पदे शब्दे, क्रमे च। दिग्धो विषलिप्तः शरः। उक्तं च—'बाणे विषाक्ते दिग्धलिप्तकौ' इति। मेरुर्महीधरवद्रोपशब्दः प्रशंसार्थः। वृद्ध्या जीवति वार्धुषिकः वणिक्। वृद्धेर्वृधुषीभावः। पञ्चजनः पञ्चमहाभूतानि, मनुष्यश्च। उक्तं च—'स्युः पुमांसः पञ्चजनाः पुरुषाः पूरुषा नराः' इति। पञ्चत्वं मरणम्। वितथमिति। पञ्चसु पृथिव्यादिषु लयात्पुरुषस्ताद्रूप्यं प्रतिपद्यत इत्यलीकम्। यतस्तत इत्याद्यग्निमात्रप्रतिबद्धकार्यदर्शनादित्यर्थः। आपत्कष्टम्। क्लेश इत्यर्थः। संपरायः सङ्ग्रामः। तस्मै यन्न भवति तदसांपरायिकम्। सभयं यः किल भीतः स कथं व्युत्थितं निवारयेत्। वाडव इत्यादयो दहतीत्यादिभिर्यथाक्रमं योज्याः। पविर्वज्रः। कल्पतेऽस्मादभीष्टार्थं

हो रही है। मेरी स्मृति मुझे छोड़ कर दूर ही दूर चक्कर मार रही है मानों पुरुष से उसका द्वेष हो। अम्बा के समान मेरी धृति पिता के साथ ही चली गई। बनिया के धन के समान मेरे दुःख बढ़ते ही जा रहे हैं। शोक की अग्नि का धूमसम्भार मेघ के रूप में शरीर में भर गया है और आंखों से जलधारा बरस रही है। सारे महाभूत अपने-अपने भाग में मिलते जारहे हैं। यह बालप्रकृति के लोग मिथ्या बोलते हैं। तात केवल अग्नि में मिल कर ही मुझे नहीं जला रहे हैं। भीतर ही भीतर लड़ने में असमर्थ के समान मेरे हृदय को दबा कर उठा हुआ दुर्निवार शोक उस प्रकार जला रहा है जैसे वडवानल समुद्र को, उस प्रकार विदीर्ण कर रहा है जैसे वज्र पर्वत को, उस प्रकार कृश कर रहा है जैसे क्षय चन्द्रमा को, उस प्रकार निगल रहा है जैसे राहु सूर्य को। निश्चय ही सुमेरुसदृश उस प्रकार के युगपुरुष के विनाशजन्य शोक को मेरा हृदय केवल आँसू की बूँदों से कम नहीं कर सकता। चकोर के समान मेरी आँखें विषतुल्य राज्य से विरक्त हो गई। राज्यलक्ष्मी को उस प्रकार त्याग देने का मन करता है

विष इव चकोरस्य मे विरक्तं चक्षुः। बहुमृतपटावगुण्ठनां रञ्जितरङ्गां जनंगमानामिव वंशबाह्यामनार्यां श्रियं त्यक्तुमभिलषति मे मनः। क्षणमपि दग्धगृहे शकुनिरिव न पारयामि स्थातुम्। सोऽहमिच्छामि मनसि वाससीव सुलग्नं स्नेहमलमिदममलैः शिखरिशिखरप्रस्रवणैः स्वच्छस्रोतोम्बुभिः प्रक्षालयितुमाश्रमपदे। यतस्त्वमन्तरितयौवनसुखामनभिमतामपि जरामिव पुरुराज्ञया गुरोर्गृहाण मे राज्यचिन्ताम्। त्यक्तसकलबालक्रीडेन हरिणेव दीयतामुरो लक्ष्म्यै। परित्यक्तं मया शस्त्रम्।' इत्यभिधाय च खड्गग्राहिणो हस्तादादाय निजं निस्त्रिंशमुत्ससर्ज धरण्याम्।

अथ तच्छ्रुत्वा निशितशिखेन शूलेनेवाहतः प्रविदीर्णहृदयो देवो

इति कल्पः। चकोरः क्रकचः। तस्य विषे दृष्टे अक्षिणी विरज्येते। मृतस्य पटः। अवगुण्ठनं मस्तकाच्छादनम्। रङ्गः समाजः। जनंगमश्चण्डालः। उक्तं च—'चण्डालप्लवमातङ्गदिवाकीर्तिजनंगमाः। निषादश्वपचावन्तेवासिचण्डालपुक्कसाः॥' इति। वंशोऽभिजननं प्रबन्धो वेणुश्च। बाह्या बहिर्भूता, वहनीया च। शकुनिर्गृहचटिका। गृहशारिकेत्यन्ये। स्नेहः प्रेम, तैलादिश्च। यतस्त्वमिति। पुरा ययातिः शुक्रदुहितरं देवयानीमवमन्य देवयान्या दासीभूतां शर्मिष्ठामसकृन्मिथ्याकामयानेन शुक्रेण जरां यास्यसीति शप्तः, प्राप्तजरादुःखो विषयलम्पटोऽन्यपुत्रैरगृहीतां जरां पुरौ स्वपुत्रे कृताभ्युपगमे संक्रमयांबभूवेति वार्ता। जराप्यन्तरितयौवनसुखाऽनभिमता च। गुरोर्ययातेरपि। मामन्तरेण मां विना, मय्यसंनिहित इत्यर्थः।

जैसे बहुत से मरे लोगों के रंग-बिरंगे कफन के घूंघट से सजाई हुई, लोगों का मन बहलाने वाली, बाँस के ऊपर लगी हुई टेसू की पुतली को डोम लोग फेंक देते हैं। इस जले हुए घर में पक्षी के समान मैं क्षण भर भी नहीं रह सकता। आश्रम में रह कर मैं मन के वस्त्र में लगे हुए स्नेह जैसे इस मल को पर्वतों के शिखर से प्रवाहित होते हुए निर्मल झरनों के जल से धो देना चहता हूं। जैसे पुरु ने पिता की आज्ञा से यौवनसुख से रहित और अप्रिय वार्धक्य को स्वीकार किया उसी प्रकार तुम मेरी राज्यचिन्ता ग्रहण कर लो। कृष्ण के समान सारी बालक्रीड़ाओं को अब छोड़ कर दाबने के लिए लक्ष्मी को अपनी जाँघ दो। मैने शस्त्र का अब परित्याग ही कर दिया।' यह कह कर उन्होंने दाहिने हाथ से उठाकर अपनी तलवार जमीन पर रख दी।

यह सुनते ही चोखे शूल से आहत हुए की तरह देवहर्ष का हृदय विदीर्ण हो गया। उनके मन में अनेक प्रकार के विचारों का तूफान उठ खड़ा हुआ—'क्या मेरी अनुपस्थिति में डाह के कारण देख न पाने वाले किसी खल ने आर्य से मेरे प्रति कुछ कह दिया, जिससे कुपित हों। या इस प्रकार मेरी परीक्षा ले रहे हैं। या तात के शोक से उत्पन्न

हर्षः समचिन्तयत्—'किं नु खलु मामन्तरेणार्यः केनचिदसहिष्णुना किंचिद्ग्राहितः कुपितः स्यात्। उतानया दिशा परीक्षितुकामो माम्। उत तातशोकजन्मा चेतसः समाक्षेपोऽयमस्य। आहोस्विदार्य एवायं न भवति, किं वार्येणान्यदेवाभिहितमन्यदेवाश्रावि मया शोकशून्येन श्रवणेन्द्रियेण। आर्यस्य चान्यद्विवक्षितमन्यदेवापतितं मुखेन। अथवा सकलवंशविनाशाय निपातनोपायोऽयं विधेः। मम वा निखिलपुण्यपरिक्षयोपक्षेपः। कर्मणामननुकूलसमग्रग्रहचक्रवालविलसितं वा। अथवा तातविनाशनिःशङ्ककलिकालक्रीडितं येनायं यः कश्चिदिव यत्किंचनकारिणं मामपुण्यभूतिवंशसंभूतमिव, अताततनयमिव, अनात्मानुजमिव, अभक्तमिव, अदृष्टदोषमपि श्रोत्रियमिव सुरापाने, सद्भृत्यमिव स्वामिद्रोहे, सज्जनमिव नीचोपसर्पणे, सुकलत्रमिव व्यभिचारे, अतिदुष्करे कर्मणि समादिष्टवान्। तदेतत्तावदनुरूपं यच्छौर्योन्मादमदिरोन्मत्तसमस्तसामन्तमण्डलसमुद्रमथनमन्दरे तादृशि पितरि मृते तपोवनं वा गम्यते वल्कलानि वा गृह्यन्ते तपांसि वा सेव्यन्ते। या तु मयि राजाज्ञा सा

श्रोत्रियो वेदपारगः। धन्वनि मरौ। धन्वन्यपि दग्धे राजाज्ञापि दाहकारिणी।

यह इनके चित्त की व्याकुलता है। या आर्य यह नहीं हो सकते, क्या यही बात है कि आर्य ने कुछ दूसरा ही कहा और शोक के कारण शब्दग्रहण की क्षमता से रहित कर्णेन्द्रिय से रहित मैंने कुछ दूसरा ही सुना। आर्य ने कुछ दूसरी बात कहना चाहा और मुँह से कुछ दूसरी बात निकल गई। अथवा विधिने सारे वंश के विनाश के लिए ध्वंस का उपाय रचा है। या मेरे सारे पुण्यों के क्षीण हो जाने का यह प्रसंग है? या प्रतिकूल होकर एकत्र हुए सारे ग्रहों के ये काम हैं। या तात के अब न रहने से कलिकाल निःशंक होकर क्रीड़ा कर रहा है जिससे जिसी किसी के समान आर्य ने स्वेच्छा से आचरण करने वाले मुझे अत्यन्त दुष्कर कार्य करने के लिए उस प्रकार आदेश दिया है जैसे मैं पुण्यभूति के वंश में उत्पन्न ही नहीं, तात का पुत्र ही नहीं, अपना भाई ही नहीं, या सेवक ही नहीं। बिना किसी दोष के ही श्रोत्रिय के समान सुरापान में, सद्भृत्य के समान स्वामिद्रोह में, सज्जन के समान नीच के पास जाने में, कुलकलत्र के समान व्यभिचार में जैसे मुझे लगा दिया है। यह तो अच्छा ही है जो शौर्य के उन्माद की मदिरा से उन्मत्त समस्त सामन्तमण्डल का मंदर के समान मंथन करने वाले तात की मृत्यु के बाद तपोवन में रहा जाय, या वल्कल धारण किया जाय, या तपस्या की जाय।

दग्धेऽपि दाहकारिणी मय्यवग्रहग्लपिते धन्वनीवाङ्गारवृष्टिः। तदसदृशमिदमार्यस्य। यद्यपि च विभुरनभिमानः, द्विजातिरनेषणः, मुनिररोषणः, कपिरचपलः कविरमत्सरः, वणिगतस्करः, प्रियजानिरकुहनः, साधुरदरिद्रः, द्रविणवानखलः, कीनाशोऽनक्षिगतः, मृगयुरहिंस्रः, पाराशरी ब्राह्मण्यः, सेवकः सुखी, कितवः कृतज्ञः, परिव्राडबुभुक्षुः, नृशंसः प्रियवाक्, अमात्यः सत्यवादी, राजसूनुरदुर्विनीतश्च जगति दुर्लभः, तथापि ममार्य एवाचार्यः। को हि नाम तद्विधे निपतिते राजगन्धकुञ्जरे जनयितरि चेदृशे विफलीकृतविशालशिलास्तम्भोरुभुजे भूभुजि भ्रातरि त्यक्तराज्ये ज्यायसि नववयसि तपोवनं गच्छति सकललोकलोचनजलपातापवित्रं मृद्गोलकं वसुधाभिधानं धनमदखेलनिखिलखलमुखविकारलक्षणाख्यायमाननीचाचरणां श्रीसंज्ञिकां सुभटकुटुम्बकर्मकुम्भदासीं चण्डालोऽपि

अनेषणो निरभिलाषः। प्रिया जाया यस्य। 'जायाया निङ्'। कुहना ईर्ष्या, शङ्का वा। कीनाशः क्षुद्रः। उक्तं च—'कृतान्ते पुंसि कीनाशः क्षुद्रकार्षिकयोस्त्रिषु'। अनक्षिगतः प्रियः। मृगयुर्व्याधः। पाराशरी भिक्षुः। कितवो द्यूतकृत्। गोप्यो दासः।

जो राज्य करने की मुझ पर आज्ञा है वह अनावृष्टिसे सूखा पड़े हुए मरु के समान स्वयं दग्ध और विघ्नों से क्षीण मुझ पर दाह करने वाली अङ्गार की वर्षा है। तो यह कथन आर्य के सदृश न था। यद्यपि जिसमें अभिमान न हो ऐसा अधिकारी, जिसमें एषणा न हो ऐसा द्विजाति, जिसमें रोष न हो ऐसा मुनि, जिसमें चपलता न हो ऐसा कपि, जिसमें मत्सर न हो ऐसा कवि, जो बेईमानी न करे ऐसा वणिक्, जो छलिया न हो ऐसा प्रिय, जो दरिद्र न हो ऐसा सज्जन, जो खल न हो ऐसा धनी, जो द्वेष न करता हो ऐसा क्षुद्र, जो हिंसा न करता हो ऐसा शिकारी, जो ब्राह्मणद्वेषी न हो ऐसा पाराशरी भिक्षु, जो सेवक हो ऐसा सुखी, जो धूर्त हो ऐसा कृतज्ञ, जो भीख मांगता न हो ऐसा परिव्राट्, जो प्रिय बोलता हो ऐसा क्रूर, जो सत्यवादी हो ऐसा कूटनीतिज्ञ मंत्री, और जो दुर्विनीत न हो ऐसा राजपुत्र संसार में दुर्लभ है। मेरे उपदेशक आचार्य तो आर्य ही हैं। कौन ऐसा है जो उन गन्धहस्ती के समान महाराज पिता श्री के चले जाने पर और शिलास्तम्भ के समान विशाल भुज को विफल करके राज्य छोड़ कर बड़े भाई के तपोवन चले जाते समय लोगों के आँसू से अपवित्र पृथिवी नामक मिट्टी के गोले को एवं धनमद की क्रीड़ा में निखिल दुष्टजनों के मुख को विकृत कर देने से विख्यात नीच आचरण वाली लक्ष्मीसंज्ञक सुभटों के काम करने वाली कुम्भदासी (पनभरिन) की चाण्डाल होकर

कामयेत। कथमिव संभावितमत्यन्तमनुचितमिदमार्येण। किमुपलक्षितमनवदातमिदं मयि। किं वास्य चेतसश्च्युतः सौमित्रिर्विस्मृता वा वृकोदरप्रभृतयः। अनपेक्षितभक्तजना स्वार्थैकनिष्पादननिष्ठुरा नासीदियमार्यस्येदृशी प्रभविष्णुता। अपि चार्ये तपोवनं गते जिजीविषुः को मनसापि महीं ध्यायेत। कुलिशशिखरखरनखरप्रचयप्रचण्डचपेटापाटितमत्तमातङ्गोत्तमाङ्गमदच्छटाच्छुरितचारुकेसरभारभास्वरमुखे केसरिणि वनविहाराय विनिर्गते निवासं गिरिगुहां कः पाति पृष्ठतः। प्रतापसहाया हि सत्त्ववन्तः। कश्चपलां राजलक्ष्मीं प्रत्यनुरोधोऽयमार्यस्य यदियमपि न चीवरान्तरितकुचा कुशकुसुमसमित्पलाशपूलिकां वहन्तो तत्रैव तपोवने वनमृगीव नीयते जराजालिनी। किंवा ममानेन वृथा बहुधा विकल्पितेन तूष्णीमेवार्यमनुगमिष्यामि। गुरुवचनातिक्रमकृतं च किल्बिषमेतत्तपोवने तप एवापास्यति।' इत्यवधार्य मनसा प्रथमतरं गतस्तपोवनमधोमुखस्तूष्णीमवातिष्ठत्।

राजसूनुरदुर्विनीतश्चेत्येतत्प्रस्तावेन तदुक्तम्। खेलाः सविलासाः। अनवदातं निर्मलम्। सौमित्रिर्लक्ष्मणः। वृकोदरो भीमसेनः। प्रचयः समूहः। चपेटा करतलाघातः। वनमृग्यपि कुशादि वहति। जालिनी मायिनी।

कामना करे ? कैसे इस अत्यन्त अनुचित विचार को आर्य ने स्वीकार कर लिया ? क्या उनके मन में लक्ष्मण नहीं रहे, या भीम आदि छोटे भाई विस्मृत हो गए ? अपने भक्तजनों की परवाह न करने वाली, अपने ही स्वार्थ के निष्पादन करने में निष्ठुर आर्य की यह प्रभुता पहले न थी। अगर आर्य तपोवन में चले जाते हैं तब जीने की इच्छा रखने वाला कौन मन से भी पृथिवी की चिन्ता रखे ! वज्र के समान अपने नखों के प्रचण्ड चांटे से मतवाले हाथी के मस्तक को विदीर्ण कर देने से उत्पन्न मदधारा से भींग हुए केसर के कारण भास्वर मुख वाले सिंह के वन-विहार के लिए निकल जाने पर पीछे कौन उसके निवासस्थान कन्दरा की रक्षा करे ? महानुभाव लोग प्रताप की सहायता लेते हैं। चंचल स्वभाव वाली राजलक्ष्मी के प्रति आर्य का कैसा यह आग्रह है कि चीवर से ढंके स्तनों वाली और कुश, कुसुम, समिधा एवं पलाश की पूली ढोने वाली वन-मृगी के समान अति जर्जर इसे वहीं तपोवन में साथ नहीं ले जाते ? इस तरह के मेरे बहुत संकल्प-विकल्प से क्या मतलब ? मैं तो चुपचाप आर्य के पीछे चल दूँगा। गुरु-वचनों के पालन न करने से उत्पन्न पाप को तपोवन में तप ही दूर करेगा।' ऐसा निश्चय करके मन से तपोवन में पहले ही पहुँचे हुए हर्ष मुँह नीचा किए चुपचाप बैठे रहे।

अत्रान्तरे पूर्वादिष्टेनैव रुदता वस्त्रकर्मान्तिकेन समुपस्थापितेषु वल्कलेषु, निर्दयकरतलताडनभियेव कापि गते हृदये, रटति राजस्त्रैणे, तारमब्रह्मण्यमूर्ध्वदोष्णि विरुदति विप्रजने, पादप्रणतिपरे फूत्कुर्वति पौरवृन्दे, विद्राति विद्रुतचेतसि चिरंतने परिजने, परिजनावलम्बिते, गते वर्षीयसि, वेपमानवपुषि, पर्याकुलवाससि, शोकगद्गदवचसि, विगलितनयनपयसि, निवारणोद्यतमनसि, विशति बन्धुवर्गे, निराशेषु नखलिखितमणिकुट्टिमेष्ववाङ्मुखेषु निःश्वसत्सु सामन्तेषु, सबालवृद्धासु तपोवनाय प्रस्थितासु सर्वासु प्रजासु सहसैव प्रविश्य शोकविक्लवः प्रक्षरितनयनसलिलो राज्यश्रियः परिचारकः संवादको नाम प्रज्ञाततमो विमुक्ताक्रन्दः सदस्यात्मानमपातयत्।

अथ संभ्रान्तो भ्रात्रा सह स्वयं देवो राज्यवर्धनस्तं पर्यपृच्छत्—'भद्र! भण भण किमस्मद्व्यसनव्यवसायवर्धनबद्धधृतिः, अवनिपतिमरणमुदित-

---

अत्रेत्यादौ। संवादको नाम सदस्यात्मानमपातयदिति संबन्धः। कर्मान्तिकोऽधिकृतः। करतलताडनेति। करतलताडनं हृदये वा। स्त्रैणे स्त्रीसमूहे। 'अब्रह्मण्यमवध्योक्तौ।' फूत्करणमुद्दामरोदध्वनिः। विद्रातिः कुत्सितः। गते प्राप्ते। वर्षीयसि वृद्धतरे।

इसी बीच पहले ही सहेजे हुए वस्त्रकर्मान्तिक (सरकारी तोशेखाने का अधिकारी) ने रोते हुए वल्कल हाजिर किया। हृदय मानों हाथों के निर्दय ताड़न के डर से कहीं चला गया। महल की स्त्रियाँ चिल्लाने लगीं। ब्राह्मण लोग हाथ उठा कर जोर से 'हमारा त्याग न करो' इस प्रकार पुकारने लगे। नागरिक लोग पैर पर बार-बार गिर-गिर कर घिघियाने लगे। पुराने सेवक विचलित मन से दौड़ पड़े। बड़े-बूढ़े बाँधव लोगों ने भीतर प्रवेश किया, उन्हें परिजनों ने सम्हाल रखा था, उनके शरीर कांप रहे थे, वस्त्र भी इधर-उधर गिर रहा था, शोक से उनकी वाणी गद्गद थी, नेत्रों से आँसू ढल रहे थे, राज्यवर्धन को रोकने के लिए उनके मन में व्यग्रता थी। सामन्त लोग निराश होकर मुँह नीचा किए नख से मणिकुट्टिम पर कुछ लिख रहे थे और आह भर रहे थे। लड़के से बूढ़े तक सारी प्रजा तपोवन में जाने के लिए प्रस्थान करने लगी। उसी समय सहसा शोक से व्याकुल, नेत्र से आँसू ढालता हुआ राज्यश्री का संवादक नाम का अत्यन्त परिचित परिचारक रोता-पीटता सभा में आकर गिर पड़ा।

तब भाई के साथ घबड़ा कर देव राज्यवर्धन ने उससे पूछा—'हमारे दुःख के व्यापार को बढ़ाने में निश्चल धैर्यवाला, राजा की मृत्यु से प्रसन्न विधि अधीर बना देने वाला

मतिः, अधृतिकरमपरमधिकतरमितो दुःखातिशयं समुपनयति विधिः' इति। स कथं कथमप्यकथयत्—'देव! पिशाचानामिव नीचात्मनां चरितानि छिद्रप्रहारीणि प्रायशो भवन्ति। यतो यस्मिन्नहन्यवनिपतिरुपरत इत्यभूद्वार्ता तस्मिन्नेव देवो ग्रहवर्मा दुरात्मना मालवराजेन जीवलोकमात्मनः सुकृतेन सह त्याजितः। भर्तृदारिकापि राज्यश्रीः कालायसनिगडयुगलचुम्बितचरणा चौराङ्गनेव संयता कान्यकुब्जे कारायां निक्षिप्ता। किंवदन्ती च यथा किलाऽनायकं साधनं मत्वा जिघृक्षुः सुदुर्मतिरेतामपि भुवमाजिगमिषति। इति विज्ञापिते' प्रभुः प्रभवतीति।

ततश्च तादृशमनुपेक्षणीयमसंभावितमाकस्मिकमुपरि व्यतिकरमाकर्ण्याश्रुतपूर्वत्वात्परिभवस्य, परपरिभवासहिष्णुतया च स्वभावस्य, दर्पबहुलतया च नवयौवनस्य, वीरक्षेत्रसंभवत्वाच्च जन्मनः, कृपाभूमिभूतायाश्च स्वसुः स्नेहात्स तादृशोऽपि बद्धमूलोऽप्यत्यन्तगुरुरेकपद एवास्य ननाश शोकावेगः। विवेश च सहसा केसरीव गिरिगुहागृहं गभीरहृदयं भयंकरः कोपावेगः। केशिनिषूदनशङ्काकुलकालियकुलभङ्गुरभ्रूभङ्गतरङ्गिणी श्यामायमाना यम-

---

कारायां बन्धने। किंवदन्ती लोकवार्ता।

केशिनिषूदनः कृष्णः। यमस्वसा यमुना। सापि कालियाकुला सतरङ्गा,

इससे बढ़ कर भी क्या दुःखातिशय उपस्थित कर रहा है?' उसने किसी प्रकार कहा—'देव, नीच आत्मा वाले व्यक्ति पिशाचों की तरह छिद्र देख कर प्रहार करते हैं। इसी कारण जिस दिन 'महाराज शान्त हुए' यह समाचार फैला उसी दिन दुरात्मा मालवराज ने देव ग्रहवर्मा को अपने पुण्य के साथ जीवलोक से हटा दिया। भर्तृदारिका राज्यश्री को भी लोहे की बेड़ियों में जकड़ कर चोर स्त्री के समान कान्यकुब्ज के कारावास में डाल दिया है। यह खबर उड़ रही है कि सेना को नायकहीन जानकर वह दुर्बुद्धि आक्रमण करने के लिए इस ओर भी आना चाहता है। मेरे इस निवेदन में अब आप ही समर्थ हैं।'

तब उस प्रकार के अपने ऊपर उपेक्षा न करने योग्य, जिसकी कोई सम्भावना न थी ऐसे आकस्मिक व्यसन को सुन कर अपना परिभव पहले पहल सुनने के कारण, दूसरे द्वारा किया गया अपना परिभव न सहन करने वाले स्वभाव के कारण, कृपा के पात्र बहन के स्नेह से राज्यवर्धन का बद्धमूल भी अत्यन्त गुरुभूत उस प्रकार का शोकावेग एक ही क्षण में नष्ट हो गया। जैसे सिंह पर्वत की कन्दरा में प्रवेश करता है उसी प्रकार उनके हृदय में भयंकर कोप का आवेग प्रविष्ट हुआ। कृष्ण के भय से व्याकुल कालियनाग

स्वसेव प्रथीयसी ललाटपट्टे भीषणा भ्रुकुटिरुदभिद्यत । दर्पात्परामृशन्नख-किरणसलिलनिर्झरैः समरभारसंभावनाभिषेकमिव चकार दिङ्नागकुम्भ-कूटविकटस्य बाहुशिखरकोशस्य वामः पाणिपल्लवः । संगलत्स्वेदसलिल-पूरितोदरो निर्मूलं मालवोन्मूलनाय गृहीतकेश इव दुर्मदश्रीकचग्रहोत्क-ण्ठयेव च कम्पमानः पुनरपि समुत्ससर्प भीषणं कृपाणं पाणिरपरः शस्त्र-ग्रहणमुदितराजलक्ष्मीक्रियमाणदिष्टवृद्धिविधुतसिन्दूरधूलिरिव कपिलः कपो-लयोरदृश्यत रोषरागः । समासन्नसकलमहीपालचूडामणिचक्राक्रमणजाता-हंकार इव च समारुरोह वाममूरुदण्डमुत्तानितश्चरणो दक्षिणः । निष्ठुरा-

---

श्यामायमाना च । परामृशन्नित्यर्थाद्बाहुशिखरमेव । कोशो दिव्यम् । उक्तं च—'कोशोऽस्त्री कुड्मले खड्गपिधानेऽर्थौघदिव्ययोः' इति कोशकारः । पाणिः सलिलपूरितोदरो भवति । कचाः केशाः । यश्च कामी कामिनीकचग्रहणं प्रत्युत्कण्ठते स

के रूप में भङ्गुर भ्रूभङ्ग रूपी तरङ्गों वाली श्यामवर्ण यमुना नदी के समान भीषण भ्रुकुटि उद्भिन्न हो गई । उनका बायाँ पाणिपल्लव दिग्गज के कुम्भ कूट के समान विकट स्कन्ध-देश के खड्ग कोश का स्पर्श करता हुआ युद्धभार के ग्रहण से पूर्व नखकिरणों की जल-धार से मानों अभिषेक करने लगा[1] । उसका दाहिना हाथ पसीने से भर गया और मालव के निर्मूल विनाश के लिए मानों दुर्मद श्री के बालों को पकड़ने की उत्कंठा से काँपता हुआ भीषण कृपाण की ओर बार-बार बढ़ने लगा । उनके कपोलों पर कपिल वर्ण का रोषराग इस प्रकार दिखाई पड़ने लगा मानों उसके शस्त्रग्रहण से प्रसन्न राज्यलक्ष्मी अपनी भाग्यवृद्धि मान कर सिन्दूर की धूल उड़ाने लगी हो । उसका दाहिना चरण पास में बैठे हुए समस्त राजाओं की चूड़ामणियों पर प्रतिबिम्ब के रूप में आक्रमण करने से

१. श्री अग्रवाल जी ने इस कूटश्लेष के तीन अर्थ किए हैं—(१) म्यान के पक्ष में—राज्यवर्धन का बायाँ हाथ दाहिनी ओर कमर में खोंसी हुई भुजाली की मूठ पर गया जो गजमस्तक के अलंकरण से सुशोभित था । यों उस हाथ की नखकिरणों ने युद्ध का बोझा उठाने में समर्थ उस म्यानबंद भुजाली का मानों जलधाराओं से सम्मानपूर्ण अभिषेक किया । (२) दिव्यपरीक्षा के पक्ष में—गजमस्तक की तरह विकट मुट्ठी बँधा हुआ बायाँ हाथ दिव्यपरीक्षा के समय दाहिनी मुट्ठी को अपनी नखकिरणों से मानों मरणपर्यन्त दंड की सम्भावना का अभिषेक करा रहा था । (३) अभिधर्मकोशग्रन्थ के पक्ष में—दिङ्नाग के मस्तक की कूटकल्पनाओं से विकट बना हुआ जो वसुबन्धु का अभिधर्मकोश ग्रन्थ का भावनामय (विचारों के द्वारा) ऐसा स्नान कराता था जिससे शास्त्रार्थरूपी युद्धों के मचने से रसहीनता आ जाती थी । (पृ. १२१-१२३ हर्ष. सां. अ.)

ङ्गुष्ठकषणनिष्ठ्यूतधूमलेखो निर्वीरोर्वीकरणाय विमुक्तशिख इव लिलेख मणिकुट्टिममितरः पादपद्मः। दर्पस्फुटितसरसव्रणोच्छलितरुधिरच्छटावसेकैः शोकविषप्रसुप्तं प्रबोधयन्निव पराक्रममनुजमवादीत्—'आयुष्मन्! इदं राजकुलम्, अमी बान्धवाः, परिजनोऽयम्, इयं भूमिः, भूपतिभुजपरिघपालिताश्चैताः प्रजाः, गतोऽहमद्यैव मालवराजकुलप्रलयाय। इदमेव तावद्वल्कलग्रहणमिदमेव तपः शोकापगमोपायश्चायमेव यदत्यन्ताविनीतारिनिग्रहः। सोऽयं कुरङ्गकैः कचग्रहः केसरिणः, भेकैः करपातः कालसर्पस्य, वत्सकैर्बन्दिग्रहो व्याघ्रस्य, अलगर्दैर्गलग्रहो गरुडस्य, दारुभिर्दाहादेशो दहनस्य, तिमिरैस्तिरस्कारो रवेः, यो मौखराणां मालवैः परिभवः पुष्यभूतिवंशस्य। अन्तरितस्तापो मे महीयसा मन्युना। तिष्ठन्तु सर्व एव राजानः करिणश्च त्वयैव सार्धम्। अयमेको भण्डिरयुतमात्रेण तुरङ्गमाणामनुयातु माम्।' इत्यभिधाय चानन्तरमेव प्रयाणपटहमादिदेश।

कम्पते स्वेदवांश्च भवति। दिष्टमानन्दः। विमुक्तेति। धीराः किल रोषेण केशसंयमनमाऽरातिपरिभवप्रतीकारं न कुर्वते। भेको मण्डूकः। करपातश्चपेटादानम्। अलगर्दैर्जलसर्पैः।

मानों उत्पन्न अहंकार के कारण बायें ऊरुदण्ड पर उतान होकर चढ़ गया। बायें पैर के अंगूठे को कस के दबा कर रगड़ने से मानों पृथिवी को वीरविहीन करने के लिए धूमशिखा उत्पन्न करता हुआ मणिकुट्टिम को कुरेदने लगा। शोक के कारण विष से मूर्च्छित होकर पड़े हुए अपने पराक्रम को मानों दर्प के स्फोट से उत्पन्न उछाल मारते हुए रुधिर के छींटे डाल कर जगाते हुए छोटे भाई हर्ष से बोल उठे—'आयुष्मन्, यह राजकुल है, ये भाई-बन्धु हैं, ये परिजन हैं, यह पृथिवी है, महाराज के भुजदण्ड से पालित ये प्रजाएँ हैं, इन्हें सम्हालो, अब मैं मालवराज के वंश का नाश करने के लिए आज ही चला। मेरे लिए यही वल्कल का धारण और यही तप है और यही शोक को दूर करने का उपाय भी है कि अत्यन्त अविनीत इस शत्रु का दमन करूँ। हिरन शेर की मूंछ मरोड़ना चाहता है, मेढ़क काले सांप को तमाचा लगाना चाहता है, बछड़ा बाघ को बंदी बनाना चाहता है, डोड़हा सांप गरुड़ की गर्दन टीपना चाहता है, ईंधन स्वयं अग्नि को जलाना चाहता है, अन्धकार सूर्य का तिरस्कार करना चाहता है—यह जो मालवों ने पुष्यभूतिवंश का अपमान किया है। इस महान् क्रोध के कारण अब मेरा ताप मिट गया है। समस्त राजगण और हाथी तुम्हारे साथ ही रहें। अकेला यह भंडि दश हजार घोड़ों

तं च तथा समादिशन्तमाकर्ण्य जामिजामातृवृत्तान्तविज्ञानप्रकोपाधानदूयमाने मनसि निर्वर्तनादेशेन दूरप्ररूढप्रणयपीड इव प्रोवाच देवो हर्षः—'कमिव हि दोषं पश्यत्यार्यो ममानुगमनेन? यदि बाल इति नितरां तर्हि न परित्याज्योऽस्मि। रक्षणीय इति भवद्भुजपञ्जरो रक्षास्थानम्, अशक्त इति क परीक्षितोऽस्मि, संवर्धनीय इति वियोगस्तनूकरोति, अक्लेशसह इति स्त्रीपक्षे निक्षिप्तोऽस्मि, सुखमनुभवत्विति त्वयैव सह तत्प्रयाति, महानध्वनः क्लेश इति विरहाग्निरविषह्यतरः, कलत्रं रक्षत्विति श्रीस्ते निस्त्रिंशेऽधिवसति, पृष्ठतः शून्यमिति तिष्ठत्येव प्रतापः, राजकमनधिष्ठितमिति तत्सुबद्धमार्यगुणैः, न बाह्यः सहायो महत इति व्यतिरिक्तमेव मां गणयति, प्रलघुपरिकरः प्रयामीति पादरजसि कोऽतिभारः, द्वयोर्गमनमसांप्रतमिति मामनुगृहाण गमनाज्ञया, कातरो भ्रातृस्नेह इति

जामिर्भगिनी। न बाह्य इति। किल य एव त्वं स एवाहमिति। कोऽसौ सहायोऽस्य। आत्मंभरिता स्वार्थमात्रपरता।

की सेना लेकर मेरे साथ चलेगा।' यह कह कर उन्होंने तुरत ही कूच का डंका बजाने का हुक्म दिया।

इस प्रकार राज्यवर्धन के आदेश को सुन कर बहन और बहनोई के वृत्तान्त से प्रचण्ड प्रकोप द्वारा आविष्ट, अपने रुक जाने के आदेश से बढ़ी हुई प्रणय की पीड़ा से मानो युक्त देव हर्ष ने कहा—'मेरे अनुगमन से आर्य कौन-सा दोष देखते हैं? यदि मैं नाबालिग हूँ तो भी परित्याग के योग्य नहीं। यदि रक्षणीय हूँ तो आर्य का भुजपंजर ही मेरी रक्षा का स्थान है। यदि मुझे असमर्थ कहें तो आर्य ने मेरी कहाँ परीक्षा ली? संवर्धन के योग्य हूँ तो आपका वियोग मुझे क्षीण कर डालता है। क्लेश को सह नहीं पाता हूँ तो यह कह कर मुझे स्त्रियों की श्रेणी में रख रहे हैं। 'सुख से रहो' यह यदि आपकी आज्ञा है तो मेरा सुख आप ही के साथ जाने के लिए तत्पर है। 'मार्ग का कष्ट महान् है' यह कहें तो आपके विरह की अग्नि ही मेरे लिए असह्य है। 'स्त्रियों की रक्षा करो' यद कहें तो आपके ही खड्ग में वह श्री निवास करती है जिससे उनकी रक्षा हो। 'पीछे कुछ नहीं' यह कहें तो आप का प्रताप पीछे-पीछे है ही। 'राजसमूह नायकहीन है' यह कहें तो आर्य के गुणों से ही वह अपने अधीन बना रहेगा। 'वीरों का सहायक कोई बाहरी नहीं होता' यदि यह कहें तो आप मुझे अलग समझ रहे हैं। 'कुछ थोड़े से ही लोगों को साथ लेकर जा रहा हूँ' अगर यह बात है तो पैर की धूल का क्या बोझ है? 'दो भाइयों का साथ जाना ठीक नहीं' तो मुझे ही जाने की आज्ञा देकर अनुगृहीत करें। 'भाई

सदृशो दोषः। का चेयमात्मंभरिता भुजस्य ते यदेकाकी क्षीरोदफेनपटलपाण्डुरममृतमिव यशः पिपासति। अवञ्चितपूर्वोऽस्मि प्रसादेषु। तत्प्रसीदत्वार्यो नयतु मामपि' इत्यभिधाय क्षितितलविनिहितमौलिः पादयोरपतत्।

तमुत्थाप्य पुनरग्रजो जगाद—'तात! किमेवमतिमहारम्भपरिग्रहणेन गरिमाणमारोप्यते बलादतिलघीयानप्यहितः। हरिणार्थमतिह्रेपणः सिंहसंभारः। तृणानामुपरि कति कवचयन्त्याशुशुक्षणयः। अपि च तवाष्टादशद्वीपाष्टमङ्गलकमालिनी मेदिन्यस्त्येव विक्रमस्य विषयः। नहि कुलशैलनिवहवाहिनो वायवः संनह्यन्त्यतितरले तूलराशौ। न सुमेरुवप्रप्रणयप्रगल्भा वा दिक्करिणः परिणमन्त्यणीयसि वल्मीके। ग्रहीष्यसि सकलपृथ्वीपतिप्रलयोत्पातमहाधूमकेतुं मांधातेव चारुचामीकरपत्त्रलतालंकाराङ्ककायं कार्मुकं ककुभां विजये। मम तु दुर्निवारायामस्यां विपक्षक्षपणक्षुधि क्षुभितायां क्षम्यतामयमेकाकिनः कोपकवल एकः। तिष्ठतु

अतिह्रेपणोऽत्यन्तलज्जाकारी। कवचयन्ति संनह्यन्ति। आशुशुक्षणयोऽग्नयः। अष्टमङ्गलकं कङ्कणमित्यन्ये। तूलं कार्पासः। परिणमन्ति तटाघातक्रीडां न कुर्वन्ति।

का स्नेह भय उत्पन्न कर रहा है' यह तो हम दोनों के लिए बराबर है। आपके भुजदण्ड की यह कौन सी स्वार्थपरता है जो अकेले ही क्षीरसमुद्र के फेनपटल के समान उज्ज्वल अमृत रूप यश को पी जाना चाहता है। पहले कभी भी आपने अपने प्रसाद से मुझे वञ्चित नहीं किया। अतः आर्य प्रसन्न हों और मुझे भी साथ ले चलें।' यह कहकर पृथिवी पर सिर टेकते हुए उनके चरणों पर गिर गए।

बड़े भाई ने उनको उठाकर फिर कहा—'तात, इस प्रकार बहुत बड़ी तैयारी करके बल की दृष्टि से अत्यन्त हीन उस शत्रु को बड़ाई क्यों दे रहे हो? हिरन मारने के लिए शेरों का झुण्ड ले जाना लज्जास्पद है। तिनकों को जलाने के लिए कितनी अग्नियाँ कवच धारण करेंगी। और फिर, तुम्हारे पराक्रम के लिए अठ्ठारह द्विपों की अष्टमङ्गलक माला पहनने वाली पृथिवी उपयुक्त विषय है। कुलपर्वतों को उड़ा ले जाने वाले मारुत थोड़ी सी रूई की ढेर में कमर नहीं कसते। सुमेरु से टक्कर लेने वाले दिग्गज कभी बाम्बी से नहीं भिड़ते। मान्धाता के समान दिशाओं की विजय में समस्त राजाओं के विनाश के लिये उत्पात की सम्भावना करने वाला धूमकेतु रूप और सुवर्ण की पत्रलताओं से रचित धनुष अपने हाथ से पकड़ोगे। शत्रु के विनाश को तड़फड़ा देने वाले अकेले मेरी दुर्निवार

भवान् ।' इत्यभिधाय च तस्मिन्नेव वासरे निर्जगामाभ्यमित्रम् ।

अथ तथागते भ्रातरि, उपरते च पितरि, प्रोषितजीविते च जामातरि, मृतायां च मातरि, संयतायां च स्वसरि, स्वयूथभ्रष्ट इव वन्यः करी देवो हर्षः कथं कथमप्येकाकी कालं तमनैषीत् । अतिक्रान्तेषु बहुषु वासरेषु कदाचित्तथैव भ्रातृगमनदुःखासिकया दत्तप्रजागरस्त्रिभागशेषायां त्रियामायां यामिकेन गीयमानामिमामार्यां शुश्राव—

द्वीपोपगीतगुणमपि समुपार्जितरत्नराशिसारमपि ।
पोतं पवन इव विधिः पुरुषमकाण्डे निपातयति ॥ ३ ॥

तां च श्रुत्वा सुतरामनित्यताभावनया दूयमानहृदयः प्रक्षीणभूयिष्ठायां क्षपायां क्षणमिव निद्रामलभत । स्वप्ने चाभ्रंलिहं लोहस्तम्भं भज्यमानमपश्यत् । उत्कम्पमानहृदयश्च पुनः प्रत्यबुध्यत । अचिन्तयच्च—'किं नु खलु मामेवममी सततमनुबध्नन्ति दुःस्वप्नाः । स्फुरति च दिवानिश-

---

अणीयस्यतिस्वल्पे । वल्मीके पिपीलिकोत्खाते मृत्स्थले । अभ्यमित्रं शत्रुसंमुखम् ।

यामिकेन जागरानियुक्तेन । रत्नराशिर्मणिसमूहः, अब्धिश्च । तस्य साराः श्रेष्ठरत्नानि । पोतं यानपात्रम् । निपातयति व्यापादयति । अत्युन्नतमभ्रंलिहं

इस भूख में क्रोध के केवल एक ग्रास के लिए क्षमा करो, रुक जाओ ।' यह कहकर राज्यवर्धन उसी दिन शत्रु की ओर निकल पड़े ।

इस प्रकार भाई चले गये, पिताजी की मृत्यु हो गई, बहनोई ग्रहवर्मा भी न बच रहे, माता मृत्यु को प्राप्त हुई, बहन कैद में पड़ गई तो देव हर्ष ने अपने यूथ से भटके हुए बनैले गज की भाँति किसी किसी प्रकार वह समय व्यतीत किया । बहुत दिनों के बाद किसी समय भाई के चले जाने के दुःख की चिन्ता में मग्न होकर जगे-जगे उन्होंने रात के तीसरे पहर में पहरुवे द्वारा गाई हुई इस आर्या को सुना—

'सारे द्वीपों में जिसके गुणों की प्रशंसा होती है, रत्नसमूह का जो उपार्जन कर लेता है ऐसे पुरुष को विधि असमय में उस प्रकार पटक देता है जैसे वायु जहाज को ।'

यह सुनकर उनका हृदय अनित्यता की भावना से दुखी होने लगा । अभी रात कुछ बच रही थी कि क्षण भर उन्हें नींद आ गई । स्वप्न में बहुत लम्बे एक लौहस्तम्भ को टूटते हुए देखा । उनका हृदय काँपने लगा और फिर नींद टूट गई—'क्यों ये दुःस्वप्न हमेशा मेरे ही पीछे लगे हैं ! अशुभ की सूचना देने वाली मेरी बायीं आँख दिन-रात फरकती रहती है । किसी बड़े राजा के नाश को सूचित करने वाले ये दारुण उत्पात

मकल्याणाख्यानविचक्षणमदक्षिणमक्षि। सुदारुणाश्चाक्षुद्रक्षितिपक्षयमाचक्षाणाः क्षणमपि न शाम्यन्ति पुनरुत्पाताः। प्रत्यहं राहुरविकलकायबन्ध इव कबन्धवति ब्रध्नबिम्बे घटमानो विभाव्यते। तपःकरणकालकवलितानिव धूसरितसमग्रग्रहानुद्गिरन्ति धूमोद्गारान्सप्तर्षयः। दिने दिने दारुणा दिशां दाहा दृश्यन्ते। दिग्दाहभस्मकणनिकर इव निपतति नभस्तलात्तारागणः। तारापातशुचेव निष्प्रभः शशी। निशि निशि इतस्ततः प्रज्वलिताभिरुल्काभिरुग्रं ग्रहयुद्धमिव वियति विलोकयन्ति विलोलतारकाः ककुभः। राज्यसंचारसूचकः संचारयतीव क्ष्मां क्वापि वहद्बहुलरजःपटलकलिलशर्कराशकलसूत्कारी मारुतः। न कुशलमिव पश्यामि लग्नस्य। अस्मिन्नस्मद्वंशे करीण इव करीरं कोमलमपि कलयतः कृतान्तस्य कः परिपन्थी? सर्वथा स्वस्ति भवत्वार्याय।' इति चिन्तयित्वा च अन्तर्भिन्नं भ्रातृस्नेहकातरं द्रवदिव हृदयं कथं कथमपि संस्तभ्योत्थाय यथाक्रियमाणं क्रियाकलापमकरोत्।

नभःस्पृशम्। अक्षुद्रः प्रधानभूतः। राहोरविकलकायबन्धनं कबन्धयोगात्। कबन्धदर्शनं चोत्पातसूचकम्। विलोलतारका इति। स्त्रीणां च युद्धदर्शनवशादक्ष्णोश्च लोलत्वं भवति। कलिलानि व्याप्तानि। वंशो वेणुरपि। करीरो वंशाङ्कुरः। अपिशब्दः कृतान्तस्येत्यतः परं योज्यः। परिपन्थी रोधकः। परिपूर्वपर्यायः परिपन्थशब्दोऽस्तीति ज्ञापितम्।

अब भी शान्त नहीं हो रहे हैं। प्रतिदिन सूर्य में कबन्ध दिखाई पड़ता है। सशरीर के समान होकर राहु सूर्य पर झपटता हुआ लगता है। सप्तर्षि तारे तपस्या करने के अवसर में किए धूम्रपान को अब मुँह से उगलते हैं जिससे आकाश के समस्त तारे धुँधले लग रहे हैं। प्रतिदिन दारुण दिग्दाह दिखाई पड़ते हैं। दिग्दाहों के भस्मकण के रूप में तारे आकाश से गिरते नजर आते हैं। तारों के गिरने के मानों शोक से चन्द्रमा निष्प्रभ लगता है। प्रत्येक रात में उग्र रूप में इधर-उधर उल्कायें जलती रहती हैं, चञ्चल तारों वाली दिशाएँ आकाश में मानों ग्रहयुद्ध देखा करती हैं। धूल और आँकड़-पाथर से भरा हुआ, साँय-साँय की ध्वनि से युक्त एवं राज्य के विलयन की सूचना देने वाला पवन पृथिवी को मानों कहीं उड़ाकर ले जाने की कोशिश करता है। शुभ लग्न को भी उपस्थित नहीं देखता हूँ। हाथी के लिये जैसे कोमल बाँस का कोंपल होता है उसी प्रकार हमारे इस वंश में यमराज का अब कौन शत्रु है। सब प्रकार से आर्य का कल्याण हो।' यह सोच

आस्थानगतश्च सहसैव प्रविशन्तम्, अनुप्रविशता विषण्णवदनेन लोकेनानुगम्यमानम्, असह्यदुःखोष्णनिःश्वासधूमरक्ततन्तुनेव मलिनेन पटेन प्रावृतवपुषम्, जीवितधारणलज्जयेवावनतमुखम्, नासावंशस्याग्रे ग्रथितदृष्टिम्, दुःखदूरप्ररूढरोम्णा मूकेनापि मुखेन स्वामिव्यसनमविच्छिन्नैरश्रुबिन्दुभिर्विज्ञापयन्तं कुन्तलं नाम बृहदश्ववारम्, राज्यवर्धनस्य प्रसादभूमिमभिज्ञाततमं ददर्श। दृष्ट्वा च जाताशङ्कश्चक्षुषि सलिलेन, मुखशशिनि श्वसितेन, हृदये हुताशनेन, उत्सङ्गे भुवा, दारुणाप्रियश्रवणसमये सममिव सर्वेष्वङ्गेष्वगृह्यत लोकपालैः। तस्माच्च हेलानिर्जितमालवानीकमपि गौडाधिपेन मिथ्योपचारोपचितविश्वासं मुक्तशस्त्रमेकाकिनं विश्रब्धं स्वभवन एव भ्रातरं व्यापादितमश्रौषीत्।

श्रुत्वा च महातेजस्वी प्रचण्डकोपपावकप्रसरपरिचीयमानशोकावेगः सहसैव प्रजज्वाल। ततश्चामर्षविधुतशिरःशीर्यमाणशिखामणिशकलाङ्गार-

अप्रियेति। अप्रियग्रहणकाले च दुःख सर्वाङ्गेषु गृह्यते।

तत इत्यादौ। परां भीपजतामयासीदिति संबन्धः।

कर भाई के स्नेह से कातर हो मानों द्रवीभूत होते हुए अपने हृदय को किसी प्रकार रोककर हर्ष ने अपने नित्य कार्य किए।

आस्थानमण्डप में पहुँचते ही उन्होंने राज्यवर्धन का प्रसाद-पात्र और अपने भी अति परिचित कुन्तल नामक प्रधान सवार को प्रवेश करते हुए देखा। उसके पीछे पीछे विषाद से भरे लोग प्रवेश कर रहे थे। उसके शरीर का वस्त्र मलिन हो गया था मानों असह्य दुःख के कारण निकला हुआ उष्ण निःश्वास का धुँवा लग गया था। प्राण धारण की लज्जा से मानों वह मुँह नीचा किए था। नाक के अग्रभाग में उसकी दृष्टि लगी हुई थी। दुःख के कारण रोमाञ्च से भरे हुए उसके मुख से आवाज नहीं निकल रही थी, फिर भी अपने स्वामी के आकस्मिक व्यसन को बेरोक-टोक ढलते हुए आँसुओं से सूचित कर रहा था। उसे देखकर वे शंकित हो गये, तभी उनकी आँख में जल (जल देवता वरुण), मुख में श्वास (वायु देवता), हृदय में अग्नि (अग्नि देवता), उत्सङ्ग में पृथिवी (भूदेवता), आदि लोकपाल देवताओं ने दुसह अप्रिय समाचार के सुनने के अवसर में उन्हें मिलकर सम्हाल लिया। उसने खबर दी कि राज्यवर्धन ने मालव की सेना को खेल ही खेल में जीत लिया था, किन्तु गौड़ाधिपति की दिखावटी आवभगत का विश्वास करके वह अकेला शस्त्रहीन दशा में अपने ही भवन में मारा गया।

यह सुनते ही महातेजस्वी हर्ष का शोकावेग प्रचण्ड कोपाग्नि के धधकने से और भी बढ़ गया और वे सहसा प्रज्वलित हो उठे। क्रोध से काँपते हुए उनके मस्तक की

किताङ्कमिव रोषाग्निमुद्वमन्ननवरतस्फुरितेन पिबन्निव सर्वतेजस्विनामायूंषि, रोषनिर्भुग्नेन दशनच्छदेन लोहितायमानलोचनालोकविक्षेपैर्दिग्दाहानिव दर्शयन्, रोषानलेनाप्यसह्यसहजशौर्य्योष्मदहनदह्यमानेनेव वितन्यमानस्वेदसलिलशीकरासारदुर्दिनः, स्वावयवैरप्यदृष्टपूर्वप्रकोपभीतैरिव कम्पमानैरुपेतः, हर इव कृतभैरवाकारः, हरिरिव प्रकटितनरसिंहरूपः, सूर्यकान्तशैल इवापरतेजःप्रसरदर्शनप्रज्वलितः, क्षयदिवस इवोदितद्वादशदिनकरदुर्निरीक्ष्यमूर्तिः, महोत्पातमारुत इव सकलभूभृत्प्रकम्पकारी, विन्ध्य इव वर्धमाननिग्रहोत्सेधः, महाशीविष इव दुर्नरेन्द्राभिभवरोषितः,

---

निर्भुग्नेन वक्रीकृतेन। दह्यमानेनेति। दाहभीतेन च सलिलकणा वितन्यन्ते। भैरवो भीषणोऽपि। प्रशस्तो नरो नरसिंहः। इत्थं च—'स्युरुत्तरपदे व्याघ्रपुंगवर्षभकुंजराः। सिंहशार्दूलनागाद्याः पुंसि श्रेष्ठार्थवाचकाः॥' इति। नृसिंहरूपी च हरिरिति। तेजो क्षमता, आतपश्च, दिनकरवत्तैश्च दुर्निरीक्षणः। भूभृतो राजानोऽपि, गिरयश्च। वर्धमानेन देहेन उत्सेध औन्नत्यं यस्य। नरेन्द्रो मन्त्रज्ञः, राजापि। परीक्षिति दग्धे जनमेजयः पितृपरिभवेन सर्पसत्रे भोगिनां क्षयार्थं ययाजेति वार्ता।

शिखामणियाँ टुकड़े-टुकड़े होकर अङ्गार के रूप में छटकने लगीं, मानों वे रोष की अग्नि को उगल रहे हों। उनके ओठ इस तरह लगातार फड़फड़ा रहे थे मानों समस्त तेजस्वियों की आयु पी रहे हों। रोष के कारण ओठ कट जाने से आँखों की किरणें लाल होकर फैल रही थीं मानों दिग्दाह के दृश्य उत्पन्न कर रहे हों। उनके अपने क्रोधानल से भी कहीं अधिक ताप वाला स्वाभाविक शौर्य इस प्रकार उद्दीप्त हो उठा कि उनके शरीर से स्वेद जल की वर्षा होने लगी। मानों उनके अपने ही अङ्गों ने पहले कभी ऐसा कोप नहीं देखा था इसलिए काँपने लगे। उनकी आकृति शिव के समान भैरव (भीषण) हो गई। विष्णु के समान उन्होंने नरसिंह का रूप धारण कर लिया। सूर्यकान्त मणि के पर्वत के समान दूसरे का तेज देखते ही प्रज्वलित हो उठे। महोत्पात के समय पर्वतों को कम्पित करने वाले वायु के समान समस्त राजाओं को उन्होंने कँपा दिया। विन्ध्यपर्वत के समान उनका विग्रहमद बढ़ने लगा (विन्ध्य का विग्रह अर्थात् शरीर बढ़ा था)। दुष्ट सपेरे (नरेन्द्र) द्वारा कोपित महासर्प के समान दुष्ट राजा के द्वारा किए गए अपने अभिभव से कुपित थे। परीक्षित राजा के पुत्र जनमेजय के समान समस्त भोगियों (धनवानों, सर्पों) को जला डालने के लिये तैयार हो गए। भीम के समान शत्रु के खून के प्यासे हो गये। शत्रुहाथी को देखकर दौड़ पड़ने वाले ऐरावत के समान शत्रु के

पारीक्षित इव सर्वभोगिदहनोद्यतः, वृकोदर इव रिपुरुधिरतृषितः, सुरगज इव प्रतिपक्षवारणप्रधावितः, पूर्वागम इव पौरुषस्य, उन्माद इव मदस्य, आवेग इवावलेपस्य, तारुण्यावतार इव तेजसः, सर्वोद्योग इव दर्पस्य, युगागम इव यौवनोष्मणः, राज्याभिषेक इव रणरसस्य, नीराजनदिवस इवासहिष्णुतायाः परां भीषणतामयासीत्।

अवादीच्च गौडाधिपाधममपहाय कस्तादृशं महापुरुषं तत्क्षण एव निर्व्याजभुजवीर्यनिर्जितसमस्तराजकं मुक्तशस्त्रं कलशयोनिमिव कृष्णवर्त्मप्रसूतिरीदृशेन सर्ववीरलोकविगर्हितेन मृत्युना शमयेदेवमार्यम्। अनार्यं च तं मुक्त्वा भागीरथीफेनपटलपाण्डुराः केषां मनःसु सरःसु राजहंसा इव परशुरामपराक्रमस्मृतिकृतो न कुर्युरार्यशौर्यगुणाः पक्षपातम्। कथमिवात्युग्रस्यास्यार्यजीवितहरणे निदाघरवेरिव कमलाकरसलिलशोषणेऽ-

भोगिनो राजानः। वृकोदरो भीमसेनः। वारणं निषेधः, हस्ती च वारणः। अवलेपस्य दर्पस्य। नीराजनं शान्तिकर्मविशेषः।

कलशयोनिं द्रोणाचार्यम्। कृष्णवर्त्मप्रसूतिः पापमार्गप्रवर्तकः। धृष्टद्युम्नश्चाग्निजातः, कृष्णवर्त्मा वह्निः। भागीरथीत्यादि परशुराम इत्यादि च हंसानामपि विशेषणम्। रामेण हि हंसमार्गः कैलासे कृत इति हंसास्तत्कीर्तिं स्मारयन्ति। पक्षपातं स्नेहम्, पक्षैर्गमनं च। अत्युग्रस्यातिक्रूरस्य, अतिचण्डस्य च। अत्रार्यस्य

विनाश के लिये चल पड़े। मानों पराक्रम इस रूप में पहली बार उपस्थित हुआ। मद के उन्माद के समान, अवलेप के आवेग के समान, तेज के चढ़ते हुए यौवन के समान, दर्प के समस्त उद्योग के समान, यौवन ताप के युगागम के समान, युद्ध रस के राज्याभिषेक के समान, असहनशीलता के नीराजन के समान वे अत्यन्त भयङ्कर हो गये।

वे बोले—'गौडाधिपति को छोड़कर कौन है जो बिना किसी छल-कपट के समस्त राजाओं को पराजित करने वाले वैसे महापुरुष को शस्त्रहीन अवस्था में ऐसी मृत्यु से मारे जिसे वीर लोग निन्दा की दृष्टि से देखते हैं। जिस प्रकार धृष्टद्युम्न ने द्रोणाचार्य को शस्त्रहीन देखकर मार डाला था। उस अनार्य को छोड़कर गंगा के फेनपटल के समान उज्ज्वल और परशुराम के पराक्रम की स्मृति उत्पन्न करने वाले आर्य के शौर्यगुण सरोवर में राज-हंसों के समान किसके मन में पक्षपात नहीं करते? जैसे ग्रीष्मकाल में प्रखर तेज वाले सूर्य की किरणें सरोवर का जल सोख लेती हैं उसी प्रकार अत्यन्त उग्र स्वभाव वाले उस गौड़ाधिप की प्रीति की बिलकुल अपेक्षा न रखने वाले हाथ आर्य के प्राण हरने के लिये कैसे फैल गए? उसकी क्या गति होगी? किस योनि में प्रवेश

नपेक्षितप्रीतयः प्रसृताः कराः। कां नु गतिं गमिष्यति, कां वा योनिं प्रवेक्ष्यति, कस्मिन्वा नरके निपतिष्यति। श्वपाकोऽपि क इदमाचरेत्। नामापि च गृह्णतोऽस्य पापकारिणः पापमलेन लिप्यत इव मे जिह्वा। किं वाङ्गीकृत्य कार्यमार्यस्तेन क्षुद्रेणानुप्रविश्य विगतघृणेन घुणेनेव सकलभुवनाह्लादनचतुरश्चन्दनस्तम्भः क्षयमुपनीतः। नूनं नानेन मूढेन मधुरसास्वादलुब्धेन मध्विवार्यजीवितमाकर्षता भावी दृष्टः शिलीमुखसंपातोपद्रवः। निजगृहदूषणं जालमार्गप्रदीपकेन कज्जलमिवातिमलिनं केवलमयशः संचितं गौडाधमेन। नत्वाश्वेवास्तमुपगतवत्यपि त्रिभुवनचूडामणौ सवितरि वेधसादिष्टः सत्पथशत्रोरन्धकारस्य निग्रहाय ग्रहषण्डविहारैकहरिणाधिपः शशी। विनयविधायिनि भग्नेऽपि चाङ्कुशे विद्यत एव व्यालवारणस्य विनयाय सकलमत्तमातङ्गकुम्भस्थलस्थिरशिरोभागभिदुरः खर-

---

कमलाकरेणोपमा। लक्ष्मीयात्रादिगुणयुक्तत्वात्। करा हस्ताः, रश्मयश्च। क्षुद्रेण क्रूरेण, परिचितपरिपणेन च। अनुप्रविश्य विश्वासं नीत्वान्तर्भूय च। घुणेन काष्ठकृमिणा। शिलीमुखाः शराः, भ्रमराश्च। जालस्य कुसृतेर्मार्गं दीपयति यस्तेन गवाक्षमार्गेण यः प्रदीपः स यथा कज्जलं संचिनुते नत्वाशु इत्यप्रस्तुतप्रशंसा बोद्धव्या। विशेषेण हरणं विहारो, विच्छायीकरणं गमनं च। षण्डे हि सिंहो गमनं करोति। व्यालवारणस्य दुष्टदन्तिनः। स्थिरो दृढः शिरोभागो यस्य। यं प्राप्यैव

करेगा? या किस नरक में गिरेगा? चाण्डाल भी कौन है जो ऐसा करे? उस पापी के नाम लेने से भी मेरी जिह्वा में पाप जैसे लिपट जाता है। क्या सोचकर उसने ऐसा किया? जैसे छोटा सा घुन प्रवेश करके चन्दन के स्तम्भ को समाप्त कर डालता है उसी प्रकार उस घृणाहीन क्षुद्र ने सारे जगत् को आह्लादित करने वाले आर्य को उनके भवन में प्रवेश करके मार डाला। निश्चय ही मधुरस के चखने के लोलुप उस मूर्ख ने मधु के समान आर्य के प्राणों को चूसते हुए यह नहीं सोचा कि शिलीमुख (बाण या भौंरे) मुझ पर टूट पड़ेंगे। जैसे किसी झरोखे में रखा हुआ दीपक कालिख से घर को दूषित कर देता है उसी प्रकार अपने ही दोष के रूप में उस गौड़ाधम ने अत्यन्त मलिन अपने अयश को केवल सञ्चित किया। इस प्रकार शीघ्र त्रिभुवन के चूड़ामणि सूर्य (राज्यवर्धन) के अस्त हो जाने पर क्या विधाता ने सन्मार्ग के शत्रु अन्धकार (गौड़ाधिप) के निग्रह के लिये ग्रहों के वनखण्ड में विचरण करने वाले सिंह के रूप में चन्द्र (हर्षवर्धन) को आदेश नहीं दिया है? दुष्ट हाथी को विनय की सीख देने वाले अङ्कुश के टूट जाने पर भी समस्त मतवाले हाथियों के कुम्भस्थल के भेदन में समर्थ और अत्यन्त तीक्ष्ण सिंह

तरः केसरिनखरः। तादृशाः कुवैकटिका इव तेजस्विरत्नविनाशकाः कस्य न वध्याः। क्वेदानीं यास्यति दुर्बुद्धिः ?' इत्येवमभिदधत एवास्य पितुरपि मित्रं सेनापतिः समप्रविग्रहप्राग्रहरो हरितालशैलावदातदेहः परिणतप्रगुणसालप्रकाण्डप्रकाशः प्रांशुः, अतिशौर्योष्मणेव परिपाकमागतो गतभूयिष्ठे वयसि वर्तमानः, बहुशरशयनसुप्तोत्थितोऽपि हसन्निव शान्तनवमतिदीर्घेणायुषा, दुरभिभवशरीरतया जरयापि भीतभीतयेव प्रकटितप्रकम्पया परामृष्टः कथमपि सारमयेषु शिरोरुहेषु शशिकरनिकरसितसरलशिरोरुहसटालां सैंहीमिव निष्कपटपराक्रमरसरचितां संक्रान्तो जीवन्नेव जातिम्, अपरामपरस्वामिमुखदर्शनमहापातकपरिजिहीर्षयेव भ्रूयुगलेन वलितशिथिलप्रलम्बचर्मणा स्थगितदृष्टिः, धवलस्थूलगुञ्जापिच्छप्रच्छादितकपोलभागभास्वरेण वमन्निव विक्रमकालमकालेऽपि विकाशिकाश-

---

तस्य स्वयं विदारणं भवतीत्यर्थः। वैकटिको रत्नबन्धकः।

इत्येवमादौ। सेनापतिः सिंहनादनामा संनिधावेव समुपविष्टो विज्ञापितवानिति संबन्धः। विग्रहाः संभ्रमास्तेषु प्राग्रहरोऽग्रेसरः। प्रगुणं स्पष्टम्। काण्डं स्कन्धः। शान्तनवं भीष्मम्। वलयोऽस्य सन्ति वलिनम्। गुञ्जोत्तरोष्ठोपरि रोमराजिः। विक्रमकालमिति। शरदारम्भविशेषणम्। तत्र शत्रुषु जययात्रा विधेयेति।

का नख तो विद्यमान ही है। उसी प्रकार से रत्न के निकृष्ट पारखी जो तेजस्वी रत्नों को नष्ट कर डालते हैं किसके वध्य नहीं ? वह दुर्बुद्धि गौड़ाधिप अब बच कर कहाँ जायगा ?' प्रभाकरवर्धन का मित्र सिंहनाद नाम का सेनापति पास में बैठा हुआ था। युद्ध के अवसरों में वह सबसे आगे रहने वाला था। हरिताल के समान उसकी देह उज्ज्वलवर्ण की और बढ़े हुए सालवृक्ष के समान लम्बी थी। शौर्य की अधिक गर्मी से मानों वह पक गया था, जिससे उसकी आयु का अधिक अंश बीत चुका था। मानों वह भी अनेक बाणों के बने हुये शयन पर सोकर उठा था और अपनी आयु से भीष्म को भी हँस रहा था। उसके कष्ट से अभिभव प्राप्त करने के कारण वृद्धावस्था भी डर कर मानों शरीर में कम्प उत्पन्न करती हुई उसका स्पर्श किए थी। चन्द्र की किरणों के समान सफेद और सीधे सादे एवं दृढ़ उसके बाल ऐसे प्रतीत होते थे कि मानों वह अपने निष्कपट पराक्रम रस के कारण जीते जी ही सिंह की जाति को प्राप्त कर चुका था। उसकी आँख पर चमड़ी शिथिल होकर इस प्रकार नीचे झूल रही थी कि भौंहों से उसकी आँखें ढँक गई थीं। उसके भीमाकृति मुख के सफेद गलगुच्छे गालों पर छाये हुए थे, मानों असमय में भी युद्ध के लिये उचित, फूले हुये काश वनों से उज्ज्वल शरत्काल के आरम्भ को उगल रहा

काननविशदं शरदारम्भं भीमेन मुखेन, मृतमपि हृदयस्थितं स्वामिनमिव सितचामरेण वीजयन्नाभिलम्बेन कूर्चकलापेन, परिणामेऽपि धौतासिधाराजलपानतृषितैरिव विवृतवदनैर्बृहद्भिर्व्रणविदारैर्विषमितविशालवक्षाः, निशितशस्त्रटङ्ककोटिकुट्टितबहुबृहद्व्रणाक्षरपङ्क्तिनिरन्तरतया च सकलसमरविजयपर्वगणनामिव कुर्वन्पूर्वपर्वत इव पादचारी, विविधवीररसवृत्तान्तरामणीयकेन महाभारतमपि लघयन्निव, प्रतिपक्षक्षपणातिनिबन्धेन परशुराममपि शिक्षयन्निव, अभ्भ्रमणेनानादरश्रीसमाकर्षणविभ्रमेण मन्दरमपि मन्दयन्निव, वाहिनीनायकमर्यादानुवर्तनेनाम्भोधिमप्यभिभवन्निव, स्थैर्यकार्कश्योन्नतिभिरचलानपि ह्रेपयन्निव, सहजप्रचण्डतेजःप्रसरपरिस्फुरणेन सवितारमपि तृणीकुर्वन्निव, ईश्वरभारोद्वहनघृष्टपृष्ठतया हरवृष-

---

कूर्चकलापः श्मश्रुः। परिणामे वृद्धत्वे। तृषितोऽपि जलं पातुं विवृतवदनो भवति। विदारैः स्फोटैः। शस्त्राण्येव टङ्काः छेदनभाण्डानि कुट्टितानि छिन्नानि। पूर्ववृत्तान्तः पूर्वप्रशस्तिः। अभ्भ्रमणं समुद्रयात्रा, जले परिवर्तनमपि। ताभ्योऽनादरेण यश्च लक्ष्मीसमाकर्षणं तदर्थं यो विविधो भ्रमस्तेन। वाहिनी सेना, नदी च। स्थैर्यं व्यवसायादचलनमपि। कार्कश्यं परविषयं निर्दयत्वमपि। उन्नतिरभिमानोऽपि। तेज उन्नतिः, क्षमा, घर्मश्च। ईश्वरो देवो हरोऽपि। कार्येषु क्षुण्णो लोकेषु घृष्टपृष्ठ

हो। सफेद झालदार दाढ़ी नाभि तक इस प्रकार लटक रही थी मानों मरने पर भी हृदय में स्थित अपने स्वामी (प्रभाकर वर्धन) को उज्ज्वल चँवर से झल रहा हो। उसकी ऊबड़खाबड़ चौड़ी छाती पर मुँह बाये घावों के बड़े बड़े निशान इस प्रकार थे मानों वृद्धावस्था में भी तलवार के धाराजल के लिये तृषित हो रहे थे। उसके शरीर पर शस्त्र की तीक्ष्ण टाँकियों से व्रण रश्मियाँ टङ्कित थीं मानों समस्त युद्धों के विजय पर्व की गणना करता हो। उदयाचल के समान पृथिवी को चरणों से आक्रान्त करके बैठा था। वीररस के अनेक वृत्तान्तों के कारण महाभारत से भी बढ़कर वह रमणीय हो रहा था। शत्रुओं के संहार की प्रवृत्ति से वह परशुराम को भी मानों सीख दे रहा था। समुद्रभ्रमण के द्वारा श्री (लक्ष्मी या वैभव सम्पत्ति) को खींच लाने की अद्‌भुत सामर्थ्य से अपने सामने मन्दराचल को भी कम कर रहा था। वाहिनीनायक (सेनापति) की मर्यादा का अनुसरण करने से (वाहिनी नायक अर्थात् सरित्पति) समुद्र को भी अभिभूत कर रहा था। स्थिरता, कर्कशता और ऊँचाई से पर्वतों को भी लज्जित कर रहा था। स्वाभाविक प्रचण्ड तेज के स्फुरित होने से अपने सामने सूर्य को भी तृण के समान मान रहा था। पीठ पर स्वामी (ईश्वर) का बोझ ढोने से ईश्वर को भी हँस रहा था। क्रोधरूपी अग्नि की

भमपि हसन्निव, अरणिरमर्षाग्नेः, ऐश्वर्यं शौर्यस्य, मदो मदस्य, विसर्पो दर्पस्य, हृदयं हठस्य, जीवितं जिगीषुतायाः, समुच्छ्वसितमुत्साहस्य, अङ्कुशो दुर्मदानाम्, नागदमनो दुष्टभोगिनाम्, विरामो वरमनुष्यतायाः, कुलगुरुर्वीरगोष्ठीनाम्, तुला शौर्यशालिनाम्, सीमान्तदृश्वा शास्त्रग्रामस्य, निर्वोढा प्रौढवादानाम्, संस्तम्भयिता भग्नानाम्, पारगः प्रतिज्ञायाः, मर्मज्ञो महाविग्रहाणाम्, आघोषणापटहः समरार्थिनाम्, संनिधावेव समुपविष्टः सिंहनादनामा स्वरेणैव दुन्दुभिघोषगम्भीरेण सुभटानां समररसमानयन्विज्ञापितवान्—

'देव ! न क्वचित्कृताश्रयया मलिनया मलिनतराः कोकिलया काका इव कापुरुषा हतलक्ष्म्या विप्रलभ्यमानमात्मानं न चेतयन्ते। श्रियो हि दोषा अन्धतादयः कामलाविकाराः। छत्रच्छायान्तरितरवयो विस्मर-

---

उच्यते। नागदमनो गजमर्दनः, गरुडश्च। भोगिनो राजानः, सर्पाश्च। यथा आघोषणापटहः समरार्थिनामुत्साहं जनयति तथाऽसावपीत्यर्थः।

देवेत्यादि। कापुरुषाः हतलक्ष्म्या विप्रलभ्यमानं वञ्च्यमानमात्मानं न चेतयन्ते इति योजना। न क्वचित्कृताश्रयया सर्वत्र चाञ्चल्यात्कस्मात्तान्हतलक्ष्मीर्विप्रलभत इत्याह—श्रियो हि दोषा अन्धतादयः। कामलाविकारा इति। हि यस्माच्छ्रियो ये

वह अरणि, शौर्य का ऐश्वर्य, मद का मद, दर्प का प्रसर, हठ का हृदय, विजय की इच्छा का जीवन, उत्साह का उच्छ्वसित, दुर्मदों का अंकुश, दुष्ट राजाओं का दमन करने वाला, श्रेष्ठ मनुष्यता का विराम, वीर गोष्ठियों का कुलगुरु, शौर्यशील लोगों की उपमा, शास्त्रों का पारदर्शी, उद्धत विवादों का समुचित उत्तर देने वाला, शत्रु के भय से भागने वालों को रोक रखने वाला, महासमरों का मर्मज्ञ, एवं युद्ध को चाहने वालों के लिए घोषणा पटह था। दुन्दुभि के घोष के समान गम्भीर आवाज में योद्धाओं के मन में युद्ध का कुतूहल उत्पन्न करते हुए उसने निवेदन किया।

'देव, कोयल के समान किसी स्थान पर स्थिर होकर न रहने वाली और मलिन दुष्ट लक्ष्मी के द्वारा प्रतारित होते हुए अपने आपको कौवे के समान मलिन प्रकृति के कायर पुरुष नहीं समझ पाते। कामला आदि आँखों के विकार के समान अन्धता आदि श्री के दोष हैं। छत्र की छाया में सूर्य को व्यवहित कर देने वाले मूढ़ लोग दूसरे तेजस्वी को बिलकुल भूल जाते हैं। वह वराक गौड़ाधिप क्या करे ? अत्यन्त डरपोक स्वभाव के कारण हमेशा मुँह फेरे रहने वाले उसने सबको अभिभूत कर देने वाले शौर्यातिशय के

न्त्यन्यं तेजस्विनं जडधियः। किं वा करोतु वराकः येनातिभीरुतया नित्यपराङ्मुखेन नतु दृष्टान्येव सर्वातिशायिशौर्यातिशयश्वयथुकपिलकपोलपुलकपल्लवितकोपानलानि कुपितानां तेजस्विनां मुखानि। नासौ तपस्वी जानात्येवं यथाभिचारा इव विप्रकृताः सद्यः सकलकुलप्रलयमुपाहरन्ति मनस्विन इति। जलेऽपि ज्वलन्ति ताडितास्तेजस्विनः। सकलवीरगोष्ठीबाह्यस्य तस्यैवेदमुचितमनुत्तारनिरयनिपातनिपुणं कर्म। मनस्विनां हि प्रधनप्रधानधने धनुषि ध्रियमाणे सति च कमलाकलहंसीकेलिकुवलयकानने कृपाणे कृपणोपायाः पयोधिमथनप्रभृतयोऽपि श्रीसमुत्थानस्य किं पुनरीदृशाः। येषां च धात्रा धरित्रीं त्रातुं नियुक्ताः स्वयमसमर्था इव कुलिशकर्कशभुजपरिघप्रहरणहेतोरुद्गिरन्ति गिरयोऽपि लोहानि ते कथमिव बाहुशालिनो मनसापि विमलयशोबान्धवा ध्यायेयुरकार्यम्। स-

---

दोषा अन्धतादयो विकारास्ते हि कामलाः कमलसंबन्धिनः। कमलानां दोषायां रात्रौ अन्धता संकोचः। तन्निवासश्च लक्ष्म्या अपि। स विकारश्चान्यं विप्रलभते। रागादयस्तैरन्धतेवान्धता सत्कार्यानालोचनम्। अथ च पाण्डु रोगभेदः। तेन शङ्खादौ पीतत्वादिज्ञानं तद्विकाराश्च राज्यन्धतादयो दोषा भवन्ति। सर्वातिशायिना शौर्यातिशयेन श्वयथुर्येषां तानि। ततो विशेषणसमासः। विप्रकृता उपद्रुताः। विप्रैर्द्विजैः कृताः। जले तेऽपि ताडिता आहता वैद्युताश्च तेजस्विनोऽग्नयोऽपि। गोष्ठी बाह्यश्च न जानाति धर्मं वृद्धासेवितत्वात्। प्रधनं रणः। गिरयो लोहान्युद्गि-

---

संवर्धन से लाल कपोलों पर रोमांच के रूप में उत्पन्न होते हुए कोपानल वाले कुपित तेजस्वी पुरुषों का मुख बिलकुल नहीं देखा है। वह बेचारा जानता ही नहीं कि मारण मन्त्र के समान मनस्वी पुरुष तिरस्कृत होने पर शीघ्र ही सारे वंश का उच्चाटन कर डालते हैं। तेजस्वी लोग बिजली के समान आघात पाकर जल में भी प्रज्वलित रहते हैं। वीरगोष्ठियों से बाहर उसके लिए उद्धार न पाने वाले नरक में गिरा देने वाला यह कर्म उचित ही है। मनस्वी पुरुष के द्वारा युद्ध के लिए धनुष धारण किये जाने पर और उनके पास लक्ष्मी रूपी कलहंसी की क्रीडा के लिए कुवलयवनरूपी कृपाण के विद्यमान रहने पर श्री को प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन प्रभृति उपाय भी तुच्छ हो जाते हैं तो ऐसे उपायों की क्या गणना ? वज्र के समान कर्कश जिनकी बाहु द्वारा परिघ नामक अस्त्र के प्रहार के लिए विधाता की आज्ञा पाकर स्वयं असमर्थ होकर पर्वत लोहा उत्पन्न करते हैं ऐसे बाहु-वीर्यशाली और निर्मल यश के प्रेमी मन से भी कैसे किसी अकार्य का ध्यान कर

र्वग्रहाभिभवभास्वराणां हि सुभटकराणामग्रतो दिग्ग्रहणे पङ्गवः पतङ्गकराः। महामहिषशृङ्गस्तरङ्गभङ्गभङ्गुरभीषणान्तराला लोकप्रवादमात्रेण च दक्षिणाशा परमार्थतो भटभ्रुकुटिरधिवासो यमस्य। चित्रं च यदुन्मुक्तसिंहनादानां सहसा साहसरभसरसरोमाञ्चकण्टकनिकरेण सह न निर्यान्ति सटाः शूराणां रणेषु। द्वयमेव च चतुःसागरसंभृतस्य भूतिसंभारस्य भाजनं प्रतिपक्षदाहि दारुणं वडवामुखं वा महापुरुषहृदयं वा। तेजस्विनः सकलाननवाप्य पयोराशिसहजस्य कुतो निवृत्तिरूष्मणः। वृथाविततविपुलफणाभारो भुजङ्गानां भर्ता बिभर्ति यो भोगेन मृत्पिण्डमेव केवलम्। अप्रतिहतशासनाक्रान्त्युपभोगसुखरसं तु रसायां दिक्कुञ्जरकरभारभास्वरप्रकोष्ठा वीरबाहव एव जानन्ति। रविरिवोन्मुखपद्माकरगृहीतपादपल्लवः सुखेनाखण्डिततेजा दिवसान्नयति शूरः। कातरस्य तु शशिन इव हरिणहृदयस्य पाण्डुरपृष्ठस्य कुतो द्विरात्रमपि निश्चला लक्ष्मीः। अपरिमित-

---

रन्ति गिरिभ्य एव लोहोत्पत्तेः। सर्वस्य वस्तुनो ग्रहोपहरणम्। ग्रहाश्चन्द्राद्याः। पतङ्गः सूर्यः। महामहिषशृङ्गयोस्तरङ्गवद्भङ्गुरा ये भङ्गास्तैर्भीषणमन्तरालं यस्याः सा। अन्यत्र,—महामहिषशृङ्गतुल्या। भूतिर्भस्मापि। तेजस्विनो वडवाग्नेरपि। मुखेन शोभनाकाशेनापि। शूरो रविरपि। हरिणहृदयस्याल्पसत्त्वस्यापि पाण्डुर-

सकते हैं ? सब ग्रहों के अभिभव करने में समर्थ (या सबका अपहरण करने वाले) सुभट लोगों के हाथों के सामने केवल दिशाओं के ग्रहण में सूर्य के कर (किरणें) पंगु हो जाते हैं। यह लोक प्रवाद मात्र है कि महामहिष की तरंगों के समान टेढ़ा सींगों से भयानक भीतरी भाग वाली दक्षिण दिशा यमराज का निवास स्थान है, परमार्थ रूप में महिष की सींग नहीं, बल्कि वहाँ योद्धाओं की भौहें व्याप्त हैं। आश्चर्य है कि संग्रामों में सिंहनाद करने वाले शूरवीरों के साहस रस के कारण उत्पन्न रोमांच के साथ ही सिंहों जैसी सटाएँ नहीं निकल जातीं। चारों समुद्रों से उत्पन्न होने वाले भूतिसम्भार (अर्थात् सम्पत्ति समूह अथवा भस्मसमूह) के योग्य स्थान दो ही हैं एक अपने प्रतिपक्ष (जल) को भस्म कर देने वाला (भस्मसमूह का योग्य स्थान) वडवानल और दूसरा (सम्पत्तिसमूह का योग्य स्थान) महापुरुष का हृदय। समुद्र में सहज उत्पन्न तेजस्वी वड़वानल के तीव्र तेज की निवृत्ति बिना सबको जलाए कैसे सम्भव है ? फणों का वृथा भार फैलाकर लादे हुए शेषनाग केवल मिट्टी का बोझ ही धारण कर रहे हैं। दिग्गज की सूँड़ के समान प्रकोष्ठ भागवाले वीरों के बाहु ही किसी प्रकार के विघ्न से रहित शासन द्वारा पृथिवी के उपभोगजनित आनन्द का अनुभव करते हैं। जैसे कमल (पद्माकर) सूर्य के किरणरूपी

यशःप्रकरवर्षी विकासी वीररसः। पुरःप्रवृत्तप्रतापप्रहताः पन्थानः पौरुषस्य। शब्दविद्रुतविद्विषन्ति भवन्ति द्वाराणि दर्पस्य। शस्त्रालोकप्रकाशिताः शून्या दिशः शौर्यस्य। रिपुरुधिरशीकरासारेण भूरिव श्रीरप्यनुरज्यते। बहुनरपतिमुकुटमणिशिलाशाणकोणकषणेन चरणनखराजिरिव राजताप्युज्ज्वलीभवति। अनवरतशस्त्राभ्यासेन करतलानीव रिपुमुखान्यपि श्यामीभवन्ति। विविधव्रणबद्धपट्टकशतैः शरीरमिव यशोऽपि धवलीभवति। कवचिषु रिपूरःकवाटेषु पात्यमानाः पावकशिखामिव श्रियमपि वमन्ति निष्ठुरा निस्त्रिंशप्रहाराः। यश्चाहितहृतस्वजनो मनस्विजनो द्विषद्योषिदुरस्ताडनेन कथयति हृदयदुःखम् परुषासिलतानिपातपवनेनोच्छ्वसिति निरुच्छ्वसितशत्रुशरीराश्रुधारापातेन रोदिति विपक्षवनि-

---

पृष्ठस्य देशभाषया निर्लज्जस्यापि। द्विरात्रमपीति। पौर्णमास्यामेव शशिनः सातिशयं शोभायुक्तत्वात्। लक्ष्मीः श्रीः, कान्तिश्च। शून्या अनावृताः। अनुरज्यतेऽनुरक्ता भवति, उपलिप्ता च भवति। उज्ज्वला रम्या, निर्मला च। श्यामानि कृष्णानि, विच्छा-

---

पादपल्लव को उन्मुख होकर पकड़ते हैं उसी प्रकार अखण्डित तेज वाला वीर जिसके पैर पद्मा (लक्ष्मी) अपने हाथों से दबाती है, सुखपूर्वक दिन व्यतीत करता है। हरिण के समान भीरु हृदय वाला (हरिण से युक्त मण्डल वाला) और ऊपर से देखने में उज्ज्वल चन्द्रमा की भाँति कायर पुरुष की लक्ष्मी (शोभा या सम्पत्ति) दो रात भी नहीं ठहरती। वीररस अपरिमित यशसमूह बरसाने वाला एवं विकासशील होता है। पौरुष के मार्ग आगे-आगे चलने वाले प्रताप के द्वारा अभ्यस्त होते हैं। वीर के आवाज करते ही उसके दर्प के द्वार से शत्रु निकल भागते हैं। शौर्य के शस्त्र के आलोक से प्रकाशित दिशाएँ जनरहित होती हैं। शत्रुओं की रुधिर की वर्षा से पृथिवी के समान श्री भी अनुरक्त (लालिमा से युक्त या प्रेमपूर्ण) हो जाती है। अनेक राजाओं के मुकुट की शिखामणि के घर्षण से चरणनख के समान साम्राज्य भी उज्ज्वल हो जाता है। शस्त्रों के हमेशा अभ्यास करने से करतल के समान शत्रुओं के मुख भी काले पड़ जाते हैं। व्रणों के ऊपर बाँधे गए वस्त्र के सैकड़ों टुकड़ों से शरीर की भाँति यश भी उज्ज्वल हो जाता है। कवच पहने शत्रु के चौड़े वक्ष पर पड़ते हुए कठोर खड्ग के प्रहार अग्नि शिखा के समान श्री (सम्पत्ति) को भी उगलते हैं। जो मनस्वी वीर पुरुष शत्रु के द्वारा आत्मीयजन के मारे जाने पर अपने हृदय का दुःख उस शत्रु की पत्नियों के वक्षताडन से व्यक्त करता है, वेग से चलती हुई असिलता की हवा के रूप में उच्छ्वास लेता है, साँस तोड़ते हुए शत्रु के नेत्र से बहती हुई अश्रुधारा के रूप में रुदन करता है और शत्रु पत्नियों की

ताचक्षुषा ददाति जलं स श्रेयान्नेतरः। नष्टस्वप्नदृष्टनष्टेष्विव क्षणिकेषु शरीरेषु निबध्नन्ति बन्धुबुद्धिं प्रबुद्धाः। स्थायिनि यशसीव शरीरधीर्वीराणाम्। अनवरतप्रज्वलिततेजःप्रसरभास्वरस्वभावं च मणिप्रदीपमिव कलुषः कज्जलमलो न स्पृशत्येवातितेजस्विनं शोकः। स त्वं सत्त्ववतामग्रणीः प्राग्रहरः प्राज्ञानां प्रथमः समर्थानां प्रष्ठोऽभिजातानामग्रेसरस्तेजस्विनामादिरसहिष्णूनाम्। एताश्च सततसंनिहितधूमायमानकोपाग्नयः सुलभासिधारातोयतृप्तयो विकटबाहुवनच्छायोपगूढा धीरताया निवासशिशिरभूमयः स्वायत्ताः सुभटानामुरःकवाटभित्तयः। यतः किं गौडाधिपाधमैकेन। तथा कुरु यथा नान्योऽपि कश्चिदाचरत्येवं भूयः। सर्वोर्वीश्रद्धाकामुकानामलीकविजिगीषूणां संचारय चामराण्यन्तःपुरपुरंध्रिनिःश्वसितैः। उच्छिन्धि रुधिरगन्धान्धगृध्रमण्डलच्छादनैश्छत्त्रच्छायाव्यसनानि। अपाकुरु कदुष्णशोणितोदकस्वेदैः कुलक्ष्मीकुलटाकटाक्षचक्षूरागरोगान्। उपशमय निशितशरशिरावेधैरकार्यशौर्यश्वयथून्। उन्मूलय

यानि च। श्रेयान्प्रशंसनीयः। शिशिरभूमयोऽप्यग्नितोयच्छायायुक्ता भवन्ति। स्वेदैश्च

आँखों से जलदान करता है, वही सबसे श्रेष्ठ है दूसरा नहीं। समझदार लोग देखते ही स्वप्न की तरह नष्ट हो जाने वाले क्षणभंगुर शरीर में आत्मीय भावना को स्थापित नहीं करते। वीर लोग स्थायी रहने वाले यश को ही अपना शरीर मानते हैं। मणि-प्रदीप के समान हमेशा प्रज्वलित रहने वाले अपने तेज से भास्वर स्वभाव के तेजस्वी को कज्जल के समान मलिन शोक नहीं छू पाता। तुम बलवानों में अग्रणी, बुद्धिमानों में प्रधान, सामर्थ्यवानों में प्रथम, कुलीनों में श्रेष्ठ, तेजस्वियों में अग्रसर, (शत्रु के पराक्रम को) न सहने वालों में मुख्य हो। योद्धाओं के वक्षरूपी कपाट की ये दीवारें, जिनमें हमेशा जलती हुई कोपाग्नि का धुआँ व्याप्त रहता है, जो असिधारा जल के सुलभ होने से तृप्त हैं, जिन पर उनके विशाल भुजवन की छाया पड़ती रहती है और जो धीरता के रहने से ठंढी हैं, अपने अधीन ही समझो। क्योंकि अकेले उस अधम गौड़ाधिप की क्या बात है? तुम ऐसा उपाय करो जिससे फिर कोई दूसरा ऐसा आचरण न करे। समस्त पृथिवी की चाह रखने वाले एवं अलीक विजय की इच्छा वाले राजाओं के लिए उनके अन्तःपुर की नवेलियों के निःश्वास के चँवर संचारित करो। रुधिर की दुर्गन्ध के लोलुप गीधों की छाया देकर उनके आतपत्र की छाया में रहने का शौक तोड़ो। कुत्सित लक्ष्मी रूपी कुलटा के कटाक्ष से उत्पन्न उनके चक्षुराग रूप रोगों को कुछ उष्ण रुधिर के बिन्दुओं से दूर करो। अन्याय के कार्यों में बढ़े हुए उनके पराक्रम के शोथ को तीक्ष्ण बाणों के शिरावेध

लोहनिगडापीडमालामलमहौषधैः पादपीठदोहददुर्ललितपादपटुमान्द्यानि। क्षपय तीक्ष्णाज्ञाक्षरक्षारपातैर्जयशब्दश्रवणकर्णकण्डूः। अपनय चरणनखमरीचिचन्दनचर्चाललाटलेपैरनमितस्तिमितमस्तकस्तम्भविकारान। उद्धर करदानसंदेशसंदंशैर्द्रविणदर्पोष्मायमाणदुःशीललीलाशल्यानि। भिन्धि मणिपादपीठदीधितिदीप्रप्रदीपिकाभिः शुष्कसुभटाटोपभ्रुकुटिबन्धान्धकारान्। जय चरणलङ्घनलाघवगलितशिरोगौरवारोग्यैर्मिथ्याभिमानमहासंनिपातान्। अदय सततसेवाञ्जलिमुकुलितकरसंपुटोष्मभिरिष्वसनगुणकिणकार्कश्यानि। येनैव च ते गतः पिता पितामहः प्रपितामहो वा तमेव मा हासीस्त्रिभुवनस्पृहणीयं पन्थानम्। अपहाय कुपुरुषोचितां शुचं प्रतिपद्यस्व कुलक्रमागतां केसरीव कुरङ्गीं राजलक्ष्मीम्। देव! देवभूयं गते नरेन्द्रे दुष्टगौडभुजङ्गजग्धजीविते च राज्यवर्धने वृत्तेऽस्मिन्महाप्रलये धरणी-

---

नयनव्याध्युपशमो जायते, एवं निशितशरसिरावेधैरित्यादि बोद्धव्यम्। संदेशः शल्याञ्जनम्। सतताञ्जलिबन्धात्करयोरूष्मसंभवः। इष्वसनं धनुः। देवभूयं

(इन्जेक्शन) से शान्त करो। लोहे की बेड़ी रूपी महौषध से पादपीठों पर विराजमान होने में चतुर उनके पैरों की बढ़ी हुई मन्दता को हटाओ। अपनी प्रतिज्ञा के खारे अक्षरों को जयशब्द सुनने वाले उनके कानों में डालकर उनकी खुजान मिटाओ। चन्दन के समान अपने चरण नख की किरणों का लेप लगाकर नहीं झुकने वाले और निश्चल उनके मस्तक के स्तम्भरोग को दूर करो। कर देने के संदेश रूपी संड़सी से धनमद की गर्मी को उगलते हुए उनके दुराचरण रूपी शल्यों को निकाल डालो। अपने मणिमय पादपीठ की किरणों की दीपिकाओं से योद्धाओं के नीरस आरोपजनित भ्रूभङ्ग के अन्धकार को मिटाओ। चरण के द्वारा लंघन करने से (अथवा भोजन न करने से) उनके सिर के गौरव (अथवा भारीपन) को मिटाने वाले औषध प्रयोग से उनके मिथ्या अभिमानरूपी महासन्निपात को पराजित करो। तुम ऐसा करो कि तुम्हारी सेवा में वे इस प्रकार हाथ जोड़े हमेशा खड़े रहें कि उनके करसम्पुट की गर्मी से धनुष के गुणों की रगड़ के कारण पड़े हुए घट्ठे मुलायम हो जायँ। जिस मार्ग से तुम्हारे पिता, पितामह, प्रपितामह गए हैं त्रिभुवन में श्लाघनीय उस मार्ग की हँसी मत उड़ाओ। कुपुरुषों के लिए उचित शोक को छोड़कर परम्परागत राजलक्ष्मी को उस प्रकार प्राप्त करो जैसे सिंह हिरनी को अपने कब्जे में कर लेता है। देव, महाराज के देवत्व प्राप्त करने पर एवं राज्यवर्धन के दुष्ट गौड़ाधिप रूपी सर्प द्वारा डंस लिए जाने से जो महाप्रलय का समय आया है इसमें तुम्हीं शेषनाग

धारणायाधुना त्वं शेषः। समाश्वासय अशरणाः प्रजाः। क्ष्मापतीनां शिरःसु शरत्सवितेव ललाटंतपान्प्रयच्छ पादन्यासान्। अहितानामभिनवसेवादीक्षादुःखसंतप्तश्वासधूममण्डलैर्नखंपचैः प्रचलितचूडामणिचक्रवालबालातपैश्चायाहि कल्माषपादताम्। अपि च हते पितर्येकाकी तपस्वी मृगैः सह संवर्धितः सहजब्राह्मण्यमार्दवसुकुमारमनाः कृतनिश्चयश्चण्डचापवनाटनिटांकारनादनिर्मदीकृतदिग्गजं गुञ्जज्ज्याजालजनितजगज्ज्वरं समप्रमुद्यतमेकविंशतिकृत्वः कृत्तवंशमुत्खातवान्राजन्यकं परशुरामः, किं पुनर्नैसर्गिककायकार्कश्यकुलिशायमानमानसो मानिनां मूर्धन्यो देवः। तदद्यैव कृतप्रतिज्ञो गृहाण गौडाधिपाधमजीवितध्वस्तये जीवितसंकलनाकुलकालाकाण्डदण्डयात्राचिह्नध्वजं धनुः। न ह्ययमरातिरक्तचन्दनचर्चाशिशिरोपचारमन्तरेण शाम्यति परिभवानलपच्यमानदेहस्य देवस्य दुःखदाहज्वरः सुदारुणः। निकारसंतापशान्त्युपायपरिक्षये हि हिडिम्बाचुम्ब-

---

देवत्वम्। शेषोऽवशिष्टः, शेषभट्टारकश्च। ललाटंतपानिति प्रचण्डतोक्ता। कल्माषपादतां चित्रचरणत्वम्। राजन्यकं क्षत्रियसमूहः। रामो भार्गवः। नैसर्गिकः स्वाभाविकः। मूर्धन्यो मुख्यः। परिभवो निकारः। हिडिम्बा राक्षसी। पवनात्मजेन

की भाँति पृथिवी को धारण करने में समर्थ हो। आश्रयहीन प्रजा को आश्वासन दो। शरत्कालीन सूर्य के समान राजाओं के सिर पर ललाट को पीड़ित करने वाले अपने चरण रखो। शत्रुओं को सेवा की नवीन दीक्षा देने वाले दुःख के कारण संतप्त श्वास के धूम मण्डल से, एवं नख को पीड़ित करने वाले चूड़ामणियों के बालातप से अपने चरण को चित्रित करो। पिता के मर जाने से अकेले, मृगों के साथ पले हुए स्वाभाविक ब्राह्मणत्व के कारण मृदु और अतिकोमल मन वाले तपस्वी परशुराम ने प्रतिज्ञा करके प्रचंड बाण समूह के टंकार करने की ध्वनि से दिग्गजों को मदहीन बना देने वाले, गूँजती हुई धनुष की डोरियों की आवाज से संसार को ज्वरग्रस्त कर देने वाले, संग्राम के लिए उद्यत समस्त राजाओं के वंशों का इक्कीस बार उन्मूलन किया था। देव भी अपने शरीर की स्वाभाविक कठोरता और वज्रतुल्य मन से मानियों के मूर्धन्य हैं। तो प्रतिज्ञा करके उस अधम गौड़ाधिप के नाश के लिए प्राणों के संग्रह में लगे हुए यमराज के अचानक सैनिक कूच की सूचक झंडी के साथ धनुष उठा लीजिए। परिभव की अग्नि में पके जाते हुए शरीर वाले देव का दुःखजन्य दारुण ज्वर शत्रु के रक्त की चन्दन चर्चा के शिशिरोपचार के बिना शान्त नहीं हो सकता। परिभवजन्य सन्ताप की शान्ति के लिए शत्रु का विनाश एकमात्र उपाय है। भीम ने हिडिम्बाराक्षसी के चुम्बन के साथ

नास्वादितमिव रिपुरुधिरामृतममन्दरोपायमपायि पवनात्मजेन। जामदग्न्येन च शाम्यन्मन्युशिखिशिखासंज्वरसुखायमानस्पर्शशीतलेषु क्षत्रियक्षतजह्रदेष्वस्नायि।' इत्युक्त्वा व्यरंसीत्।

देवस्तु हर्षस्तं प्रत्यवादीत्—'करणीयमेवेदमभिहितं मान्येन। इतरथा हि मे गृहीतभुवि भोगिनाथेऽपि दायादद्दृष्टिरीर्ष्यालोर्भुजस्य। उपरि गच्छतीच्छति निग्रहाय ग्रहगणेऽपि भ्रूलता चलितुम्। अनमत्सु शैलेष्वपि कचग्रहमभिलपति दातुं करः। तेजोदुर्विदग्धानर्ककरानपि चामराणि ग्राहयितुमीहते हृदयम्। राजशब्दरुषा मृगराजानामपि शिरांसि वाञ्छति पादः पादपीठीकर्तुम्। स्वच्छन्दलोकपालस्वेच्छागृहीतानामाक्षेपादेशाय दिशामपि स्फुरत्यधरः। किं पुनरीदृशे दुर्जाते जाते जातामर्षनिर्भरे च मनसि नास्त्येवावकाशः शोकक्रियाकरणस्य? अपि च हृदयविषमशल्ये

भीमसेनेन। क्षतजह्रदेषु रक्तनडाकेषु।

इतरथापीत्यन्यथा यदीदृशं दुर्जातं जातं नाभूत्तदादावेवमद्भुतं भुजस्य भोगिनाथेऽपि दायादद्दृष्टिः। किं पुनरीदृशे दुर्जाते व्यसने जाते संपन्न शत्रुवृद्धिर्भवेदिति योजना। एवमुपरि गच्छतीत्यादौ बोद्धव्यम्। आक्षेपोऽपहरणम्।

रुधिर का जो आस्वाद पाया था वही मन्दर के द्वारा मथन के बिना ही प्राप्त शत्रु (दुःशासन) के रुधिर रूपी अमृत का पान करके प्राप्त किया। परशुराम ने शान्त होती हुई क्रोधाग्नि की शिखा के संताप के कारण स्पर्श से सुख पहुँचाने वाली शीतल क्षत्रियों के रुधिर-सरोवरों में स्नान किया।' यह कहकर सेनापति सिंहनाद चुप हो गया।

देवहर्ष ने उत्तर दिया—'आर्य, आपने जो कहा है वह अवश्य ही करने योग्य है। अन्यथा पृथिवी का भार धारण करते हुए राजपद पर प्रतिष्ठित होने पर भी मेरे ईर्ष्यालु भुज की विरुद्ध दृष्टि बराबर बनी रहेगी। मेरी भ्रूलता आकाश में ऊपर चलते हुए तारों को पकड़ने के लिए चल पड़ने की इच्छा करती है। हाथ चाहता है कि सामने न झुकने वाले पर्वतों की बबरी पकड़ कर झटक दें। तेज हो जाने से सूर्य के दुर्विनीत करों (हाथों अथवा किरणों) में चंवर पकड़ाने की इच्छा मेरे हृदय में उत्पन्न होती है। मृगराज नाम वाले शेरों के नाम में 'राज' शब्द के प्रति क्रोध के कारण मेरा पैर उनके मस्तक को अपना पाद पीठ बनाना चाहता है। स्वतन्त्र लोकपालों ने जिन दिशाओं को अपने अधीन कर रखा है उन्हें भी हर लेने की आज्ञा देने के लिए मेरा अधर स्फुरित होता है। जब कि इतना बड़ा व्यसन आ पड़ा है तो फिर क्या कहना! क्रोध से भरे हुए मन में शोक का कोई स्थान ही नहीं। जब तक अधम, चंडाल, दुष्ट, पापी जगत् में निन्दा का

मुसल्ये जीवति जाल्मे जगद्विगर्हिते गौडाधिपाधमचण्डाले जिह्रेमि शुष्काधरपुटः पोटेव प्रतिकारशून्यं शुचा शूत्कर्तुम्। अकृतरिपुबलाबला-विलोललोचनोदकदुर्दिनस्य मे कुतः करयुगलस्य जलाञ्जलिदानम्। अदृष्टगौडाधमचिताधूममण्डलस्य चा चक्षुषः स्वल्पमप्यश्रुसलिलम्। श्रूयतां मे प्रतिज्ञा—'शपाम्यार्यस्यैव पादपांसुस्पर्शेन, यदि परिगणितैरेव वासरैः सकलचापचापलदुर्ललितनरपतिचरणरणरणायमाननिगडां निर्गौडां गां न करोमि ततस्तनूनपाति पीतसर्पिषि पतङ्ग इव पातकी पातयाम्यात्मानम्' इत्युक्त्वा च महासंधिविग्रहाधिकृतमवन्तिकमन्तिकस्थमादिदेश—'लिख्यताम्। आ रविरथचक्रचीत्कारचकितचारणमिथुनमुक्तसानोरुदयाचलात्, आ त्रिकूटकटककुट्टाकटङ्कलिखितकाकुत्स्थलङ्कालुण्ठनव्यतिकरात्सुवेलात्, आ वारुणीमदस्खलितवरुणवरनारीनूपुररवमुखरकुहरकुक्षेरस्तगिरेः, आ गुह्यकगेहिनीपरिमलसुगन्धिगन्धपाषाणवासितगुहागृ-

---

मुसलेन वध्यो मुसल्यः। तस्मिन् जाल्मे पापिष्ठे। पोटा नपुंसकम्। निगडो बन्धनश्रृङ्खला। तनूनपाद्वह्निः। चारणा गन्धर्वाः। काकुत्स्थो रामः। वारुणी सुरा।

पात्र गौडाधिप जीवित रह कर मेरे हृदय में विषम काँटे की तरह चुभता रहता है तब तक सूखे हुए अधर पुट वाले मेरे लिए बदला न लेने के कारण नपुंसक की भाँति रोना-धोना लज्जास्पद है। जब तक शत्रु की अबलाओं के चंचल नेत्रों के जल से दुर्दिन न कर लूं तब तक मेरे हाथों से जलांजलि कैसे दी जा सकती है? जब तक गौडाधम की चिता से उठता हुआ धुआँ मैं नहीं देखूं तब तक मेरे नेत्रों में आँसू कहाँ? तो सुनिए मेरी प्रतिज्ञा—'आर्य के ही पैरों की धूल लेकर प्रतिज्ञा करता हूं कि यदि कुछ ही दिनों में धनुष चलाने की चपलता के घमण्ड में भरे हुए समस्त उद्धत राजाओं के पैरों की बेड़ियों की झनकार से पूर्ण करके पृथिवी को गौड़ों से रहित न बना दूं तो घी से धधकती हुई आग में पतंगे की तरह पातकी अपने आप को जला दूंगा।' यह कह कर उन्होंने अपने पास में बैठे महासन्धि-विग्रहाधिकृत अवन्तिक को आज्ञा दी—'लिखो, पूर्व में सूर्य के रथ के चक्रों की घर्घर आवाज से चकचिहाए गन्धर्व युगलों द्वारा छोड़े गए शिखर वाले उदयाचल तक, दक्षिण में त्रिकूट पर्वत तक जिसके मध्यभाग में कुट्टाक की टाँकी से राम के द्वारा लंकापुरी के लूटे जाने की घटना लिखी गई है, पश्चिम में मदिरा पीकर मतवाली वरुण की श्रेष्ठ सुन्दरियों के नूपुर की आवाज से जिसकी कन्दराएं भर रही हैं ऐसे अस्ताचल तक, उत्तर में यक्षिणियों के शरीर की सुगन्धि से सुवासित पाषाणों से युक्त गुहाओं वाले गन्धमादन तक सब राजा हाथ से कर दान के लिए तैयार हों या शस्त्रग्रहण

हाच गन्धमादनात्, सर्वेषा राज्ञां सज्जीक्रियन्तां कराः करदानाय शस्त्रग्रहणाय वा, गृह्यन्तां दिशश्चामराणि वा, नमन्तु शिरांसि धनूंषि वा, कर्णपूरीक्रियन्तामाज्ञा मौर्व्यो वा, शेखरीभवन्तु पादरजांसि शिरस्त्राणि वा, घटन्तामञ्जलयः करिघटाबन्धा वा, मुच्यन्तां भूमय इषवो वा, समालम्ब्यन्तां वेत्रयष्टयः कुन्तयष्टयो वा, सुदृष्टः क्रियतामात्मा मच्चरणनखेषु कृपाणदर्पणेषु वा। परागतोऽहम्। पङ्गोरिव मे कुतो निवृत्तिस्तावद्यावन्न कृतः सर्वद्वीपान्तरसंचारी सकलनरपतिमुकुटमणिशिलालोकमयः पादलेपः।' इति कृतनिश्चयश्च मुक्तास्थानो विसर्जितराजलोकः स्नानारम्भाकाङ्क्षी सभामत्याक्षीत्। उत्थाय च स्वस्थवन्निःशेषमाह्निकमकार्षीत्। अगलच्च दर्पप्रसर इव श्रुतप्रतिज्ञस्य शाम्यदूष्मा दिवसस्त्रिभुवनस्य।

ततश्च निजाधिकारापहारभीत इव भगवत्यपि क्वापि गते गत-

कुक्षिर्वेदिः। गुह्यका यक्षाः। पङ्गोर्गतिविकलस्य। ऊष्मा औष्ण्यम्।

ततश्चेत्यादौ। प्रदोषास्थाने नातिचिरं तस्थाविति संबन्धः। शरा अपि शिली-

---

करने के लिए, दिशाओं का ग्रहण करें या सेवा चामरों का, अपने मस्तक को नम्र करें या धनुष को, आज्ञा को कानों तक करें या धनुष की मौर्वी को, अपने सिर पर चरण की धूल धारण करें या शिरस्त्र (युद्ध के लिए टोप), प्रणाम के लिए अंजलि का संघटन करें या युद्ध के लिए हाथियों को जुटाएं, भूमि का त्याग करें या बाणों का, वेत्र यष्टि धारण करें या युद्ध के लिए बर्छियाँ लें, झुक कर मेरे चरण के नखों में अपना प्रतिबिम्ब देखें (अर्थात् प्रणाम के लिए तैयार हो जाँय) अथवा युद्ध के लिए उठाए गए कृपाण के दर्पणों में अपना रूप देखें। मैं अब आया। पंगु के समान मुझे तब तक कहाँ सुख मिलेगा जब तक उस प्रकार का अपने चरण में लेप नहीं लगाता जिसे लगाते ही सब द्वीपान्तरों में विचरण करने की शक्ति प्राप्त हो जाती है और जो सब राजाओं की मुकुट मणियों में आलोक उत्पन्न करता है।' इस प्रकार निश्चय की घोषणा करके वे बाह्य आस्थान मण्डप से उठे, एवं सब राजाओं को बिदा किया। स्नान करने की इच्छा से सभा छोड़ कर भीतर गए। स्वस्थ के समान उन्होंने वहाँ से उठ कर सारे दैनिक कार्य किए। दिन का तेज शान्त होने लगा, इस रूप में मानों हर्ष की प्रतिज्ञा सुन कर त्रिभुवन का अहंकार विगलित हो गया।

तब अपने अधिकार के छिन जाने के डर से भगवान् सूर्य भी क्षीण तेज होकर कहीं चले गए। भौंरों की आवाज से भरे तामरसवन भी मानों त्रास के कारण संकुचित होने

तेजस्यहिमभासि, तामरसवनेष्वपि निगूढशिलीमुखालापेषु आसादिव संकुचत्सु, विहगगणेष्वपि समुपसंहृतनिजपक्षविक्षेपनिश्चलेषु भियेवाप्रकटीभवत्सु, भुवनव्यापिनीं संध्यां प्रतिज्ञामिव मानयति नतशिरसि घटिताञ्जलिवने जने सकले, स्वपदच्युतिचकितदिक्पालदीयमानाभ्रंलिहलोहप्राकारवलयकलितास्विव बहलतिमिरमालातिरोधीयमानासु दिक्षु प्रदोषास्थाने नातिचिरं तस्थौ। नपन्नृपलोकलोलांशुकपवनकम्पितशिखैर्दीपिकाचक्रवालैरपि प्रणम्यमान इव प्राहिणोल्लोकं प्रतिषिद्धपरिजनप्रवेशश्च शयनगृहं प्राविशत। उत्तानश्च मुमोचाङ्गानि शयनतले। दीपद्वितीयं च तमभिसर इव लब्धावसरस्तरसा भ्रातृशोको जग्राह। जीवन्तमिव हृदये निमीलितलोचनो ददर्शाग्रजम्। उपर्युपरि भ्रातृजीवितान्वेषिण इव प्रसस्रुः श्वासाः। धवलांशुकपटान्तेनेव चाश्रुजलप्लवेन मुखमाच्छाद्य निःशब्दमतिचिरं रुरोद। चकार च चेतसि कथं नामाकृतेस्तादृश्या युक्तः परिणामोऽयमीदृशः। पृथुशिलासंघातकर्कशकाय-

---

मुखाः। सहाया अपि पक्षाः। अभिसराश्चौराः।

लगे। पक्षी भी मानों डर के मारे अपने डैने सिकोड़ कर निश्चल भाव से छिप गए। सब लोग भुवन में व्याप्त संध्या को ही प्रतिज्ञा के समान मान कर सिर झुकाकर और हाथ जोड़ कर प्रणाम करने लगे। चारों ओर अंधकार से दिशाएँ तिरोहित होने लगीं, मानों दिक्पालों ने अपनी पदच्युति होने के डर से लोहे के आकाशचुम्बी प्राकार खड़े कर दिए हों। देव हर्ष प्रदोषास्थान में थोड़ी देर बैठे। पवन से कम्पित दीपशिखा के समान उन्हें प्रणाम करते हुए राजाओं के अंशुक चंचल हो उठे। सब लोगों को भेज कर स्वयं वे परिजनों का प्रवेश रोक कर शयनगृह में गए। वहाँ शयनतल पर उतान हो अङ्गों को ढीले छोड़ पड़ रहे। वहाँ एक दीप जल रहा था और दूसरे वे थे। उसी समय भाई के शोक ने अवसर पाकर चोर के समान उन्हें वेग से पकड़ लिया। आँखें बन्द करके उन्होंने अपने हृदय में मानों जीते हुए अपने बड़े भाई राज्यवर्धन को देखा। मानों भाई के प्राणों को ढूँढ़ने के लिए उनके श्वास ऊपर-ऊपर बढ़ने लगे। आँसू से डबडबाए अपने मुँह को सफेद अंशुक के अग्रभाग से ढंक कर बहुत देर तक बिना शब्द के सिसक-सिसक कर रोने लगे। मन में सोचने लगे कि उस तरह की आकृति का भी यह नतीजा ठीक कैसे है? पिताजी के शरीर की बनावट शिलासंघात जैसी थी और जैसे पर्वत से लोहा

बन्धात्तातादचलादिव लोहधातुः कठिनतर आसीदार्यः। कथं चास्य मे हतहृदयस्यार्यविरहे सकृदपि युक्तं समुच्छ्वसितुम्। इयं सा प्रीतिर्भक्तिरनुवृत्तिर्वा। बालिशोऽपि कः संभावयेदार्यमरणे मज्जीवितम्। तत्तादृशमैक्यमेकपद एव क्वापि गतम्। अयत्नेनैव हतविधिना पृथक्कृतोऽस्मि। दग्धरोषान्तरितशुचा सुचिरं रुदितमपि न मुक्तकण्ठं गतघृणेन मया। सर्वथा लूतातन्तुच्छटाच्छिद्रुरास्तुच्छाः प्रीतयः प्राणिनाम्। लोकयात्रामात्रनिबन्धना बान्धवता यत्राहमपि नाम पर इवार्ये स्वर्गस्थे स्वस्थ इवासे। किंच दैवहतकेन फलमासादितमीदृशि परस्परप्रीतिबन्धनिर्वृतहृदये सुखभाजि भ्रातृमिथुने विघटिते। तथा च चन्द्रमया इव जगदाह्लादिनो लोकान्तरीभूतस्य लग्नचिताग्नय इवार्यस्य त एव दहन्ति गुणाः। इत्येतानि चान्यानि च हृदयेन पर्यदेवत। प्रभातायां च शर्वर्यां प्रातरेव प्रतीहारमादिदेशाशेषगजसाधनाधिकृतं स्कन्दगुप्तं द्रष्टुमिच्छामीति।

लूता तन्तुच्छटा जालकारसूत्रजालम्। लोकयात्रा लोकाचारः। किं फलमासादितम्, न किंचिदित्यर्थः। पर्यदेवत शुशोच।

और भी कठोर उत्पन्न होता है उसी प्रकार आर्य थे। कैसे मेरे इस मुए हृदय का आर्य के विरह में एक बार भी साँस लेना ठीक है? यह क्या प्रीति है या भक्ति है या अनुवर्तन है? मूर्ख भी कौन होगा जो आर्य के मरने पर मेरे जीवित रहने की सम्भावना करे? उस प्रकार का वह अभिन्न साथ तत्काल ही कहीं चला गया। दुष्ट विधाता ने भाई से मुझे अनायास ही अलग कर दिया। रोष के कारण शोक के दब जाने से निर्दय मैं देर तक मुक्तकंठ से रो भी न सका। सर्वथा मकड़ी के जाले के समान प्राणियों का तुच्छ प्रेम थोड़े ही में टूट जाता है। सचमुच भाई-बन्धु का नाता लोकव्यवहार मात्र के लिए है, जहाँ मैं भी आर्य के स्वर्ग चले जाने पर पराये की भाँति स्वस्थ होकर पड़ा हूँ। परस्पर प्रेम-भरे सुखपूर्वक रहने वाले दो भाइयों के अलग हो जाने से दुष्ट दैव को क्या लाभ हुआ? आर्य के ही गुण जो चन्द्र की ज्योत्स्ना के समान संसार को आह्लादित करते थे, अब उनके लोकान्तर में चले जाने से चिता में लगी हुई अग्नि के समान दाह उत्पन्न कर रहे हैं।' इस प्रकार हृदय से वे रुदन करते रहे। रात बीतने पर प्रातःकाल ही उन्होंने प्रतीहार को आज्ञा दी—'मैं गजसाधनाधिकृत स्कन्दगुप्त से मिलना चाहता हूँ।'

अथ युगपत्प्रधावितबहुपुरुषपरम्पराहूयमानः, स्वमन्दिरादप्रतिपालितकरेणुश्चरणाभ्यामेव संभ्रान्तः, ससंभ्रमैर्दण्डिभिरुत्सार्यमाणजनपदः, पदे पदे प्रणमतः प्रतिदिशमिभभिषग्वरान्वरवारणानां विभावरीवार्ताः पृच्छन्नुच्छ्रितशिखिपिच्छलाञ्छितवंशलतावनगहनगृहीतदिगायामैर्विन्ध्यवनैरिव वारणबन्धविमर्दोद्योगागतैः, पुरःप्रधावद्भिरनायत्तमण्डलैराधोरणगणैश्च मरकतहरितघासमुष्टीश्च दर्शयद्भिर्नवग्रहगजपतींश्च प्रार्थयमानैश्च लब्धाभिमतमत्तमातङ्गमुदितमानसैश्च सुदूरमुपसृत्य नमस्यद्भिरात्मीयमातङ्गमदागमांश्च निवेदयद्भिः, डिण्डिमाधिरोहणाय च विज्ञापयद्भिः, प्रमादपतितापराधापहृतद्विरददुःखधृतदीर्घश्मश्रुभिरग्रतो गच्छद्भिः, अभिनवोपसृतैश्च कर्पटिभिर्वारणाप्तिसुखप्रत्याशया धात्रमानैः, गणिकाधिकारिगणैश्चिरलब्धान्तरैरुच्छ्रितकरैः, कर्मण्यकरेणुकासंकथनाकुलैरुल्लासितपल्लवचिह्नाभिररण्यपालपङ्क्तिभिश्च, निष्पादितनवग्रहनागनिवहनिवेदनोद्यताभिरुत्तम्भिततुङ्गतोत्रवनाभिर्महामात्रपेटकैश्च प्रकटितकरिकर्मचर्मपुटैः, अभि-

अंत्यादौ। स्कन्दगुप्त एतैरेतैः क्रियमाणकोलाहलो राजकुलं विवेशेति संबन्धः। भिषग्वरान्वैद्योत्तमान्। बन्धो रोधनमपि। अनायत्ता हस्तिपार्श्वरक्षिणः। आधोरणा गजारोहाः। डिण्डिमः पटहः। गणिका गजानां प्रतिलोभनार्था हस्तिनी। कर्मण्यकरेणुका करिग्रहकुशला करिणी। तुदन्त्यनेनेति तोत्रं प्रेषणकम्। महामात्राः प्रधानहस्त्यारोहाः। तेषां पेटकैः समूहैः। करिणां कर्मार्थे युद्ध-

आज्ञा पाते ही अनेक युवक स्कन्दगुप्त को ताबड़तोड़ बुलाने पहुंचे। वह अपने भवन से निजी हथिनी की प्रतीक्षा किए बिना पैदल ही झटपट राजकुल के लिए चल पड़ा। घबराए हुए दण्डधारी सैनिक उसके सामने से लोगों की भीड़ हटाने लगे। पद-पद पर चारों ओर से प्रणाम करते हुए हाथियों के बारे में चिकित्सकों से पूछता जाता था कि पिछली रात उनका क्या हाल रहा? उसके चारों ओर गजकटक का शोर हो रहा था। विन्ध्याचल के वनों के समान ऊँचे बांस के सिरे पर मोर के पंख बांधे दिशाओं में व्याप्त होने वाले, हाथियों को हांका देकर पकड़ने के लिए दूर-दूर से बुलाए गए, हाथियों के पार्श्वरक्षी लोग और महावत, जो मरकत के समान हरी-हरी घास की मूठ देकर नए पकड़ कर लाए गए हाथियों को परचा रहे थे और मतवाले हाथियों के बात मान लेने पर प्रसन्न हो रहे थे, दूर से दौड़ कर उसे प्रणाम करने लगे, अपने अपने हाथियों के यौवन के कारण मद फूट कर बहने की सूचना देने लगे। बड़ी अवस्था के हाथियों के डिंडिमाधिरोहण के लिए निवेदन करने लगे। कुछ महावत गिर जाने के अपराध के कारण हाथी के छिन जाने के

नवगजसाधनसंचरणवार्तानिवेदनविसर्जितैश्च नागवनवीथीपालदूतवृन्दैः, प्रतिक्षणप्रत्यवेक्षितकरिकवलकूटैश्च, कटभङ्गसंग्रहं ग्रामनगरनिगमेषु निवेद्यमानैः, कटककदम्बकैः क्रियमाणकोलाहलः, स्वामिप्रसादसंभृतेन महाधिकाराविष्कारेण स्वाभाविकेन चावष्टम्भाभोगेनोदासीनोऽप्यादिशन्निव, असंख्यकरिकर्णशङ्खसंपत्संपादनाय समुद्रानाज्ञापयन्निव, शृङ्गारगैरिकपङ्काङ्गरागसंग्रहाय गिरीन्मुष्णन्निव, दिग्गजाधिकारं ककुभामैरावतमिवापहरन्हरेर्हरपदभरनमितकैलासगिरिगुरुभिः पादन्यासैर्गुरुभारग्रहणगर्वमुर्व्याः संहरन्निव, गतवशविलोलस्य चाजानुलम्बस्य बाहुदण्डद्वयस्य विक्षेपैरालानशिलास्तम्भमालामिवोभयतो निखनन्नीषदुत्तुङ्गलम्बेनाधरबिम्बे-

---

शिक्षायै। चर्मपुटः चर्मकृतो हस्त्याकारः। कटभङ्गः प्रत्यग्रम्। गोधूमादियवसम्, घास इत्यर्थः। निगमा वणिक्पथाः। कटका हस्तिपटनियुक्ताः, अग्रेसरा वेत्रिण इत्यन्ये। गुणाः शौर्याद्याः, मौर्वी च गुणः।

दुःख से लम्बी दाढ़ी बढ़ाए उसके आगे आगे चल रहे थे। बाहर से नये पहुंचे हुए सिर पर चीरा बांधे हाथियों के परिचारक हाथियों की सेवा के काम मिलने की प्रत्याशा में खुशी से दौड़ रहे थे। हाथियों को फसाने के काम में फुसलावा देने वाली गणिका संज्ञक हथिनियों के अधिकारी बहुत दिनों से आकर प्रतीक्षा कर रहे थे और अवसर पाकर काम में सिद्ध हथिनियों के करतब हाथ उठा कर सुनाने लगे। पल्लव के चिह्न वाले अरण्यपाल लोग नये पकड़े हुए गजयूथों को लेकर हाथ में ऊँचे अंकुश लिए कटक में उपस्थित थे। महामात्र लोग चमड़े का मरा हुआ हाथी का पुतला तैयार करके उसके द्वारा हाथियों को युद्ध की शिक्षा देते थे। नागवीथीपालों के भेजे हुए दूत अभिनव गजयूथ के संचरण की खबर देने के लिए आए हुए थे। कटक में एक एक क्षण हाथियों के लिए चारे की बाट देखने में नियुक्त झुण्ड के झुण्ड प्यादे हर गांव, नगर, मंडी में चारा संग्रह करके सूचना देते थे। स्वामी के प्रसाद से प्राप्त गजसाधनाधिकृत के पद की प्रतिष्ठा से एवं स्वाभाविक गर्वजनित गम्भीरता से वह चुपचाप होने पर आदेश देता हुआ सा लग रहा था। मानों समुद्रों को यह आज्ञा दे रहा था कि संख्यातीत हाथियों के कान में अलंकार के रूप में लटकाने के लिए शंख उत्पन्न करो। हाथियों के शृङ्गार के लिए गैरिक पंक के अंगराग के संग्रह के लिए पर्वतों को मानों लूट रहा था। दिशाओं के दिग्गजों के पद पर प्रतिष्ठित ऐरावत के अधिकार को मानों छीन रहा था। शिव के पदभार से झुके हुए कैलास पर्वत के समान भारी अपने पादन्यासों से वराहरूपधारी विष्णु के पृथिवी को उठाने से उत्पन्न गर्व को मानों कम कर रहा था। जानुभाग तक लम्बे उसके दोनों हाथ चलने से हिल रहे

नामृतरसस्वादुना नवपल्लवकोमलेन कन्रलेनेव श्रीकरेणुकां विलोभयन्नि-
अनृपवंशदीर्घं नासावंशं दधानः, अतिस्निग्धमधुरधवलविशालतया पीत-
क्षीरोदेनेव पिबन्नीक्षणयुग्मायामेन दिशामायामं मेरुतटादपि विकटवि-
पुलालिकः, सततमविच्छिन्नच्छत्रच्छायाप्ररूढिवशादिव नितान्तायतनी-
लकोमलच्छविसुभगेन स्वभावभङ्गुरेण कुन्तलबालवल्लरीवेल्लितविलासिना
लुनन्निव, लुप्तालोकानर्ककरान्बर्बरकेणारिपक्षपरिक्षयपरित्यक्तकार्मुकक-
र्मापि सकलदिगन्तश्रूयमाणगुरुगुणध्वनिः, आत्मस्थसमस्तमत्तमातङ्गसा-

थे, मानों अपने दांतों और हाथियों को मारने के लिए पत्थर के आलानस्तम्भ गाड़ रहा था। अमृत के समान स्वादु, नवपल्लवसदृश कोमल, कुछ ऊँचे और लटके हुए अपने अधर से मानों वह श्रीकरेणुका (सिंगार-पटार से सजाई हुई हथिनी) को लुभा रहा था। उसका नासिकावंश अपने राजा के वंश के समान ही लम्बा था। मानों क्षीरसमुद्र को ही पी लेने के कारण उसकी आंखें अत्यन्त स्निग्ध, मधुर, धवल एवं विशाल थीं, जिनसे दिशाओं के आयाम को भी मानों पान करता जा रहा था। उसका ललाट मेरु के तट से भी कहीं अधिक विकट और फैला हुआ था। उसकी बबरी हमेशा छत्र की छाया में ही बढ़ते रहने से मानों अत्यन्त नील और कोमल हो गई थी। बालों के गुच्छे मजरी के समान घुमावदार थे, मानों वह उनसे सूर्यकिरणों के आलोक को भी मलिन कर रहा था। वह शत्रुओं के विनाश के लिए धनुष धारण करने का कर्म छोड़ चुका था, फिर भी समस्त दिशाओं में उसके गुणों की गम्भीर ध्वनि सुन पड़ती थी[1]। मतवाले हाथियों की सेना उसके अधीन थी, फिर भी उसे मद छू भी न सका था[2]। वह ऐश्वर्यसम्पन्न और स्नेह से भरा था[3]। वह पार्थिव (राजा) और गुणमय था[4]। दान से भरे हाथियों पर जैसे वह

---

१. विरोध पक्ष यह कि धनुष कर्म छोड़ देने पर दिशाओं में गुणों अर्थात् धनुष के तन्तुओं की टंकार कैसे सुन पड़ेगी ? समाहार पक्ष यह है कि उसके विनय आदि गुणों की सर्वत्र प्रसिद्धि हो गई थी।

२. विरोध—मदवाले हाथी को अपने अधीन रखने पर उनके मद का स्पर्श होना स्वाभाविक है। परिहार पक्ष—मद अर्थात् गर्व ने उसका स्पर्शन नहीं किया था।

३. विरोध—जो भूतिमान् अर्थात् भस्मयुक्त है वह स्नेहमय कैसे हो सकता है ? परिहार—भूतिमान् अर्थात् वह ऐश्वर्यसम्पन्न और स्नेह से भरा था।

४. विरोध—पार्थिव अर्थात् घट के समान पृथिवी से जो उत्पन्न हो वह पट के समान गुणमय अर्थात् तन्तु से बना कैसे हो सकता है ? परिहार—पार्थिव अर्थात् राजा एवं गुणमय अर्थात् गुणवान् था।

धनोऽप्यस्पृष्टो मदेन भूतिमानपि स्नेहमयः पार्थिवोऽपि गुणमयः करिणामिव दानवतामुपरि स्थितः, स्वामितामिव स्पृहणीयां भृत्यतामप्यपरिभूतामुद्वहन्नेकभर्तृभक्तिनिश्चलां कुलाङ्गनामिवानन्यगम्यां प्रभुप्रसादभूमिमारूढः, निष्कारणबान्धवो विदग्धानाम्, अभृतभृत्यो भजताम्, अक्रीतदासो विदुषाम, स्कन्दगुप्तो विवेश राजकुलम्। दूरादेव चाभयकरकमलावलम्बितं स्पृशन्मौलिना महीतलं नमस्कारमकरोत्।

उपविष्टं च नातिनिकटे तं तदा जगाद देवो हर्षः—'श्रुतो विस्तर एवास्यार्यव्यतिकरस्यास्मच्चिकीर्षितस्य च। अतः शीघ्रं प्रवेश्यन्तां प्रचारनिर्गतानि गजसाधनानि। न क्षाम्यत्यतिस्वल्पमप्यार्यपरिभवपीडापावकः प्रयाणविलम्बम्।' इत्येवमभिहितश्च प्रणम्य व्यज्ञापयत्—'कृतमवधारयतु स्वामी समादिष्टं किंतु स्वल्पं विज्ञाप्यमस्ति भर्तृभक्तेः। तदाकर्णयतु देवः। देवेन हि पुष्यभूतिवंशसंभूतस्याभिजनस्याभिजात्यस्य सहजस्य तेजसो

मदो गर्वोऽपि। भूतिः संपत्, भस्म च। पार्थिवो राजा, पृथिव्यारब्धश्च। गुणास्तन्तवोऽपि। नहि घटः पटो भवतीति विरोधः। दानं मदः, वितरणं च।

प्रचारो भक्षणम्। गजसाधनानि करिसैन्यानि। अभिपङ्गा अभिभवाः।

शासन करता था उसी प्रकार दानियों में भी सबसे ऊपर रहने वाला था। अपनी स्वामिता के समान स्पृहणीय और कभी अभिभूत न होने वाली भृत्यता को धारण कर रहा था। कुलांगना के समान एक ही पति में निश्चल भक्ति रखने वाली और किसी दूसरे का गमन न करनेवाली अपने स्वामी की प्रसन्नता उसे उपलब्ध थी। वह विदग्ध लोगों का अकारण बन्धु था, सेवा करने वालों का अवैतनिक भृत्य था, और विद्वानों का भी बिना वेतन का दास था। उसने दूर ही से अपने दोनों कर-कमलों का अवलम्बन लेकर मस्तक से पृथिवी का स्पर्श करते हुए नमस्कार किया।

स्कन्दगुप्त सम्राट् के कुछ दूर बैठ गया। तब देव हर्ष ने उससे कहा—'आर्य के हत्याकाण्ड के बारे में तथा हमने जो निश्चय किया है वह आपने विस्तार से सुन लिया होगा। अतः शीघ्र ही चरने के लिए बाहर गई हुई गजसेना को स्कन्धावार में लौटने की आज्ञा दी जाय। आर्य की हत्या से उत्पन्न कष्ट के कारण मैं क्षण भर भी शत्रु पर धावा बोलने में विलम्ब सह नहीं सकता।' हर्ष के ऐसा कहने पर स्कन्दगुप्त ने प्रणाम करके निवेदन किया—'देव, आपने जो आज्ञा दी है उसे पूरी ही समझें, किन्तु स्वामी के प्रति भक्ति के कारण थोड़ा-सा मेरा निवेदन है। कृपया देव उसे सुनें। देव ने जो यह

दिक्करिकरप्रलम्बस्य बाहुयुगलस्यासाधारणस्य च सोदरस्नेहस्य सर्वं सदृशमुपक्रान्तम्। काकोदराभिधानाः कृपणाः कृमयोऽपि न मृष्यन्ति निकारं किमुत भवादृशास्तेजसां राशयः। केवलं देवराज्यवर्धनोदन्तेन कियदपि दृष्टमेव देवेन दुर्जनदौरात्म्यम्। ईदृशाः खलु लोकस्वभावाः प्रतिग्रामं प्रतिनगरं प्रतिदेशं प्रतिद्वीपं प्रतिदिशं च भिन्ना वेशाश्चाकाराश्चाहाराश्च व्याहाराश्च व्यवहाराश्च जनपदानाम्। तदियमात्मदेशाचारोचिता स्वभावसरलहृदयजा त्यज्यतां सर्वविश्वासिता। प्रमाददोषाभिषङ्गेषु श्रुतबहुवार्त एव प्रतिदिनं देवः। यथा नागकुलजन्मनः सारिकाश्रावितमन्त्रस्यासीन्नाशो नागसेनस्य पद्मावत्याम्। शुकश्रुतरहस्यस्य च श्रीरशीर्यत श्रुतवर्मणः श्रावस्त्याम्। स्वप्रायमानस्य च मन्त्रभेदोऽभून्मृत्यवे मृत्तिकावत्यां सुवर्णचूडस्य। चूडामणिलग्नलेखप्रतिबिम्बवाचिताक्षरा च चारुचामीकरचामर-

---

स्वयं भी आश्चर्य में डूब गए। चलते हुए कटक में अनेक संलाप सुनाई पड़ रहे थे—'आगे बढ़ो; भाई, देर क्यों लगा रहे हो ? अरे, घोड़ा लंगड़ाकर चल रहा है; भले मानस, अभी पाँव टूटे की तरह रेंग रहे हो, और ये आगे वाले लोग हमारे ऊपर गिरे पड़ते हैं; अरे निर्दय, ऊँट को मत चला, देखता नहीं बच्चा आगे सोया पड़ा है ? वत्स रामिल, धूल में कहीं गायब न हो जाओ, मेरे समीप ही रहो; अरे देखते नहीं कि फटे थैले से सत्तू कैसे गिर रहे हैं ? अरे चालू, ऐसी हड़बड़ी ही क्या है ? अबे, बैल की लीक छोड़कर घोड़ों के बीच भागा जाता है ? अरी धीवरी, कहाँ घुसी पड़ती है ? अरी हथिनी की बच्ची, हाथियों में जाना चाहती है; वाह, चने की बोरी टेढ़ी होकर झर रही है; अरे, मैं कब से चिल्ला रहा हूँ, फिर भी तू नहीं सुनता; अरे, गड्ढे में गिरेगा क्या ?; अरे मनमौजी, चुपचाप बैठ; अरे सौवीरक, तेरा घड़ा तो फूट गया; अरे मन्थरक, पड़ाव पर ही पहुँचकर गन्ना

गरीयान्गरुडकतण्डुलभारको न निर्वहति दम्यः। दासक, माषीणादमुतो द्राग्दात्रेण मुखघासपूलकं लुनीहि। को जानाति यवसगतं गतानाम्। धव, वारय बलीवर्दान्। वाहीकरक्षितं क्षेत्रमिदम्। लम्बिता शकटी। शाकरं धुरंधरं धुरि धवलं नियुङ्क्ष्व। यक्षपालित, प्रमदाः पिनक्षि। अक्षिणी किं ते स्फुटिते। हत हस्तिपक नेदीयसि करिकरदण्डे समदः संमर्दकर्दमे स्खलसि। भ्रातर्भावविधुरबन्धो, उद्धर पङ्कादनड्वाहम्। इत एहि माणवक, घनेभघटासंघट्टसंकटे नास्ति निस्तरणसरणिः।' इत्येवमादिप्रवर्तमानानेकसंलापं क्वचित्स्वेच्छामृदितोद्दामसस्यघासविघससुखसं-

गुड इति प्रसिद्धः। दम्यो दान्तः। माषाणां भवनं क्षेत्रम्। 'धान्यानां भवने क्षेत्रे खञ्'। किञ्चिन्मात्रं बुभुक्षानिवृत्तये। घासो मुखघासः। यवसं घासः। उक्तं च 'शष्पं बालतृणं घासो यवसम्' इति। धवः पुरुषः। वाहीकः काष्ठकः, परिपालक इत्यन्ये, गोरक्षक इति चान्ये। लम्बिता मार्गमाक्रान्तुं न शक्नोति। शाकरं शूरम्। तरुणं वा। धवलं महोक्षम्। नेदीयसि करदण्डेऽन्यहस्तसंबन्धिनि सति। करी समदोऽर्थात्संपन्नः। स्वेच्छयानायासेन। मृदितानि क्षुण्णानि। उद्दामानि प्रभूतानि सस्यानि। घासो यवसम्। तथा घासो विघसं, तथा विघसो भृत्याद्युपयुक्तशेष-

चूस लेना, बिगड़े बैल को सम्हाल, कबतक बेर बीनता रहेगा? चल, दूर जाना है; द्रोणक, आज ही क्यों ऊब गए, अभी तो सेना की यात्रा लम्बी पड़ी है; स्थपुटक, आगे और भी मार्ग है; स्थावरक, खांड़ की हांड़ी को फोड़ न देना; चावलों का बोरा भारी है बैल के मान का नहीं; अबे टहलुवे, सामने उड़द के खेतों में से बैलों के लिए एक पूली तो दरांत से जल्दी काट ले; कौन जाने, यात्रा में चारे का क्या प्रबन्ध होगा? यार, बैलों को अलगाए रहो, इस खेत में रखवाले हैं; सग्गड़ गाड़ी में ओलार पड़ता है, तगड़ा धौला बैल उसमें जोतो; ऐ पगले, स्त्रियों को रौंद डालेगा? तेरी आँखें क्या फूट गई हैं? धत्तेरे हस्तिपक की, मेरे हाथी की सूँड़ पर चढ़ा हुआ खिलवाड़ कर रहा है; ओ, धक्कामुक्की खाकर कीचड़ में गिर रहा है। ऐ भाई, दुखियों के साथी कीचड़ में फँसे बैल को निकाल लो; छोकरे, इधर भाग आ, हाथियों के भीड़-भड़क्के में अगर गया तो फिर जीता बच निकलने का उपाय नहीं।' कहीं पर कटवा कर ढेर की ढेर लाई गई हरी घासों को मीड़ कर मनचाहा आहार प्राप्त कर वे लोग सुख से फूल रहे थे और आपस में हँसी-मजाक करते हुए खिलखिला कर हँस रहे थे। ये लोग नौकर-चाकर थे, जैसे मेठ (हाथियों की झाड़-पोंछ करने वाला), वंठ (कुंवारे जवान पट्ठे जो डंडा लिए हाथी से भिड़ जाते थे), चढ़र (उजड्ड), लम्पन (गदहे की तरह काम लेने योग्य लद्दू नौकर), चेटिक (चोरों

पत्राग्रपुष्टैः केकिकलैः किलकिलायमानैर्मेण्ठवण्ठवठरलम्बनलेशिकलुण्ठकचेटशाटचण्डालमण्डलैराण्डीरैः स्तूयमानम्, क्वचिदसहायैः क्लेशार्जितकुग्रामकुटुम्बिसंपादितसीदत्सौरभेयशम्बलसंवाहनायासावेगागतसंयोगैः स्वयंगृहीतगृहोपस्करणैः 'इयमेका कथंचिद्दण्डयात्रा यातु। यातु पातालतलं तृष्णाभूतेरभवनिः। भवतु शिवम्। सेवां करोतु। स्वस्ति सर्वदुःखकूटाय कटकाय' इति दुर्विधवृद्धकुलपुत्रकैर्निन्द्यमानम्, क्वचिदतितीक्ष्णसलिलस्रोतःपातिनौगतैरिव ग्रथितैरिव पङ्क्तिभूतैर्जनैरतिद्रुतम्, द्रवद्भिः कृष्णकठिनस्कन्धगुरुलगुडैर्गृहीतसौवर्णपादपीठीकरङ्ककलशपतद्ग्रहावग्राहैः प्रत्यासन्नपार्थिवोपकरणग्रहणगर्वदुर्वारैः सर्वमेव बहिः कारयद्भिर्भूपतिभृतक-

---

मन्नम्, परस्परलुण्ठनं वा, तैः सुखेन संपन्नं यदन्नं तेन सुपुष्टैः। केलिकलाः प्रहसनाः, बहुभाषिणो वा। मेण्ठा हस्तिजागरिकाः। वण्ठाः अकृतविवाहास्तरुणाः, ये दण्डमादाय हस्तिनां दर्पमाकर्षयन्ति, पत्तय इत्यन्ये। वठरा मूर्खाः। लम्बना गर्दभदासाः। 'लेशिका जनपरिचारकाः। लुण्ठकाश्चौराः। चेटा दासाः। शाटा धूर्ताः। चण्डाला अश्वपालाः। आण्डीराः प्रगल्भाः। यद्वा राण्डीराः रण्डापुत्राः। संपादितो दत्तः। सीदन्नसमर्थो यः सौरभेयस्तेन शम्बलसंवाहनाय य आयासो योगस्तेन। गतसंयोगैरुत्पन्नचित्तक्षोभैरिति समासः। अभवनिरिति 'आक्रोशे नञ्यनिः'। दुर्विधा दरिद्राः। वृद्धाः स्थविराः। कुलपुत्राः कुलक्रमागताः सेवकास्तैर्निन्द्यमानमिति स्कन्धावारविशेषणम्। क्वचिच्च भूभृद्भारिकैर्महानसोपकरणवाहिभिश्च समुत्सार्यमाणपुरोवर्तिजनमिति स्कन्धावारविशेषणम्। अतितीक्ष्णं वेगवत्। ग्रन्थिर्विद्यते येषां तैः। करकस्ताम्बूलाधारः। पतद्ग्रहो निष्ठीवनपात्रम्। अवग्राहः स्नानद्रोणी।

के घसियारे), 'लुंठक (लूट-पाट करने वाले), चेट (छोटे नौकर-चाकर), शाट (धूर्त या शठ), चंडाल (अश्वपाल), आण्डीर (प्रगल्भ)—ये सब यात्रा की प्रशंसा करते थे। कहीं पर बेचारे असहाय वृद्ध कुलपुत्र जो किसी तरह गाँवों से मिले हुए मरियल बैलों पर सामान लादकर और स्वयं अपने ऊपर सामान लादकर घिसट रहे थे बुरी तरह घबड़ा कर कोसने लगे—'बस यह यात्रा किसी तरह पूरी हो जाय, तृष्णा पाताल चली जाय, धन का सत्यानाश हो, भगवान् बचाए इस नौकरी से। सब दुःखों की जड़ इस कटक को हाथ जोड़ता हूँ।' कहीं तेजी से बहते हुए जल के प्रवाह में नावों की भाँति पंक्तिबद्ध होकर एक में-एक गुथे हुए जैसे लोग चल रहे थे। राजाओं के अन्न-पान को ढोने वाले कर्मचारी बाहर निकल रहे थे, वे अपने काले कठोर कंधों पर भारी लट्ठ रखे हुए थे, सोने का पादपीठ, पानदान, पानी का कलसा, पीकदान, नहाने की द्रोणी आदि राजाओं की निजी

भारिकैर्महानसोपकरणवाहिभिश्च बहुवराहवर्ध्रवार्ध्रीणसैर्लम्बमानहरिणचटुकचटकजूटजटिलैः शिशुशशकशाकपत्रवेत्राग्रसंग्रहसंग्राहिभिः शुक्लकर्पटप्रावृतमुखैकदेशदत्तार्द्रमुद्रागुप्तगोरसभाण्डैस्तलकतापकतापिकाहस्तकताम्रचरुककटाहसंकटपिटकभारिकैः समुत्सार्यमाणपुरोवर्तिजनम्, क्वचित् 'क्लेशोऽस्माकम्। फलकालेऽन्य एव विटाः समुपस्थास्यन्ते' इति मुखरैः पदे पदे पततां दुर्बलबलीवर्दानां नियुक्तैः स्खलने खलचेटकैः खेद्यमानासंविभक्तकुलपुत्रलोकम्, क्वचिन्नरपतिदर्शनकुतूहलादुभयतः प्रजविप्रधावितग्रामेयकजनपदम्, मार्गग्रामनिर्गतैराग्रहारिकजाल्मैश्च पुरःसरजरन्महत्तरोत्तम्भिताम्भःकुम्भैरुपायनीकृतदधिगुडखण्डकुसुमकरण्डकैर्घटितपेटकैः सरभसं समुत्सर्पद्भिः प्रकुपितप्रचण्डदण्डिवित्रासनविद्रुतैर्दूरग-

---

बहिःकारयद्भिर्निरस्यद्भिः। महानसा सूपकारशाला। वराहवर्ध्रं सूकरचर्म। सूकरपाठेति प्रसिद्धम्। वार्ध्रीणसा यज्ञियाश्छागविशेषाः। हरिणानां च चटुकाः पूर्वभागाः। जूटः संघः। वेत्राग्राणि वंशाङ्कुराः। तलकोऽग्निशकटिका। तापकोऽपूपादिकरणस्थानम्। तापिका काकपालिका। यत्र तैलादिना भक्ष्याः पच्यन्ते। हस्तकः शूलम्। पिटका भाण्डानि। विटा धूर्ताः। समुपस्थास्यन्ति ढौकयिष्यन्ति। पततां स्खलताम्। स्खलने प्रेरणे। नियुक्तैः स्थापितैः। असंविभक्ता अकृतविभागाः। ग्रामे भवा ग्रामेयकाः। 'ग्रामाद्यखञौ'। आग्रहारिकजाल्मैर्मृग्यमाणसस्यसंरक्षणमिति संगतिः। जाल्मा मूर्खाः। उत्तम्भिता ऊर्ध्वीकृताः। अम्भःकुम्भा जलपूर्णकलशाः। खण्ड इक्षुविकारः। समुत्सर्पद्भिर्ढौकमानैः। वित्रासनं भयोत्पादनम्।

सामग्री को हँकड़ी में ढुलकाते हुए ले चल रहे थे। रसोई के सामान ढोने वाले भारिक भी आगे पड़ने वाले लोगों को हटाते हुए चलते थे, वे सूअर के चमड़े की बद्धियों में बकरे लटकाए चल रहे थे, कुछ हिरनों के अग्रभाग और चिड़ियों के ठट्ट के ठट्ट लटकाए चल रहे थे। कुछ लोग खरगोश के छोटे बच्चे, साग-पात, बांस के नरम अंकुर रसोई के लिए लेकर चले जा रहे थे; कुछ दूध-दही के हंडे लिए थे; सफेद कपड़े से जिनके मुंह ढंक कर और एक तरफ गीली मिट्टी पर मोहर लगा दी गई थी। सामान ढोने वाले अंगीठी, तवा, तई, सल.खें, रांधने के लिए तांबे के बने बर्तन, कड़ाही आदि बर्तनों से भरे टोकरे लेकर चल रहे थे। कमजोर बैलों को हांकने के लिए देहाती नौकर कुलपुत्रों पर ताना कसते हुए कह रहे थे—'मेहनत तो हम करेंगे, लेकिन फल लेने के लिए भंडुए टपक पड़ेंगे।' कहीं सम्राट् के देखने की उत्कण्ठा से गांव के लोग दोनों ओर वेग से दौड़े आ रहे थे। मार्ग के गांव से निकले हुए अनपढ़ आग्रहारिक लोग (खेती-बारी की देखभाल करने वाले) आगे-आगे मंगल के लिए गांव के तीन बड़े-बड़े बुढ्ढों के हाथों में जलकुम्भ उठाए

तैरपि स्खलद्भिरपि पतद्भिरपि नरेन्द्रनिहितदृष्टिभिरसतोऽपि पूर्वभोगपतिदोषानुद्भावयद्भिरधिक्रान्तायुक्तकशतानि च शंसद्भिश्चिरंतनचाटापराधांश्चाभिदधानैरुद्धूयमानधूलिपटलम्, क्वचिदेकान्तप्रवृत्ताश्ववारचक्रचर्व्यमाणागामिगौडविमृग्यमाणसस्यसंरक्षणम्, अपरैरादिष्टपरिपालकपुरुषपरितुष्टैः 'धर्मः प्रत्यक्षो देवः' इति स्तुतीरातन्वद्भिः, अपरैर्लूयमाननिष्पन्नसस्यप्रकटितविषादैः क्षेत्रशुचा सकुटुम्बकैरेव निर्गतैः प्ररूढप्राणच्छेदैः परितापत्याजितभयैः 'क्व राजा, कुतो राजा। कीदृशो वा राजा?' इति प्रारब्धनरनाथनिन्दम्, शशकैश्च कैश्चित्पदे पदे प्रजविप्रचण्डदण्डपाणिपेटकानुबद्धैर्गिरिगुडकैरिव हन्यमानैरितस्ततः संचरद्भिः, अपरैर्युगपत्परापतितमहाजनग्रस्तैस्तिलशो विलुप्यमानैरनेकजन्तुजङ्घान्तरालनिःसरणकुशलिभिः कुटिलिकाव्यंसितसादिबहुश्वभिः पतल्लोष्टलगुडकोणकुठारकीलकु-

---

आयुक्तका व्यापृतकाः। चाटा धूर्ताः। अपरैराग्रहारिकजाल्मैरुपलक्षितमपरैः। प्रारब्धनरनाथनिन्दमिति योजना। निष्पन्नानि पक्कानि। सकुटुम्बैः सदारैः। शशकैः कृतकलकलमित्यन्वयः। अनुबद्धा अनुसृताः। गिरिगुडकैर्लोष्टैः। कुटिलिकया वक्रगमनेन। व्यंसिता वञ्चिताः सादिनामश्ववाराणां बहवः श्वानो यैः। कोणो वादन-

---

आ रहे थे। कुछ लोग दही, गुड़, शक्कर और पुष्पों की करंडियां पेटियों में बन्द करके जल्दी से ला रहे थे। कुछ लोग क्रोधित कठोर दंडधरों के डराने-धमकाने से दूर भागते हुए गिरते-पड़ते भी राजा पर ही दृष्टि गड़ाए थे। वे पहले के भोगपतियों की झूठी निन्दा कर रहे थे और पहले के कर्मचारियों की सराहना कर रहे थे और धूर्तों के अपराधों को कह-सुन रहे थे। इनकी दौड़-धूप से चारों ओर धूल भर रही थी। दूसरे कुछ लोग सरकारी कर्मचारियों से सन्तुष्ट होकर 'सम्राट् साक्षात् धर्म के अवतार हैं' इस प्रकार स्तुति कर रहे थे। दूसरे कुछ लोग जिनकी तैयार फसल सेना के लिए काट ली गई थी, विषाद प्रकट करते हुए उसके शोक में अपने गृहस्थी के साथ बाहर निकल कर प्राणों को हथेली पर रक्खे निडर होकर कह रहे थे—'कहां है राजा! किसका राजा? कैसा राजा?' इस प्रकार राजा को बाहर निकल कर बोली मार रहे थे। झाड़ियों में छिपे हुए झुण्ड के झुण्ड खरगोश सेना की कल-कल ध्वनि से इधर-उधर उचकने लगे, बस डंडा लिए हुए तेजी से लोग उनपर टूट पड़े और जैसे खेत के ढेले तोड़े जाते हैं ऐसे उन्हें मारने लगे। कुछ खरगोश एकाएक टूट पड़े लोगों के बीच में पड़ जाने से बोटी-बोटी नुच गए। कुछ खरहे पशुओं की टांगों के बीच से घुस कर भाग निकले और अपनी टेढ़ी-मेढ़ी

हालखनित्रदात्रयष्टिवृष्टिभिरपि निःसरद्भिरायुषो बलात्कृतकलकलम्, अन्यत्र संघशो घासिकैर्बुसधूलिधूसरितघासजालजालकितजघनैश्च पुराणपर्याणैकदेशदोलायमानदात्रैश्च शीर्णोर्णाशकलशिथिलमलिनमलकुथैश्च प्रभुप्रसादीकृतपाटितपटच्चरचलच्चोलकधारिभिश्च धावमानैरुद्धूयमानधूलिपटलम्, क्वचिदेकान्तप्रवृत्ताश्ववारचक्रचर्च्यमाणागामिगौडविग्रहम्, क्वचित्पङ्किलप्रदेशपूरणादेशाकुलसकललोकलूयमानतृणपूलकम्, क्वचित्तलवर्तिवेत्रिवेत्रवित्रास्यमानशाखिशिखरगतविक्रोशद्विवादद्ब्राह्मणम्, क्वचित्कुलुण्ठकपाशविवेष्ट्यमानग्रामीणग्रामाकृष्टकौलेयकम्, क्वचिदन्योन्यविभवस्पर्धोद्धुरराजपुत्रवाह्यमानवाजिसंघट्टमण्डितम्, अनेकवृत्तान्ततया कौतुकजननम्, प्रलयजलधिमिव जगद्ग्रासग्रहणाय प्रवृत्तम्, पातालमिव

भाण्डम्। अन्यत्र घासिकैः उद्धूयमानधूलीपटलमिति संबन्धः। संघशो बहुशः। घासे नियुक्ता घासिकाः। घासजालं घाससंघातः। एकदेशः पश्चिमा दिक्। 'मलकुथैः' इति पाठः। मलकुथा मलपट्टी। छविरित्यर्थः। अंसोपरिवास इत्यन्ये। पटच्चरं जीर्णवस्त्रम्। कुलुण्ठकाः शुनां बन्धनलगुडाः। उद्धुरा उद्दामप्रसराः। जगतो

चाल से दौड़ कर घुड़सवारों के कुत्तों को झांसा देने लगे। यद्यपि उनपर चारों ओर से ढेले, डंडे, टेढ़ी छड़ी, कुठार, कील, कुदाल, फड़आ, दरांती, लाठी की बरसा होती रहती थी, तथापि आयु के बल से बच निकलते थे। एक ओर घसियारे धूल-धक्कड़ करते दौड़ रहे थे, उनकी जांघों पर भूसों की धूल से मिली हुई घास भर आई थी, घोड़े पर कसी हुई पुरानी काठी के पीछे की ओर उनके दरांत लटक रहे थे। रद्दी ऊन के टुकड़ों से जमाए हुए गुदगुदे और मैले नमदे उनके घोड़ों की पीठ पर पड़े हुए थे, प्रभु के प्रसाद के रूप में फटे हुए कपड़े का फीता उनके सिर से बंधा हिल रहा था। एक तरफ सवारों की टुकड़ी आने वाले गौड़युद्ध के विषय में चर्चा कर रही थी। कहीं पांक वाली जमीन पर पुआल की आँटियाँ बिछाने में लोग जुट जाते थे। कहीं नीचे खड़े दण्डधर सैनिकों के डंडे के डर से उजड्ड ब्राह्मण झट पेड़ों पर चढ़कर गाली-गलौज कर रहे थे। कहीं गांव के लोग कुत्तों को घसीट कर ला रहे थे और कुलुण्ठक (कुत्ते पालने वाले) उन्हें अपने फांसों में बांध रहे थे। कहीं परस्पर ऐश्वर्य की स्पर्धा से राजपुत्र घुड़दौड़ मचा रहे थे। नाना प्रकार के वृत्तान्तों से भरे चलते हुए कटक को देखकर कौतुक उत्पन्न होता था। मानों वह कटक प्रलयकाल में समुद्र के समान संसार को गड़प लेने के लिए चल पड़ा था। महाभोगी (धनिकों, सर्पों) की रक्षा के लिए पाताल का रूप मानों धारण कर रहा था। परमेश्वर (सम्राट्, शंकर) के निवास के लिए कैलास बन गया था। प्रजापतियों के

महाभोगिनां गुप्तये समुत्पादितम्, कैलासमिव परमेश्वरवसतये सृष्टम्, दृश्यमानसकलप्राणिपर्यायं चतुर्युगसर्गकोशमिव प्रजापतीनां क्लेशबहुलमपि तपःकरणमिव क्रमकारिणं कल्याणानाम्, एवं च वीक्ष्यमाणः कटकं जगाम।

आसन्नवर्तिनां च 'तत्रभवता मांधात्रा प्रवर्तिताः पन्थानो दिग्विजयाय। अप्रतिहतरथरंहसा रघुणा लघुनैव कालेनाकारि ककुभां प्रसादनम्। शरासनद्वितीयः करदीचकार चक्रं क्रमागतभुजबलाभिजनधनमदावलिप्तानां भूभुजां पाण्डुः। पाण्डवः सव्यसाची चीनविषयमतिक्रम्य राजसूयसंपदे क्रुध्यद्गन्धर्वधनुष्कोटिटांकारकूजितकुञ्जं हेमकूटपर्वतं पराजैष्ट। संकल्पान्तरितो विजयस्तरस्विनाम्। सहिमहिमवद्दुर्गवहितोऽप्युवाह बाहुबलव्यतिकरकातरः करं कौरवेश्वरस्य किङ्कर इवाकृती द्रुमः। नातिजिगीषवः खलु पूर्वे येनाल्प एव भूभागे भूयांसो भगदत्तदन्तवक्र-

---

ग्रहणं स्वीकरणम्, प्लावनं च। भोगिनो भोगवन्तः, सर्पाश्च। परमेश्वरो हरोऽपि। परितः समन्तादायः। आगमनं पर्यायः।

आसन्नेत्यादौ। पार्थिवसुतानामित्येवंप्रायानालापाञ्शृण्वन्नेवावाससादावासमिति संबन्धः। तत्रभवता पूज्येन। सव्यसाची अर्जुनः। पराजैष्ट जिगाय। तरस्विनां पराक्रमवताम्। कौरवेश्वरो दुर्योधनः। अकृती अकृतार्थः। द्रुमाख्यः किन्नरराजः।

चारों युगों की सृष्टि के कोश की भाँति सारा प्राणिवर्ग उसमें दिखाई पड़ रहा था। यद्यपि उसमें क्लेश ही क्लेश था लेकिन तपस्या की भांति अन्त में कल्याण ही करने वाला था। सम्राट् ऐसे कटक को देखते हुए चले।

समीप में रहने वाले पराक्रमी राजपुत्रों ने बातचीत के द्वारा इस प्रकार का प्रोत्साहन दिया—'मान्धाता ने दिग्विजय का मार्ग दिखाया। उसी मार्ग पर चलकर अप्रतिहत रथ, वेग से रघु ने थोड़े समय में दिशाओं को शान्त कर दिया। धनुर्धारी पाण्डु ने वंशपरम्परागत भुजबल के मद में चूर अभिमानी राजाओं को अपना करद बना दिया। पाण्डुपुत्र अर्जुन ने राजसूय यज्ञ के समय चीन देश को पार करके हेमकूट पर्वत के वनों में क्रोधित होकर धनुष की टङ्कार करने वाले गन्धर्वों को जीत लिया। एकमात्र अपने ही सङ्कल्प के अभाव से वीरों की विजय में बाधा होती है। जैसे किन्नरराज द्रुम बरफ से ढँका हिमालय जैसा रक्षक पाकर भी बल के अभाव में कृतार्थ न होकर दुर्योधन का किंकर हो गया। निश्चय ही पहले के राजा विजय के इच्छुक न थे, क्योंकि थोड़ी ही जमीन के

ऽथकर्णकौरवशिशुपालसाल्वजरासंधसिन्धुराजप्रभृतयोऽभवन्भूपतयः । संतुष्टो राजा युधिष्ठिरो यो ह्यसहत समीप एव धनंजयजयजनितजगत्कम्पः किंपुरुषाणां राज्यम् । अलसश्चण्डकोशो यो न प्राविक्षत्क्ष्मां जित्वा स्त्रीराज्यम् । ह्रसीय एवान्तरं तुषारगिरिगन्धमादनयोः उत्साहिनः । किष्कुः तुरुष्कविषयाः । प्रादेशः पारसीकदेशः । शशपदं शकस्थानम् । अदृश्यमानप्रतिप्रहारे परियात्रे यात्रैव शिथिला । शौर्यशुल्कः सुलभो दक्षिणापथः । दक्षिणार्णवकल्लोलानिलचलितचन्दनलतासौरभसुन्दरीकृतदरीमन्दिराद्दर्दुरादद्रेर्नेदीयसि मलयो मलयलग्न एव च महेन्द्रः ।' इत्येवंप्रायानुयोगद्योतकानालापान्पार्थिवकुमाराणां बाहुशालिनां शृण्वन्नेवाससादावासम् । मन्दिरद्वारि चोभयतः सबहुमानं भ्रूलताभ्यां विसर्जितराजलोकः प्रविश्य चावततार बाह्यास्थानमण्डपस्थापितमासनमाचक्राम । अपास्तसमायोगश्च क्षणमासिष्ट ।

सिन्धुनाथो जयद्रथः । ह्रसीयो ह्रस्वतरम् । साङ्गुष्ठया प्रदेशिन्या प्रादेशः । 'प्रादेशतालगोकर्णास्तर्जन्यादियुते तते । अङ्गुष्ठे सकनिष्ठे स्याद्वितस्तिर्द्वादशाङ्गुलः ॥' इत्यमरसिंहः । शौर्यकृतः शुल्कः पणो यत्र स शौर्यशुल्कः । अतिशयेनान्तिकं नेदीयः । 'अन्तिकबाढयोर्नेदसाधौ' इति ।

टुकड़े में एक साथ भगदत्त, दन्तवक्र, रुक्मि, कर्ण, दुर्योधन, शिशुपाल, साल्व, जरासंध, जयद्रथ आदि बहुत से राजा राज्य करते थे । राजा युधिष्ठिर कैसे सन्तोषी थे जिन्होंने दिग्विजय द्वारा जगत् को कम्पित कर देने वाले अर्जुन के रहते भी समीप ही किंपुरुषों के राज्य को सह लिया । चण्डकोश कितना आलसी था जिसने पृथिवी को जीत लेने पर भी स्त्रीराज्य में प्रवेश नहीं किया । उत्साही के लिए हिमालय और गन्धमादन पर्वतों में अंतर ही कितना है । तुरुष्कों के देश हाथ भर हैं । पारसिकों का प्रदेश एक बित्ता भर है । शकों का देश खरहे के पैर भर है । परियात्र में सेना की यात्रा ही व्यर्थ है, क्योंकि मुकाबले के लिये कोई दीखता नहीं । दक्षिणापथ शौर्य के धनी के लिए सुलभ है । जिस दर्दुर पर्वत के गुफामन्दिर दक्षिणसमुद्र के कल्लोल की हवा से हिलती हुई चन्दनलताओं की सौरभ-सुगन्धि से भर जाते हैं उसी के निकट ही तो मलयाचल है, एवं मलयाचल से मिला हुआ ही महेन्द्र पर्वत है ।' राजपुत्रों की इन बातों को सुनते हुए हर्ष अपने निवासस्थान में पहुँचे । जब मन्दिर के द्वार पर आये तो अगल-बगल में खड़े राजाओं को आदरपूर्वक भौंह के संकेत से विदा करके अन्दर प्रवेश किया और महल के बाह्य आस्थानमण्डप

अथ तत्र प्रतीहारः पृथ्वीपृष्ठप्रतिष्ठापितपाणिपल्लवो विज्ञापितवान्—'देव ! प्राग्ज्योतिषेश्वरेण कुमारेण प्रहितो हंसवेगनामा दूतोऽन्तरङ्गस्तोरणमध्यास्ते' इति । राजा तु 'तमाशु प्रवेशय' इति सादरमादिदेश । अथ दक्षतया क्षितिपालादराच्च प्रतीहारः स्वयमेव निरगात् । अनन्तरं च हंसवेगः सविनयमाकृत्यैव नयनानन्दसंपादनसुभगाभोगभद्रतया समुल्लङ्घ्यमानगुणगरिमा प्रभूतप्राभृतभृतां पुरुषाणां समूहेन महतानुगम्यमानः प्रविवेश राजमन्दिरम् । आरादेव पञ्चाङ्गालिङ्गिताङ्गनः प्रणाममकरोत् । 'एह्येहि' इति सबहुमानमाहूतश्च प्रधावितोऽपसृतः पादपीठलुठितललाटलेखो न्यस्तहस्तः पृष्ठे पार्थिवेनोपसृत्य भूयो नमश्चक्रे । स्निग्धनरेन्द्रदृष्ट्या निर्दिष्टमविप्रकृष्टं स प्रदेशमध्यास्त । ततो राजा तिरश्चीं तनुमीषदिव दधानश्चामरग्राहिणीमन्तरालवर्तिनीं समुत्सार्य संमुखीनस्तं सप्रश्रयं पप्रच्छ—'हंसवेग ! श्रीमान्कच्चित्कुशली कुमारः ?' इति । स तमन्ववादीत्—'अद्य कुशली येनैवं स्नेहस्नपितया सौहार्दद्रवार्द्रया सगौरवं गिरा पृच्छति देवः' इति ।

प्राग्ज्योतिषं कामरूपाख्यो देशः । समुल्लङ्घ्यमानो नीयमानः । संमुखीनोऽभिमुखः भोगः पालनम् ।

में स्थापित आसन पर विराजमान हुए । वहाँ से समायोग (फौजी परेड) के बर्खास्त होने की सूचना देकर क्षण भर वहीं ठहरे ।

इसी समय वहाँ आकर प्रतिहार ने जमीन पर हाथ टेक कर सूचना दी—'देव, प्राग्ज्योतिषेश्वर कुमार द्वारा भेजा हुआ हंसवेग नाम का अन्तरंग दूत राजद्वार पर खड़ा है ।' राजा ने 'शीघ्र उसे बुलाओ' यह आदरपूर्वक आज्ञा दी । तब बात समझ जाने वाला प्रतीहार राजा के आदर से स्वयं बाहर निकल गया । तत्पश्चात् हंसवेग ने भेंट की। सामग्री लाने वाले अनेक पुरुषों के साथ विनयपूर्वक राजमन्दिर में प्रवेश किया । आँखों को आनन्दित करने वाली वह अपनी सुभग और भद्र आकृति से ही गुणों का गौरव प्राप्त कर रहा था । दूर ही से उसने अपने पाँच अंगों से पृथिवी को छूते हुए राजा को प्रणाम किया । राजा ने 'आओ आओ' कहकर उसे आदर के साथ बुलाया । वह दौड़कर उनके पास आकर पादपीठ पर सिर रगड़ने लगा । तब राजा ने उसकी पीठ पर अपना हाथ रखा । उसने फिर उन्हें प्रणाम किया । राजा ने स्नेहभरी दृष्टि से उसे बैठने के लिए संकेत किया । तब वह थोड़ी दूर पर बैठ गया । तब राजा ने कुछ तिरछे होकर शरीर को झुकाते हुए चामरग्राहिणी को बीच से हटाकर दूत की ओर मुँह करके प्रेमपूर्वक पूछा—'हंसवेग, श्रीमान् कुमार तो कुशल से हैं ?' उसने उत्तर दिया—'जब इतने स्नेह से सनी और

स्थित्वा च मुहूर्तमिव पुनः स चतुरमुवाच—'चतुरम्भोधिभोगभूति-भाजनभूतस्य देवस्य सद्भावगर्भमपहाय हृदयमेकमन्यदनुरूपं प्राभृतमेव दुर्लभं लोके तथाप्यस्मत्स्वामिना संदेशमशून्यतां नयता पूर्वजोपार्जितं वारुणातपत्रमाभोगाख्यमनुरूपस्थानन्यासेन कृतार्थीकृतमेतत्। अस्य च कुतूहलकृन्ति बहून्याश्चर्याणि दृश्यन्ते। तथा हि—प्रतिदिवसं प्रविशति शैत्यहेतोश्छायायाः किरणसहस्रादेकैकः सोमस्य रश्मिरस्मिन्। यस्मिन्प्रविष्टे प्रध्यानानन्तरं स्वादवो दन्तवीणोपदेशाचार्याश्च्योतन्ति चन्द्रभासाम्मभसां मणिशलाकाभ्यो यावदिच्छमच्छा धाराः। प्रचेता इव यश्चतुर्णामर्णवानामधिपतिर्भूतो भावी वा तमिदमनुगृह्णाति च्छायया नेतरम्। इदं च न सप्तार्चिर्दहति, न पृषदश्वो हरति, नोदकमार्द्रयति, न रजांसि मलिनयन्ति, न जरा जर्जरयतीति। एतत्तावदनुगृह्णातु दृशा देवः संदेशमपि विस्रब्धं श्रोष्यति।' इत्येवमभिधाय विवृत्यात्मीयं पुरुषमभ्यधात्—'उत्तिष्ठ। दर्शय देवस्य' इति।

शीतोद्भवो दन्तानामन्योन्याघातो दन्तवीणा। सप्तार्चिरग्निः। पृषदश्वो वायुः। विवृत्य स्थित्वा।

सौहार्द से आर्द्र अपनी वाणी से गौरव के साथ देव पूछ रहे हैं तो वे आज सब प्रकार कुशली हुए।

कुछ देर बाद उसने फिर निपुणता के साथ कहा—'चारों समुद्र की लक्ष्मी के भाजन देव को देने योग्य सद्भाव से भरे एक हृदय को छोड़कर लोक में और दूसरा उपहार क्या है? फिर भी हमारे स्वामी ने पूर्वजों द्वारा उपार्जित आभोग नामक यह वारुण आतपत्र सन्देश के साथ सेवा में भेजकर योग्य स्थान में रखने से इसे कृतार्थ कर दिया। इसके अनेक कुतूहलजनक आश्चर्य देखे गये हैं। छाया की ठण्डक पाने के लिए प्रतिदिन चन्द्रमा की एक-एक किरण इसमें प्रवेश करती है। उसके प्रवेश करने पर चन्द्र के समान मणिशलाकाओं से मधुर, स्वच्छ और दाँतों को खटखटा देने वाली धारा निकलने लगती है। वरुण के समान जो चारों समुद्रों का अधिपति हुआ है अथवा होगा उसी पर इस छत्र की छाया पड़ेगी दूसरे पर नहीं। इस छत्र को अग्नि नहीं जला सकती, हवा नहीं उड़ा सकती, पानी गीला नहीं कर सकता, धूल मलिन नहीं कर सकती, एवं जरा इसे जर्जर नहीं बना सकती। देव इस पर दृष्टिपात करने का अनुग्रह करें, फिर एकान्त में संदेश भी सुनें।' यह कह कर वह पीछे मुड़ कर अपने नौकर से बोला—'उठो, देव के सामने यह छत्र दिखाओ।'

स च वचनानन्तरमुत्थाय पुमानूर्ध्वीचकार तद्धौतदुकूलकल्पिताच्च निचोलकादकोषीत्। आकृष्यमाण एव च यस्मिन्नतिसितमहसि सरभसमहासीव हरेण रसातलादुदलासीव शेषफणिफणाफलकमण्डलेन, अस्थायीव चक्रीभूयान्तरिक्षे क्षीरोदेन, अघटीव गगनाङ्गने गोष्ठीबन्धः शारदेन बलाहकव्यूहेन, विश्रान्तमिव विततपक्षतिना वियति पितामहविमानहंसयूथेन, अत्रिनेत्रनिर्गतस्य धवलधाममण्डलमनोहरो दृष्ट इव जनेन जन्मदिवसः कुमुदबन्धोः, प्रत्यक्षीकृत इवोद्गमनक्षणो नारायणनाभिपुण्डरीकस्य, आहितेव कौमुदी प्रदोषदर्शनानन्दतृप्तिरक्ष्णाम्, उदमाङ्क्षीदिव मन्दाकिनीपुलिनमण्डलं महदम्बरोदरे, परिवर्तित इव दिवसः पौर्णमासीनिशया मन्दंमन्दमिन्दूदयसंदेहदूयमानमानसैर्विघटितं घटमानचञ्चुच्युतमृणालकोटिभिरासन्नकमलिनीचक्रवाकमिथुनैः शरज्जलधरपटलाशङ्कासंकोचितकेकारवमूकमुखपुटैः पराङ्मुखीभूतं भवनशिखण्डिमण्डलैः, प्रबुद्धमाबद्धचन्द्रानन्दोद्दामोहलहलपुटाट्टहासविशदं कुमुदषण्डैः।

निचोलकादाच्छादनप्रसेवकात्। अकोषीन्निष्कासितवान्। उदलासुदुल्लसितम्। अस्थायि स्थितम्। अघटि घटितम्। विश्रान्तं व्यश्रमत। उद्गमनक्षण उत्पत्तिसमयः। उदमाङ्क्षीदुन्ममज्ज। परिवर्तितः स्वरूपः कृतः।

उसके कहने पर उसने उठ कर छत्र को ऊँचा किया और सफेद दुकूल के बने हुए खोल में से उसे निकाला। उस छत्र के बाहर खींचे जाते ही अत्यन्त उज्ज्वल प्रकाश भर गया, मानों शिव ने जोर से अट्टहास किया हो या पाताल से होकर शेषनाग का फणामण्डल निकल आया हो, या चक्राकार क्षीरसमुद्र आकाश में स्थिर हो गया हो, या शरत्कालीन मेघसमूह आकाश के प्राङ्गण में सभा करने बैठा हो, या ब्रह्माजी के विमान का हंसयूथ आकाश में पंख फैला कर विश्राम लेने लगा हो। मानों लोगों ने अत्रि के नेत्र से निकले हुए उज्ज्वल धाममंडल से मनोहर चन्द्रमा का जन्मदिन देख लिया। विष्णु के नाभिकमल का उद्भवकाल प्रत्यक्ष देखने में आया। आँखों को कौमुदीमहोत्सव के देखने का आनन्द पूर्ण मिल गया। विशाल आकाश के मध्य में मन्दाकिनी की रेत मानों ऊपर उठ आई हो। दिन ही मानों पूनम की रात के रूप में बदल गया। समीप के कमलिनी-बनों में रहने वाले जोड़े चक्रवाक जो परस्पर मृणाल का आदान-प्रदान कर रहे थे, मन्द-मन्द उदित होते हुए चन्द्रमा के संदेह से दुखी होकर विघटित हो गए। उनके चंचु से मृणाल छूट कर गिर गए। भवन के मयूरों ने उसे शरत्काल

चित्रीयमाणचेताश्च सराजको राजा दण्डानुसाराधिरोहिण्या दृष्ट्या सादरमैक्षिष्ट तत्तिलकमिव त्रिभुवनस्य, शैशवमिव श्वेतद्वीपस्य, अंशावतारमिव शरदिन्दोः, हृदयमिव धर्मस्य, निवेशमिव शशिलोकस्य, दन्तमण्डलकद्युतिधवलं मुखमिव चक्रवर्तित्वस्य, मौक्तिकजालपरिकरसितं सीमन्तचक्रमिव दिवः, बहलज्योत्स्नाशुक्लोदरमैन्दवमिव परिवेषवलयं शौक्ल्यापहसितशङ्खश्रीकं श्रवणमण्डलमिव निश्चलतां गतमैरावतस्य श्वेतगङ्गावर्तपाण्डुरं पदमिव त्रिभुवनवन्दनीयं त्रिविक्रमस्य, प्रचेतसश्चूडामणिमरीचिशिखाभिरिव श्लिष्टाभिर्मानसबिसतन्तुमयीभिश्चामरिकावलीभिर्विरचितपरिवेषम्, उपरि चक्रवर्तिलक्ष्मीनूपुरस्वनश्रवणदोहदनिश्चलेनेव लक्ष्मणा विततपत्त्रेण हंसेन सनाथीकृतशिखरम्, स्पर्शवता च प्रभावस्तम्भितेन मन्दाकिनीमृणालेन मुकुलितफणेन वासुकिनेव नीतेन दण्डतां द्योतमानम्, धवलिम्ना क्षालयदिव नक्षत्रपथम्, प्रभाप्रवाहप्रथिम्ना प्रावृण्व-

---

निवेशं स्थानम्। दन्तमण्डलकं दशनकृतं चक्रवालम्, दशनसमूहश्च। मुखमारम्भः, वक्त्रं च। परिकरः परिवेष्टनम्। परिवेषवलयं परिधिकटकम्। 'स्यादावर्तोऽम्भसां भ्रमः'। आवर्तनमावर्तः। प्रावृण्वदाच्छादयत्।

का मेघ समझ कर केका की आवाज बन्द कर दी और पराङ्मुख हो गए। कुमुद चन्द्र के प्रति स्नेह के कारण अपने दलों को विकसित करके अट्टहास के साथ जग पड़े।

अन्य राजाओं के साथ देव हर्ष ने विस्मय-विमुग्ध होकर दण्ड के अनुसार दृष्टि को ऊपर उठाते हुए उस अद्भुत महत् छत्र को ध्यानपूर्वक देखा। वह छत्र मानों त्रिभुवन का तिलक, श्वेतद्वीप का शैशव, शरत्काल के चन्द्रमा का अंशावतार, धर्म का हृदय, चन्द्रलोक का आयतन था, और मानों दाँतों की चमक से उज्ज्वल चक्रवर्तित्व का मुख था। उसके चारों ओर मोतियों के जालक लटक रहे थे, मानों स्वर्गलोक का केश-विन्यास हो। उसके मध्यभाग में चाँदनी छिटक रही थी, मानों चन्द्रमा के मंडल का घेरा हो। अपनी सफेदी से वह शंख की श्री को हँस रहा था, मानों ऐरावत का चंचलता से रहित श्रवणमण्डल हो। वह गंगा की भँवरियों के समान उज्ज्वल था, मानों विष्णु का त्रिभुवनवन्दनीय चरण हो। मानसरोवर के बिसतन्तुओं से मानों बनी हुई छोटी-छोटी चौरियाँ उसके चारों ओर लटक रही थीं, मानों वरुण की चूड़ामणि की किरणें हों। उसके शिखर पर पंख फैलाए हंस का चिह्न बना था, जो मानों चक्रवर्ती की लक्ष्मी के नूपुर की आवाज सुनने के आनन्द में निश्चल था। स्पर्श से सुख देने वाला मन्दाकिनी का मृणाल या प्रभाव से स्तम्भित होकर फनों को सिकोड़ते हुए वासुकिनाग ही उसका

दिव दिवसम्, समुच्छ्रायेणाधःकुर्वदिव दिवम्, उपरिस्थितमिव सर्वमङ्गलानाम्, श्वेतमण्डपमिव श्रियः, स्तबकमिव ब्रह्मस्तम्बस्य, नाभिमण्डलमिव ज्योत्स्नायाः, विशदहासमिव कीर्तेः, फेनराशिमिव खड्गधाराजलानाम्, यशःपटलमिव शौर्यशालितायाः, त्रैलोक्याद्भुतं महच्छत्रम्।

दृष्टे च तस्मिन्राज्ञा प्रथमे शेषमपि प्राभृतं प्रकाशयांचक्रुः क्रमेण कार्माः। तद्यथा परार्घ्यरत्नांशुशोणीकृतदिग्भागान्, भगदत्तप्रभृतिख्यातपार्थिवपरागतानाहतलक्षणानलंकारान्, प्रभालेपिनां च चूडामणीनां समुत्कर्षान्, क्षीरोदधेर्धवलताहेतूनिव हारान्, अनेकरागरुचिरवेत्रकरण्डकुण्डलीकृतानि शरच्चन्द्रमरीचिरुञ्जि शौचक्षमाणि क्षौमाणि, कुशलशिल्पिलोकोल्लिखितानां च शुक्तिशङ्खगल्वर्कप्रमुखानां पानभाजनानां निचयान्, निचोलकरक्षितरुचां च रुचिरकाञ्चनपत्रभङ्गभङ्गुराणामतिबन्धुरपरिवेशानां कार्दरङ्गचर्मणां संभारान्, भूर्जत्वक्कोमलाः स्पर्शवतीर्जातिर-

---

कार्मा भृतकाः। आहतलक्षणान्गुणैः प्रसिद्धान्। उक्तं च—'गुणैः प्रतीते तु कृतलक्षणाहतलक्षणौ' इति। समुत्कर्षानतिशयान् गल्वर्को मसाराख्यो मणिभेदः, चन्द्रकान्त इत्यन्ये। शौचो धावनम्। कार्दरङ्गचर्मणां कार्दरङ्गदेशभवानां स्फोटका-

---

-दण्ड बन गए हों। वह मानों अपनी सफेदी से आकाश को धो रहा था। प्रभा के बढ़े हुए प्रभाव से दिन को ढँक रहा था। अपनी ऊँचाई से आकाश को नीचा कर रहा था। सब मंगलों के वह मानों ऊपर स्थित था। छत्र क्या था, मानों लक्ष्मी का श्वेतमंडप (चाँदनी में विहार करने के लिए ऐसा मंडप जिसकी सजावट श्वेत रंग की हो) था; श्वेतद्वीप का बाल रूप था; ज्योत्स्ना का नाभिमण्डल था; कीर्ति का विशद हास्त था; खड्ग के धाराजल की फेनराशि था और शूरता का यशःपटल था।

देव हर्ष जब छत्र को देख चुके तब भृत्यों ने बचे हुए अन्य उपहारों को भी उघाड़ कर दिखाया। वे इस प्रकार थे—आभूषण जो जड़े हुए बहुमूल्य रत्नों की किरणों से दिग्भाग को रंगीन कर रहे थे, जो भगदत्त आदि प्रसिद्ध राजाओं के समय से कुल में चले आ रहे थे, जिन पर भाँति-भाँति के लक्षण या चिह्न ठप्पे से बनाए गये थे। चूड़ामणि या शिरोभूषण, जिनमें बहुत चमक थी। हार, जो क्षीरसमुद्र को भी धवलता के मानों कारण थे। क्षौम वस्त्र, जो शरत्कालीन चन्द्रमा की तरह चिट्टे रङ्ग के थे और जो धुलाई सह सकने वाले थे और नाना वर्ण की रङ्ग-बिरंगी बेंत की करंडियों (झाँपियों) में कुण्डलित करके रखे गए थे। अनेक प्रकार के पान-भाजन या मधुपान करने के चषक, जो सीप, शंख, गल्वर्क के बने हुए थे और जिनपर चतुर कारीगरों ने भाँति-भाँति की

पट्टिकाः, चित्रपटानां च म्रदीयसां समूरुकोपधानादीन्विकारान्, प्रियङ्गु-प्रसवपिङ्गलत्वश्चि चासनानि वेत्रमयान्यगुरुवल्कलकल्पितसंचयानि च सुभाषितभाञ्जि पुस्तकानि, परिणतपाटलपटोलत्विंषि च तरुणहारीतह-रिन्ति क्षीरक्षारीणि च पूगानां पल्लवावलम्बीनि सरसानि फलानि, सह-कारलतारसानां च कृष्णागुरुतैलस्य च कुपितकपिकपोलकपिलकापोति-कापलाशकोशीकवचिताङ्गीः स्थवीयसीर्वैणवीर्नाडीश्च, पट्टसूत्रप्रसेवकार्पि-तांश्च भिन्नाञ्जनवर्णस्य कृष्णागुरुणो गुरुपरितापमुषश्च गोशीर्षचन्दनस्य, तुषारशिलाशकलशिशिरस्वच्छसितस्य च कर्पूरस्य, कस्तूरिकाकोशकानां च पक्वफलजूटजटिलानां च कक्कोलपल्लवानाम्, लवङ्गपुष्पमञ्जरीणां जातीफलस्तबकानां च राशीन्, अतिमधुरमधुरसामोदनिर्हारिणी-

नाम्। जातिपट्टिकाः श्रेष्ठानि जघनग्रन्थनानि। संचयाः पत्रसमूहाः। पटोलस्तिक्तक ओषधिभेदः। उक्तं च—'अथ कुलकं पटोलस्तिक्तकः पटुः' इति। कापोतिका ओषधिभेदः। गोशीर्षचन्दनस्य चन्दनभेदस्य। कोशका नाभयः। अतिमधुरं मधुरसाया इवामोदानि हरन्ति मुञ्चन्ति यास्ताः। मधुरसा द्राक्षा। उक्तं च—'मृद्वीका गोस्तनी द्राक्षा माध्वी मधुरसेति च' इति। अन्ये मधुरसं मकरन्दं द्रव-

नक्काशी का काम किया था। कार्दरङ्ग द्वीप से आई हुई ढालें जिनपर आब की रक्षा के लिए खोल चढ़े थे, इनके काले चमड़े पर सुनहली फूल-पत्तियों के कटाव खचित थे और इनकी गोलाई ऊंची-नीची थी। भोजपत्र की तरह मुलायम स्पर्श से सुख देने वाली जाती-पट्टिकाएँ या कटिप्रदेश में बाँधने के काम में आने वाले एक प्रकार के बढ़ियाँ पटके। नरम चित्रपटों (जामदानी) के बने हुए तकिये जिनके भीतर समूर या पक्षियों के बाल या रोंए भरे थे। बेंत के बुने हुए आसन, जिनका रङ्ग प्रियंगुमजरी की तरह ललछौंही पीली झलक का था। सुभाषितों से भरी पुस्तकें जिनके पन्ने (संचय) अगुरु को पीट कर बनाए गए थे। हरी सुपारियों के झुग्गे, जिनमें पल्लवों के साथ सरस फल झूम रहे थे, इनका रङ्ग पके हुए लाल परवल की तरह ललछौंह और हरियल पक्षी की तरह हरियाली लिए था, इनसे दूध टपक रहा था। सहकार लताओं के रस से भरी हुई मोटी बाँस की नलियाँ, जिनके चारों ओर क्रोधित बन्दर के कपोल की भाँति कपोतिका के लाल-पीले पत्ते बंधे हुए थे। काले अगुरु का तेल भी इसी प्रकार की मोटी बाँस की नलियों में भर कर और पत्तों में लपेट कर लाया गया था। पटसन के बने हुए बोरों में भर कर काले अगुरु के ढेर लगाए गए थे, जिनका रङ्ग छूटे हुए अंजन की तरह था। गरमी में ठंडक पहुँचाने वाले गोशीर्ष नामक चन्दन की राशियाँ बरफ के शिलाखण्ड की

श्चोल्लककलशीः सितासितस्य च चामरजातस्य निचयान्, अवलम्बमान-तूलिकालाबुकांश्च लिखितानेकलेख्यफलकसंपुटान्, कुतूहलकृन्ति च कनकशृङ्खलानियमितग्रीवाणां किंनराणां च वनमानुषाणां च जीवञ्जीवकानां च जलमानुषाणां च मिथुनानि, परिमलामोदितककुभश्च कस्तूरिकाकुरङ्गान्, गेहपरिसरणपरिचिताश्च चमरीः, चामीकररसचित्रवेत्रपञ्जरान्तर्गतांश्च बहुसुभाषितजल्पाकजिह्वांश्च[1] शुकशारिकाप्रभृतीन्पक्षिणः, प्रवालपञ्जरगतांश्च चकोरान्, जलहस्तिनामुदग्रकुम्भमुक्ताफलदामदन्तुराणि च दन्तकाण्डकुण्डलानि।

राजा तु छत्रदर्शनात्प्रहृष्टहृदयः प्रथमप्रयाणे शोभननिमित्तमिति मनसा जग्राह। हंसवेगं च प्रीयमाणो बभाषे—'भद्र! सकलरत्नधाम्नः परमेश्वरशिरोधारणार्हस्यास्य महातपत्रस्य महार्णवादिव कुमुदबान्धवस्य

माहुः। उल्लकः सुगन्धिफलविशेषरसः। आसवभेद इत्यन्ये। तूलिका ऊर्जिका। यया चित्रं क्रियते। अलाब्व्यस्तुम्ब्यः। प्रवालो विद्रुमः। उक्तं च—'अथ विद्रुमः पुंसि प्रवालं पुंनपुंसकम्' इति। 'नीहारो मिहिका चाथ'।

तरह ठंडे सफेद और साफ कपूर के डले, कस्तूरी के नाफे (थैली) जो कस्तूरी मृगों की नाभि से निकलते हैं। कक्कोल के पक्के फलों से युक्त कक्कोलपल्लव। लवंगपुष्पों की मंजरियाँ, जायफल के गुच्छे, जस्ते की कपड़े चढ़ी कलसी या सुराहियाँ, जिनमें अत्यन्त मीठा मधुरस भर कर लाया गया था, जिनकी भीनी सुगन्धि बाहर फैल रही थी। चित्र-फलों के जोड़े, जिनमें भीतर की ओर चित्र लिखे थे और उनके एक ओर तूलिका एवं रङ्ग रखने के लिए छोटी अलाबू की कुप्पियाँ लटक रही थीं। कुतूहल उत्पन्न करने वाले भाँति-भाँति के पशु-पक्षी जैसे सोने की शृंखलाओं से गर्दन में बँधे हुए किन्नर, वन-मानुस, जीवंजीवक, जलमानुषों के जोड़े, दिशाओं में सुगन्धि फैलाते हुए कस्तूरीहिरन, घरों में विचरने वाली विश्वासभरी चँवरी गाय, सुनहले रंग से बेंत के पिंजड़ों में अनेक प्रकार के सुभाषित पाठ करने वाले शुकसारिका प्रभृति पक्षी-मूँगे के पिंजड़ों में बैठे हुए चकोर, जलहस्तियों के मस्तक से निकलने वाले मुक्ताफल से जड़े हुए हाथीदाँत के कुण्डल।

छत्र देखते ही राजा का हृदय प्रसन्नता से भर गया और उसने पहले प्रस्थान के समय मन में उसे शुभ निमित्त समझ कर स्वीकार किया। उन्होंने स्नेहपूर्वक हंसवेग से कहा—'भद्र, सब प्रकार के रत्नों से भरे हुए सम्राट् के सिर पर धारण करने योग्य इस महाछत्र

---

१. जातीः कौशिकशुक।

कुमाराल्लाभो न विस्मयाय। बालविद्याः खलु महतामुपकृतयः' इति। अपनीते च तस्मात्प्रदेशात्प्राभृतसंभारे क्षणमिव स्थित्वा 'हंसवेग! विश्रम्यताम्' इति प्रतीहारभवनं विसर्जयांबभूव। स्वयमप्युत्थाय स्नात्वा मङ्गलाकाङ्क्षी प्राङ्मुखः प्राविशदाभोगस्य छायाम्।

अथ विशत एवास्य छायाजन्मना जडिम्ना चूडामणितामनीयतेव शशिबिम्बमम्बुबिन्दुमुचश्चुचुम्बुरिव चन्द्रकान्तमणयो ललाटतटं कर्पूररेणव इव व्यलीयन्त लोचनयुगले गले गलत्तुहिनकणनिकरकृतनीहारा हारा इवावबध्यन्त हरिचन्दनरसासारेणेवापाति संततमुरसि कुमुदमयमिव हृदयमभवदतिशिशिरमन्तर्हितहिमशिलेव विलीयमाना व्यलिम्पदङ्गानि। जातविस्मयश्चाकरोन्मनसि एकमजर्यं संगतमपहाय काऽस्त्यन्या प्रतिकौशलिकेति। आहारकाले च हंसवेगाय धवलकर्पटप्रावृतधौतनालिकेर-परिगृहीतं विलिप्तशेषं चन्दनमङ्गस्पृष्टे च वाससी शरत्तारकाकारतारमुक्तास्तबकितपदं परिवेशं नाम कटिसूत्रकम् अतिमहार्हपद्मरागालोकलोहि-

---

का कुमार से लाभ होना उस प्रकार आश्चर्यजनक नहीं, जिस प्रकार क्षीरसमुद्र से चंद्रमा का उद्भव होना। महापुरुष लोग उपकार के लड़कों की खेल की विद्या की तरह पहले से ही जान जाते हैं। प्राभृत की सामग्री के वहाँ से हटा लिए जाने पर क्षणभर के बाद हंसवेग को 'तुम विश्राम करो' यह कह कर प्रतिहार-भवन में भेजा। स्वयं उठकर स्नान करके मंगल की आकांक्षा से प्राङ्मुख होकर आभोग नामक उस छत्र के नीचे छाया में बैठ गए।

जब हर्ष ने छत्र की छाया में प्रवेश किया तब उसकी ठंडक से मानों चन्द्र की किरणें ही घनीभूत होकर उसकी चूड़ामणि बन गईं। चन्द्रकान्तमणियाँ पसीजने लगीं और जलकण उनके ललाट पर छा गए। उनकी आँखों में कपूर का आँजन मानों लग गया। गले में बरफ के टुकड़ों के छोटे-छोटे फुहारे हार के समान कतार से बँध गए। उनके वक्षपर मानों हरिचन्दन रस बरसने लगा। हृदय मानों कुमुदों से भर कर अत्यन्त शिशिर हो गया। अदृश्य रूप में मानों बरफ की शिला उनके अङ्गों पर पिघलने लगी। आश्चर्य से भर कर उन्होंने मन में सोचा—'आमरण मैत्री के अतिरिक्त इस प्रकार से सुंदर उपहार का बदला क्या हो सकता है?' भोजन के अवसर पर राजा ने हंसवेग के लिए सफेद वस्त्र लपेट कर नारियल के साथ अपने लगाने से बचा हुआ चन्दन भेजा और उसके साथ ही अपने अङ्ग से छुआए हुए परिधानीय वस्त्रयुगल शरत्कालीन तारों की आकृति वाले मोतियों से बना हुआ परिवेश नामक कटिसूत्र और बहुमूल्य जड़े हुए पद्मराग

तीकृतदिवसं च तरङ्गकं नाम कर्णाभरणं प्रभूतं च भोज्यजातं प्राहिणोत् । एवंप्रायेण च क्रमेण जगाम दिवसः ।

ततः कटकस्थबलबहलधूलिधूसरितवपुरंशुमाली मलीमसमङ्गमिव क्षालयितुमपरजलनिधिमवातरत् । आभोगातपत्रप्रदानवार्तामिव निवेदयितुं वरुणाय वारुणीं दिशमयासीत् । मुकुलायमानसकलकमलवना प्रमुख एव बद्धसेवाञ्जलिपुटेव सद्वीपा भूरभूद्भूपतेः । भूपालानुरागमय इव निखिलजीवलोकलोकाञ्जलिबद्धबन्धुर्जगज्जग्राह संध्यारागः । गौडापराधशङ्किनीव श्यामतां प्रपेदे दिक्प्राची । प्रचिततिमिरनिर्वाहा निर्वाणान्यनृपप्रतापानलकलापेव कालिमानमतानीन्मेदिनी । मेदिनीशप्रदोषास्थानपुष्पनिकरमिव विकचतगररुचिरमवचकरुरुडुनिकरमविरलं ककुभः । स्कन्धावारगन्धगजमदामोदधावितस्येव मार्गो वियति विरराज रजःपाण्डुरैरावतस्य । कुपितनृपव्याघ्राघ्रातामुपसृष्टामित पौरुहूतीं विहाय विहायस्तलमारुरोह रोहिणीरमणः । प्रयाणवार्ता इव मानिनीनां हृदयभेदिन्यो

कटकं हस्त्यश्वादीनां सर्वेषां संनिवेशदेशः । तत्स्थं बलं सैन्यम् । तगरं पिण्डीभवनम् । नृपव्याघ्रो राजशार्दूलः, हर्षः । उपसृष्टां सोपद्रवाम् । पौरुहूतीं ऐन्द्रीम् । रोहिणीरमणश्चन्द्रः, वृषभश्च । रोहिणी गौः । उक्तं च—'माहेयी सौरभेयी गौरुस्रा

की किरणों से दिन में लाली बिखेरता हुआ तरंगक नाम का कर्णाभरण एवं बहुत-सा भोजन का सामान भेजा । इस प्रकार वह दिन व्यतीत हुआ ।

तब सूर्य कटक की सेना से उड़ी हुई धूल से मानों धूसरित होने के कारण अपने मलिन अङ्गों को धोकर साफ करने के लिए पश्चिम समुद्र में अवतीर्ण हुआ या हर्ष को आभोग नामक छत्र के प्राप्त होने का संदेश निवेदन करने के लिए पश्चिम दिशा में वरुण के पास पहुँचा । कमलों के वन मुकुलित होने लगे, मानों राजा के सम्मुख द्वीपों के साथ पृथिवी सेवा करने के लिए अञ्जलिपुट बाँधे खड़ी हो । राजा के अनुराग से भरा हुआ संध्याराग जो सारे जीवलोक के लिए निवासी लोगों के बँधे अञ्जलिपुट का बन्धु है, जगत् में भर गया । पूर्व दिशा मानों गौड़ाधिप के अपराध से डर कर मलिन हो गई । पृथिवी पर गाढ़ा अन्धकार छा गया मानों पृथिवी ने अन्य राजाओं के प्रतापानल के बुझ जाने से उसकी कालिमा को फैला दिया हो । दिशाओं ने राजा के सायंकालीन सभामण्डल पर पुष्पसमूह के समान खिले हुए तगर पुष्पों की भाँति तारों को बिखेर दिया । आकाश में मानों स्कन्धावार के गन्धगजों की मदगन्ध सूँघ मुठभेड़ के लिये दौड़ने से ऐरावत का मार्ग धूल से भर गया । रोहिणीरमण (रोहिणी का पति) चन्द्रमा रूपी (रोहिणी

ययुरिन्दुदीधितयो दश दिशः। नवनृपदण्डयात्रात्रासातुरा इव तरलित-सत्त्ववृत्तयश्चुक्षुभुः पतयो वाहिनीनाम्। चिन्तेव भूभृतां हृदयानि विवेश गुहाविवराणि विमुक्तसर्वाशातिमिरसंततिः। प्रतिसामन्तचक्षुषामिव ननाश निद्रा कुमुदवनानाम्।

अस्यां च वेलायां विततवितानतलवर्ती नरेन्द्रो 'यात तावत्' इति विसर्ज्यानुजीविनो हंसवेगमादिष्टवान्—'कथय संदेशम्' इति। प्रणम्य स कथयितुं प्रास्तावीत्—'देव! पुरा महावराहसंपर्कसंभूतगर्भया भगवत्या भुवा नरको नाम सूनुरसावि रसातले। वीरस्य यस्याभवन्बाल्य एव पादप्रणामप्रणयिनश्चूडामणयो लोकपालानाम् यस्य च त्रिभुवनभुजो भुजशौण्डस्य भवनकमलिनीचक्रवाकीकोपकुटिलकटाक्षेक्षितोऽपि भय-

---

माता च शृङ्गिणी। अर्जुन्यघ्न्या रोहिणी स्यादुत्तमा गोषु नैचिकी॥' इति। वृषभश्च कुपितव्याघ्राघ्रातामत एव सोपद्रवां दिशं विहाय स्थानान्तरमारोहति। मानः प्रियाविषये, अन्यत्र,-धीरविषये। सत्त्वानि प्राणिनः, धैर्यं च सत्त्वम्। वाहिनीनां सेनानाम्, नदीनां च। आशा दिशः, आस्था च। निद्रा संकोचः, स्वापश्च।

अर्थात् गौ का पति) वृषभ क्रोधित राजा रूपी व्याघ्र से आक्रान्त पूर्व दिशा रूपी गाय को छोड़कर आकाश पर चढ़ आया। मानिनियों के हृदय को विदीर्ण करने वाली चन्द्रमा की किरणें सैनिकप्रयाण की वार्ता के समान आकाश में फैल गईं। राजा की नई दण्डयात्रा के त्रास से आतुर शत्रु के सेनापतियों का धैर्य नष्ट हो गया (समुद्र और उनके जलजन्तु खलबला उठे)। समस्त दिशाओं को छोड़ कर अन्धकारसन्तति गुहाविवरों में उस प्रकार घुस गई जैसे राजाओं के हृदय में आशा से रहित चिन्ता। शत्रु-सामन्तों की आँखों के समान ही कुमुदवनों की निद्रा न जाने कहाँ चली गई।

इस समय हर्ष फैले हुए वितान के नीचे लेटे थे। उन्होंने 'जाओ' कह कर नौकरों को बाहर हटा दिया और हंसवेग को आज्ञा दी—'संदेश कहो।' उसने प्रणाम कर कहना शुरू किया—'देव, प्राचीनकाल में महावराह के सम्पर्क से गर्भिणी होकर पृथिवी ने नरक नाम का पुत्र उत्पन्न किया। वह बाल्यकाल में ही बड़ा हो गया। लोकपाल उसके पैरों पर अपनी चूड़ामणि रगड़ने लगे। भुजशाली वह त्रिभुवन पर शासन करता था और उसकी आज्ञा के बिना भवनकमलिनी के वनों में रहने वाली चक्रवाक पत्नियों के कुटिल कटाक्षों द्वारा देखे जाने पर भी एवं जिनका सारथी अरुण डर के मारे रथ को घुमा लेता था ऐसे सूर्य भी अस्त नहीं होते थे, उसी नरक ने वरुण का मानों बाहरी हृदय हो ऐसे इस छत्र को हर लिया। उसके वंश में भगदत्त, पुष्पदत्त, वज्रदत्त

चकितारुणपरिवर्तितरथो नाज्ञया विना रविरस्तमभ्राजीत्। यश्च वरुणस्य बहिर्वृत्ति हृदयमिदमातपत्रमहार्षीत्। महात्मनस्तस्यान्वये भगदत्तपुष्पदत्तवज्रदत्तप्रभृतिषु व्यतीतेषु बहुषु मेरूपमेषु महत्सु महीपालेषु प्रपौत्रो महाराजभूतिवर्मणः पौत्रश्चन्द्रमुखवर्मणः पुत्रो देवस्य कैलासस्थिरस्थितेः स्थितिवर्मणः सुस्थिरवर्मा नाम महाराजाधिराजो जज्ञे तेजसां राशिर्मृगाङ्क इति यं जना जगुः। योऽयमग्रजेनेवाजायत सहैवाहंकारेण। यश्च बाल एव प्रीत्या द्विजातीनप्रीत्या चारातीन्समग्रान्प्रतिग्रहानग्राहयत्। यत्र चातिदुर्लभं लवणालयसंभूतायाः परं माधुर्यमभूल्लक्ष्म्याः। तथा च यो वाहिनीनाथानां शङ्खाञ्जहार न रत्नानि, पृथिव्याः स्थैर्यं जग्राह न करम्, अवनिभृतां गौरवमादत्त न नैष्ठुर्यम्। तस्य च सुगृहीतनाम्नो देवस्य देव्यां श्यामादेव्यां भास्करद्युतिर्भास्करवर्मापरनामा तनयः शंतनोर्भागीरथ्यां भीष्म इव कुमारः समभवत्। अयमस्य च शैशवादारभ्य संकल्पः स्थेयान्स्थाणुपादारविन्दद्वयादृते नाहमन्यं नमस्कुर्यामिति ईदृशश्चायं मनोरथस्त्रिभुवनदुर्लभस्त्रयाणामन्यतमेन संपद्यते सकलभुवनविजयेन वा मृत्युना वा यदि वा प्रचण्डप्रतापज्वलनजनितदिग्दाहेन जगत्येक-

---

प्रतिग्रहो द्विजदीयमानोऽर्थः, सैन्यपश्चाद्भागश्च।

आदि मेरुसदृश बड़े-बड़े राजा हुए। उसी परम्परा में महाराज भूतिवर्मा का प्रपौत्र, चन्द्रमुखवर्मा का पौत्र, कैलासवासी महाराज स्थितिवर्मा का पुत्र सुस्थिरवर्मा नाम का महाराजाधिराज उत्पन्न हुआ। उस तेजस्वी को लोग मृगाङ्क के नाम से गाया करते हैं। वह मानों अपने अग्रज अहंकार के साथ ही उत्पन्न हुआ। बाल्यावस्था में ही उसने प्रीतिपूर्वक दान दिए और अप्रीति से समस्त शत्रुओं को पछाड़ डाला। सारे समुद्र से उत्पन्न जिस लक्ष्मी का अत्यन्त दुर्लभ माधुर्य बढ़ कर था उसने प्रतिपक्ष सेनापतियों से (अथवा समुद्रों के) शंखों को छीन लिया रत्नों को नहीं। राजाओं (अथवा पर्वतों) के गौरव को ले लिया, उनकी निष्ठुरता को नहीं। सुगृहीत नाम उस राजा की रानी श्यामादेवी से भास्करद्युति नामक पुत्र जिसका दूसरा नाम भास्करवर्मा है, उत्पन्न हुआ; जैसे गङ्गा से शन्तनु के पुत्र भीष्म हुए। शैशव से ही उसने यह अटल प्रतिज्ञा की थी कि मैं शिव के अतिरिक्त दूसरे किसी के चरणों में प्रणाम न करूँगा। त्रिभुवन में दुर्लभ ऐसा मनोरथ तीन तरह से सिद्ध हो सकता है, त्रिभुवन पर विजय प्राप्त करने से या मृत्यु से अथवा प्रचण्ड प्रताप की अग्नि से दिग्दाह उत्पन्न करने वाले आपके समान

वीरेण देवोपमेन मित्रेण। मैत्री च प्रायः कार्यव्यपेक्षिणी क्षोणीभृताम्। कार्यं च कीदृशं नाम तद्भवेद्यदुपन्यस्यमानमुपनयेन्मित्रतां देवम्। देवस्य हि यशांसि संचिचीषतो बहिरङ्गभूतानि धनानि। बाहावेव च केवले निषण्णस्य शेषावयवानामपि साहायकसंपादनमनोरथो निरवकाशः किमुत बाह्यजनस्य। चतुःसागरग्रामग्रहणघस्मरस्य पृथिव्येकदेशदानोपन्यासेनापि का तुष्टिः। अभिरूपकन्याविश्राणनविलोभनमपि लक्ष्मीमुखारविन्ददर्शनदुर्ललितदृष्टेरकिंचित्करम्। एवमघटमानसकलोपायसंपादितपदार्थेऽस्मिन्प्रार्थनामात्रकमेव केवलमनुरुध्यमानः शृणोतु देवः। प्राग्ज्योतिषेश्वरो हि देवेन सहैकपिङ्ग इवानङ्गद्विषा, दशरथ इव गोत्रभिदा, धनञ्जय इव पुष्कराक्षेण, वैकर्तन इव दुर्योधनेन, मलयानिल इव माधवेन, अजर्यं संगतमिच्छति। यदि च देवस्यापि मैत्रीयति हृदयमवगच्छति च पर्यायान्तरितं दास्यमनुतिष्ठन्ति सुहृद इति ततः किमास्यते समाज्ञाप्यतामनुभवतु विष्णोर्मन्दरगिरिरिव विकटकेयूरकोटिमणिविघट्टनक्वणितकटकमणिशिलाशकलानि गाढापगूढानि देवस्य कामरूपा-

---

अद्वितीय वीर की मित्रता से। राजाओं की मित्रता तो परस्पर उपकार के कार्य से होती है। कार्य वह कैसा हो, जिसे करके आपको मित्र बनाया जाय? केवल यश के संचय की इच्छा रखने वाले आप धन को हेय समझते हैं। एक मात्र अपने भुजवीर्य पर निर्भर होकर रहने वाले आपके अन्य अङ्ग भी आपको सहायता देने की इच्छा प्रकट करते हैं तो उनकी इच्छा व्यर्थ है, ऐसी स्थिति में जो बाह्य लोग हैं तो बात ही और है। जो व्यक्ति चारों समुद्रों को एक घूँट बना लेना चाहते हैं उसके सामने धरती एक भाग रख देने से क्या सन्तुष्टि होगी? सुन्दरी कन्या को अर्पित करने का लोभ भी उत्पन्न किया जाय तो व्यर्थ है, क्योंकि आपकी दृष्टि स्वयं लक्ष्मी के मुखकमल को ही देखने वाली है। इस प्रकार किसी भी उपाय के द्वारा उपस्थित किया गया पदार्थ चाहे वह कैसा भी हो आपके लिए अनुकूल नहीं बैठता, तो केवल हमारी प्रार्थना मात्र के अनुरोध से ही देव सुनें—प्राग्ज्योतिषेश्वर देव के साथ कभी न मिटने वाली मैत्री चाहते हैं। जैसे शिव के साथ एकपिङ्ग, इन्द्र के साथ दशरथ, कृष्ण के साथ अर्जुन, दुर्योधन के साथ कर्ण, वसन्त के साथ मलयानिल ने मैत्री की है। यदि देव का हृदय मित्रता का अभिलाषी हो और यह जानता हो कि मैत्री के नाम पर मित्र लोग दासता का भी आचरण करते हैं तो बैठे रहने से क्या? आज्ञा दीजिए। कामरूप के अधिपति कुमार की केयूर मणि से आलिङ्गन में उस प्रकार रगड़ खाएगी जैसे मन्दराचल के कटक विष्णु के केयूर से टकराए

धिपतिः। अस्मिन्नातृप्तेरनवरतविमललावण्यसौभाग्यसुधानिर्झरिणि मुखशशिनि चिराच्चक्षुषी लालयतु प्राग्ज्योतिषेश्वरश्रीः। नाभिनन्दति चेद्देवः प्रणयमाज्ञापयतु किं कथनीयं मया स्वामिन' इति।

विरतवचसि तस्मिन्भूपालः पूर्वोपलब्धैरेव गुरुभिर्गुणैरारोपितबहुमानः कुमारे सुदूरमाभोगातपत्रव्यतिकरेण तु परां कोटिमारोपिते प्रेम्णि लज्जमान इव सादरं जगाद—'हंसवेग! कथमिव तादृशि महात्मनि महाभिजने पुण्यराशौ गुणिनां प्राग्रहरे परोक्षसुहृदि स्निह्यति मद्विधस्यान्यथा स्वप्नेऽपि प्रवर्तेत मनः। सकलजगदुत्तापनपटवोऽपि शिशिरायन्ते त्रिभुवननयनानन्दकरे कमलाकरे करास्तिग्मतेजसः। सुबहुगुणगणक्रीताश्च के वयं सख्यस्य। सज्जनमाधुर्याणामभृतदास्यो दश दिशः। एकान्तावदातोत्तानस्वभावसंभृतसादृश्यस्य कुमुदस्य कृते केनाभिहितः शिशिररश्मिः। श्रेयांश्च संकल्पः कुमारस्य। स्वयं बाहुशाली मयि च समालम्बितशरासने सुहृदि हराद्दते कमन्यं नमस्यति। संवर्धिता मे प्रीतिरमुना संकल्पेन। अवलेपिनि पशावपि केसरिणि बहुमानो हृदयस्य

थे। प्राग्ज्योतिषेश्वर की लक्ष्मी जब तक तृप्त न हो तब तक निरन्तर लावण्य और सौभाग्य के अमृत को झरने वाले आपके मुखचन्द्र में अपने नेत्रों को लगा दें। अगर देव कुमार के प्रणय का स्वागत नहीं करते तो आज्ञा दें। मैं जाकर स्वामी से क्या कहूँगा?

उसके इस प्रकार कहने पर कुमार के सुष्ठ गुणों के पहले ही मिले परिचय से हर्ष के मन में आदरभाव उत्पन्न हो गया था और आभोग नामक छत्र को भेट में देने के सम्पर्क से वे कुमार के प्रति अत्यन्त प्रेमासक्त हो चुके थे। उन्होंने लज्जित होते हुए आदरपूर्वक कहा—'हंसवेग, इस प्रकार महान आत्मा, महाकुलीन, पुण्यराशि, गुणियों में श्रेष्ठ, परोक्ष मित्र कुमार के स्नेह दर्शाने पर मेरे जैसे के मन में स्वप्न में भी अन्यथाभाव कैसे आ सकता है? समस्त संसार को संतप्त कर देने में समर्थ सूर्य के तेज त्रिभुवन के नेत्र को आनन्दित करने वाले पद्मसमूह में आकर ठण्डे पड़ जाते हैं। कुमार के अनेक गुणों से जब हम बिक गये तो हमें मित्रता का अधिकार क्या? दिशाएँ सज्जनों के मधुर स्वभाव के कारण ही वेतन के बिना ही उनकी दासी बन जाती हैं। अत्यन्त स्वच्छ स्वभाव कुमुदों को, जो स्वच्छहृदय सज्जनों का सादृश्य प्राप्त करते हैं, विकसित करने के लिए चन्द्रमा से किसने सिफारिश की है। कुमार का संकल्प श्रेष्ठ है। स्वयं वे बाहुवीर्यशाली हैं। धनुष धारण करके जब मैं मित्र के रूप हूँ तो शिव के अतिरिक्त किसी अन्य के सामने क्यों झुकेंगे। मेरे इस संकल्प से प्रीति और भी बढ़ गई। पशुजाति

किं पुनः सुहृदि। तत्तथा यतेथाः यथा न चिरमयमस्मान्क्लेशयति कुमारदर्शनोत्कण्ठा' इति।

हंसवेगस्तु विज्ञापयांबभूव—'देव! किमपरमिदानीं क्लेशयत्यभिजातमभिहितं देवेन। सेवाभीरवो हि सन्तः, तत्रापि विशेषेणायमहङ्कारधनो वैष्णवो वंशः। आस्तां तावदस्मत्स्वामिवंशः। पश्यतु देवः पुरुषस्य हि सेवां प्रति दुर्जनन्येवातिवृद्धया दुर्गत्या वाभिमुखीक्रियमाणस्य, कुटुम्बिन्येवासंतुष्टया तृष्णया वा प्रेर्यमाणस्य, दुरपत्यैरिव यौवनजनितैर्नानाभिलाषिभिरसत्संकल्पैर्वाकुलीक्रियमाणस्य जरत्कुमारीमिव परमार्गणयोग्यामतिमहतीं वा अवस्थां पश्यतः, स्वगृहे दुर्बन्धुभिरिव दुःस्थितैः समग्रैर्ग्रहैर्वा ग्राह्यमाणस्याभियोगं, पुरातनैरतिदुस्त्यजैर्भृत्यैरिव मलिनैः कर्मभिर्वानुवर्त्यमानस्य, सकलशरीरसंतापकरं करीषाग्निमिव दुष्कृतिनः कृतचित्तस्य संप्रवेष्टुं राजकुलमुपहतसकलेन्द्रियशक्तेरिव मिथ्यैव हृदयगतविषयग्रामग्रहणाभिलाषस्य, प्रथममेव तोरणतले वन्दनमालाकिस-

---

में उत्पन्न अभिमान करने वाले सिंह के प्रति भी जब हृदय में आदर है तो मित्र के प्रति क्यों न हो? तो तू जाकर यह प्रयत्न करना कि कुमार के दर्शन की उत्कण्ठा हमें चिरकाल तक न सताती रहे।'

हंसवेग ने निवेदन किया—'देव, दूसरा क्या कष्ट होगा? देव ने बहुत ठीक कहा। सज्जन लोग अपनी सेवा से डरते हैं, अहंकार के धनी विष्णु (वराह) के वंश की तो बात ही और है। हमारे स्वामी के वंश की बात तो जाने दीजिए। देव ही देखें, दुष्ट जननी के समान अत्यन्त बढ़ी हुई (अतिवृद्धा) दुर्गति मनुष्य को नौकरी के लिए ढकेलती है। असन्तुष्ट तृष्णा पत्नी की भाँति उसे प्रेरित करती है। दुष्ट पुत्रों की भाँति यौवनजनित नाना प्रकार की अभिलाषाओं से भरे हुए असत् संकल्प उसे आकुल कर डालते हैं। उस कन्या के समान, जो उम्र होने पर भी ब्याही नहीं गई ऐसी बुरी अवस्था को जिसमें दूसरों (धनी लोगों या पति) का अन्वेषण होता है, वह देखने लगता है। दुष्ट बान्धवों के समान सारे ग्रह उसके घर में डेरा डाल देते हैं और उसे सताने लगते हैं। पुराने हो जाने के कारण जिनसे पिण्ड छुड़ाना नहीं बनता, ऐसे भृत्यों के समान मलिन कर्म उसके पीछे पड़ जाते हैं। पाप का मारा वह सारे शरीर को संतप्त करने वाले भूसे की अग्नि के समान राजकुल में प्रवेश पाने के लिए निश्चय करता है। वह उस व्यक्ति के समान, जिसकी इन्द्रियों की सारी शक्ति ठप हो गई हो, विषयों के उपभोग की मन में झूठी साध करता है। पहले ही जब वह तोरणद्वार के

लयस्येव शुष्यतो द्वारक्षिभिर्निरुद्धस्य, पीडितस्य प्रविशतो द्वारे हरिणस्येवापरैर्हन्यमानस्य, करिकर्मचर्मपुटस्येव मुहुर्मुहुः प्रतिहारमण्डलकरप्रहारैर्निरस्यमानस्य, निधिपादपप्ररोहस्येव द्रविणाभिलाषादधोमुखीभवतः, दूरममार्गणस्याप्यतिविप्रकृष्टविवृतविसर्जितस्योद्वेगं व्रजतः, अकण्टकस्यापि चरणतललग्नस्याकृष्य क्षेपीयः क्षिप्यमाणस्य, अमकरकेतोरप्यकालोपसर्पणाप्रकुपितेश्वरदृष्टिदग्धस्य, प्रलयमुपगच्छतः कपेरिव कोपनिर्भर्त्सितस्याप्यभिन्नमुखरागस्य, ब्रह्मघ्न इव प्रतिदिवसवन्दनोद्घृष्टशिरःकपालस्य, स्पर्शरहितस्याशुभकर्माणि निर्वहतः, त्रिशङ्कोरिवोभयलोकभ्र-

---

हस्तिनां युद्धशिक्षार्थं चर्ममयो हस्ती। प्रतिहारमण्डलेन दौवारिकसमूहेन। प्रतिसंहारेण वेष्टनेन मण्डलं यस्य करस्य तत्प्रहारैश्च। निधिपादपप्ररोहो निधानपृष्ठजन्मा वृक्षाङ्कुरः। स च सर्वो निधिप्रभावादधोमुखीभावः प्रणामः। अमार्गणस्यायाचकस्य च अतिविप्रकृष्टैः प्राकृतैः। पूर्वं विवृतः स्वतश्च लब्धदर्शन एव विसर्जितस्यात एवोद्वेगं मन्युं व्रजतः। मार्गणः शरश्चातिविप्रकृष्टं कर्णान्ते विवृतो विसर्जित उद्गतवेगं याति। अमकरकेतोरशृङ्गारिणोऽपि। अकालेऽप्रस्ताव उपसर्पणं यस्य सः। तथा। अप्रकुपितस्येश्वरस्य हर्षस्य दृष्ट्या दग्धः। ततो विशेषणसमासः। प्रलयः प्रकृष्टो लयो भित्त्यादिश्लिष्टत्वम्, नाशश्च। कपिसदृशः कपेर्लोहितमुखत्वात्। प्रतिदिवसेत्यादि। ब्रह्मघ्नो हतब्राह्मणः कपालमहरहर्वन्दते। त्रिशङ्कुर्नाम चण्डालभावमास्थितोऽपि याजयित्वा विश्वामित्रेण स्वर्गमारोपितः कुपितेनेन्द्रेण हुंकार-

---

पास पहुँचता है, द्वारपाल उसे रोक देते हैं और वह बन्दनवार के पत्ते की तरह वहीं झूरता रहता है। वहाँ के दुःख सहकर किसी तरह राजकुल की ड्योढ़ी के भीतर प्रवेश भी हो गया तो दूसरे लोग उस पर टूट कर हिरन की तरह कुटियाते हैं। चमड़े के बने हुए हाथी की तरह बार-बार प्रतिहारों के घूसे खाकर धकिया दिया जाता है। धन कमाने की इच्छा से राजकुल में गया हुआ वह ऐसे मुँह लटकाए रहता है जैसे जमीन में गड़े खजाने के ऊपर लगाए गए पौधे की डाल नीचे झुकी हो। वह चाहे कुछ भी याचना न करे, फिर भी राजकुल में दूर तक प्रविष्ट हुआ वह जोर के साथ बाहर फेंक दिया जाता है, जैसे धनुष बाण को खींच कर जोर से फेंक देता है। यद्यपि वह काँटे की तरह गड़ कर किसी को दुःख नहीं देता तथापि पैर में लगा हुआ वह निकाल कर फेंक दिया जाता है। किसी प्रकार असमय में स्वामी के पास पहुँच भी गया तो उसकी कुपित दृष्टि उसे जला कर नष्ट कर देती है, जैसे अनाड़ी कामदेव देवताओं के फेर में पड़ कर शिव के द्वारा जल गया था। विनाश के मुख में पहुँचे हुए उसे डाँट-फटकार सुनने पर

ष्टस्य नक्तंदिनमवाक्शिरसस्तिष्ठतः, वाजिन इव कवलवशेन सुखबाह्यमात्मानं विदधानस्य, अनशनशायिन इव हृदयस्थापितजीवनाशस्य, शरीरं क्षपयतः शुन इव निजदारपराङ्मुखस्य, जघन्यकर्मलग्नमात्मानं ताडयतः, प्रेतस्येवानुचितभूमिदीयमानान्नपिण्डस्य, बलिभुज इव जिह्वालौल्योपयुक्तपुरुषवर्चसो वृथा विहितायुषो जीवतः, श्मशानपादपानिव पिशाचस्य दग्धभूत्या परुषीकृतान्राजवल्लभानुपसर्पतः, विपरीतजिह्वाजनितमाधुर्यैरोष्ठमात्रप्रकटितरागै राजशुकालापैः शिशोरिव मुग्धविलोभ्य-

---

तर्जितः। स च निपिपत्सुरेव विश्वामित्रप्रभावाद्भुवमनवाप्य तत्रैव पूर्वं लम्बमानोऽद्यापि स्थितः। कवलो ग्रासः। सुखेन बाह्यम्। बवयोरैक्यात्। सुखेभ्यो बहिर्भूतम्, कृच्छ्रेण व्याप्यं च। हृदये स्थापिता जीवने वृत्त्युपाय आशा येन, जीवस्य नाशो, जीवनाशश्च। जघन्यं निकृष्टम्, जघने भवं जघन्यं च सुतम्। अनुचितायामयशस्यायां भूमौ। चितायाः पश्चादनुचितम्। बलिभुजः काकस्य। लौल्यं चापलम्, अभिलाषश्च। उपयुक्तं व्ययीकृतम्, भुक्तं च। वर्चस्तेजः, विष्ठा च। वृथा विहितं कृतमायुर्यस्य, विभ्यः पक्षिभ्यो हितमायुर्यस्य, वृथा निष्फलं जीवतः पिशाचस्य मूर्खस्य। भूतिः संपत्, भस्म च। राजानः शुका इव, राजशुकाश्च।

भी वानर की तरह मुँहपर लाली बनाए रखनी पड़ती है। प्रतिदिन उसे सबके पैरों पर सिर रगड़ना पड़ता है, मानों उसे ब्रह्महत्या लगी हो। उसे कोई नहीं छूता, मानों अशौच पड़ गया हो। त्रिशंकु के समान दोनों लोकों से भ्रष्ट होकर दिन-रात वह नीचे मूड़ो लटकाए रहता है। घोड़े की तरह थोड़े से टुकड़ों के लिए वह अपने सब सुख छोड़ने के लिए तैयार हो जाता है। अनशन करके सोने वाले की तरह उसके हृदय में हमेशा मर जाने की इच्छा रहती है। कुत्ते के समान अपनी पत्नी से पराङ्मुख होकर वह अपने शरीर को कँपाता रहता है और नीच कर्म में प्रवृत्त अपने आपको स्वयं वह पीटता रहता है। प्रेत के समान भोजन करने के लिए जहाँ के तहाँ (अनुचित जगह में) बैठा दिया जाता है। वह कौवे की तरह जीभ के चटोरपन में अंचड़ कर अपने बल को उपयोग में लाता है और व्यर्थ आयु गँवाते हुए जीता है। जैसे श्मशान के वृक्षों पर पिशाच मँडराता है उसी प्रकार वह नासपीटी बढ़ोतरी पाकर बदमिजाज हुए राजा के मुंहलगे लोगों के पास चक्कर लगाता रहता है। मीठी-मीठी बातें करने वाले और ओठ मात्र में ही राग दिखलाने वाले सुग्गे बच्चों की तरह उसे भुलावे में डाल देते हैं। मदारी के प्रभाव में पड़ कर बेताल जाते उसी प्रकार वे भी राजा के डर के मारे अपने मन से कुछ भी नहीं कर सकते। जैसे चित्रलिखित धनुष चढ़ी

मानस्य, वेतालस्येव नरेन्द्रप्रभावाविष्टस्य न किंचिन्नाचरतः, चित्रधनुष इवालीकगुणाध्यारोपणैकक्रियानित्यनम्रस्य निर्वाणतेजसः, संमार्जनीसमुपार्जितरजसोऽवकरकूटस्येव निर्माल्यवाहिनः, कफविकारिण इव दिने दिने कटुकैरुद्वेज्यमानस्य, सौगतस्येवार्थशून्यविज्ञप्तिजनितवैराग्यस्य काषायाण्यभिलषतः, निशास्वपि मातृबलिपिण्डस्येव दिक्षु विक्षिप्यमाणस्य, अशौचगतस्येव कुशयनजनितसमधिकतरदुःखवृत्तेः, तुलायन्त्रस्येव पश्चात्कृतगौरवस्य तोयार्थमपि नमतः, अतिकृपणस्य शिरसा केवलेनासंतुष्टस्य वचसापि पादौ स्पृशतः, निर्दयवेत्रिवेत्रताडनत्रस्तयेव त्रपया त्यक्तस्य, दैन्यसंकोचितहृदयहृतावकाशयेवाहोपुरुषिकया परिवर्जितस्य, कु-

---

राजशुकभेदाः। नरेन्द्रो राजा, मन्त्रविच्च। गुण उत्कर्षः, ज्या च गुणः। निर्वाणं प्रशान्तम्, निर्गतत्राणतेजश्च। अवकरकूटो मार्जनीक्षिप्तो रजस्तृणादिसंघातः। उक्तं च—'संमार्जनी शोधनी स्यात्संकरोऽवकरस्तथा। क्षिप्ते' इति। अमाल्यवाहित्वेन निःश्रीकत्वमुच्यते। कटुकैः प्रतीहारैः, तीक्ष्णैश्च। अर्थशून्यया निष्फलया। विज्ञप्त्या प्रार्थनया कृतोद्वेगस्य। बौद्धानामपि बाह्यवस्तुशून्यानि विज्ञानानि। अशौचं मृतकादि। कुशयनं कुत्सितशय्या, भूमिश्च कुः। पश्चात्कृतं वर्जितम्, पृष्ठतश्च कृतम्। गौरवं महत्त्वम्, गुरुत्वं च। तोयशब्दो जलोपलक्षणार्थः। तोयं जलं च पादस्पर्शनं पथोऽपि। त्रपया लज्जया। 'आहोपुरुषिका दर्पाद्या स्यात्संभावनात्मनि'। स्वमात्मा, धनं च। उक्तं च—'स्वो ज्ञातावात्मनि स्वं त्रिष्वात्मीये स्वोऽ-

---

प्रत्यञ्चा से झुका हुआ भी बाण चलाने की शक्ति नहीं रखता उसी प्रकार झूठ-मूठ किसी के गुणों की प्रशंसा करते हुए अपनी नम्रता दर्शाता है और उसका तेज बुझा रहता है। झाड़ू से बटोर कर एकत्र किये गए कूड़े की तरह वह श्रीहीन होता है (कभी माला नहीं धारण करता)। कफ के रोगी की तरह उसे दिन पर दिन प्रतिहार और प्यादे घुड़कते रहते हैं। सेवा करने से टका-पैसा नहीं मिलता तो मन में वैराग्य उत्पन्न होकर बुद्ध के समान गेरुआ धारण कर लेने की इच्छा करने लगता है। मातृबलि के पिंडे की तरह रात के समय में भी बाहर फेंक दिया जाता है। अशौच में पड़े हुए की तरह वह मोटी-झोटी अपनी रहन-सहन से अनेक प्रकार के दुःख उठाता है। पीछे भार बढ़ने से तराजू जैसे झुक जाती है उसी प्रकार आत्मसम्मान को पीछे डाल कर पानी के लिए भी झुकता रहता है। अत्यन्त दीन हो जाने के कारण सिर से केवल पैर नहीं छूता, बल्कि असन्तुष्ट होकर बात-बात में पैर छूने के लिये तैयार रहता है। निष्ठुर प्रतीहारों की मार खाते-खाते वह बेहया हो जाता है। दीनता के कारण हृदय के बुझ जाने से उसकी आत्म-गौरव की भावना समाप्त हो जाती है। निन्दित कर्मों के

त्सितकर्माङ्गीकरणकुपितयेवोन्नत्या वियुक्तस्य, धनश्रद्धया क्लेशानुपार्जयतः, स्ववृद्धिबुद्ध्यावमानं संवर्धयतो मूढस्य, सत्यपि विविधकुसुमाधिवाससुरभिणि वने तृष्णयाञ्जलिमुपरचयतः, कुलपुत्रस्यापि कृतागस इव भीतभीतस्य समीपमुपसर्पतः, दर्शनीयस्याप्यालेख्यकुसुमस्येव निष्फलजन्मनः, विदुषोऽपि वैधेयस्येवापशब्दमुखस्य, शक्तिमतोऽपि श्वित्रिण इव संकोचितकरयुगलस्य, समसमुत्कर्षेषु निरग्निपच्यमानस्य, नीचसमीकरणेषु निरुच्छ्वासं म्रियमाणस्य, परिभवैस्तृणीकृतस्य, दुःखानिलेनानिर्वृतेर्ज्वलतः, भक्तस्याप्यभक्तस्य, निरूष्मणः संतापयतो बन्धून्, विमानस्याप्यगतिकस्य, च्युतगौरवस्याप्यधस्ताद्गच्छतः, निःसत्त्वस्यापि महामांसविक्रयं कुर्वतः, निर्मदस्याप्यस्वतन्त्रवृत्तेः, अयोगिनोऽपि ध्यानवशीकृतात्मनः, शय्योत्थायं

स्त्रियां धने' इति। अधिवासः सौगन्ध्यम्, भावना च। वनं काननम्, जलं च। तृष्णा धनस्पृहा मृगतृष्णा च। विदुषो जानानस्य, पण्डितस्य च। वैधेयस्य मूर्खस्य। अपगतशब्दं मुखं यस्य, लघग्रहीनश्च। शब्दोऽपशब्दः। श्वित्रं कुष्ठव्याधिभेदः। समास्तुल्यशीलाः। अनिर्वृतेरप्रतीतेः। अनिर्वृतेर्गमनत्यागाभावाच्च। भक्तस्य हितैषिणः। अभक्तस्यालब्धसंविभागस्य। विरोधः स्पष्टः सर्वत्र। ऊष्मा गर्वोऽपि। विमानस्य विगतमानस्य, व्योमयानस्य च। गतिरुपायोऽपि। गौरवमादरोऽपि। महामांसं स्वकायोऽपि। मदो गर्वः, क्षीवता च। अयोगिनो विपरीतदैववतः। दरि-

ही हमेशा करते रहने से उसका अभ्युदय रुक जाता है। धन के कमाने से केवल क्लेशों का उपार्जन करता है। अपमानों को ही वह मूर्ख अपनी वृद्धि समझ लेता है। अनेक प्रकार के फूलों की गन्ध से भरे वन के होने पर भी जब देखो उसकी तृष्णाञ्जलि बनी रहती है। कुलपुत्रों के पास भी अपराधी की भाँति थर-थर काँपता रहता है। देखने योग्य होने पर भी चित्रलिखित पुष्प के समान उसका जन्म लेना व्यर्थ हो जाता है। ज्ञान से भरा होने पर भी उसके मुँह से अनजान की तरह बात नहीं निकलती। शक्ति होने पर भी उसके हाथ कोढ़ी की तरह नीचे रह जाते हैं। उसके बराबर के लोग जब तरक्की पा लेते हैं तो बिना आग के भीतर ही भीतर पकने जलने लगता है। और जब मातहत के लोग बराबरी में आ जाते हैं तो साँस के न निकलने पर भी मर जाता है। पद के घटने से तिनके की तरह प्रतिष्ठा खो बैठता है। दुःख की वायु का झोंका उसे रात-दिन दहकाता रहता है। राजभक्त होने पर भी हिस्से में उसे कुछ नहीं मिलता। उसकी गरमी सब कम पड़ जाती है, पर भाई-बन्धुओं को सताता है। उसका मान नहीं रहता। फिर भी अपने पद से नहीं डिगता। उसका गौरव नहीं रह जाता और वहीं नीचे ही गिरता जाता है। उसका सत्व चला जाता है, फिर भी अपने

प्रणमतो दग्धमुण्डस्य, गोत्रविदूषकस्य नक्तंदिनं नृत्यतो मनस्विजनं हासयतः, कुलाङ्गारस्य वंशं दहतः, नृपशोस्तृणेऽपि लब्धे कन्धरामवनमयतः, जठरपरिपूरणमात्रप्रयोजनजन्मनो मांसपिण्डस्य गर्भरोगस्य मातुः, अपुण्यानां कर्मणामाचरणाद्भृतकस्य किं प्रायश्चित्तम्, का प्रतिपत्तिक्रिया, क्व गतस्य शान्तिः, कीदृशं जीवितम्, कः पुरुषाभिमानः, किंनामानो विलासाः, कीदृशी भोगश्रद्धा, प्रबलपङ्क इव सर्वमधस्तान्नयति दारुणो दासशब्दः। धिक्तदुच्छ्वसितमुपयातु निधनं धनम्, अभवनिर्भूतेरस्तु तस्या नमो भगवद्भ्यस्तेभ्यः सुखेभ्यस्तस्यायमञ्जलिरैश्वर्यस्य तिष्ठतु दूर एव सा श्रीः शिवं स परिच्छदः करोतु यदर्थमुत्त-

---

द्रस्येत्यन्ये, अप्राप्तबलस्येत्यन्ये, चित्तवृत्तिनिरोधाभाववतश्च। दग्धमुण्डस्यातपहतशिरसः, व्रतिभेदश्च दग्धमुण्डः। विदूषको नायकश्च, नर्मसुहृच्च। वंशो वेणुः। दारुणो दुःसहः, काष्ठस्य च। सर्वमस्त्विवति योजना। मुखप्रियेत्यादावेवंविधः सेवकोऽपि यदि मर्त्यमध्ये गण्यते तद्राजिलोऽपि भोगी कथं न भवति। पुलाको व्युप्तः कलमः कथ न स्यादिति संबन्धः। तपस्वी वराकोऽपि। भुवि विपमानस्य(?)

आपको बेचा करता है। वह मद से रहित होता है और अपनी वृत्ति का स्वयं मालिक नहीं होता। योगी नहीं होकर भी उसका अन्तरात्मा सदा सोच-विचार के वशीभूत रहता है। दग्धमुण्ड साधुओं की भाँति खाट से उठते ही सबको प्रणाम करने का उसका स्वभाव बन जाता है। घर के विदूषक की तरह रातदिन नाच-नाच कर दूसरों को हँसाता रहता है। कुलाङ्गार की भाँति वंश को जला डालता है। मनुष्य के रूप में पशु वह तिनके के लिए भी कन्धा झुका देता है। उसका जन्म केवल पेट का गड्ढा भरने के लिये होता है। सचमुच वह तो मांसपिण्ड के रूप में निकलता हुआ माता का गर्भ रोग है। अपुण्य कर्मों के हमेशा आचरण करने से वह मृतक कौन-सा प्रायश्चित करे? कौन-सा उपाय करे? कहाँ पर जाय, जिससे शान्ति मिले? उसका जीवन कैसा? अभिमान कैसा? विलास कैसे? सुख भोगने की इच्छा कैसी? उसके नाम के साथ जुड़ा हुआ यह 'दास' शब्द कीचड़ की ढाब की भाँति सबको गड़प जाता है। उसके जीने को धिक्कार है। वह धन मिट जाय, उस वैभव का सत्यानाश हो, उन सुखों को दण्डवत् प्रणाम है, उस ऐश्वर्य को हथजोरी है, वह लक्ष्मी दूर रहे, उस टीम टाम से जान बचे, अपने को पृथिवी पर रगड़ना पड़े। राजसेवक ऐसा तपस्वी है जो क्रोधित होकर शाप नहीं दे सकता और प्रसन्न होकर

माङ्गं गां गमिष्यत्यशापानुग्रहक्षमस्तपस्वी मुखप्रियरतः क्लीबो पूतिमांसमयः कृमिरगण्यमानो नरकः, पादरजोधूसरोत्तमाङ्गो जङ्गमः पादपीठः पुंस्कोलिकः काकुक्कणितेषु, शिखी सुखकरकेकासु, स्थूलकूर्मः क्रोडकषणेषु, श्वा नीचचाटुकरणेषु, कृकलासः शिरोविडम्बनासु, जाहक आत्मसंकोचनेषु, वेणुर्मूर्च्छनासु, वेश्याकायः करणबन्धक्लेशेषु, पलालं सत्त्वशालिषु, प्रतिपादकः पादसंवाहनासु, कन्दुकः करतलताडनेषु, वीणादण्डः कोणाभिघातेषु, वराकः सेवकोऽपि मर्त्यमध्ये राजिलोऽपि वा भोगी, पुलाकोऽपि वा कलमो, वरं क्षणमपि कृता मानवता मानवता न मतो नमतस्त्रैलोक्याधिराज्योपभोगोऽपि मनस्विनः। तदेवमभिनन्दि-

---

सुखदायिनः रतः रक्तः। मुख आरम्भे, वदने च। प्रियं रतं मोहनं यस्य। क्लीबोऽशक्तः, शरण्यश्च। पूति दुष्टगन्धम्। अगण्यमानो न गणनार्हः। कुत्सितो नरो नरकः, अगण्यश्च मानो यस्य सोऽगण्यमानो नरको भौमनामा। अवीच्यादिर्वा। काकुक्कणितम्, मधुरवचनम्। भिन्नध्वनिर्वक्रत्वकथनं निर्व्यापारत्वाच्छ्रोकाद्वा। कृकलासोऽप्यनवरतं शिर उन्नमयन्नास्ते। जाहकः आखुतुल्यः प्राणिभेदः, कूर्म इत्यन्ये। मूर्च्छना मोहः, स्वराणां विशिष्टा स्थितिश्च। करणं शरीरम्, मन्त्रो वा। कामशास्त्रोदितकरणानि। कोणो लगुडश्च। यथा। शालिषु पलालमप्रयोजनं तद्वदसौ। राजिलो डिण्डिभाख्यो निर्विषः सर्पः। पुलाकः फलदरिद्रः। शालिः श्यामाकप्रायः। मानवताऽहंकारिणा, मानवस्य कर्म मानवता पौरुषम्। न मतः नेष्टः, नमतः प्रणामं कुर्वतः।

अनुग्रह नहीं कर सकता। केवल मुख से मीठा बात करने वाला नपुंसक है। पीब और मांस से भरा कीड़ा है। जिसकी कोई गणना नहीं ऐसा कुत्सित नर (नरक) है। दूसरों के पैरों की धूल से भरे मस्तक वाला चलता-फिरता पादपीठ है, लप्पो-चप्पो करने वाला नरकोयल है, मीठी बोल उचारने वाला मोर है, धरती पर सीना घिसने वाला कछुआ है, चापलूसी का कुत्ता है, केवल सिर हिलाने वाला गिरगिट है, अपने आपको सिकोड़कर रखने वाला चूहा है, राग अलापने वाला वेणु है, दूसरे के लिए शरीर को तोड़-मरोड़ करने में वेश्या की भाँति है। सत्त्व वाले व्यक्तियों में घास-फूस की तरह है, दाबने में पैर का बोझ उठाने वाला पंगल का पावा है, हाथ की मार सहने में कन्दुक है और कोणाभिघात (दूसरा अर्थ—छड़ी की मार) का अभ्यस्त वीणादण्ड है। बेचारे राजसेवक को अगर मनुष्यों में गिना जाय तो राजिल (पानी वाला ढोंढ़ साँप) को भी सर्प मानना पड़ेगा, पयाल की भी धान में गिनती होनी चाहिए। मानधनी के लिए क्षण भर भी मानवता के गौरव के साथ जीना अच्छा, किन्तु मनस्वी के लिए त्रैलोक्य के राज्य का उपभोग भी

त्वास्मदीयप्रणयो देवोऽपि दिवसैः कतिपयैरेव परागतः प्राग्ज्योतिषेश्वर इति करोतु चेतसि' इत्युक्त्वा तूष्णीमभूत्। अचिराच्च नमस्कृत्य निर्जगाम।

राजापि रजनीं तां कुमारदर्शनौत्सुक्यस्वीकृतहृदयः समनैषीत्। आत्मार्पणं हि महताममूलमन्त्रमयं वशीकरणम्। प्रभाते च प्रभूतं प्रतिप्राभृतं प्रधानप्रतिदूताधिष्ठितं दत्त्वा हंसवेगं प्राहिणोत्। आत्मनापि ततः प्रभृति प्रयाणकैरनवरतैरभ्यमित्रं प्रावर्तत। कदाचित्तु राज्यवर्धनभुजबलोपार्जितमशेषं मालवराजसाधनमादायागतं समीप एवावासितं लेखहारकाद्भण्डिमश्रृणोत्। श्रुत्वा चाभिनवीभूतभ्रातृशोकहुताशनस्तद्दर्शनकातरहृदयो बभूव मूर्च्छान्धकारमिव विवेशातिष्ठच्च समुत्सृष्टसकलव्यापारः प्रतीहारनिवारणनिभृतनिःशब्दपरिजने निजमन्दिरे सराजकपरिवारस्तदागमनमुदीक्षमाणो मुहूर्तम्।

अथ भण्डिरेकेनैव वाजिना कतिपयकुलपुत्रपरिवृतो मलिनवासा

मालान्योषधयः। साधनं हस्त्यादि। निभृतः सनयः।

अथेत्यादि। राजद्वारं भण्डिराजगामेति संबन्धः।

अच्छा नहीं, यदि उसके लिये सिर झुकाना पड़े। तो हमारे प्रणय को स्वीकार करने वाले देव भी यह समझें कि कुछ ही दिनों में प्राग्ज्योतिषेश्वर आ जाते हैं।' इतना कहकर हंसवेग चुप हो गया। थोड़ी देर बाद नमस्कार करके चलता बना।

राजा ने भी उस रात को कुमार के दर्शन की उत्सुकता में व्यतीत किया। आत्मसमर्पण कर देना महापुरुषों का मूलमन्त्ररहित वशीकरण है। प्रातःकाल उन्होंने प्रधान दूत के साथ बदले में बहुत-सा उपहार देकर हंसवेग को विदा किया। स्वयं शत्रु पर चढ़ाई करने के लिए सेना का प्रयाण उस दिन से बराबर जारी रखा। एक दिन लेखहारक ने आकर यह सूचना दी कि राज्यवर्धन की सेना ने मालवराज की जिस सेना को जीत लिया था उस सबको साथ लेकर भण्डि आ रहा है और समीप ही पहुँच गया है। सुनते ही उनके हृदय में भ्रातृशोक की अग्नि फिर से उमड़ गई और भण्डी को देखने के लिये व्याकुल हो गये, मानों मूर्च्छा के अन्धकार में प्रवेश कर गये हों। सब कार्य को छोड़कर राजसमूह और अन्तःपुर के लोगों के साथ भण्डि के आगमन की प्रतीक्षा करते हुए क्षण भर अपने भवन में ठहरे। प्रतीहारों के रोक लगा देने से भवन के सब परिजन इशारे से काम करते थे।

कुछ समय के बाद भण्डि अकेला ही घोड़े पर सवार कुछ कुलपुत्रों को साथ लिए

रिपुशरशल्यपूरितेन निखातबहुलोहकीलकपरिकररक्षितस्फुटनेनेव हृदयेन, हृदयलग्नैः स्वामिसत्कृतैरिव श्मश्रुभिः, शुचं समुपदर्शयन्दूरीकृतव्यायामशिथिलभुजदण्डदोलायमानमङ्गलवलयैकशेषालंकृतिरनादरोपयुक्ताम्बूलविरलरागेण शोकदहनदह्यमानस्य हृदयस्याङ्गारेणेव, दीर्घनिःश्वासवेगनिर्गतेनाधरेण शुष्यता स्वामिविरहविधृतजीवितापराधवैलक्ष्यादिव, बाष्पवारिपटलेन पटेनेव प्रावृतवदनः, विशन्निव दुर्बलीभूतैः स्वाङ्गमपत्रपयाङ्गैर्वमन्निव च व्यर्थीभूतभुजोष्माणमायतैर्निःश्वसितैः, पातकीव, अपराधीव, द्रोहीव, मुषित इव, छलित इव, यूथपतिपतनविषण्ण इव वेगदण्डवारणः, सूर्यास्तमयनिःश्रीक इव कमलाकरः, दुर्योधननिधनदुर्मना इव द्रौणिः, अपहृतरत्न इव सागरो राजद्वारमाजगाम। अवतीर्य च तुरङ्गमादवनतमुखो विवेश राजमन्दिरम्। दूरादेव च विमुक्ताक्रन्दः पपात पादयोः।

श्मश्रुरिति। शोकवशेन ततो विच्छिसत्वाद्वा।

राजद्वार पर आया। उसके कपड़े मलिन थे, उसकी छाती में शत्रु के बाणों के घाव थे। लोहे के कड़े कीलों वाले परिकर के धारण कर लेने से वह बच निकला था। स्वामी के आदर से मानों उसकी दाढ़ी छाती तक बढ़ आई थी, जिससे उसके शोक का पता चल रहा था। बहुत दिनों से व्यायाम के छूट जाने के कारण उसके हाथ पतले पड़ गए थे और उसका मंगलवलय खिसक कर नीचे कलाई में आ गया था। बिना मन के चिबाए हुए पान की लाली शोक की अग्नि से जले हुए हृदय के अंगारे की भांति लग रही थी। उसका अधर लम्बी सांस के निकलते रहने से सूख रहा था, मानों स्वामी के विरह के बाद भी जीवित रहने के अपराध से लज्जित था। आँसुओं की झड़ी ऐसे लगी थी मानों उसके मुँह पर शोकपट ढँका हो। लज्जा के मारे उसके अङ्ग अपने आप में सिमटते जा रहे थे। वह लम्बी सांसों से मानों व्यर्थ पड़ी भुज की गरमी को छोड़ रहा था। वह पातकी, अपराधी, द्रोही, लुटा हुआ, छला हुआ जैसा लग रहा था। उसकी ऐसी दीन दशा थी जैसे यूथपति के मरने पर तरुण हाथी की हो जाती है। वह उस सरोवर के समान था जो सूर्य के अस्त हो जाने से हो जाता है, जैसे दुर्योधन के मर जाने से अश्वत्थामा दुःखी हुआ उसी प्रकार वह भी राज्यवर्धन के निधन से विषादमग्न था। वह उस समुद्र की भांति था जिसमें से रत्न हर लिया गया हो। घोड़े से उतर कर वह मुँह लटकाए ही राजमंदिर के भीतर गया। दूर ही से धाड़ मार कर वह पैरों पर गिर पड़ा।

अवनिपतिरपि दृष्ट्वा तमुत्थाय प्रविरलैः पदैः प्रत्युद्गम्योत्थाप्य च गाढमुपगूह्य कण्ठे करुणमतिचिरं रुरोद। शिथिलीभूतमन्युवेगश्च पुरेव पुनरागत्य निजासने निषसाद। प्रथमप्रक्षालितमुखे च भण्डौ मुखं प्रक्षालयत्। समतिक्रान्ते च कियत्यपि कालकलाकलापे भ्रातृमरणवृत्तान्तमप्राक्षीत्। अथाकथयच्च यथावृत्तमखिलं भण्डिः। अथ नरपतिस्तमुवाच—'राज्यश्रीव्यतिकरः कः?' इति। स पुनरवादीत्—'देव! देवभूयं गते देवे राज्यवर्धने गुप्तनाम्ना च गृहीते कुशस्थले देवी राज्यश्रीः परिभ्रश्य बन्धनाद्विन्ध्याटवीं सपरिवारा प्रविष्टेति लोकतो वार्तामशृणवम्। अन्वेष्टारस्तु तां प्रति प्रभूताः प्रहिता जना नाद्यापि निवर्तन्ते' इति। तच्चाकर्ण्य भूपतिरब्रवीत्—'किमन्यैरनुपादिभिः यत्र सा तत्र परित्यक्तान्यकृत्यः स्वयमेवाहं यास्यामि। भवानपि कटकमादाय प्रवर्ततां गौडाभिमुखम्।' इत्युक्त्वा चोत्थाय स्नानभुवमगात्। कारितशोकश्मश्रुवपनकर्मणा च महाप्रतीहारभवनस्नातेन, शारीरिकवसनकुसुमाङ्गरागालंकारप्रेषणप्रकटितप्रसादेन भण्डिना साधमभुक्त, निनाय च तेनैव सह वासरम्।

हर्ष उसे देखकर उठे और लड़खड़ाते पैरों से आगे बढ़ उसे गले लगाया और स्वयं भी देर तक फूट-फूट कर रोते रहे। जब उनका शोक कुछ कम हुआ तब पहले की तरह आकर आसन पर बैठ गए। जब भण्डि अपना मुँह धो चुका तब उन्होंने भी धोया। कुछ देर के बाद भाई की मृत्यु का वृत्तान्त पूछा। जैसा हो चुका था भण्डि ने सब हाल कह सुनाया। तब राजा ने उससे फिर कहा—'राज्यश्री की क्या गति हुई?' वह फिर बोला—'देव, देव राज्य वर्धन के दिवंगत होने पर जब गुप्त नाम के व्यक्ति ने कान्यकुब्ज पर अधिकार कर लिया तो देवी राज्यश्री किसी प्रकार बन्धन से छूट कर अपने परिवार के साथ विन्ध्याचल के जंगल में चली गई। यह मैंने लोगों के मुँह से सुना है। बहुत खोज-पड़ताल करने वाले आदमी वहाँ भेजे गए जो अभी तक नहीं लौटे।' यह सुनकर राजा ने कहा—'औरों के ढूँढने से क्या? जहाँ राज्य श्री है मैं वहां दूसरे सब काम छोड़ कर स्वयं जाऊँगा। तुम भी सेना लेकर गौड़ पर चढ़ाई करो।' यह कहकर वे उठे और स्नानभूमि में चले गए। भण्डि ने हर्ष के कहने पर शोक से बढ़े हुए केशों का क्षौर कराया और महाप्रतीहार-भवन में स्नान किया। हर्ष ने उसके लिए वस्त्र, पुष्प, अंगराग और आभूषण भेज कर अपना प्रसाद प्रकट किया और साथ ही भोजन किया। एवं वह दिन उसके साथ ही बिताया।

अथापरेद्युरुषस्येव भण्डिर्भूपालमुपसृत्य व्यज्ञापयत्—'पश्यतु देवः श्रीराज्यवर्धनभुजबलार्जितं साधनं सपरिबर्हं मालवराजस्य' इति। नरपतिना स 'एवं क्रियताम्' इत्यभ्यनुज्ञातो दर्शयांबभूव। तद्यथा—अनवरतगलितमदमदिरामोदमुखरमधुकरजूटाजटिलकरटपट्टपङ्किलगण्डान्, गण्डशैलानिव जङ्गमान्, गम्भीरगर्जितरवाञ्जलधरानिव महीमवतीर्णानुत्फुल्लसप्तच्छदवनामोदमुचः, शरद्दिवसानिव पुञ्जभूतान्, अनेकसहस्रसंख्यान्करिणः, चारुचामीकरचित्रचामरमण्डलमनोहरांश्च हरिणरंहसो हरीन्, बालातपविसरवर्षिणां च किरणैरनेकेन्द्रायुधीकृतदशदिशामलंकाराणां विशेषान्, विस्मयकृतः स्मरोन्मादितमालवीकुचपरिमलदुर्ललितांश्च निजज्योत्स्नापूरप्लावितदिगन्तानपि तारान्हारान्, उडुपतिपादसंचयशुचीनि निजयशांसीव बालव्यजनानि, जातरूपमयनालं च निवासपुण्डरीकमिव श्रियः श्वेतमातपत्रम्, अप्सरस इव बहुसमररससाहसानुरागावतीर्णा वारविलासिनीः, सिंहासनशयनासन्दीप्रभृतीनि राज्योपकरणानि, कालायसनिगडनिश्चलीकृतचरणयुगलं च सकलं मालवराजलो-

उसके बाद दूसरे दिन पौ फटते ही भण्डि ने राजा के पास आकर निवेदन किया—'श्री राज्यवर्धन के भुजबल से मालवराज की जो सेना साज-सामान के साथ जीती गई है उसे देव देखने की कृपा करें।' राजा ने 'ऐसा ही करो' जब यह आज्ञा दी तो उसने वह सब सामान दिखाया। हजारों की संख्या में अनेक हाथी, जिनके गण्डस्थल को हमेशा बहते हुए मदजल की मादक गंध से आकृष्ट होकर लुझते हुए भौंरे पंकिल बना रहे थे, जो चलते-फिरते गण्डशैल की भांति लग रहे थे और इस प्रकार चिग्घाड़ रहे थे मानों पृथिवी पर उतरे हुए मेघ हों, और खिले हुए तमाल वन की तरह जिनकी गंध फैल रही थी। हरिण की भांति तेज चाल वाले घोड़े सुन्दर सुनहली चौरियों से सजे थे। बहुत से अलंकार, जिनकी किरणें बालातप के रूप में निकल रही थीं, अपनी रंग-बिरंगी प्रभा से दिशाओं में इन्द्रायुधों का निर्माण कर रहे थे। आश्चर्य करने वाले शुद्ध मोतियों से पोहे गए तारहार जिनमें काम से मतवाली मालवी स्त्रियों के कुचों के परिमल लगे हुए थे और जो अपनी ज्योत्स्ना के प्रभाव से दिशाओं को प्लावित कर रहे थे। चन्द्रमा के किरणसमूह के समान सफेद चँवर जो हर्ष के अपने यश की भांति प्रतीत हो रहे थे। सुवर्ण दण्ड वाला श्वेत छत्र, जो मानों लक्ष्मी के निवास का कमल हो। वेश्यायें, जो मानों अनेक युद्धों के देखने के साहस और अनुराग से पृथिवी पर उतरी हुई अप्सराएँ हों। सिंहासन, शयनासन आदि राज्य का सामान पैरों में

कम्, अशेषांश्च ससंख्यालेख्यपत्रान्, सालंकारापीडपीडान् कोशकलशान्। अथालोच्य तत्सर्वमवनिपालः स्वीकर्तुं यथाधिकारमादिशदध्यक्षान्। अन्यस्मिंश्चाहनि हयैरेव स्वसारमन्वेष्टुमुच्चचाल विन्ध्याटवीमवाप च परिमितैरेव प्रयाणकैस्ताम्।

अथ प्रविशन्दूरादेव दह्यमानषष्टिकबुसविसरविसारिविभावसूनां वन्यधान्यबीजधानीनां धूमेन धूसरिमाणमादधानैः, शुष्कशाखासंचयरचितगोवाटवेष्टितविकटवटैः, व्यापादितवत्सरूपकरोषाविष्टगोपालकल्पितव्याघ्रयन्त्रैः, अयन्त्रितवनपालहठह्रियमाणपरग्रामीणकाष्ठिककुठारैः, गहनतरुखण्डनिर्मितचामुण्डामण्डपैर्वनप्रदेशैः, प्रकाश्यमानमटवीप्रायप्रान्ततया कुटुम्बभरणाकुलैः कुद्दालप्रायकृषिभिः कृषीवलैरबलवद्भिरुच्चभागभाषितेन भज्यमानभूरिशालिखलक्षेत्रखण्डलकमल्पावकाशैश्च कापिलैः, कालायसैरिव कृष्णमृत्तिकाकठिनैः, स्थानस्थानस्थापितस्थाणूत्थितस्थूलप-

---

लोहे की बेड़ी पहने हुए मालव के राजा लोग। कोष से भरे हुए कलसे, जिनपर ब्यौरे की पट्टियां लगी थीं और जिनके गले में आभूषणों की बनी मालाएँ पड़ी थीं। सब सामान को देखकर हर्ष ने अपने विभिन्न अधिकारी अध्यक्षों को उसे विधिपूर्वक स्वीकार करने की आज्ञा दी। दूसरे दिन घोड़ों से बहन राज्यश्री को ढूँढने के लिए प्रस्थान किया और कुछ ही पड़ावों के बाद विन्ध्याटवी में पहुँच गए।

उसमें प्रवेश करते ही उन्होंने वनबस्ती के चारों ओर के वन-प्रदेश पर दृष्टिपात किया जो उसका दूर ही से परिचय दे रहे थे। वहाँ के लोग साठी चावल का भूसा जला लेते थे और उसकी फैलती हुई आग बनैले धान तक पहुँच कर वनप्रदेश को धुमैला बना रही थी। कहीं पुराने खंखाड़ बरगद के चारों ओर सूखी लकड़ियों के अम्बार लगाकर गायों का बाड़ा बनाया गया था। कहीं बाघों ने बछड़ों पर वार किया था तो उससे खीझकर ग्वालों ने बाघ को फँसाने का जाल लगा रखा था। स्वतन्त्र विचरण करने वाले वनपालों ने गाँवों से आकर लकड़ी काट ले जाने वाले लकड़हारों के कुठार जबर्दस्ती छीन लिये थे। पेड़ों के घने झुरमुट में चामुण्डा देवी का मण्डप बना हुआ था। वनग्राम के चारों ओर जङ्गल के सिवा और कुछ न था। इसलिए किसान कुटुम्ब का पेट पालने के लिये व्याकुल रहते थे और उसी चिन्ता में दुर्बल होकर जोर-जोर से आवाज करते हुए केवल कुदारी से कोड़कर परती जमीन तोड़ते और खेत के टुकड़े निकाल लेते। खेत छोटे-छोटे और कहीं-कहीं पर थे। भूमि काश से भरी हुई थी। काली मिट्टी लोहे के तवे की तरह कड़ी थी। कुदारी ही उनका एक सहारा था। जगह-जगह पर काटने से पेड़ों के ठूँठ पड़े

ल्लवैः दुरुपगमश्यामाकप्ररूढिभिरलम्बुसबहुलैः, अविरहितकोकिलाक्षक्षुपै-विरलविरलैः केदारैः, कृच्छ्रात्कृष्यमाणैर्नातिप्रभूतप्रवृत्तगतागतप्रहतभुव-मुपक्षेत्रमुपरचितैरुच्चैर्मञ्चैश्च सूच्यमानश्वापदोपद्रवं, दिशि दिशि च प्रति-मार्गद्रुमकृतानां पथिकपादप्रस्फोटनधूलिधूसरैर्नवपल्लवैर्लाञ्छितच्छाया-नाम्, अटवीसुलभसालकुसुमस्तबकाञ्चितनवखातकूपिकोपकण्ठप्रतिष्ठित-नागस्फुटानामच्छिद्रकटकल्पितकुटीरकाणाम्, कुटिलकीटवेणीवेष्ट्यमान-शक्तुशारशरावश्रेणीश्रितानाम्, अध्वगजनजग्धजम्बूफलास्थिशबलसमीप-भुवाम्, उद्धूलितधूलीकदम्बस्तबकप्रकरपुलकिनीनाम्, कण्टकितकर्करी-चक्राक्रान्तकाष्ठमञ्चिकामुषिततृषाम्, तिम्यत्तलशीतलसिकतिलकलशीश-मितश्रमाणाम्, आश्यानशैवलश्यामलितालिञ्जरजायमानजलजडिम्नाम्, उदकुम्भाकृष्टपाटलशर्कराशकलशिशिरीकृतदिशाम्, घटमुखघटितकटहार-पाटलपुष्पपुटानाम्, शीकरपुलकितपल्लवपूलीपाल्यमानशोष्यसरसशिशु-

थे। उनमें फिर से पत्ते निकल रहे थे। खेतों में साँवा का जङ्गल लहरा रहा था। छुईमुई भी खूब बढ़ आई थी। तालमखाने के छोटे-छोटे पौधों से भी चलने में कठिनाई होती थी। खेत बड़ी कठिनाई से जोते जाते थे। आने जाने वाले कम थे, इसलिए पगडण्डियाँ साफ दिखायी न पड़ती थीं। खेतों के पास ऊँचे बँधे हुए मचानों से यह सूचित हो रहा था कि यहाँ जङ्गली जानवर उपद्रव करते हैं। जंगल के प्रवेशमार्गों पर प्याउओं का विशेष प्रबन्ध था। पेड़ों के झुरमुट में प्याऊ के स्थान बना लिए गये थे। पथिक वहाँ आते और पल्लवों की टहनी तोड़कर पैरों की धूल झाड़कर छाया में बैठते थे। नई खोदी हुई छोटी कुइयाँ पर जङ्गली साल के फूलों के गुच्छे टांग दिए गए थे और समीप में नागफनी से घेर दिया गया था। वहीं पर प्याऊ की मड़ैया घने घास-फूस से छा दी गई थी। सत्तू खाकर पथिकों ने जो सिकोरे फेंक दिए थे उन पर जंगली मक्खियाँ भिनभिना रही थीं। प्याऊ के समीप की भूमि पथिकों की खाये जामुन की गुठलियों से रङ्गबिरंग की हो रही थी। कदम्बों के फूलों से लदी हुई टहनियाँ तोड़कर धूल में फेंक दी गई थीं। काठ की घड़ौंचियों पर प्यास बुझाने के लिए मिट्टी की गगरियाँ, जिन पर काँटे जैसे बुन्दकियों की सजावट बनी थी, रखी हुई थीं। बालू की ठण्डी कलसियों में पानी पड़ जाने से जब वे रिसती थीं तो उन्हें ही देखकर पथिकों की थकान दूर हो जाती थी। कुछ सिम-सिम सिरवारों के लपेट देने से नीले रङ्ग के नादों का जल खूब ठण्डा हो गया था। जल निकाल करके जलकुंभों में लाल शर्करा रखी गयी थी, जो चारों ओर ठंडक फैला रही थी। घड़े के मुँह गेहूँ की नालियों या तिनके के ढकन से ढँके थे, और उनके

सहकारफलजूटीजटिलस्थाणूनाम्, विश्राम्यत्कार्पटिकपेटकपरिपाटीपीयमानपयसामटवीप्रवेशप्रपाणां शैत्येन त्याजयन्तमिव ग्रैष्ममूष्माणं क्वचिदन्यत्र ग्राहयन्तमिवाङ्गारीयदारुसंग्रहदाहिभिः व्योकारैः, सर्वतश्च प्रातिवेश्यविषयवासिना समासन्नग्रामगृहस्थगृहस्थापितस्थविरपरिपाल्यमानपाथेयस्थगितेन कृतदारुणदारुव्यायामयोग्याङ्गाभ्यङ्गेन स्कन्धाध्यासितकठोरकुठारकण्ठलम्बमानप्रातराशपुटेन पाटच्चरप्रत्यवायप्रतिपन्नपटच्चरेण कालवेत्रकत्रिगुणव्रततिवलयपाशग्रथितग्रीवाग्रथितैः पत्रवीटावृतमुखैः, बोटंकूटैरूढवारिणा पुरःसरबलद्बलीवर्दयुगसरेण नैकटिककुटुम्बिकलोकेन काष्ठसंग्रहार्थमटवीं प्रविशता श्वापदव्यधनव्यवधानबहलीसमारोपितकुटीकृतकूटपाशैश्च गृहीतमृगतन्तुतन्त्रीजालवलयवागुरैः, बहिर्व्याधैर्विचरद्भिरंसा-

ऊपर जल सुवासित करने के लिए पाटल के फूल रखे गये थे। भीतर थूनियों के सिरों पर बाल सहकार के फलों की डालें झूल रही थीं और हरे पत्तों पर पानी का छींटा देकर उनके झुराते हुए फलों को ताजा रखा जा रहा था। झुंड के झुंड यात्री प्याऊ में आकर पानी पी रहे थे। प्रपाओं की ठण्डक से ग्रीष्म की गरमी कम पड़ रही थी। दूसरी ओर लकड़ी के ढेरों में आग लगाकर अङ्गार बनाने वाले लुहार फिर उतनी ही तपन पैदा कर रहे थे। पड़ोसी प्रदेश में रहने वाले निकटवासी कुणबी (कुटुम्बिक) जाति के लोग काष्ठसंग्रह के लिए जंगल में आ रहे थे। निकट के गावों में रहने वाले गृहस्थों के घर पर अपने भोजन के सामान रख आये थे और बूढ़ों को रखवाली के लिए बैठा आये थे। लकड़ियों के साथ कुल्हाड़ा भाँजने की कसरत के बर्दाश्त के लिए शरीर में तेल की मालिश कर रखी थी। उनके कन्धों पर भारी कुठार रखे थे और गले में कलेवे में पोटली लटक रही थी। चोरों के डर से फटे-पुराने कपड़े पहन रखे थे। उनके गले में काले बेंत की तिलड़ी माला लपेटी हुई थी और उसी से पानी की लम्बोतरी घड़ियाँ जिनके मुँह में डाट लगी थी, लटकी हुई थीं। उनके आगे लकड़ी लादने के लिए बैलों की जोड़ी चल रही थी। आधे ग्राम के बाहर वाले जंगल में विचर रहे थे। जंगल के खूंखार जानवरों के शिकार में घुसने के लिए टट्टियाँ लगाई थीं और शिकारी कुटपाशी की गेडुरी बनाकर साथ में लिये थे। उनके हाथ में पशुओं के नसों की डोरियाँ, जाल और फन्दे थे। कुछ दूसरी तरह के बहेलिये चिड़ियाँ फसाने वाले शाकुनिक विचर रहे थे, जो कन्धेपर वीतंसक जाल या डला लटकाये थे, जो उनके बालपाशिक आभूषण से उलझ-उलझ जाते थे। उनके हाथों में बाज, तीतर और भुजंगा आदि के पिंजड़े थे। चिड़ीमारों के लड़के बेलों पर लासा लगाकर गौरैया पकड़ने के इरादे में इधर से उधर फुदक रहे थे। चिड़ियों

१. 'पीत' इति।

वसक्कवीतंसव्यालम्बमानबालपाशिकैश्च संगृहीतग्राहकक्करकपिञ्जलादिपञ्जरकैः शाकुनिकैः, संचरद्भिश्च्युतलासकलेशालिप्तलतावधूलट्वालम्पटानां चपेटकैः,पाशकशिशूनामटद्भिः तृणस्तम्बान्तरिततित्तिरितरलायमानकौलेयककुलचाटुकारैश्चलद्विहगमृगयां मृगयुयुवभिः क्रीडद्भिः, परिणतचक्रवाककण्ठकषायरुचां शीधव्यानां वल्कलानां कलापान्, नातिचिरोद्धृतानां च धातुत्विषां धातकीकुसुमानां गोणीरगणिताः पिचव्यानां चातसीगणपट्टमूलकानां पुष्कलान्संभारान्, भारांश्च मधुनो माक्षिकस्य मयूराङ्गजस्याक्लिष्टमधूच्छिष्टचक्रमालानां लम्बमानलामज्जकमुञ्जजूटजटानामपत्वचां खदिरकाष्ठानां कुष्ठस्य कठोरकेसरिसटाभारबभ्रुणश्च रोध्रस्य भूयसो भारकान्, लोकेनादाय व्रजता प्रविचितविविधवनफलपूरितपिटकमस्तकाभिश्चाभ्यर्णग्रामगत्वरीभिस्त्वरमाणाभिर्विक्रयचिन्ताव्यग्राभिर्ग्रामेयकाभिर्व्याप्तदिगन्तरमितस्ततश्च युक्तशूरशकुरशाकराणां पुराणपांसूत्किरकरीषकूटवाहिनीनां धूर्गतधूलिधूसरसैरिभसरोषस्वरसार्यमाणानां संक्रीडच्चटुल-

---

मधुनः क्षौद्रस्य। मयूराङ्गजस्य बर्हिपिच्छस्य। मधूच्छिष्टं सिक्थकम्। लामज्जकेति। 'लामज्जकं लघुलयम्' इत्यमरः। उशीरभेद इत्यन्ये। बभ्रुणः कपिलस्य। रोध्रस्येति। रोध्रो लोध्रः। शाबरकः 'तिल्वकः शिल्कृकस्तरः। तिरीटः कानहीरश्च शिल्वो शाबरपादपः'। शकुरास्तरुणाः। शाक्करा बलीवर्दाः। करीषं शुष्कगोमयम्। उक्तं च—'गोविड्गोमयमस्त्रियाम्। तत्तु शुष्कं करीषोऽस्त्री' इति। सैरिको हालिकः।

के शिकार के शौकीन नवयुवक लोग शिकारी कुत्तों को जो बीच-बीच में झाड़ी में उड़ते हुए तीतरों की फड़फड़ाहट से बेचैन हो उठते थे, पुचकार रहे थे। गाँव के लोग वन की उपज के बोझ सिर पर उठाये जा रहे थे। कोई पुराने चकवाक के गले की तरह लाल पीली सेंहुड़ की छाल का गट्ठा लिए था। किसी के पास तुरत तोड़े हुए गेरू की तरह लाल वर्ण वाले धाय के फूलों की बोरियाँ थीं। कई लोग रुई, अलसी, सन के मुट्ठों का बोझा लिए थे। मधुमक्खी की शहद, मोर के पिच्छ, छाल उधेड़ी हुई कत्थे की लकड़ी, जिसपर खस की जटायें लटक रही थीं, कूठ (एक पौधा) पुराने सिंह के केसर के समान पीले-पीले लोध के भार सिरों पर उठाये बोझिये जा रहे थे। गँवई स्त्रियाँ ने अनेक प्रकार के जंगली फूलों को बीन-बीन कर टोकरे भर लिए थीं और उन्हें बेचने की चिन्ता में व्यग्र होकर जल्दी-जल्दी डेग रखती हुई पास के गाँवों में चली जा रही थीं। एक ओर छोटी-छोटी गाड़ियाँ इधर-उधर चली जा रही थीं। उनमें पुष्ट और तरुण बैल जुटे थे। वे पुराने खाद कूड़े के ढेर ढो रही थीं। उनमें जुते हुए बैल धूल से

चक्रचीत्कारिणीनां शकटश्रेणीनां संपातैः, संपाद्यमानदुर्बलोर्वीविरूक्षक्षेत्र-संस्कारमारक्षक्षिप्तदान्तवाहकदण्डोड्डीयमानहरिणहेलालङ्घिततुङ्गवैणववृति-भिन्नैः निखातगौरकरङ्कशङ्कुशङ्कितशशाकशाकलिततुङ्गशृङ्गैः, प्रयत्नप्रभृतवि-शङ्कटविटपैर्वाटैरैक्षवैः सुबहुभिः श्यामायमानोपकण्ठमतिविप्रकृष्टान्तरैर्मर-कताग्रधस्नुहावाटवेष्टितैः, कार्मुककर्मण्यवंशविटपसंकटैः, कण्टकितकर-ञ्जराजिदुष्प्रवेश्यैः, उरुबूकवचावङ्कसुरससूरणशिग्रुग्रन्थिपर्णगवेधुकागर्मु-

---

संक्रीडत्कूजत्। वृतिर्वाटोपान्ते लताकृतः प्राकारमयः। करङ्कः कङ्कालः। तदुप-लक्षिताः शङ्कवः। शृङ्गोऽग्रभागः। वृतिरित्यन्ये। प्रभृताः पोषिताः। विशङ्कटा विस्तीर्णाः। विटपाः शाखाः। अतिविप्रकृष्टेत्यादि। अटवीकुटुम्बिनां गृहैरुपेतमिति वनग्रामविशेषणम्। स्नुहा सुधावृक्षः। उक्तं च—'स्नुक्स्नुहा च सुधावृक्षः शुंभो निस्त्रिंशपत्रकः। समन्तदुग्धी गण्डोरी सेहुण्डो वज्रकन्दकः' ॥ इति। कर्मणि साधुः कर्मण्यः। करञ्जो नक्तमालः। उक्तं च—'करञ्जो नक्तमालः स्यात्प्रतीतश्चिरबिल्वकः' इति। उरुबूक एरण्डः। उक्तं च—'उरुबूकस्तथैरण्डो रुचको वातनाशनः। पञ्चाङ्गुलो वर्धमानश्चित्रो गन्धर्वपात्तथा ॥' वचा उग्रगन्धा। उक्तं च—'वचोग्रगन्धा गोलोमी जाटिलोग्रा सलोमशा' इति। वङ्को हरीतकविशेषः। सुरसो भूतघ्नः। उक्तं च—'सुरसा तुलसीद्रुः स्यादलसो बहुमञ्जरी। अपेतो राक्षसो गौरी भूतघ्नी देवदुन्दुभिः।' इति। सूरणः कन्दविशेषः। शिग्रुः सौभाञ्जनः। उक्तं च—'सौभा-ञ्जनः कृष्णगन्धा मुखभञ्जोऽथ शिग्रुकः' इति। ग्रन्थिपर्णः मुस्ताकारः सुगन्धिकन्द-विशेषः। उक्तं च—'ग्रन्थिपर्णोऽशुकं बर्हिपुष्पं स्थौणेयकुक्कुरे' इति। गवेधुका

लथपथ थे और चलने के लिए ललकारे जा रहे थे। डगमग पहिये खिसटते हुये चूं-चूं कर रहे थे। जिन खेतों की उपजाऊ शक्ति कम हो गई थी, उनमें लाद कर कूड़ा-कर्कट डाले जा रहे थे। गन्नों के खूब लहलहाते हुए बहुत से खेतों के बाड़े गाँव की हरियाली बढ़ा रहे थे। खेतों के रखवाले जब गन्नों में छिपे हुये हिरनों को ताककर बैलों को हाँकने का डण्डा उनकी ओर चलाते तो हिरन छलाँग मार कर ऊंची बाँसों की बाड़ से उस पार निकल जाते थे। जंगली भैंसों के कंकाल खेत में काँटे की तरह गाड़े गये थे, उनसे डरे हुए खरहे गन्ने के ऊँचे अंकुरों को ही कुतर डालते थे। गन्नों के पौधे बड़े यत्न से बढ़ाये गये थे। वनग्राम के घर एक-दूसरे से काफी दूरी पर थे। उनके चारों ओर मरकत के जैसे चिकने हरे रङ्गवाली सेंहुड़ की बाड़ लगी थी। धनुष बनाने के काम में लाने योग्य बाँसों की बँसवारी पास में उग रही थी। करंजुए के काँटेदार वृक्षों की पंक्ति में रास्ता बना कर घुसना मुश्किल था। एरंड, बचा, बंगक (बैंगन), तुलसी, सूरनकन्द, सोंहिजन, गंठिवन, गरबेरुआ और मकआ धान के गुल्म वहाँ

द्रुगुल्मगहनगृहवाटिकैः, निखातोच्चकाष्ठारोपितकाष्ठालुकलताप्रतानविहितच्छायैः, परिमण्डलबदरीमण्डपकतलनिखातखादिरकीलबद्धवत्सरूपैः, कथमपि कुक्कुटरटितानुमीयमानसंनिवेशैरङ्गनाशस्तिस्तम्भतलविरचितपक्षिपूपिकावापिकैर्विकीर्णबदरपाटलपटलैः, वेणुपोटदलनलकलितशरमयवृतिविहितभित्तिभिः, किंशुकगोरोचनारचितमण्डलमण्डपबल्वजबद्धाङ्गारराशिभिः, शाल्मलीफलतूलसंचयबहुलैः, संनिहितनलशालिशालूकखण्डकुमुदबीजवेणुतण्डुलैः, संगृहीततमालबीजैः, भस्ममलिनम्लानकाश्मर्यकूटव्याधूतकटैराश्यानराजादनमदनफलस्फीतैर्मधूकासवमद्यप्रायैः, कुसुम्भ-

---

तृणधान्यभेदः । गर्मुल्लतागुल्मः । 'अप्रकाण्डे स्तम्बगुल्मौ' इति काष्ठालुकलता अलाबुवल्ली । स्वल्पा वत्सा वत्सरूपा । संनिवेशो रचना । अगस्तिर्मुनितरुः । पक्षिपूपिका पक्षाणां वेत्रवलानि भाण्डभेदः । पोटः शकलः । किंशुकानि पलाशवृक्षपुष्पाणि । बल्वजस्तृणभेदः । बन्धकाष्ठ इति प्रसिद्धः । शाल्मली रक्तपुष्पा । उक्तं च—'शाल्मली रक्तपुष्पा च कुर्कुटी स्थिरजीविता । पिच्छिला तूलिनी मोचा कण्टकाढ्या सुपूरिणी ॥' इति । तूलं कर्पासः । नलशालिः शालिभेदः । शालूकं पद्ममूलम् । उक्तं च—'पद्ममूलं तु शालूकं सकिलं तत्किरातकम् । शालीनं पद्मकन्दं च जालालूकं निगद्यते ॥' इति । काश्मर्यः कश्मीरीहीरः । 'काश्मीरी मधुमत्यपि । श्रीपर्णी सर्वतोभद्रा गम्भीरी कृष्णमृत्तिका ॥' इति । कूटाः कुनालानि । राजादनः कपीष्टः । उक्तं च—'क्षीरोदकस्तु राजन्यः क्षीरमृत्स्नः कपीनृपः । राजादनो दृढस्कन्धः कपीष्टः प्रियदर्शनः ॥' इति । मदनो रोधः । उक्तं च—'मदनः शल्यको रोधो गालः पिण्डीतकः फलम् । मसरः करहाटश्च सुमनोऽति-

---

के साथ लगी हुई बगीचियों में भरे हुए थे। गाड़ी गई ऊँची बल्लियों पर चढ़ाई हुई लौकी की बेलें फैल कर छाया दे रही थीं। बेरी की गेल में मंडपों के नीचे खैर के खूँटे गाड़कर बछड़े बाँध दिए गए थे। मुर्गों की कुकड़ूँकूँ से पहचान मिलती थी कि घर कहाँ कहाँ बसे हैं। आँगन में लगे अगस्त्य वृक्ष के नीचे चिड़ियों का चुग्गा खिलाने और पानी पिलाने की हौदियाँ बनी हुई थीं और लाल बेरों की चादरसी बिछी थी। घरों की दीवारें बाँस के फट्ठे, नरकुल और सरकंडों को जोड़ कर बना ली गई थीं। कोयले के ढेरों पर बबई घास के मड़वे छाए थे, जिनपर पलास के फूल और गोरोचना की सजावट थी। घरों में सेमल की रूई ढेर के ढेर पड़ी थी। नलशालिकमल की जड़, खंड शर्करा, कमलबीज, बाँस, तंडुल और तमाल के बीज आदि बटोर कर रखा लिए गए थे। चटाइयों पर गंभीरी के ढेर के ढेर सूख रहे थे और धूल पड़ने से कुछ मटमैले लग रहे थे। खिरनी और मैनफल सुखा कर रखे गए थे। महुए का आसव और चुवाया हुआ मद प्रायः हर

कुम्भगण्डकुसूलैरविरहितराजमाषत्रपुषकर्कटिकाकूष्माण्डालाबुबीजैः, पोष्यमाणवनबिडालमालुधाननकुलशालिजातजातकादिभिरटवीकुटुम्बिनां गृहैरुपेतं वनग्रामकं ददर्श। तत्रैव च तं दिवसमत्यवाहयदिति।

इति श्रीमहाकविबाणभट्टकृतौ हर्षचरिते छत्रलब्धिर्नाम सप्तम उच्छ्वासः।

सुपुष्पकः॥' इति। मधूको गुडपुष्पः। उक्तं च—'गुडपुष्पो रोध्रपुष्पो माल्यप्रस्थोऽथ माधवः' इति। राजमाषो निष्पावः। त्रपुसं लाङ्कुकः। कर्कटिकादयः प्रसिद्धाः। मालुधाना मालुकावधाख्याः प्राणिभेदाः, नकुलादयश्च।

इति श्रीशंकरकविरचिते हर्षचरितसंकेते सप्तम उच्छ्वासः।

घर में था। प्रत्येक घर में कुसुम्भ, कुंभ और गंडकुसूल भी थे। रवांस, खीरा, ककड़ी, कोहड़ा और लौकियों के बीजों से उनके घर भरे हुए थे। घरों में बनबिलाव, नेवले, मालुधान और शालिजात नाम के पशुओं के बच्चे पले हुए थे। इस प्रकार के वनग्राम में ही हर्ष ने उस दिन को व्यतीत किया।

हर्षचरित सप्तम उच्छ्वास समाप्त

अष्टम उच्छ्वासः

सहसा संपादयता मनोरथप्रार्थितानि वस्तूनि ।
दैवेनापि क्रियते भव्यानां पूर्वसेवेव ॥ १ ॥
विद्वज्जनसंपर्को नष्टेष्टज्ञातिदर्शनाभ्युदयः ।
कस्य न सुखाय भवने भवति महारत्नलाभश्च ॥ २ ॥

अथापरेद्युरुत्थाय पार्थिवस्तस्माद्ग्रामकान्निर्गत्य विवेश विन्ध्याटवीम्। आट च तस्यामितश्चेतश्च सुबहून्दिवसान्। एकदा तु भूपतेर्भ्रमत एवाटविकसामन्तस्य शरभकेतोः सूनुर्व्याघ्रकेतुर्नाम कुतोऽपि कज्जलश्यामलश्यामलतावलयेनाधिललाटमुच्चैः कृतमौलिबन्धम्, अन्धकारिणीमकारणभुवा भ्रुकुटिभङ्गेन त्रिशाखेन त्रियामामिव साहससहचारिणीं ललाटस्थलीं सदा समुद्वहन्तम्, अवतंसितैकशुकपक्षकप्रभाहरितायमानेन पिनद्धकाचरकाचमणिकर्णिकेन श्रवणेन शोभमानम्, किंचिच्चुल्लस्य

सहसेत्यादियुगलकेन श्रीहर्षाभ्युदयशिवाकारमित्रराज्यश्रीप्राप्त्येकावलीलाभान्सूचयति। भव्यानां पूर्वसेवा दैवेन शुभसंपादनेन। शुभाभ्यासभावितचिन्ता भूयोऽपि क्रियत इति प्रतिपाद्यते।

एकदा त्वित्यादौ। व्याघ्रकेतुर्नाम कुतोऽपि शबरयुवानमादाय भूपतेरर्थात्समीपमाजगामेति संबन्धः। अटव्यां भव आटविकः। श्यामा गन्धप्रियङ्गुः। मौलयः केशाः। अन्धकारिणीं कृष्णाम्। त्रिशाखेन त्रिलेखेन। पिनद्धो बद्धः। काचरस्य कपिलस्य काचमणेः कर्णिका यत्र तत्तेन। चुल्लश्चिल्लः। उक्तं च—'स्युः क्लिन्नाक्षे

बड़े लोगों के मन में जिन वस्तुओं की अभिलाषा उत्पन्न होती है, दैव उन्हें उपस्थित करने में देर नहीं लगाता, मानों वह भी पहले से उनकी सेवा करता रहता है।

विद्वानों का संपर्क, भूले हुए अपने प्रिय बन्धु का दर्शन और अपने ही भवन में बहुमूल्य रत्नों का लाभ—ये तीनों किसे सुख नहीं देते ?

दूसरे दिन हर्ष उठे और उन्होंने उस वनग्राम से निकल कर विन्ध्याटवी में प्रवेश किया। बहुत दिनों तक उसी में इधर-उधर घूमते रहे। एक दिन जब राजा भटक ही रहे थे कि जंगली प्रदेशों के राजा शरभकेतु का लड़का व्याघ्रकेतु कहीं से एक शबर युवक को साथ लेकर मिलने आया। उस शबर युवक ने ललाट के ऊपर सांवली प्रियंगुलता से अपने बालों का जूड़ा बांध लिया था। बिना कारण के ही उसकी भौंहें तिरछी हो गई थीं, मानों वह साहस करके पास आई अंधेरी रात की भांति अपनी ललाटस्थली को हमेशा

प्रविरलपक्ष्मणश्चक्षुषः सहजेन रागरोचिषा रसायनरसोपयुक्तं तारक्षवं क्षतजमिव क्षरन्तम्, अवनाटनासिकम्, चिपिटाधरम्, चिक्किनचिबुकम्, अहीनहनूत्कटकपोलकूटास्थिपर्यन्तमीषदवाग्रग्रीवाबन्धम्, स्कन्नस्कन्धार्धभागम्, अनवरतकठिनकोदण्डकुण्डलीकरणकर्कशव्यायामविस्तारितेनांसलेनोरसा हसन्तमिव तटशिलाप्रथिमानं विन्ध्यगिरेः, अजगरगरीयसा च भुजयुगलेन लघयन्तं तुहिनशैलशालद्रुमाणां द्राघिमाणम्, वराहबालवलितबन्धनाभिर्नागदमनजूटिकावाटिकाभिर्जटिलीकृतपृष्ठे प्रकोष्ठे प्रतिष्ठां गतं गोदन्तमणिचित्रं त्रापुषं वलयं बिभ्राणम्, अतुन्दिलमपि तुण्डिभम्, अहीरमणीचर्मनिर्मितपट्टिकयोश्चित्रचित्रकत्वक्कारकितपरिवारया सं-

---

चुल्लचिल्लपिल्लाः क्लिन्नेऽक्षिण चाप्यमी' इति। 'तरक्षुस्तु मृगादनः।' आरण्यश्वेत्यर्थः। तस्येदं तारक्षवम्। तच्च क्वचिद्रसायनेनोपयुज्यते। अवनाटो निम्नः। चिपिटः स्थूलः ईषल्लघुश्च। चिक्किनं स्थूलेषद्ध्रस्वम्। चिबुकमधराधः। उक्तं च—'अधस्ताच्चिबुकं गण्डौ कपोलौ तत्परा हनुः' इति। अवाग्रावनता ग्रीवा कंधरा। स्कन्नः शुष्कः, लम्बमानो वा, उन्नतो वा। 'स्कन्धो भुजशिरोंऽसोऽस्त्री'। असंलेन बलवता। उरसा वक्षसा। अजगरः सर्पभेदः। द्राघिमाणं दीर्घत्वम्। वराहः सूकरः। नागदमनो विषहर ओषधिभेदः। जूटिका लघुमूलम्। वाटिकाः पूल्यः। गोदन्तः सर्पभेदः। त्रपुणो विकारस्त्रापुषम्। 'त्रपुजतुनोः षुक्'। अतुन्दिलं कृशोदरम्। तुण्डिभं बृहन्नाभिकम्। 'तुन्दिवलिवटेर्भः'। स हि व्यायामवशात्क्षाममध्य उन्नतनाभिः तुण्डिभः। अहीरमणीनामा द्विवक्त्रः। चित्रकश्छायया गन्धतोऽप्यपरसर्पत्रासकः।

धारण कर रहा था। उसके कान में सुग्गे के पंख का अवतंस लगा हुआ था, जो अपनी प्रभा से नीचे पाली में कच्चे शीशे के बाले को हरा बना रहा था। उसकी आँखें चिपचिपी और बरौनियाँ कम थीं और उनमें से स्वाभाविक लाली रसायन बनाने के उपयोग में आने वाले बाघ के रुधिर के समान मानों ढरक रही थी। नाक कुछ झुकी हुई और निचलो ओठ चिपको हुई थी। एवं ठुड्ढी कुछ छोटी थी। गालों के ऊपर की हड्डी बढ़ी हुई और गाल चौड़े थे। गर्दन एक ओर कुछ झुकी हुई थी। कन्धे का आधा भाग लटका हुआ था। वह अपनी चौड़ी छाती से जो हमेशा धनुष के खींचने के कठिन व्यायाम से मजबूत हो गई थी, विन्ध्याचल की शिलाओं की चौड़ाई को और अजगर सर्प के समान अपनी लम्बी भुजाओं से हिमालय के शालवृक्षों की लम्बाई को हँस रहा था। कलाई में सूअर के बालों में लपेटी हुई नागदमन नामक विषहर ओषधि की गुच्छियाँ बँधी थीं और गोदन्ती मणि से जड़ा हुआ

कुब्जाजिनजालकितया शृङ्गमयमसृणमुष्टिभागभास्वरया पारदरसलेशलिप्तसमस्तमस्तिकया कृपाण्या करालितविशंकटकटिप्रदेशम्, प्रथमयौवनोल्लिख्यमानमध्यभागभ्रष्टमांसभरिताविव स्थवीयसावूरुदण्डौ दधतम्, अच्छभल्लचर्ममयेन भल्लीप्रायप्रभूतशरभृता शबलशार्दूलचर्मपटपीडितेनालिकुलकालकम्बललोललोम्ना पृष्ठभागभाजा भस्त्राभरणेन पल्लवितमिव कार्श्यमुपदर्शयन्तम्, उत्तरत्रिभागोत्तंसितचाषपिच्छचारुशिखरे खदिरजटानिर्माणे खरप्राणे प्रचुरमयूरपित्तपत्रलताचित्रितत्वचि त्वचिसारगुणे गुरुणि वामस्कन्धाध्यासितधनुषि दोषि लम्बमानेनावाक्शिरसा शितशरकृत्तैकनलकविवरप्रवेशितेतरजङ्घजनितस्वस्तिकबन्धेन बन्धूकलोहितरुधिरराजिरञ्जितघ्राणवर्त्मना वपुर्विततिव्यक्तविभाव्यमानकोमलक्रोडरोम-

---

रांगे का कड़ा पड़ा था। उसका उदर छोटा किन्तु नाभी उभरी हुई थी। उसकी चौड़ी कमर में कटारी बँधी हुई थी। वह दुमुही साँप की खाल की दो पट्टियों से बनी म्यान में, जिस पर चिते के चमड़े के चकत्ते काटकर शोभा के लिए लगाए गए थे, रखी हुई थी। म्यान पर उसने औंध कर मृगचर्म लटका दिया था। कटारी की मूठ चमकदार सींग की बनाई गई थी और उसके मुँहवाल पर पारा चढ़ा हुआ था। उसकी जाँघें पहली जवानी के कारण कटिप्रदेश से खिसके हुए माँस से मानों भरकर अधिक मोटी हो गई थी। पीठ पर लटकते हुए तरकस के बोझ से वह जैसे दबता जा रहा था। उसका तरकस भालू के चमड़े का बना हुआ था। उसमें विशेष रूप से भल्लियाँ और बाण भरे हुए थे। चितकबरे बाघ के चमड़े से वह कसकर बँधा हुआ था और उसके रोयें भौंराले कम्बल की तरह लग रहे थे। बाँह के ऊपरी तिहारी भाग में चाहे पक्षी के पंख सुशोभित थे। बाँह के नस इस प्रकार लग रहे थे मानों खैर की जटाएँ एक साथ बटी गई हों और उसकी भुजा में बल अधिक था। बाँस की तरह ठोस और तगड़ी उसकी बाँह पर मयूरपिच्छ से फूल-पत्तियों का गुदना गुदा था। उसके बायें कन्धे पर धनुष रखा हुआ था। खरहे की एक टाँग की लम्बी हड्डी तेज बाण की धारा से घुटने के पास काटकर दूसरे टाँग की पिंडली पहले की नलकी में पिरो देने से जो कमच्छा बन गया था उसमें अपनी बांह का अग्रभाग डालकर उसने खरहा को भुजा पर टाँग लिया था। नाक से बहते हुए लाल रक्त से सना हुआ खरहे का सिर नीचे की ओर लटक रहा था और झुकते हुए शरीर के खिंच जाने के कारण सामने की ओर पेट पर के मुलायम सफेद रोओं की धारी साफ दिखाई देती थी। धनुष के निचले कोर के निकले भाग द्वारा कण्ठ छेद कर उसमें एक तीतर लटकाया हुआ था, जिसकी चोंच के भीतर का ऊपरी तालु दिखाई पड़ रहा था। खरहे और तीतर उसके शिकार की बानगी की मूँठ जान पड़ते थे। उनके दाहिने हाथ में विष से

शुष्क्रिम्ना शशेन शिताटनीशिखाग्रग्रथितग्रीवेण चापावृतचञ्चूत्तानताम्रतालुना तित्तिरिणा वर्णकमुष्टिमिव मृगयाया दर्शयन्तम्, विषमविषदूषितवदनेन च विकर्णेन कृष्णाहिनेव मूलगृहीतेन व्यग्रदक्षिणकराग्रम्, जङ्गममिव गिरितटतमालपादपम्, यन्त्रोल्लिखितमश्मसारस्तम्भमिव भ्रमन्तम्, अञ्जनशिलाच्छेदमिव चलन्तम्, अयःसारमिव गिरेर्विन्ध्यस्य गलन्तम्, पाकलं करिकुलानाम्, कालपाशं कुरङ्गयूथानाम्, धूमकेतुं मृगराजचक्राणाम्, महानवमीमहं महिषमण्डलानाम्, हृदयमिव हिंसायाः, फलमिव पापस्य, कारणमिव कलिकालस्य, कामुकमिव कालरात्रेः, शबरयुवानमादायाजगाम। दूरे च स्थापयित्वा विज्ञापयांबभूव—'देव! सर्वस्यास्य विन्ध्यस्य स्वामी सर्वपल्लीपतीनां प्राग्रहरः शबरसेनापतिर्भूकम्पो नाम। तस्यायं निर्घातनामा स्वस्रीयः सकलस्यास्य विन्ध्यकान्तारारण्यस्य पर्णानामप्यभिज्ञः किमुत प्रदेशानाम्। एनं पृच्छतु देवो योग्योऽयमाज्ञां कर्तुम्।' इति कथिते च निर्घातस्तु क्षितितलनिहितमौलिः प्रणाममकरोत्। उपनिन्ये च तित्तिरिणा सह शशोपायनम्। अवनिपतिस्तु संमानयन्स्वयमेव तमप्राक्षीत्—'अङ्ग! अभिज्ञा यूयमस्य सर्वस्योद्देशस्य? विहारशीलाश्च दिवसेष्वेतेषु भवन्तः? सेनापतेर्वान्यस्य वा तदनुजीविनः कस्यचिदुदाररूपा नारी न गता भवेद्दर्शनगोचरम्?' इति।

मुड़ी हुई नोंक वाला बाण था, मानों पूँछ से पकड़ा हुआ काला नाग हो। पर्वतीय प्रदेश का वह चलता-फिरता तमालवृक्ष था। वह खराद पर चढ़ाकर बना घुमता हुआ लौह-स्तम्भ था। चलता हुआ अञ्जनशिला का टुकड़ा था। खान से ढलता हुआ विन्ध्याचल का लोहा था। वह हाथियों के लिये ज्वर, हिरनों के लिए कालपाश, सिंहों के लिए धूमकेतु, भैसों के लिए दुर्गानवमी का उत्सव (जिसमें भैंसे बलि चढ़ाए जाते हैं) था। वह साक्षात् हिंसा का हृदय, पाप का फल, कलियुग का कारण, कालरात्रि का पति जैसा लग रहा था। व्याघ्रकेतु ने उस शबर युवक को दूर ही ठहरा कर राजा से निवेदन किया—'देव, समस्त विन्ध्यक्षेत्र का स्वामी और पल्लीपतियों में श्रेष्ठ भूकम्प नाम का शबर सेनापति है। निर्घात नाम का यह उसी का भांजा है जो समस्त विन्ध्याचल के जङ्गल के पत्ते-पत्ते की खबर रखता, प्रदेशों की तो बात ही क्या? देव इससे जो पूछें यह आज्ञापालन के योग्य है। उसके यह कहने पर निर्घात ने धरती पर सिर टेक कर प्रणाम किया और तीतर के साथ खरहे को भेंट के रूप में समीप में रख दिया। राजा ने उस भेंट

निर्घातस्तु भूपालालापनप्रसादेनात्मानं बहुमन्यमानः प्रणनाम, दर्शितादरं च व्यज्ञापयत्—'देव ! प्रायेणात्र हरिण्योऽपि नापरिगताः संचरन्ति सेनापतेः, कुत एव नार्यः ? नाप्येवंरूपा काचिदबला। तथापि देवादेशादिदानीमन्वेषणं प्रति प्रतिदिनमनन्यकृत्यैः क्रियते यत्नः। इतश्चार्धगव्यूतिमात्र एव मुनिमहिते महति महीधरमालामूलरुहि महीरुहां षण्डेऽपि पिण्डपाती प्रभूतान्तेवासिपरिवृतः पाराशरी दिवाकरमित्रनामा गिरिनदीमाश्रित्य प्रतिवसति, स यदि विन्देद्वार्ताम्' इति। तच्छ्रुत्वा नरपतिरचिन्तयत्—'श्रूयते हि तत्रभवतः सुगृहीतनाम्नः स्वर्गतस्य ग्रहवर्मणो बालमित्रं मैत्रायणीयस्त्रयीं विहाय ब्राह्मणायनो विद्वानुत्पन्नसमाधिः सौगते मते युवैव काषायाणि गृहीतवान्' इति। प्रायशश्च जनस्य जनयति सुहृदपि दृष्टो भृशमाश्वासम्। अभिगमनीयाश्च गुणाः सर्वस्य। कस्य न प्रतीक्ष्यो मुनिभावः। भगवती च वैधेयेऽपि धर्मगृहिणी गरिमाणमापाद-

पाराशरी भिक्षुः। विन्देल्लभेत। मैत्रायणीयः शाखाया अध्येता। 'ऋग्यजुःसामनामाथ त्रयी वेदास्त्रयः स्मृताः'। ब्राह्मणायनो द्विजवरिष्ठः। समाधिरेकाग्रता। अभिगमनार्हा अभिगमनीयाः। प्रतीक्ष्यः पूज्यः। वैधेये मूर्खे। उक्तं च—'अज्ञे मूढयथाजातमूर्खवैधेयबालिशाः' इति।

का सम्मान करते हुए स्वयं पूछा—'भाई, तुम इस समस्त प्रदेश की जानकारी रखते हो ? और इन दिनों यहीं घूमते रहे हो। क्या तुम्हारे सेनापति या उसके किसी दूसरे अनुचर के देखने में एक सुन्दर स्त्री इधर आई है ?'

निर्घात राजा के साथ बातचीत करने की प्रसन्नता से अपने आपको धन्य मानता हुआ प्रणाम करके आदरपूर्वक बोला—'देव, सेनापति के अनजाने में हरिणी भी जब नहीं घूमतीं तो नारियों की बात ही क्या ! इस तरह की कोई अबला इस जङ्गल में नहीं, फिर भी आपके आदेश से अब सब काम छोड़कर उसे ढूँढ़ने का प्रयत्न होगा। यहाँ से एक कोस की दूरी पर पहाड़ की जड़ में वृक्षों के घने झुरमुट में भिक्षावृत्ति से निर्वाह करने वाला, अपने अनेक शिष्यों के साथ दिवाकरमित्र नाम का पाराशरी भिक्षु गिरि नदी के किनारे रहता है। शायद उसे खबर लगी हो।' यह सुनकर राजा ने सोचा—'मैंने भी सुना है कि आदरणीय सुगृहीतनाम स्वर्गीय गृहवर्मा के बालसखा मैत्रायणी शाखा के अध्येता ब्राह्मणश्रेष्ठ और विद्वान् जिन्होंने चित्तवृत्ति की एकाग्रता प्राप्त कर लेने से प्रव्रज्या ग्रहण कर बौद्ध भिक्षुओं के गेरुवे वस्त्र धारण कर लिये थे।' ऐसा प्रायः देखा जाता है कि मित्र भी मिलकर हृदय में आश्वासन उत्पन्न कर देता है। सबके गुण अनुसरण के योग्य

यति प्रव्रज्या, किं पुनः सकलजनमनोमुषि विदुषि जने। यतो नः कुतूहलि हृदयमभूत्सततमस्य दर्शनं प्रति प्रासङ्गिकमेवेदमापतितमतिकल्याणं पश्यामः प्रयत्नप्रार्थितदर्शनं जनमिति। प्रकाशं चाब्रवीत्—'अङ्ग! समुपदिश तमुद्देशं यत्रास्ते स पिण्डपाती' इति। एवमुक्त्वा च तेनैवोपदिश्यमानवर्त्मा प्रावर्तत गन्तुम्।

अथ क्रमेण गच्छत एव तस्य अनवकेशिनः कुड्मलितकर्णिकाराः, प्रचुरचम्पकाः स्फीतफलेग्रहयः, फलभरभरितनमेरवः नीलदलनलदनारिकेलनिकराः, हरिकेसरसरलपरिकराः कोरकनिकुरम्बरोमाञ्चितकुरबकराजयः, रक्ताशोकपल्लवलावण्यलिप्यमानदशदिशः, प्रविकसितकेसररजोविसरबध्यमानचारुधूसरिमाणः स्वरजः सिकतिलातलकताला:, प्रविचलि-

---

अथ क्रमेण गच्छत एवास्यैवंविधास्तरवो दर्शनमवतेरुरिति संबन्धः। अवकेशी निष्फलतरुः। उक्तं च—'वन्ध्योऽफलोऽवकेशी च कर्णिकारो द्रुमोत्पलः। परिव्याधः' इति पर्यायः। 'स्यादवन्ध्यः फलेग्रहिः'। नमेरुस्तरुभेदः। 'नलदः सल्लकी मांसी नारिकेलस्तु लाङ्गली' इत्यमरः (?)। हरिकेसरः। उक्तं च—'चाम्पेयः केसरो नागकेसरः काञ्चनाह्वयः'। सरला देवदारवः। कोरकः कलिका। कुरबका ये योषितामालिङ्गनैः पुष्प्यन्ति। रक्ताशोका ये सालक्तककामिनीचरणहताः फुल्लन्ति। केसरा बकुलाः। ये कान्तागण्डूषशीधुसेकेन विकसन्ति। तिलकाः क्षुरकाः। ये

है और भिक्षु का वेष किसका पूज्य नहीं! धर्म की घरनी भगवती प्रव्रज्या जब मूर्ख व्यक्ति में भी गौरव उत्पन्न कर देती है तो समस्त जन के चित्त को हर लेने वाले विद्वान् की क्या बात है जो हमारा हृदय उनके दर्शनों के लिए कुतूहल से भर गया है। हम प्रयत्न से दर्शन देने वाले उनको (दिवाकरमित्र को) प्रसङ्गतः प्राप्त अपने कल्याण के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा—'भाई, वे भिक्षु जहाँ हों, उस स्थान को बताओ।' यह कहकर निर्घात के द्वारा बताए गये मार्ग पर चलने लगे।

उसके साथ मार्ग में चलते हुए ही हर्ष ने फले-फूले अनेक वृक्षों पर दृष्टिपात किया। कर्णिकार कोंढ़ी ले रहे थे। चम्पक फलों से लद गए थे। नमेरु फलों के भार से झुक गये थे। साँवले पत्तों वाले सल्लकी और नारियल के पेड़ झुण्ड के झुण्ड थे। नागकेसर और सरल चारों ओर छाए हुए थे, कुरबक वृक्षों की कोंढ़ियाँ उनके रोमाञ्च की भाँति निकल रही थीं। रक्ताशोक के पल्लवों की लाली दिशाओं में जैसे लिप रही थी। खिले हुए केसरवृक्षों के पराग उड़कर वन को धूसर कर रहे थे। तिलकवृक्षों के पराग बालू के

तहिङ्गवः, प्रचुरपूगफलाः, प्रसवपूगपिङ्गलप्रियङ्गवः, परागपिञ्जरितमञ्जरी-पुञ्जायमानमधुपमञ्जुशिञ्जाजनितजनमुदः, मदमलमेचकितमुचुकुन्दस्कन्धकाण्डकथ्यमाननिःशङ्ककरिकरटकण्डूतयः, उड्डीयमाननिःशङ्कचटुलकृष्णशारशावसकलशाद्वलसुभगभूमयः, तमःकालतमतमालमालामीलितातपाः, स्तबकदन्तुरितदेवदारवः, तरलताम्बूलीस्तम्बजालकितजम्बूजम्भीरवीथयः, कुसुमरजोधवलधूलीकदम्बचक्रचुम्बितव्योमानः, बहलमधुमोक्षोक्षितक्षितयः, परिमलघटितघनघ्राणतृप्तयः; कतिपयदिवससूतकुक्कुटीकुटीकृतकुटजकोटराः, चटकासंचार्यमाणवाचाटचाटकैरक्रियमाणचाटवः, सहचरीचारणचञ्चुरचकोरचञ्चवः, निर्भयभूरिभुरुण्डभुज्यमानपाककपिल-

---

प्रसादितकामिनीदर्शनमात्रेण कुसुमिताः संपद्यन्ते। हिङ्गु रामठम्। उक्तं च—'सहस्रवेधि जतुकं बाह्लीकं हिङ्गु रामठम्' इति। पूगः क्रमुकवृक्षः। प्रसवपूगाः पूगफलसमूहाः। प्रियङ्गु श्यामलता। 'श्यामा तु वनिताह्वया। लता गोवन्धनी गुन्द्रा प्रियङ्गुः फलिनी फली। विष्वक्सेना गन्धफली कारम्भः प्रियकश्च सः॥' पुञ्जमानः संह्रियमाणः। मुचुकुन्दाः पुष्पतरुभेदाः करटौ गण्डौ। तमालस्तापिच्छः। उक्तं च—'शक्रपादपः पारिभद्रकः। भद्रदारु द्रुकिलिमं पीतदारु च दारु च। पूतिकाष्ठं च सप्त स्युर्देवदारुणि' इति। ताम्बूली नागवल्ली। जम्बू वृक्षभेदः। जम्भीरा दन्तशठाख्याः। उक्तं च—'स्युर्जम्बीरे दन्तशठजम्भजम्भीरजम्भलाः' इति। 'समीरणो मरुबकः प्रस्थपुष्पः फणिज्झकः। जम्भीरे' इति। धूलीकदम्बाख्या ग्रैष्मिका वृक्षभेदाः। कुटजो गिरिमल्लिका। उक्तं च—'कुटजो गिरिमल्लिका' इति। चटकाया अपत्यानि चाटकैराः। चारणं भोजनम्। चञ्चुरा निपुणाः। भुरुण्डाः पक्षिभेदाः।

समान भर गये थे। हींग हवा से हिल रहे थे। सुपारी के फल खूब लगे थे। प्रियङ्गुलतायें सुपारी के फूलों से पीली लग रही थीं। पराग से भरी पीली मञ्जरियों पर लदे हुए भौंरे की सुन्दर गुञ्जार सुनकर लोग प्रसन्न हो रहे थे। मुचुकुन्द के वृक्षों में लगे हुए मद के मलिन चिह्न स्पष्ट बता रहे थे कि हाथियों ने निःशङ्क होकर अपने कुम्भस्थल की खुजान मिटाई है। घास की हरियाली से भरी जमीन पर चञ्चल हिरन के बच्चे कुलांचे मार रहे थे। अन्धकार के समान कृष्ण वर्ण वाले तमालवृक्षों से आतप नष्ट हो गया था। देवदारु वृक्षों में गुच्छे निकल आए थे। जामुन और जम्भीरी नींबू के वृक्षों पर नागवल्ली लतायें लहरा रही थीं। धूलीकदम्बों के फूलों का पराग उड़कर आकाश में व्याप्त हो रहा था। धरती फूलों के मकरन्द से सिंच गई थी। फूलों की गन्ध नाक में भर जाती थी। कुछ ही दिनों की ब्याई हुई कुक्कुटी कुटज के कोटर में बैठी थी। गौरैया चूँ-चूँ करते हुए अपने चुड़कलों को उड़ाना सिखा रही थी। चकोर अपनी सहचरी को चोंच से चुग्गा

पीलवः, सदाफलकट्फलफलविशसननिःशूकशुकशकुन्तशातितशलाटवः, शैलेयसुकुमारशिलातलसुखशयितशशशिशवः, शेफालिकाशिफाविवरविलब्धविवर्तमानगौधेरराशयः, निरातङ्करङ्कवः, निराकुलनकुलकुलकेलयः, कलकोकिलकुलकवलितकलिकोद्गमाः, सहकारारामरोमन्थायमानचमरयूथाः, यथासुखनिषण्णनीलाण्डजमण्डलाः, निर्विकारवृकविलोक्यमानपोतपीतगवयधेनवः, श्रवणहारिसनीडगिरिनितम्बनिर्झरनिनादनिद्रानन्दमन्दायमानकरिकुलकर्णतालदुन्दुभयः, समासन्नकिन्नरीगीतरवरसमानरुरवः, प्रमुदिततरतरक्षवः, क्षतहरितहरिद्राद्रवरज्यमाननववराहपोतपोत्रवलयः, गुञ्जाकुञ्जगुञ्जज्जाहकाः, जातीफलकसुप्तशालिजातकवलयः, दशनकुपित-

---

पीलुफलं स्रंसीकम् । कट्फलः श्रीपर्णाख्यो वृक्षः । उक्तं च—'श्रीपर्णिका कुमुदिका कुम्भी कैडर्यकट्फलौ' इति । विशसनं भेदनम् । निःशूको निर्दयः । शलाटून्यपक्वानि फलानि । उक्तं च—'आमे फले शलाटुः स्यात्' इति । शिलासु भवं शैलेयम् । शेफालिका लताभेदः । 'स्त्रियां गौधेरगौधारगौधेया गोधिकात्मजाः' इति । रङ्कवो मृगभेदाः । सहकार आम्रः । उक्तं च—'आम्रश्चूतो रसालोऽसौ सहकारोऽतिसौरभः' इति । रोमन्थायमाना उद्गीर्य चर्वन्तः । चमरा मृगविशेषाः । नीलाण्डजा मृगभेदाः । वृका आरण्यश्वानः । पोतः शिशुः । 'पोतः पाकोऽर्भको डिम्भः पृथुकः शावकः शिशुः' इत्यमरः । गवया गोसदृशाः प्राणिभेदाः । 'तरक्षुस्तु मृगादनः' । हरिद्रा पीतद्रुः । उक्तं च—'अथ पीतद्रुः कालेयकहरिद्रवाः । दार्वी पचंपचा दारुहरिद्रा पर्जनीत्यपि ॥' वराहः सूकरः । पोत्रं सूकरमुखम् । गुञ्जा रक्तिका । जाहकाः

दे रहा था । भुरुण्ड पक्षी पके हुए लाल पीलुओं को निःशङ्क होकर खा रहे थे । तोतों के बच्चे शरीफे और कटहल के कच्चे फलों को निठुरता से कुतर कर गिरा रहे थे । पर्वत की चिकनी शिलाओं पर खरहों के बच्चे सुख से सो रहे थे । छिपकली के छोटे बच्चे शेफालिका की जड़ों की सुराखों में घुस रहे थे । रङ्कु नामक मृग निडर घूम रहे थे । नेवले आपस में निराकुल होकर कूद-फाँद कर रहे थे । कूकभरे कोकिल उत्पन्न होती हुई कौंड़ी को निगल जाते थे । चमरु हिरनों के झुण्ड आम के बगीचों में जुगाली कर रहे थे । नीलांडज मृग सुखपूर्वक बैठे हुए थे । दूध पीते हुए नीलगाय के बच्चों को पास में बैठे भेड़िये कुछ कहे बिना देख रहे थे । कानों को सुख पहुँचाने वाली निकट के पर्वत के झरते हुए झरने की आवाज सुनते हुए नींद से माँते ऊँघते हुए हाथियों के कानों के फटफटाने की दुन्दुभि जैसी आवाज धीरे-धीरे कम पड़ती जा रही थी । कहीं रुरु हिरन पास ही में किन्नरियों के संगीत का आनन्द ले रहा था और तेन्दुए उन्हें देखकर प्रसन्न हो रहे थे । बनैले सूअरों के बच्चों की थूथनियाँ खोदकर हल्दी के कुटकुटाने से रँग गई थी । झाऊ चूहे गुञ्जा वृक्षों

कपिपोतपेटकपाटितपाटलमुखकीटपुटकाः, लकुचलम्पटगोलाङ्गूललङ्घ्यमानलवलयः, बद्धवालुकालवालवलयाः, कुटिलकुटावलिवलितवेगगिरिनदिकास्रोतसः, निबिडशाखाकाण्डलम्बमानकमण्डलवः, सूत्रशिक्यासक्तरिक्तभिक्षाकपालपल्लवितलतामण्डपाः, निकटकुटीकृतपाटलमुद्राचैत्यकमूर्तयः, चीवराम्बररागकषायोदकदूषितोद्देशाः, मेघमया इव कृतशिखण्डिकुलकोलाहलाः, वेदमया इवापरिमितशाखाभेदगहनाः, माणिक्यमया इव महानीलतनवः, तिमिरमया इव सकलजननयनमुषः, यामुना इवोर्ध्वीकृतमहाह्रदाः, मरकतमणिश्यामलाः क्रीडापर्वतका इव वसन्तस्य, अञ्जनाचला इव पल्लविताः, तनया इवाटवीजाता विन्ध्यस्याद्रेः, पालाला-

---

शालिजातकाश्च प्राणिभेदाः। पाटलाः कीटाः। पुटका आलयाः। 'लकुचो लिकुचो डुहुः' इत्यमरः। गोलाङ्गूलाः कृष्णमुखवानराः। लवलयो लताभेदः। कमण्डलुर्मुनिजलभाण्डम्। शिक्यं भिक्षाभाजनम्। जालिका निकटकुटीषु कृताः। मुद्रया कृतानामल्पचैत्यानां मूर्तयो येषु। शाखा लताः, कठाद्याश्च। महानीला अत्यन्तकृष्णाः, महानीलाश्च प्राणिभेदाः। नयनमुषो रम्यत्वात्, प्रकाशनाच्च। प्रतिप्रसत्रकाः प्रतिच्छन्दकाः।

के कुंजों में गूँज रहे थे। जायफल के नीचे शालिजातक नामक पशु सोए थे। लाल ततैयों के डङ्क मारने से कुपित हुए बन्दरों ने उनके छत्तों को नोंच डाला था। लगूर डहुआ के फल खाने के लिए लवली लताओं के इस पार से उस पार कूद रहे थे। पेड़ों के चारों ओर पानी डालने के लिए बालू के थल्ले बनाए गए थे। टेढ़े-मेढ़े वृक्षों के चारों ओर पहाड़ी नदियों के सोते तेजी से बह रहे थे। मुनियों ने वृक्षों की मोटी शाखाओं में कमण्डलु लटका दिए थे। लतामण्डपों में सूत की बनी हुई सिकहरों पर खाली भिक्षाकपाल रख दिए गए थे। कुटियों के समीप स्तूप या चैत्य की बनी हुई आकृतियों वाली पक्की मिट्टी की लाल मुहरें थीं। चीवर वस्त्रों के धोने से दूर तक वहाँ के जल उनके रस से दूषित हो गए थे। मेघ के सदृश उन वृक्षों पर मोर शोर मचा रहे थे। वेदों जैसी उन वृक्षों की शाखाएँ अपरिमित और गहन थीं। माणिक्य की भाँति वे वृक्ष अत्यन्त नीले (महानील, मणिविशेष) वर्ण के थे। सारे लोगों की दृष्टि को अन्धकार के समान विफल कर देने वाले थे। महावृक्षों के रूप में मानों यमुना के बड़े-बड़े सरोवर ऊपर उठा दिए गए हों, या मानों जड़ी हुई मरकत मणियों से श्यामवर्ण के वसन्त के क्रीड़ापर्वतक हों, या काले-काले अञ्जन के पर्वत निकल आए हों, जंगलों में उत्पन्न हुए मानों विन्ध्याचल के पुत्र हों,

न्धकारराशय इव भित्त्वा भुवमुत्थिताः, प्रतिप्रवेशिका इव वर्षावासराणाम्, अंशावतारा इव कृष्णार्धरात्रीणाम्, इन्द्रनीलमयाः प्रासादा इव वनदेवतानाम्, पुरस्ताद्दर्शनपथमवतेरुस्तरवः।

ततो नरपतेरभवन्मनस्यदूरवर्तिना खलु भवितव्यं भदन्तेनेति। अवतीर्य च गिरिसरिति समुपस्पृश्य युगपद्विश्रामसमयसमुन्मुक्तहेषाघोषबधिरीकृताटवीगहनामस्मिन्नेव प्रदेशे स्थापयित्वा वाजिसेनामवलम्ब्य च तपस्विजनदर्शनोचितं विनयं हृदयेन दक्षिणेन च हस्तेन माधवगुप्तमंसे विरलैरेव राजभिरनुगम्यमानश्चरणाभ्यामेव प्रावर्तत गन्तुम्।

अथ तेषां तरूणां मध्ये नानादेशीयैः स्थानस्थानेषु स्थाणूनाश्रितैः शिलातलेषूपविष्टैर्लताभवनान्यध्यावसद्भिररण्यानीनिकुञ्जेषु निलीनैर्विटपच्छायासु निषण्णैस्तरुमूलानि निषेवमाणैर्वीतरागैरार्हतैर्मस्करिभिः श्वेत-

---

भदन्त इति सौगतप्रतिमानां पूजावचनम्। उद्यानमित्यन्ये।

अथेत्यादौ। तरूणां मध्ये दिवाकरमद्राक्षीदिति संबन्धः। नानादेशीयैर्वीतरागैरिति चार्हतैरित्यादीनां सर्वेषां विशेषणम्। स्थाणूनाश्रितैरित्यादि तु केषाञ्चित्। 'स्थाणुरस्त्री ध्रुवः शङ्कुः' इत्यमरः। 'महारण्यमरण्यानी विस्तारो विटपोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः। 'मूलं बुध्नोऽङ्घ्रिनामकः'। अर्हन्देवता येषां ते आर्हतास्तैर्नग्नक्षपणकैः।

या मानों पाताल के अन्धकार पृथिवी को फोड़कर बाहर निकल गए हों, अथवा वे मानों वर्षा के दिनों के पड़ोसी हों, या कृष्णपक्ष की अर्धरात्रियों के अंशावतार हों, या इन्द्रनील मणियों के बने वनदेवताओं के प्रासाद हों।

तब राजा के मन में हुआ कि अब निश्चय ही भदन्त का आश्रम यहां से दूर नहीं होना चाहिए। यह सोचकर उन्होंने गिरिनदी में उतरकर आचमन किया। उसी प्रदेश में विश्राम के लिए वाजिसेना को, जो अपनी हिनहिनाहट से जंगल को भर रही थी, ठहरा दिया। स्वयं तपस्वियों के दर्शन के उचित विनय को हृदय से धारण किया। माधवगुप्त के कन्धे पर दाहिना हाथ रख और साथ में कुछ राजाओं को ले पैदल ही चल पड़े।

उन वृक्षों के बीच में शिष्यभाव से नाना देशों से आए हुए अनेक वीतराग लोगों को देखा। जगह-जगह पर उनमें कुछ लोग लकड़ी के खूंटों पर बैठे थे। कुछ चट्टानों पर विराजमान थे। कुछ लताभवनों में बैठे हुए थे। कुछ जंगल के झुरमुटों में छिपकर बैठे थे। कुछ वृक्षों की छाया में जम गए थे। कुछ वृक्षों की जड़ों पर आसन जमा चुके थे। वे वीतराग आर्हत (जैन साधु), मस्करी (पाशुपतमतानुयायी), श्वेतपट (सेवड़ा,

पटैः पाण्डुरभिक्षुभिर्भागवतैर्वर्णिभिः केशलुञ्चकैः कापिलैर्जैनैर्लोकायतिकैः काणादैरौपनिषदैरैश्वरकारणिकैः कारन्धमिभिर्धर्मशास्त्रिभिः पौराणिकैः साप्ततन्तवैः शाब्दिकैः पाञ्चरात्रिकैरन्यैश्च स्वान्स्वान्सिद्धान्ताञ्शृण्वद्भिरभियुक्तैश्चिन्तयद्भिश्च प्रत्युच्चरद्भिश्च संशयानैश्च निश्चिन्वद्भिश्च व्युत्पादयद्भिश्च विवदमानैश्चाभ्यस्यद्भिश्च व्याचक्षाणैश्च शिष्यतां प्रतिपन्नैर्दूरादेवावेद्यमानम्, अतिविनीतैः कपिभिरपि चैत्यकर्म कुर्वाणैस्त्रिसरणपरैः परमोपासकैः शुकैरपि शाक्यशासनकुशलैः कोशं समुपदिशद्भिः शिक्षापदोपदेशदोषोपशमशालिनीभिः शारिकाभिरपि धर्मदेशानां दर्शयन्तीभिरनवरतश्रवणगृहीतालोकैः कौशिकैरपि

मस्करिभिः परिव्राजकैः। श्वेतपटैः श्वेतोर्णाकम्बलिवासोभिः, नग्नक्षपणकभेदैः। पाण्डुरभिक्षुभिस्त्यक्तकाषायैः। भागवतैर्विष्णुभक्तैः। वर्णिभिर्ब्रह्मचारिभिः। केशलुञ्चनैर्यथार्थनामभिः। लोकायतिकैश्चार्वाकैः। जैनैर्बौद्धैः। कापिलैः सांख्यैः। काणादैर्वैशेषिकतार्किकैः। औपनिषदैर्वेदान्तवादिभिः। ऐश्वरकारणिकैर्नैयायिकैः। कारन्धमिभिर्धातुवादिभिः। पाषण्डभेदैरित्यन्ये। धर्मशास्त्रिभिः स्मृतिज्ञैः। शाब्दिकैर्वैयाकरणैः। पाञ्चरात्रिकैर्वैष्णवभेदैः। सिद्धान्तानागमान्। त्रिसरणेति। त्रयो बुद्धधर्मसंघाः। शाक्यो बुद्धः। कोशो बौद्धसिद्धान्तो वसुबन्धकृतः। देशना कथनम्।

श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय के साधु), पाण्डुर भिक्षु (आजीवक), भागवत, वर्णी (नैष्ठिक ब्रह्मचारी साधु), केशलुञ्चक (केशों का लोच करने वाले जैन साधु), कापिल (कपिलमतानुयायी सांख्य), जैन, लोकायतिक (चार्वाक), काणाद (वैशेषिक), औपनिषद (उपनिषद् या वेदान्तदर्शन के ब्रह्मवादी दार्शनिक), ऐश्वरकारणिक (नैयायिक), कारन्धमी (धातुवादी या रसायन बनाने वाले), धर्मशास्त्री (मन्वादि स्मृतियों के अनुयायी), पौराणिक, साप्ततन्तव (यज्ञवादी मीमांसक), शाब्दिक (शब्दब्रह्म के अनुयायी वैयाकरण दार्शनिक), पाञ्चरात्रिक (पञ्चरात्र संज्ञक प्राचीन वैष्णवमत के अनुयायी) और इनके अतिरिक्त और भी लोग अपने-अपने आगमों का पूरी लगन के साथ श्रवण, मनन, आवृत्ति, संशय, निश्चय, व्युत्पत्ति, विवाद और अभ्यास के द्वारा व्याख्यान कर रहे थे। दूर ही से देखकर प्रतीत हो जाता था कि यह भदन्त का निवास है। वहां अत्यन्त विनीत शिष्य की भाँति वानर भी चैत्यवन्दनकर्म में तत्पर रहते थे, शुक पक्षी भी बुद्ध, धर्म, संघ इन तीन रत्नों की शरण में जाते थे और परम उपासक एवं शाक्यशासन में कुशल विद्वान् होकर वसुबन्धुकृत अभिधर्मकोश का उपदेश देते थे। सारिकाएं भी भगवान् बुद्ध के बताए हुए दस शीलों के शिक्षापदों के उपदेश द्वारा दोष का मार्जन करके धर्म देशना

बोधिसत्त्वजातकानि जपद्भिर्जातसौगतशीलशीतलस्वभावैः शार्दूलैरप्यमांसाशिभिरुपास्यमानम्, आसनोपान्तोपविष्टविस्रब्धानेककेसरिशावकतया मुनिपरमेश्वरम्, अकृत्रिम इव सिंहासने निषण्णम्, उपशममिव पिबद्भिर्वनहरिणैर्जिह्वालताभिरुपलिह्यमानपादपल्लवम्, वामकरतलनिविष्टेन नीवारमश्नता पारावतपोतकेन कर्णोत्पलेनेव प्रियां मैत्रीं प्रसादयन्तम्, इतरकरकिसलयनखमयूखलेखाभिर्जनितजनव्यामोहम्, उद्ग्रीवं मयूरं मरकतमणिकरकमिव वारिधाराभिः पूरयन्तम्, इतस्ततः पिपीलकश्रेणीनां श्यामाकतण्डुलकणान्स्वयमेव किरन्तम्, अरुणेन चीवरपटलेन म्रदीयसा संवीतम्, बहलबालातपानुलिप्तमिव पौरंदरं दिग्भागम्, उल्लिखितपद्मरागप्रभाप्रतिमया रक्तावदातया देहप्रभया पाटलीकृतानां काषायग्रहणमिव दिशामप्युपदिशन्तम्, अनौद्धत्यादधोमुखेन मन्दमुकुलित-

---

बोधिः समाधिः। तत्प्रधानसत्त्वं बुद्धभट्टारकः। तदीयानि जातकानि जीमूतवाहनादिजन्मकथाः। मुनिपरमेश्वरम् मुनीश्वरं बुद्धम्। अपकारिण्यभिप्रीतिर्मैत्री। पिपीलकः कीटभेदः। चीवरं मुनिवासः। संवीतमाच्छादितम्। उल्लिखितश्शरणो-

---

(धर्मोपदेश) करती थीं। उलूक पक्षी भी बोधिसत्त्व की जातक कहानियों को हमेशा सुन रहे थे और उनसे आलोक ग्रहण कर रहे थे। व्याघ्र भी भगवान् बुद्ध का शील पालन करते थे और उनका स्वभाव शान्त बन गया था, और कभी भी मांस का आहार नहीं करते थे। इस प्रकार वहां भदन्त की सेवा हो रही थी। उनके आसन के दोनों ओर कई सिंहशावक विस्रब्धभाव से बैठे हुए थे। ऐसा लग रहा था मानों साक्षात् मुनि परमेश्वर भगवान् बुद्ध ही सिंहासन पर विराजमान हों। वनहरिन उनके पैर चाट रहे थे, मानों उनके शमभाव का पान कर रहे हों। उनके बायें हाथ पर बैठा हुआ कबूतर का बच्चा धान कुटरा रहा था, मानों अपने-अपने कर्णोत्पल के द्वारा प्रियामैत्री-भावना का प्रसादन कर रहे थे। उनके दाहिने हाथ के नखों की किरणें लोगों को चकाचौंध में डाल देती थीं। मरकत के कमण्डलु की भाँति गर्दन ऊपर उठाए मयूर को जलधारा से नहका रहे थे। इधर उधर स्वयं जाकर चीटियों के लिए सांवा की खुद्दी छींट रहे थे। लाल और मुलायम संघाटी ओढ़े हुए थे, मानों प्रातःकाल अरुणाई से भरा पूर्व का दिग्भाग हो। खराद पर चढ़े हुए पद्मराग के समान लाल और उज्ज्वल अपनी देह की प्रभा से दिशाओं को पाटल बना रहे थे, मानों उन्हें भी काषाय वस्त्र धारण करने के लिए उपदेश कर रहे हों। थोड़े मुकुलित कुमुद की भाँति उनकी स्निग्ध, धवल और प्रसन्न आँखें अनौद्धत्य के कारण झुकी हुई थीं मानों संसारी क्षुद्र जन्तुओं के जीवन के लिए अमृत की वर्षा कर रहे थे। उनका

कुमुदाकरेण स्निग्धधवलप्रसन्नेन चक्षुषा जनक्षुण्णक्षुद्रजन्तुजीवनार्थममृतमिव वर्षन्तम्, सर्वशास्त्राक्षरपरमाणुभिरिव निर्मितम्, परमसौगतमप्यवलोकितेश्वरम्, अस्खलितमपि तपसि लग्नम्, आलोकमिव यथावस्थितसकलपदार्थप्रकाशकं दर्शनार्थिनाम्, सुगतस्याप्यभिगमनीयम्, अवधर्मस्याप्याराधनीयमिव, प्रसादस्यापि प्रसादनीयमिव, मानस्यापि माननीयमिव, वन्द्यत्वस्यापि वन्दनीयमिव, आत्मनोऽपि स्पृहणीयमिव, ध्यानस्यापि ध्येयमिव, ज्ञानस्यापि ज्ञेयमिव, जन्म जपस्य, नेमिं नियमस्य, तत्त्वं तपसः, शरीरं शौचस्य, कोशं कुशलस्य, वेश्म विश्वासस्य, सद्वृत्तं सद्वृत्ततायाः, सर्वस्वं सर्वज्ञतायाः, दाक्ष्यं दाक्षिण्यस्य, पारं परानुकम्पायाः, निर्वृतिं सुखस्य, मध्यमे वयसि वर्तमानं दिवाकरमित्रमद्राक्षीत्। अतिप्रशान्तगम्भीराकारारोपितबहुमानश्च सादरं दूरादेव शिरसा वचसा मनसा च ववन्दे।

दिवाकरमित्रस्तु मैत्रीमयः प्रकृत्या विशेषतस्तेनापरेणादृष्टपूर्वेणामानुषलोकोचितेन सर्वाभिभाविना महानुभावाभोगभाजा भ्राजिष्णुना भूपतेर-

---

क्षीढः। क्षुद्राः स्वल्पाः। अवलोकितेश्वरनामा बुद्धविशेषोऽपि। अस्खलितमपीति। स्खलितो ह्यन्यत्र लग्नो भवति, सत्त्वभ्रष्टशीलस्तपःस्थश्च।

दिवाकरमित्रस्तु तेन भूपतावाकारविशेषेण प्रश्रयेण च युगपच्चक्षुषि चेतसि

विद्याशरीर मानों समस्त शास्त्रों के अक्षररूपी परमाणुओं से बना हुआ जान पड़ता था। परमसौगत होते हुए भी वे अवलोकितेश्वर (एक बोधिसत्त्व) थे। (विरोध पक्ष में वह बौद्ध होते हुए भी ईश्वर का दर्शन करने वाला था।) स्खलित न होते हुए भी वे तपस्या में लग्न थे। वे आलोक के समान दर्शनार्थियों के लिये ठीक-ठीक रूप में समस्त पदार्थों को प्रकाशित कर देते थे। स्वयं बुद्ध से भी वे आदर पाने योग्य थे और स्वयं धर्म से भी पूजा के योग्य थे। वे आत्मा के भी स्पृहा करने योग्य, ध्यान के भी ध्येय, ज्ञान के भी ज्ञेय, जप के जन्म, नियम के नेमि, तपस्या के तत्त्व, पवित्रता के साक्षात् शरीर, कुशल के कोश, विश्वास के गृह, सदाचार के निवास, सर्वज्ञता के सर्वस्व, दाक्षिण्य के दाक्ष्य, दूसरों पर अनुकम्पा से भरे और सुख के प्राप्तिसाधन थे, उनकी अवस्था अधेड़ थी। दिवाकरमित्र के अति प्रशान्त और गम्भीर आकार को देखकर राजा के मन में सम्मान का भाव उत्पन्न हुआ और राजा ने दूर ही से अपने सिर से, वचन से और मन से उनकी वन्दना की।

दिवाकरमित्र स्वभाव से ही मैत्रीभावना से परिपूर्ण थे, फिर भी विशेषरूप से जिसे

प्राकृतेनाकारविशेषेण तेन चाभिजात्यप्रकाशकेन गरीयसा प्रश्रयेण चाह्लादितश्चक्षुषि च चेतसि च युगपदग्रहीत्। धीरस्वभावोऽपि च संपादितससंभ्रमाभ्युत्थानः संकलय्य किंचिदुद्गमनकेन विलोलं विलम्बमानं वामांसाच्चीवरपटान्तमुत्क्षिप्य चानेकाभयदानदीक्षादक्षिणो दक्षिणं महापुरुषलक्षणलेखाप्रशस्तं स्निग्धमधुरया वाचा सगौरवमारोग्यदानेन राजानमन्वग्रहीत्। अभ्यनन्दच्च स्वागतगिरा गुरुमिवाभ्यागतं बहु मन्यमानः स्वेनासनेनादूष्यमत्रेति निमन्त्रयांचकार। पार्श्वस्थितं च शिष्यमब्रवीत्—'आयुष्मन्! उपानय कमण्डलुना पादोदकम्' इति। राजा त्वचिन्तयत्—'अलोहः खलु संयमनपाशः सौजन्यमभिजातानाम्। स्थाने खलु तत्रभवान्गुणानुरागी ग्रहवर्मा बहुशो वर्णितवानस्य गुणान्' इति। प्रकाशं चाबभाषे—'भगवन्! भवद्दर्शनपुण्यानुगृहीतस्य मम पुनरुक्त इवायमार्यप्रयुक्तः प्रतिभात्यनुग्रहः। चक्षुःप्रमाणप्रसादस्वीकृतस्य च परकरणमिवा-

---

च आह्लादित आनन्दितः सन्नन्वग्रहीदिति संबन्धः। महानुभावानामुत्तमानाम्। आभोगं टङ्कं भजत इत्याकारविशेषणम्। संकलय्य संयम्य। उद्गमनमुत्थापनम्। आगमनमागतम्, सुखेनागतं स्वागतम्। स्वागतप्रश्नार्थं गीस्तया अत्रोपविशेति।

पहले नहीं देखा था, जो मनुष्य के लिए सम्भव नहीं, सबको अभिभूत कर देने वाला, महानुभावता से ओत-प्रोत, चमकीला और अग्राम्य राजा के उस आकार से और उनकी कुलीनता को व्यक्त करने वाले श्रेष्ठ विनय को देख कर उनकी आंखों में और चित्त में प्रसन्नता भर आई। गम्भीर प्रकृति के होने पर भी व्यग्रता के साथ अपने आसन से उठ कर अनेक जीवों को अभय दान की दीक्षा देने वाले उन्होंने शीघ्रता से उठने के कारण खिसक कर बायें कन्धे से लटकते हुए अपने चीवर समेट लिया और महापुरुष के लक्षणों से युक्त राजा को अपनी स्निग्ध और मधुर वाणी के गौरव के साथ आशीर्वाद देकर अनुगृहीत किया और उचित आवभगत से उनका स्वागत किया एवं गुरु के समान पधारे हुए अभ्यागत को 'यहां विराजिए' यह कह कर बड़े आदर के साथ निमंत्रित किया। बगल में बैठे हुए अपने एक शिष्य से बोले—'आयुष्मन्, चरण पखारने के लिए कमण्डल का जल लाओ।' राजा सोचने लगे—'सचमुच कुलीन पुरुषों का सौजन्य बिना लोहा के बना हुआ बांधने वाला पाश है। गुण के अनुरागी आदरणीय गृहवर्मा ने ठीक ही बहुत से इनके गुणों का वर्णन किया था।' तब उन्होंने कहा—'भगवन्, आपने दर्शन देकर ही मुझ पर बड़ा अनुग्रह किया। फिर जो आर्य के द्वारा मेरा यह सम्मान है, इससे वह अनुग्रह पुनरुक्त-सा लगता है। जब आपने मुझे नयन-प्रसाद से स्वीकृत किया तो ये

सनादिदानोपचारचेष्टितम्। अतिभूमिर्भूमिरेवासनं भवादृशां पुरः संभाषणामृताभिषेकप्रक्षालितसकलवपुषश्च मे प्रदेशवृत्तिः। पाद्यमप्यपार्थकम्। आसतां भवन्तो यथासुखम्। आसीनोऽहम्' इत्यभिधाय क्षिताबेवोपाविशत्।

'अलंकारो हि परमार्थतः प्रभवतां प्रश्रयातिशयः, रत्नादिकस्तु शिलाभारः' इत्याकलय्य पुनः पुनरभ्यर्थ्यमानोऽपि यदा न प्रत्यपद्यत पार्थिवो वचनं तदा स्वमेवासनं पुनरपि भेजे भदन्तः। भूपतिमुखनलिननिहितनिभृतनयनयुगलनिगडनिश्चलीकृतहृदयश्च स्थित्वा कांचित्कालकलां कलिकालकल्मषकालुष्यमिव क्षालयन्नमलाभिर्दन्तमयूखमालाभिर्मूलफलाभ्यवहारसंभवमुद्गमन्निव च परिमलसुभगं विकचकुसुमपटलपाण्डुरं लतावनमवादीत्—'अद्यप्रभृति न केवलमयमनिन्द्यो वन्द्योऽपि प्रकाशितसत्सारः संसारः। किं नाम नालोक्यते जीवद्भिरद्भुतं येन रूपमचिन्तितोपनतमिदं दृक्पथमुपगतम्। एवंविधैरनुमीयन्ते जन्मान्तरावस्थितसुकृतानि हृदयो-

भूमिमतिक्रान्तातिभूमिः। स्वर्गादिस्थानरूपः प्रदेशवृत्तिः एकदेशो वा।

नयनयुगलमेव निगडो बन्धनशृङ्खला। निवृत्तिः चित्तविभ्रमः।

आसनादि देने के उपचार मुझे पृथक् करने के समान प्रतीत होते हैं। आप जैसे लोगों के सामने भूमि पर बैठना ही परस्पर बातचीत के अमृताभिषेक से प्रक्षालित शरीर वाले मेरे लिए मर्यादा से बाहर है। चरणोदक भी व्यर्थ है। आप सुख-पूर्वक विराजें, मैं तो बैठता ही हूँ।' यह कह कर जमीन पर ही बैठ गए।

'परमार्थतः बड़े लोगों का अलंकार विनयातिशय है, रत्नादिक तो शिलाभार है।' यह सोचकर बार-बार आग्रह करने पर भी जब राजा ने आसन पर बैठना स्वीकार नहीं किया तब फिर भदन्त अपने ही आसन पर विराजमान हुए। कुछ समय तक राजा के मुख की ओर अविचल दृष्टि से देखते रहे, मानों उनका हृदय जंजीर में बँध कर निश्चल हो गया था। तब वे अपने निर्मल दांतों की किरणों से कलिकाल के पापजन्य कालुष्य को मानों प्रक्षालित करते हुए और फल एवं मूल के आहार करने से मुँह से परिमल भरा, खिले हुए पुष्पों से उज्ज्वल लतावन का दृश्य उत्पन्न करते हुए वे बोले—'आज तक सज्जनों के उत्कर्ष को प्रकाश में लाने वाला यह संसार केवल अनिन्द्य ही नहीं, बल्कि वन्दनीय भी है। जीवित रहने वाले लोग कौन-सा आश्चर्य नहीं देख लेते! उदाहरण के रूप में बिना सोचे ही यह रूप हमारी आँखों का गोचर हो गया। हृदय के इन्हीं आनन्दों से लोग जन्मान्तर के पुण्यों का अनुमान करते हैं। हमारे इस तपस्या के क्लेश ने इस जन्म में भी असुलभदर्शन देवानांप्रिय आपके दर्शन के रूप में फल दे दिया।

त्सवैः। इहापि जन्मनि दत्तमेवास्माकममुना तपःक्लेशेन फलमसुलभदर्शनं दर्शयता देवानांप्रियम्। आ तृप्तेरापीतममृतमीक्षणाभ्याम्। जातं निरुत्कण्ठं मानसं निर्वृत्तिसुखस्य। महद्भिः पुण्यैर्विना न विश्राम्यन्ति सज्जने त्वादृशि दृशः। सुदिवसः स त्वं यस्मिञ्जातोऽसि। सा सुजाता जननी या सकलजीवलोकजीवितजनकमजनयदायुष्मन्तम्। पुण्यवन्ति पुण्यान्यपि तानि येषामसि परिणामः। सुकृततपसस्ते परमाणवो ये तव परिगृहीतसर्वावयवाः। तत्सुभगं सौभाग्यमाश्रितोऽसि येन। भव्यः स पुरुषभावो भवत्यवस्थितो यः। यत्सत्यं मुमुक्षोरपि मे पुण्यभाजमालोक्य पुनः श्रद्धा जाता मनुजजन्मनि। नेच्छद्भिरप्यस्माभिर्दृष्टः कुसुमायुधः। कृतार्थमद्य चक्षुर्वनदेवतानाम्। अद्य सफलं जन्म पादपानां येषामसि गतो गोचरम्। अमृतमयस्य भवतो वचसां माधुर्यं कार्यमेव। अस्य त्वीदृशे शैशवे विनयस्योपाध्यायं ध्यायन्नपि न संभावयामि भुवि। सर्वथा शून्य आसीदजाते दीर्घायुषि गुणग्रामः। धन्यः स भूभृद्यस्य वंशे मणिरिव मुक्तामयः संभूतोऽसि। एवंविधस्य च पुण्यवतः कथंचित्प्राप्तस्य केन

अमृतमयस्येति। यतोऽमृतमयस्त्वमतो भवद्वचसां माधुर्यं कार्यं प्रयोज्यं कारणसदृशेन कार्येण भवितव्यमित्युक्तेः। शून्यः निराश्रयः। वंशो वेणुरपि। मुक्तामयस्त्यक्तदोषः,

---

तृप्ति पर्यन्त मेरी आँखों ने आज अमृत का पान किया। अब चित्त में निर्वाण के सुख की उत्कण्ठा नहीं रही। अगर बहुत अधिक पुण्य न हो तो आप जैसे सत्पुरुषों पर दृष्टिपात करने का अवसर नहीं मिलता। वह दिन बड़ा ही अच्छा होगा जिस दिन आपका जन्म हुआ होगा। वह जननी सच्चे अर्थ में जननी है, जिसने समस्त जीवलोक के प्राण आयुष्मान को जन्म दिया। वे पुण्य भी सचमुच पुण्यवान् हैं, जिनके फलस्वरूप तुम हो। जो परमाणु तुम्हारे अङ्ग-अङ्ग के बनने में लगाए गए हैं, निश्चय ही उन्होंने खूब तपस्या की होगी। वह सौभाग्य बड़ा ही शोभन होगा, जिसके आश्रय में तुम हो। वह पौरुष बड़ा ही भव्य है जो तुममें रहता है। सचमुच मुझ मुमुक्षु की भी पुण्यवान् आपको देखकर मनुष्य के जन्म में श्रद्धा होती है। इच्छा न रखते हुए भी हमने आज कामदेव को साक्षात् देख लिया। आज देवताओं की आँखें कृतार्थ हो गईं। आज वृक्षों का भी जन्म सफल हुआ, जिनके सामने तुम गए। अमृतमय आपकी बातों में माधुर्य का होना स्वाभाविक है। इस प्रकार के शैशवकाल में भी इस विनय की शिक्षा देने वाले आचार्य को पृथिवी भर में ढूँढ़ कर प्राप्त करना मुश्किल है। दीर्घायु आपकी उत्पत्ति के पूर्व सर्वथा गुणों का समूह किसी काम का न था। वह राजा धन्य है जिसके वंश में मणि की भाँति आप

प्रियं समाचराम इति पारिप्लवं चेतो नः। सकलवनचरसार्थसाधारणस्य कन्दमूलफलस्य गिरिसरिदम्भसो वा के वयम्। अपरोपकरणीकृतस्तु कायकलिरयमस्माकम्। सर्वस्वमवशिष्टमिष्टातिथ्याय। स्वायत्ताश्च विद्यन्ते विद्याबिन्दवः कतिचित्। उपयोगं तु न प्रीतिर्विचारयति। यदि च नोपरुणद्धि कंचित्कार्यलवमरक्षणीयाक्षरं वा कथनीयं तत्कथयतु भवान् स श्रोतुमभिलषति हृदयं सर्वमिदं नः। केन कृत्यातिभारेण भव्यो भूषितवान्भूमिमेतामभ्रमणयोग्याम्? कियदवधिर्वाऽयं शून्याटवीपर्यटनक्लेशः कल्याणराशेः? कस्माच्च संतप्तरूपेव ते तनुरियमसंतापार्हा विभाव्यते?' इति।

राजा तु सादरतरमब्रवीत्—'आर्य! दर्शितसंभ्रमेणानेन मधुरसविसरममृतमिव हृदयधृतिकरमनवरतं वर्षता वचसैव ते सर्वमनुष्ठितम्। धन्योऽस्मि यदेवमभ्यर्हितमनुपचरणीयमपि मान्यो मन्यते माम्। अस्य

मौक्तिकरूपश्च। पारिप्लवं दोलाधिरूढमित्यर्थः। अनेकदुःखहेतुत्वात्। काय एव कलिः। भारक्षणीयाक्षरमिति। यद्यस्माकमुपरि विश्वासोऽस्तीत्यर्थः।

उत्पन्न हुए हैं। हमारे मन में यह विकलता है कि इस प्रकार के पुण्यवान् आप किसी तरह पधारे हों तो हम आपके योग्य कौन-सा प्रिय करें? जो कन्द, मूल, फल और झरने के जल समस्त वनचरों के लिए सुलभ हैं, उनके देने के अधिकारी ही नहीं। केवल हमारा यह शरीर दूसरे के अधीन नहीं है। प्रिय अतिथि-सत्कार के लिए यह सर्वस्व हमारे पास बचा है। विद्या के कुछ कण ही अपने अधीन रह गए हैं। हमारी प्रीति उनका कोई उपयोग नहीं समझती। यदि कोई कार्य की बाधा न हो और बात कहने योग्य हो तो आप उसे कहें, हमारा हृदय वह सब कुछ सुनना चाहता है। भ्रमण के अयोग्य इस भूमि को भव्य आपने किस आवश्यक कार्य से आकर अलंकृत किया है? कल्याणराशि आप इस निर्जन अटवी में कब से पर्यटन का क्लेश उठा रहे हैं? सन्ताप के सहन न करने के योग्य यह आपकी देह किस कारण इस प्रकार कष्ट उठा रही है?'

राजा ने आदर के साथ कहा—'आर्य, अमृत के समान निरन्तर मधुरस बरसाने वाले, मेरे प्रति आदर से भरे और हृदय को धैर्य देने वाले आपके इस वचन ने सब कुछ कर दिया। मैं धन्य हूँ कि मान्य आप उपचार के अयोग्य भी मुझे आदर के योग्य समझते हैं। इस महावन में घूमने का कारण मतिमान् आप सुनें। परिवार के सब इष्ट व्यक्तियों के नष्ट हो जाने के बाद मेरे जीवन का एकमात्र सहारा मेरी छोटी बहन बची थी, वह भी पति के वियोग से और शत्रु के द्वारा पकड़े जाने के भय से मारी-मारी किसी

च महावनभ्रमणपरिक्लेशस्य कारणमवधारयतु मतिमान्। मम हि विनष्टनिखिलेष्टबन्धोर्जीवितानुबन्धस्य निबन्धनमेकैव यवीयसी स्वसावशेषा। सापि भर्तुर्वियोगाद्वैरिपरिभवभयाद्भ्रमन्ती कथमपि विन्ध्यवनमिदम्, अशुभशबरबलबहुलम्, अगणितगजकुलकलिलम्, अपरिमितमृगपतिशरभभयम्, उरुमहिषमुषितपथिकागमनम्, अतिनिशितशरकुशापरुषम्, अवटशतविषममविशत्। अतस्तामन्वेष्टुं वयमनिशं निशि निशि च सततमिमामटवीमटामः। न चैनामासादयामः। कथयतु च गुरुरपि यदि कदाचित्कुतश्चिद्वने चरतः श्रुतिपथमुपगता तद्वार्ता' इति।

अथ तच्छ्रुत्वा जातोद्वेग इव भदन्तः पुनरभ्यधात्—'धीमन्! न खलु कश्चिदेवंरूपो वृत्तान्तोऽस्मानुपागतवान्। अभाजनं हि वयमीदृशानां प्रियाख्यानोपायनानां भवताम्।' इत्येवं भाषमाण एव तस्मिन्नकस्मादागत्यापरः शमिनि वयसि वर्तमानः संभ्रान्तरूप इव पुरस्तादुपरचिताञ्जलिर्जातकरुणः प्रक्षरितचक्षुर्भिक्षुरभाषत—'भगवन्भदन्त! महत्करुणं वर्तते। बालैव च बलवद्व्यसनाभिभूता भूतपूर्वापि कल्याणरूपा स्त्री

अतिशयेनाल्पा यवीयसी कनिष्ठा। अयोगाद्विरुद्धविधिवैधुर्याद्विदं विन्ध्यवनमनिशं प्रविष्टेति पदयोजना। अनिशं सदा। अटवीमटामो गच्छामः।

प्रकार इस विन्ध्यवन में आ गई, जहाँ दुराचारी शबर निवास करते हैं, असंख्य हाथियों से जो भरा है, जहाँ अनेक सिंहों और शरभों का डर बना रहता है, विकराल भैंसे राहियों को चलने नहीं देते, तीखे बाणों की तरह कुश-काँटे जहाँ बिछे हैं और सैकड़ों खाइयाँ हैं, इसलिए मैं उसे ढूँढ़ने के लिए रात-दिन इस जंगल का चप्पा-चप्पा छान रहा हूँ, पर अभी तक कोई पता नहीं मिला। यदि किसी वनचर से आपको कभी कोई समाचार मिला हो तो कृपया बतावें।'

यह सुनते ही भदन्त ने उद्विग्न मन से फिर कहा—'धीमन्, अभी तक ऐसा कोई वृत्तान्त मुझे नहीं मिला है। मैं इस प्रकार के प्रिय वृत्तान्त के उपहार आपको अर्पित करने के योग्य नहीं।' जब वे यह कह ही रहे थे कि अकस्मात् एक अन्य भिक्षु जो शमभाव का उपासक था, सम्भ्रान्त जैसा दौड़ा-दौड़ा आया और हाथ जोड़कर करुणा से रोते हुए बोला—'भगवन्, भदन्त, अत्यन्त दुःख का विषय है। कोई एक अत्यन्त सुन्दरी बाल अवस्था की स्त्री विपत्ति में पड़ी हुई शोक के आवेश से अग्नि में जलने के लिए तैयार है। जब तक वह अपने प्राणों का परित्याग नहीं करती, कृपया चलकर उसे

शोकावेशविवशा वैश्वानरं विशति। संभावयतु तामप्रोषितप्राणां भगवान्। अभ्युपपद्यतां समुचितैः समाश्वासनैः। अनुपरतपूर्वं कृमिकीटप्रायमपि दुःखितं दयाराशेरार्यस्य गोचरगतम्' इति।

राजा तु जातानुजाशङ्कः सोदर्यस्नेहाद्वान्तर्द्रुत इव दुःखेन दोदूयमानहृदयः कथमपि गद्गदिकागृहीतकण्ठो विकलवाग्बाष्पायमाणदृष्टिः पप्रच्छ—'पाराशरिन्! कियद्दूरे सा योषिदेवंजातीया जीवेद्वा कालमेतावन्तमिति। पृष्टा वा त्वया भद्रे! कासि, कस्यासि, कुतोऽसि, किमर्थं वनमिदमभ्युपगतासि, विशसि च किंनिमित्तमनलम्? इत्यादितश्च प्रभृति कार्त्स्न्येन कथ्यमानमिच्छामि श्रोतुं कथमार्यस्य गता दर्शनगोचरमाकारतो वा कीदृशी' इति।

तथाभिहितस्तु भूभुजा भिक्षुराचचक्षे—'महाभाग! श्रूयताम्—अहं हि प्रत्यूषस्येवाद्य वन्दित्वा भगवन्तमनेनैव नदीरोधसा सैकतसुकुमारेण यदृच्छया विहृतवानतिदूरम्। एकस्मिंश्च वनलतागहने गिरिनदीसमीपभाजि भ्रमरीणामिव हिमहृतकमलाकरकातराणां रसितं सार्यमाणानाम-

---

यदृच्छया स्वेच्छया सार्यमाणानां श्रुतिरीत्यास्थाप्यमानानां स्वराणां विशिष्टम-

---

समझायें। उचित आश्वासनों द्वारा अनुग्रह करें। मरने से पूर्व दुःख में पड़े हुए कीड़े-पतंग भी दयाराशि आर्य की करुणा के पात्र हैं।'

राजा के मन में बहिन की शंका उत्पन्न हुई। स्नेह के कारण वे जैसे पिघल गए। दुःख से उनका हृदय भर गया और कण्ठ में घिग्घी आने लगी। वाणी में विकलता हो उठी और आँखें आँसू से भर आईं। तब उन्होंने पूछा—'हे पाराशरिन्, कितनी दूर पर वह स्त्री है और इतनी देर तक वह जीवित रह सकेगी? तुमने क्या उससे पूछा है कि भद्रे, तुम कौन हो? किसकी हो? कहाँ की हो? इस जंगल में किसलिए आ निकली हो? और किस निमित्त से अग्नि में प्रवेश कर रही हो? इस प्रकार आदि से लेकर पूरा वृत्तान्त आपके द्वारा सुनना चाहता हूँ। वह कैसे आपको दिखाई पड़ी? और आकार से कैसी है?'

राजा के ऐसा पूछने पर भिक्षु ने उत्तर दिया—'महाभाग, सुनिए—मैं आज प्रातः भगवान् की वन्दना करके इस नदी के सैकत-सुकुमार तीर पर स्वेच्छा से घूमता हुआ बहुत दूर निकल गया। गिरि नदी के निकट एक लताओं के घने झुरमुट में मैंने बहुत-सी

सितारतानवर्तिनीनां वीणातन्त्रीणामिव झांकारमेकतानं नारीणां हृदिलम-भूतिकरमतिकरुणमाकर्णितवानस्मि । समुपजातकृपश्च गतोऽस्मि तं प्रदेशम् । दृष्टवानस्मि च दृषत्खण्डखण्डिताङ्गुलिगलल्लोहितेन च पार्ष्णि-प्रविष्टशरशलाकाशल्यशूलसंकोचितचक्षुषा चाध्वनीनश्रमश्वयथुनिश्चल-चरणेन च स्थाणवव्रणव्यथितगुल्फबद्धभूर्जत्वचा च वातखुडखेदखञ्ज-जङ्घाजातज्वरेण च पांसुपाण्डुरपिच्छकेन च खर्जूरजूटजटाजर्जरितजानुना च शतावरीविदारितोरुणा च विदारीदारिततनुदुकूलपल्लवेन चोत्कटवंश-विटपकण्टककोटिपाटितकञ्चुककर्पटेन च फललोभावलम्बितानम्रबदरी-लताजालकैरुत्कण्टकैरुल्लिखितसुकुमारकरोदरेण च कुरङ्गशृङ्गोत्खातैः कन्द-

---

वस्थानमेकलोपे द्विलोपे वा । ताना मूर्च्छना वा । वर्णाः स्थायिसञ्चार्यारोह्यवरोहि-णश्चत्वारस्तदुपलक्षिताः । तन्त्र्यो वर्णतन्त्र्यः । एकतानमेकरूपम् , अनवरतं वा । दृष्टवानित्यादौ । अस्मि चैवंविधानामबलानां चक्रवालेन परिवृतां योषितं दृष्टवानिति संबन्धः । लोहितं रक्तम् । पार्ष्णिः पादाधोदेशः । 'स्थाणुरस्त्री ध्रुवः शङ्कुः ।' स्था-णोरिमे स्थाणवः । वातखुडो गतिप्रतिघातलक्षणो वातव्याधिः । पिच्छकं केश-कलापः । शतावरी शतमूली । विदारी क्षीरशुक्ली । सरला देवदारवः । शोकेन

स्त्रियों के रोने का शब्द सुना । जैसे कमलवन के तुषारपात के कारण नष्ट हो जाने से भ्रमरियाँ चीख पड़ी हों, अथवा जैसे अनेक वीणाओं को कोई जोर से झनझना रहा हो, रोने की वह आवाज अत्यन्त उद्विग्न करने वाली और अति करुण थी । मेरे हृदय में करुणा उत्पन्न हुई और मैं उस स्थान पर पहुँचा । उस प्रदेश में जाकर क्या देखता हूँ कि अनेक स्त्रियों से घिरी हुई एक स्त्री दुःख में पड़ी हुई अत्यन्त करुणा से विलाप कर रही है । रोती हुई उन स्त्रियों के पैर की उँगलियाँ पत्थर से ठेस लग जाने के कारण फूट गई थीं और उनसे रुधिर बह रहा था । एड़ी में जंगली काँटों के गड़ जाने की अपार वेदना से उनकी आँखें सिकुड़ गई थीं । मार्ग में चलते-चलते उनके पैर सूज गये थे और उनमें चलने की शक्ति न थी । लकड़ी की खूँटों से टकरा जाने के कारण उनकी ठेहुनी में चोट आ गई थी और उन्होंने उसे भोजपत्र से बाँध रखा था । उनकी जाँघें भर आई थीं जिससे वे लँगड़ा रही थीं । इस कारण से उन्हें ज्वर भी हो आया था । उनके बाल धूल भर जाने से उजले हो गये थे । खजूर के नोकदार काँटों से कहीं-कहीं उनके पैर छिल गये थे । काँटेदार शतावरी के लग जाने से उनकी जाँघें फट गई थीं । विदारी नामक लताओं में उलझ कर उनके वस्त्रों की धज्जियाँ उड़ गई थीं । उनके कञ्चुक भी बाँस की छरहरी शाखाओं में लगकर फट गए थे । जंगल में भूख लग जाने से फल खाने के लिये झुकाई हुई बेर की काँटेदार डालों से उनके हाथ में छिछोहे पड़ गए थे । हिरन की सींगों

मूलफलैः कदर्थितबाहुना ताम्बूलविरहविरसमुखखण्डितकोमलामलकीफलेन कुशाकुसुमाहतिलोहितानां श्वयथुमतामक्ष्णां लेपीकृतमनःशिलेन च कण्टकीलताळूनालकलेशेन केनचित्किसलयोपपादितातपत्रकृत्येन केनचित्कदलीदलव्यजनवाहिना केनचित्कमलिनीपलाशपुटगृहीताम्भसा केनचित्पाथेयीकृतमृणालपूलिकेन केनचिच्चीनांशुकदशाशिक्यनिहितनालिकेरकोशकलशीकलितसरलतैलेन, कतिपयावशेषशोकविकलकलमूककुब्जवामनबधिरबर्बराविरलेनाबलानां चक्रवालेन परिवृताम्, आपत्कालेऽपि कुलोद्गतेनेवामुच्यमानां प्रभालेपिना लावण्येन, प्रतिबिम्बितैरासन्नवनलताकिसलयैः सरसैर्दुःखक्षतैरिवान्तःपटलीक्रियमाणकायाम्, कठोरदर्भाङ्कुरक्षतक्षारिणा क्षतजेनानुसरणालक्तकेनेव रक्तचरणाम्, उन्नालेनान्यतरनारीधृतेनारविन्दिनीदलेन कृतच्छायमपि विच्छायं मुखमुद्वहन्तीम्, आका-

---

विकला विक्षिप्ताः। कलमूकाः पण्डकाः। एवमाद्योऽन्तःपुररक्षिणः। बर्बरा म्लेच्छजाः। सरसैः प्रत्यग्रैः सान्द्रैश्च। क्षतानि व्रणाः। अरविन्दिनी पद्मिनी। छाया आतपप्रतिपक्षजातिः, छाया च कान्तिः। उक्तं च—'छाया सूर्यप्रिया कान्तिः प्रति-

---

से जंगली कन्दों को खोदते-खोदते उनके हाथों में छाले पड़ गए थे। पान के न मिलने के कारण उनके मुँह फीके पड़ गए थे और वे आँवले के कोमल फलों को चिचोर कर काम चलाती थीं। कुशों के लग जाने से उनकी आँखें लाल हो गई थीं और सूजकर उबल आई थीं। उन पर उन्होंने मैनसिल का लेप चढ़ाया था। कण्टकी नामक लताओं में उलझकर उनके बाल उखड़ गए थे। कुछ ने घाम से बचने के लिए पत्रों को चुनकर छाता बना लिया था। कुछ पंखों के स्थान पर केले के पत्तों से झल रही थीं। कुछ पानी पीने के लिए कमलिनी के पत्तों को उपयोग में लाती थीं। कुछ ने खाने के लिए मृणाल की रोटियाँ बना ली थीं। अपने चीनांशुक को फाड़कर उन्होंने छींका बना लिये थे और उन पर नारियल के कुप्पों में बड़े यत्न से देवदार का तेल रख दिया था। राजमहल के कुछ बचे हुए शोकार्त गूँगे, कुबड़े, बौने, बहरे और भोंदे वहाँ उनके साथ रह गए थे। विपत्ति का पहाड़ उस पर टूट पड़ा था, फिर भी उसके मुँह में झलकने वाला लावण्य छोड़कर हटा नहीं,—जैसे अपना ही वंशज हो। दर्पण के समान झलकते हुए अङ्गों में पड़ती हुई पास के लता-किसलयों की परछाईं ऐसी लग रही थी, मानों उसके शरीर के भीतर के उत्पन्न घाव हों। कुशों के तीखे अग्रभाग के गड़ जाने से उसके पैर आलते के समान बहते हुए रुधिर से लाल हो गए थे। नाल पकड़े कमलिनी के दल उठाये कोई अन्य की

शामपि शून्यतयातिशयानाम्, मृण्मयीमिव निश्चेतनतया मरुन्मयीमिव निःश्वाससंपदा पावकमयीमिव संतापसंतानेन सलिलमयीमिवाश्रुप्रस्र-वणेन वियन्मयीमिव निरवलम्बनतया तडिन्मयीमिव पारिप्लवतया शब्द-मयीमिव परिदेवितवाणीबाहुल्येन मुक्तमुक्तांशुकरत्नकुसुमकनकपत्राभरणां कल्पलतामिव महावने पतिताम्, परमेश्वरोत्तमाङ्गपातदुर्ललिताङ्गां गङ्गा-मिव गां गताम्, वनकुसुमधूलिधूसरितपादपल्लवाम्, प्रभातचन्द्रमूर्तिमिव लोकान्तरमभिलषन्तीम्, निजजलमोक्षकदर्थितदर्शितधवलायतनेत्रशोभां मन्दाकिनीमृणालिनीमिव परिम्लायमानाम्, दुःसहरविकिरणसंस्पर्शखेद-निमीलितां कुमुदिनीमिव दुःखेन दिवसं नयन्तीम्, दग्धदशाविसंवादितां

बिम्बमनातपः' इति। शून्यतेन्द्रियरहितत्वमपि। संतापसंतानो दुःखपरम्परा, औष्ण्यप्रबन्धश्च। मुक्ताख्यमंशुकं मालवदेशजमुत्तरीयम्। मुक्ता मौक्तिकं च, अल्पा अंशवोऽशुकाश्च। महावनं विस्तीर्णारण्यम्, विपुलजलं च। परमेश्वरोत्तमाङ्गपातो राजशिरश्छेदो हरमूर्ध्नि पातश्च। इष्टानि ललितानीप्सितानि येषु तान्यङ्गानि यस्याः। दुर्ललितं च हेवाकः। गां गतामिति। वाहनाभावाद्भूमिमवतीर्णां च वन-कुसुमानि जलजातत्वात्कुमुदानि च, पादा रश्मयोऽपि। लोकान्तरं परलोकम्, मेरुद्वितीयपार्श्वं च। जलमश्रु च, नेत्रम् अक्षिमूलं च। दग्धदशा दुरवस्थाः, प्लुष्ट-

---

उसके सिर पर छाया कर रही थी। तब भी उसका मुँह छायारहित (कान्तिहीन) लग रहा था। वह अपनी शून्यता में आकाश से भी बढ़ रही थी। वह निश्चेतनता से मानों मृण्मयी, साँस पर साँस लेने से वायुमयी, लगातार सन्ताप से पावकमयी, आँसू के प्रवाह से जलमयी, निराधार हो जाने से आकाशमयी, चञ्चलता से विद्युन्मयी और करुण स्वर से रोते रहने के कारण शब्दमयी हो रही थी। मोतियों को पोहकर बना हुआ उत्तरीय रत्न, पुष्प और कनकपत्र के गहनों को छोड़ कर वह कल्पलता की भाँति उस महावन में गिर कर पड़ी हुई थी। वह शिव के मस्तक से गिरकर अस्तव्यस्त हुई गङ्गा के समान पृथिवी पर आ गई थी। उसके पैर जंगली फूलों के पराग से धूसरित हो गये थे। वह प्रभातकालीन चन्द्रमूर्ति की भाँति इस लोक से दूर हो जाना चाहती थी। आँसू पोंछते-पोंछते उसकी दीर्घ आँखों की शोभा मन्द पड़ गई थी और वह मन्दाकिनी की मृणालिनी की भाँति मुरझाती जा रही थी। वह सूर्य की दुसह किरणों के स्पर्शजन्य खेद से मुकुलित होती हुई कुमुदिनी बड़े कष्ट से दिन बिता रही थी। जिसकी बत्ती जल चुकी, ऐसी प्रभातकालीन दीपशिखा के समान वह आश्रयहीन अत्यन्त क्षीण और फीकी पड़ी जा रही थी। वह उस हथिनी के समान थी जो अपने पार्श्ववर्ती

प्रत्यूषप्रदीपशिखामिव क्षामक्षामां पाण्डुवपुषम्, पार्श्ववर्तिवारणाभियोगरक्ष्यमाणां वनकरिणीमिव महाह्रदे निमग्नाम्, प्रविष्टां वनगहनं ध्यानं च, स्थितां तरुतले मरणे च पतितां धाञ्युत्सङ्गे महानर्थे च, दूरीकृतां भर्त्रा सुखेन च, विरेचितां भ्रमणेनायुषा च, आकुलां केशकलापेन मरणोपायेन च, विवर्णितामध्वधूलिभिरङ्गवेदनाभिश्च, दग्धां चण्डातपेन वैधव्येन च, धृतमुखीं पाणिना मौनेन च, गृहीतां प्रियसखीजनेन मन्युना च, तथा च भ्रष्टैर्बन्धुभिर्विलासैश्च, मुक्तेन श्रवणयुगलेनात्मना च, परित्यक्तैर्भूषणैः सर्वारम्भैश्च, भग्नैर्वलयैर्मनोरथैश्च, चरणलग्नाभिः परिचारिकाभिर्दर्भाङ्कुरसूचीभिश्च, हृदयविनिहितेन चक्षुषा प्रियेण च, दीर्घैः शोकश्वसितैः केशैश्च, क्षीणेन वपुषा पुण्येन च, पादयोः पतन्तीभिर्वृद्धाभिरश्रुधाराभिश्च, स्वल्पावशेषेण परिजनेन जीवितेन च, अलसामुन्मेषे, दक्षामश्रुमोक्षे,

दीप्यमानश्च। प्रत्यूषः कल्यम्। वारणा निषेधः, हस्ती च वारणः। महाह्रदे निमग्नामनुसरणार्थं पुण्यजलाशयस्नाताम्, विस्तीर्णसरस्यवसन्नां च। 'स्थितां कृतनिश्चयां च। विगतो धवो यस्यास्तद्भावो वैधव्यम्। धवो भर्ता। बन्धुभिरित्यादावित्थंभूतलक्षणे तृतीया। मुक्तेन निरलंकारेण। अलसां दक्षां चेत्यादौ

हाथी के बलात्कार से प्राण पान के लिए किसी महासरोवर में कूद पड़ी हो। वह घने जंगल और ध्यान दोनों में प्रवेश कर चुकी थी। तरुतल और मरण दोनों की ओर पहुँच चुकी थी। धाय की गोद और महान् अनर्थ दोनों में गिर पड़ी थी। पति और सुख दोनों ने उसे छोड़ दिया था। भ्रमण और आयु दोनों ने उसका परित्याग कर दिया था। केशकलाप और मरण के उपाय दोनों से वह आकुल थी। मार्ग की धूल और अङ्गों की वेदना दोनों से उसका चेहरा फीका पड़ गया था। कड़ी धूप और वैधव्य दोनों ने उसे जला डाला था। हाथ और मौन दोनों ने उसके मुँह को थाम लिया था। उसकी प्रिय सखियाँ और शोक दोनों ने उसे पकड़ रखा था। उसके परिवार के बन्धु नहीं रहे और विलास भी समाप्त हो गया। उसके कान अलङ्कार से सूने हो गए थे और वह स्वयं अपने आपमें खोई-खोई थी। उसने गहने उतार दिये थे और सारे काम छोड़ बैठी थी। उसके हाथ का वलय और मनोरथ दोनों टूट गये थे। उसके चरणों में परिचारिकायें और कुशों की नुकीली सूइयाँ लिपटी हुई थीं। उसकी आँखें हृदय और प्रिय दोनों में लगी हुई थीं। उसकी साँस और अलकें दोनों लम्बी थीं। शरीर और पुण्य दोनों क्षीण हो गए थे। बूढ़ी स्त्रियाँ और आँसू की धारायें दोनों उसके पैरों पर पड़ रही थीं। उसके परिजन और प्राण दोनों ही अब बहुत कम बच रहे थे। आँख खोलकर ताकने में

संततां चिन्तासु, विच्छिन्नामाशासु, कृशां काये, स्थूलां श्वसिते, पूरितां दुःखेन, रिक्तां सत्त्वेन, अध्यासितामायासेन, शून्यां हृदयेन, निश्चलां निश्चयेन, चलितां धैर्यात्, अपि च वसतिं व्यसनानाम्, आधानमाधीनाम्, अवस्थानमनवस्थानाम्, आधारमधृतीनाम्, आवासमवसादानाम्, आस्पदमापदाम्, अभियोगमभाग्यानाम्, उद्वेगमुद्वेगानाम्, कारणं करुणायाः, पारं परायत्ततायाः योषितम्। चिन्तितवानस्मि च चित्रमीदृशीमप्याकृतिमुपतापाः स्पृशन्तीति। सा तु समीपगते मयि तदवस्थापि सबहुमानमानतमौलिः प्रणतवती। अहं तु प्रबलकरुणाप्रेर्यमाणस्तामालपितुकामः पुनः कृतवान्मनसि—कथमिव महानुभावामेनामामन्त्रये। 'वत्से' इत्यतिप्रणयः, 'मातः' इति चाटु, 'भगिनि' इत्यात्मसंभावना, 'देवि' इति परिजनालापः, 'राजपुत्रि' इत्यस्फुटम्, 'उपासिके' इति मनोरथः, 'स्वामिनि' इति भृत्यभावाभ्युपगमः, 'भद्रे' इतीतरस्त्रीसमुचितम्, 'आयुष्मति' इत्यवस्थायामप्रियम्, 'कल्याणिनि' इति दशायां विरुद्धम्, 'चन्द्र-

विरोधो बोद्धव्यः। अनवस्थानां दुःखरूपक्रियाणाम्। अभियोगमुद्योगम्। कथमिवेत्यादि समानः प्रश्न इत्यर्थः। महानुभावां मनस्विनीम्। अतिप्रणयो महती

अलसाती थी। आँसू ढलते जा रहे थे; चिन्ता उसे खाये जा रही थी। उसकी आशायें टूट गई थीं। बहुत दुबली थी, भारी सांस ले रही थी, दुःख से भरी थी, सत्त्व से हीन थी, थोड़े में वह थक जाती थी, हृदय से शून्य थी। उसका निश्चय अचल था, उसे धैर्य नहीं रह गया था। वह दुःखों की वसति, मानसिक व्यथाओं का आश्रय, दुर्दशा का स्थान, अधीरता का आधार, अवसादों का निवासस्थान, आपदाओं का आस्पद, दुर्भाग्य का आक्रमणस्थान, उद्वेगों की जन्मभूमि, करुणा का कारण, एवं पराधीनता की सीमा थी। देखकर मैं सोचने लगा—'आश्चर्य की बात है कि सन्ताप ऐसी आकृति को भी नहीं छोड़ते। मैं जब उसके समीप गया तो उस अवस्था में भी उसने आदर के साथ झुककर प्रणाम किया। मैं प्रबल करुणा से प्रेरित होता हुआ उससे बातचीत करने की इच्छा से फिर मन में सोचने लगा—मैं किस शब्द से इस महानुभावा को संबोधित करूँ! अगर 'वत्से' कहता हूँ तो अतिशय प्रणय हो जाता है। 'मातः' कहता हूँ तो चाटुकारिता व्यक्त होती है। 'बहन' कहता हूँ तो आत्मगौरव जग पड़ता है। 'देवि' कहता हूं तो परिजनों जैसी बात होती है। 'राजपुत्रि' कहता हूँ तो क्या यह स्पष्ट है कि यह राजपुत्री है? 'उपासिके' कहता हूँ तो अपने मन के अननुकूल बात होती है। 'स्वामिनि' कहता हूँ तो दास की भाँति अपने में लघुता आती है। 'भद्रे' कहता हूँ

मुखि' इत्यमुनिमतम्, 'बाले' इत्यगौरवोपेतम्, 'आर्ये' इति जरारोपणम्, 'पुण्यवति' इति फलविपरीतम्, 'भवति' इति सर्वसाधारणम्। अपि च 'कासि' इत्यनभिजातम्, 'किमर्थं रोदिषि' इति दुःखकारणस्मरणकारि, 'मा रोदीः' इति शोकहेतुमनपनीय न शोभते, 'समाश्वसिहि' इति किमाश्रित्य, 'स्वागतम्' इति यातयामम्, 'सुखमास्यते' इति मिथ्या। इत्येवं चिन्तयत्येव मयि तस्मात्स्त्रैणादुत्थायान्यतरा योषिदार्यरूपेव शोकविह्वला समुपसृत्य कतिपयपलितशारं शिरो नीत्वा महीतलमतुलहृदयसंतापसूचकैरश्रुबिन्दुभिश्चरणयुगलं दहन्ती ममातिकृपणैरक्षरैश्च हृदयमभिहितवती—'भगवन्! सर्वसत्त्वानुकम्पिनी प्रायः प्रव्रज्या। प्रतिपन्नदुःखक्षपणदीक्षादक्षाश्च भवन्ति सौगताः। करुणाकुलगृहं च भगवतः शाक्यमुनेः शासनम्। सकलजनोपकारसज्जा सज्जनता जैनी। परलोकसाधनं च धर्मो मुनीनाम्।

प्रीतिः। अनभिजातमनुचितम्। यातयामं जीर्णप्रायम्। शासनं शास्त्रम्। सज्जनता

तो साधारण स्त्री के लिए उचित संबोधन हो जाता है। 'आयुष्मति' कहता हूँ तो जिस अवस्था में यह पड़ी है उसके अनुसार प्रिय बात नहीं होती। 'कल्याणिनि' कहता हूँ तो यह संबोधन इसकी दशा के विरुद्ध हो जाता है। 'चन्द्रमुखी' कहता हूँ तो मुझ भिक्षु के लिए सम्मत नहीं। 'बाले' कहता हूँ तो इसके प्रति गौरवहीनता की बात होती है। 'आर्ये' कहता हूँ तो इसको वृद्धावस्था में आरोपित करना हो जाता है। 'पुण्यवति' कहता हूँ तो क्या पुण्य का यही फल होता है? 'भवति' कहता हूँ तो सबके लिए यह साधारण संबोधन है। और भी, 'तू कौन है' पूछना उचित नहीं लगता। 'क्यों रोती है' यह तो दुःख के कारणों की याद दिलाने वाला प्रश्न है। 'रो मत' यह प्रश्न तो शोक के कारण को बिना हटाए नहीं शोभा देता। 'धीरज धरो' यह किस बात पर कहा जाय? 'स्वागतम्' का तो जमाना लद गया। 'क्या सुखी हो?' यह तो सरासर झूठ हुआ। मैं ऐसा सोच ही रहा था कि उन स्त्रियों के बीच से शोक से व्याकुल एक कुलीन स्त्री मेरे निकट आ गई और अपना सिर जिसके कई बाल सफेद हो गये थे, पृथिवी पर रखकर हृदय के अतुल संताप को व्यक्त करने वाले आँसुओं से भरे चरणों को और अत्यन्त करुण अक्षरों से मेरा हृदय जलाती हुई बोली—'भगवन्, प्रव्रज्या सब जीवों पर दया करने वाली है। सौगत लोग आपत्ति में पड़े हुओं का दुःख दूर करने की दीक्षा लिये रहते हैं। भगवान् शाक्यमुनि का शासन करुणा का स्थान है। बौद्ध साधु सब लोगों के उपकार के लिए तत्पर रहते हैं। मुनियों द्वारा अभिहित धर्म उत्कृष्ट लोक में पहुँचने का साधन है। लोगों का कहना है कि दूसरों की प्राणरक्षा से बढ़कर संसार में कोई पुण्य

प्राणरक्षणाच्च न परं पुण्यजातं जगति गीयते जनेन। अनुकम्पाभूमयः प्रकृत्यैव युवतयः किं पुनर्विपदभिभूताः। साधुजनश्च सिद्धक्षेत्रमार्तवचसाम्। यत इयं नः स्वामिनी मरणेन पितुरभावेन भर्तुः प्रवासेन च भ्रातुः भ्रंशेन च शेषस्य बान्धववर्गस्यातिमृदुहृदयतयानपत्यतया च निरवलम्बना, परिभवेन च नीचारातिकृतेन, प्रकृतिमनस्विनी अमुना च महाटवीपर्यटनक्लेशेन कदर्थितसौकुमार्या, दग्धदैवदत्तैरेवंविधैर्बहुभिरुपर्युपरि व्यसनैर्विक्लवीकृतहृदया, दारुणं दुःखमपारयन्ती सोढुं निवारयन्तमनाक्रान्तपूर्वं स्वप्नेऽप्यवगणय्य गुरुजनमनुनयन्तीरखण्डितप्रणया नर्मस्वपि समवधीर्य प्रियसखीर्विज्ञापयन्तमशरणमनाथमश्रुव्याकुलनयनमपरिभूतपूर्वं मनसापि परिभूय भृत्यवर्गमग्निं प्रविशति। परित्रायताम्। आर्योऽपि तावदसह्यशोकापनयनोपायोपदेशनिपुणां व्यापारयतु वाणीमस्याम्' इति चातिकृपणं व्याहरन्तीमहमुत्थायोद्विग्नतरः शनैरभिहितवान्—'आर्ये! यथा कथयसि तथा। अस्मद्गिरामगोचरोऽयमस्याः पुण्या-

---

साधुजनसमूहः। सिद्धक्षेत्रं सिद्धायतनम्। यत इत्यादौ। यत इयं नः स्वामिन्यग्निं

नहीं है। स्वभाव ही से युवतियाँ अनुकम्पा के पात्र हैं। और अगर विपत्तियों से वे अभिभूत हो गईं तो कहना ही क्या? साधु लोग तो दुखियों की वाणी के सिद्धायतन हैं। यह स्वभाव से ही मनस्विनी हमारी स्वामिनी पिता के मरण, स्वामी के विनाश, भाई के प्रवास और अन्य सब बन्धुओं के बिछुड़ जाने से और हृदय के अत्यन्त मृदु एवं पुत्र के न होने से अनाथ हुई नीच शत्रु द्वारा किए गए पराभव के कारण अग्नि में प्रवेश कर रही है। इस घोर जंगल में भटकने के क्लेश ने इसके सौकुमार्य को दूषित कर डाला है। जले दैव ने इस प्रकार बहुत से दुःख जो इस पर उड़ेल दिए हैं, उनसे यह व्याकुल हो उठी है। यह अब अपने दारुण दुख को सहने में असमर्थ हो रही है। जिन गुरुजनों की बात का स्वप्न में भी उल्लङ्घन इसने नहीं किया था, अग्निप्रवेश से निवारण करते हुए उन्हीं की बात नहीं सुन रही है। हँसी-मजाक के खेलों में भी जिनसे अपना प्रेमभाव बनाए रही, अनुनय करती हुई उन प्रिय सखियों की बात भी नहीं मान रही है। जिन परिचारकों को उसने कभी भी डाँट नहीं सुनाई, अशरण और अनाथ होकर आँसू से भरे प्रार्थना करते हुए उन्हें भी फटकार देती है। इसे बचाइए। आर्य भी इसके असह्य शोक को दूर करने के उपायों का उपदेश करते हुए इसे समझाइए।' इस प्रकार अत्यन्त दीन भाव से कहती हुई उस स्त्री से दुखी मैं उठकर धीरे से बोला—'आर्ये, जो तुम कहती हो

शयायाः शोकः। शक्यते चेन्मुहूर्तमात्रमपि आतुमुपरिष्टान्न व्यर्थेयमभ्यर्थना भविष्यति। मम हि गुरुरपर इव भगवान्सुगतः समीपगत एव। कथिते मयास्मिन्नुदन्ते नियतमागमिष्यति परमदयालुः। दुःखान्धकारपटलभिदुरैश्च सौगतैः सुभाषितैः स्वकीयैश्च दर्शितनिदर्शनैर्नानागमगुरुभिर्गिरां कौशलैः कुशलशीलामेनां प्रबोधपदवीमारोपयिष्यति' इति। तच्च श्रुत्वा 'त्वरतामार्यः' इत्यभिदधाना सा पुनरपि पादयोः पतितवती। सोऽहमुपगत्य त्वरमाणो व्यतिकरमिममधृतिकरमशरणकृपणबहुयुवतिमरणमतिकरुणमत्रभवते गुरवे निवेदितवान्' इति।

अथ भूभृद्भिक्षवं समवधार्य तद्भाषितमश्रुमिश्रितमश्रुतेऽपि स्वसुर्नाम्नि निम्नीकृतमना मन्युना सर्वाकारसंवादिन्या दशयैव दूरीकृतसंदेहो दग्ध इव सोदर्यावस्थाश्रवणेन श्रवणयोः श्रमणाचार्यमुवाच—'आर्य ! नियतं सैवेयमनार्यस्यास्य जनस्यातिकठिनहृदयस्यातिनृशंसस्य मन्दभाग्यस्य भगिनी भागधेयैरेतामवस्थां नीता निष्कारणवैरिभिर्वराकी विदीर्यमाणं मे

प्रविशति तदार्योऽपि तावदस्यां वाणीं व्यापारयत्विति संबन्धः। निदर्शनं दृष्टान्तः। निम्नं संकुचच्छक्ति।

सो ठीक है; किन्तु मेरे समझाने से इस पुण्य-आशय वाली का शोक कम न होगा। मुहूर्त भर भी तुम इसे रोक सको तो यह प्रार्थना व्यर्थ न होगी, क्योंकि दूसरे भगवान् बुद्ध के समान मेरे गुरु यहाँ से समीप ही रहते हैं। मैं इस वृत्तान्त को कहूँगा तो निश्चय ही परम दयालु वे आकर दुःखान्धकार के निवारण में समर्थ भगवान बुद्ध के अनेक सुभाषितों से और दृष्टान्तों से भरी अनेक आगमों से गौरवशालिनी अपनी वाणी से कुशलशीलवाली इसे प्रबोधित करेंगे।' यह सुनकर 'आर्य शीघ्रता करें' यह कहती हुई वह मेरे चरणों में गिर गई। सो मैंने शीघ्रता से आकर धीरज को तोड़ने वाले अनाथ, दीन, दुखिया अनेक युवतियों के मरने के इस अत्यन्त करुण समाचार को श्रीचरणों में सुना दिया।'

राजा भिक्षु की आँसू से मिली हुई बात सुनते ही राज्यश्री का नाम न कहे जाने पर भी शोक से आक्रान्त होकर सब प्रकार की बातों से मेल खाने वाली उस दशा से ही तुरन्त समझ गये और अपनी बहन की इस दशा के सुनने से जैसे जल गए। तब उन्होंने श्रमणाचार्य दिवाकरमित्र से कान में कहा—'आर्य ! फटा जाता हुआ मेरा हृदय यह निवेदन कर रहा है कि अनार्य अति कठिन हृदय वाले अतिकूट मन्दभाग्य इस जन की (मेरी) वही यह बेचारी अकारण शत्रु भाग्य की मारी बहिन राज्यश्री है जो इस अवस्था

हृदयमेवं निवेदयति' इत्युक्त्वा तमपि श्रमणमभ्यधात्—'आर्य! उत्तिष्ठ। दर्शय क्वासौ। यतस्व प्रभूतप्राणपरित्राणपुण्योपार्जनाय यामः, यदि कथंचिज्जीवन्तीं संभावयामः' इति भाषमाण एवोत्तस्थौ।

अथ समग्रशिष्यवर्गानुगतेनाचार्येण तुरगेभ्यश्चावतीर्य समस्तेन सामन्तलोकेन पश्चादाकृष्यमाणाश्वीयेनानुगम्यमानः पुरस्ताच्च तेन शाक्यपुत्रीयेण प्रदिश्यमानवर्त्मा पद्भ्यामेव तं प्रदेशमविरलैः पदैः पिबन्निव प्रावर्तत। क्रमेण च समीपमुपगतः शुश्राव लतावनान्तरितस्य मुमूर्षोर्महतः स्त्रैणस्य तत्कालोचितानेकप्रकारानालापान्—'भगवन्धर्म! धाव शीघ्रम्। क्वासि कुलदेवते। देवि धरणि, धीरयसि न दुःखितां दुहितरम्। क नु खलु प्रोषिता पुष्पभूतिकुटुम्बिनी लक्ष्मीः। अनाथां नाथ मुखरवंश्य, विविधाधिविधुरां वधूं विधवां विबोधयसि किमिति नेमाम्। भगवन्, भक्तजने संज्वरिणि सुगत सुप्तोऽसि। राजधर्म पुष्पभूतिभवनपक्षपातिन्, उदासीनीभूतोऽसि कथम्। त्वय्यपि विपद्बान्धव विन्ध्य, वन्ध्योऽय-

---

यतस्व यत्नं कुरु।

अश्वीयमश्वसमूहः। शाक्यपुत्रीयेण दिवाकरमित्रशिष्येण। अविरलैर्दीर्घैः। पदैश्चरणक्रमैः। मुमूर्षोर्मरणोन्मुखस्य। स्त्रैणस्य स्त्रीसमूहस्यालापाञ्शुश्रावेत्यन्वयः। संज्वरिणि संतापवति। राजधर्मो बुद्धः।

तक पहुँच गई है।' और उस दूसरे भिक्षु से भी कहा—'आर्य, उठो और बताओ वह कहाँ है? प्रयत्न करो, बहुत से प्राणों की रक्षा के पुण्योपार्जन के लिए चलें, जिससे किसी प्रकार जीवित अवस्था में ही उसे प्राप्त कर सकें।' यह कहते ही उठ खड़े हुए।

समस्त शिष्य वर्ग के साथ आचार्य दिवाकरमित्र हर्ष के आगे चले, और उनके पीछे समस्त सामन्त लोग घोड़ों से उतर कर पैदल उन्हें खींचते हुए चलने लगे। राजा के आगे-आगे मार्ग दिखलाता हुआ दिवाकरमित्र का शिष्य चल रहा था। इस प्रकार वे पैदल ही उस प्रदेश को अपनी आँखों से जैसे पीते हुए कदम बढ़ाते चल पड़े। कुछ देर में जब समीप पहुँच गये तो लतावन की ओट में मरने के लिए तैयार बहुत-सी स्त्रियों के उस अवसर के लिए उचित विलाप सुने—'हे भगवन् धर्म, शीघ्र दौड़ो। हे कुलदेवते, कहां हो? हे देवी पृथिवी, अपनी दुखिया पुत्री को क्यों नहीं धीरज देती हो! पुष्पभूति की गृहिणी लक्ष्मी कहां चली गई? हे मुखरवंश में उत्पन्न होने वाले राजन् (गृहवर्मा), नाना प्रकार की मानसिक व्यथाओं से पीड़ित अनाथ विधवा अपनी बधू को क्यों नहीं समझाते? हे भगवन् सुगत, क्या तुम भी इस दुःखिनी के लिए सो गए? हे पुष्पभूति के भवन में

मञ्जलिबन्धः। मातर्महाटवि, रटन्तीं न शृणोषीमामापत्पतिताम्। पङ्कज, प्रसीद पाहि पतिव्रतामशरणाम्। प्रयत्नरक्षित कृतघ्न चारित्रचण्डाल, न रक्षसि राजपुत्रीम्। किमवधृतं लक्षणैः। हा देवि दुहितृस्नेहमयि यशोमति, मुषितासि दग्धदैवदस्युना। देव, दुहितरि दह्यमानायां नापतसि। प्रतापशील, शिथिलीभूतमपत्यप्रेम। महाराज राज्यवर्धन, न धावसि मन्दीभूता भगिनीप्रीतिः। अहो निष्ठुरः प्रेतभावः। व्यपेहि पाप पावक स्त्रीघातनिर्घृण, ज्वलन्न लज्जसे। भ्रातर्वात, दासी तवास्मि। संवादय द्रुतं देवीदाहं देवाय दुःखितजनार्तिहराय हर्षाय। नितान्तनिःशूक शोकश्वपाक, सकामोऽसि। दुःखदायिन्वियोगराक्षस, संतुष्टोऽसि। विजने वने कमाक्रन्दामि, कस्मै कथयामि, कमुपयामि शरणम्, कां दिशं प्रतिपद्ये, करोमि किमभागधेया। गान्धारिके, गृहीतोऽयं लतापाशः। पिशाचि मोचनिके, मुञ्च शाखाग्रहणकलहम्। कलहंसि हंसि, किमतःपरमुत्तमाङ्गम्। मङ्गलिके, मुक्तगलं किमद्यापि रुद्यते। सुन्दरि, दूरीभवति सखीसार्थः।

गान्धारिके मोचनिके कलहंसि इत्यादीनि सहगतसखीनां संबोधनानि।

रहने वाले राजधर्म, तुम क्यों उदासीन हो गए? हे विपत्ति के बान्धव विन्ध्य, क्या तुम्हारे प्रति यह अञ्जलि व्यर्थ जायगी? हे माता महाटवी, विपत्ति में पड़ी रट लगाती हुई इसका विलाप क्यों नहीं सुनती हो? हे सूर्यदेव, प्रसन्न होकर इस अशरण पतिव्रता की रक्षा करो। अरे प्रयत्नरक्षित, कृतघ्न, चारित्रचण्डाल, राजपुत्री की क्यों नहीं रक्षा करता? शुभ लक्षणों ने रहकर क्या किया? हा पुत्री के प्रति स्नेहमयी देवी यशोमती, आज लुटेरे दैव ने तुम्हें लूट लिया। देव प्रतापशील, पुत्री आग में जल रही है और तुम नहीं आते? महाराज राज्यवर्धन, आते नहीं, क्या बहिन के प्रति तुम्हारा प्रेम कम हो गया है? आश्चर्य है! मर जाने वाला निष्ठुर हो जाता है। अरे पापी, स्त्री को मार डालने में निर्घृण अग्नि, क्या जलते हुए तुझे लज्जा नहीं आती? हे भाई वायु, मैं तेरी दासी हूँ, जल्दी जाकर देवी के जलने का यह संवाद दुखी जन के दुःख दूर करने वाले देव हर्ष को कह दे। अत्यन्त निर्दय चण्डाल शोक, तेरी मनोकामना पूरी हुई। दुःख देने वाले राक्षस वियोग, अब तू सन्तुष्ट है। इस निर्जन वन में किसे पुकारूँ? किस ओर जाऊँ और अभागिन मैं क्या करूँ? हे सखी गान्धारिका, फँसरी के लिए मैंने लता की वह डोर उठा ली। अरी पिशाचिन मोचनिका, झूल जाने के लिए डाल पकड़ लेने दे, झगड़ मत। अरी कलहंसी, क्यों सिर फोड़ रही है? मरना तो है ही। अरी मङ्गलिका, आज भी क्यों गला फाड़ कर रोती है? अरी सुन्दरी अब सखियाँ अलग

